text is fly within the book

UNIVERSAL LIBRARY
OU_182749
UNIVERSAL LIBRARY

# Osmania University Library

Call No. H 801 S255 Accession No H 4029

Author शास्त्री, सूर्यकान्त

Title साहित्य मीमांसा

This book should be returned on or before the date last marked below

OUP—68—11-1-68—2,000

# साहित्य-मीमांसा

( साहित्य की प्रमुख विधाओं का मार्मिक विवेचन )

लेखक

विद्याभास्कर, वेदांतरत्न ( गुरुकुल )

श्री सूर्यकांत शास्त्री, व्याकरणतीर्थ ( कलकत्ता )

एम. ए., एम. ओ. एल., डी. लिट् ( पंजाब )

डी. फिल. ( ऑक्सन )

रीडर इन संस्कृत

यूनिवर्सिटी ऑफ दी पंजाब

प्रकाशक

**हिन्दी भवन**

जालंधर और इलाहाबाद

[illegible]वाँ संस्करण ]

मूल्य ४)

प्रकाशक

हिन्दी भवन,

४९ टैगोर टाउन

इलाहाबाद

मुद्रक

संगम प्रेस

कीटगं

इला

# विषयानुक्रमणी

## १—साहित्य


| | |
|---|---|
| साहित्य क्या है ? | १—२४ |
| साहित्य के तत्त्व | २४—६१ |
| साहित्य और जातीयता | ६२—१०० |


## २—पद्य-कविता


| | |
|---|---|
| कविता क्या है ? | १००—१२३ |
| कविता के भेद | १२३—१५० |
| कविता और आधुनिक जगत् | १५०—१६० |
| कविता और विज्ञान | १६१—१६६ |
| कविता और व्यवसाय | १६६—१७४ |


## ३—गद्य


| | |
|---|---|
| गद्यकाव्य—उपन्यास | १७४—२३१ |
| गद्यकाव्य—आख्यायिका | २३१—२४७ |
| गद्य काव्य—निबंध | २४७—२५६ |
| गद्य काव्य—जीवन चरित | २५७—२६६ |
| गद्यकाव्य—पत्र | २७०—२७३ |
| गद्यकाव्य—वर्तमान जगत् और आलोचक | २७३—२९६ |


## ४—पद्य+गद्य


| | |
|---|---|
| दृश्यकाव्य—नाटक | २९६—३७१ |

# साहित्य क्या है ?

विश्व में दृष्टिगोचर होने वाले आत्म तथा अनात्म की, अथवा आध्यात्मिक, आधिभौतिक तथा आधिदैविक जगत् की अभिव्यक्ति अनेक प्रकार से की जा सकती है। इन प्रकारों अथवा कलाओं में वास्तुकला, मूर्तिकला, चित्रकला, संगीतकला तथा काव्यकला—जिसे हम साहित्यकला के नाम से भी पुकारते हैं—प्रमुख हैं। प्रस्तुत ग्रन्थ में साहित्यकला का विवेचन किया जायगा।

*साहित्य के अनेक लक्षण*

साहित्य क्या है इस प्रश्न के उत्तर में विद्वानों का मतभेद रहा है। एमर्सन के मत में साहित्य भव्य विचारों का लेखा है, तो दूसरा लेखक इसे प्रवीण नर-नारियों के विचारों तथा मनोवेगों को इस प्रकार लेखबद्ध करना बताता है कि उससे पाठक का मनोरंजन हो सके। साहित्य-समीक्षण के प्रसंग में एक फ्रेंच विद्वान् लिखते हैं —

हम प्रथमवर्गीय रचनाओं ( Classics ) की समष्टि को साहित्य कहते हैं, और प्रथमवर्गीय लेखक वह है, जिसने मानवीय मस्तिष्क को समृद्ध किया हो, जिसने सचमुच उसके भंडार में वृद्धि की हो, जिसने समाज की गति में त्वरा उत्पन्न की हो, जिसने किसी चारित्रिक सत्य का अन्वेषण किया हो, जिसने अपने विचारों, पर्यवेक्षणों अथवा आविष्कारों को किसी ऐसी रीति से उत्थापित किया हो कि वे उदात्त, तीव्र, विशद तथा भव्य संपन्न हुए हों; जो अपनी ही किसी रीति या सरणि में, जो उसकी अपनी होने पर भी सब के लिए समान हो, जो एक ही समय में प्रत्न तथा नव हो, जो एक युग की

निधि होने पर भी सब युगों की समान दाय हो, मनुष्यमात्र के साथ बोला हो। साहित्य में उन सब रचनाओ का अतर्भाव है, जिसमें चारित्रिक सत्य तथा मनुष्य के मनोवेगो पर व्यापक, गंभीर तथा सुचारु रूप से चोट की गई हो।

कोई भी लेखक, जिसकी रचना में ऊपर बताई गई सब बातें अंतर्भूत हों, निःसंदेह अग्र श्रेणी का लेखक है; पर हमें सदेह है कि बहुत से माने हुए, चोटी के लेखकों मे भी ये बातें एक साथ मिल सकेंगी या नहीं? फलतः साहित्य का उक्त लक्षण हमें आवश्यकता से अधिक सकुचित दीख पड़ता है।

अपनी मार्च ऑफ लिटरेचर नामक पुस्तक में साहित्य के लक्षण पर विचार करते समय अध्यापक फॉर्ड मेडक्स लिखते हैं:—

साहित्य ( पुस्तकों की ) वह समष्टि है, जिसे मनुष्य आनद की प्राप्ति के लिए, अथवा उस भावनाभररित संस्कृति के उपलाभ के लिए—जो सभ्यता के लिए सुतरा आवश्यक है—पढते हैं, और पढते चले जाते हैं। साहित्य का विशेष गुण यह है कि इसकी उत्पत्ति कवि के कल्पनापूर्ण निरीक्षक हृदय से होती है। कफ्यूशस अथवा उससे भी एक हजार बरस पहले वाले मिश्री लेखको के समय से लेकर अब तक शिलाओ पर, जतु, प्राकार तथा सामान्य कागजों पर विपुल लेखराशि अंकित की जा चुकी है। इसे हम दो भागों में बाँट सकते हैं: प्रथम वह, जो पाठ्य है, दूसरी वह जो उन कतिपय विशेषज्ञो को छोड कर, जिनका काम ही उन्हे पढना है, दूसरो के लिए दुष्पाठ्य है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए वही साहित्य है जिसे वह पढ़ सके, और बार बार पढ सके, किन्तु किसी ऐसी रचना के विषय मे, जो सैकड़ों और सहस्रो वर्षों से किसी एक देश अथवा अनेको देशों के नरनारियों का मनोरजन करती आई है, किसी व्यक्ति को उसकी भव्यता तथा अभव्यता को कूतने के लिए अपनी वैयक्तिक मति से नहीं

काम लेना चाहिए। भारतीय वेद और ग्रीस में होमर द्वारा रचे गये महाकाव्य किसी एक व्यक्ति के लिए रुचिकर हों या न हो उनके द्वारा हजारों वर्षों से मानवसमाज का चित्तरंजन होता आया है, इस लिए वे निःसंदेह उत्कृष्ट साहित्य हैं। किंतु सामयिक रचनाओं की साहित्यिकता तथा असाहित्यिकता को जाँचने में सब को अपनी वैयक्तिक रुचि से काम लेना चाहिए। यदि किसी रचना को एक व्यक्ति पढ़ता है, और प्रेम से बार-बार पढ़ता है, तो वह रचना और किसी भी व्यक्ति के लिए साहित्य न होकर उस एक व्यक्ति के लिए साहित्य बन जाती है। दूसरी ओर वह रचना, जिसको पढ़ने से उसका मन उचटता है, अन्य व्यक्तियों के लिए साहित्य होने पर भी उसके लिए नीरस तथा असाहित्यिक ठहरती है।

*साहित्य के लक्षण में नेति-नेति की प्रक्रिया*

किंतु साहित्य के उक्त सभी लक्षणों मे हमे साहित्य की व्याख्या मिलती है, उसका निर्धारित लक्षण नहीं। और क्योंकि साहित्य का नपा तुला लक्षण असंभव सा है, इसलिए हमे इसका रूप समझने में ऐसी प्रक्रिया से काम लेना चाहिए जो हमे इस शब्द के अर्थ का यथार्थ बोध करा दे और जो अव्याप्ति तथा अतिव्याप्ति इन दोनो दोषो से स्वतंत्र हो। यह प्रक्रिया अनिवार्य रूप से विधेयात्मक न हो निषेधात्मक होगी और हम इसमें साहित्य इसे कहते हैं यह न कह कर साहित्य यह भी नहीं है, यह भी नहीं है, ऐसा कह कर अग्रसर होंगे।

*साहित्य का प्रथम उपकरण स्थायिता*

निःसंदेह हम सभी मुद्रित पुस्तकों को साहित्य नहीं कहते। हम छपे हुए पंचांगों को तथा मुद्रित समाचारपत्र के लेखों को भी साहित्य नहीं कहते। क्यों? इस लिए, कि हम जानते हैं कि कल प्रातःकाल हम इन्हें ताक में रख देंगे, और उस रचना में, जिसे हम

साहित्य कहते है, एक प्रकार की आंगिक स्थायिता होनी आवश्यक है। स्थिरता का यह सिद्धांत हमारी साहित्य-भावना का अविभाज्य अंग है, यहाँ तक कि थोड़ी देर के लिए हम कह सकते हैं कि साहित्य उन रचनाओ का नाम है जो स्थायी हों, जिनमे स्थिरता का आदर्श संनिहित हो। किन्तु साहित्य के इस लक्षण से हमारी तब तक तुष्टि नही होती, जब तक कि हम यह न जान लें कि वे कौन से तत्त्व हैं, जिनके समावेश से साहित्य मे स्थिरता आती है। इसमे सदेह नहीं कि साहित्य के इन तत्त्वों में उन सभी उपकरणों का समावेश आवश्यक है जो मनुष्य को चिरकाल से अपनी ओर खींचते आए हैं, अर्थात् जो उस के लिए बहुत उपयोगी सिद्ध हुए है। किंतु इतने से ही काम नहीं चलता। सवर्गमान के आँकडे, देश की आर्थिक तालिकाएँ, और वकीलों की अलमारियों मे सजी हुई न्यायशास्त्र की पुस्तकें साहित्य नही कहातीं; किंतु कौन कह सकता है कि इनका हमारे जीवन में स्थायी महत्त्व नहीं है। नेति-नेति की प्रक्रिया को एक पग और आगे बढा हम कह सकते हैं कि बीजगणित, रेखागणित, भूगर्भविद्या, मनोविज्ञान तथा रूढिवाद और धर्मशास्त्र भी साहित्य नही है। इन सभी का मानवसमाज से मार्मिक सबंध है, तथापि ये साहित्य नहीं कहाते। इनमें साहित्य का चमत्कार और उसका रागात्मक तत्त्व नहीं मिलता। दूसरी ओर एक ललना के केशपाश, उसकी ग्रीवा में पड़े कठहार, उसकी कुंचित चितवन और आकाश में चमकते तारों पर कही गई सूक्तियों को हम साहित्य में सम्मिलित कर लेते हैं। पहली कोटि की रचनाओं में जीवन के साथ सघटित हुए ऐसे तत्त्व निहित हैं, जिनके अभाव मे हमारा जीवन दूभर हो जाता है, किंतु दूसरी कोटि की सूक्तियो में जीवन के उन तत्त्वों पर चोट की गई है जो एक प्रकार से अनावश्यक होने पर भी मार्मिक सौंदर्य

से भरपूर हैं। पहली कोटि के विपुल ग्रन्थों को हम साहित्य में नहीं गिनते, किंतु दूसरी श्रेणी की लघुतम सूक्तियों को साहित्य में अपना लेते हैं।

साहित्य के इस सामयिक लक्षण में थोड़ा सा परिष्कार कर के हम कह सकते हैं कि साहित्य उन पुस्तकों की समष्टि को नहीं कहते जिनमें स्थायी रागवाले तत्त्वों का समावेश हो, अपि तु साहित्य स्वयं वे पुस्तकें हैं जो स्थायी राग से समुपेत हों। साहित्य का यह लक्षण ऊपर कही गई पुस्तकों में नहीं घटता। यह सत्य है कि उन पुस्तकों मे वर्णन किये गये तत्त्व मानवसमाज के लिए स्थायी राग वाले हैं, किन्तु स्वय वे पुस्तकें रागात्मक नही हैं। इन पुस्तकों में निदर्शित किये गये तथ्यों को हम दूसरे प्रकार से प्रकट कर सकते हैं: इनकी व्याख्या तथा क्रियात्मक उपपत्ति में हम दूसरे उपायों का आश्रय ले सकते हैं, जब कि वे पुस्तकें जिनमें पहले पहल इन तत्त्वों का व्याख्यान किया गया था, अब नामावशेष रह गई हैं। तथ्य जीवित हैं, किन्तु उन तथ्यों को निरूपित करने वाली पुस्तकें गल चुकी हैं। उदाहरण के लिए, न्यूटन के क्रांतिकारी आकर्षण-सिद्धात को जिसका मानवसमाज से बहुत गहरा सम्बन्ध है - जानने के लिए यह आवश्यक नही कि हम न्यूटन द्वारा रची गई मौलिक पुस्तक का अनुशीलन करें, उसका वर्णन न्यूटन के पीछे आने वाले वैज्ञानिकों ने और भी अच्छी तरह से कर दिया है और उनकी रचनाओं को पढ कर हम न्यूटन के सिद्धातों से भलीभाँति परिचित हो जाते हैं। इस प्रकार हमने देखा कि न्यूटन की रचना नष्ट हो गई, किन्तु उसके द्वारा आविष्कृत किये गये सिद्धात आज भी वैसे ही बने हुए हैं। फलतः हम ऐसी किसी भी रचना को साहित्य नहीं कहेंगे, जो आगे आने वाले वर्षों अथवा सदियों में उसी विषय पर रची जाने

*स्थायी रागात्मक तत्त्व वाली रचनाएँ साहित्य हैं*

वाली अन्य कृतियों के क्षेत्र में आ जाने पर स्वय चल बसती हो। साहित्य कहाने वाली रचना के लिए आवश्यक है कि जहाँ उसमें निदर्शित किये गये तत्व स्थायी हो, वहाँ वह स्वय भी स्थायी हो, और सनातन रूप से जनता का चित्तरंजन करने वाली हो। अब यहाँ इस प्रश्न का उपस्थित होना स्वाभाविक है कि **वे कौन से तत्त्व हैं जिनके समावेश से किसी रचना मे सच्ची स्थायिता संपन्न होती है।**

***स्थायिता के लिए व्यक्तित्व का प्रतिफलन आवश्यक है***

विद्वानों का कहना है कि **किसी रचना मे स्थायिता तभी आती है, जब उसमे उसके रचयिता का व्यक्तित्व प्रतिफलित** हो, जब वह रचना अपने पाठ के समय पाठक के सम्मुख अपने रचयिता को ला खड़ा करती हो। और यह कहना किसी अश तक है भी ठीक। सच पूछो तो कला के सभी उत्पाद्यों में इस बात का होना सुतरा आवश्यक है। किन्तु क्या हम अपने इस प्रस्ताव को इन शब्दों में रख सकते हैं कि ऐसी प्रत्येक रचना, जिसमे उसके रचयिता का व्यक्तित्व प्रतिफलित हो, साहित्य कहाने की अधिकारिणी है। हमारी समझ मे, नही। इस बात में दो आपत्ति है: प्रथम यह लक्षण अस्पष्ट है। व्यक्तित्व के प्रतिफलन का क्या आशय है? क्या एक धर्मशास्त्र अथवा शब्दशास्त्र पर व्युत्पत्ति लिखने वाला आचार्य अपनी रचना पर अपने व्यक्तित्व को, अपने श्रम, अध्यवसाय, अतर्दृष्टि और विवेक को मुद्रित नही करता? दूसरे; यदि हम इस बात को मान भी लें कि साहित्य की प्रत्येक रचना मे उसके रचयिता का व्यक्तित्व प्रतिफलित रहता है—जब कि वैज्ञानिक पुस्तकों में ऐसा नहीं दीख पड़ता—तब यह प्रश्न होगा कि **वह कौन सी विधा अथवा प्रकार है, जिसके द्वारा एक लेखक अपने व्यक्तित्व को अपनी रचना मे संपुटित कर सकता है।** वह कौन सा रहस्य

है जिसके द्वारा एक कवि अपनी रचना मे सदा के लिए अपने आपे को निहित कर जाता है, जब कि उसी का भाई एक वैज्ञानिक अपनी रचना को अपने आपे से अछूता रख उसमें अभीष्ट तत्त्व का प्रदर्शन करके बस कर देता है। यदि व्यक्तित्व सनिधान के इस रहस्य को हम किसी प्रकार हृद्गत कर लें तो हमें काव्य का वह लक्षण मिल जायगा, जिसकी काव्य के अतिरिक्त और किसी भी रचना मे उत्पत्ति नही होती।

*साहित्य मनोवेगों को तरंगित करता है, विज्ञान मस्तिष्क को*

और इस सम्बन्ध में जब हम उन रचनाओं की, जिनमें स्थायी महत्त्व वाले तत्त्वों का संनिधान होने पर भी उन्हे साहित्य नहीं कहा जाता, कवियों का उन कृतियो के साथ, जो अपने अतस् में इस प्रकार के विज्ञान-गम तत्त्वों के न रहने पर भी मृत्यु को सदा ठुकराती रहतीं हैं, तुलना करते हैं, तब हमें व्यक्तित्व-सनिधान के विषय मे किये गये उक्त प्रश्न का उत्तर सहज ही में मिल जाता है। और वह उत्तर यह है कि जब कि कवि की रचना पाठक के मनोवेगो को अभिनंदित करती है, वैज्ञानिक की कृति उसके मस्तिष्क पर अपना प्रभाव डालती है, और यही है वह तत्त्व, जिसकी हमें साहित्य के लक्षण के लिए अब तक खोज थी। किसी रचना को स्थायी रूप से रागात्मक बनाने के लिए आवश्यक है कि वह पाठक के मनोवेगो को तरंगित करे, वह उसके मस्तिष्क में न घुस कर उसके अन्तरात्मा को आप्लावित करे।

*साहित्य को अमर बनाने*

आइये अब विचारें कि पाठक के मनोवेगों को तरंगित करने की इस शक्ति से साहित्य के उन दो गुणों अर्थात् स्थायिता तथा [illegible] का, जिनके बिना साहित्य साहित्य नहीं कहा सकता,

*वाले मनोवेग स्वयं क्षण-भंगुर होते हैं*

कहाँ तक स्पष्टीकरण होता है। स्थायिता के विषय में एक बडे अचम्भे की बात यह है कि कविता या साहित्य की अन्य किसी रचना को अमर बनाने वाले मनोवेग स्वयं क्षणभगुर होते हैं। ज्ञान और मनोवेगों में बड़ा भारी अन्तर यह है कि जब कि ज्ञान में एक प्रकार की स्थायिता होती है, मनोवेग मत्स्य की भाँति निमेष मात्र मटक कर मन में विलीन हो जाते हैं। ज्योंही हम एक भौतिक तथ्य को भली-भाँति हृद्‌गत कर लेते हैं वह हमारे मन का अंग बन जाता है, वह हमारे अंतःकरण में, नाभि में अर के समान, धँस जाता है। हो सकता है कि हम उस तथ्य को भूल जायँ. किन्तु उसका भूल जाना हमारे लिए अनिवार्य नहीं है। इसीलिए जब हम भौतिक विज्ञान से सम्बन्ध रखने वाली किसी पुस्तक को पढ़ लेते हैं, तब हम उसे उठा कर रख देते हैं; उसके साथ होने वाला हमारा सख्य बस हो जाता है, और उसके अंतस्‌ में निहित हुए तथ्य हमारे मानसिक फलक पर खचित हो जाते हैं। दूसरी ओर मनोवेगों का स्वभाव इससे सुतरा भिन्न है। वे सहज ही क्षणभगुर हैं। हृदय मे उनकी चिनगारियाँ सी उठती और क्षण भर चमक कर वही विलीन हो जाती हैं। मेघदूत को पढ़ कर जो मधुमय भाव हमारे मन में उठते हैं वे उसके पढने के दो घटे उपरान्त लुप्त हो जाते हैं। हाँ, मेघदूत की पुनरावृत्ति करने पर वे फिर उद्‌बुद्ध हो जाते हैं। और उनकी इस अस्थिरता तथा मधुरता के कारण ही हम उन्हें बार बार जागृत करते और इस काम के लिए मेघदूत को पढ़ते हैं। इस दशा में यदि कालिदास का मेघ सन्देश सामान्य कोटि का साहित्य हुआ तो हम उसे एक या दो बार पढ़ कर बस कर देंगे, किन्तु यदि उसमें विश्वजनीनता के उपकरण सन्निहित हुए तो वह अनन्त काल तक अगणित मनुष्यों के मनोवेगों को तरंगित करता रहेगा और उसकी गणना विश्वजनीन रचनाओं

में होने लगेगी।

ध्यान रहे मनुष्य के मनोवेगों को आन्दोलित करने वाली यह शक्ति ही किसी जीव को अमर बनाया करती है।

*भावनाओं पर समय का प्रभाव नहीं पड़ता*

सब जानते हैं कि कला अमर वस्तु है; और इसमें सन्देह नहीं कि आज कालिदास को हुए शताब्दियाँ बीत गई और उनका नाम पुराना पड़ गया, किन्तु उनकी रचनाएँ आज भी उतनी नवीन हैं जितनी कि वे अपने रचयिता के जीवन काल में थीं। और यह सब इसलिए कि महाकवि कालिदास मनुष्य के मनोवेगो को तरगित करते हैं, और मनोवेग व्यक्ति रूप में प्रतिक्षण विलीन होते रहने पर भी अपनी संतति के रूप में अनन्त काल तक अविच्छिन्न बने रहते हैं। सम्भव है कि समय की प्रगति और सभ्यता के विकास के साथ साथ हमारे मानसिक वेगों प्रेमतन्तुओं तथा कल्पनासूत्रो में परिवर्तन आ जाय, किन्तु इसमे सन्देह नहीं कि हमारे मनोवेग सदा मनोवेग बने रहेगे और हमारे सूक्ष्म शरीर में व्याप्त होने के कारण वे सदा हमारे स्थूल शरीर को अपना वशंवद बनाये रखेंगे। वस्तुतः विकास की प्रक्रिया हमारे विचारों का परिष्कार करती है, उसका हमारे मनोवेगो पर कोई प्रभाव नही पड़ता। रामवनवास के अनन्तर जगल मे अपने ज्येष्ठ भ्राता राम की चरण सेवा में निरत हुए लक्ष्मण के मन में अपने भाई भरत को दल बल सहित अपनी ओर आता देख जो क्रोधाग्नि भड़की थी वह आज भी उस परिस्थिति मे पड़ने पर हम सब के मन में उसी प्रकार प्रज्वलित हो सकती है। दुष्यन्त के प्रेम पाश में फँस उसकी स्नेह वीचियों से प्लावित हुई तापस शकुन्तला को उसके द्वारा भरी सभा में प्रत्याख्यात होने पर जो अरुन्तुद निराशा हुई थी वह आज भी उस परिस्थिति में पड़ने पर हर धर्मप्राण रमणी को हो सकती है। हज़ारों बरस बीत जाने पर भी लक्ष्मण और

शकुन्तला की वे भाव-भंगियाँ हमारी आँखों में बल खा रही हैं; पूछो तो वे हमारी आत्मा का एक अंग बन गई हैं।

*वैज्ञानिक तथा साहित्यिक दर्शन मे भेद*

कहना न होगा कि **मनोवेगों को तरंगित करने वाली यह रहस्यमयी शक्ति ही कवि की रचना मे अपने रचयिता के व्यक्तित्व को संपुटित करती है,** क्योंकि यह बात एकमात्र भावना के क्षेत्र में ही सम्भव है कि एक लेखक अपने द्वारा किये गये रीति जीवन-व्याख्यान मेंअपने व्यक्तित्व को, अपनी ही से प्रकट करता हुआ, अपनी रचना पर अपने आपे को मुद्रित कर सके। भौतिक सत्य तो—जहाँ तक उनका हमारी चर्मचक्षु से सम्बन्ध है—सब को एक ही रूप में दृष्टिगत होते हैं। सभी की दृष्टि मे सदा दो और दो चार होते हैं और सभी वैज्ञानिकों को सदा से अशेष भौतिक पदार्थ एक ही रूप में दीखते आये हैं। विज्ञान का प्रादुर्भाव, सब को एक रूप में दीख पड़ने वाले भौतिक तथ्यो की समष्टि मे हुआ है। और क्योंकि इन मूर्त तत्त्वों मे किसी प्रकार का भेद नही है, इसलिए इनके रागात्मक व्याख्यान में भी किसी प्रकार का भौतिक भेद नही होता। गुलाब के प्रफुल्ल पुष्प का सत्रटन सभी वनस्पति शास्त्रियों की दृष्टि मे समान रूप से नन्ही नन्ही पटलियो तथा उनके मध्य विराजमान हुए पुष्प-पराग मे होता है। उनकी आँख उस दृश्यमान मूर्त तक जाकर बस कर जाती है। अब, दर्शन के जिस बिन्दु पर वनस्पति-शास्त्र की इतिकर्तव्यता है वही से कवि की अन्तर्दृष्टि का व्यापार आरम्भ होता है। कवि एकान्त के मधुमय मानस में खिल कर समय तथा देश की सूक्ष्म वीचियो पर अनुराग भरे स्मित की पीयूषवर्षा करने वाले उस गुलाब पर अपने हृदय के उन सब भावों को आरोपित कर देता है जो हमारी जीवन-निशा को सुखमय बनाते हैं और जो हमारी मरणघड़ी को आशामय बनाते हैं। ज्योतिर्विज्ञान

यह बताकर कि चन्द्रमा पृथ्वी से कितनी दूरी पर है, उसका क्षेत्रफल क्या है, वह किससे प्रकाश पाता है, चुप हो जाता है। वही चन्द्रमा कवि के कल्पनामय जगत् में साहित्य ससार का शृंगार, सयोगियों का सुधासार, वियोगियों का विषागार, उपमाओं का भडार और उत्प्रेक्षाओं का आसार बन जाता है। रजनी के अनभ्र-नभ मे टिमटिमाते तारागण दूरदर्शी यत्र से विपुलकाय दीख कर रह जाते हैं, अणुवीक्षण यत्र से उनके आकार प्रकार का आभास हो जाता है और यहाँ बस। किन्तु विरहविधुर कवि को उन तारों में समवेदना का समुद्र उमड़ा दीख पड़ता है। उसकी कल्पनानिशित दृष्टि उनके भौतिक गोल को कभी पुष्प के रूप मे परिणत करती है, तो कभी प्रणयिनी के घर को दिपाने वाले दीपको के रूप में बदल देती है। कभी उनमे उसे प्रेयसी के नेत्रो का आभास होता है तो दूसरे क्षण में वे उसे आकाश की नीली चुन्नी मे सलमें बन कर दीखने लगते है। **कवि की यह अन्तर्दृष्टि ही, उसकी यह दृश्यमान जगत् पर मनचाहा रग फेरने की शक्ति ही उसकी रचना मे उसके व्यक्तित्व को कीलित कर देती है, यह विद्युन्मयी त्वरित कल्पना शक्ति ही उसे उसकी रचना मे ला बैठाती है।** 'दो और दो चार होते हैं' इसको सभी समान रूप से कहते हैं। उनके इस विचार और कथन पर उनका व्यक्तित्व नहीं मुद्रित होता। इसके विपरीत भावनाओं के क्षेत्र में दो व्यक्तियो का अनुभव कभी एक सा नही होता। ज्यो ही एक तत्त्व, विज्ञान के क्षेत्र से सरक भावना के क्षेत्र में पदार्पण करता है, त्यो ही उसके स्पर्शादि गुणों मे एक वैचित्र्य आ जाता है, और इस वैचित्र्य का वर्णन करने वाले साहित्यिक को, इस काल्पनिक वैचित्र्य के निदर्शन का अवसर मिल जाने के कारण, अपने व्याख्यान पर अपने निजू व्यक्तित्व को मुद्रित करने का सयोग मिल जाता जाता है। विज्ञान की भाँति साहित्य कभी भी तत्त्वों को उनके प्रतीय

मान रूप में हमारे सम्मुख नहीं रखता, वह उन पर कल्पना का मुलम्मा चढ़ा कर, उनको मनोरागों से अनुरंजित करके किसी और ही, अनूठे, अटपटे, चमत्कृत रूप में प्रस्तुत करता है, और जो साहित्यिक जितनी दक्षता, भव्यता, विशदता तथा व्यापकता के साथ इस वैचित्र्य को संपन्न करता है वह उतना ही अधिक और उतने ही अधिक रुचिर रूप में अपनी रचना पर अपने व्यक्तित्व को अंकित किया करता है।

*मैथ्यू आर्नल्ड द्वारा किया गया कविता का लक्षण यथार्थ मे सहित्य का लक्षण है*

स्मरण रहे, मनोवेगो को तरंगित करने की इस शक्ति में हमें उन और बहुत से उपकरणों की उपलब्धि होती है, जिन्हें हम किसी यथार्थ साहित्यिक रचना मे पाया करते हैं। मैथ्यू आर्नल्ड के अनुसार जीवन की आलोचना को कविता कहते हैं। भले ही इस लक्षण में अस्पष्टता हो, किंतु यह सत्य है कि कविता, कवि द्वारा की गई जीवन की आलोचना है, यह कवि के मन पर अंकित होने वाले जीवन के वे सूक्ष्म प्रभाव हैं, जिन्हे आत्मसात् करके वह अपनी वाणी द्वारा दूसरो तक पहुँचाता है। किंतु कविता का यह लक्षण कविता तक ही परिसीमित न हो साहित्यमात्र पर घटता है, क्योंकि कविता के समान इतर साहित्य भी जीवन की समालोचना करता है, उसे रागमय वचनों में हमारे सम्मुख रखता है फलतः उक्त लक्षण में किंचित् परिष्कार करके हम कह सकते हैं कि साहित्य जीवन के प्रकाशन अथवा उसके व्याख्यान को कहते हैं। इस विषय में यह बात स्मरण रखनी चाहिए कि मनोवेगो को तरंगित करने वाली शक्ति ही है, जो साहित्य को जीवन की व्याख्या करने में सबल बनाती है। क्योंकि जीवन—जैसा कि यह हमारे सम्मुख प्रपंचित है—वस्तुतंत्र तथा तथ्यों का नहीं, हमारे विचारों और

अनुशीलनों का भी नहीं, अपितु हमारे मनोवेगों का संतानमात्र है, यह उनका अविच्छिन्न प्रसारमात्र है। मनोवेग ही हमारी इच्छाओं के जन्मदाता हैं, उन्हीं से हमारे क्रिया कलाप की उत्पत्ति होती है। हमारे आचार की कसौटी हमारे मनोवेग हैं, हमारे जीवनतंतुओं की तकली हमारा मन है। इसलिए वह साहित्य, जो एक साथ लेखक के मनोवेगों को मुखरित करता और पाठक के मनोवेगों को आंदोलित करता है, ही, जीवन का सबसे अधिक रहस्यमय अंकन है, उसका सबसे अधिक पते का, जीता जागता लेखा है।

*साहित्य और इतिहास*

साहित्य के प्रस्तुत लक्षण के विषय में यह आपत्ति की जा सकती है कि यह आवश्यकता से अधिक सकुचित होने के कारण अव्याप्ति दोष से दूषित है। हम यह मान भी लें कि जिस किसी रचना मे मनोवेगो को प्रणुदित करने की शक्ति हो, वह साहित्य है, क्या विपरीत रूप से हम यह भी कह सकते हैं कि जो भी रचना साहित्य-पदभाक् है, उसमे मनोवेगों को त्वरित करने की शक्ति अनिवार्य रूप से रहनी चाहिए। सब जानते हैं कि इतिहास साहित्य के प्रधान अगों में एक है। किंतु इससे पाठक के मनोवेगों का प्रणुदन नही होता। यह तो जीवन-क्षेत्र में घटी हुई घटनावलियों का लेखामात्र है, और साहित्य का उपर्युक्त लक्षण इस पर नहीं घटता। फलतः साहित्य का उक्त लक्षण वास्तव मे कविता का लक्षण है, साहित्य-सामान्य का नहीं।

इस आक्षेप के उत्तर में हम यही कहेगे कि जो भी रचना साहित्यिक है, उसमें मनोवेगों को आंदोलित करने की शक्ति का होना अनिवार्य है। हम इतिहास को साहित्य उसी सीमा तक कहेगे जहाँ तक कि वह अतीत घटनाओं की आवृत्ति करता हुआ भी हमारे मन की भावनाओं को गुदगुदाता हो, हमारे मन में आनन्दभरी उथल-

पुथल मचा देता हो। इतिहास के वे अंश, जिनका एकमात्र लक्ष्य घटनावलियों की आवृत्ति करना है, साहित्य नहीं, अपितु कोरे लेखे मात्र हैं। ऐतिहासिक कलाकार की सफलता इस बात से परखी जाती है कि वह कहाँ तक इतिहास के उन गुणों को, अर्थात् वर्ण्य घटनाओं की तथ्यता उनकी पूर्णता और उसकी अपनी पक्षपात शून्यता को—जिनका किसी भी इतिहास में होना अनिवार्यरूपेण आवश्यक है—मनुष्य के उन मनोवेगों के साथ जुटा कर सज्जित करता है, जो उसके द्वारा वर्णित घटनाओं के मूल स्रोत हैं, और जो इलियड, ओडेसी, रामायण और महाभारत के काल के समान आज भी हमारी हृदय-स्थलियों में तरगित हो रहे हैं। सच्चे इतिहास में जहाँ हमें अतीत घटनाओं की सुसज्जित पंक्तियाँ लगी दीख पड़ती है, वहाँ हमे उन घटनाओं की प्रचंड चपेटों से प्रतापित हुए मनुष्यो और उनके रचे ससारों के खँडहर भी दीख पड़ते हैं। और जहाँ हमें रामायण को पढते समय राम-रावण तथा दशरथ-कैकेयी के ऊपर घटने वाली रोम-हर्षण घटनाओ का फिर से दर्शन होता है, वहाँ हमे साथ ही जराग्रस्त दशरथ के, उसकी प्राणप्रिया महिषी कैकेयी के हाथों प्राण पखेरू खिचते दीख पड़ते हैं। और यह जानकर कि उस समय दशरथ के भीतर उठने वाली अरुन्तुद टीस और उसके रोम-रोम को सालने वाली शूलशलाकाओ मे हम भी कभी बिध सकते हैं, हमारी आँखों मे सावन भर जाता है और हम वाल्मीकि के साथ एकस्वर हो नियतियक्षी को धिक्कारने लगते है। जिस सीमा तक एक इतिहास-कार अतीत घटनाओ को घटाने वाले देव दानवों के साथ हमारा तादात्म्य सबंध स्थापित करके हमें फिर से, इस शरीरपिंजर में पिहित रहने पर भी, अतीत के क्षेत्र में घुमा-फिराकर हँसा और रुला सकता है, उसी सीमा तक उसके इतिहास को हम साहित्य के नाम से विभूषित करेंगे।

*साहित्य और विज्ञान*

ऊपर की गई विवेचना से यह बात स्पष्ट हो जाती है कि जिस प्रकार विज्ञान और साहित्य में मौलिक भेद है उसी प्रकार वैज्ञानिक तथा साहित्यिक पुस्तको के स्वभाव मे भी अतर है। किन्तु जिस प्रकार कला तथा ललित कलाओं में अन्तर होने पर भी मौलिक समानता है, उसी प्रकार साहित्य मे विज्ञान और विज्ञान में साहित्याश का होना सभव तथा वांछनीय भी है। विज्ञान और साहित्य के भेद को दर्शाने के लिए हमने फूल का उदाहरण देते हुए बताया था कि एक वनस्पतिशास्त्री की चर्मचक्षु पुष्प के पटल, पराग, पौधे और उसकी शाखाप्रशाखाओ के साथ होने वाले उसके संबंध, उसके जन्म, स्थिति, भग तथा पुनरुत्पत्ति की भौतिक प्रक्रिया के बौद्धिक विवेचन तथा विश्लेषण में ही व्याप्त होकर शात हो जाती है, जब कि एक कवि की निर्माणमयी अतर्दृष्टि उस प्रसून को देख उसकी सत्ता के मूल में पैठती और वहाँ से उसके जीवन के चरम सार सौदर्य को पीकर बाहर उभरती है। कवि के काल्पनिक चित्रपट पर खड़े हो उस प्रसून के पटल और पराग शतधा मुखरित हो उठते हैं और उसे उन सब भव्यभावनाओ का संदेश देते हैं जिनके लिए उसका हृदय प्रतिपल लालायित रहता आया है। वैज्ञानिक की बुद्धि मे प्रसून के पटल और पराग निर्जीव बनकर आये थे, वही कवि के क्षेत्र मे पहुँच सजीव बनकर फड़क जाते हैं और उनमें उसी सौरभभरे सौंदर्य की उपलब्धि होती है, जो उसे बालकों के तुतलाते ओठों पर मिलता है, जो उसे तापस बालाओं के स्मित में प्राप्त होता है और जो ध्यानपूर्वक देखने पर सरिता, सागर तथा अबरतल में खुले हाथों बिखरा दीख पड़ता है। **विज्ञान का सबंध निर्जीव पदार्थों के निर्जीव विश्लेषण से है, साहित्य का संबंध निर्जीव पदार्थों मे भी जीवन का उद्बोधन करके उनके साथ कवि और पाठक दोनो**

का तादात्म्य स्थापित करने से है।

*संगीत तथा साहित्य*

हम देख चुके हैं कि साहित्य की मौलिक वृत्ति भावों को तरंगित करना है। किंतु साहित्य की मूलभित्ति होने पर भी साहित्य में एक मात्र यही तत्त्व नहीं रहता। वह कला, जो एक मात्र भावनाओं के आधार पर खड़ी होती हैं, संगीत कला है। संगीत में श्रोता की बुद्धि पर किसी प्रकार का प्रभाव न पड़कर केवल उसका अंतःकरण प्रभावित होता है और उसके भावना-तंतु त्वरा के साथ ग्रथित होने लगते हैं। इनमें संशय नहीं कि संगीत की नानाविध लहरियाँ भिन्न-भिन्न प्रकार की भावनाओं को उद्बुद्ध करती हुई लक्षणा द्वारा किसी सीमा तक विचारों को भी जन्म देती हैं, किन्तु ये विचार, बुद्धि से उत्पन्न हुए ये तत्त्व, प्रायः अनिश्चित तथा अनिर्धारित रहते हैं। किन्तु एक प्रवीण संगीतज्ञ अपने नाद में लयचित्र खड़े करके अथवा अपने संगीत मे कविता को मिलाकर संगीतज लक्षणाओं को यथासंभव निश्चित तथा निर्धारित रूप देकर संगीत के प्रभाव मे घनता उत्पन्न कर सकता है। परन्तु यह सब होने पर भी संगीत का प्रत्यक्ष प्रभाव श्रोता की भावनाओं पर पड़ता है, उसके किसी संकलित अनुभवविशेष पर नहीं। सामान्यतः संगीत के प्रभाव में पूरी पूरी घनता और सांद्रता तब आती है, जब उसमें किसी अन्य तत्त्व का, अर्थात् रागात्मक कविता आदि का, संकलन न हो, जैसे वादित्र भवन में नादित होते हुए वाद्यों के स्वर में अथवा श्रोता के लिए अपरिचित भाषा में गाने वाले गायक की तान मे। यह सब होने पर भी मानना पड़ेगा कि संगीत का प्रत्यक्ष प्रभाव भावनाओ पर पड़ता है, विचार आदि पर नहीं। संक्षेप में हम कह सकते हैं कि संगीत वह नाद अथवा भाषा है, जिसमे भाव अत्यंत स्वाभाविक रीति से मुखरित होते और श्रोता की समवेदना तथा भावनाओ को उद्बुद्ध करते

हैं। वस्तुतः देखा जाय तो भावना के वे सभी स्वतःप्रवर्तित प्रकाशन, जो उत्कट होने पर भी मनुष्य के वश से बाहर नहीं होते, सगीत के समान हैं; और इस दृष्टि से देखने पर हास्य, रोदन, आकारण, उद्घोषण तथा चमक कर किये गये वार्तालाप, इन सब में वही लय, ताल तथा कलन हैं, जो सगीत में पाये जाते हैं। किन्तु प्रत्यक्षरूपेण मनोवेगों को लहरित करने वाले संगीत का प्रभाव और सभी कलाओं के प्रभाव से कहीं अधिक घन तथा उत्कट होने पर भी उनके समान चिरजीवी न होकर, अल्प समय में ही नष्ट हो जाता है; और जहाँ अन्य कलाओं का प्रभाव भावना के साथ साथ विचार पर भी पड़ता है, वहाँ सगीत का प्रभाव भावना के क्षेत्र में परिसीमित रहता है; और यही कारण है कि सगीत का हमारे तर्कोद्वेलित चारित्रिक जीवन पर वह प्रभाव नहीं पड़ता जो अन्य ललित कलाओं का पड़ता है।

*साहित्य का आधार कल्पना है*

हाँ, हम कह रहे थे कि एकांततः भावनाओं को प्रणुदित करने की शक्ति एकमात्र सगीत में है। रंग रूप के आधार पर खड़ी होने वाली वास्तुकला और चित्रकला मे भी यह बात नहीं देखी जाती। वे अपनी लक्ष्य सिद्धि के लिए हमारे सम्मुख सौन्दर्य के मूर्त प्रतीक उपस्थित करती हैं, जिन्हे हम अपनी बुद्धि से आत्मसात् करते और जिनका हमारी अनुभूति में निहित भावनाओं के साथ सम्बध रहता है। प्रतिमा और चित्र में एक ऐसी बात होती है जो संगीत में नहीं मिलती। फिर साहित्य तो विशेषतः किंचित् निर्धारित हुए बौद्धिक तत्त्वों अर्थात् विचारों द्वारा व्यापृत होता है। भावनाओं के प्रति होने वाली साहित्य की अपील अनिवार्य रूप से अप्रत्यक्ष होती है। वास्तुकला, मूर्तिकला तथा चित्रकला की नाई साहित्य में भी यह अपील पाठक की बुद्धि के सम्मुख द्रव्यविशेष,

व्यक्तिविशेष तथा घटनाविशेष प्रस्तुत करके ही की जाती है, और वह वृत्ति जिसके द्वारा इस प्रक्रिया की निष्पत्ति होती है, कल्पना है। भावनाओं को तरगित करने वाली इस वृत्ति का साहित्य में होना अत्यावश्यक है।

*साहित्य मे सत्य का होना आवश्यक है*

इसके साथ ही साहित्य-समीक्षण में हमे बुद्धि के साथ सबंध रखने वाले एक और तत्त्व पर ध्यान देना उचित है, जो सब प्रकार के लेखों की आधारशिला है और जिसे हम सत्य अथवा तथ्य के नाम से पुकारा करते हैं। साहित्य की कतिपय विधाओं का तो लक्ष्य ही सत्य होता है और उसी की चारु परिनिष्ठा में उनके प्राशस्त्य की इतिमत्ता होती है। उदाहरण के लिए, हम एक ऐतिहासिक पुस्तक की गरिमा को इस कसौटी पर नहीं परखते कि उसने हमारी भावनाओं को कहाँ तक उद्बुद्ध किया है, अथवा उसने हमारे कल्पना-जगत् को कहाँ तक सुषमित किया है; इतिहास के महत्त्व को हम इस मापदड से परखते हैं कि उसमें यथार्थता, परिपूर्णता, पक्षपात-शून्यता और उचित निर्णायकता- कहाँ तक सम्पन्न हो पाई हैं। साहित्य की इतर विधाओं के सौष्ठव को हृद्गत करने के लिए भी हम उनके आधार-भूत सत्य अथवा तथ्य के मापदड से ही काम लेंगे, और सत्य की इस चरम कसौटी के महत्त्व को पहचान लेने पर हमें कविता का उत्कर्ष भी कवि के काल्पनिक जगत् के मूल में सन्निहित हुए सत्य में ही दीख पड़ेगा। क्योंकि हम जानते हैं कि बौद्धिक तत्त्व अर्थात् विचार के उचित मात्रा में न रहने पर हमारे उत्कट मनोवेग क्रोध, मात्सर्य तथा इसी प्रकार के अन्य उग्र रूपों में परिवर्तित हो जाते और हमारे निरर्गल त्वरित मनोवेग भावुकता अथवा चिड़चिड़ेपन में बदल जाते हैं। निःसंदेह असत्य अथवा भ्रांत सत्य अस्वस्थ

भावनाओं का जन्मदाता है और हमारे जीवन के मूलभूत विचारों में जब तक किसी महान् आदर्श का उत्थान नहीं होता तब तक हमारे अन्तःकरण में सान्द्र तथा बलवती भावनाओं का विकास भी नहीं हो पाता।

अत में किसी भी साहित्य-रचना के सौष्ठव को परखने में हमें उसकी रचना-शैली पर भी ध्यान देना होगा।

*रचना-शैली* भावना, कल्पना और विचार इन सभी का प्रकाशन भाषा द्वारा होता है। यदि साहित्य का प्रतिपाद्य विषय उसका आत्मा है तो उसका प्रतिपादक, अर्थात् भाषा उसका शरीर है। आत्मा के परिनिष्ठित तथा परिपूर्ण होने पर भी यदि उसके व्यापार का केंद्र शरीर भग्न अथवा वक्र हुआ तो उसके द्वारा आत्मा का उचित प्रकाशन असंभव है। ठीक यही बात साहित्य के विषय मे कही जा सकती है। क्योंकि मनोवेगों के प्रति स्थायी अपील करने की शक्ति—जिसे हमने साहित्य का सर्वस्व माना है—जहाँ विषय की रसवत्ता पर निर्भर है, वहाँ वह, उस विषय को किस प्रकार से कहा गया है, इस पर भी बहुत कुछ अवलंबित है।

इस प्रकार किसी भी साहित्यिक रचना के सौष्ठव को परखने के लिए हमें उसकी अंगीभूत इन चार बातों पर ध्यान देना चाहिए—

१. भावना अथवा रागात्मक तत्त्व, जो हमारे लक्षण के अनुसार साहित्य का सर्वप्रथम परिच्छेदी गुण है। साहित्य की आदर्श रचनाओं का ध्येय भावनाओं को स्फुरित करना होता है तो उसकी सामान्य रचना अर्थात् इतिहास आदि में यह किसी ध्येय-विशेष की उपलब्धि का एक साधन बनकर आता है।

२. कल्पनातत्त्व—अर्थात् मन में किसी विषय का चित्र अंकित करने की शक्ति, जिसे कवि अपनी रचना में संपुटित करके पाठकों

के हृदय चक्षु के सम्मुख भी वैसा ही चित्र उपस्थित करने का प्रयत्न करता है, और जिसके अभाव में भावना अथवा रागात्मक तत्त्व की परिनिष्ठा नहीं हो पाती।

३. **बुद्धितत्त्व**—अर्थात् वे विचार, जिन्हें एक लेखक या कवि अपने विषय-प्रतिपादन में प्रयुक्त और अपनी कविता में अभिव्यक्त करता है और जो संगीत के अतिरिक्त और सभी कलाओं के आधारभूत हैं। साहित्य की सभी उपदेशपरक अथवा प्रबोधक रचनाओं में इस तत्त्व की प्रधानता होती है, क्योंकि यह उस अंश की पूर्ति करता है जिसके उद्देश्य से इस प्रकार की पुस्तकें लिखी जाती हैं।

४. **रचनाशैली**—जो कि स्वयं एक उद्देश्य नहीं, अपितु हमारे भावों तथा विचारों को प्रकाशित करने के प्रमुख साधनों में से एक है।

ऊपर के सन्दर्भों में पाश्चात्य रीति से उन तत्त्वों का दिग्दर्शन कराया गया है, जिन से साहित्य की निष्पत्ति होती है। इन तत्त्वों को भलीभाँति समझ लेने पर हमारे लिए संस्कृत साहित्याचार्यों द्वारा दी गई साहित्य की परिभाषा सहजगम्य हो जाती है।

**साहित्य शब्द का अर्थ**

संस्कृत के सहित शब्द का अर्थ है साथ और उसमे भाववाचक प्रत्यय जोड़ देने पर साहित्य शब्द की सिद्धि होती है; जिसका आशय होता है, समन्वय, साहचर्य, अर्थात् दो तत्त्वों की सहचरी सत्ता। साहित्य पर विचार करते समय हम देख चुके हैं कि उसकी प्रमुख वृत्ति हमारे मनोवेगों को तरंगित करना है, और मनोवेगों के तरंगित होने पर हमारा बाह्य जगत् के साथ ऐसा रागात्मक संबंध स्थापित होता है जो अपनी चरमकोटि पर पहुँच कर उस जगत् के साथ हमारा ऐक्य स्थापित कर देता है। इस अनुभाव्य और अनुभावक के तादात्म्य को ही रस कहते हैं और इस रस वाले

**वाक्य को ही हमारे साहित्य शास्त्रियों ने काव्य अर्थात् साहित्य कहा है।**

साहित्य से उद्भूत होने वाले ऐक्य को हम दूसरे प्रकार से भी व्यक्त कर सकते हैं। प्रत्येक साहित्यिक रचना में हमें दो तत्त्व दीख पड़ते हैं: एक **अर्थ** और दूसरा **शब्द**। यह भी पहले कहा जा चुका है कि साहित्य-दर्शन में और सामान्य अथवा वैज्ञानिक दर्शन में मौलिक भेद है। सामान्य जन तथा वनस्पतिशास्त्री एक फुल्ल प्रसून को उसके पटल और पराग के समवाय के रूप मे देखते हैं, जब कि कवि उसके पटल तथा पराग को कल्पना के द्वारा, किसी और ही रूप में, कुछ जीता-सा, कुछ मुसकराता-सा, कुछ कहता और बुलाता-सा, देखता है, अर्थात् वह दृश्यमान पदार्थों को, उनके प्रतीयमान रूप में नहीं, अपितु उस प्रतीयमान के मूल में निहित सत्, चित् और आनन्द के रूप में देखता है। जिस प्रकार एक कवि का पुष्पदर्शन वैज्ञानिकों के पुष्पदर्शन से भिन्न प्रकार का है, इसी प्रकार उस दर्शन को निष्पन्न कराने वाले अर्थ और शब्द भी उसके सामान्य पुरुषों के माने हुए अर्थ और शब्द से भिन्न प्रकार के होते हैं। सामान्यजनों की दृष्टि मे शब्द और अर्थ दो भिन्न भिन्न पदार्थ हैं। इन लोगों के मत में शब्द विनाशी वर्णों की एक शृंखला है, जो उच्चरित होते ही अपनी वर्णरूप कड़ियों के साथ नष्ट हो जाती है। दूसरी ओर वेदातियों के मत मे शब्द एक अविनाशी ध्वनि है, जिसे **स्फोट** कहा जाता है, और जो वर्णों की शृङ्खला के द्वारा अभिव्यक्त होती है। अपने अभिव्यजक वर्णों के क्षर होने पर भी यह मूलरूपेण अक्षर और अविनाशी रहता है। दूसरी ओर अर्थ भी व्यक्तिरूपेण नश्वर होता हुआ भी, परिणाम, परम्परा अथवा अपने मूलभूत तत्त्व के रूप में अव्यय और अविनाशी है। दूसरे शब्दों में सामान्य

*साहित्य का आधार तत्व ऐक्य*

जनों द्वारा प्रयुक्त हुआ "प्रसून" शब्द और उसका वह दृश्यमान अर्थ दोनों अनित्य हैं, एक सुना जाकर शून्य में विला गया और दूसरा देखा जाकर कतिपय दिनों में झड़ गया। किंतु कालिदास के द्वारा प्रयुक्त हुआ "प्रसून" शब्द और उसकी कल्पनाभरित आँखों द्वारा देखा गया प्रसून तत्त्व, अपने प्रतीकरूप के झड़ जाने पर भी, सदा एकरस बना रहता है, वह अपने स्थूल प्रतीक के रूप में न रहने पर भी सदा हरा भरा रहता है और कवि को दीखा करता है। बस, अनित्य वर्णों के द्वारा नित्य स्फोट को और अनित्य प्रतीकों के द्वारा नित्य मौलिक तत्त्व को परस्पर संबद्ध करना और उन्हें उस रसमय रूप मे पाठकों के सम्मुख रखना ही साहित्य अर्थात् साहचर्य स्थापक रचनाओं का प्रमुख लक्ष्य है।

साहित्य की इसी रहस्यमय प्रक्रिया को ध्यान मे रखकर ध्वन्यालोककार ने लिखा है:—

अपारे काव्य-ससारे कविरेव प्रजापतिः।
यथास्मै रोचते विश्व तथेदं परिवर्तते॥

अर्थात् काव्यरूपी जो अनन्त जगत् है, उसमें कवि ही प्रजापति है—उस जगत् का सृष्टिकर्ता वही है। उसे जिस प्रकार का जगत् रुचता है, इस जगत् को उसी प्रकार में बदल जाना पड़ता है।

बस जगत् का दीखने वाले प्रकार से, कवि को रुचने वाले प्रकार मे बदल जाना ही साहित्य का सार है: और इसी प्रक्रिया को पिछले आचार्यों ने रस आदि के नाम से पुकारा है। इस रस तक पहुँचने के लिए अग्निपुराण, दंडी, रुद्रट, आनंदवर्धनाचार्य, मम्मट, वाग्भट, पीयूषवर्ष, विश्वनाथ तथा पंडितराज जगन्नाथ को अनेक घाटियाँ तै करनी पड़ी हैं, इनमें घुसना हमारे लिए न तो उचित है और न आवश्यक ही।

साहित्य के तत्त्व नामक प्रकरण में हम बतायेंगे कि रस की निष्पत्ति, विभाव, अनुभाव, संचारी भाव तथा स्थायी भावों से होती है। किन्तु वह कौन सी प्रक्रिया है, जिससे इन चार उपकरणों द्वारा रस की निष्पत्ति होती है और इस सामग्री से रस का क्या संबंध है, इस प्रश्न का उत्तर भट्ट लोल्लट ने उत्पत्तिवाद से दिया है और शंकुक ने अनुमितिवाद से। दोनो के उत्तरों से असतुष्ट हो भट्टनायक ने अपना भुक्तिवाद चलाया। आचार्यों की तृप्ति इससे भी न हुई और अभिनवगुप्त ने पहले सब मतों का खण्डन करके अभिव्यक्तिवाद की स्थापना की। आगे चलकर किंचित् परिष्कार के साथ आचार्यों ने इसी मत को स्वीकार किया।

*साहित्य और भाव*

स्पष्ट ही है कि साहित्य के मार्मिक तत्त्व अर्थात् रस के भली भाँति हृद्‌गत कर लेने पर, और यह जान लेने पर कि यह तत्त्व विनाशी नहीं, अपितु शाश्वत है, यह समझ लेना सहज हो जाता है कि इसे उत्पन्न होने वाला न कहकर अभिव्यक्त होने वाला कहना अधिक युक्ति-युक्त है और अभिव्यक्त होने पर, क्योंकि यह रसरूप है, इसलिए भुक्ति अर्थात् चर्वणा भी एक स्वाभाविक बात है। इन मतों के गड़बड-झाला में न पड़ हमें इस बात पर ध्यान देना चाहिए कि साहित्य के पाश्चात्य लक्षणों की भाँति उसके पौरस्त्य लक्षणो में भी उसके आनन्दोत्पादन-रूप पक्ष पर अधिक बल दिया गया है, और उसे ज्ञानोत्पादन अथवा प्रचार के कार्य से दूर रखा गया है। हमारे आचार्यों के अनुसार भी साहित्य के लिए सब से अधिक आवश्यक बात यह है कि वह अपने विषय तथा रचना शैली से पढ़ने तथा सुनने वालों के हृदय में उस अखण्ड आनन्द का प्रवाह बहावे जो रसानुभव अथवा रसपरिपाक से उत्पन्न होता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि काव्य वह

है जो हृदय में अलौकिक आनन्द या चमत्कार की सृष्टि करे। इस प्रकार हम देखते हैं कि साहित्य अथवा काव्य के पाश्चात्य तथा भारतीय दोनों ही लक्षणों में, उसके द्वारा मनोवेगों के प्रति की जाने वाली अपील पर, जिसे हम रस निष्पत्ति अथवा जीवन के साथ रागात्मक सम्बन्ध-स्थापन के नाम से भी पुकारा करते हैं—सबसे अधिक बल दिया गया है।

---

# साहित्य के तत्त्व

*साहित्य के भाव पक्ष और कला-पक्ष*

साहित्य की परिभाषा पर विचार करते हुए हम कह चुके हैं कि साहित्य उन रचनाओं का नाम है, जो श्रोता अथवा पाठक के मनोवेगों को तरगित करती हों। और यद्यपि जिस प्रकार प्रतिमा में उसकी सामग्री और निर्माण-कला का ऐक्य हो जाने के कारण दोनों को पृथक् नहीं किया जा सकता, उसी प्रकार साहित्य मे भी शब्द और अर्थ को पृथक् करना, साहित्य का स्वत्व नष्ट कर देना है, तथापि तत्त्वावबोध की सुविधा के लिए हम साहित्य को उसके भाव पक्ष तथा कला-पक्ष इन दो भागों में विभक्त कर उस पर विचार करेंगे।

*भावपक्ष के विवरण में कठिनता*

कहना न होगा इन दोनों पक्षों में भाव-पक्ष की प्रधानता है और कला-पक्ष उसके प्रकाशन अथवा उसकी आत्माभिव्यक्ति में सहायक होने के कारण किसी सीमा तक गौण है। और क्योंकि साहित्य का प्रमुख ध्येय मनुष्य के आंतरिक तथा बाह्य जगत् को कल्पना-पट पर चित्रित करना है; इस लिए जिस प्रकार मनुष्य का वह जगत् अपनी बहुमुखता, बहुरूपिता तथा

विविधता के कारण सहज रूप से बुद्धिगम्य नहीं है, उसी प्रकार उसके व्याख्यान-रूप साहित्य के भाव पक्ष का सम्यक् निदर्शन भी सुतरां दुरूह तथा कठिन है। चराचर विश्व के अगणित जन्तुओं की चित्त-वृत्ति का तो कहना ही क्या स्वयं एक व्यक्ति की चित्त-वृत्ति भी सदा एक-सी नहीं रहती; और उसकी चित्त-वृत्तियों से प्रवाहित होने वाला क्रिया-कलाप जितना ही विविध होता है, उतना ही वह वर्णन से बाह्य होता जाता है। साहित्य के भाव-पक्ष को सम्यक् प्रदर्शित करने मे इसी प्रकार की अनेक कठिनाइयाँ हैं।

*कला-पक्ष भी अनादि है।*

जिस प्रकार मनुष्य में अनादिकाल से भाषा द्वारा अपने अन्तरात्मा को और अपने साथ सम्बद्ध हुए इस चराचर विश्व को प्रकाशित करने की इच्छा बलवती रहती आई है, उसी प्रकार उसमें सौंदर्य-वृत्ति के निहित होने के कारण अपनी भाषा को भाँति भाँति के उपायों द्वारा चमत्कृत करने की प्रवृत्ति भी अनादि काल से दीप्त रहती आई है। साहित्य-कला का मूल भाषा को चमत्कृत करने की इसी वृत्ति में निहित है; और साहित्य-शास्त्रियों ने इस आदर्श को अनेक प्रकार से नियम-बद्ध करते हुए चमत्कार के अगणित रूपों का वर्गीकरण किया है और साथ ही उनके लक्षण भी किये हैं। भाषा की गति या प्रवाह, वाक्यों की उचित उठ बैठ, शब्दों की लाक्षणिक तथा व्यंजनामूलक शक्तियों का समुचित प्रयोग ये बातें कलापक्ष के विकास में प्रमुख सीढ़ियाँ हैं और इन का विस्तृत विवरण ही अलंकार-शास्त्रों तथा लक्षण-ग्रंथों का प्रतिपाद्य विषय है। प्रस्तुत प्रकरण में हम संक्षेप से साहित्य के भाव-पक्ष और कला-पक्ष का परिपाक करने वाले तत्त्वों पर विचार करेंगे।

साहित्य का लक्षण करते हुए हमने यह भी लिखा था कि प्रत्येक साहित्यिक रचना की भित्ति उसके भाव पक्ष में अनिवार्यरूप

से दृष्टिगोचर होने वाले तीन तत्त्वों—अर्थात् **भावतत्त्व** (=रागात्मक तत्त्व), **कल्पनातत्त्व** और **बुद्धितत्त्व**—पर खड़ी होती है। इनमें से एक का अभाव होने पर भी साहित्य का भाव-पक्ष निर्बल पड़ जाता है और इनमें सपन्न होने वाले रस की भुक्ति चारुरूप से नहीं हो पाती। अब हम इन तीनों तत्त्वो में से पहले तत्त्व अर्थात् कल्पनातत्त्व पर विचार करेंगे।

*साहित्य के तीन तत्त्व*

## (१) कल्पनातत्त्व

पहले कहा जा चुका है कि **साहित्य** उस रचना को कहते हैं जो **श्रोता अथवा द्रष्टा के मनोवेगों को तरंगित करे।** यहाँ इस प्रश्न का होना स्वाभाविक है कि वह कौन सा उपाय है जिसके द्वारा एक साहित्यिक, श्रोता या द्रष्टा के मन में भावों अथवा मनोवेगों की तरगें प्रवाहित करता है। किस प्रकार एक कवि, नाट्यकार, उपन्यासकार अथवा चतुर आख्यायिका-लेखक हमारी भावनाओं को स्फुरित कर हमारे मुख से "वाह वाह" कहा सकता है।

*कल्पना तत्त्व*

निःसंदेह यह काम केवल भावनाओं के विषय में कुछ कहने सुनने से नहीं हो सकता। हर्ष, प्रेम और क्रोध आदि भावनाओं के विषय में कितना भी वाद-विवाद क्यों न किया जाय, उससे श्रोता अथवा द्रष्टा के मन में किसी प्रकार की तरंगें नहीं उत्पन्न हो सकती। इसमें संशय नहीं कि आत्म-सम्मान, स्वदेश प्रेम तथा कीर्ति आदि पर बल देने वाली वक्तृता आदि को सुन कर श्रोता के मन में और भावनाएँ जागृत हो जाती हैं, किन्तु भावनाओं के इस जागरण में और साहित्य को पढ़ अथवा नाटक को देखकर उत्पन्न हुई भावना-तरंगों में बहुत बड़ा भेद है।

***कवि पाठक के सम्मुख मूर्त द्रव्य उपस्थित करके उसके मनोवेगो को तरंगित करता है***

अब यहाँ यह पूछा जा सकता है कि यदि एक कलाकार भावनाओं के विषय में वार्तालाप करके अथवा स्वयं उनकी अनुभूति करके भी श्रोता अथवा द्रष्टा के मन में मनोवेगों को नही तरंगित कर सकता, तो फिर वह इस काम को करता ही कैसे है ? इसका उत्तर होगा कि वह इस काम की निष्पत्ति श्रोता अथवा द्रष्टा को उसके मनोवेगों को तरंगित करने वाले तथ्य और घटनाएँ दिखाकर करता है। सब जानते हैं कि केवल मूर्त द्रव्य ही हमारी भावनाओं पर अपना प्रभाव डाल सकते हैं। जब तक हम किसी तथ्य को मूर्त रूप में अपनी आँखों से नहीं देख लेते तब तक हमारे मन में भावना की लहरें नहीं उठतीं। हमने समाचार-पत्र मे पढा है कि जर्मन नौसैनिकों ने अंग्रेज़ों के प्रसिद्ध जगी जहाज 'हुड' को डुबो दिया है। उस पर काम करने वाले सैकडो सैनिक मी उसी के साथ सदा के लिए समुद्र मे सो गये। किंतु इस समाचार को पढ़कर हमारे मन मे भावनाओं की तरगें नहीं उठतीं, और हमारी मुख-मुद्रा मे किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं होता। दूसरी ओर जब हम तुलसीदास के रामचरितमानस मे कैकेयी द्वारा धोखे में सताये गये दशरथ को अपने हाथों वन मे प्रस्थापित किये राम के वियोग में विलपता देखते हैं, तब हमारा मन उत्कट करुणा से आप्लावित हो जाता है और हम अपने आप को भूल जाते हैं। इस भेद का कारण यह है कि समाचार-पत्र के संपादक ने हमें 'हुड' के विषय में केवल समाचार सुनाया है; उसने 'हुड' को हमारी आँखों के आगे नही रक्खा, उसने उस विशाल उद्वेलित समुद्र को भी हमारे सम्मुख नहीं रक्खा; उसने उस विशालकाय जहाज के और उस पर सोने, बैठने, भोजन करने और नाचने वाले सैनिकों के भी दर्शन नहीं

कराये; संक्षेप में उसने उस जहाज को हमारे सामने नहीं डुबाया। फलतः हम पर इनमें से किसी भी घटना का किंचित् भी प्रभाव नहीं पड़ा। दूसरी ओर महाकवि तुलसीदास हमें दशरथ-विलाप और उनके निधन का समाचार नहीं सुनाते, वे तो उन सब व्यक्तियों और उन सब घटनाओं को अपनी कल्पना की तूलिका से पुनर्जीवित करके हमारे सामने ला खड़ा करते हैं, हम अपनी आँखों के सामने इक्ष्वाकु कुलावतंस, चक्रवर्ती राजा दशरथ को पुत्र-वियोग में ध्वस्त होता देखते है, हम यह सब काम उसकी प्राणप्रिया महिषी कैकेयी के हाथो सम्पन्न होता देखते हैं, और नियतियक्षी के इस प्रचंड ताण्डव को देख हमारी आँखें सजल हो जाती हैं और हमारा मन विषाद-स्पन्दित हो उठता है। जिस प्रकार एक चित्रकार अपनी कल्पना के द्वारा निर्जीव बिंदुओं से बनी रेखाओं के रूप में आज से सहस्रो वर्ष पहले हुए श्रीराम को परिणद्ध करके हमें उनके दर्शन करा देता है—और हम उस अवाक् चित्र में श्रीराम की अमित गरिमा को मुखरित होता देख बाष्पगद्गद् हो उठते हैं—उसी प्रकार कवि अपनी कल्पनाशक्ति के द्वारा आज से सहस्रों वर्ष पूर्व हुए श्रीराम को अपनी मंत्रमयी भाषा के छंदों में मूर्तिमान् करके हमारे सम्मुख उपस्थित कर देता है। **अतीत को वर्तमान् में, अतथ्य को तथ्य मे, अपरिचित को परिचित में और अमूर्त को मूर्त मे परिणत कर देने में ही एक कलाकार की कलावत्ता है।** संपूर्ण ललित कलाओं की गुरुता इस उत्पादिनी शक्ति की गरिमा पर निर्भर है। इसी शक्ति को हम **कल्पना** के नाम से पुकारते हैं।

भारतीय वैयाकरणों ने **कल्पना** शब्द की व्युत्पत्ति रचनार्थक क्लृप धातु से करके इसके अर्थ की गभीर गरिमा की ओर संकेत किया है। हमारे दर्शनाचार्य

***कल्पना की***

*व्युत्पत्ति क्लृप धातु से*

वेदांतियों ने इस बहुरूपी नाम-रूपमय जगत् को मायोपेत आत्मा की कल्पना का जाल बता कर कल्पना की गरिमा को और भी गुरुतर बनाया है। शंकर ने इस कल्पना को भी कल्पना अथवा माया बताकर द्वैत की दुविधा को समूल दुतकारते हुए इसकी महिमा को पहले से कहीं अधिक रहस्यमय बना दिया है। इसी रहस्य को रस्किन के शब्दों में हम यों व्यक्त कर सकते हैं "कल्पनावृत्ति का सार सुतरां रहस्यमय तथा वर्णनातीत है; यह केवल अपने परिणाम रूप में ही जानी जाती है"।

*साहित्यिक क्षेत्र में कल्पना की उत्पत्ति*

दार्शनिक क्षेत्र को छोड जब हम साहित्यिक क्षेत्र में आ कल्पना के विषय में विचार करते हैं, तब यहाँ भी हमें उसकी गरिमा गभीर बनकर दृष्टिगोचर होती है। हम कहते हैं कि अमुक कवि अथवा उपन्यासकार ने अमुक पात्र की रचना की है। उसने अमुक अमुक पुरुष तथा स्त्री-चरित्रों का निर्माण किया है। इसमें सशय नहीं कि इन पात्रों के कोई भी अश ऐसे नहीं, जिनको कवि ने उनके पृथक् पृथक् व्यक्ति-रूप मे न देखा हो; उसने इन पात्रों की भिन्न-भिन्न विशेषताओं को पृथक् पृथक् रूप में बहुत बार देखा है किंतु उसके द्वारा उद्भावित की गई इन सब तत्त्वों की समष्टि, उनका एक जगह उसकी रचना के रूप में सकलित होना, सुतरां एक नई वस्तु है। हम कह सकते हैं कि कालिदास द्वारा निदर्शित शकुन्तला पहले कभी नहीं जन्मी थी और न उनके द्वारा उत्थापित दुष्यत राजा ही पहले कभी जन्मे थे। इन दोनों की कालिदास ने स्वयं रचना की है। साथ ही हम यह भी कहेंगे कि एक कवि अथवा नाट्यकार अपने पात्रों को विचार, विश्लेषण तथा अनुशीलन की प्रक्रिया के द्वारा नहीं रचता; यह सरणि तो एक

दार्शनिक की हुआ करती है। कवि के सम्मुख तो उसके पात्र स्वयं आ खड़े होते हैं। नाट्यकार अपने पात्रों को, उन मूर्त आदर्शों को, जिन्हे उसने अपनी कल्पना के गर्भ से सजीव निकाला है, अपने सम्मुख स्पदित होता देखता है। जिस प्रकार अपने वत्स को देख दुधारू धेनु रोम रोम में प्रफुल्लित हो पावस जाती है, इसी प्रकार कवि पर प्रसन्न हो उसकी प्रतिभा पावस जाती है और उसके रचे सजीव काल्पनिक जगत् के रूप में प्रवाहित हो निकलती है। हम ने अभी कहा था कि कालिदास द्वारा रचे गये दुष्यंत और शकुन्तला पहले कभी नहीं जन्मे थे, इनकी रचना स्वय कालिदास ने की है। **असत् मे सत् को उत्पन्न करने की इसी प्रक्रिया का नाम कल्पना है।**

*कल्पना में असत् से सत् की उत्पत्ति कैसे होती है ?*

किंतु हम जानते हैं कि सत् की उत्पति असत् में से असम्भव है। जिस प्रकार सत् वस्तु की असत् मे परिणति असम्भव है उसी प्रकार असत् में सत् का विकास भी असमव है। किंतु इसी नियम के आधार पर हम यह भी कहेंगे कि हमारी इद्रियों का अर्थ के साथ सन्निकर्ष होने पर जिन ज्ञान-तन्तुओं की उत्पत्ति होती है, वे त्रिकाल में भी नष्ट नहीं होते। जिस प्रकार रथ-चक्र के अरे उसकी नाभि में धँसे रहते हैं, इसी प्रकार ये ज्ञान-तन्तु भी स्थूलरूप में नष्ट हो जाने पर भी सूक्ष्मरूप में विद्यमान रहते हुए आत्म-रूप नाभि में कीलित हो जाते हैं। इद्रिय और अर्थों के सन्निकर्ष से उत्पन्न होने वाले ज्ञान-तन्तुओं की प्रकिया अनादि काल से चली आ रही है और अनन्त काल तक चलती रहेगी। इस प्रक्रिया के अनुसार हमारी आत्मा—या मन, इन अगणित ज्ञान-तन्तुओं का अमित भंडार ठहरता है। अपने भीतर निहित हुए अगणित ज्ञान-बिंदुओं के इस उर्वर ऊर्व को जनसामान्य नहीं देख

सकते; किन्तु अपेतमल कुशाग्रबुद्धियों को इसका भान सदा होता रहता है। फलतः एक कवि का अंतरात्मा अमित ज्ञान का भंडार होता है। वह अपने भीतर निहित रहे ज्ञान की समष्टि से उत्पन्न होने वाली दिव्य दृष्टि से सदा उद्भासित रहा करता है। हमारी ज्ञानावभासित आत्माग्नि में से अखंडरूपेण निकलने वाले ज्ञान-स्फुलिंगों में से प्रत्येक कण व्यष्टिरूपेण एक होने पर भी, अपने स्रोतभूत आत्मा से अभिन्न होने के कारण—जो स्वय अगणित ज्ञानस्फुलिंगो का समवायमात्र है—समष्टिरूपेण सभी ज्ञानस्फुलिंगो का सूक्ष्म रूप है। इस प्रकार अनुशीलन करने पर हमे चिद्रूप आत्मा के क्षेत्र में समष्टि में व्यष्टि के और व्यष्टि में समष्टि के अत्यत ही रुचिर दर्शन प्राप्त होते हैं। इसके साथ ही बाह्य जगत् में भी हम इस प्रकार की प्रक्रिया को काम करती हुई देखते हैं। विश्व का प्रत्येक कण, काल का प्रत्येक क्षण, और क्रिया का प्रत्येक स्पदन हमें वर्णनातीत त्वरा के साथ कही से आता और कही जाता दिखाई पड़ता है। जहाँ से यह आता और जहाँ यह जाता है वह तत्त्व इसका आत्मा होने के कारण इससे भिन्न नहीं कहा जा सकता। सततिरूपेण इन तत्त्वों की समष्टि ही उस तत्त्व की आत्मा है तो व्यष्टि रूपेण यही तत्त्व इनके रूप मे उच्छ्वसित तथा प्रस्फुटित हुआ करता है। फलतः जिस प्रकार हमने चेतन जगत् में समष्टि में व्यष्टि और व्यष्टि में समष्टि देखी थी उसी प्रकार बाह्य जगत् में भी हमे समष्टि में व्यष्टि के और व्यष्टि में समष्टि के बहुत ही अभिराम दर्शन होते हैं। कहना न होगा कि जिस को हम आंतर और बाह्य इन दो नामों से पुकारते हैं वह मूलतः एक ही समष्टि है। दीखने वाला द्वैत केवल उसकी अपनी ही कल्पना है; अपने ही भीतर उठने वाली उसकी अपनी ही माया है।

जिस क्षण हम ऊपर निर्दिष्ट किये रहस्य को हृद्गत कर लेंगे उसी

त्तण हमारी समझ में आ जायगा कि **कवि के कल्पना-जगत् में असत् से सत् की सृष्टि** किस प्रकार होती है। ऊपर के विवेचन में हमने देखा था कि कोई भी सत् असत् मे परिणत नही हो सकता, फलतः अतीत काल के सभी व्यक्ति और उस काल की सभी घटनाएँ त्रिकाल में एकरस बनी रहती हैं, कवि के हृत्फलक पर वह ज्ञान-शलाकाओं द्वारा कीलित रहा करती हैं; आतरिक अथवा बाह्य जगत् में घटने वाला, दीखने में तुच्छ से तुच्छ घटनास्फुलिग भी कवि के हृदय में निहित हुए उस अग्निकण को देदीप्यमान कर सकता है; उसके भीतर निहित हुए अनत तैल-समूह को सजीव रचना की विविध प्रणालियों में प्रवाहित कर सकता है। बस, कवि की कल्पना-सृष्टि का सार इसी बात में है।

*कल्पना का महत्त्व*

उक्त विवेचन के अनुसार हम **कल्पना**, आत्मा की उस शक्ति अथवा वृत्ति को कहते हैं जो, जहाँ तक कि यह काम मनुष्य के लिए साध्य है, रचना करती है। इसे हम दैवीय उत्पादनशक्ति की प्रतिमूर्ति अथवा उसकी प्रतिध्वनि कहेंगे; उसके समान यह भी उस तथ्य को रूपवान् तथा अर्थवान् बनाती है, जिसमे पहले दोनों का अभाव था, जो पहले अरूप था और अर्थ-रहित था; यह उस सत्ता को साकार बनाती है जिसका पहले कोई आकार न था, यह उस तथ्य में सार भरती है जो पहले सारहीन था, रिक्त तथा तुच्छ था। यह विनाश भी करती है, किंतु इसकी विनाशमयी वृत्ति भी पुनर्निर्माण के लिए है, बिखरे हुए सद्गुणों को पुनः संकलित अथवा आदर्शरूप में परिणत करने के लिए; अथवा किसी अज्ञेय, उड़ते-फिरते, तिरमिराते तत्त्व-जाल में से जीवन का स्थिर आदर्श पकड़ने के लिए। बस, आदर्श के इस सजीव उत्थापन में ही साहित्य की इतिकर्तव्यता है।

इमेजिनेशन शब्द की व्युत्पत्ति और उसका रहस्य

हमने अभी कहा था कि संस्कृत में वैयाकरणों ने कल्पना शब्द की व्युत्पत्ति रचनार्थक क्लृप धातु से करके उसके रचनापक्ष को अभिव्यक्त किया है। ठीक इसी प्रकार की बात हमे अगरेजी के इमेजिनेशन (imagination) शब्द मे सन्निहित हुई दीख पड़ती है। इमेजनेशन शब्द का अंग्रेजी के इमेज (image) शब्द के साथ आंगिक सम्बन्ध है, और इमेज का अर्थ है प्रतिमा, प्रतिमूर्ति, छाया और प्रतिबिम्ब। अब यदि हम इमेज शब्द के दोनों अर्थों—अर्थात् प्रतिमा और छाया को एक ही तथ्य मे सकलित करके इमेजिनेशन शब्द के अर्थ पर विचार करें तो वह पहले से कही अधिक भव्य तथा रहस्यमय बन कर हमारे सम्मुख उपस्थित होता है। कल्पना के रचनापक्ष पर बल देते हुए हमने कहा था कि एक नाट्यकार अपने पात्रो का निर्माण करके उन्हे हमारे सम्मुख ला खडा करता है। किंतु उसके रचे पात्र—उदाहरण के लिए दशरथ और राम—आज से सहस्रो वर्ष पूर्व उत्पन्न हुए दशरथ और राम के समान होने पर भी, शारीरिक तथा आत्मिक दोनो दृष्टियो से शतशः उन्ही जैसे होने पर भी, उनसे भिन्न प्रकार के, कुछ छाया जैसे, अन्धकार मे उद्भूत हुए कुछ आभास जैसे, सघन नीहार के मध्य मे से दीख पडने वाले कुछ सूर्यबिंब ऐसे, कुछ छितरे छितरे घनपटो के मध्य मे से आभासित होने वाले चद्रवदन जैसे दीख पड़ते हैं। वे शतशः सजीव होने पर भी, सुतरां मानुषाकार होने पर भी, उन्ही की भाँति सब कुछ करते हुए भी उनसे कुछ भिन्न ही प्रकार के होते है। वे हमारे सम्मुख खड़े हुए भी हम से दूर रहते हैं, हमारे लिए अत्यत परिचित होने पर भी हम से अपरिचित से रहते हैं। वे हमारे रूपधारी होने पर भी अरूप, साकार होते हुए भी निराकार और सत् होते हुए भी असत्

से होते हैं। क्योंकि यदि वे सचमुच सरूप, साकार तथा सत् हों तो रामायण पढ़ने के अनन्तर, जब हम पर उसका प्रभाव नहीं रह जाता, तब भी हमारे सम्मुख खड़े रहने चाहिएँ, और हमें पहले की भाँति दीखते रहने चाहिएँ। प्रतिमा और छाया के इस समवाय में साकार और निराकार के इस संकलन मे, और सत् तथा असत् के इस तादात्म्य मे हो कल्पना की इतिकर्तव्यता है; और तत्त्वज्ञान का यह वही बिंदु है, जिस पर खड़े होकर हमारे वेदान्तियों ने, कल्पना की इस रहस्यमय वृत्ति को कवि-जगत् तक ही परिसीमित न रख उसे जीव मात्र की परिधि मे चरितार्थ बनाया है, और अत में इस द्वैत के पसारे को एक ही आत्मतत्त्व का विविध उच्छ्वास तथा मायारूप उल्लास बताते हुए, जीव को अद्वैत का निर्वाण-पथ दर्शाया है।

*कल्पना और इमेजिनेशन के रहस्य*

कहना न होगा कि उक्त विवेचन के अनुसार इमेजिनेशन अथवा कल्पना कवि की वह शक्तिमयी दिव्य वाणी ठहरती है, जिसके यह कहते ही कि "यह हो" कवि का रहस्यमय जगत् अभाव की कुक्षि में से सोते से उठ खड़ा होता है; कल्पना है वह अश्रव्य दैवी संगीत जो अपनी तान और लय द्वारा गतिशील संसार मे पृथक् पृथक उड़ते हुए, उखड़े पुखड़े फिरते संगीतालयो को जोड कर उनकी व्यस्त अवस्था मे से तान-समान उत्पन्न कर उसे मुखरित कर देता है, कल्पना है आत्मा की वह निर्माणमयी वृत्ति, जो अकिंचित् मे से सब कुछ ला खड़ा करती है; यह है उसकी वह रहस्यमय शक्ति, जो उस खड़े हुए को भी अकिंचित् सा, छाया सा बनाये रखती है, उस में घनता और मूर्तता नहीं आने देती। इसे हमने संगीत उसी दृष्टि से बताया है, जिस दृष्टि से

ग्रीक तत्वज्ञों ने और हमारे वैयाकरण आचार्यों ने संगीत से, स्फोट-ब्रह्म से, जगत् की रचना बताई है। हमने इसे संगीत इसलिए भी कहा है कि जिस प्रकार संगीत का मनुष्य के मनोवेगों पर प्रत्यक्ष प्रभाव पड़ता है उसी प्रकार कल्पना का भी उसकी मनोवृत्तियों के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध रहा करता है; क्योंकि यह साहित्यिक पुरुष की कल्पनाशक्ति ही है, जिसके द्वारा वह श्रोता अथवा द्रष्टा को उसके मनोवेगों मे तरंगित कर देता है, उसे रस के प्रवाह मे प्रवाहित कर देता है। कल्पना की इस रचनामयी वृत्ति का मनुष्य के साथ इतना घना सम्बन्ध है कि यदि हम यह भी कहे तो अत्युक्ति न होगी कि मनुष्य के समस्त माद और प्रमोद, उसके सकल आनन्द तथा प्रसन्नता की कल्पना मे ही पराकाष्ठा है। कल्पना के अभाव में जीवन ही नीरस है, वह रिक्त घड़ियों का तुच्छ यापन है। हम तो यह कहते हुए भी नहीं झिझकते कि कल्पना और आनन्द एक ही पदार्थ के दो नाम हैं, और इस कल्पना के उचित व्यापार मे ही मनुष्य के, और विशेषत. साहित्यिक निर्माता के जीवन की इति-कर्तव्यता है।

## (२) बुद्धितत्त्व; जीवन का लक्ष्य

**बुद्धितत्त्व**

कल्पना-तत्त्व के द्वारा ही साहित्यिक निर्माता अपने श्रोता अथवा द्रष्टाओं के मनोवेगों को तरंगित करता है। इस कल्पना-तत्त्व पर विचार किया जा चुका। अब प्रश्न होता है कि क्या एक साहित्यिक निर्माता अपनी रचना को केवल रचना के लिए बनाता है, अथवा वह किसी निगूढ़ जीवन-तत्त्व को प्रस्फुट करने के उद्देश्य से अपना निर्माण खड़ा करता है; और इस प्रश्न के साथ ही हम साहित्य के द्वितीय अंग बुद्धितत्त्व पर आते हैं।

साहित्य पर विचार करते समय अपने विवेचन का निष्कर्ष निकालते हुए हमने कहा था कि साहित्य की किसी भी रचना को चिरजीवी बनाने के लिए आवश्यक है कि उसकी आधार-शिला तथ्यों पर, विचारों पर अथवा स्पष्ट शब्दों में जीवन के महान् तत्त्वों पर स्थापित की जाय। साहित्य की कतिपय श्रेणियों में तो रचना का प्रमुख लक्ष्य ही सत्य का संप्रदर्शन होता है।

*इतिहास और बुद्धितत्त्व*

उदाहरण के लिए, ऐतिहासिक रचनाओं का तथा आलोचनात्मक प्रबंधों का मुख्य ध्येय पाठक के मन में भावनाओं को प्रवाहित करना नहीं, अपितु पक्षपात शून्य होते हुए कथनीय तथ्यों तथा घटनाओं को, उचित रूप में सचाई के साथ उसके सम्मुख रखना होता है और यद्यपि उक्त दोनों प्रकार की रचनाओं को साहित्य इस लिए कहा जाता है कि ये हमारे मनोवेगों पर रागात्मक आघात करती हैं तथापि उनके मूल्य को आँकते समय हम उनके इस पक्ष पर उतना ध्यान नहीं देते जितना कि उनकी पक्षपात-शून्यता, सत्यवादिता तथा स्पष्टता और संयम के साथ वर्णन करने की दक्षता पर क्योंकि इन्हीं बातों को ध्यान में रखकर एक ऐतिहासिक अपनी रचना में अग्रसर हुआ करता है।

*कविता और बुद्धितत्त्व*

किंतु साहित्य की एक श्रेणी वह भी है, - जिसका प्रमुख ध्येय ही श्रोता अथवा द्रष्टा के मनोवेगों को तरंगित करना है, और वास्तव में यथार्थ साहित्य है भी यही। कविता, नाटक, उपन्यास और आख्यायिका आदि का इसी में समावेश है। अब प्रश्न यह है कि क्या इस मार्मिक साहित्य का मूल भी सत्य ही पर निहित होना चाहिए, क्या यहाँ भी निर्माता की दृष्टि सत्य पर स्थिर रहनी चाहिए, और क्या इस कोटि की रचना का लक्ष्य भी किसी प्रकार

के सिद्धात का निदर्शन होना चाहिये ? प्रश्न का उत्तर हम "हाँ" में देंगे, और क्योंकि **जीवन के रागात्मक व्याख्यान का नाम ही साहित्य है, इसलिए इसमे आदर्शवादिता का होना सुतरां आवश्यक है।** किसी भी महान् साहित्यकार को लीजिए, उसकी महत्ता का मापदड उसके द्वारा की गई जीवन व्याख्या की सार वत्ता होगा। हम उसके महत्त्व को इस बात से देखेंगे कि वह जीवन का आदर्श प्रस्तुत करने मे कहाँ तक सफल हो सका है।

*जीवन की व्याख्या दार्शनिकों की अपेक्षा साहित्यिकों ने अच्छी की है*

ध्यान से देखने पर ज्ञात होगा कि जीवन के जिन निगूढ तत्त्वों की व्याख्या हमें साहित्यकारो की रचनाओं मे मिलती है, उनकी अन्यत्र किसी भी प्रकार की रचना मे नहीं प्राप्त होती। जीवन के विषय मे इतना किसी भी दार्शनिक ने हमे नही सिखाया जितना महर्षि वाल्मीकि, व्यास और कालिदास ने। यही काम यूरोप मे होमर इलियड, वर्जिल दाँते, शेक्सपीअर तथा मिल्टन ने किया है। भारत के हिन्दू-युग का वर्णन जैसा हमे कालिदास की रचनाओ में प्राप्त होता है, वैसा सम्भवतः किसी भी साहित्यिक रचना मे नही प्राप्त होता। सोलहवी सदी के लगभग भारत की जो परिशोच्य दशा थी, उसका चित्रण जैसा हमे तुलसीदास के मानस मे मिलता है वैसा साहित्य के किसी भी ग्रन्थ मे नही। इसी प्रकार इंगलैंड के विक्टोरियन युग का जैसा रमणीय प्रदर्शन टेनीसन, ब्राउनिंग तथा मैथ्यू आर्नल्ड की रचनाओ मे सम्पन्न हुआ है, वैसा किसी भी ऐतिहासिक की कृतियो में नही। इसलिए हमे किसी भी साहित्यिक रचना के विषय मे—चाहे मनोवेगो को तरंगित करने की दृष्टि से उसका कितना भी महत्त्व क्यों न हो—यह पूछने का अधिकार है कि उसका मार्मिक लक्ष्य क्या है ? उसके अन्तस् में कौन से सत्य अथवा

आदर्श निहित हैं ?

*कवि का सत्य नवीन नहीं होता।*

इस विषय पर विचार करने से पूर्व यह कह देना उचित प्रतीत होता है कि किसी कवि, नाट्यकार अथवा उपन्यासकार के लिए आवश्यक नहीं है कि उसके द्वारा उद्भावित किया गया सत्य नवीन हो। किन्तु उन रचनाओं में, जिनका प्रमुख लक्ष्य ऐतिहासिक घटनाओं का वर्णन करना है, इस बात का होना आवश्यक होता है। हम इतिहास की ऐसी पुस्तक को कदापि नहीं पढ़ेंगे, जिस मे उसी घटनावलि की आवृत्ति की गई हो, जिसे हम पहले ही भलीभाँति जानते हैं। किन्तु दूसरी कोटि की पुस्तकों के विषय मे ऐसा नहीं कहा जा सकता। उदाहरण के लिए, हम श्रीराम के चरित को भली भाँति जानते हैं, किन्तु फिर भी तुलसीदास की रामायण को पढ़ते हैं और बार बार पढ़ते हैं। और इस बात को भलीभाँति हृद्गत करने के लिए हमे स्मरण रखना चाहिये कि सत्य ( Truth ) तथा तथ्य ( Fact-प्रमेय ) मे भेद है। मनोवेगो को तरंगित करने वाली रचनाओं मे तथ्य अथवा प्रमेयों ( Facts ) का आधार कल्पना होती है, किन्तु सत्य मानव-प्रकृति के वही नियम होते हैं, जो हमारी प्रेम, स्नेह, द्वेष आदि चित्त वृत्तियों को, तथा हमारे एक दूसरे के साथ होने वाले व्यापार को प्रभावित करते हैं। अब, क्योंकि उक्त प्रकार की रचना में समन्वित हुए तथ्यों ( Facts ) की उत्पत्ति कल्पना से होती है, इस लिए उनका नवीन होना स्वाभाविक है, किन्तु इन रचनाओं की अंतस्तली में प्रवाहित होने वाले सत्य वही होते हैं, जिन से हम भलीभाँति परिचित हैं। उदाहरण के लिए, कालिदास की किसी भी कविता अथवा नाटक को लीजिए, इनकी कथा में हमें एक प्रकार की नवीनता मिलती है। इतिहास बताता

है कि रघुकुल में महाराज दिलीप का जन्म हुआ था, और वृद्धावस्था में जाकर उनको पुत्र-दर्शन हुए थे। अब, उस पुत्रोत्पत्ति के निमित्त उनका वन में जाकर कामधेनु की अर्चना और परिचर्या करना कालिदास की अपनी कल्पना है, और इसी प्रकार की अनेक मनोरम कल्पनाओं मे उनके महाकाव्य रघुवंश की निष्पत्ति हुई है। हमारा पौराणिक इतिहास हमें बताता है कि दुष्यंत राजा हुए थे, तापस-कन्या शकुन्तला हुई थीं; और दोनों का प्रणय-बन्धन होकर उसमें विच्छेद हो गया था। अब, इस सामान्य चर्चा में विविध कल्पनाओं की चर्चा देकर इसे अभिरूप रूपक का रूप देना कालिदास का अपना काम है। हम जानते हैं कि राजा दुष्यन्त वन मे तापस शकुन्तला को प्रणय-बन्धन में बाँधकर, नगर मे आ अपने ऐश्वर्य में मस्त हो उसे भूल गये थे; और बार बार उसके स्मरण कराने पर भी अपनी प्रेम-लीला को स्मरण न करते थे, अथवा स्मरण होने पर भी उसका प्रत्याख्यान करते थे। अब, इस शकुन्तला विस्मरण के लिए दुर्वासा के शाप को कथा में लाना कालिदास का अपना काम है, और उसी में सारे नाटक की भव्यता सपुटित हुई पड़ी है। यही बात हमे उनके कुमारसम्भव में दीख पड़ती है। किन्तु यह सब होने पर भी कालिदास का अमर महत्त्व कल्पना के आधार पर निर्मित हुए तथ्यों के चमत्कार में इतना नहीं है, जितना कि इनकी रचनाओं के अंतस् में प्रवाहित होने वाले भारतीय जीवन के अमर आदर्शों के अभिराम निदर्शन में। यह बात नहीं कि अपनी रचनाओं में कालिदास ने हमें इन तत्त्वों का पाठ पढाया है; यह काम तो धार्मिक आचार्यों का होता है। किन्तु जिस प्रकार उनकी प्रतिभा अथवा उनकी कल्पना-शक्ति का उनकी रचनाओं के रूप में प्रवाहित होना स्वाभाविक है, उसी प्रकार, उनके जाने बिना ही, उनकी रचना का सत्य, शिव और सुन्दर की सेवा में समर्पित होना भी

नैसर्गिक है। जिस प्रकार वे कविता को नही रचते, अपितु वह स्वयं उनके हृदय से फूट पड़ती है इसी प्रकार वे जानकर उसके प्रवाह को जीवन तत्त्वा के रम्य क्षेत्रो मे नही प्रवाहित करते; वह तो स्वभावतः उस ओर बह निकलता है। इस प्रकार हम ने देखा कि घटनावलियों के काल्पनिक होने के कारण नवीन होने पर भी, कवि की रचनाओ के आदर्श मे, अर्थात् उसके चरम लक्ष्यभूत जीवन-सिद्धातों मे नवीनता नही होती। वे सामान्यतः वही तत्त्व होते है, जिन्ह हम भली-भॉति जानते हैं, जो शैशव से लेकर आज तक हमारे जीवन को चलाते आए है, किन्तु जहॉ धार्मिक नेताओ के मुख मे उनके विषय मे उपदेश सुन उनके महत्त्व को हम बुद्धि द्वारा अवगत करते हैं, वहॉ कवि की रचनाओ मे हम उनका रागात्मक अनुभव करते हैं, और अपनी कल्पना द्वारा उन्ह आत्मसात् करके तदनुसारी मनोवेगो मे तरगित हो जाते है।

## (३) भाव अथवा मनोवेग

*मनोवेग*

साहित्य का लक्षण करते हुए हम ने कहा था कि **साहित्य उस रचना को कहते है, जो श्रोता, द्रष्टा के मनोवेगो को तरगित करती हो।** साहित्य के अंग-भूत तीन तत्त्वों में से पहले **कल्पनातत्त्व** पर विचार करते हुए हम देख आए हैं कि इस काम को एक साहित्यिक अपनी कल्पना-द्वारा श्रोता अथवा द्रष्टा के सम्मुख मूर्त जगत् स्थापित करके सपादित करता है; और जो कवि जितना भी अधिक पाठक के मनोवेगों को तरगित कर सकता है उतना ही अधिक उसकी रचना का महत्त्व बढ जाता है।

साहित्य के आत्मभूत रस की निष्पत्ति भावो के आधार पर बताने वाले भारतीय आचार्यों ने भावों की मार्मिक विवेचना की

है और उन्होने इन भावों को कई वर्गों में विभक्त किया है।

*साहित्यिक मनोवेगों को निष्पन्न करने वाले पाँच तत्त्व*

किन्तु भावो के स्वरूप-निरूपण और उनकी अनेक विधाओं के विवेचन में पड़ने से पहले यह अभीष्ट प्रतीत होता है कि हम पहले उन तत्त्वो पर विचार कर ले जो इन साहित्यिक भावो में उत्कटता उत्पन्न कर उनके द्वारा उद्भूत होने वाले रस को उत्कृष्ट कोटि का सपन्न करते हैं। विचेस्टर के अनुसार ये तत्त्व नीचे लिखे पाँच है—

१ मनोवेग की न्याय्यता तथा औचित्य,
२ मनोवेग की विशदता और उसकी शक्तिमत्ता,
३ मनोवेग की स्थिरता और उसका सातत्य,
मनोवेग की विविधता,
५ मनोवेग की वृत्ति अथवा उसका गुण।

*उचित आधार पर खड़ा हुआ मनोवेग साहित्यिक है*

किसी मनोवेग को न्याय्य अथवा उचित बताने से हमारा आशय यह है कि रचनाविशेष मे उस उचित आधार पर खड़ा किया गया है। उत्कृष्ट कोटि का मनोवेग भी, उचित आधार के न होने पर निर्बल पड़ जाता है। उदाहरण के लिए, किसी उत्सव के अवसर पर छोड़े जाने वाली आतिशबाजी को देखकर एक व्यक्ति के मन मे उसके प्रति प्रबल प्रशंसा का भाव उत्पन्न हो सकता है। किन्तु इस भाव को हम साहित्यिक दृष्टि से न्याय्य नही कहते, क्योंकि इसका आधार एक सामान्य तमाशा है, और उससे उत्पन्न होने वाला मनोवेग सामान्य आधार पर खड़ा होने के कारण साहित्यिक दृष्टि से महत्त्वशाली नहीं हो सकता। इसके विपरीत, एक प्रसून को एकांत में प्रस्फुटित होता देख एक रसिक व्यक्ति के मन में उत्पन्न होने वाला प्रशंसा का

भाव कवीय भाव है; क्योंकि उस प्रसून पर मुसकराते दिव्य सौंदर्य तथा उसके अंतस् में निहित रही आत्मिक शक्ति की जितनी भी प्रशंसा की जाय थोड़ी है। जहाँ तमाशे की आतिशबाजी को देख कर उत्पन्न हुआ प्रशंसात्मक भाव क्षणिक था, वहाँ प्रसून में छिपी आत्मिक विभूति की मौनमुद्रा को देख उत्पन्न हुआ वही प्रशंसात्मक मनोवेग सजीव तथा उत्कट बन कर कविता के रूप में प्रवाहित हो पड़ता है। फलतः किसी भी साहित्यिक रचना के मूल्य को निर्धारित करने के लिए हमे पहले यह जानना होगा कि उस के द्वारा प्रस्फुटित होने वाले मनोवेग किस प्रकार के हैं। वे कहाँ तक हितकारी हैं और रचना ने उनको किसी सबल आधार पर खड़ा किया है या नहीं। क्योंकि यह हो सकता है कि कोई साहित्यिक समय-विशेष के समाज की किसी विशेष प्रवृत्ति को देख कर अपनी रचना में ऐसी बातों का उल्लेख करके उन के ऐसे मनोवेगो को तरंगित कर दे, जिनका जीवन में विशेष महत्त्व नहीं है। उदाहरण के लिए, हम जानते हैं कि बाबू देवकीनन्दन खत्री के चन्द्रकान्ता तथा चन्द्रकान्ता-सन्तति नाम के उपन्यासों ने हिन्दी-गद्य के उठते युग में जासूसी की सामान्य घटनाओं को गूँथकर हिन्दी-जगत् में विपुल ख्याति प्राप्त की थी। यही बात पंडित किशोरी लाल गोस्वामी की रचनाओं के विषय में कही जा सकती है। किन्तु इनकी वह ख्याति अधिक दिन तक न टिक सकी; वह आँधी के समान आई थी और उसी के वेग से चली भी गई। उनकी अस्थायिता का कारण यह था कि उनकी उत्थानिका जीवन की सतह पर उतराने वाले चमकीले तथा भड़कीले चरित्रों में की गई थी, जिनका व्यवसाय था जादूगरी, डाकाज़नी, चहल-कदमी, मारधाड़ और लूटखसोट। इन रचनाओं की पहुँच जीवन के मार्मिक तत्त्वों तक न थी, इन्होंने भावुक प्रकृति के उस उदात्त रूप को न देखा

था, जो हमें महान् कवियों की रचनाओं में परिपक्व हुआ दृष्टिगत होता है। इन रचनाओं को पढ़कर पाठक अपने व्यक्तिगत सम्बन्ध की सकुचित परिधि के ऊपर उठ कर लोकसामान्य भावभूमि पर नहीं पहुँच पाता। इङ्गलैंड में भी एक समय इस प्रकार की अटपटी रचनाओं की धूम मची थी। १८१३ और १८१८ के मध्य बायरन द्वारा लिखी गई दि कर्सेअर, लारा, दि ब्राइड ऑफ़ अबीडोस, दि सीज ऑफ कोरिंथ नामक कविताएँ इसी श्रेणी की थीं। कुछ विद्वान् शैले की रचनाओं में भी उक्त दोष की उद्भावना करते हैं, हम नहीं कह सकते वे कहाँ तक सच्चे हैं, किन्तु इसमें सन्देह नहीं कि यूरोप के रहस्यवादी कवियों से चलकर जिस कविता का बंगाल के रवींद्र आदि सुकवियों में रमणीय उत्थापन हुआ, वही बंगाल से आकर हमारे हिन्दी-क्षेत्र में आधुनिक हिंदी कवियो द्वारा अकथनीय दुर्दशा को प्राप्त हुई है। जहाँ यूरोप और बंगाल में लौकिक आलम्बनो के आधार पर खड़े किये गये प्रेम की गाथाएँ सुकुमार बन पड़ी थीं, वहाँ उन दोनों के साहित्य में पारलौकिक आलंबन पर निर्भर रहने वाले दैवीय प्रेम के भी बड़े ही अनूठे चित्रण सपन्न हुए थे। सभी देशों के कवि आदिकाल से करुणरस की व्यजना करते हुए दुखी समाज में साहित्यिकता का सचार करते आए हैं; किन्तु बात बात पर आँसू बहाने लग जाना, निर्वीर्य आलम्बनों पर सच्चे प्रेम का प्रासाद खड़ा करना, क्रान्ति का नाम आते ही मुँह से जलते कोयले उगलने लगना जितना आज हमारे साहित्य में दीख पड़ता है, उतना सम्भवतः किसी भी साहित्य में विकसित न हो पाया हो इसमें सन्देह नहीं कि इस प्रकार निर्वीर्य मनोवेगों की आधार शिला पर खड़ा किया गया यह चालू साहित्य अपने लेखकों के जीवनकाल में ही समाप्त हो जायगा और इसके समाप्त हो जाने ही में हमारे देश और हमारे समाज का कल्याण है। इस प्रकार के "क्षणे तुष्टाः

तृणे रुष्टाः" वाली अस्थायी वृत्ति के कवि समाज के सम्मुख अपना झूठा रोदन रख कर उसे भी निवीर्य तथा रोतड़ा बना देते हैं। फलतः किसी भी रचना की साहित्यिकता को परखने के लिए हमें सब से पहले यह जानना उचित है कि उसके द्वारा उद्वेलित मनोवेगों की आधार शिला कितने गहरे तथा मार्मिक तत्त्वों पर रखी गई है।

*मनोवेग, उनकी विशदता तथा सबलता*

कहना न होगा कि साहित्य के द्वारा स्फुरित हुए मनोवेगों का महत्त्व बहुत कुछ उनकी विशदता तथा शक्ति-मत्ता पर भी निर्भर है। यदि किसी साहित्यिक रचना को पढ़ कर आप का आत्मा प्रबल भावों में आंदोलित हो उठता है, यदि उसको पढ़कर आप समय और देश की सीमा से स्वतन्त्र हो भावरूप जगत् में जा पहुँचते हैं, तो समझिए वह रचना उत्कृष्ट साहित्य है। इसके विपरीत यदि एक रचना जीवन और मरण की उदात्त समस्याओं को सुलझाते हुए भी दशरथ-केकेयी, और शकुन्तला तथा दुष्यन्त जैसे चरित्रों का चित्रण करते हुए भी, अपने अन्तस् में होने वाले मनोवेगों की अस्पष्टता अथवा निर्बलता के कारण, अपनी प्रकाशन-शक्ति के दोषयुक्त होने के कारण, आपके आत्मा में उत्कट भावनाएँ नहीं जागृत कर सकती तो समझिए वह रचना उत्कृष्ट कोटि का साहित्य नहीं है।

भावों की विशदता तथा सबलता जहाँ राग-द्वेष जैसे सक्रिय भावों को रमणीय रूप से उत्कट तथा स्थायी बना देती है, वहाँ वह शांति तथा करुणा जैसे निष्क्रिय भावों से सम्पन्न हो उन्हें भी परिपक्व बना देती है। जहाँ महाकवि वाल्मीकि ने वनगमनानन्तर जंगल में भ्रातृचरणों में रत हुए लक्ष्मण के मन में, भरत को दल-बल सहित आता देख कर, क्रोध रस की अत्यंत ही दारुण गरिमा

दिखाई है, वहाँ उन्होंने श्रीराम के द्वारा वन मे प्रस्थापित हुई सगर्भा जानकी के मुँह से प्रवाहित हुए करुण रस को भी अत्यन्त ही मार्मिक बनाकर उपस्थित किया है। और जब हम करुणा की सक्रिय तथा निष्क्रिय इन दो विधाओ पर ध्यान देते हुए, उसी महाकवि की रचना मे वर्णित, राम द्वारा रावण का निधन होने पर अंतिम समय उस के मुँह से निकला जीवन की मार्मिकता का भ्रातृवियोगाहत भरत के द्वारा स्थान स्थान पर की गई जीवन-चर्चा के साथ साम्मुख्य करते है, तब भी हम दोनो प्रकार के करुण रस मे एक सी विशदता तथा शक्तिमत्ता का परिपाक हुआ पाते है।

*मनोवेगो की सबलता कवि की सबलता पर निर्भर है*

यह स्पष्ट है कि भावों की यह विशदता तथा शक्तिमत्ता एकांततः रचनाकार के आत्मा मे होने वाले मनोवेगो की घनता तथा साकारता पर निर्भर है, उसकी अपनी अनुभूति की मार्मिकता पर आश्रित है। प्रकृति के जिन अनन्त रूपो का और मनुष्य की जिन विविध मनोवृत्तियो का वाल्मीकि, व्यास और कालिदास की रचनाओ में अत्यत ही हृदयाकर्षक वर्णन हुआ है, उन्ही का सस्कृत तथा हिन्दी के अन्य कवियो मे सामान्य वर्णन बन पडा है। इसी प्रकार यूरोप में मनुष्य के ईर्षा द्वेष मत्सरता आदि विविध भावों का जितना उत्कट और बहुमुखी वर्णन शेक्सपीअर की रचनाओ में सपन्न हुआ है, उतना सभवतः किसी ही साहित्यकार की रचनाओं मे बन पड़ा हो। रचना में दीख पडने वाले मनोवेगो की घनता तथा निगूढता एकान्ततः उन रचनाओ को खडा करने वाले साहित्यिक के आत्मा की गम्भीरता तथा वेदनशीलता पर निर्भर रहती है।

एक बात और, सच्चे महाकवियो के मनोवेग, जहाँ समुद्र की भाँति पूर्ण, तीव्र, घन, उत्कट तथा गाढ़ होते है, वहाँ वे साथ

ही पर्वत के समान स्थिर भी होते हैं। प्रचंड और प्रखर भाव से आविष्ट होने पर भी इन कवियों का आत्मा अपनी सहज स्थिरता से विचलित नहीं होता; जिसका परिणाम यह होता है कि हमें उनकी रचनाओं मे, चाहे उनमें भावों की कैसी भी प्रचड वात्या क्यों न बहती हो—एक प्रकार की सतत समता के दर्शन होते हैं। हमे तुलसीदास के मानस मे सीता स्वयवर के परम पुनीत अवसर पर परशुराम-लक्ष्मण-सवाद की अत्यत ही आवेशमयी आँधी चलती दीख पडती है, परशुराम और लक्ष्मण दोनों ही क्रोधान्ध हो मेरु को राई की नाई और भूमि को कदुक की नाई आकाश मे फेंक देने पर तुले दीख पडते हैं; वह सब कुछ और इससे भी कहीं अधिक भयावह काड होने ही को हैं कि तुलसीदास जी श्रीराम के मुख से समतामयी पयूषवर्षा करा उस अधड़ को एक क्षण मे शात कर देते है। क्रोध के उस प्रलयकारी आवेश में भी तुलसीदास जी श्रीराम की निसर्ग गभीरता को, उनकी सहज गरिमा को नहीं भूलते और उस समय भी उनके मुँह से बराबर पुष्प वर्षा ही कराते रहते हैं; और इस प्रकार श्रीराम की गरिमा का गान करके अपनी महिमा का भी पाठक को आभास दिला देते हैं।

*उत्कट मनोवेगों की स्थिरता*

मनोवेगों की इस विशदता तथा घनता को सपन्न करने के लिए प्रकाशन शक्ति पर भी पूरा पूरा अधिकार होना आवश्यक है। हम देखते हैं कि रहस्य के जिन भावों को, प्रकाशन शक्ति पर पूरा पूरा अधिकार होने के कारण रवीन्द्रनाथ ने अत्यत ही रमणीय सरणि में व्यक्त किया है, उन्हीं को सामान्य कवियों ने, प्रकाशन के साधनों पर उचित अधिकार न होने के कारण अधकहा छोड़ दिया है; और

*उत्कट मनोवेग तथा प्रकाशन-शक्ति; शेक्सपीअर ब्राउनिग*

यही बात प्रेममार्गी सूफी कवि जायसी तथा उसी की शाखा के अन्य सामान्य कवियों के विषय में कहा जा सकती है। अंग्रेजी मे महाकवि ब्राउनिंग की पहुँच बहुत गहरी है, पते की बात कहने में वे अपने समय के सर्वश्रेष्ठ कवि हुए हैं, किंतु कभी कभी वे आत्म-तत्त्व की उतनी गहराई पर पहुँच जाते हैं कि उसके वर्णन के लिए उनके पास शब्द नहीं रह जाते, जिसका परिणाम यह है कि उनकी रचनाएँ अनेक स्थलों पर अत्यंत ही क्लिष्ट हो गई हैं। यदि कहीं अनुपम प्रतिभा के साथ उनके पास वैसी ही पहुँची हुई वर्णनशक्ति भी होती तो वे निःसंदेह अंग्रेजी-साहित्य के शेक्सपीअर से उतर कर सब से बडे कवि कहे जाते। कहना न होगा कि मनोवेगो की यह विशदता और घनता जितनी अधिक कविता के लिए आवश्यक है, उतनी ही गद्य-साहित्य के लिए भी। और हमे यह कहते खेद होता है कि हिन्दी मे गद्य साहित्य के भलीभाँति परिपक्व न होने के कारण हमे इस विषय मे संस्कृत के गद्यकाव्य कादंबरी का और अंग्रेजी मे कार्लाइल के फ्रैंच रिवोल्युशन का उदाहरण देना पड़ता है। और यद्यपि संस्कृत की सर्वोत्कृष्ट गद्य-रचना कादंबरी में उसके लेखक बाणभट्ट का प्रमुख लक्ष्य स्वभाव-विपुल संस्कृत भाषा को वर्षा में परिपूर्ण जाह्नवी की भाँति इठलाती, उछलती, चक्कर खाती, गरजती और लहराती हुई विविध गति वाली बनाकर दिखाना है, तथापि उन्होंने अवसर मिलने पर उनके द्वारा पाठकों के मनोवेगों को भी प्रचुर मात्रा मे तरंगित किया है। और यदि हम सौंदर्यानुभूति को भी भावों में एक मान लें तो इस भाव की उत्था-निका जितनी कादंबरी के संध्या-वर्णन को पढ़कर होती है उतनी किसी भी रचना से नहीं। एक स्थान पर संध्या-वर्णन में कवि कहते है "दिनांत मे तपोवन की लाल लोचन वाली गाय जैसे गोष्ठ में लौट आती है उसी प्रकार तपोवन में कपिल संध्या अवतीर्ण हुई।"

कपिला धेनु के साथ सध्या-कालीन रक्तिमा की तुलना कर कवि क्षण भर में हृदय के भीतर सध्या की समस्त शाति तथा धूसर छाया भर देते हैं। जैसे प्रभात-वर्णन मे केवल तुलना के छल से उन्मुक्त-प्राय नूतन कमलपुट के सुकोमल विकास का आभास देकर मायावी कवि ने अशेष प्रभात की सुकुमारता और सुस्निग्धता को पूर्णरूपेण व्यक्त कर दिया है वैसे ही वर्ण की उपमा के छल से तपोवन के गोष्ठ मे फिरती हुई लाल लोचन वाली कपिल वर्ण गौ की बात कह कर सध्या का जो भी रहस्यमय भाव है, उसे उसने समस्त रूप से स्पष्ट कर दिया है। भावना की यही विशदता तथा प्रगाढता हमे कार्लाइल के फ्रैंच रिवोल्युशन मे प्राप्त होती है।

*मनोवेग, उनकी स्थिरता तथा सातत्य*

मनोवेगों की साहित्यकता के लिए तीसरी बात आवश्यक है उनकी स्थिरता और उनका सातत्य। किसी साहित्यिक रचना को पढते समय हम चाहते हैं कि हमारे मनोभाव समान प्रकार से तरंगित होते रहे, यह नही कि कभी तो हम मनोवेगो के तुङ्ग पर पहुँच जायँ और कभी उनकी तलेटी मे आ गिरें। इसका यह आशय कदापि नही कि एक नाट्यकार के लिए आवश्यक है कि वह किसी एक भाव को ही अपनी रचना मे समान रूप मे प्रोन्नत दिखाता जाय। ऐसा करना जहाँ नाट्यकार के लिए असभव सा है वहाँ द्रष्टाओ के लिए भी या तो भयावह है, अथवा उनके मन को उचाट कर देने वाला है। नाटकीय भावो मे विविधता का होना परमावश्यक है, किन्तु नाट्यकार का यह सर्वप्रथम कर्तव्य है कि वह द्रष्टा को उसके विविध मनोवेगों की लहरियो में से ले जाता हुआ अंत में उसी प्रधान मनोवेग में तरंगित होता छोड़ दे, जो कि उसकी रचना का प्रधान मनोवेग प्रारम्भ से चलता आया है। उदाहरण के लिए; हम कालिदास के शकुन्तला नाटक में एक

क्षण के लिए भी अपने आपको नोरस हुआ नहीं पाते; प्रतिपंक्ति और प्रतिपर्व पर कालिदास के उदात्त नाटक की आश्चर्यमयी गरिमा खुलती चलती चली जाती है; प्रतिपद पर हम अपने आप को जीवन की एक नवीन क्रोश-शिला पर पहुँचा हुआ पाते हैं। नाट्यवस्तु के साथ हमारा अनुराग उत्तरोत्तर गाढ होता जाता है और हम एक क्षण के लिए भी अपनी आँख बन्द करना नहीं गवारा कर सकते। इसके साथ ही हमे कालिदास के शकुन्तला नाटक में इस बात के दर्शन भी होते हें कि उन्होने जिस मनोवेग को लेकर उस अति रमणीय नाटक की रचना आरम्भ की थी, उसी को उसके मध्य मे परिपुष्ट किया और उसी का उसके अन्त मे परिपाक किया। इसी को हम भावों की एकता के नाम से पुकारते हैं। अंग्रेजी मे महाकवि शेक्सपीअर के नाटकों मे इस बात की अति रमणीय निष्पत्ति हुई है। रोमिओ एँड जूलिअट, जूलिअस सीजर, ओथेलो, हैमलैट तथा मैकबेथ इस बात के श्रेष्ठ निदर्शन हें।

मनोवेगो की स्थिरता तथा सातत्य उन्ही महाकवियों की रचनाओ में पाया जाता है, जो निसर्गतः श्रेष्ठ कलाकार हैं, और जो प्रतिभा तथा कल्पना के अखण्ड भण्डार हैं। जीवन की समष्टि इन महात्माओं को करतलामलकवत् होती है, अशेष भावना और मनोवेग इनके सम्मुख करबद्ध खड़े रहते हैं। इनकी रचना मनोवेगों का सजीव लेखा होती है, उसमें एक वाक्य भी अमूल अथवा अनपेक्षित नही होता। इसके विपरीत सामान्य अनुभव वाले कवि अथवा ठोक-पीट कर तैयार किये गये नाट्यकार भावनाओं के क्षेत्र में स्वय अकिंचन होने के कारण अपने श्रोता तथा द्रष्टाओं को भी प्यासा ही रहने देते हैं। इनकी रचनाओ में मनोवेगों की स्थिरता, उनका सातत्य अथवा एकता नहीं पाये जाते।

कहना न होगा कि किसी भी **साहित्यिक रचना का महत्त्व बहुत कुछ उसके द्वारा तरंगित किये गये मनोवेगो की विविधता तथा बहुमुखता पर निर्भर है**। विचारिए, हम में कितने ऐसे व्यक्ति हैं जिनके हृदय में विज्ञान तथा काव्य के प्रति एक सा अनुराग हो। विज्ञान तक न जाकर आप यही देखें कि हम में से कितनों का दर्शन तथा साहित्य के साथ एक सा प्रेम है। इतनी दूर जाने की आवश्यकता नहीं, देखिये हम मे से कितने व्यक्तियों को महाकवि तुलसीदास और बिहारी की कविता समान रूप से भाती हैं। इन सब बातो का उत्तर होगा कि बहुत कम को, स्यात् किसी को। अब, यदि विज्ञान तथा साहित्य, और दर्शन तथा साहित्य की बात को एक ओर रख तुलसीदास तथा बि.ारी जैसे दो कवियों के रस का समानरूप से आस्वादन करने की शक्ति भी हम मे से बहुत कम व्यक्तियो मे है, तो फिर उक्त प्रकार के विविध भावों तथा तथ्यों से विभूषित रचनाओं के निर्माण करने का तो कहना ही क्या !

*मनवेगों और उनकी नाना-विधता*

आधुनिक युग के प्रख्यात जर्मन कवि रेनर मारिआ रिल्के के शब्दो मे एक कविता को लिखने के लिए एक कवि के लिए आवश्यक है कि "उसने अनेक नगर देखे हो, अनेक व्यक्ति तथा तथ्य देखे हो, उसके लिए अनेक पशुओ का देखना आवश्यक है, उसने अनेक पक्षियों की उड़ानें देखी होनी चाहिएँ, उसने पुष्पों के वे सकेत देखे होने चाहिएँ, जो प्रातः खिलने वाली कलियों में हुआ करते हैं। उसमें अपनी विचार-शक्ति के द्वारा अज्ञात प्रदेशों के राजपथो पर घूमने की शक्ति होनी चाहिये। वह अपनी स्मृति द्वारा

*कविता के एक पद के लिए कितने विविध उपकरणो की आवश्यकता है*

लौट सकता हो संयोग तथा वियोगो की ओर, बचपन के अस्पष्ट काल की ओर, अपने उन माता पिताओ की ओर, जो कभी कभी हमें प्रेम में थप्पड़ा देते है, शैशव की उन बहुत सी व्याधियो की ओर, जो सहसा प्रकट होकर हमारे जीवन मे प्रतुल परिवर्तन उत्पन्न कर देती हैं, एकात बद कमरों में बिताये दिनो की ओर, समुद्र पर खिले प्रातः-काल की, समुद्र की और महासमुद्रो की ओर, यात्रा की उन रात्रियों की ओर, जो व्यतीत हो चुकी, और तारो के साथ बह गईं। एक कविता की रचना के लिए इतना ही पर्याप्त नही; इसके साथ ही उसके मन में स्मृतियाँ होनी चाहिएँ उन बहुत सी प्रेम-रात्रियों की जो एक दूसरी से न मिलती हों, प्रसवाक्रांत स्त्रियों की दर्दभरी कराहों की, प्रसव-शय्या पर पड़ी उन माताओ की जो निचुड़ चुकने के कारण लघुकाय हो गई हैं, स्वप्नाक्रात हैं, बद कमरो में पड़ी हैं। उसके लिए यह भी आवश्यक है कि वह अपने जीवन मे मरणासन्न व्यक्तियो के पास बैठा हो, मृत के पास बैठा हो, उस समय जब कि खिड़कियाँ खुली हो और रुक रुक कर आने वाले रहस्यमय, भयावह शब्द का ताँता बँधा हो। इन बातों की स्मृतियाँ ही एक कविता-रचना के लिए पर्याप्त नही हैं। कवि के लिए आवश्यक है कि जब ये स्मृतियाँ बहुत सी हो जाएँ, तो वह उन्हे भूल जाय, उसमें उनके फिर लौट आने तक, चुपचाप उनकी प्रतीक्षा करने की धीरता होनी चाहिए, क्योकि इन स्मृतियों में ही उसका सारा ससार निहित है; और यह तभी होता है, जब कि वे स्मृतियाँ हमारे भीतर हमारे रक्त में एक हो जाएँ, हमारी दृष्टि तथा हमारी चेष्टा में परिणत हो जाएँ, जब उनका कोई नाम और चिह्न शेष न रह जाय, वे हम में आत्मसात् हो जाएँ; तभी, केवल तभी, हमारे जीवन के किसी सुनहरे क्षण में, कविता के प्रथम शब्द का उनमें उत्थान होता है, जो उनसे निकल कर बाह्य जगत् में विचरता पंछी बन जाता है।"

जब स्वयं एक महाकवि के शब्दों में कविता की प्रथम पंक्ति लिखने के लिए इतने प्रचुर तथा नानाविध उपकरणों की अपेक्षा है तब एक महाकाव्य अथवा नाटक के लिखने के लिए कितने अधिक और विविध उपकरणों की आवश्यकता होगी इस बात का अनुमान करना भी कठिन है। तथ्यों तथा उनसे उत्पन्न होने वाले मनोवेगों की बहुविधता तथा अधिकता मे ही साहित्यकार की इतिकर्तव्यता है। और जब हम इस बात को लेकर हिन्दी के महाकवि तुलसीदास पर दृष्टिपात करते हैं तब हमे उनकी बहुमुखी गरिमा विश्वमुखी बनकर प्रत्यक्ष होती है। पौरस्त्य अथवा पाश्चात्य; विवेचना की किसी भी विधा से परखने पर उनका मानस एक श्रेष्ठ महाकाव्य तो ठहरता ही है, परशुराम लक्ष्मण संवाद, बालि राम-संवाद तथा अंगद रावण-संवाद आदि प्रसगो में निहित हुए नाटकीय तत्त्वों की दृष्टि से अनुशीलन करने पर वह उत्कृष्ट रूपक कला से भी सुसज्जित दीख पड़ता है। जब हम मानस के वर्ण्य विषय की बहुविधता तथा उदात्तता पर, उसमें आने वाले चरित्रों की सजीवता और यथार्थता पर, उसमें मुखरित हुए जीवन-तत्त्वो की उत्कृष्टता तथा लोक-हितकारिता पर, संक्षेप में उसके सकल भाव-पक्ष तथा कला-पक्ष पर, एक साथ ध्यान देते हैं, तब हम उसे सभी दृष्टियों से परिपूर्ण निष्पन्न हुआ उपलब्ध करते हैं। यही बात अंग्रेज़ी के महाकवि शेक्सपीअर के विषय में कही जा सकती है। इसमे संदेह नहीं कि उनके द्वारा निदर्शित किये गये अनेक तथ्यों में से एक एक का निदर्शन कुछ नाट्यकारों ने उनसे अच्छा किया है; उनके द्वारा तरंगित हुए अनेक मनोवेगों मे से एक एक का तरंगन कतिपय कवियों ने उनकी अपेक्षा अच्छा किया है; किन्तु जीवन-समष्टि की भाव-समष्टि का जितना प्रभावशाली निदर्शन इस महाकवि के द्वारा

*तुलसीदास शेक्सपीअर*

निष्पन्न हुआ है उतना अन्य किसी भी कवि के द्वारा नहीं हो पाया। उनकी रचना में हमें अपना सारा आपा—भला और बुरा, सक्रिय और निष्क्रिय, सारा, सभी प्रकार का, एक साथ मुखरित होता दीख पड़ता है, उनकी रचना में हमें सारा विश्व, हाथ उठाये, कुछ कहता सा, कुछ करता सा, फिर भी अवाक्, साथ में निश्चेष्ट, अपनी अशेष अतीतकथा को जीभ पर लिये, अपनी अनन्त भविष्य कहानी को हृदय में धरे, धीर गति से अग्रसर होता दिखाई पड़ता है। यह बहुमुखता, यह विश्वजनीनता, न केवल भाव-पक्ष में अथवा कला-पक्ष में, किन्तु दोनो मे एक-सी है परिष्कृत और परिपूर्ण, बस इसी में तुलसीदास और शेक्सपीअर की अनुपम महिमा छिपी रही है। यह जितनी ही अधिक जिस साहित्यकार में होगी उतनी ही

दूसरे सामान्य वृत्ति के। कुछ का संबंध हास्य ही के साथ है, दूसरा का हमारी उन भावनाओ के साथ है, जो हमारे चारित्रिक जीवन के मार्मिक तंतु हैं। जिस प्रकार हमारी भावनाओं में उदात्तता तथा साधारणता के दो सोपान हैं उसी प्रकार उनकी आधारशिला पर खड़े होने वाले साहित्य की भी दो विधाएँ होना स्वाभाविक है।

हमने देखा था कि **साहित्य के भाव-पक्ष और कला-पक्ष** ये दो पक्ष होते हैं। जिस प्रकार साहित्य के भाव-पक्ष का हमारे मनोवेगों पर प्रभाव पड़ता है उसी प्रकार उसके कलापक्ष का भी। हो सकता है कि एक रचना मे भाव-पक्ष का निदर्शन सुन्दर सपन्न हुआ हो और उसके कला-पक्ष मे निर्बलता रह गई हो। इसके विपरीत कुछ रचनाओं मे कला-पक्ष का अधिक विकास होकर भाव-पक्ष में निर्बलता आ जाना भी स्वाभाविक है। साहित्य की कुछ अमर कृतियो में दोनो ही पक्षों का समान विकास होता है। अब, यहाँ इस बात के मानने में सकोच नही होना चाहिए कि कला-पक्ष की पेशलता से व्याप्त होने वाले मनोवेगो की अपेक्षा भाव-पक्ष की प्रबलता द्वारा प्रेरित होने वाले मनोवेग उच्च श्रेणी के होते है। पहलों मे केवल सौंदर्य की सुषमामयी उत्थानिका है, तो दूसरो मे इसके साथ साथ हमारे चरित्र पर—और यही हमारा सर्वस्व है—पड़ने वाला प्रबल हितकारी प्रभाव भी रहता है। यह तो हुई भाव-पक्ष और कला पक्ष से तरगित होने वाले मनोवेगों के तारतम्य की बात। अब, इससे एक पग आगे बढा भाव-पक्ष मे आने पर भी हमे मनोवेगों का यही तारतम्य दिखाई पड़ता है। साहित्य के भाव-पक्ष को भी हम दो भागों मे विभक्त कर सकते हैं; पहला भौतिक और दूसरा आत्मिक। सब जानते हैं कि हमारे भौतिक शरीर पर हमारे आत्मा का अधिकार है, और वह जैसा चाहे इसको कर्मों में प्रवृत्त किया करता है। इसका कारण यह है कि हमारा आत्मा हमारे स्थूल शरीर की अपेक्षा कहीं अधिक विकसित होने के कारण सूक्ष्म बन गया है, और सूक्ष्मता ही ध्यान से देखने पर सारी शक्तियों का केंद्र ठहरती है। जिस प्रकार शरीर की अपेक्षा आत्मा श्रेयान् है उसी प्रकार शरीर के साथ संबध रखने वाली भावनाओं की अपेक्षा आत्मा के साथ संबंध रखने वाली सूक्ष्म भावनाएँ अधिक बलवती हैं। इस दार्शनिक तत्त्व के

हृद्गत हो जाने पर हम इस बात को सहज ही समझ जाते हैं कि ऐंद्रिय तत्त्वो को गुदगुदाने वाले साहित्य की अपेक्षा आत्मा की भावभंगियो को तरंगित करने वाले साहित्य का पद उन्नत क्यों है। हमारे हिन्दी-साहित्य मे बिहारी की कविता कला-पक्ष की दृष्टि से सुतरा रमणीय सपन्न हुई है। चमत्कार के अशेष उपकरणों से सुसज्जित हुई उसकी मदमाती ।ि ̈ ̈ ।ानि.ी रीति के राजपथ पर झूमती हुई देखते ही बनती है। शारीरिक सोदर्य के चमत्कृत वर्णन में भी बिहारी ने कमाल किया है। उनकी भ्रमर-दृष्टि मधुमय स्त्री-जगत् के कोने-कोने में पहुँचती है, और वह जहाँ भी पहुँची है, वही उसने अपनी प्रतिभा की विजय वैजयन्ती गाड़ दी है। उन्होने शारी-रिक प्रेम की ओस से एक-एक बूँद ले अपनी सतसई को भरा है। उनकी एक-एक बूँद शृङ्गार की कूक है, अनङ्ग का राग है और ऐंद्रिय प्रेम की वारुणी है। इस विषय मे बिहारी अंग्रेजी के कीट्स कवि को कही पीछे छोड़ गये हैं। किन्तु जब हम उनकी शारीरिक कविता का कबीर, तुलसी अथवा सूरदास की आत्मिक स्नेह में आमूलचूल पगी कविता के साथ सम्मुख्य करते हैं, तब इसे उनकी कविता से कही निम्न श्रेणी की पाते हैं। जहाँ बिहारी की कविता को पढ हमारे शरीर में गुदगुदी दौड़ जाती है, हमारा भूतजात स्त्री-रूप भूतजात की चमत्कृत अग्नि में ध्वस्त हुआ चाहता है, वहाँ कबीर और तुलसीदास की रचनाओं को पढ हम भौतिक जगत् के क्षेत्र से पार हो आत्मा के नन्दनवन मे सरक जाते हैं और हमारा आत्मा दैवीय प्रेम की पीयूषवर्षा से आप्लावित हो जाता है। शारीरिक मनोवेगो को तरंगित करने वाली रचनाओं में हमारी सत्ता बहिर्मुख हो शतधा विकीर्ण होती है तो चरित्र पर प्रभाव डालने वाली रचनाओ में वह उचित मात्रा मे बहिर्मुख होती हुई प्रधानतः अन्तर्मुख ही रहा करती है। पहली श्रेणी की

रचनाओ के निर्माता साहित्यिक जन इस तथ्य को नहीं जानते कि गुलाब का फूल हमारे लिए जिस कारण सुन्दर है, समग्र संसार के अतस् उस कारण ही की मुख्यता है। "ससार मे जितनी अधिकता है उतना ही कठिन संयम भी है। उस केंद्र की बहिर्गामिनी शक्ति अनन्त विचित्रताओं के द्वारा अपने को चारों ओर सहस्रधा करती है और उसकी केंद्रानुगामिनी शक्ति इस उद्दाम विचित्रता के उल्लास को पूर्ण सामंजस्य के साथ भीतर मिलाकर रखती है। यही जो एक ओर विकास और दूसरी ओर निरोध है, इसी के अतस् सुन्दरता है। संसार के अन्दर इसी छोड देने और खीच लेने का नित्व लीलाओं में आदित्यवर्ण भगवान् अपने को सर्वत्र प्रकाशित कर रहे हैं। ससार की आनन्द-लीला को जब हम पूर्णरूप में देखते हैं; तब हमको ज्ञान होता है कि अच्छा-बुरा, सुख-दुःख, जीवन-मृत्यु सब ही उठ कर और गिरकर विश्व-संगीत के नीरव छद की रचना कर रहे हैं। यदि हम समष्टिरूपेण देखें तो इस छंद का कहीं भी विच्छेद नहीं है; कही भी सौदर्य की न्यूनता नहीं है। ससार के भीतर सौदर्य को इस प्रकार समग्र रूप से देखना और सीखना ही सौन्दर्य-बोध का अन्तिम लक्ष्य है।" जहाँ भौतिक सौन्दर्य के पुजारी बिहारी में इस सौन्दर्य बोध का अभाव है, वहाँ कबीर और तुलसी की रचनाओं मे यह बड़े ही भव्य रूप में निष्पन्न हो हमारे सम्मुख आया है।

*संगीत के समान कला की सत्ता कला के लिए है इसका खडन*

कुछ विद्वान् **"कला की सत्ता कला के लिए"** मानते हुए साहित्य की संगीत के साथ तुलना करते हैं। उनका कथन है कि जिस प्रकार सगीत का प्रभाव एक मात्र हमारे मनोवेगों पर पड़कर हमारे मन मे आनन्द को उत्पन्न करता है, इसी प्रकार साहित्य का चरम लक्ष्य भी एक मात्र आनन्द प्रसूति होता है। उनकी दृष्टि में साहित्य का कर्तव्य है आंतरिक तथा बाह्य जगत् में पाये

जाने वाले भले बुरे, ग्राह्य और अग्राह्य सभी का समानरूप से केवल रस-निष्पत्ति के उद्देश्य से चित्रण करना। वे अपने पक्ष की पुष्टि मे चित्रकला का भी ऐसा ही ध्येय बताते हैं। किंतु साहित्य के चरमलक्ष्य का यह सिद्धात जहाँ समाज के लिए भयावह है, वहाँ यह तत्त्वदृष्टि से देखने पर एकदेशी भी ठहरता है। हम जानते हैं कि हमारे सपूर्ण क्रियाकलाप तथा हमारी अशेष चित्त-वृत्तियों का प्रमुख लक्ष्य हमारे जीवन को सुखी तथा उन्नत बनाना है। हम यह भी मानते हैं कि विशुद्ध सगीत का लक्ष्य आनन्दो...त्ति है, किंतु विशुद्ध संगीत मे और कविता मे थोड़ा भेद है। जहाँ सगीत मे तान और लय का एकच्छत्र राज्य है, वहाँ कविता में विचारो को व्यक्त करने वाली भाषा भी विद्यमान रहती है। अब, यह सभी को प्रत्यक्ष होना चाहिए कि जहाँ विशुद्ध संगीत से एकमात्र सुख की उत्पत्ति होती है, वहाँ कविता के रूप में सकलित भाषा और संगीत से—यदि उस भाषा में उदात्त विचार हुए तो—आत्मिक प्रसाद भी मिलता है और चरित्र की पुष्टि भी होती है, और ध्यानपूर्वक देखने पर ज्ञात होगा कि **जीवन और चरित्र दोनो एक वस्तु के दो नाम है।** इतिहास में जब कभी कविता के रूप में संगीत और भाषा का यह समागम सपन्न हुआ है तभी तब उससे लोकहित की अत्यन्त स्वच्छ धारा बही है। इस संबंध में कबीर, मीरा और सूरदास के नाम पर्याप्त होने चाहिएँ।

विचार के इस बिंदु से एक पग आगे बढ कर जब हम वास्तुकला और मूर्तिकला पर ध्यान देते हैं, तब इनके क्षेत्र मे भी हमें **कला की सत्ता कला के लिए वाला** सिद्धात सर्वांशेन सत्य नहीं उतरता दीख पड़ता। एक सुन्दर चित्र तथा रमणी-मूर्ति को देख कर हमारे मन में सौदर्य भावना तो उत्पन्न होती है, किंतु साथ ही, उसकी उत्पत्ति के अनन्तर हमारे भावुक हृदय पर उसका एक चारित्रिक प्रभाव भी अनिवार्यरूप से पड़ा करता है। और जब हम एक मनुष्य द्वारा रचित

चित्र अथवा मूर्ति के रूप मे मनुष्य की इतिकर्तव्यता को नीलाभ, विश्वात्मा के द्वारा रची अनन्त विश्व की विपुल मूर्ति पर और उसी के द्वारा नीलाभ नैश अबरपट पर खचित किये अगणित नक्षत्रो पर ध्यान देते है, तब हमारे हृदय-पटल पर जो इस दिव्य चित्रकला तथा मूतिकला का चारित्रिक प्रभाव पड़ता है वह सचमुच वर्णनातीत है। इस प्रकार जब हम उत्तुङ्ग हिमाचल पर खड़े हो, उसके विभिन्न रूपो को व्यक्त करने वाली विविध कलाओ पर दृष्टिपात करते है तब हमे इन सभी की सत्ता उसको परिपूर्ण तथा परिपक्व बनाने के लिए संपन्न हुई दृष्टिगत होती है। इस विषय मे सुप्रसिद्ध अग्रेज समालोचक मैथ्यू आर्नल्ड के निम्नलिखित वचन ध्यान देने योग्य हैं—

"याद रखो जीवन का महत्त्व तथ्य विचारों को सुन्दरता तथा प्रभावशालिता के साथ जीवन में, "किस प्रकार जिऊँ" इस प्रश्न मे समन्वित करने में है। बहुधा आचार पर सकुचित तथा विसवादी दृष्टि से विचार किया जाता है। उसे ऐसे मतव्यो और विश्वाससूत्रों के साथ टॉक दिया गया है, जिनके दिन बीत चुके हैं। आज आचार डींग मारने वाले धर्मध्वजियों के हाथ मे पड़ गया है। वह हम मे से बहुतो को खलने लगा है। हम कभी कभी ऐसी कविता की ओर भी खिच जाते है जो आचार का विरोध करती है; जिसका आदर्श उमर खय्याम के इन शब्दों मे है कि 'आओ! जो समय मसजिद मे गँवाया हैं उसकी कमी मधुशाला में पूरी कर लें।" कभी कभी हमें ऐसी कविता सुहाने लगती है, जो आचार की उपेक्षा करती हो, कविता जिसमें सार हो या न हो, परन्तु जिसकी भाषा सुन्दर हो और अलंकार खरे हो। दोनों दशाओ मे हम अपने आपको भ्राति में डालते हैं। भ्रमोच्छेद का सर्वश्रेष्ठ उपाय यह है कि हम "जीवन" के विपुल तथा अविनाशी शब्द पर अपने मन को एकाग्र करें। वह कविता जो आचार का विरोध करती है एक प्रकार से "जीवन" का प्रत्याख्यान करती है,

और वह कविता जो आचार को उपेक्षा-दृष्टि से देखती है, स्वयं "जीवन" की उपेक्षा करती है।"

*जीवन के दो पक्ष श्रेय और हेय*

यहाँ कला को सत्ता कला के लिए बताने वाले यह कहेंगे कि जीवन के श्रेय और हेय ये दो पक्ष हैं; एक के बिना दूसरे की सत्ता असम्भव है। इसलिए यदि साहित्य में श्रेय का चित्रण होना आवश्यक है तो उसमें हेय का चित्रण भी वाञ्छनीय है। जहाँ महाकवि वाल्मीकि ने श्रीराम, लक्ष्मण, भरत और सीता के मनोहारी चित्रों का वर्णन किया है; वहाँ उन्होंने साथ ही रावण, और उसके अनुयायियों का भी वर्णन किया है। जहाँ हमें श्री व्यास के महाभारत में धर्मराज युधिष्ठिर तथा विदुर जैसे परम पावन राजर्षियों के दर्शन होते हैं, वहाँ उसमें हमें दुर्योधन जैसे हठी, दूसरों के स्वत्व पर जोर जमाने वाले आततायियों के चरित्र भी मिलते हैं। जहाँ शेक्सपीअर ने अपने अमर नाटकों में जीवन की भव्य भावनाओं को सुसज्जित करके मानव-समाज के सम्मुख रखा है, वहाँ उन्होंने इयागो तथा लेडी मैकबेथ जैसे दारुण व्यक्तियों के भी चित्र खींचे हैं। फलतः कला की सत्ता केवल कला के लिए बताने वाले आचार्यों के मन में जहाँ रसोत्पत्ति के लिए रस की भुक्ति श्रेय पक्ष के निदर्शन से होती है वहाँ वह, उतनी ही हेय पक्ष के विवेचन से भी सपन्न होती है। फलतः एक कलाकार का लक्ष्य अपनी रचनाओं में केवल रसोद्बोधन होना चाहिए; चरित्र सम्बन्धी बातों से उसका कोई सम्बन्ध नहीं।

*श्रेय नित्य है, हेय का ध्वंस*

इसके उत्तर में हम केवल इतना ही कहेंगे की जीवन के श्रेय और हेय इन दोनों पक्षों में से केवल श्रेय ही की अपनी स्वतंत्र सत्ता है, क्योंकि चरमावस्था में पहुँच कर हेय या तो विगलित हो जाता है,

*हो जाता है* अथवा वह विकास की अनवरत प्रक्रिया में से गुज़रता हुआ श्रेय ही में परिणत हो जाता है। विश्व के महाकवि अपनी रचनाओं में दोनों ही का चित्रण करते हैं, किंतु लक्ष्य उनका सदा हेय की इयत्ता तथा दुरवस्था दिखाकर श्रेय की अनन्तता और उसी की चरम विजय दिखाना होता है। जहाँ भारत के मंगलमय आदर्श का अनुसरण करते हुए रामायण और महाभारत में रावण तथा दुर्योधन के हेय चरित्रों की दुरवस्था दिखाकर प्रत्यक्ष रूप से श्रीराम और युधिष्ठिर के सदामंगल चरित्रों की उपादेयता संप्रदर्शित की गई है, वहाँ यूरोप के संकुचित-रूपेण यथार्थवादी आदर्श को ध्यान में रख कर रचे गये शेक्सपीअर के नाटकों में तो स्पष्टरूप से हेय चरित्रों का विध्वंस दिखा कर श्रेय की गरिमा अभिव्यक्त की गई है, और कहीं केवल हेय चरित्रों का अन्तिम पतन दिखा कर श्रेय चरित्रों की ओर अग्रसर होने का संकेत किया गया है। इयागो की लक्ष्यविहीन दुष्कर्मकारिता को देख हमारे मन में त्रिकाल मे भी उस जैसा बनने की इच्छा नहीं उत्पन्न होती, इसके विपरीत हमारे मन में उसके समुच्छय में पतनातता देख उससे दूर हटने की इच्छा उत्तरोत्तर बलवती होती है और अंत में हमारा आत्मा उसके प्रति विद्रोह मे उठ खड़ा होता है। और इस प्रकार महाकवि वाल्मीकि, व्यास, कालिदास तथा शेक्सपीअर की साहित्यिक रचनाएँ, कला के लिए होने पर भी, अन्त मे जीवन को मंगलमय बनाने वाली सिद्ध होती हैं, और जो ध्येय तथा दृष्टिकोण साहित्य के विषय में इन महाकवियों का रहा है, वही अन्य सभी साहित्यिक निर्माताओं का होना अभीष्ट है।

## भाव और रस-निरूपण

भावना अथवा मनोवेगों में साहित्यिकता संपन्न करने वाले

तत्त्वों का निरूपण हो चुका, अब हमें भावों और उनकी विधाओं के निरूपण की ओर अग्रसर होना है। इस विषय में हमें दार्शनिकों द्वारा बताई गई भाव की इंद्रियजनित, प्रज्ञात्मक तथा रागात्मक आदि विधाओं में न पड़ कर उसकी उन विधाओं पर विचार करना है, जिनका साहि.याचार्यों ने रसनिरूपण के प्रसग मेंवर्णन किया है।

*भाव और रस-निरूपण*

साहित्य पर विचार करते हुए हमने संकेत किया था कि भारतीय आचार्यों ने उसका लक्षण 'रसवत् वाक्य" किया है। इस रस को—जो कि इनकी दृष्टि मे काव्य अथवा साहित्य का आत्मा है—इन्होने शृंगार, हास्य, करुण, रौद्र, वीर, भयानक, बीभत्स, अद्भुत, और शान्त इन भागों मे विभक्त किया है। इन रसों की उत्पत्ति क्रमशः रति अथवा प्रेम, हास, शोक, क्रोध, उत्साह, भय, जुगुप्सा अथवा घृणा, विस्मय अथवा आश्चर्य तथा निर्वेद से बताई है। क्योंकि शृंगार रस की उत्पत्ति मे रति अथवा प्रेम की भावना अनवरत बनी रहती है, इसलिए उसे शृंगार रस का स्थायी भाव कहा जाता है। इसी प्रकार हास्य रस मे हास की, करुण रस मे शोक की, रौद्र रस में क्रोध की, वीर रस में उत्साह की, भयानक रस में भय की, बींभत्स रस में जुगुप्सा अथवा घृणा की, अद्भुत रस में विस्मय अथवा आश्चर्य की और शात रस मे निर्वेद की भावना श्रोता अथवा द्रष्टा के मन मे अनवरत बनी रहती है, इसलिए इन सब को क्रमशः उन उन रसों का स्थायी भाव माना जाता है।

*नवरसः उनके स्थायी भाव*

इन स्थायी भावों में सजातीय अथवा विजातीय भावों के आने पर भी विच्छेद नहीं होता। विजातीय भावों के आगमन में उनका

टूटना तो दूर रहा, उलटा ये उन्हें अपने में मिला लेते हैं। उनकी विजातीयता, प्रातीप्य की भावना को उपस्थित करके, उन्हे पहले की अपेक्षा अधिक पुष्ट बना देती है। सजातीय भावों के आने पर स्थायी भाव के अविच्छिन्न बने रहने का उदाहरण बृहत्कथा मे मदनमंजूषा के प्रति नरवाहनदत्त का प्रेम है। उसके अनन्तर अन्य नायिकाओं के साथ भी नरवाहनदत्त का प्रेम हुआ, किन्तु उससे उसके मदनमजूषा पर होने वाले प्रेम में बाधा न हुई। विजातीय भाव के आने पर भी विच्छेद न होने का उदाहरण मालती-माधव के पाचवें अंक में मिलता है। वहाँ, माधव यद्यपि श्मशान का बीभत्स दृश्य देखता है, जिससे उसके मन में घृणा उत्पन्न होती है, तथापि इससे उसके हृदय में मालती के प्रति जो रतिभाव है; उसमे न्यूनता नहीं आती।

काव्य के आत्मा, नवविध रस की उत्पत्ति उसके नवविध **स्थायी भावो से होती है**। किन्तु रस की इस निष्पत्ति मे कतिपय अन्य भावनाओं का हाथ भी है। इन भावनाओं को आचार्यों ने विभाव, अनुभाव तथा संचारी (व्यभिचारी) भावों में विभक्त किया है।

*विभाव : आलंबन उद्दीपन*

कहना न होगा कि शृंगार रस की निष्पत्ति कराने वाले रतिरूप स्थायी भाव के आधार दो हैं: पहला वह जिसके हृदय में रतिभाव उत्पन्न हुआ, और दूसरा वह जिसके प्रति रतिभाव उत्पन्न हुआ। पहले को **आश्रय** कहते हैं और दूसरे को **आलंबन**। इसके अनुसार शकुन्तला नाटक में रतिरूप स्थायी भाव के **आश्रय हैं** दुष्यन्त और **आलंबन है** शकुन्तला। साथ ही दुष्यन्त के हृदय में शकुन्तला के प्रति रतिरूप भाव को जगाने में दो बातें साधन हैं: पहली शकुन्तला की अपनी सुन्दरता और उसकी

अपनी वेशभूषा आदि, दूसरा आश्रम का कुसुमित तथा एकांत उद्यान और वहाँ का मादक प्रकृति सौंदर्य। रतिभाव को अंकुरित करने वाले इन दोनों साधनों को **उद्दीपन** कहते हैं; और **आलंबन** तथा उभयविध **उद्दीपन** को **विभाव** नाम से पुकारते हैं। जिस प्रकार नवविध रसों में से प्रत्येक का एक स्थायी भाव है उसी प्रकार नवविध स्थायी भावों में से प्रत्येक का **विभाव** होता है। फलतः शृंगार रस के स्थायी भाव रति का आलंबन विभाव नायक अथवा नायिका, और उद्दीपन विभाव नायक अथवा नायिका की वेशभूषा, तथा उस भाव को उद्दीप्त करने वाले बाह्य प्राकृतिक दृश्य हैं। इसी प्रकार क्रमशः हास्य रस के स्थायी भाव हास का आलंबन विभाव विकृत आकृतिवाला पुरुष और उद्दीपन विभाव आलंबन की अनोखी आकृति आदि, करुण रस के स्थायी भाव शोक का आलंबन विभाव विनष्ट प्रियतम और उद्दीपन उनका दाहकर्म तथा उनसे सम्बन्ध रखने वाले पदार्थ आदि, रौद्र-रस के स्थायी भाव क्रोध का आलंबन विभाव शत्रु विपक्षी आदि, तथा उद्दीपन विभाव उनके द्वारा किये गये अपराध आदि; वीर रस के स्थायी भाव उत्साह का आलंबन विभाव शत्रु, और उद्दीपन विभाव उस की चेष्टाएँ, भयानक रस के स्थायी भाव भय का आलंबन विभाव कोई भयानक वस्तु, और उद्दीपन विभाव भयंकर दृश्य आदि; बीभत्स रस के स्थायी भाव घृणा का आलंबन विभाव घृणास्पद व्यक्ति, और उद्दीपन विभाव उनकी घृणास्पद चेष्टाएँ आदि, अद्भुत रस के स्थायी भाव आश्चर्य का आलंबन विभाव अलौकिक वस्तु आदि, और उद्दीपन विभाव उनका देखना या वर्णन सुनना आदि; और अंत में शांतरस के स्थायी भाव निर्वेद का आलंबन विभाव परमार्थ, और उद्दीपन विभाव तपोवन आदि ठहरते हैं।

यह स्पष्ट है कि अतिरिक्त भावों का बाह्य आकृति आदि

पर प्रभाव पड़ता है । रति भाव के उदय होने से चेहरे की काति बढ जाती है और क्रोध के आवेश में ओठ काँपने लगते हैं, आँखें लाल और भृकुटी बाँकी हो जाती है । इसी प्रकार अन्य भावों मे भी बाह्य लक्षण प्रकट हो जाते हैं । भारतीय आचार्यों ने इन्ही लक्षणो को **अनुभाव अर्थात् भाव के पीछे होने वाला** कहा है। भाव कारण और अनुभाव कार्य हैं। यद्यपि भावो के विशुद्ध लक्षण पर ध्यान देते हुए हम उनसे उत्पन्न हुई चेष्टा आदि को भाव के नाम से नही पुकार सकते, तथापि क्योंकि इन चेष्टाओं की उत्पत्ति नियमित रूप से भावो की अनुगामिनी होती है, इसलिए साहित्याचार्यो ने उन्हे भावो के विमर्श मे सम्मिलित कर लिया है ।

*अनुभाव*

भाव और विभावों के समान **अनुभाव** भी विविध प्रकार के हैं। जिस प्रकार शृंगार रस के स्थायी भाव रति का अनुभाव आश्रय की अनुराग पूर्ण दृष्टि, उसका भृकुटिभग, अश्रु और वैवर्ण्य आदि हैं, उसी प्रकार क्रमशः स्थायी भाव हास के अनुभाव आश्रय की मुसकराहट और उसके नेत्रों का मिंच जाना आदि; शोक के अनुभाव दैव-निदा, भाग्य-निन्दा, रोना, उच्छ्वास, प्रलाप आदि, क्रोध के अनुभाव नेत्रो की रक्तिमा, भृकुटिवचन, दतचर्वण, शस्त्रोत्थान आदि, उत्साह के अनुभाव बाहुस्फुरण, शस्त्रोत्थापन, आत्म-श्लाघा, आक्रमण आदि, भय के अनुभाव कप, स्वेद, रोमांच, वैवर्ण्य, स्वरभग आदि, घृणा के अनुभाव नाक-सिकोड़ना, थूकना, मुँह फेर लेना आदि; आश्चर्य के अनुभाव दाँतो तले अँगुली दबाना, रोमहर्षण, स्वरभंग आदि और निर्वेद के अनुभाव रोमाच, अश्रु विसर्जन आदि हैं।

*अनुभावों के भेद*

हमारे आचार्यों ने भावों को, उनकी गहराई की न्यूनाधिक मात्रा के अनुसार दो भागों में विभक्त किया है।

*स्थायीभाव और व्यभिचारी भाव*

पहले स्थायी भाव—जिनका वर्णन ऊपर हो चुका है—हमारे हृदय में स्थायी रूप से विद्यमान रहते हैं। दूसरे वे भाव भी हैं, जो भाव के समुद्र में छोटी तरगों की भाँति उठकर थोड़े ही समय में विलीन हो जाते हैं। इन्हें सचारी अथवा व्यभिचारी भाव कहते हैं। इनका काम स्थायी भाव को पुष्ट करना मात्र है। किसी कविता को पढ़ते समय अथवा किसी नाटक को देखते समय एक स्थायी भाव की उत्पत्ति होकर जब तक वह हमारे मन में रहेगा, तब तक उसी की प्रधानता रहेगी, अन्य भाव—चाहे वे उसके सजातीय हों अथवा विजातीय—उसके पोषक होकर आते हैं, उसमें बाधा डालने के लिए नहीं। उनका अपने स्थायी भाव को परिपुष्ट कर उसमें लीन हो जाना ही इतिकर्तव्य है। जिस प्रकार खारे समुद्र में गिर कर मीठी नदियाँ खारी बन जाती हैं, इसी प्रकार स्थायी भाव में मिलकर छोटे-छोटे संचारी भाव भी तदाकार बन जाते हैं। स्थायी भाव ही रस के लिए मूल आधार प्रस्तुत करते हैं; संचारी भाव तो स्थायी भाव को पुष्ट करने के उद्देश्य से किंचित् समय तक संचरण कर फिर उसी में मिल जाते हैं।

उदाहरण के लिए; जब हम किसी व्यक्ति को अपने प्रति अपशब्द कहते अथवा अन्य किसी प्रकार से अपना अपघात करता देखते हैं; तब हमारे मन में क्रोधाग्नि भड़क उठती है। क्रोध का यह भाव स्थायी है, जो अनुकूल समय पाकर जाग्रत हो गया है। किन्तु यदि वह व्यक्ति इससे पहले भी हमारा निरादर कर चुका है तो उसका स्मरण आते ही हमारा क्रोध द्विगुणित हो जाता है। यह स्मरण ही संचारी या व्यभिचारी भाव है। यह हमारे क्रोध को बढ़ाकर स्वयं लीन हो जाता है।

ये संचारी भाव तैंतीस हैं, जैसेः—निर्वेद, ग्लानि, शंका, श्रम, धृति, जड़ता, हर्ष, दैन्य, उग्रता, चिन्ता, त्रास, असूया, अमर्ष, गर्व, स्मृति, मरण, मद, स्वप्न, निद्रा, विबोध, व्रीडा, अपस्मार, मोह, मति, अलसता, आवेग, तर्क, अवहित्था, व्याधि, उन्माद, विषाद, औत्सुक्य और चपलता।

उपर्युक्त तैंतीस संचारी या व्यभिचारी भावों से यह नहीं समझना चाहिये कि सञ्चारी भाव केवल तैंतीस ही हो सकते हैं। तैंतीस तो उपलक्षण मात्र हैं। इनके सहारे, इन्हीं से मिलती जुलती और भी मानसिक क्रियाएँ हो सकती हैं, और यदि वे भी स्थायी भाव का परितोष करती हों तो उन्हें भी संचारी भाव कहा जा सकता है।

स्थायी भाव, अनुभाव और संचारी भावों का वर्णन हो चुका। काव्य के आत्मा रस की निष्पत्ति इन्हीं से होती है।

*भाव और रसनिष्पत्ति*

इन सब में स्थायी भाव प्रधान है और शेष सब स्थायी भाव को रस की अवस्था तक पहुँचाने में सहायक होते हैं। भावों की उक्त विवेचना साहित्यिक रसास्वादन की अपेक्षा मनोविज्ञान की विश्लेषणा से अधिक सम्बन्ध रखती है; और हमें इस क्षेत्र में भी अपने आचार्यों की वही, हर बात को अति तक पहुँचा देने वाली प्रवृत्ति काम करती दृष्टिगत होती है, जो सदा से स्थूल तत्त्वों की अपेक्षा अमूर्त वस्तुओं में अपना वैभव दिखाती आई है और जिसे बाल की खाल निकालने की कुछ आदत सी पड़ गई है। भावों के विवेचन में संचारी भावों का समावेश तो युक्तिसंगत हो सकता है, किंतु विभाव और अनुभावों को भी—जिनमें बहुत से शारीरिक चेष्टामात्र हैं—भावों की श्रेणी में एक जगह बैठाना भाव शब्द के अर्थ को आवश्यकता से अधिक व्यापक बना देना है। यहाँ तक हमने साहित्य के भाव-पक्ष पर विचार किया है। अब हमें साहित्य के उस पक्ष पर विचार करना है, जिसके द्वारा हम

साहित्य के भाव पक्ष को प्रकाशित करते हैं: इसी को साहित्यशास्त्री **कला-पक्ष** के नाम से पुकारते हैं।

## साहित्य का कला-पक्ष

यह स्पष्ट है कि जिस प्रकार एक साहित्यिक रचना को सौंदर्य-विभूषित करने के लिए उसके भाव-पक्ष का रमणीय तथा रागात्मक होना आवश्यक है, उसी प्रकार उस उद्देश्य की पूर्ति के लिए उसके कला-पक्ष का भी रुचिर तथा भावात्मक होना वाञ्छनीय है। किंतु कला-पक्ष पर विस्तृत विवेचन करने से पहले उसके विषय में कतिपय सामान्य बातें जान लेना आवश्यक है।

*कला पक्ष की उत्थानिका*

मेरे मन में एक विचार आया है, मैं लाक्षणिक संकेत द्वारा ऐसा ही भाव आपके मन उत्पन्न करता हूँ, अथवा यों कहिये कि मैं अपने विचार को आपके मन तक पहुँचाता हूँ। भाषा का यही काम है; यह लिखी जा सकती है और केवल कथित रूप में भी रह सकती है। किंतु दोनों ही परिस्थितियों में यह केवल भाषा मात्र है; इसे हम साहित्य नहीं कह सकते। अब मान लीजिये, मेरे मन में एक मनोवेग आया, जो या तो एक रागान्वित विचार है, अथवा एक ऐसी भावना है, जिसमें एक विचार विशेष का अस्पष्ट पुट है; मैं इसे लिखित संकेतों द्वारा आपके मन तक पहुँचाता हूँ; **इस भाषा का नाम साहित्य है**। अब, यदि इसमें मेरा प्रमुख लक्ष्य विचार हैं, अर्थात् अपनी रचना द्वारा मैं आप तक अपने विचार पहुँचाना चाहता हूँ, और मनोवेगों का काम केवल उन विचारों को रोचक अथवा रागमय बनाना मात्र है, तो मेरी रचना साहित्य की वह कोटि होगी, जिसे हम इतिहास अथवा आलोचना कहते हैं। इसके विपरीत यदि उसमें मनोवेगों की प्रधानता हुई और उसको सुन या

देख कर आप के मन में उठने वाले विचार, भावनाओं से उत्पन्न होने वाले हुए, तो वह रचना कविता अथवा आख्यान आदि कहाएगी।

अब, प्रश्न यह है कि मैं आप तक अपने विचार कैसे पहुँचाता हूँ। अपने प्रतिदिन के व्यवहार में हम अपने मनोवेगों को स्फुरित करने वाली वस्तुविशेष को दूसरे व्यक्ति के हाथ में सौंप कर उसके मन में अपने जैसी भावनाएँ उत्पन्न कर सकते हैं। मान लीजिए, एक कमल-पुष्प के सौंदर्य को निहार हमारा मन सौंदर्य-भावनाओं से भर गया है, हम अपने मित्र के मन में भी उसी प्रकार के मनोवेग उत्पन्न करने के लिए उस पुष्प ही को उसके हाथ में रख देते हैं। किंतु कलाओं में इस प्रकार भावाभिव्यक्ति नहीं की जा सकती। यहाँ हमें अपने भावों की अभिव्यक्ति के लिए अप्रत्यक्ष उपायों को व्यवहार में लाना होता है। भाव-प्रकाशन के इन सभी उपायों का साहित्य के कला-पक्ष में अंतर्भाव है।

हम देख चुके हैं कि मनोवेगों की उत्पत्ति उनके विषय में बातचीत करने, वाद-विवाद चलाने अथवा उनकी विश्लेषणा से नहीं होती। इसके लिए हमें उन मनोवेगों को गुदगुदाने वाले मूर्त द्रव्यों को उपस्थित करना होता है, और यह काम हमारी कल्पना-शक्ति पर आश्रित है। किन्तु इस कल्पनातत्त्व के समान रूप से विद्यमान रहने पर भी मनोवेगों को स्फुरित करने के अन्य अगणित साधन हो सकते हैं। उदाहरण के लिए, मान लीजिए एक कवि आपके मन में कमल के सौंदर्य की भावना उत्पन्न करना चाहता है। वह इस काम को आपके सम्मुख कमल का ऐसा सजाव वर्णन करके कर सकता है, जिसमे उस पुष्प के ऐन्द्रिय तत्त्व, अर्थात् रूप, विन्यास, आकार तथा सुगन्ध का चित्रण हो; वह इस के लिए आपके सम्मुख ऐसे विचार तथा मनोवेग भी प्रस्तुत कर सकता है, जो उस पुष्प को देख कर स्वभावतः

एक युवक के मन में उठते हैं, जैसे यौवन का रग, आशा की चमक, सौदर्य का अभिमान, और वह चाहे तो अपके सम्मुख कमल को देख अपने मन मे उत्पन्न हुए निर्वेद भाव को रख सकता है, जिसकी उत्पत्ति कमल की, अथवा दूसरे शब्दो मे, सौदर्य मात्र की अनित्यता से होती है। कमल के विषय में आपके मन मे रागात्मक भाव उत्पन्न करने के लिए इन तीनो उपायो में से वह कवि कौन सा उपाय काम में लाता है; यह बात नितरां उसकी अपनी मानसिक वृत्ति पर निर्भर है। और इसका दूसरे शब्दो मे यह निष्कर्ष निकलता है कि **साहित्य का कला-पक्ष ठीक वैसा ही होता है, जैसा कि साहित्य के रचयिता की अपनी मनोवृत्ति।**

*मनोवेग और प्रतिरूपमयी भाषा*

एक बात और, हमने अभी कहा था कि मनोवेगो की उत्पत्ति उनके विषय में बातचीत करने वाद विवाद चलाने अथवा उनकी विश्लेषणा करने से नही होती। इससे स्पष्ट है कि मनोवेगों को स्फुरित करने वाली भाषा व्यवहार की सामान्य भाषा से भिन्न प्रकार की होती है। जिस प्रकार मनोवेगो के तरगित होते ही हमारा आत्मा बाह्य ससार से पराङ्मुख हो आत्मप्रवण हो जाता है, उसी प्रकार मनोवेगो को व्यक्त करने वाली भाषा भी स्वयमेव बाह्य विस्तार से उपरत हो अपने घनरूप मे सकुचित हो जाती है। जिस प्रकार हम अपनी केन्द्र-प्रतिगामिनी शक्ति के द्वारा इद्रियो मे से हो कर कमलादि बाह्य पदार्थों को रचते देखते, उन पर रोते और हॅसते हैं, उसी प्रकार अपने भावों को व्यक्त करने के साधनरूप भाषा के क्षेत्र में भी हम अपनी इन दोनो शक्तियों द्वारा भाषा के दैनिक प्रयोगो के बाह्य क्षेत्र में जाते और फिर आत्मा के अतर्मुख होने पर भाषा के भाव-निबद्ध संकुचित, किंतु पहले से कहीं अधिक उत्कट, आतरिक क्षेत्र में लौट आते हैं। इस प्रक्रिया का प्रत्यक्ष परिणाम यह होता है कि हमारे दैनिक

व्यवहार में आनेवाली भाषा की अपेक्षा हमारी साहित्यिक भाषा कहीं अधिक सगीतमय और इसीलिए सुसबद्ध तथा सुनियत्रित होती है। इसमे व्यावहारिक भाषा की भाँति अनावश्यक शब्द नही पाये जाते; कलाकार की दृष्टि अनावश्यक, अथवा जिन शब्दों को तज कर काम चल सकता है, उन पर न पड केवल साहित्यिक अथवा मनोवेगों के आत्मभूत शब्दों पर ही पडती है, वह उन्ही शब्दों को अपनी रचना में स्थान देता है। शब्द-जाल से बचने की उसकी यह प्रवृत्ति, जिसे हम **साहित्यिक संक्षेप** भी कह सकते हैं, इतनी अधिक बढ जाती है कि वह कभी कभी—और महाकवि तो सदा ही, बहुत अधिक—एक वर्ण्य विषय के साथ सबध रखने वाले अनेक तत्त्वो तथा भावो को मुखरित करने के लिए कोई एक ऐसा शब्द छाँट निकालते हैं जो दीपक की भाँति अकेला ही उन सब भावों को टिमटिमा देता है। उदाहरण के लिए, मृत्यु को और उसके साथ सबध रखने वाले सजा-भाव तथा पुनर्जन्म आदि के अगणित भावो को एक कवि "मृत्यु" न कह उसे "निद्रा" इस नाम से पुकार कर अभिव्यक्त कर देता है। जिस कवि में थोडे शब्दों से बहुत अधिक अर्थ को प्रकाशित करने की यह शक्ति जितनी ही अधिक है वह उतना ही चतुर कलाकार माना जाता है।

*कवीय भाषा का आत्मिक रहस्य*

जहाँ हमारे आत्मा की केंद्रानुगामिनी शक्ति हमारे आत्मा में और उसके साथ हमारे आत्मप्रकाशन, अर्थात् हमारी भाषा मे सकोच अथवा नियत्रण उत्पन्न करती है, वहाँ वह ज्ञानेन्द्रियो द्वारा बाहर जा, वहाँ फैल कर पतले पडे हुए आत्मतत्त्व को अतर्मुख करके उसे घन तथा सान्द्र भी बनाती है; और साथ ही उसकी प्रकाशन-सामग्री भाषा को भी, जो दैनिक व्यवहार में आ, फैलकर पतली सी, निर्जीव सी हो जाती है—अंतर्मुख करके घन तथा मूर्त बना देती है। जो भाषा प्रतिदिन के सामान्य व्यवहार में "नाम" अथवा "शब्द" के रूप में

तरल थी, एक स्पष्ट शब्दरूप थी; वही अब साहित्य के राग-क्षेत्र में आ, आत्माभिमुख हो मूर्त बन जाती है; अर्थात् अब कमल के सौंदर्य का वर्णन प्रतिदिन की सामान्य भाषा मे न कर उसकी अभिव्यक्ति ऐसे शब्दों द्वारा की जाती है, जो कमल तत्त्व के प्रतिरूप हैं, उसकी प्रतिकृति हैं, और जिस प्रकार कमल को देख भावुक द्रष्टा के मन मे अगणित भावनाओ की लडी चल पडती है, उसी प्रकार कवि द्वारा प्रयुक्त उसके वाचक घनीभूत एक शब्द को पढ़कर पाठक के मन में वाच्यार्थ के साथ साथ लाक्षणिक तथा व्यग्य अर्थों की शृ खला बँध जाती है और इस प्रकार कवि का एक शब्द ही सामान्य पुरुषों द्वारा प्रयुक्त हुए सहस्रों शब्दों से अधिक अर्थों का द्योतक बन जाता है। ध्यान से देखने पर ज्ञात होगा कि जिस प्रकार एक कलाकार भाव के क्षेत्र में, अनवरत रूप से होने वाले अगणित परिवर्तनों के समष्टिरूप इस संसार में से, परिवर्तन के किसी एक विन्दु को ले उसी में जीवन का आदर्श प्रस्तुत करता है, उसी प्रकार वह कला-पक्ष मे आ, अगणित शब्दों की समष्टि मे से ऐसे शब्दों ढूँढ निकालता है, जो अपने आदर्श के साथ तदाकार होने के कारण उसे पाठक के सम्मुख मूर्तरूप में उपस्थित करते हैं; और वह भौतिक कमल के सम्मुख न होने पर भी उसका उसी रूप में दर्शन करने लगता है, और भौतिक कमल को अपनी आँखों से देखने पर जो भाव उसके मन में संचरित हो सकते थे, उनकी अपेक्षा इस वासनामय कमल को देख उसके मन में कही अधिक भाव उत्पन्न होते हैं और ये उनकी अपेक्षा कहीं अधिक सुखमय भी होते हैं।

शब्दों की इस अनेकार्थबोधिनी शक्ति को हमारे साहित्य शास्त्रों ने अभिधा, लक्षणा और व्यंजना इन तीन भागों में

*शब्दों की शक्ति* विभक्त करके, लक्षणा के उपादानलक्षणा, लक्षणा

*अभिधा, लक्षणा व्यंजना* लक्षणा, सारोपा, साध्यवसाना आदि चौबीस भेद; व्यंजना के अभिधामूलक और लक्षणामूलक ये दो प्रमुख भेद, और आर्थी व्यजना के वाच्य, लक्ष्य और व्यग्य इन तीन प्रकार के कारण, अनेक भेद किये हैं। अर्थ का उक्त विश्लेषण और वर्गीकरण शब्द शास्त्र की दृष्टि से अत्यत महत्त्वशाली होने पर भी साहित्य के रसास्वाद के लिए इतना अधिक उपयोगी नही है, इस लिए हम इस विश्लेषण में न पड़ इतना ही कहेगे कि इस सब का मूल साहित्यिक शब्दों की उस घनता, सांद्रता तथा आदर्शरूपता में है, जो आत्मा के रागान्वित होकर अन्तर्मुखी होने पर अर्थ और शब्द मे उत्पन्न होने वाली तदाकारता से उत्पन्न होती है।

*भाषा की शुद्धता, नियतता यथार्थता, और अभि-व्यंजकता* **साहित्य के मूल तत्त्व आत्मानुराग का** और उसमे स्वाभाविक-रूपेण प्रवर्तित होने वाले शाब्दिक तत्त्वों का उक्त निदर्शन हृद्गत कर लेने पर यह बताना आवश्यक नहीं रह जाता कि **आत्मानुराग की सच्ची निष्पत्ति होने पर कवि के शब्दो में शुद्धता ( correctness ) नियतता ( precision ), यथार्थता ( appropriateness ) और अभिव्यंजकता ( expressiveness )** स्वयमेव आ जाती हैं। एक सच्चे साहित्यकार को, रागों के द्वारा उसके आत्मा के अनुरक्त हो उठने पर, अपने भावो को व्यक्त करने के लिए कोषों से शब्द नहीं ढूंढने पड़ते; उसे प्रयुक्ताप्रयुक्त के झमेले में भी नहीं पड़ना पड़ता, उसे साहित्यशास्त्रियों के द्वारा उद्भूत किये गये अन्य सिद्धातों से भी परिचित नहीं होना पड़ता; उस समय उसकी जिह्वा पर स्वयमेव उचित शब्द नाचने लगते हैं, या यों कहिए कि उसके द्वारा उद्भावित किये जीवन का आदर्श, अर्थात् उसकी रचना का भावपक्ष—स्वयमेव आत्मानुरूप शब्द आदर्श को, अर्थात् कला-पक्ष

को ढूँढ लेता है। उस समय उसके शब्द स्वयमेव सांकेतिक, प्ररोचक और उद्दीपक बन जाते हैं।

**मूर्त तत्त्व और शब्दपट**

हमने अभी कहा था कि एक यथार्थ कवि विश्व में अविरतरूपेण घूमने वाली परिवर्तनों की शृंखला में से—और इसी परिवर्तन-माला का नाम सच्चा जीवन है—किसी एक कड़ी को पकड़ उसी मे जीवन-समष्टि को प्रतिरूपित करके हमारे सामने ला खड़ा करता है—और उसकी इसी क्रिया को हम कविता आदि के नाम से पुकारते हैं—उसके द्वारा भौतिक जगत् मे से उद्भावित किया हुआ जीवन का यह आदर्श अपने को प्रकाशित करने के लिए, सर्वादि शब्द के सूक्ष्म पट पर प्रतिफलित हो जाता है, जो पट, जगत् अर्थात् अर्थ के साथ साथ उसी के समान सदा से अविच्छिन्न बना चला आता है। बस, **एक चतुर कवि का सब से बड़ा काम है स्थूल तत्त्वों के आदर्श को—और इसी का पारिभाषिक नाम अर्थ है—और सूक्ष्म शब्दमय जगत् के ऊपर पड़ने वाले उसके प्रतिबिंब को अपनी वाणी अथवा लेखनी द्वारा जगत् के सम्मुख ला उपस्थित करना।**

***शब्द और अर्थ की अविभाज्यता***

उक्त तत्त्व के हृद्गत होते ही हमे इस बात की उपलब्धि हो जाती है कि जिस प्रकार हमारा बाह्य अर्थमय जगत् मूलरूप से एक अविभाज्य है, अर्थात् व्यक्तिरूपेण पृथक् पृथक् होने पर भी समष्टिरूपेण वह सारा अनवच्छिन्न एक है, उसी प्रकार उसका अनुरूपी शब्द-जगत् भी एक एक शब्द की दृष्टि से पृथक् पृथक् होने पर भी शब्दधारा की दृष्टि से अविभाज्य है, अर्थात् जिस प्रकार कवि के द्वारा उद्भावित जीवन आदर्श एक अखण्ड वस्तु है। इसी तत्त्व के आधार पर हमारे प्राचीन दर्शनकारों तथा वैयाकरणों ने जहाँ व्याख्येय बाह्य जगत् को अखण्ड माना है, वहाँ उसके अनुरूपी, उसकी व्याख्या करने वाले शब्दरूप वेद

**भगवान्** को भी नित्यानुपूर्वीमर्यादा निबद्ध माना है। जिस प्रकार हम सृष्टि के आदि कवि भगवान् की रचना के भाव-पक्ष, अर्थात् बाह्य जगत् में किञ्चित् परिवर्तन करते ही उसके सौंदर्य को खंडित कर देते है, जिस प्रकार हम एक सुरूप रमणी के केशपाशों को सिर से उतार उन्हे उसकी जंघाओ पर चिपका देने पर उस रमणी को रमणी से रीछ मे परिवर्तित कर देते हैं, इसी प्रकार इस भाव-पक्ष का व्याख्यान करने वाले शब्द रूप वेद की आनुपूर्वी में किञ्चित् भी भेद डालकर हम उसकी स्वारसिक रसिकता को भंग कर देते हैं। ठीक यही बात हम एक महान् कवि की रचना के विषय में कह सकते हैं।

*यथार्थ कविता का अनुवाद क्यों नहीं होता*

जिस प्रकार कालिदास की रचना का भाव-पक्ष अखंड है, जिस प्रकार उसके द्वारा उद्भावित किया गया जीवन का आदर्श अटूट एक है, उसी प्रकार भाव का अनुरूपी महाकवि का शब्द-पक्ष भी—अर्थात् वह शब्दमुकुर जिस पर उसके द्वारा खींचा हुआ जीवन का आदर्श प्रतिबिंबित हुआ है—एक अखंड तथा अटूट पट है। जिस प्रकार कालिदास के शकुन्तला नाटक में आप उसके भाव पक्ष में लेशमात्र भी भेद डालकर उसके स्वाभाविक सौंदर्य को नष्ट कर देंगे, उसी प्रकार उसके भाव-पक्ष को प्रतिफलित करने वाली उसकी शब्दानुपूर्वी में भी आप नाममात्र का परिवर्तन करके उसके सौंदर्य को खंडित कर देंगे। अर्थ और शब्द की इस तदात्मता के कारण ही **एक यथार्थ कवि की रचना का अन्य भाषा मे अनुवाद नहीं किया जा सकता**। इसलिए जब हम महाकवि बाणभट्ट की अनुपम गद्य-रचना कादंबरी का किसी अन्य भाषा में अनुवाद पढते हैं, तब हमारे सम्मुख उसके भाव-पक्ष का कंकाल बड़ी ही करुण दशा में आ उपस्थित होता है। प्रातः और सायं समय के वर्णन जिन्हें पढ़ हमारे

आत्मा में एक साथ विविध रंगों और अनुरागों की पिचकारियाँ छूटने लगती थी, अब निर्जीव, नीरस और उखडे-पुखडे दीख पड़ते हैं। इसी प्रकार जब हम अंग्रेजी के महाकवि शेक्सपीअर की अनुपम रचनाओं को हिन्दी आदि के अनुवाद में पढ़ते हैं, तब हमें उनकी सहस्रो विशेषताओ मे से एक का भी आभास नही होता और हम कह उठते हैं कि क्या इन्हीं थोथी रचनाओं के आधार पर इन्हे विश्व के दो या तीन कवियो में से एक बताया जाता है? आप अनुवाद करते समय रचना के भाव-पक्ष को तो हिलाते ही हैं, उसके कला-पक्ष को तो आप समूल ही तोड़ फेंकते हैं।

जब हम शब्द और अर्थ की इस दार्शनिक अविभाज्यता को भलीभाँति हृदयगत कर लेते हैं, तब साहित्य-शास्त्रियों का यह सिद्धांत हमारी समझ मे सहज ही आ जाता है कि शब्दों का अपना स्वतन्त्र अर्थ कोई नहीं है और वे परस्परोद्दीपन (inter-inanimation or inter penetration) अथवा परस्पर-प्रवेश के द्वारा ही—अर्थात् वाक्य मे आनुपूर्वी विशेष के साथ रखे जाने पर ही अर्थ को व्यक्त करते हैं, आनुपूर्वी विशेषों में रखे हुए एक ही अर्थ को नहीं, अपितु अर्थों की अगणित विधाओं को व्यक्त कर सकते हैं।

*शब्दों का परस्परोद्दीपन और परस्पर प्रवेश*

जिस प्रकार एक स्थूल अर्थ की, दूसरे अर्थों के नितात अभाव में, स्वतन्त्ररूपेण सत्ता नहीं कही जा सकती, इसी प्रकार एक शब्द की भी अन्य शब्दों के अभाव से स्वतन्त्र अर्थात् अर्थरूपी सत्ता नही सोची जा सकती। जिस प्रकार चित्रकार का एक बिंदु अन्य बिंदुओं के अभाव मे निरर्थक होता है, उसी प्रकार साहित्य-कार का एक शब्द भी अन्य शब्दों की अनुपस्थिति में सुतरां निरर्थक हो जाता है। और जिस प्रकार चित्रकार के विविध बिंदु, क्रमविशेष में विन्यस्त होकर ही आकारविशेष को अभिव्यक्त करते हैं, उसी

प्रकार एक सुकवि का शब्द-जगत् भी आनुपूर्वी विशेष में विन्यस्त होकर ही अर्थविशेष को अभिव्यक्त किया करता है। इसलिए एक सुकवि की रचना में पदों की सगति के साथ-साथ वाक्य की संगति भी अनिवार्य रूप से हुआ करती है।

**कविता और शब्दविन्यास**

कहना न होगा कि कलापक्ष को सुरूप बनाने मे शब्दो की और शब्द-विन्यास की प्राकृतिकता तथा स्वाभाविकता आवश्यक वस्तु है। ये दोनों बातें साहित्यिक पुरुष की आतरिक स्वाभाविकता पर निर्भर हैं। यदि वह कलाकर स्वय प्रकृतिप्रिय है, यदि उसके भावों में और आतर तथा बाह्य जगत् में अनुरूपता है तो वह अनुरूपता उसके शब्दों में स्वयमेव प्रतिफलित हो जाती है, और हमें उसकी रचना को पढते समय कही भी नही रुकना पड़ता; उसमें हम अप्रतिहत हो बहे चले जाते हैं। इस तत्त्व को ध्यान में रख जब हम महाकवि कालिदास के रघुवशातर्गत अज-विलाप को पढते हैं, तब हमें उसमें स्वयं प्रकृति रोती दीख पड़ती है, रघुवंश का शब्द शब्द रोता सुनाई पड़ता है, कालिदास और अज दोनों एक हो रोते दिखाई पडते हैं। और जब हम इस दृष्टि से उनके शकुन्तला नाटक में प्रवेश करते हैं, तब हमे वहाँ आश्रम का पत्ता पत्ता, वहाँ के पशु पक्षी, यहाँ तक कि उस खड की संपूर्ण समष्टि शकुन्तला और दुष्यन्त के साथ एक ही प्रेमरूपक की ओर अग्रसर होती दीख पड़ती है। विश्व-प्रेम के उस कथानक को खड़ा करते समय महाकवि की जिह्वा पर वे शब्द ही उतरे हैं, जो स्वयं प्रेम के प्रतिरूप हैं और जो तपस्वियों के आश्रम में प्रेम-दीक्षा लेने वाले दुष्यन्त और शकुन्तला की नाईं अपने आप भी प्रेम में पगे एक दूसरे के साथ सगत होकर विन्यस्त हुए पड़े हैं। कला-पक्ष का यही रुचिर परिपाक हमें महाकवि तुलसीदास तथा शेक्सपीअर की रचनाओं में उपलब्ध होता है।

किसी रचना में प्राकृतिकता तथा स्वाभाविकता होने पर यथार्थता स्वयमेव आ जाया करती है। हम अपने आधुनिक हिंदी-कवियों को अंग्रेज़ी तथा बँगला-कविता का विवेकशून्य अनुकरण करने की कुप्रवृत्ति के कारण एक असह्य दोष से ग्रस्त हुआ पाते हैं। इनमे से मैथिलीशरण, पंत तथा प्रसाद जैसे कतिपय गुनियों को छोड़ शेष सभी की रचनाएँ अप्राकृतिकता, अस्वाभाविकता तथा अयथार्थता में फँसी पड़ी हैं। इनमें से बहुतों में प्रतिभा का लेश नहीं, सूक्ष्मदर्शिता का नाम नहीं, फिर दार्शनिक दृष्टि का तो कहना ही क्या। जहाँ हृदय में तत्त्वज्ञान से उत्पन्न हुई विशदता तथा गभीरता नहीं, वहाँ सची रागात्मक दृष्टि उत्पन्न ही कैसे हो सकती है। कविता को सृजन करने वाले इन सब तत्त्वों के अभाव में इनमें से बहुसंख्यक कविमन्य कहीं अंग्रेज़ी की नकल कर और कही बँगला अथवा मराठी की नकल कर जनता के सम्मुख ऐसे बेसुरे राग अलाप रहे हैं, जिनका न कोई सिर है और न पैर। जिधर देखो उधर ही चालू प्रेम की चीख है और नुमायशी अग्नि ज्वाला की चौंध है। इस प्रकार के कवि हृदय की छोटी सी चिनगारी को शब्दाडम्बर द्वारा जनता के सम्मुख ज्वाला बना कर रखते हैं, वे कृत्रिम प्रेम को कबीर, रवीन्द्र तथा शैले का प्रेम बना कर दर्शाते हैं, इनकी रचनाओ में जहाँ शब्दों का भारी आटोप और आडम्बर है, वहाँ अंग्रेज़ी तथा बँगला से उधार ली हुई नई नई लाक्षणिकताओं का विडम्बन भी है। हृदयगाम्भीर्य न होने के कारण ये लोग तुच्छ सी बात पर चीख उठते और अपने पाठकों तथा श्रोताओं को अपनी चीख के द्वारा प्रभावित करना चाहते हैं। हिंदी साहित्य की वर्तमान में सब से बड़ी आवश्यकता उसके रचयिताओं में यथार्थता को उत्पन्न करना है। यथार्थता के होने पर सामान्य शब्द भी सजीव बन जाते हैं, और उसके अभाव मे शब्दों का ओजस्वी आटोप भी

*साहित्य की स्वाभाविकता और यथार्थता*

ढोल की पोल रह जाता है।

कलापक्ष के इन सब तत्त्वों के साथ साहित्यिक रचना में एकता अथवा सामंजस्य का होना आवश्यक है। इसके अभाव में कोई भी कला-तत्त्व परिपूर्ण नहीं हुआ करता। साहित्य की सब विधाओं में इसकी समान आवश्यकता है। मान लीजिए, आपकी रचना का प्रमुख ध्येय बुद्धि-तत्त्व अर्थात् विचारों को जागृत करना है, तो उसमें यह आवश्यक है कि पाठक को एक ही परिणाम की ओर अग्रसर किया जाय; यदि आपकी रचना एक महाकाव्य अथवा खण्डकाव्य है तो उसमें गौण कथाओं तथा घटनाओं को मुख्य कथा का परिपोषक बनाते हुए उसी एक का परिपाक करना चाहिए; यदि आपकी रचना आत्माभिव्यंजिनी गीति है तो उसमें एक ही मनोवेग को प्रधानता देनी चाहिए; और यदि आपकी रचना एक उपन्यास है—जिसमें अनेक पात्रों, घटनाओं तथा कथानकों का समावेश है—तो उसमें भी आप को प्रधान नायक तथा नायिका की कथा को प्रधान बनाना चाहिए, और गौण पात्रों तथा कथानको के द्वारा उनकी पुष्टि करनी चाहिए। विचारो को उद्बुद्ध करने वाली ऐतिहासिक रचनाओं में एकता अथवा सामजस्य उत्पन्न करना सहज है, किंतु महाकाव्यों तथा उपन्यासों में इसका निभाना किंचित् कठिन हो जाता है; क्योंकि इस कोटि की रचना के द्वारा कलाकार विश्व के बहुविध तथ्यों और मानव जगत् की बहुरूप भावनाओं को व्यक्त किया करता है। भावपक्ष और कला-पक्ष दोनों की यह एकता हमें महाकवि कालिदास, तुलसीदास तथा शेक्सपीअर की रचनाओं में अत्यंत ही रुचिर रूप में संपन्न हुई दृष्टिगत होती है। तुलसीदास ने अपने मानस में जगत् के जितने रूप और मनुष्य के

*एकता में कलापक्ष के सब गुणों का अंतर्भाव; कालिदास तुलसीदास शेक्सपीअर*

जितने भावो का चित्रण किया है उतना सभवतः किसी ही कवि ने किसी एक रचना में किया हो। हमें यहाँ प्रकृति के प्रायः सभी रूप और मानवजगत् के प्रायः सभी भाव कन्धे से कन्धा भिड़ाकर खड़े दीखते हैं। किन्तु यह सब कुछ होने पर भी उन्होंने अपनी रचना का प्रमुख ध्येय श्रीराम के प्रति श्रद्धा और प्रेम के भाव को बनाया है। रामायण के सभी कथानक और उसमें आने वाली सभी घटनाओं का प्रमुख लक्ष्य श्रीराम के प्रति प्रेम को चिरंजीवी बनाना है। बाह्य जगत् का चित्रण करते हुए भी उसका आंतरिक जगत् के साथ सामजस्य स्थापित करके ये महाकवि इन दोनों जगतो का रामरूप चरम चिति में ऐसा सुन्दर समन्वय करते हैं कि कहते नहीं बनता। ब्रह्मा, विष्णु और महेश के मुँह से बड़े बडे विविध विषयक उपाख्यान कहला उन्हें अन्त में ' हे उमा, यह सब श्रीराम ही की माया का प्रताप है" इस एक वाक्य द्वारा स्थूल घटना-जगत् से भावमय जगत् में ले जा गोस्वामी तुलसीदास जी ने भाव और कला-पक्ष की एकता का लोकोत्तर चमत्कार दिखाया है। एकता की ऐसी ही दिव्य विभूति हमें अंग्रेज़ी के महाकवि श्री शेक्सपीअर की रचनाओं में प्राप्त होती है। उदाहरण के लिए, उनके 'रोमिओ ऐंड जूलियट' नामक नाटक को लीजिए। सारे नाटक में यौवन और अनुराग का सान्द्र समीर बह रहा है। क्या भाषा, क्या परिस्थिति, क्या अक और क्या दृश्य विधान,—ग्रीष्म की वह प्रेम-निर्भर अर्धरात्रि, जब कि स्वय प्रकृति सर्वात्मना पुलकित हो, खड़ी, किसी ओर एक-टक निहार रही थी, वे आकाश में तैरने वाले बिजली भरे बादल, सभी का अवसान इस नाटक में एक सिरे से दूसरे सिरे तक प्रवाहित होने वाले अनुराग को परिपक्व बनाने में है। उन्होंने अपने मिड समर नाइट्स ड्रीम, ऐज़ यू लाइक इट, टैंपेस्ट और किंग लियर नामक नाटकों में भी एकता का ऐसा ही सुन्दर निदर्शन किया है।

किसी रचना के भाव-पक्ष और कला-पक्ष दोनों में समानरूप

से एकता तभी आ सकती है, जब कि उसके कर्ता में बुद्धि-तत्त्व और समवेदना के भाव पूर्णरूप से विकसित हो

*एकता का मूल*

चुके हों और वह अपनी व्यापिनी अंतर्दृष्टि से जीवन को समष्टि में देख एक साथ प्रतीप प्रवृत्ति वाले अनेक पात्रों की कल्पना कर सकता हो, उनके पारस्परिक सम्बन्ध को देख सकता हो, उनमें कौन मुख्य हैं और कौन उसके परिपोषक, इस बात को समझ सकता हो, संक्षेप में जीवन की संकुल ( complex ) परिस्थिति को एक निगाह में निहार सकता हो, और अन्त में इन सब बातों को तदनुरूप सक्षिप्त भाषा में व्यक्त कर सकता हो। किसी भी कला को पूर्णरूप से प्रभावोत्पादक बनाने के लिए उसमें उक्त बातों का होना आवश्यक है, फिर साहित्य-कला का तो कहना ही क्या।

यह कहने की आवश्यकता नहीं कि रचना के इस एकता नामक गुण में उसके अन्य सभी गुण आ जाते हैं, क्योंकि

*एकता, पूर्णता, व्यवस्था, संवादिता*

पूर्णता, व्यवस्था तथा संवादिता आदि के बिना किसी भी रचना में एकता की उपपत्ति असंभव है। किसी रचना को पूर्ण कहने से हमारा यह तात्पर्य है कि उसमें सभी आवश्यक तत्त्वों का समावेश है, उसमें कोई बात बीच में नहीं छूटी है और न ही किसी अनावश्यक तत्त्व का उसमें समावेश हो पाया है। नाटक के समान अनेक पात्रों तथा घटनाओं के वर्णन में भी पूर्णता का होना आवश्यक है और गीतिकाव्य के समान एक भाव को व्यक्त करने वाली रचना में भी इसका होना वाञ्छनीय है। कवि की अंतर्दृष्टि में पूर्णता आते ही उसकी रचना में इयत्ता आ जाती है; आवश्यक बातें उससे छूटती नहीं और अनावश्यक बातों को उस में स्थान नहीं मिलता।

**व्यवस्था से हमारा आशय रचना के विभिन्न भागों को सामंजस्य के साथ एक दूसरे के समीप सन्निहित**

*व्यवस्था*

**करने से है।** कथानक अथवा घटना की पराकोटि ( climax ) अनिवार्य रूप से यह नहीं चाहती कि रचना के अत तक पाठक अथवा द्रष्टा के मनोवेग उत्तरोत्तर उत्कट होते चले जाएँ और अन्त में उनका परिपाक हो। इसके विपरीत बहुत सी उत्कृष्ट रचनाओं मे यह पराकोटि रचना के अवसान से कुछ पहले हो चुकी होती है और रचना के अन्तिम प्रकरण में पाठक अथवा द्रष्टा का मनोवेग शनैः शनैः शात होता जाता है। शेक्सपीअर के दुःखांत नाटको में पराकोटि का यही निर्वारण मिलता है।

**सवादिता मे हम प्रासंगिता तथा प्रस्तावौचित्य के साथ-साथ अन्य बहुत सी बाते सम्मिलित करते हैं।**

*सवादिता*

एक सवादी रचना में न केवल अप्रासंगिक बातों का निराकरण किया जाता है, अपितु ऐसी बहुत सी प्रासगिक बातों को भी छोड़ दिया जाता है, जो घटना के अनुकूल होने पर भी या तो मनोभावो मे विरोध उत्पन्न करती हो अथवा अपनी उपस्थिति से रचना के भावना-संबधी प्रभाव को निर्बल बनाती हों। रचना में सवादिता उत्पन्न करने के लिए कभी कभी कलाकार ऐतिहासिक तथ्य की सीमा को लाँघ उसके विपरीत चला करता है। वह अपनी रचना की प्रमुख धारा को ध्यान में रख उससे सम्बन्ध रखने वाली बहुत सी ऐतिहासिक घटनाओं में, उनमें प्रमुख कथा के साथ अनुकूलता उत्पन्न करने के लिए—बहुत से परिवर्तन भी कर डालता है। इस संवादिता की सम्पत्ति के लिए ही कवि लोग विविध प्रकार से छंदों का प्रयोग करते हैं और अपनी रचना के साथ सम्बन्ध रखने वाली बहुत सी अन्य बातों में यथोचित काटछाँट

किया करते हैं। यदि हम विशुद्ध इतिहास की दृष्टि से शेक्सपीअर के 'ऐंटनी ऐंड क्लियोपेट्रा' नामक नाटक को पढ़ें तो संभव है इसमें हमें बहुत से कालविरोध तथा अन्य प्रकार के दोष मिल जाएँ, किंतु महाकवि ने अपने उद्देश्य, अर्थात् पाठको तथा प्रेक्षको के आत्मा मे रस की निष्पत्ति के लिए ऐतिहासिक उपकरणों की जिस मात्रा में आवश्यकता हुई है इतिहास से उतने ही लेकर बस कर दिया है और उन सब को, अपने लक्ष्यभूत रस का परिपाक करने के लिए इतिहास से भिन्न प्रकार के उपकरणो मे ऐसा मिला दिया है, जैसे साग में मसाला दिया जाता है। हमारे लिए सुप्रत्यक्ष नर और नारी की विष तथा अमृत-भरी प्रणय-लीला को उन्होंने एक विशाल ऐतिहासिक रंगभूमि के अंदर स्थापित करके उसे विराट् बना दिया है। हृदय के विप्लव के पश्चात् राष्ट्र-विप्लव उठ खड़ा होता है; प्रेम द्वन्द्व के साथ एक बन्धन मे बँधे रोम में पारस्परिक युद्ध की तैयारी होती है। एक ओर क्लियोपेट्रा के विलासभवन मे वीणा बज रही है और दूसरी ओर सुदूर समुद्र-तट से भैरव की संहार-भेरी उसके साथ स्वर मिलाकर और भी जोर से बज उठती है। कवि ने अपने करुण-रस के साथ ऐतिहासिक रस को मिला दिया है, और इस प्रकार हम में से बहुतों के साथ घटने वाली प्रतिदिन की घटना में इतिहास की दूरता तथा बृहत्ता उत्पन्न कर दी है। हिंदी के प्रसिद्ध नाटककार जयशंकर प्रसाद की स्कंदगुप्त विक्रमादित्य आदि रचनाओ में भी हमें ऐतिहासिक घटनाओं से उसी सीमा तक सहारा लिया गया प्रतीत होता है, जितनी कि उनकी रचनाओं को "ऐतिहासिक रस" द्वारा सरसित करने के लिए आवश्यक थी। फलतः उनकी रचनाओं में काल-दोष आदि की उद्भावना करना और उसके आधार पर उनके नाटकों को दोषपूर्ण बताना अनुचित प्रतीत होता है।

यहाँ तक हमने साहित्य के कला पक्ष को निखारने वाले उप-

करणों का विवेचन किया है। इन उपकरणों में, और विशेषतः **स्वाभाविकता तथा एकता** में रचना के कला-पक्ष को समजस बनाने वाले अन्य सभी तत्त्व सम्मिलित हो जाते हैं। किन्तु फिर भी भारतीय शास्त्रियों ने अपनी विस्तार-प्रियता तथा श्रेणी-विभाग की कुशलता के कारण इस विषय में जो कुछ और बातें कही हैं, उनका दिग्दर्शन करा देना अभीष्ट प्रतीत होता है।

हमारे यहाँ शब्दो में **शक्ति, गुण और वृत्ति** ये तीन बातें मानी गई हैं। शब्दो की त्रिविध शक्ति, अर्थात् अभिधा, लक्षणा और व्यजना का पहले निर्देश किया जा चुका है और इस पर भी सकेत किया जा चुका है कि ध्वनिकार जैसे आचार्यों ने **काव्य की आत्मा ध्वनि अर्थात् व्यग ही को माना** है। महामुनि भरत, अग्निपुराण, दंडी, ध्वनिकार ( आनन्द-वर्धन ) और मम्मट आदि ने गुणो का विस्तृत वर्णन किया है जिसका सक्षेप ध्वनिकार के अनुयायियों ने आलकारिक भाषा में यों किया है:—

*शब्दो की शक्ति, गुण, वृत्ति*

**' शब्द और अर्थ काव्य के शरीर हैं, रस आदि आत्मा हैं, गुण शूरवीरता आदि के समान हैं, दोष काणत्व आदि के तुल्य हैं, और अलंकार आभूषणो के समान"**।

इससे यह स्पष्ट हो जाता है कि रसों के साथ गुणो का अतरग सबंध है और अलकारों का बाह्य, गुण काव्य की आत्मा रस को निखारते हैं और अलकार उसके शरीर रूप शब्द और अर्थ को। साथ ही गुणों की वास्तविकता पर विवेचन करने के पश्चात् यह निर्धारित किया गया है कि शास्त्रियों द्वारा बताये गये बीस गुण कोमल, कठोर और स्पष्टार्थक इन तीन प्रकार की रचनाओ में विभक्त किये जा सकते हैं। इस प्रकार बीस गुणों के तीन हुए और उनके नाम भामह के अनुसार माधुर्य, ओज और प्रसाद रखे गये। आगे चल कर मम्मट ने बताया कि

शृंगार, करुण और शांत रसों में जो एक प्रकार की आह्लादकता रहती है जिसके कारण चित्त द्रुत हो जाता है, उसका नाम 'माधुर्य" है, वीर, रौद्र और बीभत्स रसों में जो उद्दीपकता रहती है जिसके कारण चित्त जल उठता है, उसे "ओज" कहते हैं, और जो सूखे ईंधन में अग्नि के समान, और स्वच्छ शर्करा तथा वस्त्रादि में जल के समान चित्त को रस से व्याप्त कर देता है, उस विकास-तत्त्व का नाम 'प्रसाद" है। फलतः गुण मुख्यतया रस के धर्म हैं और औपचारिक रूप से रचना के। इन तीनों गुणों को उत्पन्न करने के लिए शब्दों की बनावट के भी तीन प्रकार माने गये हैं, जिन्हे वृत्ति कहते हैं। ये वृत्तियाँ गुणों के अनुरूप ही—मधुरा, परुषा और प्रौढा कहाती है। इन्हीं तीन गुणों के आधार पर वाक्य-रचना की तीन रीतियाँ मानी गई हैं: वैदर्भी, गौडी और पाचाली। इस प्रकार माधुर्य गुण के लिए मधुरा वृत्ति और वैदर्भी रीति; ओज गुण के लिए परुषा वृत्ति और गौडी रीति; और प्रसाद गुण के लिए प्रौढा वृत्ति और पाचाली रीति निर्धारित की गई हैं। साथ ही यह भी बताया गया हैं कि शृंगार, करुण और शांत रसों में माधुर्य गुण का, और वीर, रौद्र तथा बीभत्स रसों में ओज गुण का उपयोग संगत है और प्रसाद गुण सभी रसों का समान रूप से परिपाक करता है। किन्तु विशेष प्रसंगों पर इनमें परिवर्तन भी किया जा सकता है, जैसे शृंगार रस का पोषक माधुर्य है, पर यदि नायक धीरोदात्त अथवा निशाचर हो, अथवा विशेष परिस्थिति में उद्दीप्त हो उठा हो, उसके भाषण में ओज गुण का होना आभूषण है। इसी प्रकार रौद्र और वीर रसों के परिपाक में गौडी रीति उपादेय बताई गई है, किन्तु अभिनय में बड़े समासों वाली वाक्यावली से दर्शकों के ऊब उठने की आशंका है। ऐसे प्रसंगो पर नियत सिद्धान्त के प्रतिकूल रचना करना दोष नहीं गिना जाता, प्रत्युत रचना की चातुरी का द्योतक

बन जाता है।

गुण और शैली के विवेचन के उपरांत अब अलंकारों के विषय में किंचित् दिग्दर्शन करा देना उचित प्रतीत होता है।

*अलंकारों का उत्थान*

आचार्यों ने अलकारों को **काव्यशोभाकर, शोभातिशायी** आदि कहा है, जिससे स्पष्ट है कि अलंकारों की वृत्ति पहले से ही सुन्दर अर्थ को और अधिक सुन्दर बनाना है। जिस प्रकार आभूषण रमणी के शरीर को पहले से अधिक रमणीय बना देते हैं, उसी प्रकार अलकार भी भाषा और अर्थ के सौंदर्य की वृद्धि करते, उनका उत्कर्ष निखारते और रस, भाव आदि को उत्तेजित करते हैं। आचार्यों ने अलकारों को शब्द और अर्थ का अस्थिर धर्म बताया है, इससे स्पष्ट है कि जिस प्रकार आभूषणों के बिना भी शरीर का नैसर्गिक सौंदर्य बना रहता है, उसी प्रकार अलकारो के अभाव में भी शब्द और अर्थ की सहज सुन्दरता बनी रहती है। पहले विस्तार के साथ बताया जा चुका है कि काव्य की आत्मा तथा उसके शरीर में भेद है, फिर अलकार तो इन दोनों को अलंकृत करने वाले ठहरे, फलतः इन्हीं को चद्रलोककार के समान काव्य की आत्मा बना देना अनुचित है। हम कह चुके है कि साहित्य की आत्मा **रागात्मक तत्त्व; कल्पना तत्त्व** तथा **बुद्धि तत्त्व** में सन्निहित है; और वास्तव मे साहित्य की महत्ता इन्हीं के द्वारा प्रतिपादित तथा व्यंजित होकर स्थिरता धारण करती है। अलंकार साहित्य की इस महत्ता को पुष्ट कर सकते हैं; वे अपने उपजीवी साहित्य-तत्त्वों के प्रतिनिधि नहीं बन सकते।

ऊपर कहा जा चुका है कि अलकार शब्द और अर्थ के अस्थिर धर्म हैं। इसी आधार पर अलंकारो के दो भेद किये गये हैं, एक **शब्दालंकार**, दूसरा **अर्थालंकार**। जो अलकार शब्द और अर्थ दोनों में चमत्कार लाते हों उन्हें **उभयालंकार** कहा जाता है।

शब्दालंकारो में मुख्य हैं अनुप्रास, यमक, श्लेष और वक्रोक्ति।

**अलंकारों के विविध वर्गीकरण का आधार**

श्लेष और यमक में बहुत थोड़ा अंतर है। जहाँ एक शब्द अनेक अर्थ दे, वहाँ श्लेष और जहाँ एक शब्द अनेक बार आवे और साथ ही भिन्न भिन्न अर्थ भी दे, वहाँ यमक अलकार होता है। अनुप्रास मे स्वरो के भिन्न रहते हुए भी सदृश वर्णों का अनेक बार प्रयोग होता है। जहाँ एक अभिप्राय से कहे हुए वाक्य को किसी दूसरे अर्थ मे लगा दिया जाता है, वहाँ वक्रोक्ति अलकार होता है। इन सब के बडे ही सूक्ष्म अनेक उपभेद किये गये हैं। अर्थालकार कल्पना के द्वारा बुद्धि को प्रभावित करते हैं, अतएव इनके दिग्दर्शन मे बुद्धि के तत्वों का विचार आवश्यक है। "हमारी प्रज्ञात्मक शक्तियाँ तीन भिन्न-भिन्न रूपों से हमे प्रभावित करती हैं, अर्थात् साम्य, विरोध और सान्निध्य से। जब समान पदार्थ हमारा ध्यान आकर्षित करते हैं, तब उनकी समानता का भाव हमारे मन पर अंकित हो जाता है। इसी प्रकार जब हम पदार्थों में विभेद देखते हैं, तब उनका पारस्परिक विरोध या अपेक्षता हमारे मन पर जम जाती है। जब हम एक पदार्थ को दूसरे के अनंतर और दूसरे को तीसरे के अनतर देखते हैं, अथवा दो का अभ्युदय एक साथ देखते हैं, तब हमारी मानसिक शक्ति बिना किसी प्रकार के व्यतिक्रम के हमारे मस्तिष्क पर अपनी छाप जमाती जाती है और काम पड़ने पर स्मरणशक्ति की सहायता से हम उन्हें पुनः यथा रूप उपस्थित करने में समर्थ होते हैं। अथवा जब दो पदार्थ एक दूसरे के अनन्तर हमारे ध्यान में उपस्थित होते हैं, या जब उन में से एक ही पदार्थ कभी समता और कभी विरोध का भाव व्यक्त करता है, तब हम अपने मन में उस का सम्बन्ध स्थापित करते हैं और एक का स्मरण होते ही दूसरा आप से आप हमारे ध्यान में आ जाता है। इसे ही सान्निध्य

या तटस्थता कहते हैं। साम्य, विरोध और सान्निध्य या तटस्थता के विचार से हम अर्थालंकार की तीन श्रेणियाँ बना सकते हैं और उनमें से उपभेदों को घटाकर अलंकारों की संख्या किसी सीमा तक नियत कर सकते हैं।

साम्यमूलक अर्थालकारों में उपमा, रूपक, उत्प्रेक्षा, अपह्नुति संदेह, अतिशयोक्ति, विरोध मूलक अर्थालंकारों में विरोध और विरोधाभास और अन्यसंसर्गमूलक अर्थालकारों में अन्योन्य, यथा-संख्य, पर्याय, परिसंख्या आदि ध्यान देने योग्य हैं।

*अलंकारों का औचित्य*

अलकार चाहे अप्रस्तुत वस्तु-योजना के रूप मे हों ( जैसे उपमा रूपक, उत्प्रेक्षा ), चाहे वाक्य-वक्रता के रूप मे ( जैसे अप्रस्तुतप्रशंसा, परिसंख्या, व्याजस्तुति, विरोध ); और चाहे वर्ण-विन्यास के रूप मे हो ( जैसे अनुप्रास ), ध्येय सब का प्रस्तुत भावना को पहले से अधिक सुन्दर बनाना है। मुख के वर्णन में जो कमल, चन्द्र आदि सम्मुख रखे जाते हैं वह केवल इसीलिए कि इनकी वर्णरुचिरता मृदुलता तथा दीप्ति आदि के योग से प्रस्तुत सौन्दर्य की भावना और बढे। साहश्य या साधर्म्य-प्रदर्शन उपमा और उत्प्रेक्षा आदि का प्रवृत्त लक्ष्य नही होता। इस बात से स्पष्ट है कि यदि किसी रचना मे सुन्दर तत्त्व का अभाव है, अथवा उसमे निगूढ़ भाव की अनुभूति नही है, तब उसे कितने भी चमत्कार, उक्ति-वैचित्र्य अथवा अलंकारों से क्यों न लादा जाय, उसमें यथार्थ साहित्यिकता नहीं आ सकती। केशव की रामचन्द्रिका में पचीसों ऐसे पद्य हैं, जिनमें उक्ति-वैचित्र्य की भद्दी भरती के चमत्कार के अतिरिक्त हृदय को स्पर्श करने वाली या पाठक को किसी तीव्र भावना में झुलाने वाली कोई बात न मिलेगी। "इनका उक्तिवैचित्र्य ठीक उसी प्रकार का है, जैसा कि उस कवि का, जो किसी राजा के यश की

धवलता को चारों ओर फैलती देख यह आशंका प्रकट करता है कि कहीं उसकी स्त्री के बाल भी सफेद न हो जाएँ अथवा प्रभात होने पर कौवों के काँव काँव का कारण इस भय को बताता है कि कहीं कालिमा को कीलने में प्रवृत्त हुआ सूर्य उन्हे भी काला देख उनका भी नाश न कर डाले।" ऐसी सूक्तियों से अनेक सुभाषित संग्रह भरे पड़े हैं, जिन्हे सुनकर थोड़ी देर के लिए श्रोता के मन में कुछ कुतूहल चाहे हो जाय, पर उनमें उसे काव्य का रागात्मक तत्त्व न मिलेगा। इसके विपरीत यदि किसी उक्ति की तली में उसके प्रवर्तक के रूप मे कोई गहरी कूक पैठी हुई है, तो चाहे उस उक्ति में वैचित्र्य हो या न हो, उसमें काव्य की सरसता बराबर पाई जायगी। हम मानते हैं कि हृदय पर जो प्रभाव पड़ता है, उसके मर्म का जो स्पर्श होता है, वह उक्ति ही के द्वारा होता है। पर उक्ति के लिए यह अनिवार्य नहीं है कि वह सदा चमत्कृत हो, वह हमेशा अनूठी और लोकोत्तर हो। ऐसी उक्ति जिसे सुनते ही मन किसी मार्मिक भावना मे विलीन न हो अकस्मात् उक्ति के अनूठेपन में लटक जाता है, काव्य नही एक सूक्तिमात्र है। बहुत से लोग काव्य और सूक्ति को एक ही समझते हैं। किन्तु दोनों के मौलिक अन्तर को सदा स्मरण रखना चाहिए। जो उक्ति श्रोता के हृदय को रस से आप्लावित कर दे, उसकी आंतरिक वीणा को शतधा मुखरित कर दे, उसमें वैचित्र्य हो या न हो, सच्चा काव्य है। इसके विपरीत जो उक्ति आत्मा में रस को न सचरित करती हुई एक मात्र कथन के अनूठेपन से श्रोता की बुद्धि को चकाचौंध कर देती हो, उसे हम सूक्ति कहते हैं।

*अलंकार और हिन्दी के मर्मी*

अपने हिन्दी-साहित्य में हमें काव्य और सूक्ति दोनो ही अपने रूप में प्राप्त होते हैं। जब हम हिन्दी के मर्मी अथवा साधक कवियों की रचनाओं का पारायण करते हैं, तब हमारे सम्मुख शृंगार रस अपने अत्यन्त

कवि ही सघन तथा रहस्यमय रूप में उपस्थित होता है। शृंगार के इस रहस्यमय विलास में हमारा पिण्ड किसी दूसरे पिंड से नहीं मिलता, हमारा मूर्त शरीर अपने प्रणयी के मूर्त तत्त्वों में नहीं समाता, यहाँ तो हमें उस अनिवचनीय एकता के दर्शन होते हैं, जो इस बहुरूपी, बहुविच्छिन्ननामा भौतिक जीवन का भीतरी ऐक्य-सूत्र है और जो पिंडीभूत बहु को एक बना कर टिकाए हुए है उसको एकता के सूत्र में पिरो कर थामे हुए है। इसी की गाढ अनुभूति से मर्मी कवियों की काव्य-धारा बही थी। पुष्प के अंतस् में जिस ऐक्य को देखकर हम प्रफुल्लित होते हैं, वह उसके पिंड मे नहीं है—वह उसकी गहराई मे अंतर्हित ऐसे सत्य में है, जो समस्त विश्व में एक के साथ दूसरे को निभृत सामंजस्य में धारण किये है। मर्मी कवियों की रचनाओं में उसी एक की लय लहरा रही है, उसी एक का प्रकाश फूटा पड रहा है। मर्मी कवि कबीर, दादू आदि ने जीवन की बहुविधता से पराङ्मुख हो, धर्मध्वजियों की कपोलकल्पनाओं से पीड़ित हो, और अचार-विचारों की चारदीवारी से खिन्न हो इनके निचले स्तर में प्रवाहित होने वाले एक सत्य शिव और सुन्दर को अपनी बरमाला पहनाई थी। स्वयवर की उस वरमाला में पत्र हैं, पुष्प हैं, उदीर्ण भाव हैं, निगूढ अनुभूति है, ऐक्य को वहन करने वाली भारत का वाणी है। उसमें अलकार नहीं, किसी प्रकार का प्रयत्नजन्य चमत्कार नहीं, उक्तियों का अनूठापन नहीं। यह सब होता भी कैसे, ये मर्मी साधक प्रायः समाज की उस श्रेणी मे जन्मे थे, जो शास्त्र के प्रकाश से सदा वचित रही है; जिसके जीवन निशीथ में कभी ज्ञान का दीपक जला ही नही। इन्होंने जो कुछ भी सीखा था—और वही था जीवन का चरम सार—वह स्वयं सीखा था, ऊपर नीचे मूक भाव से फैले हुए, जीवन-तंतुओं की समष्टि में से छान कर प्राप्त किया था। हम देखते हैं "कि सब वृक्ष अपनी लकड़ी के भीतर

एक ही प्रकार की अग्नि संचित कर रखते हैं। यह अग्नि वे किसी चूल्हे से मॉग कर नहीं लाते; चारों ओर से स्वयमेव सग्रह कर लेते हैं। वृक्ष के पत्तों को ज्यों ही सूर्य का प्रकाश छूता है, त्यों ही वे एक जाग्रत शक्ति के बल से हवा मे से कार्बन वायु खींच लेते हैं—ठीक इसी प्रकार मानव समाज मे सभी जगह इन मर्मी लोगों की एक सहज शक्ति दीख पड़ती है। ऊपर से उनके मन पर प्रकाश पड़ता है और वे चारों ओर की वायु मे से सत्य के तेजोरूप को अपने आप ही भीतर ग्रहण करने लगते हैं। उनका सग्रह शास्त्रभडार के शास्त्रीय वचनो के सनातन सचय मे से चुन कर किया हुआ नही होता। इसलिए उनकी वाणी ऐसी नवीन होती है कि उसका रस कभी सूखता ही नही।" हमने अभी कहा था कि हिन्दी-साहित्य के इन मर्मी कवियो की रचनाओ मे चमत्कार तथा उक्ति-वैचित्र्य का प्रयत्नजन्य विकास नही हुआ है, फिर भी इनकी रचनाएँ भारतीय साहित्य में अत्यन्त उच्च कोटि की संपन्न हुई हैं।

*अलकार और हिन्दी के रीति-मार्गी कवि*

सभी जानते हैं कि जिस प्रकार ससार मे, उसी प्रकार साहित्य मे भी विषयी पुरुष होते हैं। विषयी पुरुषों का लक्षण ही यह है कि वे सत्य को नहीं प्राप्त कर पाते, इस लिए जड़ पदार्थो की प्राप्ति मे ही अपनी इतिकर्तव्यता मानते हैं। "साहित्य मे भी जब रस वस्तु के प्रति स्वाभाविक ममता नहीं होती, "दर्द" नहीं होता, तब कौशल के परिमाण को लेकर ही उसका मूल्य आँका जाता है।" रस साहित्य का आतरिक प्रकाश है और कौशल बाहर का उपसर्ग; इसी को लेकर बाहर का वाहन भीतर के सत्य को ढक कर गर्व करता है। रसिक इससे पीड़ित होते हैं और विषयी पुरुष इस पर वाहवाह करते हैं। हिन्दी के रीतिमार्गी कवियों में से बहुतों की रचनाओं में यही बात दृष्टिगत होती है। जहाँ हमने मर्मी

कवियों में विरह की वेदना का अत्यंत मार्मिक निर्वचन पाया था, वहाँ रीतिमार्ग के नेता कवि बिहारी की रचनाओं में हमें उसका बड़ा ही मज़ाकिया रूप दीख पड़ता है। इस दृष्टि से उनकी उन उक्तियों को पढ जाइये जिनमें विरहिणी के शरीर के पास ले जाते ले जाते शीशी का गुलाबजल सूख जाता है, उसके विरह-ताप की लपट के मारे माघ के महीने मे भी पड़ोसियों का रहना कठिन हो जाता है, कृशता के कारण विरहिणी साँस खीचने के साथ दो-चार हाथ आगे उड जाती है। अत्युक्ति के इस अनूठेपन को देख कर सभी स्तम्भित रह जाते हैं। बिहारी के पश्चात् एकमात्र चमत्कारवाद ही कविता का लक्ष्य रह गया, यहाँ तक कि उसके अनुयायी कवियों ने अपनी रचनाओं मे अलकारो के व्यापी आटोप मे कविता को बिलकुल ही छिपा दिया नष्ट कर दिया। उन्नीसवीं शताब्दी के आरम्भ तक हमारे साहित्य की प्रायः यही दुर्दशा रही।

*उपसहार*

कहने का तात्पर्य यही है कि अलकारो का उचित प्रयोग ही साहित्य की श्रीवृद्धि करता है, जब साहित्य के यथार्थ तत्त्व, रागात्मक भावना को भुला साहित्यिक पुरुष एकमात्र उक्ति-वैचित्र्य पर उतर आते हैं, तब साहित्य निर्जीव बन जाता है, और उस पर पड़ा हुआ अलकारों का ढेर ठीक ऐसा ही होता है, जैसे उसे रमणी के शरीर से उतार कर मट्टी के ढेर पर डाल दिया जाय।

# साहित्य और जातीयता

पिछले प्रकरण में की गई विवेचना के अनुसार साहित्य उस रचना को कहते हैं, जिसमें हमारे **मनोवेगो को तरंगित करने की स्थायी शक्ति विद्यमान हो**। मनोवेगों को तरंगित करने का प्रत्येक लेखक का ढग अपना निराला होता है; इसे हम साहित्यिक परिभाषा में **व्यक्तित्व-मुद्रण** के नाम से पुकारा करते हैं। व्यक्तियों की समष्टि का नाम ही राष्ट्र अथवा जाति है। और जिस प्रकार एक व्यक्ति अपनी रचना में अपने आपे को सपुटित करता है, इसी प्रकार व्यक्तियों की समष्टि एक जाति भी अपनी साहित्य-समष्टि में अपने आपे को प्रतिफलित किया करती है।

*जगत् के प्रति भारतीयों का दृष्टिकोण*

साहित्य के भीतर दृष्टिगोचर होने वाले इस व्यक्तित्व सन्निधान को ध्यान में रखकर जब हम अपने भारतीय साहित्य पर दृष्टिपात करते हैं, तब हमें ज्ञात होता है कि जिस प्रकार आदि काल से ही भारतीय आर्यों का जीवन धर्म-प्राण रहा है उसी प्रकार उनका साहित्य भी—जो उनके जीवन का रागात्मक व्याख्यान है—धर्म से उच्छ्वसित होता आया है। हमारे यहाँ देववाणी में दुनिया को **संसार** अथवा **जगत्** के नाम से पुकारा जाता है, और इन दोनों ही शब्दों में हमारे सारे आध्यात्मिक जीवन का और उसका रागात्मक व्याख्यान करने वाले साहित्य का सार आ जाता है। क्या अणुओं में और क्या उनकी समष्टि अखड ब्रह्मांड में हमें दो तत्त्व दीख पड़ते हैं। एक क्रिया, दूसरा उससे उत्पन्न होने वाला परिवर्तन। हम देखते हैं कि यह अमित भूखंड, ये अगणित नक्षत्र, ये चन्द्र और सूर्य, किसी

अप्रवर्तित गति में अनादि काल से घूमते आये हैं। हम प्रतिक्षण अपनी आँखों के सम्मुख प्रत्येक वस्तु को एक स्थूल अथवा सूक्ष्म प्रकार की गति मे भ्रमित होता पाते हैं, और इस गति के साथ ही उसके जन्म, स्थिति और भग के रहस्यमय नाटक को अभिनीत होता देखते हैं। किंतु इस अनवरत गति के मूल में, परिवर्तनों की इस अविच्छिन्न सतति के पीछे हमे यह भी भान होता है कि गति और परिवर्तनशील वस्तु के व्यक्तिरूपेण नष्ट होने पर भी परिवर्तनशील उसका सन्तानवाही आत्मतत्त्व निर्विकार बना रहता है, परिवर्तनों की उद्दाम कल्लोलिनी मे सदा निश्चल पड़ा रहता है।

*यावज्जीवन कर्म में रहते हुए भी संसार से पृथक् रहना*

हमारे भारतीय दर्शन ने इसी आधार पर हमे इस ससार में ससार ही की भाँति यावज्जीवन क्रियाशील रहते हुए भी उसके मूल मे निहित आत्मा की स्थायिता को अनुभव करने का आदेश दिया है, और जिस प्रकार कनक, कुंडल आदि व्यक्तिरूप में प्रवर्तित होकर विलीन होते हैं, किन्तु उनके मूल में प्रवाहित होने वाला सुवर्ण-तत्त्व उनमें रहकर भी उनसे पृथक् रहता है और सदा एकरस बना रहता है, इसी प्रकार आत्मा को, इस "ससार" अथवा "जगत्" में प्रवाहित होने पर भी इससे स्वतन्त्र रहने की, इससे मुक्त होने की, अपना निर्वाण पाने की इच्छा बनाये रखनी चाहिए। हमारे गृह-धर्म, हमारे सन्यास-धर्म, हमारे आहार विहार के सारे यम-नियम और वैरागी भिक्षुओ के ज्ञान से लेकर बड़े-बड़े तत्त्वज्ञानियों के शास्त्र-चिंतन पर्यंत, सर्वत्र ही समान रूप से इस भाव का आधिपत्य हुआ दीख पड़ता है। कृषक से लेकर पंडित तक सभी इस बात को कहते आये हैं कि हम लोगों ने दुर्लभ मानव जीवन

इसीलिए पाया है कि समझ बूझकर हम मुक्ति का मार्ग पकड़ें, संसार के अनन्त आवर्तों के आकर्षणों से अपने को पृथक् रखें।

*वाल्मीकि, व्यास, कालिदास*

हमारी इस नैसर्गिक प्रवृत्ति को हमारे साहित्यकारों ने बड़े ही भव्य प्रकार से उपपादित किया है। स्थल स्थल पर जहाँ हमें वैदिक साहित्य कर्मण्यता तथा कर्मठता की ओर अग्रसर करता है वहाँ यह हमे अपने आदि स्रोत आत्मा का आभास दिलाकर मुक्ति का मार्ग भी दर्शाता है। इसी उद्देश्य से उसने अपने नासदीय सूक्त में भव बन्धन अथवा भवबन्धुओं के आदि मूल पर ऐसा विशद प्रकाश डाला है, जैसा हमे अन्यत्र किसी भी साहित्य मे नही दृष्टिगोचर होता। वाल्मीकि की रामायण और व्यास के महाभारत मे हमें यही तत्त्व और भी अधिक स्पष्ट तथा परिष्कृत रूप में उपलब्ध होता है। श्रीराम ने रावण के वध के उपरान्त सिंहासनारूढ हो सीता को वन में प्रस्थापित करके, और धर्मराज युधिष्ठिर ने कौरवों पर विजय प्राप्त करके, सिंहासन को भोग, बन्धु-बाधव सहित स्वर्गारोहण करके इस तत्त्व की गरिमा को और भी गुरुतर बनाया है। बौद्धों के साहित्य धम्मपद आदि मे तो कर्म करते हुए मुक्ति की यह लालसा और भी स्वच्छ रूप मे उल्लसित हुई है। वहाँ तो बुद्ध भगवान् ने आत्मा और अनात्म के विवेचन में न पड़ कर्म के द्वारा ही निर्वाण का पथ-दर्शन कराया है। हमारे राष्ट्रीय कवि भगवान् कालिदास ने तो अपनी अमर रचनाओं में, कर्म करते हुए मुक्त होने की इस अभिलाषा को अत्यन्त ही ललित रूप में मुखरित किया है। उन्होंने अपनी रचना को सौंदर्य के सार में निर्मित करके भी उसे भोग-पराङ्मुख बनाये रखा है। जिस प्रकार हम महाभारत को एक ही साथ कर्म और वैराग्य का काव्य कहते हैं, उसी प्रकार कालिदास भी एक साथ सौंदर्य के उपासक और

भोग से पराङ्मुख कवि कहे जा सकते हैं। उनकी रचना सौंदर्य-भोग मे नही समाप्त होता। कवि उसको पार करके ही शात हुए हैं, उन्होंने अपनी लेखनी को अन्तिम समय वैराग्य-सागर में ही विलीन किया है। "उनकी सर्वश्रेष्ठ रचना शकुन्तला में हम उनकी तापस-नायिका शकुन्तला पर एक गभीर परिणति अवतीर्ण होती देखते हैं। वह परिणति फूल से फल मे, मर्त्य से स्वर्ग में और स्वभाव से धर्म में होने वाली दिव्य परिणति है। मेघदूत में जैसे पूर्व-मेघ और उत्तर मेघ है, अर्थात् पूर्वमेघ मे पृथिवी के विचित्र सौंदर्य का पर्यटन करके उत्तरमेघ में अलकापुरी के नित्य सौंदर्य में उत्तीर्ण होना होता है, वैसे ही शकुन्तला में एक पूर्वमिलन और दूसरा उत्तरमिलन है। प्रथम अक के उस मर्त्यलोकसबंधी चंचल, सौंदर्यमय तथा अटपटे पूर्वमिलन से स्वर्ग के तपोवन में शाश्वत तथा आनन्द-मय उत्तरमिलन की यात्रा ही वास्तव में शकुन्तला नाटक है। यहाँ केवल विशेषतया किसी भाव की अवतारणा नही है और न विशेषतः किसी चित्र का विकास ही है। यह तो सारे काव्य-लोक को इहलोक से अन्य लोक में ले जाना और प्रेम को स्वभाव-सौंदर्य के देश से मगलसौंदर्य के अक्षय स्वर्गधाम मे उत्तीर्ण करना है।" जो बात शकुन्तला में है वही बात कवि ने कुमारसभव में भी सपन्न की है। दोनों काव्यों के विषय प्रच्छन्नभाव से एक ही हैं। दोनों ही काव्यों में कामदेव ने जिस मिलन-व्यापार को परिपूर्ण करने की चेष्टा की है, उसमें दैवशाप ने विघ्न उपस्थित कर दिया है। वह मिलन असंपन्न और असपूर्ण होकर परम सुन्दर मिलन-मंदिर मे ही दैवाहत होकर मर गया है। उसके अनन्तर दारुण दुःख और दुःसह विरह-व्रत द्वारा जो मिलन संपन्न हुआ है; उसकी प्रकृति कुछ और ही है। वह सौंदर्य के अशेष बाह्य आडंबरों को छोड़कर निर्मल वेश में कल्याण की कमनीय कांति से जगमगा उठा है।

जीवन के इस तत्त्व को ध्यान में रखते हुए जब हम अपने हिन्दी-कवियों की ओर अग्रसर होते हैं, तब हमें उनकी

*हिन्दी कवि*

रचनाओं मे भी इसका सुन्दर परिपाक हुआ दृष्टिगत होता है। हिंदी साहित्य के सुवर्ण युग में महात्मा रामानन्द की शिष्य-परंपरा मे एक ओर कबीर हुए, जिन्होंने निर्गुण परमात्मा के निरजन रूप को ज्ञान के द्वारा प्राप्त करने का उपदेश दिया और दूसरी ओर भक्तवछल गोस्वामी तुलसीदास हुए, जिन्होंने जन साधारण के लिए निरजन ब्रह्म के दर्शन पाना असभव समझ, श्रीराम के रूप मे उस के सगुण रूप की गरिमा गाई। इसी काल में भारतीय अद्वैतवाद तथा सूफी मतव्यों के संकलन से रहस्यवादी प्रेममार्ग का सूत्रपात हुआ, जो कुतबन तथा जायसी आदि प्रेमगाथाकारों की, प्रस्तुत में अप्रस्तुत की उद्‌भावना करने वाली भावोन्मुख कृतियों मे परिनिष्ठित हुआ। इन्ही दिनों वल्लभाचार्य और उनके पुत्र विट्ठलनाथ की प्रेरणा से कृष्णभक्ति संप्रदाय का अविर्भाव हुआ, जिसकी परिनिष्ठा भक्त शिरोमणि सूरदास की दिव्य वाणी मे हुई। इस प्रकार हमें तत्कालीन भक्ति की एक ही मदाकिनी कबीर आदि संत कवियों की ज्ञानाश्रयी शाखा निर्गुणोपासना, तुलसीदास की सगुण रामभक्ति, जायसी की सगुण-निर्गुण ब्रह्मनिष्ठा और सूरदास की सगुण कृष्णोपासना इन तीन धाराओं में विभक्त होकर प्रवाहित होती दृष्टिगत होती है।

भक्तिकाल की उक्त रचनाओं में सौंदर्य तथा त्याग का ऐसा वर्णनातीत सामंजस्य बन आया है कि उसकी

*तुलसीदास*

प्रतिभा हमें किसी और साहित्य में कठिनता से ही मिल सकेगी। हमारे राष्ट्रीय कवि तुलसीदास ने रामसीता के प्रेम को, वन में बिताये उनके गृहस्थ-जीवन को और अंत

में रावणवधोपरान्त सीतारानी के पुनर्मिलन में विलसित हुए भोग तथा योग को, लक्ष्मण और भरत के तपोमय ब्रह्मचर्य में ढक कर हमारे सम्मुख जीवन- समष्टि की एक अभूतपूर्व तपोमयी उत्थानिका सपादित की है। वे अपनी रचना मानस मे भौतिक जगत् का सर्वतोमुखी व्याख्यान करते करते क्षण भर में उसे अपनी भक्तिरूप अंजनशलाका से रंजित करके आत्मजगत् मे परिवर्तित कर देते हैं और पाठक मानवीय जगत् में बैठे मनुष्य के ऊपर बीतने वाली घटनाओ पर हँसते रोते क्षण भर मे उस लोकोत्तर क्षेत्र मे पहुँच जाता है, जहाँ उसके सब इंहितो तथा चेष्टितो का अवसान है, जहाँ उसके पार्थिव जीवन की सदा के लिए इतिश्री है। तुलसीदास की रचना मे यह जो धर्म की मंगलमयी निर्मल मंदाकिनी निर्झरित होती है इस मे कैसी श्री, कैसी शान्ति, और कैसी संपूर्णता है इसे सहृदय पाठक स्वयं ही समझ सकते है।

*रवीन्द्र तथा गांधी*

भारतीय जीवन के आधारभूत इस धर्मतत्त्व को ध्यान मे रखते हुए यदि हम बँगला, मराठी अथवा गुजराती साहित्य का अध्ययन करें तो वहाँ भी हमें साहित्य का परिपाक धर्म में ही होता दीख पड़ेगा और इस विषय मे हम महाप्रभु चैतन्य, रामदास, मीरा और नरसिंह मेहता की भक्ति धर्म भरित रचनाओं पर कुछ न लिखते हुए पाठकों का ध्यान बँगला और गुजराती के श्रेष्ठ लेखक श्रीरवीन्द्र तथा महात्मा गान्धी की रचनाओं की ओर आकृष्ट करेंगे, जिन्होंने राजनीति, समाज, अर्थशास्त्र, विज्ञान तथा इन सबसे उत्पन्न हुई अभूतपूर्व उथल-पुथल के क्रान्तिकारी, आदर्श-विहीन इस आधुनिक युग में भी वाल्मीकि, व्यास, कालिदास तथा तुलसीदास की भाँति हमारे जीवन और हमारे साहित्य का धर्म के साथ अभूतपूर्व सामंजस्य उपस्थित किया है। दोनों ही में पौरस्त्य तथा पाश्चात्य सभ्य-

ताओं का अद्भुत संकलन हुआ है। दोनों ही पाश्चात्य सभ्यता की वैभवमयी गोद में पले हैं, दोनों ही विज्ञान, व्यवसाय तथा जनतंत्रवाद से उपजी नवयुग की अभिनव सामग्री मे जीते हैं, किन्तु दोनो ही ने अपनी धार्मिक अंतर्दृष्टि के द्वारा इन सब बातों पर आधिपत्य प्राप्त किया है। भारतीय जीवन का आदर्श इन दोनो की रचनाओ में पराकोटि को पहुँचा है, भारतीय साहित्य का इन दोनो की रचनाओं मे सब से अधिक रमणीय प्रदर्शन हुआ है।

*आर्य जाति की दो धाराएँ*

प्राचीन आर्य-सभ्यता की एक धारा जहाँ भारत मे प्रवाहित हुई, वहाँ उसकी दूसरी धारा ने यूरोप को सरसाया है। जिस प्रकार भारत मे बहनेवाली धारा रामायण और महाभारत इन दो महाकाव्यों मे इस देश के वृत्तातों और सगीतो को सचित किये चली आ रही है, उसी प्रकार यूरोप की धारा 'इलियड' और 'ओडेसी' इन दो महाकाव्यो मे यूरोप के वृत्तान्तो और संगीतो को मुखरित करती प्रवाहित हो रही है।

*ग्रीक साहित्य*

और यद्यपि ग्रीस मे ईसा से [illegible]० वर्ष पूर्व उत्पन्न हुए महाकवि होमर द्वारा एकत्र किये गये इलियड और ओडेसी इन दो महाकाव्यों मे सत्य सौंदर्य, तथा स्वातन्त्र्य का अत्यत ही अनूठा सम्मिश्रण सपन्न हुआ है, तथापि उनमें भारत के समान घटनावलियो का आधार धर्म न होकर राजनीति तथा जातीयता में उद्भावित किया गया है। हम मानते हैं कि सत्य और सौंदर्य ही मनुष्य को स्वतंत्र करते हैं, सत्य और स्वातंत्र्य ही जीवन को सुन्दर बनाते हैं और सौदर्य तथा स्वातन्त्र्य ही से सत्य की रक्षा सभव है। किन्तु साथ ही हमारी दृष्टि में इन तत्त्वों के अन्तस्तल में, एक ऐसा समष्टिभूत तत्त्व निहित रहता है, जिसे हम "धर्म" [illegible] नाम से पुकारा करते हैं। इस तत्त्व की

होमर की रचनाओ में वैसी परिपक्व अभिव्यक्ति नहीं हुई जैसी वह रामायण तथा महाभारत में संपन्न हुई है। और इसमें एक कारण भी है। हम जानते हैं कि ईसा के जन्म से ८०० वर्ष पहले के ग्रीस देश की दशा में एक परिवर्तन हुआ था, जिसने उस देश के महाकाव्यो को निर्बल बना दिया था। होमर की प्रतिभा अधकार-युगीय ग्रीस में चमकी थी, जब कि कवियों के विचार रसविहीन वर्तमान से उपरत हो रसाप्लावित भूत की ओर झुक रहे थे। किंतु आठवीं बी० सी० तथा उसके पश्चात् आने वाली सदियों में उत्पन्न हुए ग्रीक नागरिक राज्य, तथा उस देश मे विकसित होने वाले औपनिवेशिक आदोलनों ने ग्रीक विचारधारा को नवीन क्षेत्रो मे प्रवाहित कर दिया। अब ग्रीक कवियो तथा विचारको का ध्यान उस काल की अशात परिस्थिति के विश्लेषण मे लग गया और उन्होने अपने साहित्य में उसी प्रकार के अशांत भावो को मुखरित किया, जिनमे वे जी रहे थे। फलतः ७०० वीं बी० सी० के पश्चात् ग्रीस में महाकाव्य का स्थान शोक प्रधान अथवा आत्माभिव्यंजनी कविताओ ने ले लिया, जिनकी विशेषता इस बात में थी कि वे महाकाव्यों की अपेक्षा कहीं अधिक संक्षिप्त होती थीं और उनमें उस विविधता तथा वैचित्र्य का उद्‌गम न हो पाता जिन मे होमर की रचनाएँ आमूलचूल डूबी हुई हैं। इस काल के पश्चात् होने वाली सभी रचनाओं में राजनीति और जातीयता का आधिपत्य है जिनकी सरिता ने ग्रीस देश से निकल कर शनैः शनैः आज सारे यूरोप और अमेरिका को आप्लावित कर दिया है। इस प्रकार जहाँ हमें भारतीय साहित्य मे धार्मिक रागो की वीणा ध्वनित होती सुनाई पड़ती है, वहाँ यूरोप के साहित्य में राष्ट्र निर्माण तथा उसके साथ संबंध रखने वाली भौतिक तत्त्वों की अशात उठ-बैठ दीख पड़ती है। यदि भारत के निर्माताओं ने अनेक चेष्टाओ और परिवर्तनों के भीतर से समाज में धर्म को अनेक रूप देने की भव्य चेष्टा की है, तो यूरोप के राष्ट्र-

निर्माताओं ने अनेक चेष्टाओं और परिवर्तनो के भीतर से राष्ट्र-संघटन की कर्मण्य चेष्टा की है।

इस प्रकार हम कह सकते हैं कि यदि भारत में धार्मिक चेष्टा ने अन्य सभी प्रकार की चेष्टाओं पर स्वामित्व प्राप्त किया है, तो यूरोप मे राष्ट्रीय-चेष्टा ने अन्य सभी ईहितो पर आधिपत्य स्थापित किया है। धर्म का आंशिक उदय तो वहाँ भी हुआ था, किंतु शनैः शनैः वह भी राष्ट्र का ही एक अंग बन गया है।

*पाश्चात्य और पौरस्त्य साहित्य के दृष्टिकोण में भेद*

यूरोप की इस भौतिक प्रवृत्ति ने, उसकी इस राष्ट्र निर्माणेच्छा ने, उसको जीवन की किन किन दारुण घाटियो में उतारा है, उसको नरघात तथा मनस्ताप की कैसी दुःसह घड़ियाँ दिखाई हैं इस बात पर प्रकाश डालने की यहाँ आवश्यकता नही है। उनकी इस प्रवृत्ति ने, उनकी इस अंध भूत-पूजा ने, उनके साहित्य मे दीख पड़ने वाली अन्य बहुत सी भव्य प्रवृत्तियो को किस प्रकार दबा रखा है, यह बात फ्रैंच, इंग्लिश तथा जर्मन साहित्य के अनुशीलन से भलीभाँति प्रकट हो जाती है।

---

# कविता क्या है ?

साहित्य पर विचार करते समय हम देख चुके हैं कि साहित्य उन रचनाओं का नाम है, जिनमें श्रोता अथवा पाठक के मनोवेगों को प्रस्फुरित करने की स्थायी शक्ति विद्यमान हो, और जिनमें रागात्मक, बुद्ध्यात्मक तथा रचनात्मक तत्त्वों का संकलन हो। साहित्य की इस शक्ति को हमारे आचार्यों ने रसवत्ता के नाम से पुकारा है और यह रसवत्ता, रचना की जिस किसी भी विधा में संपन्न होती हो, उसे उन्होंने काव्य की संज्ञा देते हुए उसमें कविता, नाटक, चंपू, उप-

न्यास तथा आख्यायिका आदि सभी का समावेश किया है। प्रस्तुत प्रकरण में काव्य के प्रमुख अंग कविता पर विचार किया जायगा।

*कविता के प्रति दो दृष्टिकोण*

कविता के सर्वांश-पूर्ण लक्षण ढूँढना अत्यन्त कठिन है। जिस प्रकार कवित्व-रचनाओं की अगणित विधाएँ हैं, उसी प्रकार उसके लक्षणों की भी भारी संख्या है। कविता का लक्षण देने वालों में हमें दो प्रकार के विद्वान दीख पड़ते हैं: प्रथम वे जो कविता को हृदय का एक उच्छृङ्खल स्फुरण समझते हुए उसकी अवज्ञा नहीं तो उपेक्षा अवश्य करते हैं। दूसरे वे और इनमे कविता के पुजारी कवियो की सख्या अधिक है—जो कविता को मनुष्य के सर्वोत्कृष्ट भावो का सर्वोत्तम भाषा मे प्रकाशन समझते हुए उसे ससार की सब कलाओं और विभूतियों का अधिराज बताते हैं। कविता के ये पुजारी उसे इतना अधिक उत्कृष्ट तथा पावन मानते हैं कि उनकी दृष्टि में उसका कोई लक्षण हो ही नही सकता। इनकी मति मे कविता जनसामान्य की दृष्टि परिधि से बाहर रहने वाली देवी और उनकी दिनचर्या से दूर रहने वाली एक अप्सरा है। सामान्य पुरुषों के साथ उसका सम्बन्ध नहीं और उसके दरबार में जनसामान्य की पहुँच नही।

प्रथम कोटि के पुरुष--और इनकी संख्या कविता की पूजा करने वाले कवियो से कही अधिक है—कविता को केवल चितरजन का एक साधन समझते हैं। इनकी दृष्टि में कविता ऐसे पुरुषो के मस्तिष्क की उपज है, जिनका ससार मे कोई लक्ष्य-विशेष नहीं है। ये लोग कविता को किसी सीमा तक हेय वस्तु समझते हैं। इनके विचार में कविता मनुष्य को आचार से च्युत करती है, वह उसकी मानसिक शक्ति को निर्बल बनाती है, उसके अध्यवसाय तथा निर्धारिणी वृत्ति को शिथिल करती है, वह मनुष्य की बुद्धि में जड़ता

उपजा उसे उमंगों तथा भावनाओं की भँवरी में डालती है, और इस प्रकार उसे सत्य के मार्ग से विमुख नहीं तो उसका अपेक्षी अवश्य बना देती है। इनकी दृष्टि मे कविता एक विषैली सुरा है, वह एक अविश्वसनीय सेवक तथा घातक स्वामी है। दानवों की यह सुरा श्रोता और पाठक की मति पर असत्यता का आवरण डाल देती है। धर्म के नेता कविता को आदि काल से इसी सदेह की दृष्टि से देखते आये हैं। इस बात में उनका व्यावसायिक तथा वैज्ञानिक पुरुषों के साथ ऐकमत्य रहता आया है।

जहाँ कविता पर उक्त प्रकार के आक्षेप करने वालो की कमी नही, वहाँ दूसरी ओर ऐसे विद्वानों की भी न्यूनता नही जो कविता का लक्षण करतें हुए उसे ऐसी आश्चर्यमयी कला के रूप में उत्थापित करते और उसके महत्त्व का ऐसे चाँद लगाकर दिखाते हैं कि ससार मे उसके समान दूसरी कोई भी निधि नही ठहरती। शैले के अनुसार कविता "स्फीत तथा पूततम आत्माओं के रमणीय क्षणो का लेखा है" तो मैथ्यू आर्नल्ड है की दृष्टि मे वह न केवल "मनुष्य की परिष्कृततम वाणी ही है, अपितु वह उसकी ऐसी वाणी है, जिसमें और जिसके द्वारा वह सत्य के निकटतम पहुँच जाता है।" जब कवि लोग अपने दाय को इस प्रकार प्रशसा करते हैं, तब जन-सामान्य के मन में एक प्रकार का सदेह उत्पन्न हो जाना स्वाभाविक है और वह इस दाय को यथार्थ रूप में देखने के लिए प्रयत्नशील होता है।

ऊपर निदर्शित किये गये दोनो ही दृष्टिकोण किसी अश मे सच्चे हैं तो दूसरे अशों में असत्य हैं। दोनों मे सामंजस्य उपस्थित करने के लिए जहाँ हमें कवियों के लक्षणों में से चमत्कार तथा भावना के नीहार को ध्वस्त करना होगा वहाँ दूसरी कोटि के दृष्टिकोण की उस वृत्ति को भी पराभूत करना होगा जिस से आविष्ट रहने के कारण व्यावसा-

यिक अपने प्रतिदिन के उद्योगधंधों की उधेड़बुन से बाहर नहीं निकल पाते और इस प्रकार जीवन की उन मगलमयी विभूतियों से वंचित रह जाते हैं, जिनके अभाव में मनुष्य का जीवन मरुभूमि बन जाता है। और इस उद्देश्य से हमे कविता के लक्षणों पर किंचित् विस्तार के साथ विचार करना होगा।

*कविता का लक्षण*

साहित्य की व्याख्या करते हुए हमने उसे दो भागों में विभक्त किया था, प्रथम उसका आत्मा अर्थात् **भावपक्ष** और दूसरा उसका शरीर, अर्थात् **कलापक्ष**। कविता भी साहित्य ही का एक चमत्कृत रूप है, फलतः इसे भी हम इसके आत्मा और शरीर इन दो भागो मे बाँट सकते हैं। कविता का लक्षण करने वाले आलोचकों मे से कतिपय ने उसके आत्मा अर्थात् भावपक्ष पर अधिक बल दिया है और दूसरों ने उसके शरीर अर्थात् कलापक्ष पर, और यही कारण है कि दोनों ही कोटि के लक्षण सतोषजनक नहीं निष्पन्न हो पाये।

*आलकारिकों के कलापक्ष मे भी कविता का लक्षण नहीं मिलता*

इसमे सदेह नहीं कि "कविता" इस शब्द के कान में पड़ते ही जन- सामान्य की बुद्धि में उस **छंदोमयी भाषा** का उत्थान होता है, जिसमें विशेष प्रकार का लय अथवा ताल निहित हो। इनकी दृष्टि में जो गद्य नही वही कविता है; और अपने मत की पुष्टि मे वे आलकारिकों द्वारा किये गये कविता के उन लक्षणो को प्रस्तुत करते हैं, जिनके अनुसार कविता **विविध विचारों को व्यक्त करने वाली छंदोमयी ललित तथा चमत्कारपूर्ण भाषा ठहरती है**। कहना न होगा कि कविता का यह लक्षण अतिव्याप्ति से दूषित है, क्योंकि हमारे यहाँ गणित, ज्योतिष तथा व्याकरण आदि नीरस विषयों की भी छंदोमयी भाषा में आयोजना की गई है; किंतु कोई भी रसिक पाठक गणित की पुस्तक

लीलावती को, उसके छंदोबद्ध होने पर भी कविता नाम से न पुकारेगा।

*भावपक्ष की दृष्टि से कविता का लक्षण ढूँढने में कठिनता*

कविता के कलापक्ष को छोड़ जब हम उसके भावपक्ष पर ध्यान देते हुए उसका लक्षण ढूँढते हैं, तब भी हमे उसका कोई संतोषजनक लक्षण नहीं प्राप्त होता। इस दृष्टि से किये गये लक्षणों मे से कुछ मे अव्याप्ति और दूसरों में अतिव्याप्ति दोष तो है ही, ध्यान से देखने पर हम उन्हे सच्चा लक्षण भी नही कह सकते, क्योंकि इनमें से किसी मे भी कविता का लक्षण, नहीं अपितु कुछ में उसकी मनोहारिणी शक्ति की प्रशंसा, कुछ में उसके रमणीय गुणों का निदर्शन और अन्यों में कवि की चित्तवृत्ति का, उसके उन विचारों और भावो का वर्णन किया गया है, जिनसे कविता की उपपत्ति होती है।

*कवि शब्द की ग्रीकोभारतीय व्युत्पत्ति के अनुसार कविता के विविध लक्षण*

जिस प्रकार भारतीय आचार्यों ने गानवाची √कू धातु से कवि शब्द की व्युत्पत्ति करके उसके संगीत पक्ष पर अधिक बल दिया है उसी प्रकार प्राचीन ग्रीक आचार्यों ने निर्माण वाची √Poies धातु से Poet शब्द की व्युत्पत्ति करके उसके कल्पना और आविष्कार-पक्ष पर अधिक बल दिया है। फलतः हम बोन जांसन तथा चैपमैन को, अरस्तू का आश्रय लेकर, कविता के आविष्कार तथा छंदोविचयन-पक्ष पर बल देता हुआ पाते हैं। मिल्टन की इस उक्ति मे कि "कविता सरल, ऐन्द्रिय तथा भावपूर्ण होनी चाहिए" कविता के सभी तत्त्वों का समावेश हो जाता है, किंतु यह भी कविता का वर्णनमात्र है, उसका लक्षण नहीं। गोइटे तथा लैंडर की दृष्टि में कविता प्रत्यक्षतः एक कला है; उन्होंने

इसकी रचना-शैली-तथा चमत्कारिणी प्रकाशन-शक्ति पर बल दिया है। दूसरी ओर कतिपय कवियों ने कविता के भाव तथा कल्पना-पक्ष पर बल देते हुए उसके आत्मा को पुरिपुष्ट किया है। इस वर्ग के नेता संभवतः महाकवि वर्ड्सवर्थ हैं। उनके अनुसार कविता "राग के द्वारा सत्य का हृदय में सजीव पहुँचना है।" दूसरे वाक्य में वे कविता को "ज्ञान का आदिम तथा चरम रूप" बताते हैं। एक दूसरे प्रकरण में कविता उनके अनुसार "ज्ञान-समष्टि का उच्छ्वास और उसका सूक्ष्म आत्मा" बन कर हमारे सम्मुख आती है। किंतु अंत में अपने परिपक्व विचारों को प्रकट करते हुए वे लिखते हैं कि "कविता सबल भावों का स्वतःप्रवर्तित प्रवाह है, इसकी उत्पत्ति प्रसाद में एकत्र हुए मनोवेगों से होती है।" रस्किन ने भी वर्ड्सवर्थ का अनुसरण करते हुए कविता को "कल्पना के द्वारा रुचिर मनोवेगों के लिए रमणीय क्षेत्र प्रस्तुत करने वाली" बताया है।

***उक्त व्युत्पत्ति से स्वतंत्र कविता के लक्षण***

कतिपय अन्य विद्वानों ने कविता का लक्षण करते हुए उसके रहस्यमय पक्ष पर अधिक बल दिया है। इस कोटि के लेखकों में शैले ने कविता को 'श्रेष्ठ तथा रुचिरतम हृदयों के श्रेष्ठ तथा भव्यतम क्षणों का लेखा" बताकर उसे "कल्पना का प्रकाशन" निर्धारित करते हुए उसकी प्रकाशिनी तथा उद्दीपिनी शक्ति पर बल दिया है। कविता की निर्माणमयी वृत्ति पर अधिक ध्यान न दे उसकी उद्दीपन शक्ति को मन में रख कर ही एमर्सन ने उसे "वस्तुजात के आत्मा को प्रकाशित करने का सतत उद्योग" निर्धारित किया है। इसी दिशा की ओर एक पग और आगे बढ़ा ब्राउनिंग ने कविता को "विश्व की देव के साथ, भूत की आत्मा के साथ, और सामान्य की आदर्श के साथ होने वाली संगति का उत्थान" निर्दर्शित किया है। मैथ्यू आर्नल्ड का वह लक्षण, जिसके अनुसार

कविता "कवीय सत्य और कवीय सौंदर्य के नियमों द्वारा निर्धारित की गई परिस्थितियों में किया गया जीवन का व्याख्यान है" रमणीय होने पर भी स्पष्टता दोष से दूषित है। क्योंकि हम क्या जानें कि जीवन का व्याख्यान किसे कहते हैं, और जब तक हम "कविता क्या वस्तु है" इस बात को न जान जाएँ, तब तक हमारे लिए कवीय सत्य और कवीय सौंदर्य को पहचान लेना असभव है। हर्बर्ट रीड के अनुसार कविता "मनोवेगों को अनिरुद्ध छोड़ देना नहीं, अपितु उन से मुक्ति पाना है; यह व्यक्तित्व का प्रदर्शन नहीं, अपितु व्यक्तित्व से मुक्ति पा जाना है।" सुप्रसिद्ध इटालियन विद्वान् विको कविता को 'असंभव को विश्वसनीय बनाने वाली" बताता है। कतिपय विद्वानो के सम्मुख कविता का रहस्यमय पक्ष इतना अधिक अभिचारी बन कर आया है कि उन्होने उसको निदर्शित करने का प्रयत्न ही करना छोड़ दिया है। उदाहरण के लिए, डाक्टर जाहसन, जिन्हे मूर्त निदर्शनों का बड़ा ही शौक था—कविता के विषय में कुछ न कह कर उसकी सारवत्ता को इस प्रकार के पंगु शब्दों में व्यक्त करते हैं, "हम जानते हैं कि प्रकाश क्या वस्तु है, किंतु हम में से कोई भी यह नहीं बता सकता कि वह क्या है और कैसा है।" इसी तरंग में बहते हुए महाशय कोलरिज लिखते हैं "कविता का पूरा पूरा आस्वादन तभी मिलता है, जब वह भली भाँति समझ मे न आ सके।" प्रोफेसर हाउसमान भी अपनी इस उक्ति में कि "कविता वह वस्तु है, जो उनकी आँखो में आँसू भर देती है" इसी निराश्रयता का अचल पकड़ते हैं।

दूसरी ओर कतिपय विद्वानों ने कविता के आवश्यकता से अधिक लबे लक्षण किये हैं। इन विद्वानों में हट भी एक है, जिन्होंने अपने 'कविता क्या है' नामक प्रबन्ध में लिखा है कि "कविता सत्य, सौंदर्य तथा शक्ति के लिए होने वाली वृत्ति का मुखरण है; यह अपने आप को प्रत्यय, कल्पना तथा भावना के द्वारा खड़ा करती और निदर्शित

करती है; यह भाषा को विविधता तथा एकता के सिद्धांत पर स्वर-लय-सपन्न करती है।" इसी प्रकार अध्यापक स्टेडमान कविता को "मानवहृदय का आविष्कार, रुचि, विचार, वृत्ति तथा अंतदृष्टि को प्रकाशित करने वाली लययुक्त, कल्पनामयी भाषा" बताते हैं।

*उक्त लक्षणों में दोष : कविता का सरल लक्षण*

ऊपर निर्दिष्ट किये गये कविता के सभी लक्षण सच्चे हैं, किंतु इनमें से एक का भी साहित्य के उस लक्षण के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है जिस पर हम प्रस्तुत पुस्तक के पहले प्रकरण मे विचार कर आये हैं, और जिसका, क्योंकि कविता भी साहित्य ही का एक अग है, इसलिए इसके साथ प्रत्यक्ष सबध होना सुतरा आवश्यक है। प्रसिद्ध समालोचक कोलरिज—जिनका अनुशीलन इस प्रकार के विषयों मे अत्यन्त विशद तथा गहन होता है—लिखते हैं "कविता का प्रतीप गद्य नही, अपितु विज्ञान है," और यह बात है भी सच। किन्तु यदि प्रस्तुत पुस्तक के आरम्भ में दिया गया साहित्य का लक्षण दोषरहित है तो न केवल कविता का, अपितु सारे साहित्य ही का विज्ञान के साथ प्रातीप्य ठहरता है। हमने कहा था कि किसी रचना को हम साहित्य उसकी मनोवेगो को स्फुरित करने वाली शक्ति के आधार पर कहते हैं। साहित्य की कुछ विधाओं का—जैसे कि इतिहास का—प्रमुख ध्येय मनोवेगों को तरगित करना न होकर कुछ और ही हुआ करता है, उसकी कुछ और विधाओं में—जैसे कि वक्तृता में—मनोवेगो को तरगित करना स्वयमेव ध्येय न होकर उद्देश्य-विशेष को प्राप्त करने का साधनमात्र होता है। **किन्तु साहित्य की एक विधा वह भी है जिसका प्रमुख लक्ष्य मनोवेगों को तरंगित करना और उसके द्वारा श्रोता अथवा पाठक के हृदय मे आह्लाद उत्पन्न करना है।** साहित्य की इस विधा मे वे सभी (कविता आदि) रचनाएँ सम्मिलित

हैं, जो पाठक को किसी प्रकार का उपदेश देती है तो वह भी अप्रत्यक्ष रूप से; यदि वे उसकी इच्छा अथवा आचार को नियमित करती हैं तो वह भी अनजाने में; और जिनका प्रमुख लक्ष्य उसके हृदय में निहित हुई आनन्ददायिनी भावनाओं को स्वय उन्हीं के लिए उद्दीप्त करना होता है। साहित्य की इस विधा के लिए हमारे पास कोई सज्ञा विशेष नहीं है, हम चाहें तो इसे **भावनाओं का साहित्य** अथवा **विशुद्ध साहित्य** इस नाम से पुकार सकते हैं। साहित्य की इस विधा को हम चाहे जो भी नाम दें, हम इसे इसकी रचनाशैली के अनुसार इसकी उपविधाओं मे विभक्त कर सकते हैं। और साहित्य को इन उपविधाओं में एक विधा वह भी है, जिसकी रचना पद्यमयी होती है। साहित्य की इसी उपविधा को हम **कविता** कहते हैं। अब यदि उस साहित्य के लिए—जिसका प्रमुख लक्ष्य मनोवेगों को तरगित करना है—हमारे पास कोई विशेष सज्ञा हो तो हमारे लिए कविता का लक्षण करना सहज हो जाता है। और यदि हम उस साहित्य को **मनोवेगों का साहित्य** इस नाम से पुकारें तो हमारा कविता का लक्षण यह होगा कि **कविता मनोवेगो के साहित्य की वह विधा है, जिसकी रचना छन्दों में होती है**। और यदि हम लक्षण के झमेले से निकल कविता को समझने का यत्न करें तो हमारा कहना यह होगा कि **कविता साहित्य की वह विधा है, जिसका लक्ष्य मनोवेगो को तरंगित करना है, और जो छन्दों मे लिखी जाती है**। कविता मे अनिवार्यरूप से रह कर उसको लक्षित करने वाले दो तत्त्व ये है; प्रथम **मनोवेगो को तरंगित करना, द्वितीय छन्दों में खड़ी होना**। जिस किसी भी रचना में इन दो तत्त्वों की उपलब्धि हो उसी को हम कविता कहते हैं, और केवल उसी को और किसी को नहीं। यदि किसी रचना में पहला तत्त्व विद्यमान है पर दूसरे का अभाव है तो उसे हम गद्य-साहित्य कहेंगे। उदाहरण के लिए जैसे भट्ट बाण की कादम्बरी: इसमें

मनोवेगों का तरंगन चरम कोटि का है, किन्तु कविता के द्वितीय अंग अर्थात् छन्दोमयता का अभाव है। अंग्रेजी में डिक्वेसी और रस्किन के निबन्ध इसी श्रेणी के हैं। दूसरी ओर यदि कोई रचना छन्दोमय होने पर भी हमारे मनोवेगों को नहीं तरंगित करती तो वह लीलावती के समान पद्य की सर्वोत्कृष्ट वेशभूषा से भूषित होने पर भी कविता कहाने की अधिकारणी नहीं है। और इस प्रकार उक्त लक्षण के अनुसार कविता वाच्य और वाचक दोनो ही की दृष्टि से साहित्य की सर्वोत्कृष्ट रचना ठहरती है। साहित्य का मार्मिक लक्षण अर्थात् मनोवेगों को तरंगित करना कविता के क्षेत्र मे आ उसका प्रमुख लक्ष्य बन जाता है; और रचना की शैली जो साहित्य की अन्य विधाओं में सामान्य रूप से परिष्कृत होती है यहाँ आकर सौंदर्य तथा चमत्कार की पराकोटि पर पहुँच जाती है।

*कविता के इस लक्षण पर आपत्ति और उसका परिहार*

कविता के उक्त लक्षण पर यह आपत्ति की जा सकती है कि यह आवश्यकता से अधिक संकुचित है और इसकी उन पद्यबद्ध रचनाओं मे अव्याप्ति है, जिन का प्रमुख ध्येय पाठक के हृदय मे आनन्द-प्रसूति न होकर उन्हे उपदेश देना है, जैसे सस्कृत में भर्तृहरि के तीन शतक और अंग्रेजी में पोप का "एस्से ऑन मैन"; किंतु इन दोनों रचनाओं को सभी देशी और विदेशी पाठक चलती कविता मानते आये हैं। किन्तु ध्यान से देखने पर उक्त आक्षेप निराधार ठहरता है; क्योंकि सब प्रकार की यथार्थ कविताओं का प्रमुख लक्ष्य, चाहे वे कितनी भी उपदेशपर क्यों न हों, प्रत्यक्षतः मनोवेगों को तरंगित करना] होता है, न कि उपदेश देना। उपदेश देना तो उनकी गौण वृत्ति होती है। और यदि सचमुच इनका प्रमुख लक्ष्य उपदेश देना ही होता तो इनकी रचना पद्य में न होकर गद्य में होनी अधिक उपयुक्त होती; क्योंकि निःसन्देह उपदेश देना पद्य को

अपेक्षा गद्य में कहीं अच्छी तरह किया जा सकता है। हम मानते हैं कि सभी प्रकार के साहित्य का चरम लक्ष्य जीवन को सत्यान्वेषी बनाना है, किन्तु जहाँ गद्य-रचनाएँ जीवन को सत्याभिमुख बनाने के लिए सत्य का प्रवेश हमारे मस्तिष्क मे करती हैं, वहाँ कविता उसका प्रवेश हमारे हृदय मे करके उसे वहाँ चिरस्थायी बना देती है; किंतु सत्य का यह प्रवेश भी कविता की मुख्य वृत्ति न हो उसकी गौण वृत्ति हुआ करती है।

हम मानते हैं कि उपदेशपर कविता भी यथार्थ कविता हो सकती है, किंतु यथार्थ कविता होने पर भी वह कविता के उस उन्नत आदर्श पर नही पहुँच पाती जहाँ हमारा जीवन एकांततः भावनाओं का भवन बन जाता है; जहाँ धर्माधर्म, सुख-दुःख, तथा कर्तव्याकर्तव्य के द्वन्द्व दलित होकर आत्मा की सत्ता चिदानन्दमात्र रह जाती है।

एक बात और, सब जानते हैं कि हमारे मनोवेगो में उत्कट तरगें तभी उठती हैं, जब हम कलाकार के द्वारा उत्थापित किये गये व्यक्तियों और उन पर बीती घटनावलियो को मूर्त रूप मे अपने सम्मुख स्पन्दित होता देखते हैं। अमूर्त तथा भावरूप सत्य को अग्रसर करने वाली उपदेशप्रद कविता मे यह बात उतनी भव्यता से नहीं सपन्न हो पाती। इस प्रकार की कविता से उत्पन्न होने वाले मनोवेगों मे वह उत्कटता और घनता नहीं आ पाती, जो मूर्त व्यक्तियों और उन पर बीतने वाली घटनाओ को निदर्शित करने वाली कविता में परिपक्व हुआ करती है।

*कविता और अन्य प्रकार के साहित्य में भेद*

ऊपर कहा जा चुका है कि कविता और उससे भिन्न प्रकार के साहित्य में यह भेद है कि जहाँ कविता का प्रकाशन छन्दों में होता है, वहाँ साहित्य की दूसरी विधाओं का प्रवाह गद्य में बहा करता है। किन्तु कविता के इस कलापक्ष की उत्पत्ति किन्हीं बाह्य

आवश्यकताओं तथा तत्त्वों से नहीं होती, इसका उत्थान तो कविता की अपनी आंतरिक आवश्यकता तथा शक्ति से सम्पन्न होता है। क्योंकि जहाँ गद्य में प्रवाहित होने वाले साहित्य-सामान्य का लक्ष्य विशेष विशेष बिन्दुओ पर मनोवेगों को कीलित करना होता है, वहाँ कविता की प्रति पंक्ति और प्रतिपद मनोवेगों की भाषा बनकर खड़ी होती है। और यह एक सामान्य तथ्य है कि जब हमारे मनोवेगों में उत्कटता आती है, तब हमारी भाषा मे भी तदनुसारिणी नियमितता स्वयमेव उपस्थित हो जाती है और भाषा की इसी नियम-बद्धता को हम उसके परिष्कृत रूप में छन्द इस नाम से पुकारते हैं। इसीलिए हम देखते हैं कि जब हम कभी भी उत्कट मनोवेगों को मुखरित करने वाली छन्दोमयी रचना को गद्य मे परिवर्तित किया चाहते हैं, तभी उसके विन्यास और सौष्ठव मे वक्रता आ जाती है और उसकी छन्दोबद्धता मे सम्पुटित हुआ आनन्द फीका पड़ जाता है।

और इस तथ्य के समर्थन में कि **उत्कट भावनाओं की अभिव्यक्ति गद्य की अपेक्षा पद्य में भव्य बन पड़ती है**

*कविता और संगीत*

हम कहेगे कि जब हमारे भावना-तन्तुओ के साथ किसी भी अन्य साहित्यिक तत्त्व (विचार आदि) का सकलन नहीं होता, तब वे संगीत पट पर ग्रथित हो घन बन जाते हैं और हमारी भाषा मूकता में परिणत हो जाती है। तब केवल संगीत तथा भावना शेष रह जाते हैं और साहित्य की निष्पत्ति नहीं होती। इस के विपरीत ज्यो ही भावनाओं के इस आवेश में साहित्य के बौद्धिक तत्त्व विचार आदि की अर्चना आजाती है, त्यो ही वह आवेश कविता के रूप में प्रवाहित हो पड़ता है और हमारी भाषा सयमित तथा सुघटित हो छन्दोमयी बन जाती है। फलतः यदि हम कविता को उत्कट भावनाओं की संतति स्वीकार करते हैं तो छन्दोमयता उसका नैसर्गिक गुण अथवा अवयव बन जाता है और कविता

के भाव और कला दोनो पक्ष एक दूसरे से अविभाज्य बन जाते हैं।

कविता और उपन्यास

और जब हम अपने मस्तिष्क में इस तथ्य को आरूढ कर लेते हैं कि **कविता मनोवेगो की भाषा है**, तब कविता और उपन्यास मे दीख पड़ने वाला आंगिक भेद हमारे सामने और भी अधिक विशद हो जाता है। और इस विषय मे सब से अधिक ध्यान देने योग्य बात यह है कि **कविता उपन्यास की अपेक्षा संक्षिप्त होती है**; यह इस लिए नही कि मनुष्य के मनोवेग अल्पजीवी होते हैं; भावो की अल्प-जीविता तो आत्माभिव्यंजिनी कविता को संक्षिप्त करने मे कारण बनती है, क्योंकि यहाँ कवि जीवन की किसी एक उत्कट भावना को लेकर उसके आधार पर अपनी तूलिका चलाता है, और उस भावना के मन्द पड़ जाने पर अपनी तूलिका थाम देता है, किन्तु आत्माभिव्यंजिनी रचना को जन्म देने वाले मनोवेगो से भिन्न प्रकार के प्रलंब मनोवेग भी होते हैं जिनकी संतति को यदि कवि चाहे तो पर्याप्त समय तक उत्कट बनाये रख सकता है, और उसकी इस जीवन प्रलंबिनी प्रक्रिया में ही महाकाव्यों का उदय होता है। किन्तु इन प्रलंबित मनोवेगों की भित्ति पर अंकित किये गये महाकाव्य की अपेक्षा उन्ही के आधार पर खड़ा होनेवाला उपन्यास कहीं अधिक वृहत् तथा विपुलकाय होता है, क्योकि जहाँ कविता को—क्योंकि यह **निसर्गतः मनोवेगो को वहन करने वाली भाषा है**—कथा के भीतर आने वाली उन सब बातों को तज देना होता है, जिनका मनोवेगों के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध न हो, वहाँ उपन्यास के भीतर ऐसी सब प्रासंगिक बातों का समावेश हो जाना अपेक्षित होता है, जो किसी न किसी प्रकार से चरित्र-चित्रण में सहयोग देती हो। अब यदि हमारी प्रस्तुत कविता एक महाकाव्य हुआ तो यह कथा के उन्हीं तुंगों पर ठहरेगी, जिनके भीतर कथा का आत्मा घनीभूत हो कर अनुप्राणित हुआ है। कविता में अंतर्भूत हुई घटनाएँ भी उपन्यास

की अपेक्षा न्यून होंगी, किंतु जो होंगी वे होंगी सबल और शक्तिसंपन्न। एक कवि को अपने कथावस्तु में अनावश्यक वक्रता और संकुलता लाने की स्वतन्त्रता नही होती, क्योंकि ऐसा करने पर कविता में बहुत से ऐसे वर्णनों का लाना अनिवार्य होजाता है, जिनका कवित्व की दृष्टि से विशेष महत्त्व नहीं होता और जिनके प्रविष्ट हो जाने पर कविता की घनता पिघल जाती है। इसी कारण कविता के भीतर वर्णित हुई घटनाओं को व्यंजनागर्भ होने पर भी विश्लेषण की अपेक्षा नही होनी चाहिए, क्योंकि आवश्यकता से अधिक मात्रा में होने वाला विश्लेषण भी कविता के प्रभाव को सांद्र तथा सजीव नहीं रहने देता। कविता में मनोवेगों का निदर्शन कराया जाता है, उनका वर्णन नहीं, फलतः किसी भी प्रकार का मनोभावों का वर्णन अथवा उनका विश्लेषण कवि के लिए हेय नही तो अनावश्यक अवश्य है; और इसीलिए कविता में होने वाला गिरि नदी आदि का वर्णन भावमय होना चाहिए; उसमें स्थान-निदर्शन आदि परित्याज्य है। और यह बात स्पष्ट है कि भावमय वर्णन विस्तृत न होकर सदा नियमित हुआ करते हैं, वे पोले न होकर सदा ठोस और सजीव हुआ करते हैं।

*कविता और उसका संस्थान*

कहना न होगा कि जिस क्षण हम कविता को मनोवेगों की भाषा स्वीकार करते हैं उसी क्षण हम उसकी सरणि तथा संस्थान ( diction and structure ) को भी उसका आवश्यक अंग मान लेते हैं। जहाँ कविता की भाषा अपनी छंदोमयता के कारण गद्य की भाषा से भिन्न प्रकार की होती है, वहाँ अपनी संगीतमयता के कारण भी वह उससे पृथक् रहा करती है। और यद्यपि वर्ड्सवर्थ जैसे महाकवियों ने भी गद्य और पद्य की भाषा में होने वाले अंतर का प्रत्याख्यान किया है, तथापि जनसामान्य के अनुभव में जो एक प्रकार का विशेष संगीत पद्य में पाया जाता है वह गद्य की ललित से ललित भाषा में भी उप-

लब्ध नहीं होता। उदाहरण के लिए बाण भट्ट की सर्वगुण विभूषित कादंबरी के अत्यंत चमत्कृत गद्य में उस संगीत की श्रुति नहीं होती जो हमें कालिदास के मेघदूत में आद्योपात लहराता दीख पड़ता है। इसी प्रकार अंगरेज़ी की रुचिरतम रचनाओं में से एक पिल्ग्रिम्स प्रोग्रेस नामक रचना के विविधगुण विभूषित गद्य मे हमें उस संगीत की लय नहीं सुनाई देती जो हमें शेक्सपीअर अथवा शैले की पद्यमयी रचनाओं में उपलब्ध होती है। इस बात का कारण यह है कि जहाँ गद्य के निर्वाचित अंशों में मनोवेगों को तरंगित करने की क्षमता होती है, वहाँ आदर्श पद्य की प्रतिपंक्ति में और प्रतिपद में यह योग्यता सन्निहित रहती है। **कविता समष्टिरूप से मनोवेगो की भाषा है, तो गद्य आंगिक रूप से भावनाओ को स्फुरित करता है।**

*कवि दैवज्ञ होता है*

और क्योंकि कविता प्रत्यक्ष रूप से मनोवेगों की भाषा है, इसलिए उसके निर्माता में एक प्रकार की दैवज्ञता का आ जाना स्वाभाविक है। जगत् को उस की समष्टि में देखने के कारण कवि किसी अंश तक भूत, भविष्यत् और वर्तमान का निर्माता बन जाता है। उसकी इस निर्माणमयी अंतर्दृष्टि के कारण ही ग्रीक आचार्यों ने उसे निर्माता इस नाम से पुकारा है, और हीब्र्यू भाषा में तो कवि और भविष्य-वक्ता दोनों के लिए शब्द ही एक है। और जब हम कवि की इस निर्माणमयी दिव्यशक्ति पर ध्यान देते हैं तब कविता के ये लक्षण कि **वह ज्ञान का उच्छ्वास और उसका सर्वतो-रुचिर आत्मा है— वह जीवन की आलोचना है** बड़े ही अनूठे और रहस्यमय दीख पड़ते हैं। जब हम किसी विश्वकवि की रचना को पढ़ते हैं तब हमें उसके रचयिता में दिव्यद्रष्टत्व का भान होता है मानो वह कवि अपने हाथों अपना जगत् बनाकर उसकी व्याख्या करता है. वह अपने रचे काल्प-निक जगत् में हमें भूत, भविष्यत्, वर्तमान सभी की झलक दिखा

रहा है। यदि ऐसा न हो तो रामायण पढ़ते समय हम सहस्रों वर्ष पूर्व हुए राम को आज भी अपनी आँखों के सम्मुख खड़ा हुआ कैसे देखें; और कैसे देखें यह कि भविष्य में भी इसी प्रकार की सृष्टि चलेगी जैसी रामायण के युग में चल रही थी। वाल्मीकि की रचना को पढ़ते समय प्राप्त हुआ यह त्रिकालदर्शन विचारों के साथ सम्बन्ध नहीं रखता, यह तो हमारे मनोवेगों की उत्कटता द्वारा घनीभूत होकर हमारी आँखों का विषय बन जाता है। हम कालिदास की शकुन्तला को पढ़ते समय दुष्यंत और शकुन्तला की कथा नहीं पढ़ते, उस समय तो वे अपने भौतिक शरीर में परिणद्ध हो हमारे सम्मुख आ विराजते हैं और उन सब घटनाओं की फिर से आवृत्ति करते हैं, जो उन्होंने आज से सहस्रों वर्ष पहले कभी की थीं। कवि की दृष्टि में इस निर्माणमयी त्रिकालदर्शिता की उपपत्ति इस बात से होती है कि वह जीवन को उसके भिन्न भिन्न व्यक्तिरूपों में नहीं देखता; वह तो भूत, वर्तमान और भविष्यत् के अगणित जीवनों की समष्टि को देख उनकी तली में से जीवन का ऐसा प्रतिरूप उत्थापित करता है, जो प्रतिक्षण परिवर्तित होने पर भी तिल भर नहीं बदलता, जो तीनों कालों और सब देश तथा परिस्थितियों में सूर्य के समान अविच्छिन्नरूप से प्रकाशित होता रहता है। हम देखते हैं कि हमारा जीवन प्रतिक्षण बदलता रहता है, हमारे चहुँ ओर परिस्थित द्रव्यजात भी प्रतिक्षण परिवर्तित होते रहते हैं। इस परिवर्तन का नाम ही तो संसार, जगत् तथा जीवन है, कवि इस परिवर्तनशील अनंत जगत् के किसी एक परमाणु को ले, उसे अपनी अंतर्दृष्टि के बृहत्प्रदर्शक ताल (magnifying glass) द्वारा शतधा, सहस्रधा विशाल बना कर, उसके वर्तमान क्षण में, उसके अमित अतीत तथा अतुल भविष्य को प्रतिबिंबित करके दिखा देता है; बस इसी में उसकी निर्मायकता और भविष्य-वक्तृता का रहस्य है।

*कविता आदर्श-मयी भाषा है*

और जब हम कविता में उद्भूत होने वाले उक्त तत्त्वों को भली-भाँति हृद्गत कर चुकते हैं तब, हम कविता के उच्चतम लक्षण की ओर अग्रसर होते हैं, जो कविता और जीवन के मध्य विराजमान संबध को बहुत ही भव्य रूप में उपस्थित करता है। इस लक्षण के अनुसार कविता आदर्शित भाषा ( Patterned language) ठहरती है। इस लक्षण के अनुसार कविता की प्रमुख विशेषता और गद्य से होने वाला उसका भेद इस बात में है कि यह भाषा को आदर्श में परिणत करती हुई उसे न केवल भावाभिव्यक्ति के सामान्य उद्देश्य के लिए, न केवल अपने उस चमत्कारपूर्ण ध्येय के लिए जिस में अर्थ का प्रकाशन चमत्कारपूर्ण होता हुआ श्रोता तथा पाठक की कलात्मक रुचि को चेतन करता है, व्यवहृत करती है, अपितु उसे इस प्रकार उपयोग में लाती है कि वह परिष्कारक विधान के ( designing )—जिसे हम आदर्श अथवा नमूने के नाम से पुकारते हैं—नियमों में ढल जाती है।

*कविता में चमत्कार तथा चमत्कार्य दोनों का अभेद*

कविता के उक्त लक्षण को विवृत करने के लिए हम कहेंगे कि जब हम कविता की परिभाषा करते हुए उस में तथा भाषा की उच्चारण और लेखात्मक विधाओं में भेद दर्शाना चाहते हैं तब हमारे लिए केवल यही कहना पर्याप्त न होगा कि कविता एक ऐसी भाषा है जिस में विधान ( design ) हो और जो चमत्कारिणी गरिमा से अन्वित हो, क्योंकि परिष्कार के ये उपकरण तो सभी सुन्दर, उदात्त तथा उन्नत भाषाओं में पाये जाते हैं। कविता का अपना निजू गुण तो कुछ और ही है; इसे चमत्कार अथवा निर्माणसंबंधी गुण के नाम से पुकार सकते हैं। क्योंकि सभी वास्तविक कलाओं के मूल में एक बात पाई जाती है और वह

यह है कि वास्तविक कला की परिधि में निर्मेय तथा चमत्करण में भेद नहीं रहता; एक की सत्ता दूसरे की सत्ता को अनिवार्य-रूप से सिद्ध करती है, और कला विषयक इसी तथ्य को कविता पर घटाते हुए हम कहेंगे कि कविता में निर्मेय और चमत्कार दोनो अभेदात्मक सम्बन्ध द्वारा भाषा में निहित रहते हैं। आदर्श, उस चमत्कृत निर्माण के अभाव में, जिसके द्वारा कि वह अपने आप को इन्द्रियों का विषय बनाता और इस प्रकार हमारे मनोवेगो को तरंगित करता है, विज्ञान का विषय है न कि कला का। दूसरी ओर, अकेला चमत्करण, उस आदर्श अथवा ढाँचे के अभाव में, जिस पर मुद्रित हो वह अपने आपको मूर्त बनाता है—नहीं के तुल्य है। आदर्श और चमत्कार के इस सामंजस्य में ही सौंदर्य का उद्भव है और दोनों के मार्मिक सकलन मे ही कला की अर्थवत्ता है। कविता का उक्त लक्षण तो साहित्य की सभी विधाओ पर घटाया जा सकता है किंतु कविता का वह अपना निजू गुण, जो उसे साहित्य की अन्य श्रेणियों से परिच्छिन्न करता है, यह है कि कविता अपने विधान (Construct on) तथा चमत्करण में आदर्श के नियमो पर खडी होती है और एक आदर्श का रहस्य इस बात में है कि उसमे आवृत्ति ( Repeat ) नामक तत्त्व निहित रहा करता है। आदर्श का उद्भव होता है एक आवृत्त अवयव ( unit ) से; और आदर्श को उत्थापित करने वाले की कलावत्ता केवल इतने ही से व्यक्त नहीं होती कि उसने आवृत्त ( Repeat ) को यंत्र-निर्माण ( mechanism ) की दृष्टि से संपन्न करने में कहाँ तक सफलता प्राप्त की है, प्रत्युत आवृत्त ( Repeat ) को इसी प्रकार उपयुक्त करने में होती है कि उसके सारे क्षेत्र में, जिसमें कि आवृत्त का प्रसार है, अपना एक निजू सौंदर्य तथा अपनी एक अनोखी

भी उन से भिन्न प्रकार की है, उत्थित हो जाय। सब जानते हैं कि समानाकार बिंदुओं की एक पंक्ति आदर्श का एक अनुद्भुत रूप है। इन बिंदुओं को वर्ग के रूप में लाकर उस वर्ग की आवृत्ति की जा सकती है। इन आवृत्त वर्गों अथवा संघों का फिर से एक विशालतर विधान (design) के रूप में वर्गीकरण किया जा सकता है, और फिर उसकी भी आवृत्ति की जा सकती है; और इस प्रकार यह शृंखला चलाई जा सकती है। इतना ही नहीं, जब इस आदर्श की क्लृप्ति यंत्र से न कर हाथ द्वारा की जाती है तब उसमें एक प्रकार की नति ( flexibility ) का आ जाना स्वाभाविक है। ऐसी दशा में आवृत्त की सत्ता में किंचित् अंतर आ जाने पर भी उसके आदर्शपन में तब तक भेद नहीं पड़ता जब तक कि हमें तदंतर्वर्ती आवृत्ति का, उसके मार्मिक अंशों में, अनुभव होता रहे। सच पूछो तो कला से उत्पन्न हुए सभी सच्चे आदर्शों ( pattern ) में इस प्रकार की नति होना स्वाभाविक तथा अनिवार्य सा है। यह नति इतनी अधिक हो सकती है कि आवृत्ति को पाने के लिए उसे ढूँढना पड़े, और वह एकमात्र सूक्ष्मदर्शियों के देखने को वस्तु बन जाय।

***पद्य तथा गद्य के ताल में भेद है***

चित्रकला और संगीत कला के विषय में तो यह बात अनायास समझ में आजाती है किंतु कवित्वकला के विषय में इसका समझना किंचित् कठिन है। किंतु इसमें संशय नहीं कि जिस प्रकार उन दोनों कलाओं पर यह लागू है उसी प्रकार यह कविता पर भी घटती है। मिल्टन के शब्दों में कविता "वह भाषा है, जिसका आत्मा पद्य में व्याप्त रहने वाला लय है।" यह लय गद्य में भी रहता है और संभव है कादंबरी तथा पिल्ग्रिम्स प्रोग्रेस जैसी रमणीय रचनाओं के गद्य में यह अत्यंत सुन्दर तथा संकुल ( intricate ) भी संपन्न हो। किंतु गद्य का ताल पद्य के ताल से भिन्न प्रकार

का है। जहाँ पद्य के ताल में आवृत्ति ( Repeat ) का रहना अनिवार्य है वहा गद्य में उसका अभाव होता है। यहाँ तक कि जब गद्य आवृत्ति की ओर झुकता है तब उस में एक प्रकार की वक्रता आजाती है और यह पाठकों को अखरने लगता है। वस्तुतः गद्य शब्द का अर्थ हो वह भाषा है, जो अपने ताल मे ( व्यावहारिक भाषा के समान ) बिना आवृत्ति के सोधी चलती हो, जब कि पद्य का वाच्य वह भाषा है जिसमे आवृत्ति हो।

*सब पद्यमयी रचनाएँ भी कविता नहीं हैं*

गद्य और पद्य इन शब्दों की व्युत्पत्ति के अनुसार दोनों के वाच्य में मौलिक भेद का होना अनिवार्य है। किंतु इन दोनो के बीच में रहने वाला भेद उस भेद जैसा नहीं है जो गद्य तथा कविता में दीख पड़ता है। क्योकि जहाँ हम किसी भी गद्यमयी रचना को कविता नहीं कह सकते वहाँ सब पद्य भी कविता नहीं कहा सकते। माना कि सभी आदर्शित भाषा ( patterned language ) पद्य है, किन्तु उसे कविता का रूप देने के लिए आदर्श का विधान दक्षता के साथ होना अभीष्ट है और उसमें सौंदर्य का पुट देना आवश्यक है। इसके विपरीत यदि हम यह कहें कि पद्य और कविता एक ही वस्तु हैं तो हमें कविता मे सुरूप तथा कुरूप दोनों ही प्रकार की रचनाओं का समावेश करना होगा, किन्तु इसकी अपेक्षा यह कहीं अच्छा हो कि हम कुरूप कविता को कविता के नाम से ही न पुकारें।

*आदर्श और कला*

आदर्श का यह क्षेत्र, भाषा तथा सामग्री की दृष्टि से जिसके द्वारा कि मानवीय कलाकारिता अपने आपको व्यक्त करती है, बहुत विस्तृत है। इसका विकास एक देश से दूसरे देश में, एक युग से दूसरे युग में और एक सप्रदाय से दूसरे संप्रदाय में भिन्न-भिन्न

होता है, यहाँ तक कि एक ही कलाकार के हाथ में भिन्न भिन्न समयों पर, भिन्न-भिन्न उद्देश्यों के लिए किये गये इसके व्यवहार में भेद पड़ जाता है। इसमे वृद्धि और ह्रास होते रहते हैं, वृद्धि के पश्चात् निश्चेष्टता तथा सहार का युग आता है, और इसमें से नवीन युग की झाँकी दीखा करती है। किसी भी राष्ट्र की किसी भी समय की सभ्यता का निदर्शन हमें उसकी ललित कलाओं के मानदड (standard) से हो जाता है, क्योंकि ललित कला राष्ट्रीय जीवन की प्रगति की एक वृत्ति है; यह उसका एक मौलिक अश है।

*कला और जीवन*

सामान्य दृष्टि से देखने पर कहा जा सकता है कि कला की सत्ता कला के लिए है, किंतु जीवन के उदात्त लक्ष्य पर ध्यान देते हुए कला की सत्ता भी जीवन के लिए ठहरती है, जिसका कि कला भी एक प्रकार का ललित अवयव है। जिस प्रकार प्रगति की विस्तृत विभिन्नताओं तथा उत्ताल तरगों में भी हम जातीय आत्मा की स्थूल रूपरेखा को देख सकते हैं उसी प्रकार जाति की प्रगतिशील ललित कलाओं के बहुमुखी विकास में भी जातीय जीवन का अध्ययन कर सकते हैं। आदर्शों में कुछ आदर्श तो सब के लिए समान होते हुए भी प्रबल होते हैं; इन पर प्रत्येक कलाकार अपनी कल्पना और कुशलता के अनुरूप अपनी तूलिका चलाता है। इन प्रबल आदर्शों के अरुण में से चहुं ओर भिन्न दिशाओं में अन्यान्य आदर्शों की रश्मियाँ फूटा करती हैं, अविच्छिन्न रूप से आविष्कार, परिष्कार तथा परिवर्तन की प्रक्रिया में गुज़रती रहती हैं। इनमें से कुछ आदर्श तो कवियों के प्रयत्नमात्र होते हैं जिनका परिणाम कुछ नहीं निकलता, दूसरे आदर्श राष्ट्रीय जीवन में जड़ पकड़ जाते और बल पाकर सामान्य आदर्शों को बदल तक डालते हैं। इस प्रकार कवित्वकला वैयक्तिक प्रतिभाओं

के प्रभाव से नव-नव रूपों में अभिरूपित होती हुई प्रतिक्षण नवीनता धारण करती रहती है।

उक्त विवेचन के परिणामस्वरूप कविता की सामान्य परिभाषा आदर्शित भाषा (Patterned language) अर्थात् कला के द्वारा आदर्श में परिणत हुई शब्द-सामग्री ठहरती है। इस कविता में हमें ऐंद्रिय तथा बौद्धिक रस की उपलब्धि होती है। यदि हम उक्त लक्षण के पारिभाषिक पक्ष को छोड़ उसके सार पर ध्यान दें तो कह सकते हैं कि कविता वह कला अथवा प्रक्रिया है, जो भाषा की अर्थ-सामग्री में से आदर्श घड़कर हमारे सम्मुख प्रस्तुत करती है और वह अर्थसामग्री है एक शब्द में जीवन। हर सच्ची कविता जीवन के किसी अंश या पक्ष को आदर्श के रूप में हमारे सम्मुख उपस्थित करती है; और विश्वजनीन कविता तो जीवन समष्टि के आदर्शघन का निर्माण करके हमें एक क्षण में सर्वद्रष्टा बना देती है।

*कविता की इतिकर्तव्यता*

जिस क्षण हम कवित्वविषयक उक्त सत्य को भली भाँति हृद्गत कर लेते हैं उसी क्षण हमें उन सब बातों का भान हो जाता है जो कवियों ने अपनी रचना कविता के विषय में कही हैं। जीवन का—जैसा उखड़ा पुखड़ा यह हमारे सम्मुख आता है—कोई आदर्श नहीं, कम से कम ऐसा आदर्श नहीं जो निश्चित हो, निर्धारित हो, जिसे हम समझ सकते हों। यह एकांततः बहुमुखी तथा बहुरूपी है; इसके नियम यदि हम उन्हें नियम शब्द से पुकार सकते हैं तो—अनियमित तथा औंधे हैं। यह हमारी आशाओं तथा आकांक्षाओं को नहीं सरसाता; कभी कभी यह हमें ध्येय-विहीन दीख पड़ता है। बहुधा यह, हैमलेट के शब्दों में उखड़ा-पुखड़ा निरी उठ बैठ ही दीख पड़ता है। यह किसी भी आदर्श को नहीं जन्माता, फिर सुन्दर आदर्श का तो कहना ही क्या। कविता का, सर्वोच्च ध्येय उसका सब से

अनोखा कर्म, नियमों के इस अभाव को, प्रकाश की इस चौंध को, आदर्श में परिणत करना है; उसका कर्तव्य है जीवन के उस अंश अथवा पक्षविशेष को, जिस पर कि उसने अपने कल्पनारूप वृहत्तालयन्त्र को केन्द्रित किया है, जीवन के समतल से उभार देना, उसे हमारी आँखों के सम्मुख कर देना, उसे अन्धकार में दीपशिखा की नाईं अचल बनाकर जगमगा देना। और यही काम विश्व के महान कवि जीवन-समष्टि के विषय में किया करते हैं। उनकी कल्पना का वृहत्तालयत्र जीवन के किसी अंशविशेष पर न पड़ उसकी समष्टि पर पड़ता है; उनकी दिव्य रचनाओं में हमें जीवन के किसी परिमित पक्ष विशेष के दर्शन नहीं होते, वहाँ तो हमें भूत, भविष्यत् और वर्तमान तीनों कालों के जीवन की समष्टि उत्थापित होती दृष्टिगत होती हैं। शैले ने इसी तथ्य को इन शब्दों में व्यक्त किया है कि कविता परिचित वस्तुओं को हमारे सम्मुख ऐसे रूप में रखती है मानो वे हमारे लिए अपरिचित हों। कविता हमारे सम्मुख अनुभूति के व्यस्त पट को एक अनोखे ऐक्योत्पादक प्रकाश में लाकर खड़ा करती है, इसके द्वारा हमें उसके क्रमहीन सकुल तंतुसमवाय मे भी विधाता के नियमित विधान का दर्शन होता है। कविता हमें जीवन को, सौंदर्य की अगणित प्रणालियों मे प्रवाहित होने पर भी, एक करके दिखाती है, यह हमें व्यतिक्रम और व्यत्यास भरे संसार में आशा के साथ जीना सिखाती है।

और इस उच्च दृष्टि से विचार करने पर हमें इस कथन में कि कविता जीवन का उच्चतम विकास है कोई अत्युक्ति नहीं दीख पड़ती। कविता जीवन के उस घनीभूत, विशदतम प्रयत्न अथवा नैसर्गिक बुद्धि की पराकोटि है, जो समानरूप से अशेष विद्या, सकल अध्ययन, और सब प्रकार की प्रगति के मूल में सन्निहित है; और इसका लक्ष्य है जीवन की स्वाभाविक महत्ता तथा शक्तियों को हृद्गत

कराना, उसके द्वारा जगत् पर आधिपत्य प्राप्त कराना और अपने प्रयत्न से प्राप्त की गई सम्पत्ति पर आत्मविश्वास के साथ पाठक को डटाना; और इन्हीं सब बातों का नाम दूसरे शब्दों में जीवन है।

---

# कविता के भेद

साधारणतः काव्य के दो भाग किये जा सकते हैं; एक वह जिसमें एक मात्र कवि की अपनी बात होती है और दूसरा वह जिसमें किसी देश अथवा समाज की बात होती है।

*विषयप्रधान कविता*

केवल कवि की बात से यह आशय नहीं कि वह बात ऐसी है जो श्रोताओं की बुद्धि से बाहर हो। ऐसा होने पर तो उसे अनर्गल प्रलाप ही कहा जायगा। इस बात का आशय यही है कि कवि में ऐसा सामर्थ्य है जिसके द्वारा वह अपने सुखदुःख, अपनी कल्पना और अपनी अभिज्ञता के अंतस् से संसार के अशेष मनुष्यों के सनातन हृदयावेगों को और उसके जीवन की मार्मिक बातों को अनायास प्रकट कर देता है और पाठक उसकी रचना को पढ़ते समय उसमें अपने ही अंतरात्मा का इतिहास पढ़ने लगते हैं। यह तब होता है जब कवि संसारमंच पर खेल-कूद कर, रो हँस कर, उसकी अशाश्वता तथा अंधाधुंधी को समझ कह उठता है "अब मैं नाच्यौ बहुत गोपाल" और अपने आत्मा के मंदिर में लौट ऐसा गाना गाता है, जिसमें संसार के मनुष्यमात्र का स्वर मिला रहता है। इस प्रकार की कविता में कवि का भाव प्रधान रहता है, इसलिए इसे हम भावात्मक, व्यक्तित्वप्रधान अथवा आत्माभिव्यंजक कविता कहते हैं।

किंतु हम जानते हैं कि संसार के आदि पुरुषों में पराजय की यह वृत्ति न थी। वे अपने भौतिक जीवन को सुखसंपन्न बनाने के लिए बाह्य जगत् पर सर्वात्मना टूट पड़ते थे और अपने मार्ग में आने वाली कठिन से कठिन बाधाओं से भी विचलित न हो जीवन के संग्राम में अड़े रहते थे। उनके जीवन का लक्ष्य था कर्म और कर्म द्वारा आधिभौतिक तथा आधिदैविक जगत् पर विजय प्राप्त करना। अभी उनके आत्मा की केंद्रप्रतिगामिनी शक्ति ही बलवती थी, उसे संसार में टक्करें खाकर केंद्रानुगामिनी बनने का अवसर न मिला था। इस अपेक्षाकृत कम सभ्य वीर पुरुष के कर्मण्य जीवन का निदर्शन पहले पहल चारणों द्वारा गाये जाने वाले गानों में हुआ, जो शनैः शनैः परिष्कृत तथा परिवर्धित होते हुए उस काव्य रूप में आये, जिसे हम **विषयप्रधान, वर्णनप्रधान अथवा बाह्यविषयात्मक कविता** कहते हैं। और क्योंकि ऐतिहासिक दृष्टि से विषयप्रधान कविता का उदय पहले हुआ है; अतः पहले हम इसी पर विचार करेंगे।

## विषय-प्रधान कविता

*विषय-प्रधान कविता की विशेषता*

**विषयप्रधान कविता की सबसे बड़ी विशेषता** यह है कि उसका प्रत्यक्ष संबंध बाह्य जगत् के साथ होता है और उस जगत् का वर्णन करने के कारण यह वर्णनात्मक होती है। इसमें कवि अपने अंतरात्मा की अनुभूतियों का निर्देश न कर बाह्य जगत् में जाता और उसकी अंतस्तली में पैठ उसके साथ अपना रागात्मक संबंध स्थापित करता है; संक्षेप में हम इसे कवि के व्यक्तित्व से बाहर घटने वाली घटनाओं का रागमय लेखा कह सकते हैं। इस पर कवि के व्यक्तित्व की प्रकट छाप नहीं

होती; दूसरे शब्दों में यह किसी एक कवि की रचना न होकर देश अथवा जाति की रचना होती है, इसके निर्माण में बढ़ती हुई पौराणिक कथाओं का बड़ा हाथ होता है, और यद्यपि इसको अंतिम रूप देने वाले महाकवि की कला का कुछ आभास अवश्य होता है, तथापि आत्माभिव्यंजिनी कविता के समान इसे वैयक्तिक रचना नहीं कहा जा सकता। इसमें किसी एक कवि का दृष्टिकोण काम नहीं करता, इसमें तो एक जाति अथवा एक युग का प्रतिफलन हुआ करता है। इस श्रेणी की रचनाओं के अन्तस्तल से एक सारा युग अपने हृदय को और अपनी अभिज्ञता को प्रकट करके उन्हें सदा के लिए समादरणीय बना देता है।

*विषयप्रधान कविताओं में सारा देश अथवा जाति प्रतिबिंबित होते हैं*

इसी श्रेणी की रचनाओं को उनका वर्तमान रूप देने वाले कवियों को महाकवि कहा जाता है। 'सारे देशों और सारी जातियों की सरस्वती इनका आश्रय ले सकती है। ये जो रचना करते हैं, वह किसी व्यक्तिविशेष की रचना नहीं मालूम होती। कहने का अभिप्राय यह है कि उनकी उक्तियाँ देशमात्र और जातिमात्र को मान्य होती हैं। उनकी रचना उस बड़े वृक्ष की सी होती है जो देश के भूतलरूपी जठर से उत्पन्न होकर उस देश को आश्रयरूपी छाया देता हुआ खड़ा रहता है। कालिदास की शकुन्तला और कुमारसंभव में कालिदास की लेखनी का कौशल दिखाई पड़ता है। किंतु रामायण और महाभारत ऐसे प्रतीत होते हैं मानो हिमालय और गंगा की भाँति ये भारत के ही हैं—व्यास और वाल्मीकि तो उपलक्ष्य मात्र हैं। भावार्थ यह है कि इनके पढ़ने से भारत झलकने लगता है, व्यास और वाल्मीकि उनमें दृष्टिगोचर नहीं होते।"

हमने अभी संकेत किया था कि किसी देश अथवा जाति के

वीर कृत्यों की प्रख्याति करने वाले तत्तद्देशीय चारणों के परंपरागत गीत हो आगे चलकर किसी विशिष्ठ प्रतिभा वाले महाकवि द्वारा संपादित हो महाकाव्य का रूप धारण करते हैं। इससे स्पष्ट है कि उन परंपरा-प्राप्त गीतों के समान उनसे उत्पन्न हुए महाकाव्य में भी अतीत युगों का प्रतिफलन होता है, समग्र सभ्यताओं का चित्रण होता है, मनुष्य के विचारमय जीवन के नानाविध स्थायीपटलों का निदर्शन होता है। महाकाव्य में उनको रचने वाली जाति का स्वभाव और कल्पना निहित होती है, इसमें इस जाति के अतीत, वर्तमान और भविष्यविषयक स्वप्नों का सञ्चार होता है। इस कोटि की रचनाओं में, इनका एक रचयिता न होने के कारण किसी एक के व्यक्तित्व का प्रभाव नहीं होता। ये सारे समाज की समान दाय हैं; ये विपुल मानव-जीवन की—जिसमें कि सदियों का सार समाया हुआ है; घनीभूत बोलती मूर्तियाँ हैं, परिवर्तनों के बीच में विकास को प्राप्त हुई जातीय उन्नति के प्रस्फुट पदचिह्न हैं। यदि इस कोटि की रचनाएँ किसी एक कलाकार की कृतियाँ हों, तो भी उनमें अतीत युगों की बहुविध रूढ़ियों का एकत्रीकरण होता है। हमने देखा कि समस्त भारत में व्याप्त हमारे रामायण और महाभारत महाकाव्य अपने रचयिताओं के नाम लुप्त कर बैठे हैं। जनसाधारण आज रामायण और महाभारत के नाम लेने के अतिरिक्त उनके रचयिता वाल्मीकि और व्यास के नाम नहीं लेते। इन दोनों में उस समय का भारत प्रतिफलित है। भारतवर्ष की जो साधना, आराधना और जो संकल्प हैं उन्हीं का इतिहास इन दोनों विशालकाय काव्यप्रासादों के सनातन सिंहासन पर विराजमान है।

*रामायण और महाभारत अपने रचयिताओं के नाम लुप्त कर बैठे हैं।*

हमारे देश में जैसे रामायण और महाभारत हैं वैसे ही ग्रीस में

इलियड और ओडीसी हैं। वे सारे ग्रीस के हृदयकमल से उत्पन्न हुए थे और आज भी सारे ग्रीस के हृदयकमल में विराजमान हैं। होमर कवि ने अपने देश काल के कठ में भाषा दी थी—उसने अपने देशकाल की अवस्था को भाषाबद्ध किया था। उनके वाक्य निर्झर के समान अपने देश के अतस्तल से निकलकर चिरकाल से उसे आप्लावित करते आये हैं।

*ग्रीस के महाकाव्य*

जिस प्रकार ग्रीस का प्रतिफलन होमर-रचित इलियड और ओडीसी में हुआ है उसी प्रकार इटालियन महाकवि वर्जिल की प्रख्यात रचना एनाइड ( Aene d ) में रोम की, लैटिन जाति की, लैटिन साम्राज्य की, और लैटिन सभ्यता की आंतरिक वाणी प्रवाहित हुई है। अपने अभ्युदय के पश्चात् से, वर्जिल समस्त लैटिन जगत् का, उसके जीवन के सभी पटलों में सर्वश्रेष्ठ व्याख्याता माना गया है। यदि हम लैटिन जगत् में से वर्जिल को पृथक् कर दें तो हमारे लिए उसकी इस अभाव से उत्पन्न हुई दुरवस्था का अनुमान करना कठिन होगा। हम कह सकते हैं कि वर्जिल से पहले लैटिन जगत् में जो कुछ भी हुआ था, उस सब का लक्ष्य प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्षरूप से वर्जिल था, उसके पश्चात वहाँ जो कुछ भी हुआ उस पर वर्जिल का उत्कट प्रभाव पड़ा, उसके भावों पर उसकी कथनशैली पर, यहाँ तक कि उसकी भाषा पर भी वर्जिल की मुद्रा छपी हुई है। वर्जिल ने अपनी रचना में रोम ही नहीं अपितु समस्त इटालियन जगत् को मुखरित किया था।

*रोमन महाकवि वर्जिल*

जिस प्रकार रोमन जाति की संयत तथा उदात्त वाणी वर्जिल में बही है, उसी प्रकार अंग्रेज़ जाति की विश्रोवुल्फ, स्पैंसर-रचित फेयरी क्वीन, मिल्टन-रचित पैरेडाइज़ लॉस्ट, और टेनीसन रचित इडिल्स ऑफ दि

*अंग्रेज महाकवि*

किंग नामक रचनाओं में मुखरित होने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। पहली रचना में विओवुल्फ नामक किसी वीर के दर्पकृत्यो का वर्णन है, दूसरी तथा तीसरी रचना में नवोद्बोधकाल ( Renaissance ) के प्रतिबिंब के साथ साथ क्रमशः वीरता तथा मध्ययुग की रूढ़ियों की पुष्टि, और ईसाइयत की कथा तथा प्राचीनता का निदर्शन है, जब कि टेनीसन ने अपनी रचना में आर्थरियन कथानको का प्रबन्ध बाँधा है। जिस प्रकार भारत, ग्रीस, रोम तथा इग्लैंड का सामूहिक जीवन क्रमशः उनके रामायण-महाभारत, इलियड ओडीसी, एनाइड तथा डिवाइन कमेडी, और विओवुल्फ आदि विषय-प्रधान रचनाओं में प्रतिफलित हुआ है, उसी प्रकार अन्य देशों का सामूहिक जीवन भी उनके अपने विषयप्रधान काव्यों में मुखरित होता आया है।

***महाकाव्यकारों की दैव में आस्था***

मनोविज्ञान बताता है कि प्राचीनकाल के पुरुष को जहाँ कहीं भी क्रिया दृष्टिगत होती थी, वह वहीं, जिस प्रकार अपने भीतर वैसे ही बाहर भी, एक अधिष्ठात्री देवता की कल्पना कर लेता था। सूर्य, चन्द्र, नक्षत्र, यहाँ तक कि नभ में, जल में और थल में, सभी जगह उसे किसी देवविशेष के दर्शन होते थे। इन सब देवताओं के साथ, इन सबके ऊपर एक देवता का आधिपत्य था, जिसे वह भाग्य अथवा नियति के नाम से पुकारता था। इस देवता के सम्मुख उसका सारा शौर्य तथा पराक्रम क्षीण हो जाता था और जिस प्रकार वायु के प्रबल झोंके पर्वत से टकराकर लौटते और अपने भीतर की क्रिया में लीन हो जाते हैं, उसी प्रकार भाग्य के साथ टकराकर पराजित हो वह अपने भीतर, अपनी ही निसर्गजात कर्मशीलता से उत्पन्न हुई, काम में अड़े रहने की हठ में घुल-घुलकर रह जाता था। उसके जीवन का आधा भाग उसके सहचर मनुष्यों तथा प्राणियों के साथ

सम्बद्ध रहता था तो दूसरा अर्धभाग इन देवी-देवताओं की सेवा तथा इन के भय मे बीता करता था।

*रामायण और महाभारत में दैव का हाथ*

फलतः जहाँ हम अपनी रामायण और महाभारत में चराचर भारत का सर्वांशी निदर्शन पाते हैं, वहाँ साथ ही उनमें हमें अपना सारा जगत् देवी देवताओं के हाथ में कठपुतली की भाँति नाचता दीख पड़ता है। जहाँ महर्षि वाल्मीकि कैकेयी के द्वारा श्रीराम को वन में प्रस्थापित करा, उससे संपन्न हुए दशरथ के निधन पर अपनी रचना-भित्ति खडी करते हैं, वहाँ साथ वे उस भित्ति की आड़ में. मंथरा को लोकहित की दृष्टि से दुर्बुद्धि देने वाले देवताओं का उद्भावन करते हैं। और जब हम रामायण में आने वाले लोकोत्तर भूतों पर ध्यान देते हुए उसका पारायण करते हैं तब हमें उस महाकाव्य में एक भी चुटीली घटना ऐसी नहीं दीख पडती, जिसका प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्षरूप से किसी देवता के साथ सम्बन्ध न हो। यही नहीं; रामायण में भाग लेने वाले सभी पात्र हमारे सम्मुख छोटे आकार में नहीं; अपितु एक अमानुष दिव्य आकार मे आते हैं; उनमें से प्रधान पात्र तो स्वय एक प्रकार के देवता बन गये हैं और उनके अनुचरों में से आधे रीछ, तथा बन्दर आदि बन कर रहते हैं। श्रीराम का विरोधी हमारे जैसा मनुष्य नहीं, अपितु एक दशशीशधारी दानवराज है, जो सोने की लका में बसता है। हमारे नायक वहाँ पहुँचने के निमित्त समुद्र को लाँघने के लिए नौका आदि का उपयोग नहीं करते; वे उस पर सेतु बाँधते हैं; और नल तथा नील के हाथ में जो कुछ भी आ जाता है, वही पानी पर तैरने लगता है। लौटते समय श्रीराम उस पुल पर से नहीं लौटते, वे सीतासमेत पुष्पकविमान में आते हैं और खेत में काम आये उनके सब साथी श्रीराम के हाथों अमृत पा फिर जी उठते हैं। घूम फिर कर ऐसी ही बातें हमारे सम्मुख

महाभारत में आती हैं। यहाँ भी सुदर्शनचक्र की महिमा अपार है और यहाँ भी देवता दिन रात मनुष्यों की ईहा में पूरा पूरा भाग लेते दिखाई देते हैं।

किंतु रामायण और महाभारत के ये तत्त्व मनुष्य के जीवन को अकिंचन नहीं बनाते, उलटा ये उसे देवताओं के समान भद्रता की ओर प्रवृत्त करते हैं, उसे मंगलमय भारतीय आदर्श की ओर आकृष्ट करते हैं।

*ग्रीक और रोमन महाकाव्यों में देव का हाथ*

जिस प्रकार भारत में उसी प्रकार ग्रीस मे भी हमें इलियड और ओडीसी के वीर पात्र देवताओं के साथ कधे से कधा लगाकर कैम्पों और युद्धक्षेत्रों मे आपस में भिड़ते और राज-दरबारों तथा प्रासादो में सामन्त-जनोचित आमोद और प्रमोद करते दिखाई पड़ते हैं। इतिहास और पौराणिक उपाख्यानों का यही सम्मिश्रण हमें वर्जिल आदि महाकवियों की रचनाओं में दीख पड़ता है।

हमने प्रारम्भ में कहा था कि सृष्टि के आदिम पुरुष का जीवन कर्मप्रधान था और उसके उस जीवन का रागात्मक व्याख्यान उसकी सर्व प्रथम रचना अर्थात् विषयप्रधान महाकाव्यों में हुआ था। मानसिक जगत् की दृष्टि से उसका जीवन कितना भी परिसीमित तथा संकुचित क्यों न रहा हो, उसके जीवन का भी कुछ उद्देश्य था और ध्येय था, उसको अपनी आदिम रचना मे हमें उस ध्येय का प्रतिफलन स्पष्ट दीख पड़ती है।

*भारतीय तथा यूरोपीय महाकाव्यों के दृष्टि-*

हमारे ऋषियो ने जीवन को समष्टि के रूप में देख कर उस में मगलमयी भावनाओं का प्राधान्य दर्शाते हुए उसका अन्त सत्य, शिव तथा सुन्दर में किया था। रामायण और महाभारत में हमारे ऋषियों का यह तत्त्व बड़े ही रमणीय रूप में उद्भासित हो उठता है।

कोण में भेद दोनों ही के मनोज्ञ पात्र क्लेशबहुल कर्ममय जीवन में से गुजर कर अन्त में प्रेमपरिपूर्ण ज्ञान के द्वारा निर्वाण प्राप्त करते हैं। इसके विपरीत पाश्चात्य विचारकों ने अपने दृष्टिकोण को इहलोक की विभूति और पराभूति तक ही परिसीमित रख उसमें अनिवार्यरूप से सामने आने वाले दैवजन्य क्लेश में ही जीवन का अन्तिम पटाक्षेप किया है। ग्रीस की सर्वोत्तम निधि इलियड और ओडीसी में हमें वही बात उपलब्ध होती है, मानव जाति के भाग्यचित्र को घबड़ाहट के साथ देखने वाले महाकवि होमर का सार अशिल्लेस के इस वाक्य में आ जाता है कि 'निर्बल मनुष्य के लिए देवताओं ने भाग्य का यही पट बुना है, उनकी इच्छा है कि मनुष्य सदा क्लेश में जियें और वे स्वयं ( देवता ) आनन्द में रहें।" होमर के सभी पात्र समानरूप से दैव के हाथ की कठपुतली हैं; वह उन्हे जैसा चाहता है, नचाता है, और अन्त में कादिशीक बना धूलिसात् कर देता है; उन्हे उद्यमजन्य क्लेश में छोड़ देता है। यूरोप के इस दुःखांत जीवन में क्लेश पर क्लेश आने पर भी लड़ाई में अडे रहने की प्रवृत्ति को वर्जिल ने बड़े ही मार्मिक शब्दों में यों व्यक्त किया है "सभी मनुष्यों के लिए जीवन का काल छोटा है, जीवन फिर नहीं लौटा करता; इस छोटे जीवन में यशःप्राप्ति करना; बस वीरता के हाथ में इतना ही है।" अपने समय में दीख पड़ने वाली जीवन-परिस्थिति को होमर स्वीकार करता है; किन्तु अतीत सभ्यता को चित्रण करने वाली उसकी रचना में हमें उस उत्कट महत्त्व वाले सत्य की प्राप्ति होती है, जिसे होमर अशेष मानव जीवन में अनुभव कर रहा था। इलियड का वर्ण्य विषय युद्ध है और वह सब कुछ जो युद्धों में होता है, उसके कारण और उसके परिणाम समेत। ओडीसी का वर्ण्य विषय है वैयक्तिक साहसिक कृत्यों से भरा हुआ जीवन और उसका प्रातीप्य, अर्थात घर के लिए उत्कंठा और अपनी रक्षा की

चिन्ता। इन दोनों वर्ण्यविषयों में जीवन के भले बुरे सभी अनुभव आ जाते हैं; कवि इनका वर्णन करता है और साथ ही अप्रत्यक्ष रूप से जीवन के प्रति अपना दृष्टिकोण भी दर्शाता है, जिसका चरम निष्कर्ष है जीना और बहादुरी से जीना, चाहे सिर पर मँडराता दैव कितने ही क्लेश क्यों न दे, और चाहे मृत्यु कल की होती आज ही क्यों न हो जाय।

*विषयप्रधान कविता के प्राकृतिक तथा आनुकारिक नाम के दो उपभेद*

विषयप्रधान महाकाव्य के तत्त्वों का दिग्दर्शन हो चुका, अब पाश्चात्य दृष्टि से उसके दो उपभेदों पर कुछ लिखना अप्रासंगिक न होगा। विषयप्रधान महाकाव्य दो भागों में बाँटे जा सकते हैं; एक प्राकृतिक और दूसरा आनुकारिक (Imitative), उदाहरण के लिए जैसे अंग्रेजी के महाकाव्य बिओवुल्फ और मिल्टन-रचित पैरेडाइज़ लॉस्ट। व्यापार और प्रकाशन की आदिम प्रवृत्ति के मुखरित होने में ही साहित्य का बीज निहित है। आदिम विचारों तथा मनोवेगों के स्रोत से ही वीरगाथाओं तथा विषयप्रधान महाकाव्यों की धारा बही है; दोनों का ही समानरूप से स्वाभाविक विकास है; उन उन विचारों तथा भावनाओं के चित्रफल हैं जो तत्तत्कालीन मानव जाति की सामान्य दाय थे और इस दृष्टि से देखने पर हमें भारतीय रामायण तथा महाभारत मे और ग्रीस में संपन्न हुए इलियड में उन बातों का वर्णन मिलता है, जो उस समय के भारत तथा ग्रीस मे जीवन का निष्कर्ष मानी जाती थीं। दोनों देशो के तात्कालिक समाज की इन महाकाव्यों में वर्णन की गई बातों में पूरी पूरी आस्था थी। अब, एक ऐसी रचना, जो इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर रची गई हो, जो अपने आकार, शैली और दृष्टिकोण मे इन्हीं के समान हो, किन्तु जिसकी रचना ऐसे समाज तथा युग में संपन्न हुई हो, जिसको रामायण और

इलियड में वर्णित की गई प्रथाओं और विश्वासों में आस्था न हो अवश्यमेव अपने संस्थान और स्वरूप में उक्त मौलिक महाकाव्यों से भिन्न प्रकार की होगी। यह रचना अपने समसामयिक व्यक्तियों के जीवन का लेख भी नहीं, और नहीं है इसमें उनके मानसिक जीवन का प्रतिबिंब ही। संक्षेप में यह मौलिक महाकाव्य से भिन्न प्रकार की है, यह प्राकृतिक होने की अपेक्षा काल्पनिक अधिक है।

*यथार्थ महाकाव्य का उद्भाव किस युग में होता है*

किसी भी जाति अथवा राष्ट्र के इतिहास में एक अवस्थान ऐसा होता है, जो महाकाव्यनिर्माण के लिए सुतरां अनुकूल होता है। उस अवस्थान के बीतते ही महाकाव्य की रचना में अप्राकृतिकता आ जाती है; क्योंकि महाकाव्य को उत्पन्न करने वाले अवस्थान में जीवन अपनी आदिम अवस्था में होता है, और उस युग में प्राकृतिक कठिनाइयों के साथ जूझना मनुष्य का प्रमुख कर्तव्य होता है। साथ ही इस प्रकार के समाज में साधारण नियम, प्रथा और संस्कृति का अभाव सा होता है। इस युग के व्यक्तियों में प्राकृतिक गुणों की अधिकता होती है, जैसे निर्भयता, सहनशीलता, और [illegible] कलाएँ भी घर बनाना, नौका घड़ना आदि अत्यावश्यक पदार्थों तक ही सीमित होती हैं; इस युग का हर व्यक्ति केवल अपने किये का उत्तरदायी होता है, क्योंकि वह संघटित समूहशक्ति से उत्पन्न होने वाले नियमों के अभाव में, हर बात में अपने पैरों खड़ा होता है। संक्षेप में हर व्यक्ति अपना जीवन अपने आप बनाता है। ऐसे युग में मनुष्यों के लिए लोकोत्तर बातों में विश्वास करना और देवी देवताओं के साथ अपने जीवनतन्तु को बँधा देखना स्वाभाविक होता है; क्योंकि उनकी विचारशक्ति अविकसित होती है और उनके लिए "जो नहीं दीखता वही दैव बन जाता है।" समाज की इस परिस्थिति में महा-

काव्य खूब फलता-फूलता है, किन्तु इस परिस्थिति के नष्ट होते ही जीवन समाज तथा राष्ट्र के द्वारा निर्धारित किये गये नियमों में बंध जाता है और उसके साथ ही यथार्थ महाकाव्य का युग एक प्रकार से चल बसता है।

*रामायण और महाभारत के युग में और आज के युग में भेद*

आज हमारा जगत् वाल्मीकि तथा होमर के जगत् से कहीं अधिक विपुल तथा कहीं अधिक विशाल बन गया है। आज कोई भी कवि अपने महाकाव्य के लिए इस प्रकार का विषय नहीं ढूँढ सकता जिसके द्वारा उसकी रचना में रामायण और इलियड जैसी विश्वप्रियता आ जाय। युद्ध को भी आज सब व्यक्ति समान रूप से साहसकृत्य नहीं समझते, और ऐसा कोई भी व्यक्ति, जो अपनी बहादुरी से पोल पर जाकर अपनी विजयपताका न गाड़ दे, सब की दृष्टि में समान रूप से 'वीर नायक' नहीं माना जा सकता। हमारे अगणित मति-भेदों, धार्मिक भेदों, आचार-भेदों, व्यवसाय-भेदों तथा जीवन के प्रति होने वाले दृष्टिकोणों के भेदों से परिच्छिन्न हुए जीवनपट में से कोई भी साहित्यिक ऐसा स्थल नहीं निकाल सकता जो सब व्यक्तियों को समान रूप से रुच सके, और स्मरण रहे इस सर्वप्रियता में ही विषयप्रधान महाकाव्य का सर्वस्व निहित रहा करता है। कहना न होगा कि इस परिस्थिति में रचे गये महाकाव्य मौलिक महाकाव्यों से भिन्न प्रकार के होंगे, उनकी यह भिन्नता रचनाशैली में ही परिसीमित न रह उनके प्रसार, उनके आशय और उनकी अपील में भी उद्धृत होगी।

*रामायण महाभारत तथा शिशु-*

मिल्टन रचित पैरेडाइज लॉस्ट की कथा हमारे लिए उतनी ही अविश्वसनीय है जितनी कि इलियड की; किंतु अपनी गरिमा तथा अपील में मिल्टन की रचना एक सच्चा महाकाव्य है। ऊपर कहा जा चुका है कि

*पाल वध आदि महाकाव्यों में भेद* महाकाव्य का वर्ण्य-विषय ऐसे कथानक तथा आख्यान होते हैं जिनमे तात्कालिक समाज का पूरा पूरा विश्वास होता है, किंतु पैरेडाइज़ लॉस्ट में यह बात नही है। इसकी कथा में इसके रचनाकालीन व्यक्तियों का भरोसा न था, यह तो केवल सप्रदाय के व्यक्तियो ही को मान्य थी। यही बात रामायण और महाभारत की कथाओ को दुहराने वाले आधुनिक सस्कृत और हिन्दी महाकाव्यो के विषय मे कही जा सकती है। और जहाँ कि प्राकृतिक महाकाव्यो मे उनके रचयिताओ का व्यक्तित्व नही दीख पड़ता था, वहाँ मिल्टन के पैरेडाइज़ लॉस्ट मे हम स्वय मिल्टन को विराजमान हुआ पाते हैं। निष्कर्ष इस बात का यह है कि जिस प्रकार अंग्रेजी का पैरेडाइज लॉस्ट आकार प्रकार में तो आदि महाकाव्यो के समान है किन्तु वस्तुतत्त्व मे उनसे सुतरा भिन्न, उसी प्रकार हमारे शिशुपालवध आदि सस्कृत महाकाव्य और प्रियप्रवास तथा साकेत आदि हिंदी महाकाव्य आकार प्रकार मे तो रामायण और महाभारत के समान हैं, किंतु वस्तुतत्त्व मे उनसे सुतरा भिन्न।

*महाकाव्यो की रचनाशैली उन में तथा नाटक और उपन्यास में भेद* महाकाव्य के प्राकृतिक तथा आनुकारिक नामक दोनो उपविभागो का दिग्दर्शन हो चुका, अब उनकी रचनाशैली के विषय में कुछ जान लेना उचित होगा। महाकाव्य का वचन-प्रबंध वर्णनशैली में प्रवाहित होता है। जिस प्रकार वर्णनात्मक कविता अपने से प्रथम उदित हुए साहित्य से आगे उन्नति का एक पग है, उसी प्रकार वर्णनात्मक कविता में इससे आगे आने वाले और इससे भी कहीं अधिक विकसित नाटकीय साहित्य के बीज निहित हैं। नाटक के समान महाकाव्य में क्रिया की अग्रसरता का विकास होता है और दोनों ही समान

रूप से अपने पात्रों के विकास मे दत्तचित्त रहते हैं। किन्तु क्रिया और पात्रो को सम्प्रदर्शित करने का दोनो का अपना अपना ढग पृथक् पृथक् है। नाटक मे प्रमुख क्रिया को पराकोटि पर नियत समय मे पहुँचना होता है, और समय की इस सयतता के कारण ही नाटककार को अपने सकुचित पथ मे इधर उधर जाने का अवसर नहीं मिलता। उसकी चतुरता इस बात मे हैं कि कहाँ तक अपने प्रधान पात्रों को निर्धारित परिधि में सकुचित करता हुआ उन्हें मुखरित कर सका है, और कहाँ तक अपनी रचना को प्रमुख पात्रो की पुष्टि में अग्रसर कर सका है। महाकाव्य में समय और देश का ऐसा कोई बन्धन नहीं है। इसमे कवि को अपने प्रधान वक्तव्य मे इधर उधर जाने का अधिकार है, वह अपनी रचना को प्रसंगागत ऐतिहासिक तथा नृवशसम्बन्धी सूचनाओ से चारु बना सकता है। वह उसमें मानवजाति के युद्ध, उनके शस्त्रास्त्र, उनके घरबार, उनके यातायात-साधन आदि सभी बातो का निर्देश कर सकता है। साथ ही महाकाव्य की गति मे नियन्त्रण भी है। इसे शीघ्र ही समाप्त नहीं होना चाहिए, चमत्कार, तुलना तथा निदर्शन आदि के द्वारा उसका सुसज्जित होना आवश्यक है। कहना न होगा कि जहाँ वर्णन की इस स्वतन्त्रता मे अनेक लाभ हैं, वहाँ साथ ही इसमे अनेक कठिनाइयाँ भी हैं। इस स्वतन्त्रता के आकर्षण मे मस्त हो कवि अपने विषय के साथ सम्बन्ध न रखने वाली बातो में लग अपनी प्रमुख घटना को भुला सकता है, और यह अकेला दोष ही किसी रचना को भद्दी बनाने के लिए पर्याप्त है। कवि के द्वारा उद्भावित किये गये परिष्कार के इन उपकरणो द्वारा कथा को अग्रसर होने मे सहायता मिलनी चाहिए, न कि उन से उसका गति-अवरोध होना चाहिए। इसमें सशय नहीं कि किंचित् काल के लिए कथा में व्याक्षेप अथवा निरोध डाल देने से उसका प्रभाव बढ जाता है; क्योकि इसके द्वारा कथा के

विषय में हमारी पूर्वभुक्ति (anticipation) तीव्र हो जाती है; किंतु कथा को आवश्यकता से अधिक देर तक निरुद्ध कर देना तो उसके प्रति होने वाले पाठक के प्रेम को तोड़ देना है। महाकाव्य का लक्ष्य होना चाहिए कवि के द्वारा इतिहास, उपाख्यान अथवा काल्पनिक जगत् में से एकत्र किये हुए पात्रों और घटनाओं के प्रति पाठक के मन में शनैः शनैः किंतु प्राभाविकता के साथ प्रेम उत्पन्न करना। किन्तु यद्यपि उक्त उपकरणों द्वारा महाकवि की अर्थसामग्री में बहुविधता आ जाती है, तथापि वह उस सामग्री पर "कहीं की ईंट कहीं का रोड़ा भानमती ने कुनबा जोड़ा" के अनुसार अव्यवस्थित प्रबन्ध नहीं खड़ा करता; वह तो अपनी इस बहुरूपिणी अपक्व सामग्री को अपनी रचना के महापात्र में डालकर उसे ऐसे एकतामय पाक में परिवर्तित करता है कि सहृदय पाठक उसको चख चख कर नहीं अघाते। विषय-प्रधान महाकाव्य सृजने वाले महाकवि की विशेषता इसी बात में है।

## भावप्रधान कविता

*विषयिप्रधान कविता का स्रोत : उसका लक्षण*

विषयप्रधान कविता का स्रोत हम ने आदिम पुरुष की उस कर्ममय प्रवृत्ति में देखा था; जिससे प्रेरित हो वह गिरिगह्वर में से खिलखिला कर सामने पड़ी चट्टान पर फूटने वाले निर्झर के समान दैव के द्वारा सजाये गये जीवन-संग्राम में बराबर रत रहता था और बार-बार इस संग्राम में मुँह की खाने पर भी उस में अड़ा रहता था। अभी उस कर्मवीर ने पराजय का पाठ नहीं पढ़ा था।

शनैः शनैः सभ्यता और संस्कृति के विकास के साथ साथ उस की कर्मण्यता मन्द पड़ती गई और उसकी विचार-वृत्ति, अथवा केंद्रानुगामिनी शक्ति विकसित होती गई। अब वह बाह्य जगत् को

पीड़ा और टीस से अनुविद्ध हुआ देख कर अपने भीतर प्रविष्ट हुआ। **उस के अन्तर्मुख होने पर उसके मुँह से जो कविता निकली, उसी के विविध रूपों को भावप्रधान कविता कहते है।**

*विषयिप्रधान कविता और मनोवेग*

भावप्रधान कविता का स्रोत गायक के उत्कट मनोवेगों में **है।** प्रारम्भ मे मनुष्य ने अपने इन मनोवेगों को अव्यक्त ध्वनि द्वारा प्रकाशित किया था, हमारा वर्तमान विशुद्ध संगीत उसी ध्वनि का संयत हुआ विकसित रूप है। प्रारम्भ में इस ध्वनि के साथ नृत्य का सम्मिश्रण था, **साहित्य का पहले-पहल प्रवेश इसमे बार बार आवृत्त होने वाले एकस्वर शब्दों के रूप मे हुआ।** सभ्यता के आनुक्रमिक विकास के साथ साथ आदिम पुरुषों के इन्हीं तत्त्वो से भिन्न भिन्न कलाओ का उद्भव हुआ, इन्ही कलाओं **में भावप्रधान कविता भी एक है,** जिसका सरल लक्षण है **शब्दो के द्वारा उत्कट मनोवेगो का संगीतमय प्रदर्शन।** कहना न होगा कि भावप्रधान कविता का निष्कर्ष कवि के उत्कट मनोवेगो में है, उसके द्वारा उच्चारित हुए शब्दों मे बाँधे गये वस्तुप्रतिरूप तो उसके मनोवेगो को व्यक्त करने अथवा उन्हे बाहर बहाने के साधनमात्र हैं। शब्दों मे सम्पुटित हुए प्रतिरूपों में कवि का मनोवेग इस प्रकार उच्छ्वसित होता है, जैसे अपने आप को शब्द द्वारा बहाने वाले चातक का आत्मा उसके गले में उच्छ्वसित हुआ करता है। शब्दायमान चातक का जो कुछ आप को दीखता है वह उसका बाह्य रंग और उसकी क्रिया है, जो आप सुनते हैं वह उसका गीत है, उसका मनोवेग, जिसकी कोई प्रतिमा नहीं, एकमात्र अनुभूति का विषय है, इन्द्रियो का नहीं। भावप्रधान कविता के अर्थ का सार कवि के मनोवेगों में है, जो शब्दों में बँधे हुए प्रतिरूपो द्वारा प्रस्फुटित होते हैं। और चाहे भावप्रधान कविता कैसी भी व्यक्तित्व-प्रधान क्य

न हो—और स्मरण रहे इस कोटि की सभी रचनाएँ व्यक्तित्वप्रधान हुआ करती हैं—यह उस मनोवेग के द्वारा जो मनुष्यमात्र में समान-रूप से एक है—विश्वजन का दाय बन जाती है; और इसका परिणाम यह होता है कि कवि की तान में पाठक की तान मिल कर एक हो जाती है।

जीवन मनोवेगों की एक शृङ्खला है। मनोवेग मे चचलता है, यह उठता है, बढ़ता है, और फिर कहीं विलीन हो जाता है, बार बार नष्ट होकर यह बार बार आता है। जीवन की नदी इन लहरियों की एक समष्टि है। जीवन के ये मनोवेग जब घनीभूत हो शब्द-आदर्श मे परिणत होते हैं तब गीतिकाव्य का जन्म होता है। गीतिकाव्य इन अव्यक्त मनोवेगों को व्यक्ति प्रदान करता है, वह रसाप्लावित हुए कवि के आत्मा को कंठ दे देता है। यही उसकी वृत्ति है, इसी मे उसका कलापन है, और यही उसकी उपयोगिता है।

*विषयिप्रधान रचना के मनोवेग की एकता*

गीतकाव्य मे एक ही मनोवेग की प्रधानता होती है। जब कविकुलगुरु कालिदास ने वर्षा के आरम्भ मे स्निग्ध गम्भीर घोष करने वाले जलधर का पीन कलेवर देखा था, तब उनके मन में न जाने क्यो, जन्म-जन्मान्तरव्यापी विरह का एक अपूर्व भाव सञ्चरित हो गया था और उनका आत्मा मेघदूत नामक कविता के रूप में वह निकला था। उस विरह से आविष्ट होने पर उन्हे चराचर जगत् उसी में पीड़ित हुआ दीख पड़ा था। क्या जम्बूकुञ्ज की श्यामला समृद्धि, क्या सजल नयन की पुलक, क्या हरित कपिश वर्ण वाले कदंब वृक्ष, क्या उनको एक टक निहारने वाले हरिण, सभी समान रूप से उसमें छिपे दीख पड़े थे। मेघदूत में आदि से अंत तक मानव हृदय का वही युगयुगांतव्यापी विरह-भाव मुखरित हुआ है।

हम प्रतिदिन हसो को आकाश मे उड़ता देखते हैं, हमने अगणित बार बादलों से भरे आकाश में बक-पंक्तियाँ उड़ती देखी हैं। किंतु जब एक भावुक कवि कलनादिनी नदी के निर्जन तट के ऊपर से हंस श्रेणी को उड़ता देखता है तब उसका हृदय एक अपूर्व सौंदर्य की तरंगों से आप्लावित हो जाता है और वह अनायास कविता के रूप में बह निकलता है तब वह हंस श्रेणी पक्षियों की एक श्रेणी नहीं रह जाती, तब वह परलोक का दिव्य दूत बनकर उसके सम्मुख आती और उसे वहाँ का रहस्यमय सदेश दे उधर पहुँचने का मार्ग दिखाती है।

*भावप्रधान रचना का परिपाक करुण रस मे होता है*

भावप्रधान कविताओ का परिपाक उस शोकमय वेदना मे है, जिसे महाकवि भवभूति ने करुण रस के नाम से पुकार सभी रसो का आधार बताया है। कभी कभी इस कोटि की रचना में मनोवेग को विजयी भी दिखाया गया है; किंतु बहुधा मनोवेग निरर्थक रहता है, क्योंकि यह प्रकृत्या क्षणजीवी है; और हम में सभी ने मनोवेगों की अफलता अथवा उनका फलकर बिगड़ जाना अपने जीवन में बार बार देखा है। किंतु मनोवेगों की अफलता के इस दुःखद प्रभाव को दूर करने के लिए प्रत्येक रचना का परिपाक शात रस मे किया जाता है। हमारे रामायण और महाभारत का अत इसी मगलमय शात रस में हुआ है। पश्चिम में भी मिल्टन ने लीसिडास ( Lycidas ) के विलाप के अनन्तर सिद्धों के स्वर्ग की कल्पना करके अपनी रचना का शात रस में परिपाक किया है। इसी प्रकार टेनीसन ने अपनी 'इन मेमोरियम' नामक रचना में इसकी निष्पत्ति सजीव दैवी इच्छा के साथ मिल कर एक हुए प्रेम की नित्यता को निदर्शित करने वाले विश्वदेवतावाद में और शैले ने अपनी एडोनेस ( Adonais ) नामक रचना में इसकी निष्पत्ति इस

आशा में कि उसका आत्मा भी देहपंजर को छोड़ एक दिन उसी जगत् में पहुँचेगा जहाँ एडोनेस पहुँच चुका है, उस जगत् में जहाँ से कीट्स का आत्मा अनन्त में टिके नक्षत्र की नाईं उन्मुख हो उसे अपनी ओर बुला रहा है, और अपनी प्रोमेथियस अनबाउंड नामक रचना में पीड़ित मानवसमाज के सम्मुख आगामी सुवर्णयुग की स्थापना करके की है।

*भावप्रधान रचना की पराकाष्ठा से एकमात्र कवि और उसके भाव रह जाते हैं*

यह तो हुई अपेक्षाकृत विपुल रचनाओं की बात। सच्ची-भावप्रधान कविता में कवि को किसी भी ऐसे सांत्वना देने वाले स्वर्गादि की कल्पना नहीं करनी पड़ती। वह तो किसी कलनादिनी नदी के निर्जन तट के ऊपर से उड़ती हुई वकपंक्ति को देख कर उस आंतरिक सौंदर्य के स्रोत में लीन हो जाता है, जो अशेष बाह्य सौंदर्य का चरम आगार है, उस समय उसकी गति ऐसी होती है जैसे विजया को पीकर मस्त हुए प्रेमी की, उस आंतर प्रेम से आविष्ट होने पर बाह्य जगत् उसकी आँखों में नाच नाच कर तिरमिराता हुआ शनैः शनैः लुप्त हो जाता है; नदी का रव चुप हो जाता है, निर्जन तट बह जाता है, वक-पंक्ति विलीन हो जाती है, बस वह रह जाता है, और उसके रहस्यमय तरल स्वप्न रह जाते हैं। जहाँ विषय-प्रधान कविता रचते समय कवि के सम्मुख विषय पंक्तिबद्ध हो खडे हो गये थे और वह उन्हें चीन्ह रहा था, वहाँ विषयिप्रधान कविता करते समय एकमात्र कवि रह जाता है, बाह्य प्रकृति उसके आत्मा में अपना आदर्श अथवा प्रतीक छोड़ कर तरल बन जाती है, अथवा अनुभूति के अत्यधिक निगूढ हो जाने पर सुतरा लुप्त हो जाती है। और जिस प्रकार कालीबाड़ी में मस्त होकर नाचने वाले सच्चे बंग वैष्णव अपने आपे को भूल जाते हैं इसी प्रकार विषयि प्रधान रचना में फूटते समय

भावुक कवि अपने आपे को भूल जाते हैं। और जिस प्रकार दिव्य अप्सराएँ नदियों में से मधु तथा क्षीर तभी सचित करती हैं जब वे डियोनीसस के मत्र मे बँधी होती हैं—अपने आपे को भूली होती हैं—अन्यथा नहीं, इसी प्रकार भावुक कवि का आत्मा गीति-काव्य के रूप मे तभी प्रवाहित होता है जब वह प्रेम मे अपने हृदय को पूरी तरह घुला चुका होता है। जिस प्रकार मधुमक्षिकाएँ मधुमद से मत्त हो भरी दुपहरी, निर्जन मे, फूल से फूल पर मँडराती और उनमें से मधु इकट्ठा करती फिरती है, उसी प्रकार प्रतिभा की सुरा में मस्त हो सच्चा कवि भी सरस्वती के उपवनों तथा कंदराओं में बहने वाले मधुमय स्रोतों से अपने गीतरूपी मधुकणों को एकत्र करता हुआ उड़ा करता है। और जिस प्रकार उन मधुमक्षिकाओं द्वारा संचित किये मधु को उनसे बलात् छीनकर हम उनके सभी प्रयत्नों तथा आकांक्षाओं को धूलिसात् कर देते हैं—पर फिर भी वे, क्योंकि उनका स्वभाव ही मधुसचय करना है, पुष्पो के अतरात्मा में घुस वहाँ के अमृत को पीना ही उनका जीवन है—मधुसचय करती ही रहती हैं, उसी प्रकार एक सच्चा कवि अपने प्रयत्नों के विफल होने पर भी बराबर इस ससाररूपी उपवन के व्यक्तिरूप पुष्पों की अतस्तली में पैठ वहाँ के अमृतमय एकत्व रस को पीता रहता है। इस प्रकार हम देखते हैं कि **आकांक्षाओं की विफलता ही मे जीवन का आरम्भ है और एक सच्चे विषयिप्रधान कवि की रचना में विफलता को ही जीवन के गीत का आधार बनाया जाता है।**

जिस प्रकार विषयि प्रधान कविता में उसी प्रकार नाटक और उपन्यास में भी एकता का होना आवश्यक है।

*विषयिप्रधान कविता की एकता तथा नाटकीय*

किंतु साहित्य की पिछली दोनों विधाओं में कलाकार को एकतास्थापन के लिए संचित रहना पड़ता है। एकता के इस उद्देश्य को ध्यान में रख वह अपने

*एकता में भेद है* सभी पात्रों और घटनाओं को प्रमुख घटना का अनुसारी बनाया करता है, उस घटना के एक तागे में उन सब को पिरोया करता है। यहाँ हमें कलाकार का हाथ एकत्रीकरण की दिशा में चलता हुआ दिखाई देता है। इसके विपरीत विषयिप्रधान रचना में कवि की सब वृत्तियाँ विषयी के रूप में अनुगत हो स्वयमेव एक बन जाती हैं और उनका प्रकाशन भी अप्रवर्तितरूपेण एक तान और एक लय के रूप मे फूट पड़ता है। यहाँ उसे किन्हीं निर्धारित नियमों का पालन नहीं करना पड़ता; यहाँ तो उसका एकमात्र ध्येय श्रोता को अपने साथ कर लेना होता है। इसका निष्कर्ष यह निकला कि अपने तथा श्रोता के मध्य ऐक्यस्थापन के लिए अपनी रचना को वह चाहे जिस प्रकार घड़ सकता है, उसे चाहे जिस छंद में बाँध सकता है। किन्तु इसका आशय यह कदापि नहीं कि जिस प्रकार उसके मन में विषयिप्रधान कविता के उद्बोधक मनोवेग का प्रकप एकदम हो आता है, उसी प्रकार उसकी भी रचना अनायास निष्पन्न हो जाती है। नहीं, रचनानिष्पत्ति के लिए उसे भी प्रयास करना पड़ता है। किन्तु [illegible] हो चुकने पर, कलाकार का हाथ अपनी कला में छिप जाता है और उसकी रचना उसके स्वाभाविक समुच्छ्वसन के रूप में आविर्भूत होती है।

*भाव प्रधान कविता की स्वतःप्रवर्तितता* विषयिप्रधान रचना के प्रारंभिक रूपों में कवि हमारे सम्मुख कलाकार के रूप में बिलकुल नहीं आता। वेदों की ऋचाओं में हमें उनको निर्माण करने वाला हाथ किंचित् भी दृष्टिगोचर नहीं होता। जिस प्रकार धरणी के वरुण वक्षःस्थल से जल का उत्स्राव आविर्भूत होकर ही हमें प्रत्यक्ष होता है, वह कहाँ से आया, कैसे आया और किस रूप में आया, इत्यादि की हमें जिज्ञासा तक नहीं होती—इसी प्रकार वे गीत तो ऋषियों की हृदय-

स्थलों से मुखरित होने पर ही प्रत्यक्ष हुए थे, जलभरनत जीमूत में चपला प्रत्यंचा के समान चमक कर ही दीख पड़े थे। उनके रचने वालों के मन में, उन्हें किस रूप में रचा जाय, यह प्रश्न उठा ही न था। किन्तु इस कोटि की रचना के एक बार प्रस्फुटित होने पर कवि का कर्तव्य है कि वह अन्त तक उसे उसी रूप में निभाता जाय; उसके छंद और रीति आदि में किसी प्रकार का खलने वाला भेद न आने दे।

*विषयिप्रधान कविता की दृष्टि से हिन्दी साहित्य पर एक दृष्टि*

जब हम विषयिप्रधान कविता की दृष्टि से हिन्दी साहित्य के इतिहास का अनुशीलन करते हैं तब हमे इसकी परंपरा अनेक स्थलों पर खंडित हुई दीख पड़ती है। हिन्दी साहित्य का विषयप्रधान **वीरगाथाकाल** खुमानरासो, बीसलदेवरासो, पृथ्वीराज रासो, आल्हा और विजयपालरासो में बीतकर उसका विषयविषयिप्रधान **भक्तिकाल** कबीर, जायसी, सूर और तुलसी की रचनाओं मे हमारे सम्मुख आता है। इन मे कबीर तथा सूर की रचनाओं को हम किसी सीमा तक विषयिप्रधान कह सकते हैं; क्योंकि इन दोनों की रचनाओं में हमें कवियों का अपना आत्मा विवृत हुआ दीख पड़ता है। जायसी की रचना लाक्षणिक अथवा रूपकमय है और तुलसी का मानस विषय-प्रधान। **भक्तिकाल** के पश्चात् हम हिन्दी के **रीतिकाल** में आते हैं, जिसकी रचनाएँ बहुधा विषयप्रधान हैं। इन रचनाओं में हमें कविता का उसके निखरे रूप में दर्शन नहीं होता, और ध्यान से देखा जाय तो यह कविता नहीं, अपितु चमत्कारों तथा अलंकारों की जादूभरी पिटारी है। चिंतामणि, यशवंतसिंह, बिहारी, मतिराम, भूषण, कुलपति, देव, पद्माकर, प्रतापसाहि आदि की रचनाओं में कहीं कहीं कविता का उत्कृष्ट रूप मिलने पर भी दृष्टिकोण साधारणतया

शब्दाडम्बर और अलंकारों के विधान में लीन हुआ दीख पड़ता है। हिंदी के रीतिकाल से चलकर हम उसके आधुनिक युग के प्रारंभिक काल (संवत् १६२४-१६६०) को छोड़ते हुए उसके मध्ययुग (१६६०-१६७५) में प्रविष्ट हो मैथिलीशरण गुप्त की वाणी में विषयिप्रधान कविता का उनके

बार बार तू आया
पर मैं पहचान न पाया

इत्यादि पद्यों के रूप में दर्शन करते हैं। मध्ययुग के पश्चात् आने वाले नवीनयुग मे (१६७५ से १६६३) हिंदी की विषयिप्रधान धारा महादेवी वर्मा, जयशंकर प्रसाद, सूर्यकांत त्रिपाठी, सुमित्रानन्दन पंत, इलाचन्द्र जोशी, रामकुमार वर्मा, हरिवंश राय बच्चन आदि सुकवियों की मनोरम रचनाओं में बड़े ही अनूठे रूप में अवतीर्ण हुई है।

*इसी दृष्टि से अंग्रेजी साहित्य का अन्वीक्षण*

जिस प्रकार हिंदी मे उसी प्रकार अंग्रेज़ी में भी विषयिप्रधान कविता का उत्थान और पतन हुआ दीख पड़ता है। एलीजबीथन युग में सपन्न हुई रचनाओं पर फ्रेंच तथा इटालियन रचनाओं का प्रभाव पड़ा, जिससे उनमें रुचिकर नवीनता आई और इस श्रेणी की रचनाओं का उस देश में पर्याप्त आदर भी हुआ। इसका परिणाम यह हुआ कि १६वीं सदी के पिछले अर्ध में इस कोटि की रचनाओं के उस देश में अनेक संग्रह प्रकाशित हुए। एलीजबीथन युग ने जिस प्रकार नाटकक्षेत्र में इसी प्रकार कवित्वक्षेत्र में भी बहुत सी कृत्रिम रचनाओं को जन्म दिया। इसका कारण था उस समय के कवियों की प्राचीन रचनाओं के पीछे चलने की बलवती इच्छा। मिल्टन के अल्पाल गीतों के पश्चात् अंग्रेजी लीरिक उन विषयों में प्रवाहित हो गई जो उसके लिए उपयुक्त न थे, जैसे दर्शन धर्म। साथ ही उस समय

की लीरिक मे, लीरिक के रूप को आवश्यकता से अधिक संयत करने वाले आचार्यों के हाथ में पड़ जाने के कारण एक प्रकार की पंगुता आ गई। प्रकारवाद के इस युग में साहसवृत्ति के नष्ट हो जाने के कारण उससे उत्पन्न होने वाली विषयिप्रधान कविता भी दब गई। और जहाँ हमें परिष्कार के इस युग में नटी के समान बनी-ठनी सुसयत कविता के प्रचुर मात्रा में दर्शन होते हैं, वहाँ मनोवेगो के समान ही स्वतंत्रताप्रिय विषयिप्रधान कविता का अपेक्षाकृत अभाव सा दीख पड़ता है। इस युग में दीख पड़ने वाली काट छाँट की प्रवृत्ति से उपरत हो, कवियों का ध्यान फिर **सौष्ठववाद** की ओर गया और उनके मन में मूर्त में छिपे अमूर्त सौंदर्य को, प्रस्तुत में सन्निहित हुए अप्रस्तुत रहस्य को खोज निकालने की उत्कंठा जागृत हुई, जो आगे चलकर बर्न्स, वर्ड्‌सवर्थ, कोलरिज, बायरन, शैले और कीट्स जैसे महाकवियों की रचनाओं में अत्यन्त ही रमणीय भंगियों के साथ कविता-मंच पर अवतीर्ण हुई।

*आधुनिक हिन्दी कवियों की भावप्रधान रचनाएँ*

कहना न होगा कि परिवर्तन की जिस उत्कट अभिलाषा और प्रवृत्ति ने साहित्यिक, सामाजिक तथा धार्मिक क्षेत्र के परंपरागत बंधनों से उन्मुक्त हो चक्रवाक और बुलबुल की नाई स्वतंत्र विचरने के लिए अंग्रेज़ी में बर्न्स, वर्ड्‌सवर्थ, शैले और कीट्स जैसे महाकवियों को प्रेरित किया था, सर्वतोमुखी स्वातंत्र्य की उसी उद्दाम अभिलाषा ने हमें हिन्दी में प्रसाद, पंत निराला और वर्मा जैसे सुकवियों के दर्शन कराये हैं। इनके गीतों में धार्मिक, राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक तथा साहित्यिक रूढ़ियों की बेड़ियों में जकड़ा हुआ भारत का आत्मा एक बार फिर से स्वातंत्र्य के लिए बड़े ही करुण-स्वर में चीख उठा है। आधुनिक युग के अनर्गल हुई सोने की चमक ने और उसको येन केन प्रकारेण जुटाने

के आत्मघाती उपकरणों के जंजाल ने भारत के सनातन प्रेममय आत्मा को दबा रखा था; इन कवियों के हृदयों में प्रेम का वही सनातन भाव आज फिर से फूट निकला है। भारत का यह चिरतन दाय अपने विशुद्ध रूप में, अपने अत्यन्त ही उदात्त तथा कमनीय रूप में हमें कालिदास, तुलसीदास तथा सूरदास की रचनाओं में उपलब्ध हुआ था। कबीर की रहस्यमयी प्रतिभा ने उसे मर्त्यलोक की निम्न तली में प्रवाहित करते हुए भी नील नभ की आकाशगंगा मे पहुँचा दिया था। जायसी ने उसी अप्रस्तुत प्रेम तत्त्व को प्रस्तुत में निदर्शित करके भारतीय आदर्शवाद पर सूफी दृष्टिकोण का मुलम्मा फेरा था। प्रेम हमारे सम्मुख अपने इन सभी रूपों मे आया था, और खूब आया था। किन्तु अपने इन सभी रूपों में यह अब तक समुद्र की भाँति धीर था, गम्भीर था, अगम था, ससार मे अविरत रूप से होने वाले उत्थान और पतन की परिधि से यह बाहर था। हमने राम और सीता के प्रेम में, कृष्ण तथा गोपियों के अनुराग में चंचलता न निरखी थी। सक्षेप मे हमने अपने प्रेम को मानव सत्ता का अगम आदर्श बनाया था; उसे मनमन्दिर मे सुवर्ण का मेरु बनाकर प्रतिष्ठापित किया था। प्रसाद, पन्त और निराला का प्रेम इससे कुछ भिन्न प्रकार का है। उसमें भारत के प्रेमी की सारी ही स्निग्धता, घनता और पवित्रता विद्यमान है, पर साथ ही उसमें पश्चिम से आये प्रेम की सारी ही चपलता, स्फीतता मसृणता तथा तरलपन भी उपस्थित है। इन कवियों की अभिराम रचनाओं में भारत और पश्चिम का प्रेम एक अनिर्वचनीय द्विवेणी के रूप में प्रवाहित हुआ है। इन कवियों की विशेषता इसी बात में है।

१९३० में हिन्दी साहित्य का विवेचनात्मक इतिहास लिखते समय हमने आधुनिक युग के इन कतिपय कवियों का सारासार विवेचन किया था, और इनकी रचनाओं में विश्वजनीनता के कुछ

चीज छिपे देखे थे। उसी वर्ष, हमारे इतिहास से कुछ पीछे, काशी से प्रकाशित हुए दोनो इतिहासों में इन कवियों को उपेक्षा की दृष्टि से देख साहित्यक्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया था। सौभाग्य से वह दृष्टिकोण अब बदल गया है, और हमारे आलोचकों ने अपने कवियों का आदर करना सीख लिया है।

*स्वातन्त्र्य प्रवृत्ति का कलापक्ष पर प्रभाव*

हम ने अभी कहा था कि आधुनिक युग में उत्पन्न हुई स्वातन्त्र्य-प्रवृत्ति ने उक्त कवियो की विषयिप्रधान रचनाओं को जन्म दिया है। स्वातन्त्र्य की प्रवृत्ति ने जहाँ उनकी रचना के भावपक्ष को नवनवोन्मेषी बनाया है वहाँ साथ ही इसने उसके कलापक्ष पर भी चार चाँद लगाये हैं। हम जानते हैं कि कबीर ने अपनी अटपटी वाणी में दोहे तक के नियमों को तोड़ डाला था और अन्य कवियों की रचनाओं में भी हमें छदोभंग आदि दोष मिल जाते हैं। अतुकांत प्रणाली सस्कृत में पहले ही प्रचलित थी; हिन्दी के प्रेमी कवियो ने अपनी रचनाओं में इसी को अपनाया है। खड़ी बोली में अन्त्यानुप्रास-रहित पद्य का सब से पहले स्वागत पण्डित अम्बिकादत्त व्यास ने किया था। उनका कंसवध नामक काव्य बरवै छंद में है, पर उसमें अंत में तुक नहीं मिलाई गई है। सूर्यकांत त्रिपाठी निराला ने इतने ही से सन्तुष्ट न हो अपनी रचनाओं में स्वच्छन्द छन्द का श्रीगणेश किया। आपके स्वच्छन्द छन्द दो प्रकार के हैं। एक में तुक के नियम का पालन किया गया है। दूसरे में तुक का पालन भी नहीं है और ऊपर नीचे की पंक्तियों में मात्राएँ भी समान नहीं हैं। हर पंक्ति अपने ही में पूर्ण है और भावों की आवश्यकतानुसार संक्षिप्त अथवा विस्तृत बनाई गई है। किन्तु एक दृष्टि से प्रत्येक पंक्ति दूसरी पर आश्रित भी है। छन्द में मधुर लय का ध्यान रखा गया है, जिसके अनुशासन में सब पंक्तियाँ चलती हैं। यह बात निम्न-

लिखित उदाहरण से स्पष्ट हो जायगीः—

विजन-वन-वल्लरी पर
सोती थी सुहाग-भरी—स्नेह स्वप्न-मग्न—
अमल कोमल तनु तरुणी—जुही की कली,
दृग बन्द किए, शिथिल, पत्राक में,
वासंती निशा थी।

छन्दःक्षेत्र में प्राप्त हुई स्वतन्त्रता ही से सन्तुष्ट न हो पंत जी ने लिंगों के विषय में भी स्वतन्त्रता बरती है। आप लिखते हैं—

"मैंने अपनी रचनाओं में, कारणवश, जहाँ कहीं व्याकरण की लोहे की कड़ियाँ तोड़ी हैं, यहाँ कुछ उसके विषय में लिख देना उचित समझता हूँ। मुझे अर्थ के अनुसार ही शब्दों को स्त्रीलिंग, पुँल्लिंग मानना अधिक उपयुक्त लगता है। जो शब्द केवल अकारांत इकारांत के अनुसार ही पुँल्लिंग अथवा स्त्रीलिंग हो गये हैं, और जिनमें लिंग का अर्थ के साथ सामंजस्य नहीं मिलता, उन शब्दों का ठीक ठीक चित्र ही आँखों के सामने नहीं उतरता, और कविता में उनका प्रयोग करते समय कल्पना कुण्ठित सी हो जाती है। वास्तव में जो शब्द स्वस्थ तथा परिपूर्ण रूपों मे बने हुए होते हैं उनमें भाव तथा स्वर का पूर्ण सामंजस्य मिलता है, और कविता में ऐसे ही शब्दों की आवश्यकता भी पड़ती है। मुझे तो ऐसा जान पड़ता है कि यदि संस्कृत देवता शब्द हिन्दी में आकर पुँल्लिग न हो गया होता तो स्वयं देवता ही हिन्दी-कविता के विरुद्ध हो गये होते। प्रभात के पर्यायवाची शब्दों का चित्र मेरे सामने स्त्रीलिंग में ही आता है, चेष्टा करने पर भी मैं कविता में उनका प्रयोग पुल्लिंग में नहीं कर सकता!..."बूँद" "कपन" आदि शब्दों को मैं उभय लिंगों में प्रयुक्त करता हूँ। जहाँ छोटी सी बूँद हो वहाँ स्त्रीलिंग, जहाँ बड़ी हो वहाँ पुँल्लिंग, जहाँ हलकी [illegible] हो वहाँ स्त्रीलिंग,

जहाँ ज़ोर से धड़कने का भाव हो वहाँ पुल्लिंग।"

पंत जी के ये विचार युक्तिसंगत हैं अथवा असंगत इस विषय में यहाँ वाद-विवाद नहीं करना। कहने का तात्पर्य केवल इतना है कि आधुनिक युग के कवियों में स्वातंत्र्य की प्रवृत्ति उद्दाम हो रही है और उनके लिए क्या भाव और क्या कला, किसी भी पक्ष में नियमों में बँधना असह्य हो रहा है। जिस प्रकार किसी जाति अथवा राष्ट्र के धारावाहिक इतिहास में ऐसे प्रसंग अनिवार्यरूप से आया करते हैं, इसी प्रकार उस इतिहास के रागात्मक प्रकाशनरूप साहित्य में भी उनका आना अनिवार्य होता है। भारत का वर्तमान जीवन उथलपुथल का जीवन है; फलतः हमारे साहित्य में भी जिधर देखो उधर ही उथलपुथल मची दीख पड़ती है। निश्चय से क्रांति के पराकोटि पर पहुँच चुकने पर शांत जीवन के दर्शन होंगे, तब हमारा साहित्य भी अपने आप संयत तथा परिपूर्ण हो जायगा।

अंग्रेज़ी की विषयिप्रधान कविता को विद्वानों ने उसके संस्थान ( structure ), उसमें दीखने वाली भावपक्ष के प्रति कलापक्ष की अधीनता और उसमें व्यक्त होने वाले कवि के व्यक्तित्व की दृष्टि से अपने वर्गों में विभक्त किया है। कहना न होगा कि हमारे कवियों की रचनाएँ अभी उतनी संयत तथा परिष्कृत नहीं हो पाई हैं, इसलिए यहाँ इस दृष्टि से उन पर विचार करना भी अनुपयुक्त प्रतीत होता है।

---

# कविता और आधुनिक जगत्

वर्तमान युग परिवर्तन का युग है। किसी एक देश, एक जाति अथवा एक श्रेणी में ही नहीं, अपितु एक सिरे से दूसरे सिरे तक सब

जगह, सभी जातियों और सभी श्रेणियों में परिवर्तन का दौर चल रहा है। न केवल भौतिक, अपितु मानसिक तथा चारित्रिक जगत् में भी इसका चक्र अनवरत घूम रहा है। प्राचीन मर्यादाएँ टूट रही हैं, चिरतन विचारधाराएँ सूख रही हैं; पुराने संघटनों का कायाकल्प हो रहा है, जीवन की निभृत शक्तियाँ, जो अब तक अव्यक्त पड़ी थीं, प्रबलता के साथ अग्रसर हो रही हैं और परिवर्तन के इस उद्दाम प्रवाह की हमें इयत्ता नहीं दीख पड़ती। आज हमारा जीवन प्राचीन प्रथाओं के खँडहरों में बीत रहा है। इन खँडहरों के धूलिपटल के मध्य में से हमें एक नवीन जगत् की झाँकी दिखाई देती है।

*१९वीं सदी का दृष्टिकोण*

१९वीं सदी—जो हम से कभी की बिछुड़ चुकी है और जिसकी इतिकर्तव्यता को अब हम केवल उसके प्रतिबिम्ब रूप में देख पाते हैं—सिद्धांतों और उनके प्रति होने वाले अनुराग का युग था। इस के पोषक सिद्धांतों में प्रमुख थे राजनीति, इतिहास की आंगिक संतति और विज्ञान के द्वारा भौतिक जगत् पर विजय प्राप्त करना। इन मंतव्यो ने १९वीं सदी पर अपनी एक ऐसी छाप लगाई थी जिसके दर्शन हमें उससे पहले की सदियों में नहीं होते। इन्हीं सिद्धांतों को हम आज तक उन्नति और उत्थान के नाम से पुकारते आये हैं। उन्नति के साथ साथ परिवर्तन का आना अवश्यंभावी था, किन्तु परिवर्तन का यह दौर किसी परिवर्तन के लिए न आ उन सिद्धांतों के संस्थान के लिए आया था। इसी परिवर्तन का नाम हमने विकास रखा था, हमारे विज्ञान का मूलमंत्र सचमुच यही था। विकास को हम ने उन्नति समझा था और इसी के आधार पर यूरोपीय नेताओं ने उदार दल ( Liberalism ) की स्थापना की थी। संक्षेप में १९वीं सदी एक आशा का युग था। हमें प्रतीत होता था कि आने वाला युग सुवर्ण युग होगा।

एक पीढ़ी पहले मानवीय जगत् में एक और परिवर्तन आया। नवीन विचारों की धारा पुराने विचारों की धारा से, जिस में से उसकी उत्पत्ति हुई थी—कटकर अलग बहने लगी; क्योंकि विचारों में भी अन्य आंगिक वस्तुओं की नाईं विकास का होना स्वाभाविक है। १९वीं सदी के सिद्धांतों में से कतिपय सिद्धांत कुछ अंशों में नष्ट हो गये, कुछ निरर्थक बन गये और कुछ इतने परिवर्तित तथा परिवर्धित हो गये कि आज हमारे लिए उनका पहचानना कठिन हो गया है। दूसरे शब्दों में विकास के नियम ने १९वीं सदी के सिद्धातों को भी अछूता न छोड़ा। विकास के इस सिद्धात में हमें विकास के नहीं, अपितु अपने शासक और नियंता के दर्शन हुए। क्योंकि विकास की इस प्रगति पर हमारा नियत्रण नहीं है; इसकी आँधी के सामने सभी पुराण प्रथाएँ, सारी ही चिरंतन रूढियाँ, भागी चली जा रही हैं।

*१९वीं सदी की उन्नति और आज की उन्नति की परिभाषा में भेद*

विकास की यह शक्ति अजेय है। उन्नति और प्रगति का नाम हम अब भी लेते हैं, किन्तु उन्नति के विचार, जो आज हमारे मन में हैं, उन्नति की उस भावना से सुतरां भिन्न हैं, जिसने हमारे पूर्वजों के हृदयों को उच्छ्वसित किया था, जिसने उनकी कर्मण्यता में त्वरा के चार चाँद लगाये थे। उनकी दृष्टि में उन्नति का आशय था सुधार और भद्रभावन। उनके मत में उन्नति के द्वारा मानव समाज त्वरा के साथ अपने दैविक दाय की ओर अग्रसर हो रहा था और उसके उस दाय में संसार की अशेष विभूतियों का वगीकरण था। किंतु आज हमारा दाय—जो हमारे सामने बिखरा सा पड़ा है—यथार्थ दाय न हो एक प्रकार का अनिर्वचनीय भार है, हमारी पीठ पर कस कर बँधी एक बोझे की गठरी है। बहुत पहले हमारे पूर्वजों ने

संसार पर शासन करने वाली शक्ति को सम्बोधित करके कहा था "भगवन्! तूने मनुष्यों की संख्या में भरपूर वृद्धि की है, किन्तु उनके सुखों को आगे नहीं बढ़ाया।" वह अज्ञेय शक्ति, वह अनर्गल नियति अपनी प्रगति में प्रमत्त हुई हमें बलात् अपने आगे धकेले ले जा रही है, जिसका परिणाम यह है कि आज जनता में यह विश्वास दिनोंदिन घर करता जा रहा है कि ससार में उन्नति, कम से कम अपने पुराने अर्थ में, कोई तत्त्व ही नहीं है।

आज से पहले भी लोगो ने उन्नति का जीवन के अटल नियम के रूप में खडन किया था, किन्तु उन लोगों का हम से इस बात में अन्तर था; क्योंकि वे अपने इस सिद्धान्त पर आचरण भी करते थे। वे इस बात पर अपना सर्वस्व वार देते थे कि उन तत्त्वों या सिद्धान्तों में—जिनमें उनकी आस्था थी—किसी प्रकार का परिवर्तन न आने पावे। मध्ययुग का रहस्य इसी चेष्टा में था। नवविद्वेषी (अर्थात् कंसर्वेटिव) अथवा समाज में उन्नति प्रतिरोधी अग (reactionary) का काम यही था; वे १८वीं सदी में होने वाली बौद्धिक क्रान्ति के विरुद्ध और उसके पश्चात् आने वाली औद्योगिक क्रान्ति और अन्त में राजनीतिक, वैज्ञानिक तथा सामाजिक क्रान्ति के विरुद्ध बराबर लड़ते रहे; चाहे अन्त में जाकर उनके वे प्रयास विफल ही क्यों न रहे हों। किन्तु नवविद्वेषिता का यह आन्दोलन भी—अपने पुराने अर्थ में—आज कोई बलशाली तथ्य नहीं रह गया है। परिवर्तन को सभी ने अजेय शक्ति के रूप में सिर-माथे रख लिया है। सभी के मन में परिवर्तन की अभिलाषा घर कर चुकी है और संप्रति दीख पड़ने वाली अशान्ति तथा उठाऊपन के मूल में एकमात्र परिवर्तन की यही अन्धी इच्छा काम करती दीख रही है।

इस उठाऊ परिस्थिति के उत्पन्न करने में अनेक शक्तियों का हाथ

है। यातायात के वैज्ञानिक साधनों ने देशविदेश का अन्तर मिटा दिया है। फलतः यदि कोई बात किसी एक देश अथवा जाति पर घटती है तो उसका सभी देशों और जातियों पर समान प्रभाव पड़ता है, किसी एक देश अथवा जाति में आने वाले परिवर्तन का आवेग कूल तोड़कर सभी देशों और जातियों में समानरूप से प्रवाहित हो पड़ता है। अतीत घटनाओं के लेखों और ऐतिहासिक अनुसंधाताओं के प्रयत्नों ने जनता को अतीत की बहार फिर से दिखा दी है, और वे सभी लेखावलियाँ, जो आज तक अव्यवस्थित दशा में पड़ी रहने के कारण किसी एक देश अथवा जाति को ही प्रभावित करती थीं, अब संसार की सामान्य निधि बन जाने के कारण अखिल विश्व पर अपनी मुद्रा लगा रही हैं। अतीत में होने वाले संख्यातीत परिवर्तनों के परिज्ञान ने जनता के मन में परिवर्तन का उन्माद भर दिया है, यहाँ तक कि अब उन्हें कुछ भी परिवर्तन से परे नहीं दीखता, और स्वयं जीवन ही परिवर्तनों की एक शृंखलामात्र प्रतीत होने लगा है। मूर्त विज्ञान के विकास और यन्त्रकला की विष्वक् विभूति ने यह जता दिया है कि परिवर्तन का यह सिद्धान्त कहाँ तक पसारा जा सकता है और कहाँ तक इसे निर्धारित लक्ष्य तथा अपेक्षित ध्येयों की अवाप्ति में सम्बद्ध किया जा सकता है। परिवर्तन के इन सब उपकरणों के साथ इसको सम्पन्न करने वाले उस उपपादक पर भी ध्यान दीजिये, जो है तो स्वयं अभावात्मक, किन्तु जिसने परिवर्तन को अग्रसर करने में सब से अधिक सहायता दी है, और वह है धर्म का अपने परंपरागत अर्थ में, इस जगत् से प्रयाण कर जाना। सभी जानते हैं कि धर्म शब्द का परंपरागत अर्थ विधान और निषेध है; इसका मूल एक अनिर्वचनीय भय में है और इसका प्रमुख पृष्ठपोषक दंड है। एक बार संस्थापित हो चुकने पर धर्म सब प्रकार की नवविद्वेषी शक्तियों का मुखिया बन बैठा था। समाज के विचारों तथा तज्जन्य क्रियाकलाप की धारा

पर इसकी सबसे प्रबल थाम थी।

परिवर्तन के इन सब स्रोतो ने मिल कर परिवर्तन की ऐसी सकुल त्रिवेणी बहाई कि आज हमे स्वय परपरागत जीवन भी उनमे डूबता दीख पड़ता है, जिसका परिणाम यह है कि इस समय हमारे सम्मुख जीवन का कोई भी स्थिर आदर्श नहीं दीख पड़ता। आज परिवर्तन के प्रकार की नोक किसी बिंदुविशेष पर न ठहर चारों ओर त्वरा के साथ घूम रही है, फलतः उसके द्वारा हम किसी भी लक्ष्य को नही निर्धारित कर सकते। आज जीवन के दिग्दर्शकयंत्र का चुम्बक गल कर बह चुका है, यह हमे दिशाओं के परिज्ञान में तनिक भी सहायता नहीं देता। संक्षेप मे वर्तमान युग संभ्रम और सकुल का युग है; आज हम अपनी आँख खुलने पर अपनी चिरतन आशाओ को दलित हुआ पाते हैं; आज हमारे चिरपरिचित सिद्धांत एक एक करके अकिंचित् की झोली मे समाते दीख रहे हैं। जागरण के इस झुटपुट ने हमारे मन मे यह बात बिठा दी है कि क्योकि हमारे प्रमेयो की परिधि अनन्त है, इसलिए हमे उनका ज्ञान ही नही हो सकता और क्योंकि हमारे कर्तव्य का क्षेत्र अपरिमित है इसलिए उसे कर ही नहीं सकते।

*परिवर्तन तथा अस्तव्यस्तता के युग में जीवन का एकमात्र सहारा कविता है*

अस्तव्यस्तता तथा संप्लव की इस परिस्थिति में आवश्यकता है किसी ऐसे तत्त्व की, जो इसके मध्य स्थिरता तथा शांति उत्पन्न कर सके, जो पहाड़ो उछलने वाले इस समुद्र में जीवन नौका को ध्रुव बना सके। स्थिरता और संस्थान का यह आदर्श हमें अपने परिष्कृत रूप में इतना किसी भी ललित कला से नहीं प्राप्त हो सकता जितना कि कविता से; क्योंकि हम पहले देख चुके हैं कि कविता का धर्म है आदर्शो को उद्भावित करना, अपनी काल्प-

निक दृष्टि से अंध जगत् की तली में बहने वाले विन्यास तथा सौन्दर्य को, सत्य तथा ऋत की उत्थापना और अपनी निर्माण-मयी वृत्ति द्वारा उसको कांदिशीक हुए मर्त्यसमाज के सम्मुख ला खड़ा करना। कविता मौलिक सत्य का उत्थान करके निराशा का प्रतीकार करती है, वह जीवन के संकुल प्रवाह की तली में सन्नि-हित हुए विन्यासयुक्त सौन्दर्य की झाँकी दिखाती है। वह शीर्ण हुए जीवन पट को फिर से बुन देती है; वह उसके विकीर्ण तंतुओं में पीयूष का संचार कर देती है, वह जीवन के आशय तथा लक्ष्य में नवीनता ला देती है।

*अतीत के कवियों ने कविता के उक्त ध्येय को कहाँ तक पूरा किया है*

यहाँ इस बात का निदर्शन करा देना अनुचित न होगा कि अतीत के महान् कवियो ने इस कर्तव्य को कहाँ तक पूरा किया है, और किस प्रकार उन का निर्माण-मय प्रभाव उनके अपने समय, देश और जाति तक ही परिसीमित न रह उनके पीछे आने वाले युगों, इतर देशों, जातियों, सभ्यता और संस्कृतियों पर मुद्रित होता चला आया है। कहने की आवश्यकता नहीं कि किस प्रकार भारत की धर्म-प्राण वैदिक कविता ने, युग युगांतरों तक दास्य की जंजीरों में जकड़ी हुई आर्यजाति के सम्मुख आदर्शमय जीवन का प्रतिरूप खड़ा करके उसकी रक्षा की है। हीब्रयू जाति की धार्मिक कविता, आज भी, दूसरी भाषाओं में अनूदित हो विभिन्न मस्तिष्कों से निकले विविक्त व्याख्यानों से अलंकृत होकर न केवल संसार के कोने कोने में फैली हुई हीब्रयू जाति का ही संरक्षण कर रही है, अपितु वह संसारभर के ईसानुयायी मनुष्यवर्ग का कंठहार बनी हुई है। इलियड और ओडेसी नामक महाकाव्यों का रचयिता होमर कवि आर्काड शिक्षक और एक प्रकार से प्राचीन ग्रीस का निर्माता था;

हम देखते हैं कि किस प्रकार प्राचीन ग्रीस से पीछे आने वाली आज तक की पीढ़ियों पर उसका सिक्का समानरूप से छपा चला आता है और आज भी वह विकसित मानवजाति को कर्तव्यमय जीवन का आदर्श दिखाने से पीछे नहीं हटता। अपनी अमर रचनाओं में लैटिन जाति तथा रोमन साम्राज्य का प्रतिरूप उपस्थित करके उसकी व्याख्या करने वाला अनागतदर्शी वर्जिल महाकवि आज भी संसार में इस बात के लिए पूजा जाता है कि किस प्रकार रोमन राजनीतिज्ञ, न्यायाध्यायी तथा प्रबन्धकों के साथ एकस्वर हो उसने अशेष रोमन जगत् में घर करने वाली विन्यासयुक्त सभ्यता का निर्माण किया और उसे चतुर्दिक के ससार मे फैलाते हुए भविष्य मे आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाया। यही बात ससार के अन्य महाकवियों पर चरितार्थ होती है। आज भी अंग्रेज़ जाति महाकवि चौसर को आदिम नव-जनन से उद्भूत होने वाले [illegible] का व्याख्याता बता कर आदर के साथ स्मरण करती है। अंग्रेज़ों के अनुसार वह महाकवि आधुनिक इंगलैंड का अभिनंदक था। महाकवि स्पेंसर ने एलीज-बेथन युग के सिद्धांतों को मुखरित करते हुए उस युग की कर्मण्यता-मयी प्रवृत्ति को बल के साथ अनुप्राणित किया। मिल्टन ने अपने देशवासियों पर चरित्र के उस सिद्धात, विश्वास तथा नियम को अंकित किया जो आगे चलकर पवित्रतावाद (Puritanism) का आधार बना। अपेक्षाकृत हाल के युग में महाकवि शैले और बायरन ने उन सिद्धातों तथा आदर्शों का प्रतिरूप खड़ा करके जनता को स्फूर्तिमयी बनाया जो फ्रांस की राज्यक्रांति के मूल में सन्निहित थे। इनसे एक पीढ़ी पीछे महाकवि ब्राउनिंग ने अपनी अमर रचनाओं में उस उदारतावाद को उद्घोषित किया, जो समाज, राजनीति तथा उद्योगक्षेत्रों में उदारता स्थापित करता हुआ १९वीं सदी का सब से बड़ा उपपादक बना। कविता की इस निर्माणमयी

प्रवृत्ति को ध्यान में रखते हुए जब हम भारत की ओर अग्रसर होते हैं तब यहाँ भी हम अपने सम्मुख रामायण और महाभारत में उसी आदर्श का प्रतिरूप उत्थित हुआ पाते हैं जो सदाकाल से इस देश का कठहार रहता आया है। आदर्शवाद की यह धारा हमें भास, कालिदास तथा भवभूति आदि कवियों की रचनाओ में कभी मसृण तथा सुनहली बनकर दीख पड़ती है तो कभी गम्भीर तथा गहन आशयवाली बनकर प्रवाहित होती दृष्टिगोचर होती है। आदर्शवाद का यही दाय हमें हिंदी कविता में पहले से भी कहीं अधिक भव्यरूप में संपन्न हुआ दीख पड़ता है। यदि कबीर की डुगडुगी में बजने पर इस आदर्शवाद के संगीत की उदात्त लहरी कुछ भोंडी पड़ गई है तो तुलसी के विश्वजनीन नगाड़े पर आ वह बहुत ही गभीर तथा प्रौढ़ सम्पन्न हुई है। सूर की वीणा में पड़ कर तो उस पर चाँद ही लग गये हैं। इनके पीछे रीतिकाल के कवियों की रचनाओं में पहुँच कर उस आदर्शवाद ने कामिनियों के कुच-कपोलकर्दम में कीलित होकर भौतिक सौंदर्य के उस चुभते हुए प्रतिरूप को हमारे सामने रखा है जो न चाहने पर भी हमारे मन में टीस और सीत्कार भर देता है और हमें किंचित् काल के लिए उद्दिष्ट पथ से विचलित सा कर देता है। इसके पश्चात् आधुनिक कवियों ने अपने परिवर्तित वातावरण में परिवर्तमान जीवन के जो प्रतिरूप उपस्थित किये हैं उनमें हम अपने सामने घटने वाली सभी भव्य तथा भोंडी बातों को खचित हुआ पाते हैं।

कवियों का कभी अन्त नहीं होता और सम्भव है हमारे आधुनिक कवियों में से ही कुछ कवि भविष्य में आने वाली पीढ़ियों के लिए कालिदास और कबीर सिद्ध हों और उनकी रचनाएँ हिन्दी जगत् में अमरता को प्राप्त कर लें। कवित्व का आदर्श और उसकी आवश्यकता तो आज भी वैसी ही बनी हुई है जैसी पहले युगों में

थी और इस प्रकार की सभी दृष्टियों से विचार करने पर कविता का अनुशीलन मानवीय संस्कृति का प्रमुख अंग बन जाता है और उस की कला का अभ्यास मानवीय कर्मशीलता का एक मौलिक अवयव हो जाता है।

महान् कवियों की वृत्ति (function) में सदा से भेद रहता आया है। जब कि वे सभी, कवि होने के रूप में जीवन के आदर्श का निर्माण करके उसे अपनी रचना में खचित करते हैं, उनके द्वारा उतारे गये जीवन के दो आदर्श कभी एक से नहीं उभरते, क्योंकि ये आदर्श जीवनपट पर तूलिका चलाने वाली उन वैयक्तिक प्रतिभाओं के निर्माण हैं जो जीवन के साथ तादात्म्य सम्बन्ध से विद्यमान होने के कारण, जीवन के ही समान संकुल, विशद तथा अत्यंत विभिन्न बनी रहती हैं। इसीलिए सेंटपाल ने कहा है कि जीवन के व्याख्यान विभिन्न हैं, किंतु आत्मा एक है। दो व्यक्तियों के द्वारा किया गया किसी वस्तु का व्याख्यान कभी भी एक सा नहीं होता और व्याख्येय सामग्री कभी दो कलाकारों के सम्मुख एक सी बन कर नहीं आया करती। फलतः कविता का काम भी कभी पूरा नहीं हो पाता। कविता है जीवन के आशय की समनुगत तथा अनंत सकलता (integration), और जब कि अतीतकालीन कविता हमारे लिए एक अनमोल पैतृक दाय है, वर्तमानकाल की कविता हमारे लिए सब से बड़ी आवश्यकता है। कुछ कवि निसर्गतः भविष्य के उद्बोधक हुए हैं तो दूसरों के लिए उनका ध्येय अतीत को उद्भावित करके उसे वर्तमान का अवयव बनाना रहा है। कुछ ने वर्तमान पर आकर और सौंदर्य को मुद्रित करते हुए हमारे समक्ष उन वस्तुओं अथवा तथ्यों के प्रतिरूप उपस्थित किये हैं जो हमारे अत्यंत समीप हैं। इस प्रकार कबीर का महत्त्व उसकी इस दिव्यदर्शिता में है कि उसने अपने युग से आगे आने वाली बातों के प्रतिरूप हमारे

सम्मुख उपस्थित किये हैं; उसने अपनी सर्चलाइट से भविष्य के उस सुदूर गर्भ को उद्भासित किया है, जो आज भी समष्टिरूपेण हमारे सम्मुख नहीं आ पाया। दूसरे कवि कला की दृष्टि से उससे अधिक प्रवीण होने पर भी उतने ख्यातनामा न हो सके, क्योंकि उन्होंने अपनी रचनाओं का विषय जीवन के उन निभृत कोनों को बनाया था, जहाँ हम कभी ही जाते हैं, अथवा जहाँ पहुँचने पर हमें पहाड़ खोदकर चूहा हाथ लगा करता है। सृष्टि का इस संकुल वेगवती धारा को और मनुष्यसमाज पर पड़ने वाले इसके प्रखर प्रभाव को पहचानना और उसे निरूपित करना कविता के अनुशीलन का एक भाग है और कविता की भी अपेक्षा यह है सभ्यता के अध्ययन का एक अंग। संसार को समष्टिरूपेण पहचानने के साधनों में कविता प्रमुख है; संसार के साथ उचित व्यवहार करने और इसके मूल पर आधिपत्य स्थापित करने और इसकी अनवरत गति को वश में करने के सभारों में कविता सब से प्रधान है।

मानवीयता अथवा जीवन के मार्मिक अंशों के साथ सम्बन्ध रखने वाले अनुशीलन का—उस अनुशीलन का जो विचार, भावना तथा कल्पना में अनुस्यूत है—पर्यवसान कविता में है। और यहाँ यदि हम कविता पर, आधुनिक जीवन के साथ होने वाले इसके संबंध को ध्यान में रखते हुए विचार करें तो कुछ अप्रासंगिक न होगा। हमने अभी कहा था कि वर्तमान जगत् का प्रमुख लक्ष्य उसका परिवर्तन की भँवरों में फँसा रहना है। उन अनेक शक्तियों में से—जो समवेत होकर इसकी सचेष्टता में त्वरा उत्पन्न कर रही हैं—हमें दो एक को लेकर विचार करना होगा। ये शक्तियाँ, (उदाहरण के लिए) हैं विज्ञान की प्रधानता और व्यवसाय की संकुलता। आइए, अब इन दोनों से होने वाले कविता के सम्बन्ध को ध्यान में रखते हुए कविता और उसकी वृत्ति पर विचार करें।

# कविता और विज्ञान

विज्ञान का जन्म आधुनिक युग में हुआ है और कुछ दिनो से इसके विकास में आश्चर्यजनक प्रगति हुई है। पिछली दो एक पीढियों में विश्वविद्यालयों की उच्चश्रेणियों मे इसका पठन पाठन आवश्यक बन गया है। जनता की माँगों को पूरा करने के लिए चारो ओर वैज्ञानिक प्रयोगशालाएँ खुल रही हैं। विज्ञान के अध्ययन का प्राचीन विश्वविद्यालयों मे भी प्रवेश हो रहा है और नवीन विश्व-विद्यालयो मे तो शिक्षा का प्रमुख अग ही विज्ञान बन गया है। विज्ञान के पृष्ठपोषक इतने पर ही सतुष्ट न हो इसके लिए इससे भी कही बड़ी माँगें पेश कर रहे हैं। उनका कहना है कि विज्ञान के शिक्षण का अभी उतना सतोषजनक प्रबन्ध नही हो पाया है जितना कि होना चाहिए, और उन विषयों को—जिनका महत्त्व विज्ञान के सम्मुख नहीं है और जिनकी आधुनिक युग में अपेक्षाकृत न्यून आवश्यकता है--आवश्यकता से कहीं अधिक महत्त्व दिया जा रहा है।

**वर्तमान शिक्षा-पद्धति में विज्ञान का प्रवेश**

किसी अश में इन माँगों की पूर्ति की जा चुकी है। वैज्ञानिक अध्ययन तथा अनुसंधानो पर विपुल धनराशि व्यय की जा रही है। शिक्षण के दृष्टिकोण में भी परिवर्तन हो चुका है। विद्यालयों तथा महाविद्यालयों की पाठ-विधि में विज्ञान का पर्याप्त प्रवेश हो चुका है। भिन्न भिन्न विषयों क अध्ययन मे निरीक्षण, प्रलेखन तथा परीक्षण के वैज्ञानिक ढंग स्वीकार किये जा रहे हैं और इस प्रकार शनः शनैः विज्ञान मानवीय सस्कृति का एक बड़ा स्तम्भ बन रहा है। किन्तु दुर्भाग्यवश उक्त परिवर्तनों का प्रवेश स्वागत के साथ

न होकर वैमनस्य के साथ किया जा रहा है। किसी अश तक विज्ञान के पृष्ठ-पोषकों की माँगों में कठोरता होने और दूसरे अशो में पुराण पाठावलि के पुजारियों की नवविद्वेषिता तथा रूढि मे धँसी आस्था के कारण दोनों दलो मे एक सघर्ष सा उठ खड़ा हुआ है। लोग सोचते हैं कि विज्ञान और कविता का वैमुख्य मौलिक है। दोनों ही पक्षों ने मानवीय ज्ञान के साकल्य और उसकी विभिन्न विधाओं में दीख पड़ने वाली पारस्परिक सहकारिता को भुला रखा है। इस वादविवाद में एक ओर खडे हैं व्यवस्थित लाभ ( vested interests ), पुराण रूढियाँ और असूया तथा ईर्ष्या के भाव जो रुचिविशेष में पले हुए तथा जीवन के प्रतिरूपविशेष मे धँसे हुए मनुष्यो के मन मे स्वभावतः एक नवीन वस्तु के विरुद्ध उत्पन्न हो जाया करते हैं। इसके दूसरी ओर हैं उक्त व्यवस्थित लाभो और रूढियो के विरुद्ध खड़ी होने वाली क्राति, नवविद्वेषिता से उत्पन्न होने वाली प्रवाहहीनता का प्रत्याख्यान, और जीवन की नवीन आवश्यकताओ तथा उनको पूरा करने के साधनो की बलपूर्वक पुष्टि। किंतु विज्ञान और ललित कलाओ — और विशेषतः कविता के मध्य होने वाला यह द्वन्द्व मानवसमाज के लिए भयावह है। राष्ट्र के सर्वाङ्गीण जीवन की व्याख्या के लिए विज्ञान और कविता दोनो ही की समान रूप से आवश्यकता है। यदि विज्ञान में राष्ट्र का भौतिक रूप खचित है तो कविता में उसका आत्मा तरंगित होता है। यदि नियतियक्षी के चंगुल में फँस क्षतविक्षत हुए मानवसमाज को विज्ञान अपनी मरहमपट्टी से स्वस्थ बनाता है तो कविताकामिनी उसे अपनी कलित काकलि सुना उसके मन में आशामय जीवन का संचार करती है। जीवन के लिए दोनों ही की समान रूप से आवश्यकता है और दोनों ही जीवनपुष्प के सर्वाङ्गीण प्रस्फुटन में एक दूसरे के सहायक हैं। इसलिए राष्ट्रीय शिक्षापद्धति में दोनों के सामंजस्य में ही राष्ट्र का कल्याण है।

ध्यानपूर्वक देखने पर ज्ञात होगा कि उक्त सामजस्य के स्थापित हो जाने पर किस प्रकार विज्ञान कविता को पुष्टि प्रदान करके उसे उत्तान खड़ी करता है और किस प्रकार कविता विज्ञान में अपनी मधुर कूक फूक कर उसके भौतिक कलेवर को मसृण तथा कीतिमय बना देती है। विज्ञान अपने नव आविष्कारों और उनसे उत्पन्न हुई बहुविधता मे चमचमाते हुए, जीवन-ततुओं को कवि के सम्मुख प्रस्तुत करके उसकी कविता को विश्वजनीन बनाता है। यह उसकी कल्पनाशक्ति और उसके मनोभावों को प्रथाओं और रूढियो की सकुचित प्रणालियो से निकाल उन्हे स्रष्टा के सततस्पंदी, बहुमुखोन्मेषी जगत् का पारखी बनाता है। विज्ञान के अभाव में कवि की जो प्रतिभा भव्य होने पर भी अनियंत्रित होने के कारण कभी यहाँ कभी वहाँ उचाट हुई फिरा करती है वही अपने ऊपर विज्ञान का मुलम्मा फिर जाने पर जीवन के मानसरोवर में एक गभीर, प्रसन्न तथा विशद गति से संचार करने वाली राजहसी बन जाती है। अब उसकी आँख न केवल आत्मिक जगत् के विश्लेषण में ही सलग्न रहती है अपितु वह भौतिक जगत् के सश्लेषण में भी प्रवीण बन जाती है, क्योकि विज्ञान और कविता—अपने अपने क्षेत्र के भिन्न होने पर भी—हैं दोनो समानरूप से उत्पादक शक्तियाँ। दोनों का ध्येय है मानवसस्थान के तथा मनुष्य के आश्रय-भूत इस जगत् के अंतस्तल मे बहने वाले सौंदर्य तथा ताल के नियमों को उद्भावित करना। और इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए जहाँ कवि की प्रतिभा को विज्ञान के मुलम्मे से चार चाँद लगने चाहिएँ और उसकी रचना में उसके प्रवेश से परिपूर्णता आनी चाहिये वहाँ दूसरी ओर कविता के प्रवेश से वैज्ञानिक बुद्धि में माधुर्य की उत्पत्ति होकर उसमें सरसता भर जानी चाहिए।

*कविता और विज्ञान का सामजस्य*

*अतीत इतिहास में कविता और विज्ञान का साहचर्य*

यदि हम इस दृष्टि से इतिहास का अनुशीलन करें तो हमें ऐसे उदाहरण यूरोप में मिलेंगे, जहाँ विज्ञान और कविता दोनों ने साथ मिलकर जीवन की व्याख्या की है। प्राचीन ग्रीस ने विज्ञान को जन्म दिया था और साथ ही कवित्वकला का विकास भी उसी देश में हुआ था। एथेनियन कविता की उत्पत्ति—जो आज तक शिक्षित समाज की हृत्स्थलियो को अपनी पीयूषवर्षा से अनुप्राणित करती आई है—उस युग में हुई थी, जब कि ग्रीस मे विज्ञान का, अर्थात् वस्तुजगत् के आशय तथा उसके पारस्परिक सबंध को ढूँढ निकालने की इच्छा का सूत्रपात हो रहा था। इसमें सदेह नहीं कि उस समय भौतिक विज्ञान अपने शैशव में ही था, किंतु उसके मूल मे काम करनेवाली गवेषणी बुद्धि को पर्याप्त प्रगति मिल चुकी थी और भाषा का वैज्ञानिक विश्लेषण तो भली भाँति प्रस्फुट भी हो चुका था।

जिस प्रकार ग्रीस में उसी प्रकार रोम मे भी लुक्रेशस की विश्वजनीन कविता का जन्म—जिसमे पहले पहल लैटिन कविता ने अपना परिपूर्ण सौंदर्य लाभ किया था—एपिक्यूर के विज्ञान से हुआ था, और एपिक्यूर के दर्शन मे न केवल चरित्र की मीमांसा की गई थी, अपितु उसमें प्रकृति के नियमो को निर्धारित करने और भौतिक जगत् के निर्माण तथा उसकी प्रगति के वैज्ञानिक सिद्धांतों को खोज निकालने का भी बहुत ही स्तुत्य प्रयत्न किया गया था। लुक्रेशस ने विज्ञान के प्रति उत्पन्न हुई अपनी इस उत्कट उमग को अपनी कवित्वकला का आदर्श बनाया था। वर्जिल ने अपने उस प्रख्यात संदर्भ में—जिसमें अपने जीवन का आदर्श सपुटित किया है—मेधा की अधिष्ठात्री देवी से इस बात की भिक्षा इतनी नहीं माँगी कि वह उसे कविजगत् के अंतरंग में निहित हुए सौंदर्य का अथवा अपने

देश, नदी, जंगल तथा ग्राम्य प्रदेशो का पुजारी बनावे जितनी कि इस बात की कि उस भौतिक जगत् के उपादान का तथा विश्व के विन्यास और उसके नियमों का चितेरा बनावे। कविता के उस पार और उसकी अतस्तली में विज्ञान का आश्चर्यकारी प्रकाश निहित है और एकमात्र विज्ञान की मीमासा से ही मनुष्य अपनी दैविकदाय का भोगी बनता हुआ, नियतियन्त्री पर अधिकार पाकर भय से स्वतत्रता प्राप्त कर सकता है।

नवजनन के युग में भी विज्ञान और कविता साथ मिलकर चलते दिखाई दिये हैं। मिल्टन—जिसमे कि इग्लिश कविता सर्वात्मना प्रस्फुटित हुई थी और जिसमें कवित्वकला ने पराकोटि का परिष्कार पाया था—सगीत और ज्योतिष विज्ञान का व्युत्पन्न पडित था। उसके वैज्ञानिक दृष्टिकोण ने उसकी कविता के कलेवर पर जगह जगह सर्चलाइट फेंक कर उसे अनोखे रूप से जगमगा दिया है। अपने पैरेडाईज लॉस्ट में उसने केवल एक ही व्यक्ति का नाम लिया है, और वह व्यक्ति अर्थात् गेलिलेओ साहित्यसेवी न होकर भौतिक विद्या तथा ज्योतिष शास्त्र का विदग्ध पडित था। यदि कहीं मिल्टन अपने काल से दो सौ वर्ष पश्चात् उत्पन्न हुए होते तो हमें निश्चय है कि वे अपनी रचना में डार्विन का नाम सम्मिलित करके उसे और भी अधिक सुशोभित करना पसन्द करते।

*कविता और विज्ञान का सामंजस्य : भारत में*

जिस प्रकार यूरोप मे इसी प्रकार प्राचीन भारत मे भी हमें विज्ञान और कविता का सामजस्य स्थापित हुआ दृष्टिगत होता है, और यह निश्चय है कि प्रातःकाल के समय, उषारानी की सुनहरी पिचकारी से निकल विश्वव्यापी नीलाम्बर पट पर पड़ने वाले विविध रगो को अपनी जीवनमयी तूलिका से चीतकर विश्व के स्फूर्तिमय आत्मा को कीलित करने वाला

वैदिक ऋषि यदि पहुँचा हुआ कवि था, तो वह साथ ही उन सब विभूतियों के स्रोत को, उनके मूल मे निहित हुए आत्मतत्त्व को खोज निकालने के कारण यथार्थ वैज्ञानिक भो था। महाकवि भास, अश्वघोष, कालिदास तथा भवभूति की रचनाओं मे जहाँ हमें बहुमुख जीवन के नानाविध प्रतिरूप उभरे हुए दीख पड़ते हैं वहाँ हमें उनकी कृतियों मे भाषाविज्ञान आदि की भो अनेक पहेलियाँ विवृत हुई दीख पड़ती हैं। और यदि गोसाई तुलसीदास की कविता में विश्वमुखी जीवन के अमर तत्त्वों की अमर उत्थानिका संपन्न हुई है तो उनके रचे हुए मानस में आत्मज्ञान की भी अनुपम छटा संपन्न हो आई है। और कौन कहेगा कि जीवन के सरल तथा उदात्त तत्त्वों को टूटे फूटे छन्दों तथा शब्दों में मुखराने वाले कबीर के उत्तान उपदेश में हमें स्वय विश्वात्मा के उच्छ्वासन की ध्वनि नहीं सुनाई पड़ती और किस की कल्पना में यह बात कभी आई है कि अधराज सूरदास की, निर्दय प्रेमी श्रीकृष्ण द्वारा मधुवन की ऋजुबालाओं पर की गई मीठी सख्तियों को, और उनके द्वारा टीस में मिठास और मिठास में टीस को उद्भावित करने वाली कविता में सच्ची, पते की, हृदय से निकली हुई आत्मक काकलि, मानसिक कूक और ऐंद्रिय कसक नहीं निहित है। आधुनिक काल में भी हम कविवर रवीन्द्र की रचनाओ में कविता तथा विज्ञान का अभिलषित सामंजस्य स्थापित हुआ देखते हैं और इस सामजस्य के विन्यास में ही कवित्व कला का वास्तविक परमोत्कर्ष है।

आधुनिक युग में जहाँ विज्ञान का प्रचुर प्रसार हुआ है वहाँ कविता में भी तदनुसारिणी विविधता आ गई है। इँगलैंड के महाकवि शॉ तथा फ्रांस और जर्मनी के आधुनिक कवियों ने उसी त्वरा और आधिक्य के साथ इस बात का साम्मुख्य किया है और दोनों के सामंजस्य में प्रवीणता प्राप्त की है। भारत में भी

विज्ञान अथवा कविता दोनों में किसी एक के क्षेत्र में सीमित होकर दूसरे के क्षेत्र को न देख सकने वाले विशेषज्ञों के सिद्धान्तों से बचते हुए हमें जीवन को उसकी समष्टि में परखना सीखना चाहिये और हमारे कवियों को वैज्ञानिकों द्वारा समृद्ध किये गये जीवन के नव नव प्रतिरूपों की नव नव सृष्टि करके उनकी नव नव व्याख्या करना सीखना चाहिए।

*कविता और विज्ञान के सामंजस्य का परिणाम*

हमने कहा था कि विज्ञान से कविता को बल तथा तत्त्व की प्राप्ति होती है। इसके द्वारा वस्तुओं के तथ्य के साथ होने वाला कवि का सबध घनतर हो जाता है, और उसकी वाणी में ऊहापोहिनी बुद्धि के व्यापार से उत्पन्न होनेवाली सचेष्टता आ जाती है। और वह तत्त्व, जो विज्ञान को कविता से प्राप्त होता है, सूक्ष्म होने पर भी अत्यधिक महत्त्वशाली है। इसी तत्त्व को फ्रासीसी विद्वान् **मार्मिक दीप्ति अथवा प्रक्षेप** (elan vital) के नाम से पुकारते हैं। इसके द्वारा कवि के मनोवेगों और उसका कल्पनाओं में उत्तेजना तथा सघटन शक्ति आ जाती है। मनोवेगों के अभाव में विज्ञान तथ्यों का एक लेखा है, कल्पना के अभाव में क्रियात्मक विज्ञान एक **अधेनु माया** है। आविष्कार अपने यथार्थरूप में कल्पना को भौतिक द्रव्यो के साथ जोड़ देता है। आरंभ के वैज्ञानिक सिद्धातों का प्रकाशन कविता के कल्पनामय गर्भ में हुआ था तो इहकालीन वैज्ञानिक सिद्धांतो के प्रकाशन में हम उत्पादक अतदृष्टि को—जिसका आधार है कविजगत् की सार-भूत कल्पनाशक्ति—पर्यवेक्षण तथा परीक्षणों द्वारा प्राप्त किये गये अमित तथ्यो के साथ संयुक्त हुआ पाते हैं, और इस अंतर्दृष्टि को विस्तृत करने में कविता के अनुशीलन से प्रचुर सहायता प्राप्त होती है। क्योंकि कविता के अनुशीलन से हम अपनी शक्ति और

योग्यता के अनुसार कवियों की प्रतिभा में भाग लेने वाले बन जाते हैं और हमारी उपपादक कल्पनाशक्ति विकसित हो उठती है।

*इस दृष्टि से यूरोप तथा भारत का प्रातीप्य*

इस प्रकार जिन देशों के कवियों तथा वैज्ञानिकों ने कवित्व तथा विज्ञान के इस भव्य सामजस्य को अपने देशों में स्थापित किया है, उन देशों में हमें नित्य नव-नव आविष्कारों, तत्त्वानुसंधानो तथा साहित्यो के दर्शन होते हैं। क्या वैज्ञानिक, क्या अनुसंधायक, और क्या कवि, उन देशों में सभी की दृष्टि बहुमुखी होती है और सभी का जीवन विज्ञान और प्रतिभा के विविध दीपों से प्रदीपित हुआ रहता है। इसके विपरीत हमें अपने देश में प्रतिकूल ही परिस्थिति दीख पड़ती है। हमारे वैज्ञानिक कोरे वैज्ञानिक हैं; हमारे तत्त्वानुसधायक असयत तथा परानुगामी हैं, और हमारे कवि ओछे घडे और आवश्यकता से अधिक वाचाल हैं। तीनों में से किसी के भाग्य में भी नवोन्मेषिणी बुद्धि नहीं, कल्पना और सयम की उचित उठबैठ नहीं, जिसका परिणाम है हमारा भौतिक और साहित्यिक दोनो ही प्रकार का अकिंचनपन। हमने भौतिक क्षेत्र में आजतक किसी नवीन तत्त्व का आविष्कार नहीं किया, हमारे कवियो में एक या दो को छोड़ किसी ने भी हमें विश्वजनीन कविता की काकलि नहीं सुनाई। फलतः हम सब प्रकार से शक्तिसपन्न होने पर भी किसी विधेयात्मक क्षेत्र में सफल नहीं हो सके, और हमारे नवयुवक अपने शक्तिभण्डार को या तो उन्माद और आलस्य की मरुभूमि में फेंक देते हैं अथवा पारस्परिक कलह तथा अन्य प्रकार की घातक प्रणालिकाओं में बहा देते हैं।

**इस अत्यंत भयावह परिस्थिति को सुधारने के लिए हमे अपने दृष्टिकोण को बहुमुखी तथा व्यापक बनाना होगा, हमारे**

वैज्ञानिकों को कवित्वकला की पूजा करके अपनी मेधा को नव-नवोन्मेषिणी बनाना होगा; हमारे कवियों को विज्ञान की प्रयोगशालाओं मे बैठ अपनी प्रतिभा को यथार्थ की, सच्चे जीवन की, नवागत स्फूर्ति की चेरी बनाना होगा, हमारे तत्त्वानुसंधायकों को विज्ञान और कविता दोनो ही से सहायता लेकर अपने मस्तिष्क को व्यापक तथा उर्वर बनाना होगा, और इस प्रकार कविता तथा विज्ञान के इस चारु समन्वय से हमारे देश और साहित्य मे उस अमरता की संसृष्टि बन पड़ेगी जिसके हमें कभी वैदिककाल, अशोकयुग तथा गुप्तसाम्राज्य मे दर्शन हुए थे।

---

# कविता और व्यवसाय

जनता मे कतिपय व्यक्ति ही विज्ञान की सेवा मे अपने जीवन को अर्पण करते हैं और एकमात्र कवित्वकला को अपने जीवन का लक्ष्य बनाने वाले भावुक व्यक्ति भी कतिपय ही हुआ करते हैं। किंतु उद्योग और व्यापार तो हम सब के लिए समान है। प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष रूप से हम सब का जीवन व्यवसाय पर निर्भर है और हम मे से सभी थोडे बहुत इसमे लगे भी रहते हैं। जब हम किसी देश या जाति को वैज्ञानिक बताते हैं तब हमारा अभिप्राय यह होता है कि उस जाति या देश के कतिपय व्यक्ति विज्ञान के अध्ययन मे उचित प्रकार से रत रहते हैं। ऐसे व्यक्ति अपने अपने आविष्कारो और अनुसंधानो और उनसे उत्पन्न हुए उत्साह और साहस को अपने देशवासियों तक पहुँचाते हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि परपरया उस जाति तथा राष्ट्र के जीवन मे एक प्रकार के वैज्ञानिक दृष्टिकोण का सूत्रपात हो जाता है। इसी प्रकार एक साहित्यिक अथवा कलाप्रिय देश से

हमारा अभिप्राय उस देश से है जिसके कतिपय व्यक्ति साहित्य तथा अन्य कलाओं की सेवा में दीक्षित हो अतीत काल के साहित्य तथा कलाओं को वीचीतरगन्याय द्वारा देश के बहुसख्यक मनुष्यों तक पहुँचाते हों। किंतु एक व्यावसायिक जाति अथवा व्यावसायिक देश से हमारा अभिप्राय उस जाति अथवा उस देश से है, जिसके कति-पय व्यक्तियों को छोड़ शेष सभी व्यक्ति व्यवसाय में निरत रहते हों और जिनके जीवन का प्रमुख लक्ष्य व्यवसाय ही का प्रसार करना हो।

*यूरोप और अमेरिका व्यावसायिक हैं*

हमारी दृष्टि में यूरोप एक व्यवसायप्रधान भूखंड है। वहाँ हमें व्यवसाय और उससे उत्पन्न हुई उग्र अधीरता जीवन के मधुमय मर्मों को आघात पहुँचाती दृष्टिगोचर होती है। वहाँ व्यवसाय ने विज्ञान को अपना चेट बना उससे उन यत्रों का आविर्भाव कराया है, जिन्होंने मनुष्य के मौलिक महत्त्व को धूलिसात् कर दिया है। इन यत्रों की सततोत्थायिनी बेसुरी ध्वनि ने मानव हृत्तन्त्री के उन रागों को लुप्त कर लिया है, जो जीवन में मधुमयी आशा का संचार करते हुए हमारी आत्मा को इस मिट्टी के ढेर में फँसे रहने पर भी जीने के लिए लालायित किया करते हैं।

अमेरिका में तो यंत्रों की इस बेसुरी धाँय-धाँय ने इससे भी कहीं अधिक उग्र रूप धारण किया हुआ है। वहाँ के नरसमाज ने तो प्रजातत्र राज्य की स्थापना के पश्चात् व्यवसाय को अपने जीवन का एक प्रकार से लक्ष्य ही बना लिया है। अमेरिका की सामाजिक व्यवस्था का प्रमुख आधार ही वहाँ के व्यवसाय की निराली परि-स्थिति है। धन और जन की प्रतिदिन बढ़ने वाली संख्या ने व्यवसाय की वृद्धि में दिन दूनी और रात चौगुनी उन्नति ला दी है। मध्य

तथा पाश्चात्य स्टेटों की ओर जाति के अग्रसर होने के उपरात वहाँ के उद्योग धंधों में एक प्रकार की प्रचंडता आ गई है। और इस प्रचंडता को, क्रियात्मक विज्ञान के द्वारा प्रकृति पर प्राप्त की गई विजय ने पहले से भी द्विगुणित कर दिया है। सिविल युद्ध के पश्चात् एकीभूत होने पर उस देश की जनता ने भौतिक विकास को उन्नति के उस उत्तुंग शिखर पर पहुँचाया जो उसने इतिहास मे आज तक नहीं देखा था। व्यवसाय के इस विवृतमुख दानव ने राष्ट्रीय जीवन के अन्य सभी पहलुओं को अपनी परछाईं मे दबा रखा है।

किंतु जिस प्रकार अन्य देशों में उसी प्रकार अमेरिका में भी व्यवसाय के प्रति उत्पन्न हुई इस प्रवृत्ति के कुपरिणाम जनता को दीखने लगे हैं और वहाँ के निवासी शनैः शनैः श्रान्त जीवन की रम्यस्थलियों को ढूँढने में अग्रसर भी होने लगे हैं।

*कविता और व्यापार का सामंजस्य*

कविता और व्यापार देखने में एक दूसरे के प्रतीपी हैं। व्यापार के प्रकार कला की साधना से भिन्न-प्रकार के होते हैं। व्यापारी पुरुष की दृष्टि मे कविता एक हेय वस्तु नहीं तो उपेक्षणीय धधा अवश्य है और यही बात एक कवि कहा करता है व्यापारी पुरुष के विषय मे। किंतु यदि कविता और व्यवसाय समानरूप से जीवन के लिए आवश्यक है तो सभ्यता और सस्कृति को उनके मध्य सामजस्य स्थापित करना चाहिए और उनकी क्लृप्ति इस प्रकार करनी चाहिए कि दोनों एक दूसरे के विरोधी न रह एक दूसरे के सहकारी बन जाँय, क्योकि जहाँ एक ओर कवि के लिए उत्पादन और व्यवसाय के सब उपकरणों का प्रत्याख्यान करना जीवन से हाथ धो बैठना है वहाँ दूसरी ओर व्यवसायी के लिए कवित्व को विदा कर देना जीते जी मर जाना है। क्योकि व्यवसाय जीवन का एक साधनमात्र है, वह उसका ध्येय नहीं। कवित्व की

कूची से मुद्रित न होने पर हमारा जीवनफलक "साइनबोर्ड" न बन कर लकड़ी का एक फट्ठामात्र रह जाता है।

कतिपय व्यवसायियो की दृष्टि मे—विशेषतः अमेरिका में—व्यवसाय एक पेशा न रहकर महत्त्वशाली कला बन गई है जिसके मूल और सतत अभ्यास में उत्पादक शक्ति सन्निहित है। सहज व्यवसायी का उद्योग धधे के प्रति एक प्रकार का प्रेम हो जाता है, और इस प्रेम को हम आदर्श प्रेम का रूपातर कह सकते हैं। यह प्रेम कवित्व के क्षेत्र में विकसित न हो कर व्यवसाय के क्षेत्र में परिसीमित हो जाता है। यदि व्यवसाय में इस प्रेम का पुट न हो तो **वह अधेनु माया** बन जाता है और व्यवसायी का जीवन सब प्रकार से फूलाफला होने पर भी धूलिमय रह जाता है। अधे व्यवसाय से संसार का चक्र तो चलता रहता है, जीवन-घटीयंत्र की यह माल भी घूमती रहती है, किंतु किस लिए? स्वय व्यवसायी के अत के लिए, उसके भौतिक ततुओं को तितर बितर करने के लिए। अंधा व्यवसाय शरीर और प्राणों को जोडे रखता है, मतिहीन उद्योगधधे समाज मे एक सरणि उत्पन्न करते हैं, किन्तु किस लिए? भौतिक अस्थिपंजर के पिजरे में बद हुए आत्मकीर को तरसाने के लिए, उसके स्वातन्त्र्य को नष्टकर उसे रह रह कर दुखी करने के लिए। मतिहीन व्यवसाय की भित्ति पर उभरे हुए सामाजिक चित्र में समता की भावना कैसे आ सकती है? उसमें समवेदना तथा सहानुभूति का सचार कैसे हो सकता है? स्मरण रहे, मनुष्य की उत्पत्ति व्यवसाय की सेवा के लिए न हुई थी। ऋषियों ने उद्योगधधों की पूजा के लिए मनुष्य के मौलिक अधिकारों तथा स्वत्वों की घोषणा नहीं की थी। व्यवसाय की दासता राजनीतिक दासता से परतर है। पिछली में आत्मा नष्ट हो जाता है तो पहली मे वह रह रह कर, ससक ससककर प्राण दिया करता है। व्यवसाय की इस आत्महीनता को दूर करने के लिए उसमे

कविता का पुट देना आवश्यक है। उद्योग की इस नीरसता को दूर करने के लिए उसमे जीवन का रस प्रवाहित करना वांछनीय है। व्यावसायिक जगत् के भीतर पाये जाने वाले रूढ़, व्यापार, तथा परिस्थितियाँ अनेक धार्मिक तथ्यों की व्यजना करती है। जहाँ कवि की कल्पना भूमि, पर्वत, चट्टान, नदी, नाले, मैदान, समुद्र, आकाश, मेघ इत्यादि की रूपगति मे सौदर्य, माधुर्य, भीषणता और भव्यता आदि का उथापन करती है, वहाँ वह व्यावसायिक जगत् मे अनिवार्यरूप से होने वाली विविध घटनाओं और परिस्थितियो मे भी—जिन्हे हम प्रातक्षण अपनी आँखों के समक्ष पाते हैं—एक अपरिचित किंतु आत्मिक सत्य का—जिसे हम दूसरे शब्दो में शिव और सुन्दर के नाम से पुकारते है—उद्भावन कर सकती है।

व्यवसाय के दो पक्ष हैं एक उत्पत्ति और दूसरा सघटन। व्यवसाय को कला के उच्च पद पर प्रतिष्ठापित करने के लिए आवश्यक है कि इसे आनन्द अथवा रसोत्पत्ति का साधन बनाया जाय। क्योंकि कला का लक्षण ही यह है कि इसमे उत्पत्ति का ध्येय आनन्द के साथ निर्माण किया जाता है। उत्पादन मे प्राप्त होने वाले आनन्द की उत्पत्ति उत्पादक के मन में निहित हुए उत्पत्ति के प्रतिरूपा से होती है। इसी प्रकार सघटन में होने वाले आनन्द की प्राप्ति सघटयिता के मन में निहित हुए संघटनीय के प्रतिरूपों से होती है और इन दोनो प्रकार के प्रतिरूपो को जीवनसमष्टि के प्रतिरूप बनाकर उत्पादक तथा घटयिता के मन मे प्रस्तुत करना कविता का काम है। कविता से अन्वित हुए प्रतिरूपों के उत्पादन और संघटन से व्यावसायिक समाज का कार्य-क्षेत्र उर्वर हो जाता है और उनके जीवन में एक प्रकार की रसवत्ता आ जाती है। व्यावसायिक क्षेत्र में कवित्वरस के प्रवाहित हो जाने पर जातीय जीवन भौतिकता के निम्न तल से उठ कर आत्मिकता

के व्यासपीठ पर पहुँच जाता है। और हमें तथा हमारे श्रमजीवी कर्मचारियो को घरघराने वाली मशीनो की बेसुरी धाँयधाँय में जीवन समष्टि के उस राग की उपलब्धि होने लगती है जो बाह्य जगत् में ताप से तिलमिलाती धरा पर धूल झोंकने वाले अंधड़ के प्रचड झोकों मे उग्र और उच्छृंखल बन कर तथा बिजली की कँपाने वाली कड़क और ज्वालामुखी के ज्वलत स्फोट में भीषण बन कर हमारे कानों मे पड़ा करता है। राष्ट्रीय कवियो का प्रमुख कर्तव्य है व्यवसाय की जनसाधारण परिस्थितियो तथा वस्तुओ मे से जीवन की असाधारण रसमयी प्रतिमूर्तियाँ खड़ी करके श्रान्त हुए राष्ट्र को फिर से जीवन की सुधा द्वारा अनुप्राणित करना, क्लेश और क्लांति की मरुभूमि मे भी उसके सम्मुख आशा के सुन्दर स्रोत बहाना। और किसी राष्ट्र की कला क साफल्य अथवा असाफल्य का निर्णय व्यवसाय के वर्तमान युग मे इसी बात से होना अवश्यभावी है।

---

# गद्य काव्य—उपन्यास

*पद्य तथा गद्य : पद्य में आवृत्ति होती है*

पद्य तथा गद्य का प्रमुख भेद उनकी विशेष प्रकार की तालान्वितता में है। कविता का लक्षण करते हुए हमने बताया था कि **पद्य एक आदर्श ( Pattern ) है, जो कवि की योग्यता के अनुरूप उसकी रचना की प्रत्येक पंक्ति में आवृत्त होता है।** इस आदर्श का अवयव एक चरण है; और पद्य के सभी भेदों तथा उपभेदों में उसके आधार भूत इस अवयव की आवृत्ति होना आवश्यक है। यदि पद्य में चरण खडित हो जाय

अथवा इसके रूप में किसी प्रकार की गड़बड़ पड़ जाय तो पद्य भी खण्डित हो जाता है। **पद्य** शब्द की व्युत्पत्ति से ही कविता के इस आवृत्त और पुनरावृत्त होने वाले तत्त्व का आभास हो जाता है, जब कि **गद्य** शब्द की व्युत्पत्ति ही से इस बात की अभिव्यक्ति हो जाती है कि गद्य का संस्थान असंघटित होता है, उसमें आदर्श (पुनरावृत्ति) का अभाव होता है और उसका शब्दविन्यास साधा चलने वाला होता है। आवृत्ति के इस आदर्श को उद्भावित करने पर ही कवित्वकला की सफलता या असफलता निर्भर है। किंतु यदि कवि ने एक मात्र आवृत्ति के इस तत्त्व पर ही अधिकार प्राप्त किया है और कविता के अन्य उपकरणों से वह हीन है तो हम उसे कोरा 'तुक बधक" कहेंगे। इसके विपरीत यदि वह अपने आदर्श को किसी प्रकार से खण्डित न करते हुए उसमें अभिलषित विविधता ला सकता है तो समझो उसने कवित्वकला की एक बड़ी सूक्ष्मता पर अधिकार प्राप्त कर लिया है।

*ताल गद्य में भी है, किंतु उसमे आवृत्ति नहीं होती*

यह ताल गद्य मे भी है, किन्तु ठीक उसी सीमा तक, जहाँ तक कि एक व्यक्ति, वाक्य के अवयवविशेषों पर बलविशेष दिये बिना उनका उच्चारण नही कर सकता। किन्तु स्मरण रहे, गद्य के इस लय मे आवृत्ति का तत्त्व नहीं रहता। हो सकता है कि एक गद्यसंदर्भ के अंतस् मे भी अतुकांत अथवा स्वच्छन्द कविता का कोई टुकड़ा आ जाय, किंतु इस टुकडे का वहाँ होना सहृदय पाठकों को अखरता है, और इसमें गद्य के सौंदर्य को ठेस पहुँचती है।

*पद्य का स्रोतः*

कहना न होगा कि मनुष्य, इससे पहले कि वह विश्वजनीन तत्त्वों पर विचार करे, काल्पनिक विचारों में मस्त होना सीखता है; इससे पहले कि वह निर्धारण-

*चराचर जगत् की देवाधिष्ठितता*

त्मक शक्ति से काम ले, अपनी अनिश्चयात्मक तथा उखड़ी-पुखड़ी मनोवृत्ति को काम मे लाता है; इससे पहले कि वह व्यक्त वाणी बोले गुनगुनाना सीखता है, गद्य में बोलने से पहले वह पद्य मे गाना सीखता है, इससे पहले कि वह पारिभाषिक शब्दो का उपयोग करे औपचारिक शब्दों से काम चलाता है। इन औपचारिक शब्दो का उपयोग उसके लिए इतना ही स्वाभाविक है, जितना हमारे लिए उन शब्दो का, जिन्हे हम स्वाभाविक अथवा प्राकृतिक कहते हैं। अविकसित मनुष्य के जगत् में सब से पहली बुद्धि-रेखा कविता के रूप मे उद्भूत हुई थी; यह कविता आजकल की नाईं विश्लेषण तथा सश्लेषणात्मक प्रक्रियाओ पर निर्भर न हो कर केवल उसकी अपनी कल्पना तथा अनुभवशीलता मे उद्गत हुई थी। सृष्टि के आदिम पुरुषो की आत्माभिव्यक्ति ही उस कविता का स्रोत थी, और हम जानते हैं कि **कविता का जन्म चराचर जगत् का व्याख्यान करने की इच्छा मे हुआ है**। लोग कहते हैं कि आवश्यकता आविष्कार की जननी है, और आविष्कार का ही दूसरा नाम कल्पना अथवा प्रतिभा है। कल्पना ज्ञान की प्रतिनिधि है। इससे पहले कि मनुष्य मे विश्लेषणात्मक ज्ञान का विकास हुआ, मनुष्य की स्वाभाविक जिज्ञासा से उत्पन्न होने वाले इस प्रश्न का कि **यह सब क्या है और कहाँ से आया है** उत्तर एकमात्र उसकी अपनी कल्पना में प्राप्त हुआ था। स्वभावतः पुरुष की आदिम कविता दैविक थी, क्योंकि उस समय जो कुछ भी इस आदिम पुरुष को अपनी कल्पना से बाहर दीखता था, वही उस के लिए दैविक अर्थात् देवाधिष्ठित बन जाता था; और इन कल्पित देवी देवताओं पर उसने अपनी मानवीय कल्पना का मुलम्मा चढा कर उन्हे कुछ अनिर्वचनीय से रूप में देखा था। आज भी हमें बच्चों के मानसिक विकास में यही बात

देख पड़ती है। उनका जगत् उनकी कल्पनाओं पर खड़ा होता है; उसे भी हम एक प्रकार की कविता ही कह सकते हैं। सृष्टि के इन आदिम पुरुषों को ही, जिन्होने अपनी कल्पना से उन देवी देवताओं की उद्भावना की थी, हम कवि कहते हैं, और ग्रीक भाषा में कवि ( Poet ) शब्द का अर्थ ही निर्माता है। और क्योंकि ये लोग स्वय रचनामय भगवान् के प्रथम उच्छ्वास थे, इसलिए इनकी रचना मे इन तीन तत्त्वो का, अर्थात् उदात्तता, जनप्रियता और रागात्मकता का पाया जाना स्वाभाविक था, और यही तीन तत्त्व आज भी कविता के सर्वश्रेष्ठ निर्मायक तत्त्व हैं।

यह बात स्पष्ट है कि आदिम पुरुष का वागात्मक प्रकाशन, रागमय होने के कारण सगीतमय था, उसमें एक प्रकार की ताल उत्पन्न हो गई थी, उस मे आवृत्ति का अश विद्यमान था, जिसके कारण वह सहज ही स्मृतिपथ पर आरूढ हो जाता था। मनुष्य अपने रागमय हृदय की व्यक्ति के लिए तब से लेकर आज तक इसी आवृत्तिमय, तालान्वित कविता का आश्रय लेता आया है। और क्योंकि धर्म भी कविता के समान कल्पना से ही प्रसूत है, इसलिए रागमय होने के कारण उसकी व्यक्ति भी प्रारंभ से लेकर आज तक कविता ही के रूप मे होती आई है। इस प्रकार आदिम पुरुष के वागात्मक व्याख्यान मे हमे राग, ताल तथा कल्पना से उत्पन्न हुए देवीदेवताओ और उनके द्वारा स्थापित किये गये धर्म आदि का अत्यन्त ही मधुमय सम्मिश्रण उपलब्ध होता है।

*सभ्यता के विकास में आदिम पुरुष*

किंतु सभ्यता और संस्कृति के आनुक्रमिक विकास ने मनुष्य के आदिम भावो को ठेस पहुँचा, उसे कल्पना की उच्च परिधि से उतार, शनैः शनैः यथार्थता की कठोर, और इसीलिए नीरस आधिभौतिक परिधि

*का कवितामय दृष्टि-कोण बदल गया*

में ला खड़ा किया है। उसने उसे "अपने अंतस्" से निकाल कर "अपने उपकरणों के मध्य" में ला पटका है। अब वह कल्पना के तन्तुओं में न उलझ स्थूल जगत् की मूर्तियाँ घड़ता है; कल्पना से जन्मे देवी देवताओं को न पूज यथार्थता मे उभरे हुए कंचन की कीर्ति गाता है; देवी-देवताओं द्वारा समर्थ किये गये धर्म की गौरव-गाथा न गा कंचन को सम्पन्न और सुरक्षित करने वाले राजनीतिक नियमों के गुण गाता है; आत्मा के स्वच्छंद प्रवाहस्वरूप आदर्श-वाद को छोड़ भौतिक जगत् के पोषक तथा विश्लेषक विज्ञान की परिचर्या करता है। फलतः जिस प्रकार आदिम पुरुष के कल्पनामय जीवन का वागात्मक प्रकाशन पद्यरूप कविता मे हुआ था, इसी प्रकार आधुनिक पुरुष के यथार्थ जीवन का वागात्मक प्रकाशन गद्य रूप उपन्यास तथा व्याख्यान आदि मे हुआ है।

*पद्य और गद्य में होनेवाली आत्मिक वृत्ति मे भेद*

उक्त विवेचन से यह स्पष्ट हो जाता है कि कविता और उस के परिपोषक सभी आत्मिक तत्त्वों में मनुष्य बाह्य जगत् से पराङ्मुख हो अपने भीतर केंद्रित होता है, उसके विसार का विनाश हो उसमें निसार अथवा संकोच उत्पन्न होता है। इसके विपरीत गद्य में, और गद्य को जन्म देने वाले सभी भौतिक तत्त्वों में, मनुष्य का आत्मा भीतर से बाहर की ओर जाता है; दूसरे शब्दों में उसकी घनता अथवा संकोच नष्ट हो उसमें बाह्यवृत्तिता तथा विसार का आविर्भाव होता है। इसका परिणाम यह है कि जहाँ कविता मे शब्दों का संक्षेप होता है वहाँ गद्य मे शब्दो को स्वतंत्रता प्राप्त होती है, और उनका आवश्यकता के अनुसार निर्बाध खुला प्रयोग किया जा सकता है। जहाँ कविता का प्रयोग उत्कट रागवाले तत्त्वों के प्रकाशन में होता है, वहाँ गद्य का प्रयोग सामान्य राग वाले

तत्वों के प्रकाशन में होता है। फलतः गद्य के प्रकाशन में कविता के समान गम्भीरता न हो एक प्रकार की शिथिलता होती है। सभी जानते हैं कि स्निग्धघन संगीत सक्षिप्त होता है, और उसमें हमारे मार्मिक भावों की कूक होती है। इसके विपरीत गद्य का काम हमारे जीवन के सामान्य क्रिया कलाप को अंकित करना है। उदाहरण के लिए, एक निबन्धकार चाँदनी मे की गई अपनी यात्रा को आराम के साथ विस्तृत सदर्भों में सुनाता है, जब कि एक कवि उस चाँदनी को देख उसमे तन्मय हो जाता है, और अपनी उस घनतम सत्ता का प्रकाशन बहुत ही नपे तुले ज्योत्स्नामय शब्दों द्वारा करता है। इसमे सन्देह नही कि लबी कवित्वरचना मे भावों तथा शब्दों की यह आदर्श घनता अखण्ड नहीं रह जाती, किंतु वहाँ भी हमें इसके दर्शन गद्य की अपेक्षा कही अधिक परिमार्जित रूप मे होते हैं। दूसरे शब्दों मे हम कह सकते है कि यदि गद्य एक शांति के साथ बहने वाली नदी का समतल प्रवाह है तो पद्य एक घरघरा कर बहने वाली नदी का लहरमय, कही बाँसा उठा तो कही एक सा बहने वाला, फेनोज्ज्वल प्रवाह है।

*पद्य और गद्य के रूप और शब्द-विन्यास में भेद*

ताल और तालिका ( Key ) की दृष्टि से गद्य और पद्य में मौलिक भेद है, और शब्दों के यही दो तत्त्व सगीत मे प्रधानता पाकर उसके रूप और विन्यास में शब्दो की आवश्यकता के अनुसार, जैसा चाहें, परिवर्तन कर देते हैं। और क्योंकि कविता भी संगीत ही का विकसित रूप है, इसलिए उसमें भी शब्दों का रूप तथा विन्यास गद्य की अपेक्षा भिन्न प्रकार का होना स्वाभाविक है। गद्य का शब्द-विन्यास प्रतिदिन के साधारण व्यवहार के अनुसार होता है, कविता में बदल कर वह उन उन भावों की विशेषता को अभिव्यक्त करने के लिए विपरीत प्रकार का हो जाता

है। इसीलिए हम कविता को गुरुमुख से पढ़ते समय उसका "खंड" और "दण्ड" इन दो प्रकार का अन्वय किया करते हैं।

*पद्य की शैली गद्य की शैली से भिन्न प्रकार की है*

संगीत के साथ अखण्ड सम्बन्ध होने के कारण पद्य की शैली भी गद्य की शैली से सुतरां भिन्न प्रकार की रहती आई है। फिर भी कविता के रहस्य को समझने वाले सहृदय पाठक कविता के भावपक्ष और कलापक्ष में विवेक करते हुए उसके भावपक्ष को प्रधानता देते रहते हैं। किंतु हमारे संस्कृत और हिन्दी-साहित्य मे एक युग ऐसा भी आया था, जब कविता के भावपक्ष को भुला उसके कलापक्ष, अर्थात् रीति आदि को ही उसका सर्वस्व माना जाने लगा था, यहाँ तक कि कतिपय आचार्यों ने काव्य का लक्षण करते हुए रीति ही को उसका आत्मा कह डाला था। ऐसे आचार्यों की दृष्टि में कविता पद्य में इसलिए नहीं लिखी जाती थी कि इसके बीज ऐसे रहस्यमय तत्त्वों मे निहित हैं, जो निसर्गत; एकमात्र पद्य मे भली भाँति निदर्शित किये जा सकते हैं, प्रत्युत इसलिए कि रीति ऐसा बताती है, और वह इस बात का समर्थन करती है। इनके मत मे कविता की भाषा का प्रतिदिन के व्यवहार की भाषा के साथ कोई सम्बन्ध नहीं था, इनका सौंदर्य स्वाभाविक सौंदर्य न था, यह तो एक सौंदर्याभास था, जिसे कवि-आचार्य घड़ा करते थे और जिसका निर्धारित किये गये कतिपय नियमो के अनुसार कविता में होना आवश्यक समझा जाता था। संस्कृत के चामत्कारिक युग में लिखी गई माघ और भारवि आदि की रचनाओं से यह बात संस्कृत के क्षेत्र मे स्पष्ट होती है तो बिहारी से पीछे के सभी रीतिमार्गी हिन्दी-कवियो की रचनाओं से हिन्दी के विषय मे प्रत्यक्ष हो जाती है।

हिन्दी में सबसे पहले कबीर आदि मर्मी कवियों ने कविता की

भाषा के अनुचित रूप से आलंकारिक होने का विरोध किया था।

*रीतिकाल का ध्येय शब्दों का परिष्कार था*

किन्तु ये साधक लोग अपेक्षाकृत निकृष्ट जाति में उत्पन्न हुए थे, इस लिए भाषा के विषय में इनके सिद्धान्त हिन्दी जगत् मे मान्य न होने पाये और जनता तुलसीदास तथा सूरदास जैसे महाकवियों द्वारा अपनाई गई भाषा ही को बराबर परिष्कृत बनाती रही। उनकी इसी प्रवृत्ति का परिपाक हमें आगे चल कर रीतिमार्गी कवियो की अलबेली रचनाओ में प्रत्यक्ष हुआ। हिन्दी के आधुनिक युग के प्रथम और मध्य चरण मे भी शब्दों को आवश्यकता से अधिक परिष्कृत करने की प्रवृत्ति काम करती दीख पडती है। किन्तु वर्तमान काल की हिन्दी कविता ने जहाँ अन्य रूढियों तथा प्रथाओं की बेडियो को तोड स्वतन्त्रता का अभिनन्दन किया है, वहाँ भाषा की अनुचित कृत्रिमता के प्रति भी उसने अपने क्रान्तिभाव को कार्यरूप मे परिणत कर दिखाया है।

*अंग्रेजी के रीतिकाल का ध्येय : शब्दों का परिष्कार*

जिस प्रकार संस्कृत तथा हिन्दी के इतिहास में उसी प्रकार अंग्रेजी के इतिहास में भी हमें अठारहवी सदी में ऐसे ही युग के दर्शन होते हैं, जब कविता की शैली और उसके प्रकारपक्ष को आवश्यकता से अधिक महत्त्व दिया गया था, और उसके साथ सम्बन्ध रखने वाली रूढियो की दुहाई दी जाती थी। कविता के इस अविवेकी शब्दवाद के विरुद्ध महाकवि वर्ड्सवर्थ ने आवाज़ उठाई थी; और यह सिद्ध करने के लिए कि जो शब्द गद्य में व्यवहृत होते है, उन्हीं का कविता मे प्रयोग होना चाहिए, उन्होंने जहाँ अपनी कविता के भावपक्ष को प्रतिदिन के वस्तुजात पर खड़ा किया था वहाँ साथ ही उसके कलापक्ष को भी प्रतिदिन के व्यवहार में आने वाली भाषा पर ही आश्रित रखा था।

***पद्य और गद्य के सामजस्य की ओर प्रयत्न***

जहाँ एक ओर भारत तथा यूरोप के भावप्रधान कवियों ने पद्य की भाषा को गद्य ही के समान बना कर पद्य को गद्य की ओर खींचा, वहाँ गद्य के पृष्ठपोषकों ने उसकी शब्दावलि मे कविता के तत्त्व सगीत तथा समतालता आदि का प्रवेश कर के उसे पद्य की ओर अग्रसर किया, जिसका मनोरम परिणाम आगे चल कर सस्कृत में बाणभट्ट की कादबरी के अत्यत ही परिष्कृत गद्य में और अग्रेजी मे बन्यन रचित पिल्ग्रिम्स प्रोग्रेस आदि के गद्य मे प्रस्फुटित हुआ। हिंदी-क्षेत्र मे भी आज इलाचन्द्र जोशी आदि के गद्य में यही बात दीख पड़ती है।

***कविता और उपन्यास***

जिस प्रकार पुरुष के संगीतमय आत्मप्रकाशनरूप पद्य का प्रतीप प्रतिदिन के व्यवहार मे आने वाली गद्यमय भाषा मे है, उसी प्रकार उसके संगीतमय छन्दो मे बहने वाली कविता का प्रतीप उसकी व्यावहारिक भाषा मे कहे जाने वाले उपन्यासो में है। कविता रचते समय कवि का आत्मा बाह्य जगत् में विचरने पर भी अतमुख रहा करता है, इससे उसकी रचना में एक प्रकार की घनता और सक्षेप आ जाते हैं। उपन्यास लिखते समय कलाकार की वृत्तियाँ मुख्यतया बाह्य जगत् में विचरती हैं, जिसका परिणाम यह होता है कि बाह्य जगत् के समान उनकी रचना में भी स्थूलता तथा विस्तार का समावेश हो जाता है। यही कारण है कि जहाँ सहृदय रसिकों को सदा से कविता रुचती आई है, वहाँ साधारण जनता सदा से उपन्यास और आख्यायिकाओं में विनोदलाभ करती रही है। कविता की इस निगूढता को देखकर ही हमारे आचार्यों ने शिक्षित समाज के लिए वेदों और अशिक्षित समाज के लिए पुराण आदि का आयोजन किया था।

किंतु समय बदल गया है, जीवन की आवश्यकताएँ बदल चुकी हैं और उन्ही के साथ जीवन के रागात्मक व्याख्यान अर्थात् साहित्य मे भी परिवर्तन आ गया है। जहाँ पहले कविता और नाटकों की चर्चा रहती थी, वहाँ अब उपन्यास और आख्यायिकाओ का दौरदौरा है। यदि आज हम साहित्य की मात्रा को उसके महत्त्व का मापदड बनावें तो भी उपन्यास और आख्यायिका ही उसके सब अंगो में अधिक महत्त्वशाली दीख पड़ेगे। परिमाण ही की दृष्टि से नही, आज के सर्वोत्तर प्रतिभाशाली कलाकारों मे बहुतों ने अपनी प्रतिभा को प्रख्यापित करने का साधन इन्हीं दो को बनाया है। लोकप्रियता की दृष्टि से भी इन्ही दो का पहला नम्बर है। आज जनता में कविता और नाटक दोनो मिलकर इतने नहीं पढे जाते जितने कि अकेले उपन्यास पढ़े जाते हैं। इसका आशय यह नहीं कि बहुसंख्या द्वारा पढी जाने वाली औपन्यासिक रचनाएँ कविता की अपेक्षा अधिक चिरजीवी रहेगी; नहीं; बहुधा बहुसख्या के द्वारा पढ़ी जाने वाली रचनाएँ आशा से अधिक शीघ्रता के साथ भुला दी जाती हैं। किंतु इस कोटि की रचनाओ में एक बात अवश्य आ जाती है, और वह बात है यह, कि इन रचनाओ को सभी प्रकार के और सभी परिस्थितियों के पाठक पढ़ते हैं; और वे—चाहे शनैः शनैः और थोड़े ही दिनों के लिए क्यों न हों—जनप्रिय भावों की एक बहुत बड़ी सख्या को अपील करती हैं, यहाँ तक कि वर्तमानकाल में, उपन्यास—क्या सामाजिक, क्या आर्थिक और क्या राजनीतिक—सभी प्रकार के सिद्धान्तों को मानव-समाज के सम्मुख रखने का प्रमुख साधन बन बैठा है।

*आधुनिक युग में कविता और नाटक की अपेक्षा उपन्यास और आख्यायिका का अधिक प्रचार हुआ है*

यह नहीं कहा जा सकता कि उपन्यास को प्राप्त हुई यह आशा-

*तीत लोकप्रियता* समीपी भविष्य में न्यून हो जायगी। और जहाँ एक ओर उपन्यास में कलाकार को अपनी कल्पना-

*आधुनिक युग के साथ उपन्यास का सामजस्य*

शक्ति और कला-प्रदर्शन का पर्याप्त अवसर मिलता है वहाँ साथ ही उपन्यास समाज की उस प्रतिदिन बढने वाली पठित संख्या के मनोरंजन का साधन भी है, जो प्रजातन्त्रवाद के द्वारा उत्पन्न हो आधुनिक युग का सबसे बड़ा ससूचक चिह्न बनी हुई है। वस्तुतः उपन्यास का जन्म ही प्रजातन्त्रवाद से उत्पन्न हुई मध्य-श्रेणी की विपुल जनसख्या के चित्तरजन को उद्देश्य बनाकर हुआ है। प्रजातन्त्रवाद के अविर्भाव से पहले राजा और प्रजा के मनोरजन का मुख्य साधन नाटक था, जो अपनी अभिनयात्मकता के कारण पठित तथा अपठित दोनों ही प्रकार के प्रेक्षकों को समानरूप से अपनी ओर खींचता था। किंतु शनैः शनैः अपनी इस अभिनयात्मकता के कारण ही यह समाज की निम्न श्रेणियों का दाय बन गया और सत्रहवी सदी की पहली पचीसी के बाद शिक्षित जनता में उसका आदर घट गया। एक बात और; नाटक को सर्वात्मना सफल बनाने के लिए अनेक मूल्यवान् उपकरणों की आवश्यकता होती थी। यह उपकरण नगरों में सुविधा से प्राप्त हो सकते थे; इसलिए नाटक एक प्रकार से नगरों में परिसीमित हो गया था। ज्यों ज्यों जनता में शिक्षा का प्रचार बढ़ता गया और साथ ही नगरों से बाहर भी साहित्य के अध्येताओं की संख्या में वृद्धि होती गयी, त्यों त्यों इनके मनोरंजनार्थ किस्से कहानियों को प्रेस द्वारा इन तक पहुँचाने की आवश्यकता भी बढ़ती गयी, क्योंकि उपन्यास तथा आख्यायिकाएँ नाटक की अपेक्षा कहीं अधिक सरल हैं, और इनमें साहित्य के घनतर रूप के नियमों को पालने या न पालने की स्वतन्त्रता है। उपन्यास के लेखक पर नाटककार के समान संस्थान

अथवा सरणिविशेष का प्रतिबंध नहीं है। वह अपनी कथा को तीन जिल्दों वाले उपन्यास में कह सकता है और चाहे तो तीन पृष्ठो की एक छोटी सी कहानी में समाप्त कर सकता है। उसे तो जैसे भी हो सके, मनोरजक रूप मे अपनी कहानी सुनानी है और अपनी इस कहानी के लिए उसके पास विषयों की भी कमी नहीं है। इस काम के लिए वह सकल जीवन से लेकर विकल जीवन के किसी एक पटल तक को अपनी रचना का विषय बना सकता है। मनुष्य की अत्यत ही सकुल समग्र प्रकृति, अथवा उसकी प्रकृति का कोई पक्षविशेष, दोनो ही समानरूप से उसकी रचना के विषय बन सकते हैं। भावपक्ष और कलापक्ष दोनो की दृष्टि से जितनी स्वतन्त्रता एक उपन्यासकार अथवा कथा-लेखक को प्राप्त है उतनी साहित्य की और किसी भी विधा को अपनाने वाले कलाकार को नही है।

*कविता और नाटक की अपेक्षा उपन्यास में रागात्मकता कम होती है*

जिस प्रकार उपन्यास-लेखक को अपनी रचना के सघटन मे स्वतन्त्रता है उसी प्रकार उसके पाठकों को भी उपन्यास के पढने मे आसानी है। कविता और नाटक की अपेक्षा कहीं कम रागात्मक होने के कारण उपन्यास और आख्यायिका पाठक की कल्पना और उसकी सहृदयता पर उन दोनों की अपेक्षा कहीं कम भार डालते हैं और पाठक अपनी इच्छा और सुविधा के अनुसार बिना किसी प्रयास के इन्हें पढता चला जाता है। कालिदास की शकुन्तला और शेक्सपीयर के ओथेलो अथवा हैमलेट को पढते हुए कोई भी पाठक कल्पना के उत्तुंग शिखर पर खडे हो, उन्ही के समान अपनी सत्ता के मूल स्रोत के विषय में प्रश्न किये बिना न रहेगा। वह जब तक उन्हे पढेगा तब तक बराबर उनके लेखको के समान स्वय भी उत्कट भावों से आविष्ट हो अपने व्यक्तित्व को भुलाये रखेगा, अपने मन और इन्द्रियों

को उन नायक और नायिकाओं की सेवा में अर्पित किये रहेगा। किंतु उपन्यास में, चाहे वह उपन्यास कितना भी उच्च कोटि का क्यों न हो, यह बात उस सीमा पर नहीं पहुँचती। यदि कविता और नाटक के समान उपन्यास भी पाठक की कल्पनाशक्ति पर उतना ही भार डाले तो उसके पाठकों की बहुसख्या, सभव है, उसे एक ओर रख अपने दैनिक कामकाज मे लग जाय। सामान्य कोटि के पाठक उपन्यास को बहुधा मनोरजन के लिए पढ़ते हैं. और उसमें वे केवल मनोरंजन ही की सामग्री देखना चहते हैं। उनके लिए उपन्यास एक ऐसी ही चित्तरजक वस्तु हैं जैसे चाय का एक प्याला। इस पेय के समान उसे भी उनकी बुद्धि मे अनायास उतर जाना चाहिए, और उसी के समान उसे उनका क्लमविनोदन करना चाहिए। उपन्यास को पौष्टिक खाद्य के समान श्रमपाच्य नहीं होना चाहिए। क्योंकि उपन्यास पेय के समान सहजगामी वस्तु है इसलिए वह, उसी के समान, मतव्यों को लोकप्रिय बनाने का भी एक साधन है। उपन्यास को पढ़ते समय पाठक बहुधा विचारशक्ति से काम नहीं लेते। उनका मन उस समय अनुरजन में मग्न होता है। उस विचार-विहीन अनुरजन के समय आप पाठकों को जो चाहे सुना सकते हैं, और वे आपसे अपने को अनुरक्त करने वाली सभी बातें सुन सकते हैं। इस प्रेममुद्रा में मग्न हुए पाठक को उपन्यास-रमणी के द्वारा सुनाये गये सिद्धांत बहुधा उस के मन मे घर कर जाते हैं।

*उपन्यास की अस्थायिता का कारण*

इसमे सशय नही कि उपन्यास की इस सहज लोकप्रियता में ही उसकी क्षणभंगुरता का रहस्य भी छिपा हुआ है। जिस पुस्तक को हम केवल मनोरजन के लिए पढ़ते हैं, उसे बहुधा दूसरी बार नहीं पढ़ते। उपन्यास हमारी दृष्टि में साहित्य का लघुतम रूप है, और **लघुतम साहित्य में बृहत् साहित्य की गरिमा**

ढूँढना अनुचित है। उपन्यासों की उस बहुसंख्या में से—जो आजकल प्रेस के द्वारा प्रतिदिन जनता पर फेंकी जा रही है—सम्भवतः कतिपय उपन्यास ही कुछ सदियों को पार कर सकें। इनमें से बहुत से उपन्यास तो कतिपय वर्षों में ही बस हो जाएँगे। किन्तु कुछ उपन्यासों में उनके लेखक अपनी उत्कट आत्मिकता को सपुटित कर गये हैं, जिस कारण इनमें एक प्रकार की चिरस्थायिता आ गई है। संस्कृत में कादंबरी, हिंदी में प्रेमचन्द के उपन्यास और अंग्रेजी में स्काट, थैकरे, जार्ज, इलियट, हाउथोर्न तथा हार्डी की रचनाएँ इस बात का निदर्शन हैं।

*उपन्यास का महत्त्व उसके कथावस्तु के महत्त्व पर निर्भर है*

उपन्यास की चिरस्थायिता को परखने के लिए हमें उसके प्रतिपाद्य विषय और उसकी प्रतिपादनशैली पर विचार करना होगा। प्रतिपाद्य वस्तु से हमारा आशय केवल कथा और कथा के विकास से नहीं, अपितु उस कथा को वहन करने वाले पात्रों से भी है। प्रतिपाद्य विषय को छाँटते समय उपन्यासकार के सम्मुख यद्यपि मानवजीवन के अशेष पटल प्रस्तुत रहते हैं, तथापि यह नहीं कहा जा सकता कि जीवन के सभी पटल समान रूप से समान मूल्य वाले हैं। प्रतिपाद्य विषय के महत्त्व को परखने के लिए हमें उससे उद्भूत होने वाले रागात्मक तत्त्व की श्रेणी और उसकी शक्तिमत्ता पर ध्यान देना होगा। उदाहरण के लिए, मानव-हृदय को सदा से आकृष्ट करने वाला तत्त्व उसका अद्भुत और अप्रत्याशित वस्तुओं के साथ प्रेम करना रहा है। निश्चय ही साधारण श्रेणी के पुरुष जिस चाव के साथ दैनिक पत्रों को पढ़ते हैं उस चाव के साथ वे साहित्य की अन्य किसी भी रचना को नहीं पढ़ते और दैनिक पत्र में संकलित हुए अद्भुततत्त्व के समाचारों को पढ़ने की जो उत्सुकता एक पाठक को पढ़ने के लिए लालायित करती

है वही उत्सुकता अद्भुत, साहसकृत्य, तथा तिलस्मी करनामों का रागात्मक व्याख्यान करने वाले उपन्यास को पढ़ने के लिए भी उसे लालायित कर सकती है। किंतु कहने की अवश्यकता नहीं कि इस कोटि के पाठकों में पात्रों का विवेचन करने की क्षमता नहीं होती। वे अपने से भिन्न प्रकार की मनोवृत्तियों के विवेचन में अशक्त होते हैं। किन्तु वे, जीवन की चिरपरिचित घटनाओं के अद्भुत रस में रँगी जाने पर, उन्हे खूबी के साथ पढ़ अवश्य सकते हैं। अद्भुत रस के प्रति होने वाले इस विश्वजनीन प्रेम के कारण ही सब उपन्यासकार उसे अपनी रचना का विषय बनाने में प्रवृत्त हो जाते हैं और यही कारण है कि हमें विविध रूपों में अद्भुत रस का व्याख्यान करने वाले उपन्यासों की बाढ़ आती दीख पड़ती है। किंतु इसमे सदेह नहीं कि इस प्रकार के प्रतिपाद्य विषय पर खड़ी होने वाली रचनाएँ चिरस्थायी नहीं रहा करती।

*उपन्यास में कथा का स्थान*

किंतु उक्त विवेचन से यह परिणाम निकालना कि उपन्यास में घटनावर्णन के लिए, अथवा कथानिरुपण के लिए अवकाश ही नहीं है, अदूरदर्शिता होगी। कुछ समालोचकों का कहना है कि कथा केवल बालकों और उन्हीं के समान अविकसित बुद्धि वाले पुरुषों को अपनी ओर आकृष्ट कर सकती है। साथ ही वे यह भी कहते है कि कहानियाँ तो सब की सब कही जा चुकी हैं; और वह व्यक्ति, जिसने कतिपय उपन्यास ध्यानपूर्वक पढ़े हैं, सहज ही, कथा के आरंभ को पढ़ कर उसके अत को पहचान सकता है। उनका यह भी कथन है कि यदि एक उपन्यासकार यथार्थ जीवन को यथार्थ कहानी कहना चाहता है तो उसे कहानी की परिपाटो से दूर रहना होगा; क्योंकि बहुधा कहानी झूठी होती है, और जीवन पर वह कदाचित् ही घटा करती है। मानव जीवन कल्पित कथासंभार के पीछे नहीं चलता; यह

तो परिमित काल तक उखड़ा पुखड़ा, ऊँची नीची सड़क पर डोलता फिरता है। अनुकूल परिस्थितियों में यह कुछ आगे बढ़ जाता है; प्रतिकूल परिस्थितियो में यह रुक जाता है और कुछ काल पश्चात् सदा के लिए कहीं ठहर जाता है। इन सब आक्षेपों के उत्तर मे हम यही कहेगे कि जीवन के इसी अव्यवस्थित डोलने मे उसके इसी आगे बढ़ने और पीछे हटने मे कलाकार का सर्वोत्तम कथावस्तु सन्निहित है। यह कलाकार अपनी रचना मे जीवन के इसी उत्थान और पतन का सन्निदर्शन करता है। सभी जानते हैं कि जीवन एक घोर संग्राम है। किसी लक्षित अथवा अलक्षित तत्त्व को ध्यान मे रख कर ही मनुष्य जीवन के इस तुमुल सग्राम मे जूझा करता है। उसका दीखने में अव्यवस्थित प्रतीत होने वाला डोलना ही उसकी आत्मकथा है। इस ऊपर से अव्यवस्थित दीखने वाले डोलने मे, हाथ पैर मारने मे, व्यवस्था उत्पन्न करने मे, उसे एक ध्येय की ओर प्रवृत्त हुआ दिखाने मे ही कलाकार की इतिकर्तव्यता है। मनुष्य के इस सग्राम का अंत सुख मे भी हो सकता है और दुःख मे भी; इसका अन्त कैसा भी हो, इसके विकास मे क्रम की उद्भावना करना ही कथावस्तु कहाता है और इस तत्त्व के समीचीन विकास में ही उपन्यास की सार्थकता है। यदि किसी उपन्यास मे कथा वस्तु का यह संस्थान न हुआ तो समझो उसके पात्र निर्बल हैं, ध्येयविहीन हैं, और उनकी प्रगति उनकी आत्मशक्ति को ही नष्ट करने के लिए है।

*कथावस्तु की दृष्टि से रोमांस तथा उपन्यास की*

किंतु जहाँ प्रत्येक उपन्यास के कथावस्तु मे संस्थान विशेष का होना आवश्यक है वहाँ साथ ही यह भी अपेक्षित है कि यह सस्थान पात्रों की चरित्रप्रगति पर बाहर से न थोपा जाकर स्वयं उनके अंतस् से प्रस्फुटित हुआ हो, उनके श्वास और उनकी अन्य स्वाभाविक

*समानता* क्रियाओं के समान उन्हीं में से अखंडरूपेण प्रवाहित हुआ हो। और सच समझो, घटनाओं के उस संस्थान को हम महत्त्वशाली नहीं कहेंगे, जिसमें केवल कलाकार की चातुरी का प्रकाश हो अथवा जिसमें अद्भुत घटनाओं द्वारा पाठक की उत्सुकता को गुदगुदाया गया हो। महत्त्वशाली संस्थान हम उसको समझेंगे जिसमें परिस्थितियों को व्यक्तित्व का विकासक अथवा उसका परिपोषक दिखाया गया हो, जिसमे परिस्थितियों के भीतर से एक पके पकाये व्यक्ति को जन्म दिया गया हो। और जब हम पात्रों तथा कथावस्तु के संस्थान पर ध्यान देते हुए रोमांस तथा उपन्यास पर विचार करते हैं तब हमें इस दृष्टि से उन दोनों में कोई मौलिक अथवा महत्त्वशाली भेद नहीं प्रतीत होता।

*कथावस्तु का आधार प्रेम सर्व-सामान्य होने पर भी महत्त्वशाली भाव है*

जीवन के चित्रण के रूप में एक उपन्यास का महत्त्व उसमें प्रदर्शित किये गये जीवन की श्रेणी तथा उसके परिमाण पर निर्भर है किन्तु यह आवश्यक नहीं कि जीवन के सभी गरिमान्वित पटल समानरूप से सबके लिए रुचिकारी हों और रुचिकारिता ही उपन्यास का सर्वप्रथम उपकरण है। इसलिए उपन्यासकार का प्रमुख कर्तव्य है कि वह अपनी रचना का आधार मनुष्य की उन प्रवृत्तियो को बनावे जो उसके जीवन में मौलिक परिवर्तन उत्पन्न किया करती हैं और साथ ही सबके लिए समानरूप से रुचिकर भी हुआ करती हैं। ऐसी एक न एक प्रवृत्ति रचनाकार को सहज ही मिल सकती है। उदाहरण के लिए, वह प्रेम को अपनी रचना का आधार बना सकता है। संभवतः संसार की रचानाओं में से आधी रचनाओ का आधार पुरुष और स्त्री का पारस्परिक प्रेम हो और यह बात स्पष्ट है कि प्रेम मनुष्य की सभी प्रवृत्तियों की अपेक्षा कहीं अधिक विश्वजनीन

है। यह सुतरां निगूढ़ तथा निभृत होने के कारण सभी मनुष्यों को समानरूप से आंदोलित करता आया है, और साथ ही अपनी उत्कट मार्मिकता के कारण सभी प्रवृत्तियों का अग्रणी रहता आया है। जीवन की नौका का कर्णधार यही है, हमारे सकल क्रियाकलाप का यही आदिस्रोत है। जीवन मे मौलिक परिवर्तन इसी के द्वारा होते हैं, जीवन का बनना और बिगड़ना बहुधा इसी पर निर्भर रहता है। जब प्रेम मगलमय तथा विशुद्ध होता है तब वह मनुष्य को देवत्व की ओर ले जाता है, किंतु जब वह अपने शारीरिक रूप में विकसित हो उद्दामता प्राप्त करता है तब वह मनुष्य को बहुधा धूलिसात् कर देता है। जहाँ इसमे उत्कटता सबसे अधिक है वहाँ साथ ही यह और सब भावों की अपेक्षा रुचिकर भी कहीं अधिक है। जीवन मे जो कुछ भी सौंदर्य तथा रुचिकरता उपलब्ध होती है उसका बहुतम भाग प्रेम से उपजता है। संक्षेप में, प्रेम सौंदर्य तथा भव्यता का सर्वोत्कृष्ट आगार है। परमात्मा और प्रकृति के प्रेमरूप बीज ही से यह ससार अकुरित हुआ है और प्रेम ही के कारण मनुष्य अपने जीवनतन्तु को सतत बनाये रखता है। प्रेम का पुजारी कल्पनामय जगत् का स्रष्टा होने के कारण साथ ही कवि भी होता है। फलतः प्रेमान्वित जीवन का वर्णन करने में कवि की निभृत आत्मा बोलती है; उसके चित्रण मे वह स्वय अपना चित्रण करता है, जो हर प्रकार से अपना होने के कारण अत्यन्त ही विशद, स्फीत तथा व्यंजक हुआ करता है। इसमें संदेह नहीं कि विश्व के उपन्यासकारों में से कतिपय ही अपनी नायिकाओं को बाणभट्ट की महाश्वेता के समान सुन्दर तथा मंगलमय बना पाये हैं; और सौदर्य के बिना प्रेम की उत्पत्ति नहीं होती और प्रेम के बिना जीवन के तन्तु परस्पर जुड़ नहीं पाते। फलतः प्रेम के प्रजागरण के लिए नायक और नायिकाओं में

सौंदर्य की उद्भावना करना परमावश्यक है। प्रेम यौवन का सार है, शरीर की नाड़ियो में जीवन का संचार इसी से होता है। इसके लिए जरा बनी ही नहीं। यह आबालवृद्ध सबमे एकरस विराजमान रहता है। प्रत्येक पुरुष के जीवन मे यौवन का प्रभात बीत कर जरा की सन्ध्या आया करती है। सभी की धमनियों मे प्रेम का संचार होने के उपरात ही जड़ता आया करती है। किंतु कैसा भी बुढ़ापा क्यो न आवे, कितनी भी निर्बलता क्यों न आ जाय प्रेम, की सरसता सभी के लिए, सभी अवस्थाओं मे एक सी बनी रहती है। इसीलिए प्रेम की आधारशिला पर खडे होने वाले उपन्यास-भवन सदा आकर्षक बने रहते है और मानस-समाज सदा ही उनमे पहुँच कर अपने भौतिक जीवन के रव-जन्य श्रम को मिटाता रहा है। प्रेम का परिपाक पाणिग्रहण मे होना स्वाभाविक है और प्रेम की व्याख्या करने वाले उपन्यासों में यौवन मे प्रणयी अथवा प्रणयिनी के प्रति उत्पन्न हुए प्रेम के इस चरम परिपाक के मार्ग में आने वाली अनुकूल तथा प्रतिकूल घटनावलि का वर्णन होता है।

*उपन्यास के आधारभूत प्रेम मे शुचिता का होना वाञ्छनीय है*

कहना न होगा कि प्रेम के इस सप्रदर्शन मे प्रेमरस की शुचिता तथा आचारानुकूलता पर ध्यान देना आवश्यक है। जीवन मे प्रेम का कितना भी उच्च स्थान क्यों न हो, है तो वह, हर अवस्था मे, जीवन के लिए ही। फलतः किसी भी प्रेमाश्रित कथा के आधार पर खडे होने वाले उपन्यास मे हमे यह देखना होगा कि इसमें वर्णन किये गये प्रेम मे कितनी प्रौढता तथा उदारता है। कालिदास ने अपने कुमारसभव तथा शकुन्तला में प्रेम का वर्णन किया है। शेक्सपीअर के नाटको में भी प्रेम का सप्रदर्शन होता है। दोनो के प्रेमादर्श मे मौलिक भेद होने पर भी दोनों ही ने इसे जीवन की अत्यन्त निभृत

अनुभूति के रूप में प्रस्तुत करते हुए उसे सामान्य मर्त्यधाम से कुछ ऊपर को उभार दिया है। शकुन्तला का प्रेम शारीरिक नहीं है, उसका तो आत्मा ही दुष्यन्त के साथ एक हो गया है। शेक्सपीअर का प्रेम बच्चों का प्रेम नहीं, उसमें ओथेलो जैसे अतुल बली भस्म होते दृष्टिगत होते हैं। सन्देह तथा ईर्ष्या आदि आन्दोलक भावों के साथ मिल कर वह जीवन को दुःखान्त नाटक के रूप में परिणत कर देता है। एक कलाकार को अपनी रचना का विषय प्रेम को बनाते हुए उसको ऐसे ही घन रूप मे प्रदर्शित करना चाहिए।

उपन्यास की सामान्य परिधि का निरूपण उपर हो चुका, अब हमारे सम्मुख प्रश्न यह है कि उस परिधि के भीतर उपन्यास की कला किन किन प्रमुख दिशाओ में उन्मुख हुई है, अर्थात् उपन्यास के प्रधान विभाग कौन कौन हैं।

*उपन्यासकार कथावस्तु पर कल्पना का मुलम्मा चढाकर उसका वर्णन करता है*

पहले कहा जा चुका है कि उपन्यास के अन्तर्गत वह सपूर्ण कथा-साहित्य आ जाता है जो गद्य की प्रणाली में व्यक्त किया गया हो। ऊपर हम यह भी कह चुके हैं कि उपन्यास का मानवजीवन के साथ घनिष्ठ सम्बन्ध है और वह प्रत्यक्ष या परोक्षरूप से उसी का चरित कहता है। इसका निष्कर्ष यह हुआ कि उपन्यास मनुष्य के वास्तविक जीवन की एक काल्पनिक कथा है और "काल्पनिक कथा का सकेत उस कथा पर है, जो कल्पना की सहायता से अधिक मार्मिक, सुचरित और ग्राह्य बना दी गई हो, जिस में सुन्दर चयनशक्ति की सहायता से जीवन के किसी उद्दिष्ट अश की रोचक रूपरेखा खींची गई हो, और जो पूर्णता की दृष्टि से आकाश में चन्द्रमा की भाँति चमक उठे। ऐसी काल्पनिक कथा में असत्य का अश चन्द्रमा की भाँति अकाश में लुप्त हो जाता है।" किसी व्यक्ति का जीवन यदि सत्य को

ध्यान में रख कर लिखा जाय तो वह घटनाओं की एक सूचीमात्र बन जायगी और उसमे साहित्यिकता न आ सकेगी। इसके विपरीत जब एक कलाकार उसी व्यक्ति के जीवन को कल्पनाक्षेत्र में ले जाकर उसका वर्णन करता है तब वह जीवन रोचक बन जाता है और उस जीवन की नीरस घटनाएँ सरस बन कर पाठक के सम्मुख आती हैं।

*घटनाप्रधान उपन्यास*

उपन्यास की परिधि पर विचार करते हुए हम देख आये हैं कि उपन्यास मे घटनाओं का वर्णन होना आवश्यक है, और ये घटनाएँ सदा किसी न किसी क्रम से घटित होती हैं। इन्हीं घटनाओं का नाम **कथावस्तु** है। अब हमे मनुष्य मे एक ऐसी प्रवृत्ति दीख पड़ती है, जो किसी व्यक्तिविशेष के साथ सम्बद्ध न हो केवल घटनाओं मे आनन्द लिया करती है; जिसे सदा से आश्चर्यमय तत्त्व ही रुचिकर लगता आया है। बच्चों में और अविकसित बुद्धि वाले नरनारियों मे हमें यही वृत्ति सचेष्ट रहती दीख पड़ती है। बच्चों के उड़नखटोले और दो दानवों आदि की कहानियो का आधार यही आश्चर्यमय तत्त्व है। और हर घर मे भोजनोपरान्त रात के समय नियम से कही जाने वाली नानी की कहानी भी आश्चर्य के इसी विश्वजनीन भाव पर खड़ी होती है। इन कहानियों में घटनाओ के स्रोतरूप व्यक्तियो के विषय में कोई जिज्ञासा नहीं होती; सच पूछो तो वे व्यक्ति श्रोता के सम्मुख साकार बनकर आते ही नहीं। यहाँ तो एकमात्र जिज्ञासा होती है "फिर क्या हुआ", "आगे क्या हुआ" और "अन्त में क्या हुआ।" आश्चर्य के इस विश्वजनीन तत्त्व पर खड़े किये गये उपन्यासों को हम **घटनाप्रधान** उपन्यास कहते हैं। अंग्रेज़ी में गुलिवर्स ट्रैवेल्स और डॉन क्विक्ज़ोट आदि उपन्यास इस श्रेणी के हैं; और हिन्दी के प्रख्यात चन्द्रकान्ता

और चन्द्रकान्तासंतति नामक उपन्यास भी इसी कोटि में आते हैं।

इस श्रेणी के उपन्यास, केवल आश्चर्यजनक घटनाओं को कौतूहलवर्धक रीति से सज्जित करके लिखे जाते हैं और उनका मुख्य उद्देश्य पाठकों को मनुष्यजीवन की साधारण तथा अनोखी दुनिया में ले जाकर उनका चित्तरंजन करना होता है। ऐसे उपन्यास बहुधा सुखान्त होते हैं और घटना चक्र के समाप्त होने पर नायक अथवा नायिका की विजय घोषित कर देते हैं। "इनकी कुञ्जी किसी तहखाने, किसी गुप्तपत्र, या ऐसे ही किसी स्थान मे होती है जिसके मिलते ही उपन्यास का द्वार खुल जाता है और उसकी सुखांत इतिश्री हो जाती है।"

*सामाजिक अथवा व्यवहार संबंधी उपन्यास*

जब कोई व्यक्ति बचपन को छोड़ यौवन में पग धरता है तब अनायास ही उससे बहुत सी बातें छूट जाती हैं, और उनके स्थान पर उसमें अन्य बहुत सी बातें आ जाती हैं। वह व्यक्ति जब तक बालक था, उसे उड़नखटोले की कहानी रुचिकर लगती थी; वह "क्या हुआ" "फिर क्या हुआ" कहते हुए घंटों अपनी नानी के पास बिता देता था। किंतु यौवन आजाने पर वह बहुधा उस चमकते घटना-जाल से पराङ्मुख हो जाता है और और अब वह, समाज का एक सदस्य बन जाने के कारण मुख्यतया उन्हीं घटनाओं में योग देता है, जिनका समाज के साथ कोई संबंध हो और जो समाज के विशीर्ण हुए पटलों का परस्पर सम्मिश्रण करती हों। **समाज की इन्हीं परस्परान्वयिनी घटनाओं को लक्ष्य में रख कर लिखे गये उपन्यास सामाजिक, चरितसंबंधी अथवा व्यवहारविषयक उपन्यास** कहाते हैं। इस कोटि के उपन्यासों का आकर्षण कथानक से हट कर पात्रों, उनके

पारस्परिक व्यवहारों तथा समाज की रीति नीति आदि मे केंद्रित हो जाता है। इन उपन्यासो के पात्र भिन्न भिन्न परिस्थितियों में पड़कर तथा बहुविध व्यक्तियो के साथ ससर्ग मे आने पर, किस भाँति व्यवहार करते हैं यह पाठक के मनोरजन का प्रमुख साधन बन जाता है। परिस्थितियो की ऐसी परस्परानुगामिनी योजना, जिसके द्वारा उपन्यास के पात्र समाज के अधिक से अधिक सदस्यो के साथ सम्पर्क में आ सकें, इसी बात मे इस कोटि के उपन्यासों की कलावत्ता सन्निहित है। सस्कृत का दशकुमारचरित इसी कोटि की रचना है और हिंदी मे श्री प्रेमचन्द के उपन्यास इस श्रेणी में आते हैं।

सभी आख्यायिकाओं तथा उपन्यासों की घटनाओं के घटित होने का कोई समय और देशविशेष होता है। सामाजिक उपन्यासो मे तो उपन्यास का समाजविशेष के साथ सबंध जुड़ जाने के कारण देश और काल का उपकरण और भी अधिक व्यक्त हो जाता है। सामाजिक

*अंतरंग जीवन के उपन्यास*

उपन्यासों के पात्र किसी देशविशेष में, किसी समयविशेष पर अपना अपना काम करते हैं। इस स्टेज पर रचनाकार का ध्यान समाज, उसके व्यक्ति, उनका समय और देश, इन बातों पर अधिक रहता है और उसकी वृत्ति बहुमुखी सी रहती है। अब एक पग आगे बढ़िए और समाज को भुला व्यक्तियो को काल के हाथ में सौंप, उन्हें उसके वश में हो अपने अपने जीवन का उद्घाटन करने दीजिए। जीवन के उस उद्घाटन में समाज आदि सब तत्त्व अप्रधान हो जाते हैं और एकमात्र जीवन और उसका अप्रसिद्ध प्रवाह रह जाता है। इस तत्त्व के आधार पर खड़े किये गये उपन्यासों को हम अतरग जीवन के उपन्यास कहते हैं। इन उपन्यासों मे व्यक्ति का जीवन सदातन मनुष्यजीवन का प्रतीक अथवा सकेतमात्र बन

जाता है और कलाकार उस प्रतीक में उसके अशेष जीवन को केंद्रित कर देता है। बहुधा सामाजिक उपन्यासो के पात्र आदि से अत तक एक-सा ही स्वभाव लिये रहते हैं और उस स्वभाव के अनेक रग रूप, परिस्थितियों के विविध पटलों को विविध रूप से रजित करते चले जाते हैं। परंतु अतंरंगजीवनसंबधी उपन्यासों मे व्यक्ति का शरीर, उसका मन और आत्मा एक साथ झलक उठते हैं। इनमे समय के अनिरुद्ध प्रवाह मे पडे हुए व्यक्तियों का सर्वस्व प्रत्यक्ष हो जाता है। और क्योंकि इस कोटि के उपन्यासों की भित्ति चिरतन दार्शनिक तत्त्वो पर निहित होती है, इसलिए इनमें घटनाएँ और परिस्थितियाँ आप से आप, या विधिवशात्, पात्रों के जीवन में आ गई जान पड़ती हैं और पात्रों की जीवनकली के पटल उनका स्पर्श होते ही, आप से आप खुलते जाते हैं। कहना न होगा कि इस कोटि के उपन्यासों मे रोचकता—जो कि उपन्यास का स्वभाव है—लाना कलाकार की सफलता का श्रेष्ठ निदर्शक है।

*देशकाल सापेक्ष और निरपेक्ष उपन्यास*

घटनाएँ किसी देश तथा कालविशेष मे घटित होती हैं। सामाजिक उपन्यासों का चित्रपट भी देश और काल पर ही चित्रित होता है। अतरग जीवन को चित्रित करने वाले उपन्यासो मे भी पात्र काल के प्रवाह मे पड़ कर ही अपना विकास किया करते हैं। किंतु उपन्यासों की एक श्रेणी वह भी है, जिसमे देश और काल दोनों ही समानरूप से ध्यानस्थ रखे जाते अथवा दोनों ही समानरूप से विस्मृत कर दिये जाते हैं। **देशकाल निरपेक्ष उपन्यासो** का निदर्शन संस्कृत में बाणभट्ट द्वारा रची कादंबरी है। कादबरी की कथा मे सारी घटनाएँ यद्यपि सरोवर, तट, राजगृह, राजसभा आदि स्थानों मे और सध्या, चाँदनी रात, युवावस्था आदि समयविशेषों मे घटित होती हैं, तथापि कवि ने अपनी चमत्कारिणी शक्ति

के द्वारा अपने पात्रों को इतना अधिक सबल तथा मनोरम बना दिया है कि वे देश और समयविशेष की अपेक्षा न रख अपने आपे में ही प्रदीप्त होते दीख पड़ते हैं। इसके अतिरिक्त सस्कृत भाषा में ऐसा स्वर-वैचित्र्य तथा ध्वनिगाभीर्य दीख पड़ता है कि यदि उसकी योजना सुचारुरूप से की जाय तो उससे नाना वाद्ययत्रो की ऐसी सम्मिलित सगीतलहरी लहरा उठती है और उसकी अतर्निहित रागिनी ऐसी अनिर्वचनीय सपन्न होती है कि कविपडित अपनी वाङ्निपुणता से सहृदय श्रोताओं को सुना कर मुग्ध करने का प्रलोभन किसी प्रकार भी संवरण नहीं कर सकते। इसी से जहाँ वाक्यावलि को संक्षिप्त कर विषय को द्रुत वेग से बढाना आवश्यक प्रतीत होता है, वहाँ भी भाषा का प्रलोभन सवरण करना उनके लिए कष्टसाध्य हो जाता है और विषय पद पद पर वाक्यावलि के भीतर प्रच्छन्न होकर अग्रसर होता है। विषय की अपेक्षा वाक्यविन्यास ही वाह वाह लेना चाहता है और इसमे वह बहुधा सफल भी हो जाता है। इसलिए बाणभट्ट यद्यपि बैठे थे उपन्यास लिखने पर लग गये शब्दावली की वीणा को झंकृत करने मे। वे अपनी कथा को अग्रसर करने के लिए भी वाक्यावलि के विपुल सौंदर्य-भार को न भुला सके। "उन्होंने सस्कृत भाषा को अनुचरों से घिरे सम्राट् की भाँति आगे बढा दिया है और कथा को पीछे पीछे प्रच्छन्न भाव से छत्रधर की भाँति छोड़ दिया है। भाषा की राजमर्यादा बढाने के लिए कथा का भी कुछ प्रयोजन है, इसी से उसका आश्रय लिया गया है, नहीं तो उसकी ओर कवि की दृष्टि भी नहीं है।" ऐसी प्रच्छन्न कथा का देशकाल-निरपेक्ष होना सुतरा स्वाभाविक ही है और सारी कादबरी को पढ़कर भी हमें शूद्रक के समय और उसके राजदरबार की याद नहीं आती। कादंबरी में घटनाए और उनको घटाने वाले पात्र नहीं दीखते,

यहाँ तो हमें प्रकृति के अशेष रंग एक पिटारी मे सजे हुए दृष्टिगत होते हैं। संपूर्ण उपन्यास अपनी कोटि का एक ही है और इसकी परंपरा अत्यत विरल तथा वर्तमान काल में लुप्तप्राय हो चुकी है।

उपन्यासों को **घटनाप्रधान उपन्यास, सामाजिक उपन्यास, अंतरंगसबधी उपन्यास** तथा **देशकालनिरपेक्ष उपन्यास** इन चार विधाओं में विभक्त करके अब हमें उनके निर्मायक तत्त्वों का दिग्दर्शन करना है। उपन्यास के निर्मायक तत्त्व छः हैं—यथा **वस्तु, पात्र, कथोपकथन, देश काल, शैली और उद्देश्य।**

*कथावस्तु*

मनुष्य स्वभावतः क्रियाशील प्राणी है। ससार में अविरत रूप से होन वाले परिवर्तन में वह भी फँसा हुआ है। उसकी इस सचेष्टता और गतिशीलता मे ही उसका जीवन है। उसकी इस गतिशीलता से ही उसके जीवन की घटनाओं का प्रादुर्भाव होता है। इन घटनावलियों के द्वारा ही उसका आत्मा अपने चरम सौंदर्य को फिर से प्राप्त करता है। जीवन की इन घटनावलियों को ही हम **कथावस्तु** कहते हैं। इन घटनाओं का विधाता मानव ही उपन्यास मे पात्र कहाता है। ये पात्र परस्पर वार्तालाप द्वारा कथावस्तु को आगे बढाते हैं; इसी तत्त्व को हम **कथोपकथन** कहते हैं। ये घटनाएँ किसी समय तथा देशविशेष में होती हैं; इस समय और देशविशेष को ही हम देशकाल, परिस्थिति अथवा **वातावरण** कहते हैं। जीवन में विकसित होने वाली इन घटनाओं को उपन्यासकार एक ढग-विशेष से दर्शाता है; यह ढंग ही उपन्यास की **शैली** कहाता है। प्रत्येक उपन्यासकार जीवन में होने वाली घटनाओं को अपने एक विशेष ढग से पढ़ता है। समान रूप से होने वाली घटना को देख दो कलाकार परस्पर प्रतीपी दो परिणाम निकाल लेते हैं। साहित्य

मे कभी भी एक वस्तु दो कलाकारों को एक सी नहीं दीखती। फलतः प्रत्येक साहित्यिक रचना में उसके निर्माता का व्यक्तित्व प्रच्छन्नरूपेण विद्यमान रहता है। उपन्यास के ऊपर पड़ी हुई व्यक्तित्व की इस छाया को ही हम उपन्यासकार द्वारा प्रस्तुत की **गई जीवन की आलोचना, व्याख्या, जीवनदर्शन** अथवा **उद्देश्य** इन नामों से पुकारते हैं।

उपन्यास के कथनीय विषय को **वस्तु** कहते हैं; और क्योंकि यह एक कल्पित कथा के रूप मे होता है, इसलिए इसका नाम **कथावस्तु** भी है। हम देखते हैं कि हमारा जीवन किसी अदृष्ट के अधीन हो बार बार परिवर्तन के चक्र मे घूमा करता है। इस परिवर्तन में विन्यास का लेश नही। यह उथल-पुथल और भाँति-भाँति की क्रांतियो से व्याकुल है। हम सोचते कुछ हैं और हो जाता है कुछ और ही। घटनाएँ हम नहीं घटित करते, वे अनायास ही हमारे द्वारा घट जाती हैं। **परिवर्तन और क्रांतियो के इन अस्तव्यस्त पड़े मनको को इनकी अंतस्तली मे अनुस्यूत हुए ऐक्य सूत्र मे पिरो देना ही कलाकार की सब से बड़ी कथावस्तु है।**

परिवर्तन के ये मनके अगणित हैं। इनकी संख्या के समान इनकी बहुविधता भी आश्चर्यकारी है। किंतु महत्त्व तथा पारमार्थिकता की दृष्टि से इन मनकों में भी तारतम्य है। इनमे से बहुत से मनके तो जन्मते ही नष्ट हो जाते हैं; उनका जीवन पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता। वे जीवन की विपुल माला में न होने के समान हैं। दूसरे मनके विशेष रूप से गतिमान् तथा शक्तिशाली होते हैं। उनका जीवन पर स्थायी प्रभाव पड़ता है; जीवन की माला में ये जाज्वल्यमान नगों की भाँति चमका करते हैं।

चतुर उपन्यासकार का कर्तव्य है कि वह अपनी **कथावस्तु** को जीवनमाला के इन जाज्वल्यमान नगों से घटित करे। वह अपनी

रचना का विषय ऐसे तत्त्वों तथा घटनाओं को बनावे जो जीवनस्रोत के समीपी हैं, जो पात्रों के समान पाठको के लिए भी मार्मिक होने के कारण उनके मनोवेगो को बल के साथ आंदोलित कर सकें। यदि उपन्यासकार चाहे तो अपनी **कथावस्तु** को भौतिक प्रेम की सामान्य घटनाओं से घड़ सकता है, वह चाहे तो अपना उपन्यास आश्चर्य के सामान्य तत्त्वो पर खड़ा कर सकता है। किंतु इन दोनों ही प्रकार के उपन्यासो मे चिरस्थायिता न होगी। दूसरी ओर वह प्रेम को शारीरिक परिधि से बाहर निकाल उसे आत्मिक बनाता हुआ अत्यन्त ही मार्मिक तथा निगूढ अनुभूति के रूप मे परिणत कर सकता है, ऐसी अनुभूति, जो हमारे जीवन की चिरसगिनी होती है, जो हमारे आत्मा में "गॉस" की तरह घुसी होती है, जो जैसी हम मे वैसी ही ससार के अन्य सभी प्राणियो मे धँसी रहती है। प्रेम की इस करुण कथा मे वह शेक्सपीअर की भाँति ईर्ष्या आदि के भावों को प्रविष्ट कर उसे और भी अधिक घन तथा सान्द्र बना सकता है। उस प्रेम का परिपाक करने के लिए नायक-नायिकाओं के द्वारा किये गये लोकोत्तर कृत्यो का वर्णन कर वह उसमे चार चाँद लगा सकता है; अमूर्त प्रेम को गतिमत्ता प्रदान कर उसे मूर्त बना सकता है और विविध प्रकार से उसमें आदोलिनी शक्ति भर सकता है। कहना न होगा कि **प्रेम के इस विशुद्ध रूप पर खडा किया गया उपन्यास चिरजीवी होगा, दैविक प्रेम के रूप मे वह भी सदा मनुष्यो के हृदयाकाश में चंद्रमा की भाँति चमकता रहेगा।** यह तो हुई केवल प्रेम और उसके आधार पर खडे होने वाले उपन्यासो की बात। कलाकार चाहे तो इस प्रेम को समाजक्षेत्र में ला उसके रमणीय रूप में समाज की बहुरूपिता से उत्पन्न हुई

*किस प्रकार के कथावस्तु पर खड़ा होने वाला उपन्यास चिरजीवी होता है*

बहुमुखता उत्पन्न कर उसे और भी अधिक व्यापक रूप दे सकता है। प्रेमचन्द की भाँति वह इस प्रकरण में समाज की सभी साधक तथा घातक प्रवृत्तियों को निदर्शित कर सकता है। इस काम को करता हुआ वह चाहे तो समाज के सम्मुख अप्रत्यक्ष रूप से अपने मतव्य भी रख सकता है। **समाज की भॉति समाज के बहुविध प्रेम को वर्णन करने वाला यह उपन्यास भी चिरजीवी होगा।** ससार की बहुमुखता से पराङ्मुख हो अपनी ओर लौटता हुआ कलाकार अपने अतरग को भी उपन्यास के रूप मे जनता के सम्मुख रख सकता है। अब वह एक फव्वारे के समान सारे घटनाचक्र को अपने भीतर से ही निकाल उसका विश्लेषण कर सकता है। जिस प्रकार एक और्णनाभ विपुल ऊर्णातन्तु को अपने भीतर से निकाल फिर उसे अपने भीतर ले लेता है, इसी प्रकार एक कलाकार भी आत्मघटित घटनाओं को फिर अपने ही भीतर आत्मसात् कर सकता है। इस प्रकार इस कोटि के उपन्यास में वह अपने अशेष व्यक्तित्व को मुखरित करता हुआ उसके द्वारा ससार भर के व्यक्तित्व को प्रस्फुटित कर सकता है। कहना न होगा कि **आत्मा के समान, उसकी घटनावलियों का वर्णन करने वाला यह उपन्यास भी चिरस्थायी होगा।**

*कथावस्तु के लिए रोचक होना आवश्यक है*

उपन्यास के विषय को केवल वस्तु न कहकर हमने उसे **कथावस्तु** कहा है; इसका आशय यह है कि जिस प्रकार कथा रोचक होती है, उसी प्रकार उपन्यास के विषय में रोचकता का होना अत्यन्त आवश्यक है। आज हम उपन्यास को उपदेशामृत पान के लिए नहीं पढते; जीवन के तुमुल सघर्ष का चित्र भी उसको पढ़ते समय हमारे मन में नही उद्बुद्ध होता। इस उद्देश्य के लिए हम बहुधा कविता अथवा नाटक पढ़ा करते है।

दैनिक जीवन की संकुलता से थक कर जब हम चूर चूर हो जाते हैं, तब आत्मप्रवण उपन्यासों को पढ़ हम अपना मन बहलाते हैं, तब दैनिक जीवन चक्र के वेग द्वारा रबर की भाँति फैला हुआ हमारा अन्तःकरण, उन वेगों से छुट्टी पा फिर अपने मौलिक घन रूप में आ जाता है। फलतः उपन्यास की कथावस्तु में प्ररोचकता का होना नितात आवश्यक है। इस तत्त्व के न होने पर अच्छे से अच्छा उपन्यास भी अनुपादेय हो जाता है।

*कथावस्तु में सत्यता का होना आवश्यक है*

जीवन के चित्रण को हमने उपन्यास बताया था, और जीवन विप्लवरूप होने पर भी एक सच्ची घटना है। इस यथार्थ घटना को यथार्थ घटना बनाकर ही प्रस्तुत करना कलाकार का प्रमुख कर्तव्य है। उपन्यासकार जीवन की, चाहे जिस किसी की घटना या स्थिति को लेकर अपना काल्पनिक चित्रपट प्रस्तुत करे, उसके लिए यह आवश्यक है कि वह उस घटना या स्थिति के रहस्यों और विशेषताओं से पूर्णतया परिचित हो। उदाहरण के लिए, यदि एक उपन्यासकार किसी काल की ऐतिहासिक स्थिति को अपने उपन्यास द्वारा उपस्थित करना चाहता है तो उसके लिए आवश्यक है कि वह उस काल की सामाजिक, राजनीतिक तथा धार्मिक आदि परिस्थितियों का पूरा पूरा अनुशीलन करे। उसके लिए यह जानना आवश्यक है कि उस काल में राजाओं, रानियों, राजकुमारो, राजकुमारियों, राज्य के बड़े बड़े अधिकारियों, सेनाओं तथा प्रजागण के रहन सहन का क्या ढग था, शासनव्यवस्था कैसी थी, धार्मिक परिस्थिति कैसी थी। इन बातों को हृदयंगम किये बिना ही वैदिककाल, मौर्यकाल, गुप्तकाल, मुगलकाल आदि की घटनाओं को उपन्यासबद्ध करना अनुचित होगा।

**कथावस्तु के अनिवार्य उपकरण**

उपन्यासवस्तु के विषय में सर्वप्रथम विचारणीय बात यह है कि क्या उसकी कथा चित्ताकर्षक अथवा वर्णन करने योग्य है, और वह उचित रूप से कही गई है। इसका आशय यह हुआ कि यदि हम उसकी सूक्ष्म आलोचना करें तो हमें उसमें निम्नलिखित प्रश्नों का सतोषजनक उत्तर मिलना चाहिए:—

१. "उसमें कही कोई बात छूटी तो नही जान पड़ती; अथवा उसमें परस्पर विरोधी बातें तो नही कही गई है ?

२. क्या उसके सब अङ्गो में परस्पर साम्य और समीचीनता है ? ऐसा तो नही है कि किसी ऐसी घटना के वर्णन मे कई पृष्ठ रंग डाले गये हो, जिसका कथावस्तु से कोई प्रत्यक्ष सबध न दीख पड़ता हो, अथवा किसी पात्र का कथन या भूमिका बहुत लबी चौडी कर दी गई हो, किंतु कुछ आगे बढ़ते ही वह भूमिका तुच्छ या सामान्य बन जाती हो ?

३. क्या उसमे वर्णित घटनाएँ आप से आप अपने मूल आधार मे, या एक दूसरो से प्रसूत होती चली जाती हैं ?

४. क्या साधारण से साधारण बातो पर लेखक की लेखनी चलकर उन्हे लोकोत्तर बनाने मे समर्थ हुई है ?

५. क्या घटनाओ का क्रम ऐसा रखा गया है, जिसमे वे हमको असंगत अथवा अस्वाभाविक न जान पड़ती हों ?

६. क्या उसका अंत या परिणाम वर्णित घटनाओ के अनुकूल है और क्या कथा या वस्तु का समाचार पूर्वापर विचार से ठीक ठीक हुआ है ?"

यदि उक्त प्रश्नों का सतोषजनक उत्तर मिल जाय तो समझो कलाकार उपन्यास लिखने मे सफल हुआ है, अन्यथा नहीं।

हडसन ने कथावस्तु की दृष्टि से उपन्यासो के दो भेद किये

हैं, एक वे जिनकी कथावस्तु असंबद्ध अथवा शिथिल होती है, दूसरे वे, जिनकी कथावस्तु संबद्ध तथा सुघटित होती है। प्रथम कोटि के उपन्यासो में घटनाएँ एक दूसरी पर आश्रित नहीं रहतीं और न उत्तर घटना अतीत घटना का आवश्यक या अनिवार्य परिणाम ही होती है। इन परस्पर सबद्ध घटनाओ को एकता के सूत्र मे पिरोनेवाला व्यक्ति उपन्यास का नायक होता है। उसी के विशिष्ट चरित्रो को लकर उपन्यास के भिन्न भिन्न अवयवो का ढाँचा खडा किया जाता है। दूसरी कोटि के उपन्यासों में घटनाएँ एक दूसरी से सबद्ध रहती हैं, और भागानादि रूपेण एक से दूसरी, दूसरी से तीसरी इस प्रकार प्रसूत होती चली जाती हैं। ऐसे उपन्यास एक व्यापक विधान के अनुरूप बनाये जाते है, और उनकी सार्थकता घटनाप्रसूत पर निर्भर रहती है। कहना न होगा कि सबद्ध तथा असबद्ध दोनों प्रकारों के समुचित सामजस्य में ही उपन्यासकार की इतिकर्तव्यता है।

*कथावस्तु की दृष्टि से उपन्यासों के दो भेद*

एकता की दृष्टि से हम कथावस्तु को **सामान्य** तथा **समस्त** इन दो विभागों में विभक्त कर सकते हैं। **सामान्य कथावस्तु** वह है, जिसमे उपन्यास को एक ही कथा के आधार पर खड़ा किया गया हो, और **समस्त कथावस्तु** वह है, जिसमे एक से अधिक कथाओं का समावेश हो। **समस्त कथावस्तु** के विषय में यह बात याद रखनी चाहिए कि उसमें संकलित की गई कथाओं का विकास इस विधि और क्रम से किया जाना चाहिए कि वे सब मिलकर एक बन जायँ और उपन्यास में एकता की निष्पत्ति हो जाय।

*एकता की दृष्टि से कथावस्तु के दो भेद*

कथावस्तु की विधाओं के साथ साथ उसके कहने के ढग भी

तीन हैं। पहले में उपन्यासकार इतिहास-लेखक का स्थान ग्रहण करके, वर्णनीय वस्तु से अपने को पृथक् रख कर, अपने वस्तुविन्यास का सहज विकास करता हुआ, पाठकों को अपने साथ लिये हुए, उपन्यास के परिणाम पर पहुँचता है। दूसरे ढग में कलाकार नायक का आत्मचरित उसके मुँह से अथवा किसी उपपात्र के मुँह से कहलाता है और तीसरा प्रकार वह है, जिसमे प्रायः पात्रो आदि के द्वारा कथा का उद्घाटन कराया जाता है। तीसरा ढग बहुत कम और पहला बहुत अधिक उपयोग में आता है, किंतु उपन्यासकार को अपनी कलाकारिता दिखाने का यथेष्ट अवसर तीसरे ही ढग मे मिलता है।

*कथावस्तु के कहने के तीन ढग*

कथावस्तु के अनतर उपन्यास में ध्यान देने योग्य वस्तु पात्र तथा उनका चरित्रचित्रण है। हमने कहा था कि एक उपन्यासकार अपने पाठको के सम्मुख जीवन को मायाजाल बनाकर प्रस्तुत किया करता है और चाहता है कि हम भी उसके मायाजाल को मानें, उसमें लीन हो जाँय, उसको इसी प्रकार देखें, सुने और छुएँ जैसे उसने इसे देखा, सुना और छुआ है, संक्षेप में हम उसके साथ मिलकर एक बन जाँय। अब यदि किसी उपन्यास को पढ कर आप के मन में वह बात उत्पन्न हो जाती है, यदि उसे पढते समय उसके पात्र आपके सम्मुख पंक्तिबद्ध हो खडे हो जाते हैं, तो समझिए वह उपन्यास चरित्रचित्रण की दृष्टि से उत्तम सम्पन्न हुआ है; और यदि उसे पढ़ते समय उसके पात्र आपको छाया की भाँति कहीं दूर दूर, झुटपुटे में, उखड़े-पुखड़े दीख पड़ते हैं, तो समझिए वह उपन्यास अपने ध्येयसंपादन में असफल रहा है।

*पात्र तथा चरित्रचित्रण*

यहाँ प्रोफेसर हडसन ने यह प्रश्न उठाया है—और हिंदी के

आलोचकों ने उसकी आवृत्ति भी की है—कि एक उपन्यासकार के पात्रों के साथ हमारा तादात्म्य कैसे बन जाता है, और क्यों हम उन्हें अपने जैसा शरीरधारी, चलता फिरता देखने लगते हैं। इस समस्या का विवेचन उपन्यास के प्रकरण में करना अनुचित है, क्योंकि यह बात तो साहित्यमात्र का समान काम है और कविता तथा नाटक में इस तादात्म्य की निष्पत्ति उपन्यास की अपेक्षा कहीं अधिक होती है। हमने साहित्य तथा कविता आदि पर विचार करते समय इसका रहस्य कवि की कल्पनाशक्ति, अपने तथा अपने पात्रवर्ग के भीतर प्रवाहित होने वाले ऐक्यसूत्र मे निर्धारित किया है। जब हम वस्तुस्थिति पर मार्मिकदृष्ट्या विचार करते हैं तब हमें भिन्न भिन्न मनुष्य एक एक विच्छिन्न द्वीप के समान दीख पड़ते हैं। उनके बीच में अपरिमेय अश्रु-लवणाक्त समुद्र मँडरा रहा है। दूर से जब एक दूसरे को देखते हैं, तब मन में यह भासता है कि हम लोग एक ही महादेश के रहने वाले थे, अब किसी के शाप से बीच में विच्छेद का विलापसमूह फेनिल होकर उमड़ पड़ा है। दूर से भासमान होने वाला यह ऐक्य कलाकार की कल्पनामयी रचना में और भी अधिक रमणीय बन कर हमारे सम्मुख आता है। रचनाकार की कल्पना के नीहार मे भागे हुए उसके पात्र हमें दीखते भी हैं और नहीं भी दीखते, सुनाई भी पड़ते हैं और नहीं भी सुनाई पड़ते, हमारे द्वारा छुए भी जाते हैं और नहीं भी छुए जाते। इस है और नहीं के सम्मिश्रण मे ही कलाकार की सर्वश्रेष्ठ दक्षता का प्रादुर्भाव होता है। और जहाँ कविता के क्षेत्र में यह सम्मिश्रण अत्यंत ही घन तथा सांद्र बन कर हमारे सम्मुख आता है वहाँ उपन्यास की परिधि मे यह तरल तथा विस्तीर्ण होकर प्रकट होता है, क्योंकि जहाँ

*कविकल्पना द्वारा पाठक पात्रों के साथ ऐक्य अनुभव करते हैं*

**कविता जीवन की समष्टि को उसकी व्यष्टि के रूप में किसी एक तत्व में केंद्रित करके हमारा उसके साथ तादात्म्य स्थापित कराती है, वहाँ उपन्यास जीवन के विस्तार में घूमता हुआ हमें वहाँ के वन-आरामों का दर्शन कराता है ?**

*कथा का कथन प्रकार*

उपन्यास की परिधि को देखते समय हमने कहा था कि उपन्यासकार की इतिकर्तव्यता उस कला में है, जिसके द्वारा वह अपने जीवन-संबंधी दर्शन को पाठकों तक पहुँचाता है। दूसरे शब्दों में हम कह सकते हैं कि उसकी सफलता उसके द्वारा कल्पित की गई कथा को कहने के प्रकार में है। निश्चय ही एक निबन्धकार की भाँति वह जीवन के विषय में बातें नहीं करता, और नही वह एक चरित्र लेखक की भाँति किसी जीवन विशेष को ही जनता के सम्मुख रखता है। वह तो जीवन को आविर्भूत करता है, जीवन की कली को खिला कर हमारे समक्ष रखता है, और इसके लिए उसकी सबसे बड़ी समस्या यह है कि वह किस प्रकार अपने पाठकों को अपने ही समान अपने पात्र दिखावे, सुनावे और छुवावे।

*उपन्यासकार की व्यापिनी अन्तर्दृष्टि*

प्रतिभाशाली कलाकारों के लिए यह समस्या सदा से सामान्य रहती आई है। उनकी सर्वव्यापिनी दृष्टि समस्त कथा को एक साथ आद्योपात देखकर उसका ऐसा विन्यास करती है कि पाठक तन्मय हो जाते हैं और वे अपनी कथा को, चाहे जिस प्रकार कहें, पाठकों का मन उससे नहीं ऊबता। टाल्स्टाय, बाल्झाक तथा प्राउस्ट की रचनाएँ इस बात का निदर्शन हैं।

किन्तु सभी उपन्यासकार टाल्स्टाय के समान विश्वव्यापिनी दृष्टि वाले नही होते। इनके मन में इस प्रकार के प्रश्नों का उठना

स्वाभाविक है कि कथा कहते समय उसका कहने वाला किस बिंदु पर ठहरे ? क्या उसे भी उपन्यास में घुसकर उसकी कथा के किसी पात्र के साथ एक बन जाना चाहिए; या उसे अपने व्यक्तित्व को नितरा प्रच्छन्न रखते हुए कथा और उसके पात्रो मे छिपा रहना चाहिए, अथवा उसे व्यापक बनकर घटनाओ के क्रम पर टीकाटिप्पणी करते हुए उन्हे अग्रसर करने वाला बनना चाहिए। इसी प्रकार, लेखक की भाँति पाठक के विषय में भी यह प्रश्न हो सकता है कि उपन्यास पढते समय पाठक की कौन सी वृत्ति हो ? क्या उसे उपन्यासकार के सम्मुख खडा होकर उसके मुँह उसकी कहानी सुननी है, अथवा उसे वहाँ खड़ा होकर अपने सामने घटित होने वाली घटनाएँ देखनी हैं। इसके अतिरिक्त क्या उपन्यास की कथा केवल एक ही दृष्टिकोण से दिखाई जानी है, और यदि ऐसा है तो क्या वह कोण कथा से बाहर का है, अथवा उसी के भीतर रहने वाले किसी पात्रविशेष का है, अथवा उस कथा का दृष्टिकोण इस बिंदु से उस बिंदु पर होते हुए अनेक बिंदुओ पर केंद्रित होना है ? साथ ही उस कथा का लक्ष्य क्या होना है ? क्या यह विश्वदृश्यीय निदर्शन है, जैसा कि टाल्स्टाय, बाल्झाक और थैकरे की रचनाओं मे दीख पड़ता है, या किसी परिस्थिति को उत्पन्न करने वाले अदृश्य घटनाजाल को अभिनीत करना है, जैसा हेनरी जेम्स की रचनाओं में दीख पड़ता है या किसी विषय को निदर्शित करना है, जैसा वेल्स करते हैं अथवा यह कोई वृत्तिविशेष की परिधि में संपुटित हुआ एक निर्धारित दृष्टिकोण है, जैसा कि जेन आस्टन की सामाजिक सुख वृत्ति को दिखाने वाली प्रवृत्ति में प्रत्यक्ष होता है। इन सब बातों से भी बढ़ कर अधिक महत्त्व वाली बात यह है कि उपन्यासकार

*कथा के कथन प्रकार के विषय में अनेक समस्याएँ*

अपने घटनाजाल को आरम्भ मे किस प्रकार गतिमान् बनावे और एक बार गतिमान् बनाकर उसको किस प्रकार चरम परिणाम की ओर अग्रसर करे।

*पात्रों का निर्माण घटनाओं की सतत प्रसूति पर निर्भर है*

लोगों का विश्वास है कि उपन्यास मे जीवन डालना पात्रो का काम है, क्योकि उपन्यास मे हमे पात्रों को जन्म देने वाली घटनासतति की अपेक्षा पात्रों के दर्शन कही अधिक प्रत्यक्ष रूप से होते हैं। साथ ही एक उपन्यासकार के हाथों किसी पात्र की परिनिष्ठित रचना हो चुकने पर वह उस कृति की परिधि से बाहर हो हमारे यथार्थ जीवन और साहित्य दोनो के लिए समानरूप से आदर्श बन जाता है। किंतु स्मरण रहे, घटनाओं की धारावाहिक प्रसूति के बिना पात्रनिर्माण नहीं हो सकता, क्योंकि ससार में अविरतरूप से प्रवाहित होने वाली घटना नदी में पात्र एक बुद्बुद् के समान है, वह क्रियारूप घटना का प्रतीक-मात्र है, उसका आभासमान मूर्त रूप है। हम बाणभट्ट की महाश्वेता को इस रूप में नहीं जानते कि यह एक पीयूषवाहिनी ललनापात्र थी अथवा कादंबरी से पृथक् उसकी अपनी कोई स्वतंत्र सत्ता थी। हम तो उसे कादबरी मे घटित होने वाली परम पावन क्रियाप्रसूति का एक मूर्त आविर्भावमात्र मानते है; महामहिम बाणभट्ट की सततप्रदीप्त प्रतिभाज्वाला की एक चिनगारीमात्र समझते हैं। इसस पहले कि हम व्यक्तित्व को मूर्त रूप में देखें, हमें उसे देश और कालविशेष की रूप-रेखा मे बाँधना होगा, और हमारी यह बधनक्रिया घटनाजाल के बिना असभव है। **इसलिए किसी भा उन्यासकार की सब से बड़ी समस्या यह है कि वह अपने घटनाजाल के लट्टू को किस प्रकार और कितने वेग से उपन्यासपट्ट पर फेंके।**

इस काम के लिए अब तक दो उपायों का अवलबन किया जाता

रहा है, जिनमे से पहला **अभिनयात्मक** है और दूसरा **व्याख्यात्मक**। पहले प्रकार मे पाठक की आँख सीधी, रंगमच पर खड़े हुए पात्र पर टिकी रहती है। और दूसरे प्रकार में वह लेखक के द्वारा दिये गये उनके वर्णन के शीशे मे से उन्हे देखता है। ससार के कतिपय उत्कृष्ट उपन्यास या तो पहले ही प्रकार में कहे गये है, अथवा एकाततः दूसरे मे। उदाहरण के लिए टाल्स्टाय का आन्ना करेनिना नामक उपन्यास एकानतः मानो रगमच पर खेला गया है। इसमे दृश्यों का क्रमिक विकास बड़ा ही मार्मिक बन पडा है, और इसे पढ़ते समय पाठक अपने को क्रम से घटित होने वाली घटनाओ के सामने खड़ा पाता है। वह उन सब पात्रों को अपने से एक हाथ की दूरी पर सजे हुए रगमच पर रगरली करते देखता है। जीवन के साथ इतनी घनिष्ठता और किसी भी उपन्यास को पढ़ कर निष्पन्न नही होती।

*घटनाप्रदर्शन के दो उपायः अभिनयात्मक व्याख्यात्मक*

**व्याख्यात्मक उपन्यासो** का सब से सुन्दर निदर्शन बाल्झाक की रचनाएँ हैं। इनमे घटनाओं का चक्र चलने से पहले उनके लिए अपेक्षित वातावरण को विस्तार के साथ घड़ा जाता है। क्या इतिहास, क्या नगर, क्या राजपथ, क्या मकान कमरे, झोपड़ियाँ, यहाँ तक कि वर्तमान युग की आर्थिक सकुलता, सभी को विस्तार के साथ पाठक के सम्मुख रखा जाता है। वर्णन करने की यह शक्ति इतने अधिक रोचक और विकसित रूप मे ससार के अन्य किसी भी उपन्यासकार मे नहीं पाई जाती।

*व्याख्यात्मक उपन्यासो का उदाहरण*

**अभिनयात्मक और व्याख्यात्मक** दोनो उपायों का सम्मिश्रण आर्नल्ड बैनेट रचित दी ओल्ड वाइव्ज टेल में अत्यन्त ही सुन्दर सम्पन्न हुआ है। इस उपन्यास

*दोनों उपायो*

*का सम्मिश्रण : बैनेट मे* को लिखने का विचार उनके मन मे कैसे आया यह बताते हुए वह लिखते हैं कि एक दिन उन्होने एक भोजनालय मे एक मोटी भद्दी, तथा व्ययिनी महिला को देखा। वह इतनी अजीब सी बनी थी कि सभी उस पर हँस रहे थे, इतने में बैनेट ने सोचा कि क्या ही अच्छा हो यदि कोई उपन्यासकार उसके यौवन के भग्नावशेषों पर अपना कथानक खड़ा कर उसके इतिहास को लिख डाले। क्योंकि यह कितना करुणाजनक दृश्य है कि यही व्ययिनी महिला एक दिन यौवन की लहरियों मे झूमती हुई दर्शकों को मुग्ध किया करती थी, इसके मन में भी एक दिन उमगें थी, उल्लास थे और विलासभरी आकाक्षाएँ थी। और इस बात से कि उसके व्यक्ति मे इस विपुल परिवर्तन को प्रतिक्षण प्रतिवस्तु में होने वाले छोटे छोटे परिवर्तनों की उस लड़ी ने उत्पन्न किया है, जिसे वह अपने ऊपर घटित होता देखकर भी न देख सकी थी, उसकी जराजन्य करुणोत्पादकता कही अधिक बढ जाती है। उन्होंने अपने इस उपन्यास मे नायिका तो दो रखी हैं किंतु टाल्स्टाय के प्रख्यात उपन्यास 'वार ऐण्ड पीस' की भाँति नायक एक ही रखा है और वह है **समय**।

बैनेट ने अपने उक्त उपन्यास मे दो जीवनों को समाप्त करने वाले युग की अप्रतिहत प्रगति को हृदयगत करते हुए, समय की न दीखने वाली उड़ान और परिवर्तन की न सुन पड़ने वाली पगध्वनि को—जो एकमात्र स्मृतितन्तुओं द्वारा अनुमेय है, अथवा जिसे हम मन तथा हृदय में निहित हुई निगूढ़ अनुभूति की स्तरावलियों में ही पढ़ सकते हैं—बड़े ही मार्मिक प्रकार से निर्दशित किया है।

*दी ओल्ड वाइव्ज टेल*

**घटनाओं के वर्णन मे अभिनय तथा व्याख्यान दोनो उपायो**

**के सम्मिश्रण से काम लिया गया है।** जहाँ हम इस उपन्यास में बड़ी ही प्रवीणता के साथ निर्धारित किये गये दृश्यों मे पात्रो को अपनी अपनी कथा का अभिनय करता देखते हैं, वहाँ साथ ही हमें इसमें वातावरण को रूपरेखित करने वाले, अथवा घटनाजाल को बाह्यजगत् से हटा अतर्जगत् मे कीलित करने वाले अत्यत ही विशद और नानाविषयक विष्कभक भी उपलब्ध होते हैं। उपन्यास की दोनों नायिकाओं को हम उनके अछूते यौवन मे उभरी हुई अपने सामने खड़ी देखते हैं, और तब कौंस्टास एक विवाहित युवती के रूप मे विलसित होती हुई स्थूलकाय बनती है, अधेड विधवा बनकर मोटी, मूर्ख और मधुरस्वभाव वाली बनती है, फिर वह अविवेकिनी माता बनती हुई अपने सीरिल नामक पुत्र को प्यार करती है और अत में हमारे सम्मुख अपनी मृत्युशय्या पर आती है, और यही उसके जीवन की आद्योपात कथा है। दूसरी ओर हम सोफिया को अपने गृहहोटल को चलाने मे व्यस्त हुई दिनरात "पैसा पैसा" इसी एक धुन मे व्यग्र हुई, और चाहे जिस तरह हो, एक आदत मालिक मकान बनने की अभिलाषा मे दत्त हुई देखते है। और अत मे वह हमारे सामने एकात मे अपने उस मृतपति की देह पर, जिसे उसने गत तीस वर्षों से नही देखा था, रोती हुई आती है।

*सफल उपन्यासकार के पात्र देशकाल के अनुसार छोटे बड़े बन जाते हैं*

सफल उपन्यासकार की कला में एक ऐसी रहस्यमय शक्ति निहित रहती है जिसके द्वारा वह अपने पात्रो मे देश और समय के अनुकूल छोटा बड़ा बन जाने की शक्ति ला देता है, और इस काम को सचमुच एक विलक्षण प्रतिभा ही कर सकती है। विश्व के उपन्यासकारों में यह बात केवल टाल्स्टाय मे संपन्न हुई है; और उनकी प्रख्यात रचना 'आन्ना करेनिना' के पात्र यद्यपि उन्नीसवी सदी के अत में होने वाले

रूसी हैं, तथापि उनके प्रधान पात्र आन्ना और लेविन अपनी गरिमा और अपनी लघिमा मे समस्त तथा सार्वकालिक विश्व के साझे पात्र हैं।

*कथोपकथन*

पात्रों के चरित्रनिर्माण मे **कथोपकथन** का बहुत महत्त्व है। इस के द्वारा हम पात्रों से भलीभाँति परिचित होते और दृश्य-काव्य की सजीवता और वास्तविकता का बहुत कुछ अनुभव करते हैं। **कथोपकथन** वस्तु को कथा का रूप देता है और उसमे गतिशीलता ला देता है।

यद्यपि देखने मे कथोपकथन का सबध घटनाओं के साथ सीधा प्रतीत होता है, तथापि उसका सबध पात्रो के साथ अधिक गहरा है। पात्र ही बातचीत करते हैं और उसके द्वारा अपने विविध भावो को अभिव्यक्त करते हैं। पात्रो की मानसिक तरगें वर्णन के द्वारा भी व्यक्त की जा सकती हैं, किंतु कथोपकथन के द्वारा होने वाली भावाभिव्यक्ति जहाँ अभिनयात्मक होने के कारण चिरस्थायी रहती है, वहाँ साथ ही वह बिजली के समान गतिमती भी होती है। पात्र के मुख से निकला हुआ एक शब्द भी यदि उपन्यास में ठीक जगह बिठा दिया जाय तो वह वर्णन के पृष्ठो के पृष्ठों को पीछे छोड़ देता है, और अपनी जगह बैठा हुआ ही सारे उपन्यास को प्रदीपित करता रहता है। **कथोपकथन और वर्णन मे यही भेद है कि पहले में पात्र स्वयं बोलते हैं तो दूसरे में उपन्यासकार अपने मुँह उनके मन की बात कहता है।**

*कथोपकथन के मूल तत्त्व*

कथोपकथन का प्रथम उद्देश्य वस्तु का विकास और पात्रों का चरित्र चित्रण करना है। ऐसा कथोपकथन, जो उक्त उद्देश्यों को पूरा न करता हो, सुतरां हेय है। **कथोपकथन में स्वाभाविकता, उपयुक्तता और अभिनयात्मकता होनी चाहिये।** इसका तात्पर्य

यह है कि हम किसी पात्र का जैसा चरित्र चित्रित कर रहे हों, और जिस स्थिति मे, तथा जिस अवसर पर वह कुछ कर रहा हो, उसी के अनुकूल उसकी बातचीत भी होनी चाहिए। साथ ही वह बातचीत सुबोध, सरस, स्पष्ट और मनोरम भी होनी चाहिए। ये गुण कथोपकथन के मूल तत्त्व है। इनके बिना बातचीत बनावटी, नीरस, भद्दी और अनुपयुक्त जान पडेगी।

***कथोपकथन में पात्रों के व्यक्तित्व का संरक्षण***

कथोपकथन में एक बात और ध्यान देने योग्य है, और वह है यह, कि उसमें पात्रो का व्यक्तित्व प्रतिफलित होना चाहिए, अर्थात् जो पात्र जिस कोटि और प्रकार की बातचीत करता शोभायमान हो, उससे उसी प्रकार की बातचीत करानी चाहिए। व्यक्तित्व के इस अश को अक्षुण्ण बनाये रखने के लिए ही हमारे सस्कृत नाट्याचार्यो ने भिन्न भिन्न स्थिति के पात्रों मे भिन्न भिन्न भाषा तथा प्रकार से वार्तालाप करने की परिपाटी चलाई थी। उपन्यास मे कथोपकथन की यही मर्यादा होनी चाहिए, जिससे पाठक सुनते ही कह दें कि यह वार्तालाप अमुक कवि के पात्रो का हो सकता है, दूसरों का नही।

***देशकाल***

उपन्यास के पात्र किसी देश और काल विशेष की परिधि में रह कर ही उसके कथावस्तु को संपन्न करते हैं। देश और काल की परिभाषा में उपन्यासवर्णित उस देश के आचार विचार, रीतिरिवाज, रहन-सहन और परिस्थिति आदि सभी आ जाते हैं। देशकाल को हम दो भागों में बाँट सकते हैं एक **सामाजिक** और दूसरा **ऐतिहासिक या सांसारिक**।

समाज की समस्त श्रेणियों के नानामुख जीवन को कथारूप देना विरली ही प्रतिभाओं का काम होता है। सामान्य कलाकार

उसके किसी पक्षविशेष को लेकर उसका चित्रण किया करते हैं।

*देशकाल मे यथार्थता*

इसके अनुसार साधारणतया कतिपय उपन्यासो मे गृहस्थ को कटु बनाने वाली कलहप्रिय स्त्रियों का चित्रण होता है, किन्ही मे भावप्रवण युवकों का उत्थान और पतन दिखाया जाता है, किन्हीं मे धनिक वर्ग के विलास का उल्लास दिखाकर निर्धनो की अकिचनता को कठोर बनाकर दिखाया जाता है, और किन्हीं मे देश की औद्योगिक, आर्थिक तथा कलासबधी दशा का निरूपण किया जाता है। इसी प्रकार कुछ उपन्यास देश के किसी विशिष्ट भाग अथवा काल के किसी विशिष्ट अश को कथावस्तु बनाकर खडे किये जाते हैं। इसके विपरीत बाल्झाक और झोला ने अपने अपने उपन्यासों की शृ खला मे समस्त फ्रासीसी सभ्यता तथा सस्कृति का चित्र खींचने का प्रयत्न किया था और इसी प्रकार इगलैंड मे फील्डिग अपने 'टोम जोस' नामक उपन्यास में अपने युग के समग्र इगलैंड का कथारूप प्रस्तुत करने में सचेष्ट हुए थे। कितु हम पहले ही कह चुके है कि इस प्रकार की विश्वभेदिनी प्रतिभाएँ कम होती हैं। उपन्यासकार—चाहे वह किसी भी अवस्था का चित्र खीचे—उसके लिए आवश्यक है कि वह अपने चरित्र-चत्रिण में देश, काल परिस्थिति आदि को, जैसी वे थीं, उसी रूप में निदर्शित करे।

*ऐतिहासिक उपन्यासों में देश-काल-परिज्ञान अत्यावश्यक है*

कुछ उपन्यासों मे किसी देश के इतिहास का कोई युगविशेष लेकर उसका कथा के रूप में चित्रण किया जाता है। इस श्रेणी के उपन्यासकार को इतिहास के उस युग में होने वाली उस देश की परिस्थिति पर और भी अधिक ध्यान देना उचित है। ऐतिहासिक उपन्यासकार का कर्तव्य है कि वह ऐतिहासिक घटनाओं के नीरस लेखे पर अपनी विधायिनी

कल्पनाशक्ति की कूँची फेर कर उसमे सरसता संपन्न करे और इतिहास के बहुविध स्रोतों से चुनी हुई नानाविध घटनाओं की कला से उद्भूत होने वाली एकता और परिपूर्णता मे समन्वित कर उनका ऐसा सजीव चित्र खड़ा करे, जो ऐतिहासिक होने पर भी काल्पनिक कथा का आनन्द देने वाला हो। **इतिहास के किसी एक युग को फिर से सजीव और सरस बनाकर पाठको के सम्मुख प्रस्तुत करने मे ही ऐतिहासिक उपन्यासकार की इतिकर्तव्यता है।** इसमे संशय नहीं कि उसके द्वारा किये गये, उस युगविशेष में घटित होने वाली घटनाओ आदि के वर्णन मे सत्यता होनी चाहिए, किंतु इस बात की अपेक्षा भी अधिक आवश्यक बात यह है कि उसकी रचना मे उस युगविशेष में प्रचलित रीतिरिवाज आचार-विचार, लोगो का रहन सहन—जिन्हे हम किसी युग की आत्मा. अथवा मापदण्ड कहते हैं—आदि का सच्चा सच्चा प्रतिफलन होना चाहिए। ऐतिहासिक सत्य का कल्पना के साथ सम्मिश्रण करने मे कितनी कठिनता होती है, यह बात देखनी हो तो देबाक्ल या डाउनफाल के रचयिता मस्ये भोला के शब्दो को पढिये। वे अपनी रचना के उपोद्घात मे लिखते हैं :—

"ला देबाक्ल लिखने में मुझे जितना श्रम करना पड़ा उतना अन्य किसी भी रचना के प्रस्तुत करने मे नहीं। जब मैंने इसकी रूपरेखा मन मे खींची थी, तब मुझे इस की परिधि का विचार तक न था। मुझे अपने विषय पर लिखी गई सभी रचनाओं, और विशेषतः सेदान के युद्ध पर ( और वही इस पुस्तक का विषय है ) लिखे गये लेखों आदि को ध्यानपूर्वक पढना पड़ा। सेदान के युद्ध के विषय मे जो कुछ भी कहा अथवा लिखा गया है, मैंने उस सभी को हस्तगत करने का यत्न किया है। मैंने उस अभागे सेवथ आर्मी कोर के विषय में भी गवेषणा की है, जो इस उपन्यास का एक प्रकार से प्रमुख पात्र है। सेदान के युद्ध से सम्बन्ध रखने वाली सभी बातो को

मैंने, जहाँ कहीं से भी वे मिल सकती थीं, एकत्र किया है। मेरे पास इस प्रकार की विपुल सामग्री एकत्र हो गई है, और मुझे उन सब बातो पर, जो इस युद्ध पर किसी प्रकार का प्रकाश डाल सकती हैं, बहुत ही ध्यान देना पड़ा है। मैंने इस युद्ध का फ्रेंच समाज की विभिन्न श्रेणियों पर क्या प्रभाव पड़ा है, इस बात पर भी ध्यान दिया है। मैंने संक्षेप मे देखा है सेदान युद्ध और फ्रेंच धनिक समाज, सेदान युद्ध तथा फ्रेंच किसान और सेदान युद्ध तथा फ्रेंच श्रमीवर्ग। युद्ध से पूर्व फ्रास की मानसिक दशा क्या थी, फ्रास ने किस प्रकार स्वातन्त्र्योपयोग को तिलाजलि दी थी, विलास मे डूबा हुआ फ्रास, विनाश की ओर बलात् धकेला जाता हुआ फ्रास। उस समय के सम्राट् और उन्हे चहुँओर से घेरने वाले सलाहकार .. .फ्रांस के कृषक . .उस समय के गुप्तचर सभी का मुझे अध्ययन करना पड़ा है। संक्षेप में उस युग पर प्रकाश डालने वाली सभी बातो पर मुझे ध्यान देना पड़ा है।

यह सब कुछ कर लेने के उपरान्त मुझे वे सभी स्थान अपनी आँखों देखने पडे, जहाँ मेरे द्वारा वर्णित घटनाएँ घटित हुई थी। इसके लिए मैं अपनी रचना की पाडुलिपि अपनी जेब में ले राइम के लिए घर से निकला, वहाँ से सेदान तक के सभी स्थानों को मैंने ध्यान से देखा और उस मार्ग को जहाँ से कि वह अभागा सप्तम सेनागुल्म गया था, तिलतिल अपनी आँखों देखा। मैं अपनी उस यात्रा में, मार्ग मे आने वाली सभी कृषक झोपड़ियों और स्थानों मे ठहरा कौर मैंने वहीं के लोगो से पूछ पूछ कर उस घटना के विषय में यथाशक्ति नोट लिये। तब मैं सेदान पहुँचा, और वहाँ के स्थानो से भली भाँति परिचित होकर मैंने वहाँ के धनिक वर्ग को अपनी कथा में समाविष्ट किया.......... .'' इत्यादि।

झोला द्वारा लिखे गये उक्त उद्धरण से यह स्पष्ट हो जायगा कि

एक ऐतिहासिक उपन्यास मे देश और काल से क्या अभिप्रेत है और उनको सच्चाई और मनोरमता के साथ प्रस्तुत करने मे एक कलाकार को कितनी दक्षता अपेक्षित है। जो कलाकार इतिहास के समीचीन आलोडन के बिना ही उस पर अपनी रचना खडी करते हैं, उनकी रचनाओ मे कालव्याघात आदि दोष आ जाते हैं और वे सब प्रकार से भद्र भावित होकर भी सहृदयों को अखरने लगती हैं। स्काट का आइवेंहो नामक उपन्यास—जो आरंभ से अत तक इस प्रकार के दोषो से भरा पड़ा है, और जिसमे मध्ययुग का चित्र सुतरां विपरीत प्रकार का उतरा है—इस बात का ज्वलन्त निदर्शन है। हमारे भारतीय ज्ञानियो ने तो मनुष्य और उसके क्रियाकलाप को, ब्रह्माडमाला की एक तुच्छातितुच्छ कड़ी मान कर उसको कभी लेखबद्ध किया ही नहीं है, जिसका परिणाम आगे चलकर यह हुआ कि सस्कृत की राजतरंगिणी जैसी ऐतिहासिक रचना भी कालव्याघात आदि दोषों में दब गई है और आज उसके इतिहास और कल्पनापक्ष को पृथक् पृथक् करना तत्त्वानुसधान की एक बड़ी समस्या बन गई है।

*संविधान की दो विधाएँ*

भौतिक या प्राकृतिक सविधान कहानी को अधिक मार्मिक बनाने, पात्रों को अधिक विशदता देने एव जगत् और जीवन की विपुलता का परिचय कराने के लिए किया जाता है। इस विधान का रमणीय उपयोग तब होता है, जब कलाकार अपनी उत्कट रागात्मकता से मानव-भावनाओ के साथ प्रकृति का प्रातीप्य अथवा सामीप्य दिखाता है। कभी कभी तो कलाकार मनुष्य के ऊपर विपत्ति का वज्रपात होने पर प्रकृति का सुरम्य विलास दिखाकर मनुष्य के सुखदुःख की ओर से उसकी व्यंग्यात्मक उदासीनता का परिचय देता और इस प्रकार पड़ित पुरुष की पीड़ा को और भी अरुन्तुद बना देता है और कभी वह इसके विपरीत, उसकी पीड़ा में प्रकृति को भी पीड़ित दिखा

उसको सात्वना देता है। मृतपति के शव पर करुण क्रंदन करती हुई बालविधवा के दरवाजे पर सुहागिनों को गुदगुदाने वाली चाँदनी का पदार्पण व्यग्य नही तो और क्या है। इस प्रकार की चुटकियो और चुनौतियों द्वारा कलाकार पीड़ित पात्र के प्रतीप में अशेष ससार को खड़ा करके उसके रुदन को मर्मान्तिकारी बना देता है और उसके रुदन में उच्चता के साथ साथ स्थायिता भी भर देता है। जहाँ चतुर कलाकार इस विधि के द्वारा अपने पीडित पात्रो को अपने विरोध मे उठे अशेष ससार के साथ युद्ध करने को प्रस्तुत करता है, वहाँ दूसरी ओर वह प्रकृति मे समवेदना का भाव प्रकट कर पात्रो और प्रकृति के मध्य स्थापित हुई नैसर्गिक एकता को भी उद्घोषित कर सकता है। ससार के कलाकार अपनी अपनी नृम्ण अथवा सौम्य प्रवृत्ति के अनुसार उचित रीति से दोनों ही विधियो का प्रयोग करते आये हैं।

*जीवन की व्याख्या : कलाकार के मन में काम करने वाली दो प्रवृत्तियाँ : प्रतिभा*

हमने बताया था कि कल्पना के चित्रपट पर लिखी हुई मानवकथा का नाम ही उपन्यास है। इससे यह स्पष्ट है कि जिस प्रकार साहित्य के कविता तथा नाटक आदि अंगों का सम्बन्ध मानवजीवन की व्याख्या से है, इसी प्रकार उपन्यास का सम्बन्ध भी मानवजीवन के व्याख्यान से है। किंतु जहाँ कविता परिवर्तनो की धारावाहिकता-रूप समष्टि मे बसने वाले जीवन को उसके व्यष्टिरूप किसी एक परिवर्तन मे किसी गतिशील सौंदर्यतत्त्व मे केंद्रित करके उसका लाक्षणिक और आवृत्ति-मय पद्य में निदर्शन करती है, वहाँ उपन्यास उस जीवन की समष्टि को, उसकी शिथिलित व्यष्टियो के रूप में प्रसारित करके भाषा के शिथिल रूप गद्य मे संप्रदर्शित करता है। हमे प्रत्येक

कलाकार के मन मे दो प्रवृत्तियाँ काम करती दीख पड़ती हैं। पहली प्रवृत्ति अथवा पहला स्तर वह है, जिसके द्वारा वह चेतना की विकसित शक्तिमत्ता से उत्पन्न हुए बाह्य शासन से बच कर अपने आदिम अविकसित अंतस् के भीतर पैठकर वहाँ उठने वाले स्वप्नों की भाँति जाग्रत में भी अपना ही कुछ उखड़ापुखड़ा, कुछ धुँधला सा जगत् बनाया करता है। दूसरी प्रवृत्ति के वशीभूत हो वह बलवान् प्रभावशाली प्रवृत्तियाँ स्थापित करता है, आचारसम्बन्धी सौंदर्य का उद्भावन करता है, कल्पक तथा सुखनम्य रूप की ओर. और उसके साथ सम्बन्ध रखने वाले विन्यास तथा शिल्पनिर्माण की ओर अग्रसर होता है। विकसित जीवन मे एक अवस्थान ऐसा भी आता है, जब ये दोनो प्रवृत्तियाँ, एकीभूत हो, एक ध्येय का रूप धारण करती हैं, जिसकी ओर एक कलाकार अनायास खिचता चला जाता है। जब ये दोनो प्रवृत्तियाँ साम्यावस्था मे स्तिमित हो अपने पूरे वेग से गतिमान होती हैं, तब कला अपने रुचिरतम रूप मे निखर कर हमारे सामने आती है। पहली प्रवृत्ति को वश मे करने के लिए जितना ही अधिक दूसरी प्रवृत्ति को गतिमान होना पडेगा उतना ही अधिक किसी रचना मे सौंदर्य का निखरा रूप मिलेगा। यदि किसी कलाकार मे पहली प्रवृत्ति जन्म से ही निश्चेष्ट है तो समझो उसकी रचना नितात ठंढी, नीरस और निर्जीव रह जायगी।

दोनो प्रवृत्तिय के इस विप्लव को ही हम प्रतिभा के नाम से पुकारते है, और वह प्रतिभा जहाँ कविता के क्षेत्र में अत्यन्त ही सूक्ष्म किन्तु सांद्र रूप धारण करके अवतीर्ण होती है, वहाँ उपन्यासपरिधि में अपना पतला, किन्तु विस्तीर्णरूप धारण करके गतिमती होती है। कविता और उपन्यास के आंतरिक तत्त्वो के इस भेद से उनके वागात्मक रूप में भी मौलिक भेद

आ जाता है, जिसका परिणाम यह है कि जहाँ कविता का पद्य सजीव तथा प्रतिरूपमय शब्दों को लडी बनकर खड़ा होता है, वहाँ उपन्यास का गद्य सचेष्ट होने पर भी भावों को, लक्षणा और व्यजना का अधिक सहारा न लेता हुआ, सीधे प्रकार से व्यक्त करता है।

कविता और उपन्यास के इस मौलिक भेद को छोड़ कर जीवन का व्याख्यान दोनो का समान है, और उसके विषय मे हम पहले ही पर्याप्त मात्रा मे लिख चुके हैं।

उपन्यास का उद्देश्य, उपन्यास में सत्यता, उपन्यास मे [illegible] और उपन्यास मे नीति आदि, सभी उसके द्वारा किये गये जीवन के व्याख्यान अनायास आ जाते हैं, और उन सब का विवेचन हम कविता के प्रकरण में जगह जगह कर आये हैं। कहना न होगा कि जिस प्रकार कविता तथा नाटक जीवन के लिए अभिप्रेत हैं, जीवन उनके लिए नहीं, इसी प्रकार उपन्यास भी जीवन का पृष्ठपोषक है, उससे स्वतत्र नही, और जिस प्रकार जीवन को अपथगामी बनाने वाली कविता और नाटक संसार मे सदा के लिए आदरणीय नही सिद्ध होते, अपनी घातक प्रवृत्ति में वे स्वय निहित हो जाते हैं, उसी प्रकार समाज मे प्रमाद तथा उच्छृंखलता का संचार करने वाले उपन्यास अपनी घातक गतिमत्ता मे स्वयं चूर चूर हो जाते हैं। इस विषय मे बाबू श्यामसुन्दरदास का निम्नलिखित उद्धरण ध्यान देने योग्य है :—

यदि हम साहित्य के इतिहास पर दृष्टि डालें तो हमें ज्ञात होगा कि जिस साहित्य अथवा कला से समाज की मानसिक उन्नति अथवा नैतिक कल्याण नहीं होता, उसका अत मानवजाति आत्मरक्षा के विचार से स्वयं ही कर देती है। जो भाव या विचार मानवजाति की उन्नति के सिद्धांतों के विरोधी अथवा विपरीत होते हैं, उनको

वह अधिक समय तक प्रचलित नहीं रहने देती और शीघ्र ही नष्ट कर देती है। अतः किसी भी कला के महत्त्व के लिए यह आवश्यक है कि उसमें नैतिक अथवा मानसिक उन्नति के भाव भी विद्यमान हों। यों तो कलामात्र का उद्देश्य आनन्द का उद्रेक करना है, पर प्रत्येक कला से मन में कुछ न कुछ भाव, कुछ न कुछ विचार उत्पन्न होते हैं। इसलिए कला का महत्त्व इसी में है कि उससे हमारे भावों और विचारों में कुछ उन्नति हो, उनका कुछ परिमार्जन हो। मानवजाति की वास्तविक उन्नति उसकी नैतिक उन्नति में ही मानी जाती है, और इसी लिए मानवजाति सारा उद्योग नैतिक उन्नति के लिए ही करती है, और यही कारण है कि जो कलाकुशल महत्त्व प्राप्त करना चाहते हैं, वे न तो नीति के विरुद्ध चल सकते हैं न उसकी उपेक्षा ही कर सकते हैं।

प्रसिद्ध विद्वान जे. ए. साइमंड्स काव्य जीवन की व्याख्या है इस उक्ति का समर्थन करते हुए लिखते हैं, (और यह बात उपन्यास पर भी वैसी ही लागू होती है जैसी कविता पर):—

'आज तक यदि साहित्य के इतिहास द्वारा कोई बात निश्चित रूप से सिद्ध हुई है तो वह यह है कि मानवजाति की आत्मरक्षक प्रवृत्ति उस कला का कभी स्वागत नहीं करती, जिसके द्वारा उनकी मानसिक अथवा नैतिक उन्नति न होती हो। उन भावों के साथ, जो उसकी उन्नति के नियमों के विरोधी हैं, वह अधिक काल तक नहीं चल सकती। कला को स्थायी महत्ता प्रदान करने के लिए नीति का प्रयोग आवश्यक है। इसका यह अर्थ नहीं है कि कलाकार को जानबूझ कर उपदेशक बन जाना चाहिए, अथवा उसे बरबस अपनी रचना में नीति का समावेश करना चाहिए। कला और नीति के उद्देश्य भिन्न भिन्न हैं। एक का कार्य है विश्लेषण करना और शिक्षा देना, दूसरी का काम है सकलन करके मूर्तिमान बनाना और आनन्दोद्रेक

बढाना । किंतु सभी कलाएँ विचारों और भावों की स्वरूपप्रतिष्ठा करती हैं। फलतः सब से महान् कला वह होगी, जो अपने सकलन मे विचारों और भावों की गहनतम उलझन का भी समावेश करती हो। मानवप्रकृति को समझने की जितनी ही अधिक क्षमता कलाकार मे होगी, जीवन को सुव्यवस्थित उलझन जितनी ही पूर्णता के साथ वह उपस्थित कर सकेगा, उतना ही वह महान होगा। मानवजाति का बर्बरता से सस्कृति की ओर बढ़ने का सारा उद्योग उनका अपने नैतिक गौरव को बनाये रखने और उसे विपुल बनाने का उद्योग है। नैतिक गुणो की रक्षा और उनके भरण पोषण द्वारा ही हम उन्नति करते हैं।"

हमने बताया था कि जिस प्रकार कविता मे जीवन का व्याख्यान होता है, उसी प्रकार, उससे कुछ भिन्न रूप मे उपन्यास भी जीवन का सप्रदर्शन कराता है। हमारा जीवन, काल की गति के साथ साथ, हमारे अनजाने मे ही सदा बदलता रहता है। व्यक्तियो के जीवन में घटने वाला यह परिवर्तन उनके समष्टिरूप समाज तथा राष्ट्र पर भी प्रतिफलित हुआ करता है। समाज तथा राष्ट्र मे आने वाले इस परिवर्तन का उसके वागात्मक प्रकाशन रूप साहित्य में प्रतिबिंबित होना स्वाभाविक है। और जिस प्रकार भारत तथा इगलैंड की कविता में उन दोनों देशों का क्रमिक विकास प्रतिफलित है, इसी प्रकार इनके उपन्यासो में भी हमे एक प्रकार का क्रम प्रवाहित होता दीख पड़ता है।

किंतु स्मरण रहे, भारत मे उपन्यास अपने वर्तमान रूप में पश्चिम से आया है। हमारा अपना उपन्यास तो कादंबरी के साथ समाप्त सा हो गया था। इसलिए जहाँ इंगलैंड के उपन्यास में वहाँ की प्रतिभा का अनुक्रमिक विकास अविच्छिन्न रूप से दृष्टिगत होता है, वहाँ भारत की उपन्यास परंपरा में बहुत बड़े विच्छेद दीख पड़ते हैं। फलतः हम इंगलैंड की उपन्यास परंपरा के विषय में कुछ कह

कर बाद में हिंदी की उपन्यासपरंपरा पर कुछ प्रकाश डालेंगे।

*इंगलिश उपन्यासों का सिंहावलोकन*

बिओवुल्फ, मोर आर्थर आदि रचनाओं मे एकांततः आश्चर्य-कथा का रूप धारण कर हमे लिली की यूफ़ुस नामक रचना मे उपन्यास का संबंध रीति-रिवाजो के व्याख्यान के साथ प्रकट हुआ दीख पड़ता है। यूफ़ुस में दीख पड़नेवाले अनेक संस्थानदोषों से बचते हुए डेफो ने अपना प्रसिद्ध रोबिंसन क्रूसो नाम का उपन्यास लिखा, जिसमे मानवजीवन का व्याख्यान तो था किंतु उस व्याख्यान को सार्थक बनाने वाली भावों की विश्लेषणा न थी। रिचार्डसन ने अपनी रचनाओं मे, जहाँ अपने समय के वस्तुजात को परखा, वहाँ उसने मनुष्यों के व्यवहार और उनकी प्रवृत्तियों की भी समालोचना की। रिचार्डसन को प्राप्त हुई सफलता से ज्ञात होता है कि उनके समय मे समाज का रुख आश्चर्यमय कथाओ से हटकर शनैः शनैः प्रतिदिन के जीवन मे दीखने वाली प्रवृत्तियो की विश्लेषणा की ओर झुक रहा था। रिचार्डसन के द्वारा गतिमान हुई प्रवृत्ति को फील्डिंग ने संपूर्णता प्रदान की और उसने अपने सामाजिक चित्रण में हास्यरस का प्रवेश कर उसमे नवीनता भी उपस्थित की। वह काम, जो सबसे पहले फील्डिंग ने निष्पन्न किया, चरित्रचित्रण था। फील्डिंग से पहले उपन्यासकारों के पात्रों को हम उनके विषय में पढकर ही, उनके किसी ही अंश में जान पाते थे; फील्डिंग के पात्रों को हम अपने जैसा अपने सामने खड़ा देखते हैं। स्मौलेट ने फील्डिंग द्वारा चलाई गई प्रथा को आगे बढ़ाते हुए, उपन्यास की घटनाओं को एक सूत्र में बाँधने वाले प्रधान पात्रों को निखार कर दिखाने पर बल दिया और उसके द्वारा प्रवृत्त किये गये चरित्रचित्रण को और भी अधिक अग्रेसर किया। आइरिश साहित्यिकों ने जब कभी भी इंग्लिश साहित्य में सहसा प्रवेश किया है

उन्होंने उसमें हमेशा चार चाँद लगाये हैं। स्टेन और गोल्डस्मिथ ने उपन्यासक्षेत्र में यही काम किया। गोल्डस्मिथ का विकर ऑफ वेकफील्ड उपन्यास साहित्य मे अपना विशेष स्थान रखता है।

अठारहवीं सदी के अन्तिम दिनो मे जनता वास्तववाद से पराङ्मुख हो सौष्ठववाद की ओर बढ़ी। कविता के क्षेत्र में इस प्रवृत्ति ने ऐंद्रिय कविता को जन्म दिया और उपन्यास की परिधि मे यह सुदूरस्थित आश्चर्यमय घटनाओं को अपना कर बडी ही सजधज के साथ अवतीर्ण हुई। इसके वशवद हो वेल्पोल ने अपने घटनाजाल को दैनिक जीवन के चित्रपट से उठाकर दूर में लटके हुए मध्य युग के चित्रपट पर अंकित किया। सौष्ठववाद की यह प्रवृति सुदूर अतीत मे घटित हुए किन्तु फिर भी सत्य रूप इतिहास मे प्रचरित हो स्कॉट के उपन्यासों में बहुत ही मनोरम तथा उपयोगिनी बन कर सुशोभित हुई।

जहाँ उपन्यास की एक धारा दैनिक जीवन से उपरत हो सौष्ठववाद मे आनन्द लेने के लिए सुदूर अतीत की ओर पीछे फिरी, वहाँ साथ ही उसकी अखड धारा समकालिक जीवन के विस्तीर्ण क्षेत्र मे बराबर प्रवाहित होती रही। जेन आस्टेन ने उसकी अखंड धारा का अर्चन करते हुए अपनी रचनाओं में सौष्ठववाद का सक्रिय प्रतिरोध किया और यथार्थवाद के अनुसार जीवन के किसी पटलविशेष के चित्रण का सूत्रपात किया। उन्नीसवीं सदी में उपन्यास को सर्वप्रिय बनाने का श्रेय डिकस को है, जिसने अतीत कलाकारो के पदचिह्नों पर चलते हुए अपनी व्यापिनी प्रतिभा से तात्कालिक समाज के व्याख्यान को अत्यंत ही व्यापक तथा रुचिर रूप प्रदान किया। रिचार्डसन तथा फील्डिंग के द्वारा प्रवर्तित और डिकस के द्वारा समर्थित हुए यथार्थवाद का पूर्ण परिपाक थैकरे की रचनाओं में हुआ, जिसने उपन्यासकला को दूर रखी सभी

वस्तुओं से हटा मुख्य रूप से "मनुष्य" की सेवा में सयोजित किया। थैकरे के दृष्टिकोण में दीख पड़ने वाली निराशा ने उसके चित्र में एक अनूठी करुणा का सचार कर दिया है। चार्लस ब्राटे ने यथार्थवाद की इस धारा को समाज के विस्तीर्ण क्षेत्र से निकाल व्यक्ति की संकुचित प्रणाली मे बहा कर विक्टोरियन साहित्य में एक प्रकार की क्रान्ति उत्पन्न कर दी। अब तक यथार्थवाद का ध्येय बाह्य जगत् को चित्रित करना था, अब उसके द्वारा व्यक्ति के अन्तरात्मा का निदर्शन किया जाने लगा। जिस प्रकार फील्डिग तथा थैकरे ने समाज और वस्तुजात का चित्रण करके यथार्थवाद की विस्तृत रूप मे अर्चना की, उसी प्रकार ब्राटे ने अपने आन्तरिक जीवन की निगूढ अनुभूतियो को चित्रपट पर रख कर यथार्थवाद को जीवन के एक बिन्दु मे सपुटित करके उसकी प्रतिष्ठा की। इस बात मे जार्ज इलियट ब्राटे के पीछे चली, किन्तु जहाँ वे विशदता के साथ अपना मर्म दूसरों के सम्मुख रखने मे सफल हुईं, वहाँ उनमें दूसरो के मर्म को मुखरित करने की भी शक्ति थी। ब्राटे का दृष्टिकोण अपने भीतर बँधा हुआ था, इलियट ने भीतर और बाहर दोनो ओर सफलता के साथ देखा था।

सक्षेप में हम ने देखा कि किस प्रकार उपन्यास अपने आरभिक रूप में जीवन से दूर भाग आश्चर्यकारी घटनाओं और पात्रों के पीछे छिप गया था; किस प्रकार विक्टोरियन युग के आरम्भ में कलाकारों ने इसे वहाँ से हटाकर समाज के निदर्शन में प्रवृत्त किया, इस युग के अन्तिम दिनों में किस प्रकार उपन्यासकारों ने इसे समाज के विस्तृत क्षेत्र से हटाकर वैयक्तिक मनोविज्ञान के विश्लेषण में अग्रसर किया। किन्तु मनोविज्ञान के विश्लेषण के लिए ढूँढे गये इन उपन्यासकारों के व्यक्ति समाज की उस श्रेणी के थे, जो प्राकृतिक जीवन से दूर बह जाने के कारण यथार्थ नहीं कहा सकती

और जो अपनी यथार्थता को अपनी बनी ठनी वेशभूषा और बनावटी वर्तालाप के पीछे छिपाये रखती है। इसी बात से असतुष्ट हो हार्डी ने मनुष्य की उसके आदिम रूप मे उद्भावना करके उसे प्राकृतिक शक्तियो के मध्य मे खडा कर उसका उन शक्तियो के साथ वही निष्ठुर संग्राम कराया है, जिसके दर्शन हमे महाकाव्यो और नाटको मे जगह जगह होते हैं। उनके मत मे प्रकृति केवल साक्षिरूप वस्तु नहीं है, जिसके सम्मुख पुरुष और स्त्री अपना पार्ट खेलते हैं। यह एक परिस्थिति है, जो अतिशय कठोर तथा निष्ठुर है और उनके भाग्य का, जैसे चाहे निर्माण करती है। हार्डी की दृष्टि में प्रकृति एक दयामय आदर्श नहीं अपितु वह आह्लाद और सोंदर्य को खा जाने वाली एक अटल अन्धशक्ति है। अपने भाग्य को न पहचानता हुआ व्यक्ति अपनी शक्ति के अनुसार भद्र से भद्र जीवन व्यतीत करता है, किन्तु परिणाम सब का, भले और बुरे दोनों का, एक वही विनाश का गहन गह्वर है।

*हिंदी-उपन्यास का सिंहावलोकन*

देखने में तो हिन्दी के उपन्यास आधुनिक युग की दाय किन्तु ध्यानपूर्वक देखने पर इनकी परंपरा प्रेममार्गी सूफी कवियों की रचनाओं से ही प्रवृत्त हुई दीख पड़ेगी। कथाओं की जो रूपरेखा हमें सूफियों की आध्यात्मिक रचनाओं में उपलब्ध होती है, वही आगे चलकर, कुछ विभिन्न रूप में, आदि काल के पन्यासों में लक्षित होती है; "एक नायक, एक नायिका, नायिका के प्रति नायक का अटल प्रेम, प्रेम की बाधा, प्रेमपात्र की प्राप्ति का प्रयत्न, बाधाओं का परिहार और मिलन" संक्षेप में यही ढाँचा आदि काल के अनेक उपन्यासों में अपनाया गया। सैयद इ अल्लाखाँ की 'रानी केतकी की कहानी' में वही प्रेम की

लगन, हृदय की तड़प, और पिया को पाने के करिश्मे हैं और पदमावत की भाँति यहाँ भी महादेव, मछदर आदि की सिद्धियाँ प्रदर्शित की गई हैं। प्रेम की परिचित परिधि के बाहर जीवन के अन्य पक्षों पर पहले पहल लाला श्रीनिवासदास की दृष्टि गई और उन्होंने अपनी मुख्य रचना 'परीक्षागुरु' अंग्रेजी उपन्यासो का अध्ययन कर उनके आधार पर लिखी। ठाकुर जगमोहनसिंह द्वारा रचे गये, प्राकृतिक सौंदर्य मे प्रस्फुटित हुए 'श्यामास्वप्न' के पश्चात् पडित अंबिकादत्त व्यास के 'आश्चर्य वृत्तात' और बालकृष्ण भट्ट के 'सौ सुजान एक अजान' के बाद हम हिन्दी के उस युग मे आते हैं, जब हमें बंकिम, रमेश, हाराणचन्द्र रक्षित, शरत्, चारुचन्द्र और रवींद्र आदि प्रसिद्ध बगीय उपन्यासकारों की सभी उपादेय रचनाओं के अनुवाद अपने यहाँ मिलते हैं। इनके द्वारा हिन्दी के मौलिक उपन्यासकारों का आदर्श ऊँचा उठा। इन अनुवादों मे ईश्वरीप्रसाद तथा रूपनारायण पाडेय विशेषतया स्मरणीय हैं। इसी बीच में बाबू देवकीनन्दन खत्री ने ऐयारी तथा तिलस्म के ऊपर अपनी 'चद्रकाता-सतति' को खड़ा करके घटनावैचित्र्य का प्रचुर चित्रण किया, किन्तु इसके द्वारा रससंचार भावविभूति या चरित्र-चित्रण में सहायता न मिल सकी। "चुनार की पहाड़ियों में खत्री महाशय को जो तहखानों की अनन्त परपरा प्राप्त हुई और उनकी कल्पना ने जिनके साथ अनेकानेक वीरकायर नायक नायिकाओं तथा उनके सहचरसहचरियों की सृष्टि की तथा तिलस्म के सभी फन ईजाद किये, उससे हिन्दी उपन्यासों का घटनाभडार तो बढा ही, साथ ही प्रतीक्षा, आशका आदि भावों को उत्पन्न करके कथानक के विस्तार में पाठकों का मन लगाये रहने का कौतूहल भी अधिक आया। प्रेम की रूढ कथा और ज्ञात या अनुमित घटनाचक्र के स्थान पर कौतूहलवर्धक अनेक कथाओं की यह सतति अवश्य ही

हिंदी उपन्यासकाल के विकास मे युगप्रवर्तक मानी जायगी।"

घटनाप्रधान उपन्यासों की ओर बढ़ती हुई जनता की प्रवृत्ति को देख बाबू गोपालराम गहमरी ने हिंदी में जासूसी उपन्यासों का सूत्रपात किया, जो अपने मानवीय क्रियाकलाप के कारण ऐयारी उपन्यासों की अपेक्षा हमारे निकटतर लक्षित हुए। परन्तु प्रेम की सरिता फिर भी अखण्ड बहती रही, जिससे अनुप्राणित हो श्रीयुत किशोरीलाल गोस्वामी ने ऐयारी, सामाजिक तथा ऐतिहासिक, सभी प्रकार के उपन्यास लिखकर भी उन सब के मूल में कोई न कोई स्त्री ही रखी, चाहे वह चपला मस्तानी, प्रेममयी, वनविहगिनी, लावण्यमयी और प्रणयिनी हो अथवा कोई कुलटा। इसके अनन्तर हमारे सम्मुख पंडित अयोध्यासिह उपाध्याय का ठेठ हिंदी का ठाठ, लज्जाराम मेहता के धूर्त रसिक लाल, आदर्श दपती, आदर्श हिन्दू और बाबू ब्रजनन्दन सहाय के सौंदर्योपासक, राधाकांत और राजेंद्रमालती आदि उपन्यास आते हैं, जिनमे उपन्यासकला सामाजिक सेवा मे अग्रसर होने पर भी उपदेश जैसे किसी न किसी प्रकार के भार मे दबी ही रही।

अब तक हिन्दी के अपने उपन्यास घटनाप्रधान होने के कारण केवल मनोरजन के साधन थे। इन मे से कुछ ने जगजीवन के निकट पहुँच सामाजिक विश्लेषण की ओर पग बढ़ाया किंतु वे मानव-चरित्र का मर्मस्पर्शी चित्रण न कर सकने के कारण अपने वर्णन में रसवत्ता न ला सके। इनका जीवन सकुचित था, फलतः इनके द्वारा उपन्यासरूप में किया गया उसका निदर्शन भी एकदेशीय तथा विरल था। मुंशी प्रेमचन्द ने उसके इस अभाव को दूर करते हुए कृषिप्रधान भारत के सभी मर्मों को अपनी रचनाओं में मुखरित किया और इस प्रकार उपन्यासधारा को घटनाजाल के संकुचित क्षेत्र से निकाल कर नानामुख समाज के व्यापक क्षेत्र में प्रवाहित

किया। उन्होंने आर्त समाज के चिरतन संघर्षों से खिन्न हो, समय की आवश्यकताओं को ध्यान मे रखते हुए, समाज तथा राष्ट्रशोधन के पावन ध्येय से प्रेरित हो, भारतीय कुटुम्ब की सकुचित परिधि से लेकर समाज तथा राष्ट्र के विशाल से विशाल पटल पर विचार किया है, और उनमें भी उनकी मार्मिक सहानुभूति तथा समवेदना भारत के उन कोनों में विशेष रूप से पहुँची है, जहाँ विवश वेश्याएँ, तिरस्कृत भिखमगे, प्रवचित किसान और पीड़ित परिश्रमी सब, एक के ऊपर एक पडे हुए आहे भर रहे हैं, एक दूसरे के दुःख को देख मुसीबतभरे दिन टेर रहे हैं।

प्रेमचन्द के नेतृत्व में जयशकरप्रसाद, विश्वम्भरनाथ शर्मा कौशिक, वृन्दावनलाल वर्मा, जैनेन्द्रकुमार, चतुरसेन शास्त्री, ऋषभचरण जैन तथा बेचन शर्मा उग्र आदि ने उपन्यास-क्षेत्र मे अच्छा काम किया है और हमे आशा है कि हिंदी का यह विभाग भी उत्तरोत्तर अधिकाधिक उन्नति करता चला जायगा।

---

# गद्यकाव्य—आख्यायिका

आधुनिक साहित्य पर ध्यान देने से ज्ञात होगा कि वर्तमान समय में प्रकाशित होने वाले गीतिकाव्य, निबध अथवा नाटक, कला के परिष्कार और अनुभूति की सान्द्रता की दृष्टि से कितने भी परिष्कृत क्यों न बन रहे हों, साहित्य की प्रधान धारा आज भी उपन्यास और कहानियो में ही प्रवाहित हो रही है।

यदि हम आधुनिक उपन्यासो की प्राचीन उपन्यासो के साथ
तुलना करें तो हमें एक दम यह बात दीख पड़ेगी
प्राचीन उपन्यासों कि प्राचीन उपन्यासों की अपेक्षा आधुनिक

*में विस्तार अधिक था*

उपन्यासों मे शब्द तथा अर्थ दोनो ही प्रकार की सामग्री का बड़ी मितव्ययिता से उपयोग किया गया है। इसमें सशय नहीं कि विस्तार, जिस प्रकार वह प्रकृति की परिधि मे अभिराम दीख पड़ता है, उसी प्रकार साहित्य में भी रुचिरता उत्पन्न करता है, किंतु विस्तार, जहाँ उचित प्रकार से निहित होकर मनोरम प्रतीत होता है वहाँ अनुचित रूप मे फैलकर वह अव्यवस्था तथा अरसिकता का द्योतक भी बन जाता है। हमारे प्राचीन कलाकारो में विस्तार की यह प्रवृत्ति आवश्यकता से अधिक विवृत हुई थी, और जहाँ हम महाश्वेता जैसे परम पावन पात्रों के लिए बाणभट्ट को शतशः नमस्कार करते हैं वहाँ साथ ही उनके अनेक पृष्ठो को घेरनेवाले राजद्वार के वर्णन को पढ उनसे कुछ खीझ भी जाते हैं।'

*आधुनिक उपन्यास की परिमिति के उपकरण*

और यद्यपि आधुनिक उपन्यास के परिमिताकार होने मे मितव्ययिता की उक्त प्रवृत्ति का पर्याप्त हाथ है, तथापि वह उपकरण, जो इसे अपना वर्तमान रूप देने मे सब से अधिक सहायक हुआ है, कलाकार की अपनी कथा को एकतान्वित बनाने की उत्तरोत्तर बलवती होने वाली अभिलाषा है, और सचमुच यदि एक उपन्यास भिन्न भिन्न परिस्थितियो और दशाओं में पड़कर उनके प्रति प्रकट होने वाली अपने पात्रो की प्रवृत्तियो को चित्रित करके अपने पात्रों का संप्रदर्शन कराता है तो उसकी सफलता और प्रभावशालिता उन परिस्थितियों और घटनाओं की सख्या के अनुसार न्यूनाधिक न होगी। इसमे सदेह नही कि पात्रो का चरित्र-चित्रण परिस्थितियो की बहुलता तथा बहुविधता में भी संभव है; किंतु नानामुख परिस्थितियो और घटनाओं की घाटियो में पड़कर यदि फील्डिग और डिकंस जैसे निपुण कलाकार भी अपनी कथा को

भुला सकते हैं तो सामान्य कलाकारों का तो कहना ही क्या। परिस्थितियों के दुर्भेद्य चक्रव्यूह में फँस कर पता नहीं कितने कलाकारों ने अपनी रचनाओं को निर्जीव बना डाला है।

*आधुनिक उपन्यास मे कथा की एकता पर अधिक बल दिया जाता है*

आधुनिक उपन्यामकार ने घटनासमुद्र मे अपनी उपन्यासनौका को एक निर्धारित बिंदु की ओर एक निर्धारित रेखा पर से ले जाना ही श्रेयस्कर समझा है। किंतु इसका यह आशय नही कि प्राचीन उपन्यासकारो की अपेक्षा वह अपनी रचना को कम कठिन समस्याओं के आधार पर खड़ा करता है, नहीं, प्राचीन उपन्यासकारों की अपेक्षा वह न्यून निदर्शनो का उपयोग करता हुआ भी उन से कही अधिक प्रभाविता के साथ अपने पात्रों का चरित्रचित्रण करता है। जहाँ वह घटनाओ के विस्तार में अतीत कलाकारों से पीछे है, वहाँ घटनाओं के उचित निर्वाचन मे वह उनसे आगे बढ़ गया है और एक बार हस्तगत की गई कतिपय घटनाओं के माध्यम में से ही अभिलषित परिणाम ला उपस्थित करता है। आधुनिक कलाकार को उपन्यास की पहले से कहीं अधिक संकुचित और इसीलिए उससे अधिक बलवती परिभाषा की परिधि में काम करना पडता है। इगलैंड में 'लिली' के दिन से लेकर और हमारे यहाँ 'कादबरी' से आरभ करके अब तक कहानी को दार्शनिक टीका, देशीय चित्रण, इतिहास तथा अन्य प्रकार की अनेक बातों से सुसज्जित करके दिखाया जाता रहा है। कथा के चहुँओर फैली हुई इस घास को नला कर आधुनिक कलाकार ने न केवल अपने ध्येय को ही पहले की अपेक्षा कही अधिक निर्धारित तथा परिच्छिन्न बनाया है, साथ ही उसने उपन्यास मे उद्भूत होने वाली कथा की एकता को भी पहले से कही अधिक बलवती कर दिखाया है।

**आधुनिक कलाकार का प्रमुख चितन अपने निरीक्षण को देश-काल की निर्दिष्ट परिधि मे सीमित करना रहता है।** इसी उद्देश्य से वह अपनी कथा के विकास के लिए किसी प्रात, ज़िला अथवा तहसील को चुनता है। इसमे सदेह नहीं कि प्राचीन कलाकारों की रचनाओ मे भी कही कही इस प्रकार का नियंत्रण दीख पड़ता है, किंतु जहाँ उनकी रचनाओ मे यह नियत्रण विधिवशात् स्वयमेव आ गया है, वहाँ आधुनिक रचनाओं मे इसे सिद्धातरूप मे स्वीकार किया जाता है।

*जहाँ प्राचीन रचनाओं में देश-काल का व्यापक वर्णन होता था वहाँ आधुनिक उपन्यास मे मनो-विज्ञान का विस्तार हो रहा है*

विशेषज्ञता के इस युग मे अनिवार्यरूप से अपनाई गई परिमिति तथा सकोच के कारण ही हमे आधुनिक उपन्यासो मे देश और काल के वे विस्तीर्ण, बाल की खाल को चीरने वाले वर्णन नहीं मिलते, जिनसे प्राचीन उपन्यास आद्योपांत भरे रहते थे। **किंतु जहाँ आधुनिक कलाकार मनुष्य के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध न रखने वाली बाह्य प्रकृति के अनावश्यक वर्णन से पराङ्मुख हो चुके है, वहाँ उनमे मनोवैज्ञानिक दृष्टि से पात्रो का विश्लेषण करने की परिपाटी भी चल पडी है,** और मनोविज्ञान का जो विशद विश्लेषण हमे कोनराड और डी. एच. लारेंस की रचनाओ में सूर्य के प्रकाश की भाँति जीवनप्रद अनुभव होता है, वही सामान्य कलाकारो की अर्धनिर्धारित रचनाओं में अखरने सा लगता है। और जिस सीमा तक आधुनिक कलाकार मनोवैज्ञानिक विश्लेषण द्वारा अपनी कथा को विज्ञान के चक्रव्यूह में डाल रहा है, उसी सीमा तक वह उपन्यास के उन आदिम रचयिताओ का समकक्ष बनता जा रहा है, जो देश और काल की सूक्ष्म पच्चीकारी में पड़कर अपनी कथा को भुला दिया करते थे।

*वर्तमान उपन्यासों मे देशकाल-विधान घटनाओं का सार बन रहा है*

आधुनिक कलाकारो ने प्राचीन उपन्यासो में पाई जाने वाली वृद्धि को काट-छाँट कर ही सन्तोष नही किया, उन्होने तो देशकाल के विधान को अपनी कथा का आंगिक उपकरण ही बना लिया है। यो तो देश और काल दोनो ही प्राचीन उपन्यासों में भी पर्याप्त मात्रा मे विद्यमान रहते थे, किंतु जहाँ प्राचीन उपन्यासों में उनका उपयोग मुख्यतया अलंकारिणी पश्चाद्भूमि ( background ) के रूप मे होता था, वहाँ आजकल के उपन्यासो मे इन दोनो का स्वत्व निकालकर उपन्यास के पात्रो को उसमे रँग दिया जाता है; आज देशकाल उपन्यासवर्णित घटनाओं की पश्चाद्भूमि न रह उसके पात्रो के अवयव अथवा सार बन कर हमारे समक्ष आते हैं। हार्डी के उपन्यास इस बात के श्रेष्ठ निदर्शन हैं।

उक्त कथन का सार यह है कि आधुनिक कलाकारो ने उपन्यास को चेतन संघटन का रूप देने का प्रयत्न किया है। जिस प्रकार उनके पात्र चेतन हैं और घटनाओं के रूप मे अपने आप प्रस्फुटित होते चले जाते है, इसी प्रकार उनकी रचना भी चेतन है, वह अनायास ही अपने पटलों में फूटती चली जाती है। संक्षेप मे आज उपन्यास का ध्येय हो गया है, कथा कहना और इसे परिमिति के साथ कहना, उपन्यास डरता है देश काल का निदर्शनपत्र बनने से, यात्राचित्रपट का फोटोग्राफर बनने से, और मनोविज्ञान का विशेषज्ञ बनने से।

*उपन्यास की इसी प्रवृत्ति में छोटी*

आधुनिक उपन्यासकार की, परिमिति से परिमित परिधि मे बँधकर कथा कहने की उक्त प्रवृत्ति उपन्यास को अपेक्षा कहीं अधिक व्यक्त रूप मे हमारे समक्ष छोटी कहानी में आती है। बहुधा कला के इस

*कहानी का आरंभ निहित है*

दाय को लोग भ्रांतिवश उपन्यास के विशाल जगत् को रचने वाले उपन्यासकार का उसके भवननिर्माण से बचा हुआ कठचूरा समझते हैं, जिसे वह कहानी की छोटी गठरी में बाँध उपन्यास लिखने से बचे समय में पाठकों के बाजार मे ला पटकता है।

*उपन्यास और कहानी मे भेद*

निःसदेह उपन्यास और छोटी कहानी में सब से बड़ा भेद उनके आकार का है। सामान्यतया उपन्यास अपने पात्रो को विस्तार के साथ चित्रित करता है। समय की दृष्टि से तो उपन्यास मे यह विस्तार होता ही है, किन्तु उन घटनाओं और परिस्थितियों का विवरण भी उसमें भरपूर मिलता है, जिनके बीच मे से होकर उसके पात्रों को गुजरना पड़ता है। उपन्यास अपने कथावस्तु और चरित्र चित्रण को मूर्त तथा सारवान बनाता है। दूसरी ओर छोटी कहानी जीवनसमष्टि की एक प्रतिलिपि न हो कर उसके किसी पट-विशेष की प्रतिमूर्ति होती है, वह सारे जीवनभवन को न चमका उसके किसी कोने को हमारे सामने व्यक्त करती है। इसे पढने के उपरात हमारे मन पर परिपूर्णता का प्रभाव अकित होना अपेक्षित है, किसी एक परिस्थिति अथवा घटनाविशेष के विवरण में एकता का आना वाञ्छनीय है। छोटी कहानी इस नाम से ही यह स्पष्ट हो जाता है कि उपन्यास की अपेक्षा जीवन के प्रति होने वाला इसका दृष्टिकोण घनतर है; जीवन की समष्टि से उभरी हुई घटना अथवा परिस्थितिविशेष में यह अपने आपको केन्द्रित करती है, दूसरे शब्दों में अणुवीक्षण यत्र के द्वारा यह जीवन के किसी एक बिंदु को निहारती है। किन्तु स्मरण रहे, इसके इस निहारण मे उत्कटता तथा प्रभावशालिता सन्निहित रहती है।

कथा लिखते समय उपन्यास लिखने के प्रकार को सरल बना

दिया जाता है। कथावस्तु में से उसके उन सहा-यक उपकरणों को निकाल दिया जाता है, जो दीवार पर पड़ने वाली प्रतिच्छाया के समान हैं, जो शरीर को व्यजित करने के साधन हैं, जो कथा में घनता तथा गहनता उत्पन्न करते हैं। कहानी लिखते समय क्रिया को भी सरल बना कर पहले ही से सकेतित किये गये ध्येय की ओर अग्रसर किया जाता है। पात्रों की सख्या छाँट कर निर्धारित कर दी जाती है और उन उपपात्रों को छोड़ दिया जाता है जिनका मुख्य प्रयोजन उपन्यास में पश्चाद्भूमि की शोभा बढाना होता है। कहानी की यह सर्वांगीण परिमिति उसके भीतर व्याप्त होने वाली वृत्ति की एकता से और भी अधिक सकु-चित बन जाती है। उपन्यास की प्रधान वृत्ति अथवा रस में—चाहे वह उपन्यास सुखांत हो अथवा दुःखान्त—दूसरे प्रकार की वृत्तियों का प्रवेश करके उसकी रुचिरता को दीप्त किया जाता है, किन्तु **वृत्तियों की वही विविधता और समन्विति छोटी कहानी के प्रभाव को—जो सदा एक होता है—नष्ट कर देती है**। और क्योंकि एक चतुर कथालेखक बहुधा कुछ घंटों की एक ही बैठक में कहानी को पूरा कर लेता है, इस बात से भी कहानी में वृत्ति की एकता होनी स्वाभाविक है।

*कहानी में वृत्त की एकता होती है*

अब तक जो कुछ कहा गया है, उससे स्पष्ट है कि **कहानी का ध्येय जीवन के किसी बिन्दु विशेष को उद्-भावित करना होता है**। वह अपनी पराकोटि पर पहुँचने के लिए न्यून समय लेती है। कहानी का सारा ही ध्यान परिणाम पर केंद्रित रहता है, और वहाँ जल्दी से जल्दी पहुँचने के लिए यह उपन्यास में इस काम को पूरा करने वाले सभी

*आदि से अंत तक कहानी का ध्यान परिणाम पर बँधा होता है*

उपायों को सरल और संक्षिप्त बना कर काम में लाती है। इसका डङ्क इसकी पूँछ में चमकता रहता है। पाठक यह जानता हुआ कि कहानी का सारा विवरण पराकोटि की ओर उन्मुख है, इसे एक प्रकार की सावधानी से पढ़ता है। वह कहानी के पीठ पीछे छिपे हुए भाग्य को देखता है, जो बलात् कहानी को उसकी अपनी धारा मे प्रवृत्त किये रहता है। यदि कथा लेखक ने कहानी का सारा ही भार पराकोटि पर न डाल दिया तो समझो कहानी टूट गई। **समस्त कहानी को पराकोटि पर टिका देने की विधि ही कहानी को उपन्यास से पृथक् करती है, क्योंकि उपन्यास मे कहानी को सीधा पराकोटि पर न टिका, उसे शनैः शनैः विविध उपायो द्वारा, नाना मार्गों मे से ले जाकर, परिणाम की ओर अग्रसर किया जाता है।**

*परिपूर्णता के प्रभाव का परिणाम*

अपनी इस निर्दिष्ट एकता के कारण ही कहानी अपनी अवेक्षा (interest) को पात्र, चरित्रचित्रण तथा सविधान इन तीन तत्त्वो मे उसी प्रकार नहीं बाँटती, जैसे यह काम एक उपन्यास में अनिवार्य-रूप से किया जाता है। **परिपूर्णता के प्रभाव** की अवाप्ति के लिए कहानी में इनमें से किसी एक का उपयोग ही पर्याप्त है। उदाहरण के लिए अमेरिका के प्रख्यात कहानी लेखक 'पो' को सविधान की कहानी से प्रेम था; वह चरित्रचित्रण की ओर पाठक का ध्यान जाने ही न देते थे। उन्होंने अपनी कहानियों के पात्रो को कुछ धुँधले में ही छोड़ दिया है, जिससे उनके पाठकों का ध्यान सदा सविधान पर लगा रहता है। इसके विपरीत जहाँ स्टीवसन ने चरित्रचित्रण पर बल दिया है; वहाँ हेनरी ने कथावस्तु को परिपक्व बनाने में अपनी कला को सार्थक बनाया है।

उत्कृष्ट कहानी लिखना मानो रेल की पटरी पर दौड़ना है। जहाँ इसमे एक ओर गति अत्यन्त संकुचित रहती है, वहाँ दूसरी ओर पैर फिसल जाने का डर भी प्रतिक्षण बना रहता है। इसमे संशय नहीं कि केवल देशकाल के आधार पर कहानी नहीं लिखी जा सकती, और न ही यह काम केवल पात्रों के आधार पर ही किया जाता है। **संविधान मे पात्रों का होना आवश्यक है, पात्रो का क्रिया के साथ संबध होना अनिवार्य है, यह क्रिया किसी संविधान मे होनी है, और इसका निर्वाह चरित्रचित्रण मे होना है। इन तीन तत्त्वों मे से एक को प्रमुख बना दूसरे दो को उसका सहायक बनाना कहानी लेखक की सबसे बड़ी शक्तिमत्ता है।**

*उपन्यास और कहानी में एक भेद और है*

एक बात और; उपन्यास की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि उसके पात्र सजीव होते हैं। कथावस्तु—चाहे वह कितना भी फलगर्भ क्यों न हो—उपन्यास मे जीवन नहीं डालता; यह बात तो केवल पात्रों ही से सम्पन्न होती है। कहानी के विषय में यह बात नही कही जा सकती। ससार के कतिपय कहानी लेखकों ने केवल परिस्थिति को अभिनय का रूप देकर ही सफलता प्राप्त की है। इसमें सन्देह नही कि पात्रों को भाग्य अथवा परिस्थिति के हाथ की कठपुतली न बन उनसे कुछ ऊपर उभरना चाहिए; किन्तु साथ ही ये पात्र परिनिष्ठित व्यक्ति से कुछ कम विकसित रहते हुए भी हमारे सामने आ सकते हैं। इस दृष्टि से हम उपन्यास के बजाय कहानी को उन प्राचीन गीतों तथा महाकाव्यों की प्रत्यक्ष प्रसूति मानेंगे, जिनमें घटना अथवा क्रिया को प्रधानता देकर पात्रों को, यदि भाग्य के हाथ की निरी कठपुतली नहीं तो मानवजाति के एक प्रतिरूप अथवा टाइप के रूप में उपस्थित किया गया है।

कारण इसका प्रत्यक्ष है। हम प्रतिरूप, 'प्रकार, अथवा पात्रसामान्य को गिने चुने सजीव शब्दों द्वारा व्यक्त कर सकते हैं, किन्तु व्यक्तित्व का विकास, जिसकी कि पाठक को उपन्यास पढ़ते समय प्रतिक्षण अपेक्षा बनी रहती है, अनिवार्य रूप से प्रसार ( space ) की अपेक्षा करता है, और इसीलिए उसका सम्बन्ध विशाल तथा एकतान्वित कल्पना से रहता है।

*उपन्यास में पात्रों पर ज़ोर होता है तो कहानी में परिस्थिति पर*

संक्षेप में हम उपन्यास और कहानी के भेद को इस प्रकार व्यक्त कर सकते हैं कि जहाँ उपन्यास में पात्रों को प्रधानता दी जाती है, वहाँ कहानी मे परिस्थिति पर बल दिया जाता है, और इसका निष्कर्ष यह हुआ कि कहानी का प्रभाव उसके कहने के ढंग पर निर्भर है। विशदता और अभिव्यक्ति का ध्यान उपन्यास की अपेक्षा कहानी में कहीं अधिक रखना पड़ता है। चतुर कहानी लेखक को यही जान कर संतुष्ट नहीं होना चाहिए कि उसे अपनी कहानी किस दृष्टिकोण से कहनी है, कहानी लिखते समय उसे यह भी जानना होगा कि उस कहानी के लिखने मे उसके द्वारा अपनाया गया दृष्टिकोण ही उचित तथा उपादेय दृष्टिकोण क्यों है। इसके लिए उसे अपनी कहानी को मन ही मन अनेक बार दुहराना होगा और उस पर उचित पर्यवेक्षण के वे सब नियम घटाने होंगे, जो किसी रचना को समंजस बनाने के लिए नितांत आवश्यक होते हैं। ज्योंही एक कथालेखक। बारूद के फटने पर उड़ने वाले सहस्रों शिलाखंडों की भाँति कहानी के मुख में से प्रस्फुटित होने वाली नानामुख सामग्री में से किसे लूँ और किसे न लूँ इस दुविधा में पड़ जाता है, त्योंही पाठक के मन में भी तदनुगामिनी दुविधा छा जाती है और कहानी के रस में भंग पड़ जाता है। चतुर कथा लेखक को पूरा पूरा 'अधिकार है कि वह

कहानी लिखने के प्रकारों मे काटछाँट करके उन्हें चाहे कितना भी परिमित क्यों न कर दे, किन्तु उसे यह बात सदा स्मरण रखनी चाहिए, कि वह अवशिष्ट **परिमिति अर्थात् न्यून** ही उसके तथा पाठक के बीच के व्यवधान मे सेतु का काम देने वाला है।

*उपन्यास का बल परिणामकल्पना पर अधिक रहता है तो कहानी अपने आरंभ पर*

नीटत्शे का कहना है कि **परिणामकल्पना, अर्थात् कला के किसी उत्पाद्य के परिणाम मे अनिवार्यता उत्पन्न करना प्रतिभा का काम है।** कथासाहित्य के क्षेत्र मे यह बात विशेष रूपसे उपन्यास के उस प्रासाद पर घटती है, जिसकी प्रत्येक ईंट का अपना भार अलग है और अपना एक अलग स्थान है और जिसकी आधार शिला रखते समय उसके भावी, ऊँचे से ऊँचे शिखर पर ध्यान रखना अनिवार्य होता है। **इसके विपरीत** एक **कहानीलेखक** का प्रमुख **चिंतन यह** रहता है कि **वह अपनी कथा के लट्टू को कहाँ से पकड़ कर कैसे, और कितने वेग से भाषाफलक पर फेंके।** उपन्यास कला का यह नियम कि उसके अग्रिम पृष्ठ मे ही उसका आत्मा सपुटित होना चाहिए, कहानी पर और भी अधिक कठोरता से लागू होता **है। जिस प्रकार ढोल के अग्र भाग पर प्रहार होते ही उसका सारा पोल मुखरित हो उठता है, इसी प्रकार कहानी की नोक पर आँख पड़ते ही उसकी समग्र देहयष्टि फडफडा उठनी चाहिए।**

*पहली पंक्ति में ही कहानी पाठक को पकड़ लेती है*

अपनी पहली पंक्ति से ही पाठक को वशंवद बनाने वाली कहानी सूचित करती है कि उसके लेखक ने अपनी अर्थ-सामग्री पर इतना गहन तथा व्यापक विचार किया है कि वह उसका एक अंग बन गया है, कलाकार के भीतर रहते रहते कहानी की वस्तु उससे मिलकर एक हो गई है। जैसे एक चित्रकार कभी रेखाओं

के मध्य मे किसी वनस्थली को सपुटित कर उसे सर्वात्मना आत्मन्वती कर देता है, इसी प्रकार प्रवीण कथालेखक अपनी कथा को इस प्रकार परिस्थित करता है **कि उसकी लिखी कहानी की पहली पक्ति ही अपने अशेष विस्तार को कह चुकी होती है** ।

*कहानीलेखक घटना ही को यथार्थ बनाकर प्रस्तुत करता है*

एक बार सकेत देते ही कथालेखक का कर्तव्य है कि वह उस सकेत को आगे बढाता जाय । उसकी पकड दृढ होनी चाहिए, उसे क्षणभर के लिए भी यह नही भुलाना चाहिए कि वह क्या कहना चाहता है और उसके कथन का क्या महत्त्व है । उसकी इस दृढ पकड का, दूसरे शब्दो मे यह आशय है कि उसने कथा कहना आरभ करने से पहले उस पर भरपूर विचार किया है । और क्योंकि कथालेखक के द्वारा अपनाई गई जीवन के व्याख्यान की पद्धति, अर्थात् कहानीकला, उसे अपनी परिमिति के कारण इस बात से रोकती है कि वह चरित्रचित्रण द्वारा अपने कथा-वस्तु को विकसित करे, **एक कथालेखक के लिए और भी अधिक वांछनीय हो जाता है कि वह अपनी घटना** (adventure) **ही को यथार्थ बनाकर प्रस्तुत करे** । कहना न होगा कि कहानी जितनी ही अधिक सक्षिप्त होगी और जितना ही उसकी क्रिया को ऊर्जस्वती बनाने के लिए अनावश्यक प्रपच को उससे दूर रखा जायगा, उतना ही अधिक यह अपने प्रभाव के लिए न केवल उस तथ्य पर निर्भर रहेगी, जो प्रपंच को दूर करने पर शेष रह जाता है, प्रत्युत विधान के उस क्रमिक विकास पर भी आश्रित होगी, जिसके द्वारा कि इसे पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत किया जाता है ।

**कहानी आधुनिक**

हमने कहा था कि **कहानी में घटना तथा भाव की एकता होनी आवश्यक है,** और एकता की यह आवश्यकता ही कहानी के ध्येय को प्राथमिक उपन्यासों के ध्येय से

*उपन्यास के समीप है तो भी उपन्यासकार सफल कहानीलेखक नहीं बनता*

पृथक् करके उसे आधुनिक उपन्यास के समीप ला रखती है। किंतु यद्यपि आधुनिक कहानी और उपन्यास दोनों ही समानरूप से कथा की एकता में विश्वास करते हैं तथापि एक सफल उपन्यासकार के लिए कहानी के क्षेत्र में भी उतना ही सफल होना नितांत कठिन है। उसके लिए नाटक को खड़ा करने वाले उपकरण, अर्थात् कथावस्तु, पात्र, तथा संविधान के मध्य स्थायी रूप से रहने वाली तुला को नष्ट कर देना कठिन होता है, और एक सफल कथालेखक के लिए इस त्याग ही की सबसे अधिक आवश्यकता है। उसके लिए चरम कोटि पर अधिक बल देना अवाछनीय है, और वह अपनी कथा को अग्रसर करने की सहज प्रवृत्ति को तो छोड़ नहीं सकता। उस सारे प्रपंच के लिए, जिसकी उसे उपन्यास लिखते लिखते कुछ टेव सी पड़ गई है, कहानी में कोई स्थान नहीं है, और क्योंकि एक उपन्यासकार इन बातों को सफलता के साथ पूरा नहीं कर सकता, इसलिए उसकी लिखी कहानी बहुधा दूरदर्शक यंत्र में दिखा हुआ उपन्यास सा बन जाती है। इन बातों के अतिरिक्त दृष्टि के केंद्र का प्रश्न भी ध्यान देने योग्य है। और क्योंकि एक उपन्यासकार का दृष्टिकेंद्र बहुधा जीवन के विस्तृत फलक पर फैला होता है, फलतः उसके लिए जीवन के निभृत कोनों पर अपना दृष्टिकेंद्र जमाना दुःसाध्य हो जाता है। वह विक्टोरिया अथवा नियागरा के विपुल प्रपात पर अपनी दृष्टि अनायास ही जमा सकता है; किंतु उसके लिए उन प्रपातों के किसी एक बिंदु का निरीक्षण करना कठिन हो जाता है।

किंतु जो काम प्राचीन उपन्यासकारों के लिए कठिन था वही काम आधुनिक उपन्यासकारों के लिए, उस सीमा तक सहज हो गया है, जिस सीमा तक उन्होंने जीवन के बिंदुविशेष को अपनी

विवेचना का विषय बनाना सीख लिया है, अर्थात् जीवन के पर्यवेक्षण के बजाय उसका निरीक्षण करना अंगीकार कर लिया है। कहना न होगा कि आधुनिक कथासाहित्य का ध्येय जीवन का विस्तृत परीक्षण न रह उसका घन निरीक्षण बन गया है, और इस बात ने आधुनिक उपन्यासकार के लिए अपनी सामग्री में उन गतसंग एकताओं को खोज निकालना सहज बना दिया है, जिन्हें वह कहानी के रूप में ग्रथित कर सकता है। उदाहरण के लिए, जगत् के प्रस्तुत चित्रपट का अवलोकन करने के उपरांत वेल्स के मन पर उस उन्माद तथा विक्षिप्तचित्तता का अंकन हुआ था, जो ईर्ष्या से उत्पन्न होनी स्वाभाविक है। उन्होंने उसके एक उद्भावबिंदु को छाँट लिया उसे शेष जगत् से गतसंग कर लिया और उसे दि कोन नामक कहानी की पट्टी पर खचित कर दिया। इसी प्रकार कोनराड ने, अपने अनुभव से उस युवक नायक की चित्तवृत्ति को भाँप कर, जो उनके मन में पहली बार पूर्व के जादूभरे सौष्ठव को निरख कर उत्पन्न हुई थी, यह अनुभव किया कि यहाँ है एक ऐसी घटना, जो अपने में किसी भी अन्य पात्र या घटना को मिलाये बिना स्वयं अपने आप में ही परिपूर्ण है, यह है एक ऐसी संगीतमय भावना जिसे विस्तृत साहित्यिक रूप से दाबना उस पर अन्याय करना है, और इस एकतान्वित स्मृति से ही उन्होंने यूथ नाम की कहानी को लिख डाला।

*जगत् के प्रति हमारी तीन भावनाएँ*

हमारे मन में, जिस जगत् में हम रहते हैं, उसके प्रति तीन भावनाएँ हो सकती हैं। पहली यह कि हम जगत् के विधान को जैसा कि वह हमें दीख पड़ता है, उसी रूप में स्वीकार कर लें और अपने भाग्य की ओर या तो उपेक्षाभाव धारण कर लें अथवा व्यवसायात्मक बुद्धि धारण करके इसमें जुटे रहें।

दूसरी वृत्ति क्रियात्मक उत्सुकता की हो सकती है, जिस से प्रेरित हो हम समाज, उद्योग तथा राजनीति में दीख पड़ने वाली समस्याओं पर विचार कर सकते हैं, और हो सके तो, उनमें सुधार करने के लिए सहयोग दे सकते हैं। और तीसरी वृत्ति मे अपने चहुँओर की मादक परिस्थिति को देख कर हमारे मन मे घृणा, चिड़चिड़ापन और निराशा के भाव उत्पन्न होकर उससे दूर भागने की इच्छा जाग सकती है। धर्म के क्षेत्र मे यह तीन प्रवृत्तियाँ प्रथा के अनुसार मन्दिर मे जाने वाले उत्साही धर्म प्रचारकों और भावयोगी धार्मिकों के रूप मे परिणत हुई दीख पड़ती हैं।

*इन तीन प्रवृत्तियों का साहित्य में प्रतिफलन*

जीवन को नियन्त्रित करने वाली इन तीन वृत्तियों का इसी विशदता के साथ हमारे साहित्य में प्रतिफलन भी हुआ है। उन बहुत सी, जिनका यहाँ विवेचन करना अनावश्यक प्रतीत होता है यथार्थ के प्रति होने वाली प्रतिक्रियाओं का मुखरण प्राचीन साहित्य की अपेक्षा वर्तमान साहित्य में कहीं अधिक विशद रूप मे हुआ, साथ ही अठारहवीं सदी से यथार्थ तथा सौष्ठव मे दीख पड़ने वाला प्रातीप्य उत्तरोत्तर बलवान होता आया है, और इसी के अनुसार इन तीनो वृत्तियों को वहन करने वाली साहित्यिक रचनाओं का पारस्परिक भेद भी उत्तरोत्तर स्पष्ट होता चला आया है।

*पाश्चात्य कथासाहित्य द्वारा इन तीन वृत्तियों का*

वर्तमान जगत् की श्रमभरित यथार्थता से दूर भागने की वृत्ति अपने भिन्न भिन्न रूपों मे हमारे कथा साहित्य में मुखरित हुई है। महाशय वेल्स वैज्ञानिक आविष्कारों की शक्तिमत्ता मे सौष्ठववाद का आनन्द लेते हैं, तो मारिस ह्यूलेट अतीत घटनाओं के इतिहास में शांति पाते हैं, चेस्टर्टन ने इस बात के लिए इस

*निदर्शन* जगत् को उस रूप मे देखा है, जो रूप इसका सिर के बल खडे होकर इसे देखने वाले पुरुष की दृष्टि में हो सकता है।

**यह सब कुछ होने पर भी यह मानना पड़ेगा कि वर्तमान कथासाहित्य की प्रभविष्णु वृत्ति यथार्थवाद है।**

*वर्तमान कथा-साहित्य की प्रमुख वृत्ति यथार्थवाद है* यह परिभाषा व्यापक है और इसमे उन सभी कहानियो का समावेश हो जाता है जो किसी न किसी रूप मे, उपलभ्यमान जीवन का निदर्शन कराती है। इसके भीतर, जहाँ एक ओर उन कहानियों का समावेश है, जो **एकांततः यथार्थवादी है,** और जिनमे कथा-लेखक बिना किसी टीकाटिप्पणी के दृश्यमान जीवन को चित्रपट पर खींच देता है, वहाँ दूसरी ओर वे **कल्पनामय यथार्थवादी कहानियाँ** भी आ जाती है जिनमे सौष्ठववाद के व्यासपीठ पर प्रदर्शित हुए मानवप्रतिरूप के चित्रण द्वारा मानवसमाज की विश्वजनीन वृत्तियों तथा प्रत्ययो को उद्भावित किया जाता है। यथार्थवाद की इन दो प्रतीपी धाराओ के बीच उसकी अन्य बहुत सी परस्पर मिलती जुलती धाराएँ है।

वर्तमान कथासाहित्य मे यथार्थवाद और सौष्ठववाद का सामंजस्य उसी सीमा तक उभर पाया है जिस सीमा तक उनके सम्मिश्रण की हमारे जीवन मे आवश्यकता अनुभव हुई। कल्पना की पीठिका पर उत्तान होने वाला साहित्य हमे अपनी दृश्यमान परिस्थिति से उठा कर कल्पनालोक मे पहुँचा सकता है, अपने न्यूनातिन्यून रूप, अर्थात् एक जासूसी कहानी अथवा वैज्ञानिक रोमास के रूप मे यह हमारा क्षणविनोदन करके हमे प्रसन्नवदन बना सकता है; अपने उत्कृष्ट रूप मे यह हमे किसी

*यथार्थवाद और सौष्ठववाद का सामंजस्य*

ऐसे स्थान पर ले जा सकता है, जहाँ बैठ हम जीवन के उन उन आदर्शों का पुनर्निर्माण कर सकें, जिन्हे व्यावसायिक विप्लव दिनों दिन धूलिसात् करता जा रहा है। यथार्थवादी कहानियाँ, अपने सामान्य रूप मे हमे यह जता सकती हैं कि यह जगत् हमारी अपनी जगती से कहीं बड़ा है, अपने उत्कृष्ट रूप मे वे हमे हमारी अपेक्षा अधिक मूर्खता के, बृहत्तर बहादुरी के, और जघन्यतर नीचता के कर्म करने वाले साथियों की प्रवृत्तियों को हृद्गत कराने मे सहायता दे सकती हैं।

यथार्थवाद और सौष्ठववाद का कहानीजगत् मे सपन्न होने वाला यह सामंजस्य हमारे उस व्यक्तित्व की आवश्यकता को पूरा करता है, जिस के रूप मे हमें इस शरीर में, और इस निराशापूर्ण जगत् मे जीना पड़ता है, और हमारी आँख सदा उन लोको की ओर लगी रहती है, जो हमारे इस मूर्त जगत् की अपेक्षा कही अधिक सुखी है और जिनमे हम सतत प्रयत्न करने पर भी अब तक नही पहुँच पाये है।

---

# गद्यकाव्य—निबंध

निबंध किसे कहते हैं, इसके उत्तर मे महाशय जे० वी० प्रीस्टले ने कहा है **निबंध वह साहित्यिक रचना है जिसे एक निबंधकार ने रचा हो**। वास्तव मे निबंध की यथार्थ परिभाषा करना नितात कठिन है; क्योंकि निबंध के किसी भी लक्षण को लीजिए, उसमें लोक्क रचित एस्से ऑन दि ह्यूमैन अडरस्टैंडिंग और लैम्ब रचित ओल्ड चाइना इन दोनों का समावेश नही होता। निबंध हो सकता है एक विवरण, वक्तृता, शास्त्रार्थ अथवा तर्कवितर्क।

निबंध का विषय हो सकता है धार्मिक, ऐतिहासिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, दार्शनिक, अथवा किसी अन्य प्रकार का विषय। किन्तु जब हम साहित्यिक चर्चा मे निबंध का नाम लेते है, तब हमारे मन मे उसका एक परिसीमित तथा किसी सीमा तक निर्धारित लक्षण रहता है। तब निबंध से हमारा आशय होता है साहित्य की उस विधाविशेष से, जिसका लक्ष्य साहित्यिक मूल्य-विशेष होता है और जो भाषा का, अपनी दृष्टि के अनुसार जीवन के व्याख्यान के लिए, माध्यम के रूप मे उपयोग करती है।

**निबंध का प्रमुख लक्ष्य है पाठक को आनन्द देना।** जब हम अपनी अलमारी मे से किसी निबन्धरचना को उठाते हैं, तब हमारे मन मे एकमात्र इच्छा उससे आनन्द लाभ करने की होती है। निबन्ध के सभी अगों तथा उसके सभी उपकरणों का प्रमुख ध्येय यह आनन्द-प्रदान ही होना चाहिए। निबंध के अग्रिम शब्द के लिए ही आवश्यक है कि वह पाठक पर ऐसा जादू खेल जाय जो उसके अंतिम शब्द को पढते तक उस पर सवार रहे निबध के आदि से लेकर अत तक के समय मे पाठक को भाँति भाँति की अनुभूतियों मे से गुज़रना होता है इस बीच मे उसका आरोचन तथा उद्दीपन हो सकता है, उसके मन मे आश्चर्य, प्रेम तथा घृणा आदि के भाव उत्पन्न हो सकते हैं किंतु इस बीच में उसके लिए उठना अर्थात् निबध से उत्पन्न हुई स्वप्नमुद्रा से जागना अनभीष्ट है। निबधरचना के लिए आवश्यक है कि उस काल के लिए हमें अपनी गोद मे ले ले और हमारे तथा ससार के मध्य एक बड़ी दीवार खड़ी कर दे।

किंतु इस काम को विरले ही निबधकार पूरा कर पाये हैं।

स्वगतभाषण मे पाठक के ध्यान को वशवद बनाये रखना नितात कठिन है, और निबंध भी एक प्रकार का स्वगतभाषण ही है। एक निबधकार के पास ऐसे साधन बहुत ही न्यून होते हैं, जिनके

द्वारा वह पाठक के मन को अपनी रचना मे बाँधे रखे। कहने के लिए उसके पास कहानी नही होती, जिसके द्वारा पाठक के मन मे उत्सुकता बनाये रखे, गाने के लिए उसके पास स्वर, ताल तथा लय नही होते जिनके द्वारा वह पाठक को मत्रमुग्ध बनाये रखे। उसका वातावरण बहुत अधिक सकुचित होता है, उसमे ध्वनि और गति के लिए अवकाश होता ही नहीं है। अपने काम मे उसे अत्यत सावधान रहना पड़ता है, यदि यह उस काम मे तनिक भी चूका, यदि उसने अपनी रचना मे जरा भी प्रमाद किया तो समझो उसकी रचना बालू मे बह गई, आनन्द नौका डूब गई, और पाठक निबंध पढने से खीझ गया।

किंतु यथार्थ निबंध का अर्थात् साहित्य की उस विधा का, जिसका सूत्रपात मोन्तेञ के द्वारा उसकी, मार्च १५७१ में प्रकाशित हुई, एस्सेस ( Essayes ) नामक रचना के रूप मे हुआ था, **लक्ष्य व्यक्तित्व को प्रकाशित करना अथवा निवेदित करना है। एस्से—** जिसका उपयोग मोन्तेञ ने साहित्य की नई विधा को रचने के लिए किये जाने वाले प्रयत्न के अर्थ में किया था—गद्यमय साहित्य के द्वारा रचयिता तथा पाठक के मध्य होने वाला सबसे अधिक प्रत्यक्ष सम्बन्ध है। मोन्तेञ के ये शब्द कि ये **मेरी अपनी भावनाएँ है, इनके द्वारा मै किसी नवीन सत्य के अन्वेषण का दावा नही करता, इनके द्वारा मैं अपने आप को पाठको की सेवा मे अर्पित करता हूँ** सभी निबन्धकारो पर समान रूप से लागू होते हैं। लैम्ब का अपने विषय मे यह कहना कि **उसकी समस्त रचना उसके अपने आपसे ओतप्रोत है वह उसके व्यक्तित्व से अनुस्यूत है** निबंध की परिभाषा की दृष्टि से सुतरा यथार्थ है।

**निबंध की सफलता के लिए व्यक्तित्व प्रतिफलन को सब से अधिक अपेक्षा है।** सर टामस ब्राउन के अनुसार एक निबन्धकार

का जगत् उसके अपने आपे का प्रसारमात्र होता है, यह उसके अपने आपे का सूक्ष्म प्रपंच होता है, जिसे वह अपनी आँखों से देखता और दूसरों के सम्मुख रखता है। एक उपन्यासकार अथवा नाट्यकार के लिए वाञ्छनीय है कि वह अपनी रचना को अपने व्यक्तित्व से किसी सीमा तक अछूती रखे। वह अपने उपन्यास अथवा नाटक में आने वाले सब पात्रों से पृथक् रहता हुआ भी उन सभी के रूप में परिणत हो सकता है, उनमें से किसी के भी मुँह अपनी आपबीती कहा सकता है। **किंतु निबंधकार तो अनिवार्यरूपेण एक ही पात्र का रूप धारण करता है, उसकी रचना में तो उसी एक का अपना आपा प्रतिफलित होना अनिवार्य** है। हो सकता है कि जिस व्यक्तित्व से आविष्ट हो वह अपनी रचना को प्रस्तुत करता है, वह पूर्ण रूप से उसका अपना न हो, किंतु उस व्यक्तित्व के लिए आवश्यक है कि वह चारों ओर से परिपूर्ण हो। हम जानते हैं कि एलिया, चार्ल्स लैम्ब का परिपूर्ण आपा नहीं है, इसी प्रकार स्पेक्टेटर भी एडिसन का सारा आपा नहीं है, किंतु दोनों में से प्रत्येक एक परिपूर्ण तथा भलीभाँति पहचान में आने वाला व्यक्ति अवश्य है। हम उन दोनों के आस पास घूम सकते हैं, दोनों को अपने घर का करके पहचान सकते हैं। निबन्धकार के साथ हमारी इस मित्रता की स्थापना होनी आवश्यक है, **निबन्धकला की प्रमुख विशेषता है ही इस परिचिति अथवा सांनिध्य में**। निबन्धकार को अपनी समस्त रचना में वही एक बन कर रहना है, और हमें भी पल भर के लिए उससे पृथक् नहीं होना है। अपनी रचना में चाहे वह कितने और कैसे भी व्यक्ति, परिस्थितियाँ अथवा वातावरण क्यों न प्रस्तुत करे, वह उसमें किसी भी पुस्तक चित्र अथवा पात्र का विवेचन क्यों न करे, उसके लिए यह आवश्यक है कि वह हमें प्रतिक्षण यह स्मरण कराता रहे कि उन सब बातों के पीठपीछे दृष्टि उसकी अपनी है। निबन्ध को

पढ़ते समय हमारा मन सहज ही निबन्ध के विषय से हट कर, उस रचना के अंतस्तल में प्रवाहित होने वाले उसके रचयिता के व्यक्तित्व पर आकृष्ट हो जाता है। **इस विधायक आत्मनिवेदन में ही निबन्धकला की इतिकर्तव्यता है**। देखने मे तो यह बात सामान्य प्रतीत होती है, किंतु इसकी परिपूर्ति विरले ही कलाकारों के हाथो हो पाई है।

अलेक्ज़ैंडर स्मिथ के अनुसार निबन्ध और विषयिप्रधान रचना का इस बात मे ऐक्य है कि दोनो ही की कीली किसी एक स्थायी भाव पर टिकी होती है। यह स्थायी भाव निबन्धकार के हस्तगत हुआ नहीं कि आरंभ से अन्त तक उसकी रचना का शब्द शब्द उस भाव की अभिव्यक्ति मे समर्पित होता चला जाता है।

निबन्ध के इस विवरण मे उसके निर्माताओ के विषय मे कुछ कहना असंगत न होगा। मोन्तेन की मृत्यु १५६२ मे हुई और बेकन के पहले १० प्रबन्ध पाँच वर्ष पश्चात् प्रकाशित हुए। इंग्लैंड में प्रकाशित होने वाले सब से प्रथम निबन्ध यही थे। १६१२ मे उसके निबन्धो की संख्या ३८ हुई, जो आगे चलकर १६२५ मे ५८ हो गई। इसमे सन्देह नही कि निबन्धलेखन की कला को बेकन ने मोन्तेन से सीखा था, तथापि दोनो की रचना के अपने अपने स्थायी भाव एक दूसरे से नितरा भिन्न थे। हम कह सकते है कि निबन्धरचयिता के स्वभाव की दृष्टि से मोन्तेन आदर्श व्यक्ति था, वह था सहृदय, हास्यप्रिय, प्रेमास्पद और मनोवैज्ञानिक सत्य की खोज मे अत्यंत उन्मुख, जब कि बेकन ने साहित्य की इस नवोदित विधा का उपयोग किया था संसार के ऐसे प्रकाशन मे, जैसा कि यह उसके अपने स्वभाव के अनुरूप उसे दीख पड़ता था। मोन्तेन था उष्ण रुधिर और मांस का पुतला, वह व्यग्र था अपने उस आसन पर जिसके चहुँओर मोटे अक्षरों में खुदा था **मै नही समझता, मैं रुकता हूँ, और परीक्षा**

करता हूँ। दूसरी ओर बेकन है प्रज्ञा और वैदग्ध्य की एक प्रतिमूर्ति, जो विचक्षण न्यायाधीश के समान मानवजीवन पर मनचाही टीका टिप्पणी करता है, किन्तु फिर भी उस टिप्पणी से किसी सीमा तक पृथक् रहता है। उसका विषय सुतरा निर्धारित तथा सामान्य रहता है। यह सारे का सारा बेकन द्वारा भली प्रकार अनुशीलित तो रहता है किन्तु इसका उसमे स्वय अनुभव नहीं किया होता।

१६६८ में कौउले के निबन्ध प्रकाशित हुए और उन्हीं के साथ अंग्रेजी प्रबन्धों मे मोन्तेञ की छाया दीख पड़ी। कहना न होगा कि कौउले की प्रतिभा सकुचित थी, उसका व्यक्तित्व सकीर्ण और अपरिपूर्ण था, उसकी रचनाओं मे उसकी एक ही नाड़ी धमधम ती है, किन्तु उस एक नाड़ी मे ही कौउले की सारी जान है। उसके ऑफ माइसेल्फ नामक निबन्ध मे ऐसा उत्कट सान्निध्य तथा आत्मा की इतनी गहरी कूक पैठो है कि वह पढते ही बनता है, वह आदि से अन्त तक ऋजुता और स्वाभाविकता से ओत-प्रोत है।

सर विलियम टेम्पल के निबधो मे भी किसी सीमा तक यही बात दीख पड़ती है, किन्तु निबधो को अभिलषित लोकप्रियता की प्राप्ति समाचारपत्रों के सूत्रपात होने पर ही हुई। समाचारपत्रो के द्वारा निबधों को मारकीट मिली, जो तब से अब तक उन्हे प्राप्त है। इनके द्वारा निबन्धकारों को पाठकों का ऐसा केंद्र प्राप्त हुआ जो उन्हे अपना चिरपरिचित सा दीख पड़ा और जिसके सम्मुख वे मित्र की भॉति अपना आपा प्रस्तुत कर सके। इस केंद्र से निबध क रो को ऐसे विषयों पर निबध लिखने के लिए प्रोत्साहन मिला, जो निबधरचना के उपयुक्त थे—यथा, निबधलेखक को अपने चहुँ ओर दीखने वाला सामान्य जीवन, ऐसा जीवन जो अमूर्त तथा अप्रत्यक्ष न हो, प्रत्यक्ष, वैयक्तिक तथा चिरपरिचित सा, जो उसके

पाठकों के लिए समान रूप से सुनिर्धारित तथा सुसंव्यक्त था। १२ एप्रिल, १७०६ को धनियों के प्रातराश टेबल पर और नगर के काफेस में टेटलर नामक पत्र के दर्शन हुए, तब से लेकर १८वीं सदी के अन्त तक निबधो की भरमार रही। इसमें संदेह नहीं कि आधुनिक पाठकों के लिए ये निबध रुचिकर न होंगे, किंतु अठारहवीं सदी के पाठकों का उन से यथेष्ट चित्तरजन हुआ। इन निबधो मे चारित्रिक समस्याओं का विवरण रहता था, किंतु उनके नीरस होने का कारण उनका चारित्रिक समस्याओं के साथ होने वाला यह सम्बन्ध नहीं, अपितु चारित्रिक समस्याओं की व्याख्या करने का उनका अपना प्रकारविशेष था। जैसे अतीत मे, वैसे ही वर्तमान मे भी विचारशील व्यक्तियों के जीवन का केंद्र चरित्र रहा है, और निबन्ध मे भी चारित्रिक समस्याओ का विश्लेषण कोई अवाछनीय बात नही है। किंतु जिस प्रकार साहित्य की अन्य विधाओं मे उसी प्रकार निबध मे भी इन समस्याओं पर प्रत्यक्ष तथा अवैयक्तिक रूप से प्रकाश नही डाला जाना चाहिए, क्योंकि जहाँ साहित्य की दूसरी विधाओं मे व्यक्तित्व-प्रतिफलन वाछनीय है, वहाँ निबन्ध की तो जान ही व्यक्तित्वप्रतिफलन में है।

रॉबर्ट लुई स्टीवसन अपने समय का [illegible] नामी निबन्धकार हो चुका है, किन्तु आज उसकी लोकप्रियता अक्षुण्ण नही रही। उपन्यास लिखने में वह दूसरी कोटि का लेखक था, किन्तु निबन्ध लिखने में उसकी कोटि निःसदेह पहली थी। आजीवन उसे एक दारुण व्याधि से सग्राम करना पडा, किन्तु बडे ही आश्चर्य की बात है कि उस यातना से निरंतर सताये जाने पर भी उसकी वृत्ति मे चिड़चिड़ापन न आकर उसका व्यक्तित्व बहुत ही भव्य तथा मनोहारी संपन्न हुआ और यह अभिराम व्यक्तित्व ही उसके निबन्धों में प्रति-पंक्ति और प्रतिपद पर फूटा पड़ता है। कहना न होगा कि स्टीवंसन ने भी

जगह जगह मानवीय चरित्र पर प्रकाश डाला है, किन्तु उसका चरित्रप्रकाशन सत्रहवी सदी के निबन्धकारों के चरित्रप्रकाशन से सुतरा भिन्न प्रकार का है, उसमे चरित्र का परम्परागत नीरस प्रदर्शन नहीं है। इसमे हमे चारों ओर से छँटे, नपे-तुले, दक्ष, उत्साहसपन्न तथा भावनामय व्यक्तित्व के दर्शन होते है।

गोल्डस्मिथ तथा हैज़लिट के पश्चात् अंग्रेजी निबन्धलेखकों मे चार्ल्स का नाम आता है, जिनके विषय मे दो एक शब्द कहना आवश्यक प्रतीत होता है। लैब रचित ओल्ड चाइना की हैज़लिट के माई फर्स्ट एक्वेंटेंस विद पौयट्स के साथ तुलना करने पर कहा जा सकता है कि दोनों कलाकर पूरी सफलता के साथ सजीव मूर्तियो का निर्माण करते और दोनो ही अभीष्ट लक्ष्य की प्राप्ति के लिए अतीत को वर्तमान के साथ मिलाकर एक कर देते है। किन्तु जहाँ लैब सुखभरित भावना से प्रेरित होकर लिखता है, वहाँ हैज़लिट आँख खुलने पर पैदा हुए झुरमुट मे कलम चलाता है। अपने निबन्धों मे लैब नाटकीय प्रकार से काम लेता है तो हैज़लिट वर्णन के द्वारा सफलता लाभ करता है; कितु रचना दोनों ही की समान रूप मे फलगर्भ बन आई है। यह सब कुछ कह चुकने पर भी मानना पड़ेगा कि **निबन्धलेखन की कला मे लैब परिपूर्णता का दूसरा नाम है**। यह परिपूर्णता किसी अंश तक उसके अद्वितीय स्वभाव से, किसी सीमा तक उसके अद्वितीय पठन पाठन तथा अनुशीलन से और किसी हद तक निबन्धकला पर प्राप्त किये उसके पूर्णाधिपत्य से विकसित हुई थी। उसकी सफलता का प्रमुख गुण उसकी प्रत्यक्षता तथा प्रकटता है। वह जिस जगत् को रचता है, उससे वह भली-भाँति परिचित है, वह जगत् उसका कई बार का देखा भाला है। उसकी रचनाओं में उसके मित्र तथा सहचारी गरदन उठाये खड़े हैं; उसका अशेष जीवन ही सवाक् होकर हमारे सम्मुख आया दीख पडता है। उसके द्वारा संकेतित की गई

उसके व्यक्तित्व की रुपरेखा इतनी मनोज्ञ सम्पन्न हुई है कि उसमे उसके वे भाग भी झलक आये है, जिन्हे वह हम से छिपाना चाहता है। उस रूपरेखा के द्वारा हम उसे ऐसा पहचान गये हैं जैसा कि सम्भवतः अपने आपे को वह अपने आप भी न जान पाया हो। हैम्-लिट की नाई वह अपने विषय मे प्रत्यक्षरूप से कुछ नही कहता, हम नही जानते कि अपने विषय मे उसके क्या विचार थे बस इसी बात मे उसकी अनुपम विशेषता है।

संसार के निबन्धकारों मे इने-गिने ही ऐसे होगे जिनके द्वारा उद्भावित किये गये व्यक्तित्व की लैंब के व्यक्तित्व के साथ तुलना की जा सके। इन मे से कतिपय निबन्धलेखक अपनी रचनाओं मे प्रकारवाद को खडा करते है, जिसके द्वारा हम उन्हे एकदम पहचान लेते है, कुछ—जैसे मैकाले, पैटर, तथा जी. के. चेस्टर्टन—की मनो-भंगी एक विचित्र ही प्रकार की होती है, जो, जिसे भी वह छू जाती है उसी पर अपनी मुद्रा लगा देती है, किन्तु इन बातों मे तथा विशुद्ध निबन्धकार की विधानमय अहंभावना ( egotism ) मे बहुत अन्तर है। आधुनिक निबन्धकारों मे यदि कोई व्यक्ति लैंब की कोटि को छू सका है तो वह है बीरबोह्म। निःसंदेह उसके निबन्धो मे लैंब की रच-नाओं का विस्तार और विविधता नही आ पाई, उसकी रचनाओं में लेंब का व्यापक अनुशीलन भी नहीं दीख पडता, वह उसकी वासना-भरित नाडी से और उसकी सहज मानवीयता से भी वंचित है; किन्तु यह सब कुछ न होने पर भी वह है गतसंग, चरम कोटि का सरल, अपने हास्य तथा उपहास में वक्र और गंभीर। उसकी रच-नाओं में उभरी हुई एकता विविध भावों की एक व्यक्तित्व में अनु-पतित होने वाली एकता नहीं है, वह तो अशेष व्यक्तित्व का एक भाव मे उन्मुख होने वाला अनुपात है। उसकी वाणी के नाद मे परिवर्तन नही आता; उसकी वाणी एक है और इसमें एक प्रकार

की चमक और विविक्तता है ।

अंग्रेजी निबन्धलेखकों का दिग्दर्शन यहाँ इस लिए कराया गया है कि हिन्दी मे निबन्धलेखन की प्रथा अपने वर्तमान रूप मे अंग्रेजी साहित्य से आई है, और हमारी भाषा मे वह आज भी अपनी शैशवावस्था मे लडखडा रही है । अंग्रेजी की भाँति निबन्ध की विविध शैलियो का विकास धीरे धीरे हिन्दी मे भी हो रहा है । भारतेंदु हरिश्चन्द्र तथा उनके समसामयिक निबन्धकार इस कला की विशेषता से अपरिचित थे । उनके निबन्धो का आरम्भ ऐसे वाक्यविन्यासो से होता था, जिनका निबन्ध के साथ प्रत्यक्ष सम्बन्ध न होता था । निरर्थक भूमिका बाँधने की परिपाटी सब को प्यारी थी, रूढिगत धार्मिकता और भावुकता की सब पर धाक थी । निबन्धो के क्षेत्र मे सब से पहले सफल लेखक पण्डित प्रतापनारायण मिश्र हुए, जिनमे स्वगत भावो को स्पष्ट और स्वाभाविक रूप से कहने की क्षमता पर्याप्त मात्रा मे दीख पड़ी ।

निबन्ध की गभीर शैली को अपनाने वाले लेखको मे पण्डित बालकृष्ण भट्ट, पण्डित महावीरप्रसाद द्विवदी, पण्डित रामचन्द्र शुक्ल तथा बाबू श्यामसुन्दरदास स्मरणीय हैं । पण्डित बदरीनारायण चौधरी, पण्डित अम्बिकादत्त व्यास तथा पण्डित माधवप्रसाद मिश्र के निबन्ध या तो भाषा के अलकरणभार में दब गये हैं अथवा साधारण कोटि की भावुकता और धार्मिकता का द्योतन करते है । उच्च कोटि से भावनासंवलित निबन्ध लिखने वालो मे श्रीयुत पूर्णसिंह तथा गुलाबराय जी के नाम उल्लेखनीय है ।

# गद्यकाव्य—जीवनचरित

मोन्तेञ ने कहा है कि:—

मै उन लेखकों की रचनाओं को अधिक रुचि से पढता हूँ जो जीवनचरित लिखते हैं, क्योंकि, सामान्यतया मनुष्य, जिसके पहचानने के लिए मैं सदा प्रयत्नशील रहा हूँ, साहित्य की अन्य सभी विधाओं की अपेक्षा जीवनचरित मे कही अधिक विशद तथा परिपूर्ण होकर प्रकट होता है, साथ ही उसी आंतरिक गुणावलियो की यथार्थता तथा बहुविधता, उन उपायो की, जिनके द्वारा वह सश्लिष्ट तथा सुसबद्ध रहता है, और उन घटनाओ की, जो उस पर घटती है बहुविधता मुझे जैसी जीवनचरित की परिधि मे सपन्न होती दीखती है, वैसी अन्यत्र कही नही।

किंतु आधुनिक युग के पाठकों को मोन्तेञ की समकालिक जीवनियो में वे बातें बहुत ही न्यून मात्रा मे प्राप्त होगी, जिनकी दृष्टि से उसने उनकी प्रशसा की है और जिनकी प्राप्ति के लिए उसने उनका अनुशीलन वाञ्छनीय बतलाया है। हो न हो इनमे से बहुत सी बातों का उद्भावन—और स्मरण रहे, इनमे से बहुत सी बातें उस समय की जीवनियो में नहीं मिलती थीं—जीवनियाँ पढते समय मोन्तेञ को अपने मन से करना पड़ता था; क्योंकि हम जानते हैं कि उसके समय मे जीवनचरित (Biography) की यह परिभाषा ही न बन पाई थी। सबसे पहले इसका प्रयोग १६८३ में हुआ, जब ड्राइडन ने प्लूटार्क की रचनाओं के वर्णन के लिए इसका आविष्कार किया। चरितलेखकों को मोन्तेज ऐतिहासिक कहकर पुकारता है, उसके समय में जीवनचरित्र साहित्य की यह

विधा स्वतन्त्र होकर अपने पैरो न खड़ी हो पाई थी। मनुष्य के आंतरिक गुणो की विविधता वर्णन और उसको सश्लिष्ट करने वाले उपायों की बहुविधता का सप्रदर्शन उसके समय मे ऐतिहासिक शृङ्खला की एक कडी थी, इसका निदर्शन ऐतिहासिक तथ्य का सप्रदर्शन करने में एक साधनमात्र था।

और सचमुच बड़े आश्चर्य की बात है कि नवजनान (Renaissance) के युग मे—जिसके उदय होने पर यूरोप में साहित्य तथा अन्य कलाओं का एक बहुमुखी स्रोत बह निकला था—मनुष्य का ध्यान अपना चरित लिखने पर न गया। उन दिनों के इंगलैंड मे साहित्यिकों का ध्यान कविता तथा नाटको पर केंद्रित हुआ और यद्यपि उस काल मे कतिपय जीवनियाँ भी प्रकाशित हुई—जिनमे जार्ज कैवेंडिश रचित कार्डिनल वुल्ज़ले की जीवनी अच्छी बन पडी—साहित्य की यह विधा जनता को अपनी ओर न खींच सकी। सत्रहवीं सदी मे जीवनियों ने विशेष उन्नति नही की, यद्यपि जॉन औब्रे द्वारा महान् पुरुषों के विषय मे एकत्र की गई कथा-कहानियो ने इसके विकास मे अच्छा काम किया। किंतु सत्रहवीं सदी के अंतिम भाग मे जॉहन बनियन ने ग्रेस अबाउडिंग टु दि चीफ ऑफ सिनर्स लिख कर साहित्य की इस विधा को पहिले से कही अधिक आगे बढाया।

अठारहवीं सदी मे जीवनियो को यथेष्ठ प्रगति मिली। शीघ्रता के साथ बढने वाले पठितवर्ग का एलीज़ाबेथन युग मे दीख पडने वाली जीवन की तडक भडक के साथ प्रेम न था, फलतः उस समाज के लिए लिखे गये साहित्य मे उस तडक भडक के चित्र भी नहीं खडे किये जाते थे। शनैः शनैः नेताओं का ध्यान सामान्य जनता की ओर केन्द्रित हो रहा था; उन्हीं की भलाई और बुराई का वर्णन करने वाले निबन्ध और उपन्यासों मे उसकी रुचि बढ़ रही थी। जिस दृष्टि से प्रेरित हो उस समय के समाज ने जीवित मानव से प्रेम करना सीखा

था; उसी दृष्टि ने उसे मृत मानव का चरित्र चित्रण करने की ओर प्रेरित किया, जिसका फल यह हुआ कि राजर नार्थ ने १७४०—४४ के मध्य अपने तीन भाइयों की जीवनी लाइव्ज ऑफ नार्थ्स, जॉहंसन ने १७४४ में लाइफ ऑफ सेवेज, और १७७४ में मेसन ने लाइफ ऐंड लेटर्स ऑफ ग्रे जैसी रुचिर जीवनियाँ जनता के सम्मुख रखीं।

जब पहले-पहल मोन्तेञ ने मनुष्य के चरित्र में अपनी रुचि प्रकट की, उसके कथन से प्रतीत होता था उसकी रुचि का प्रधान विषय उन जीवनियों का कथनीय विषय है, और यह बात सचमुच है भी ठीक; क्योंकि जीवनियों का—जैसा मोन्तेञ के समय में, वैसा ही आज भी—प्रमुख ध्येय मनुष्य की आत्म-विषयक उत्कंठा को पूरा करना है। और इस उद्देश्य से किसी भी जीवनी का चरम सार इस बात में है कि उसका विषय एक ऐसा जीवन है जो सारवान् है और जिसे जनता के सम्मुख रखने में विश्व का कल्याण होना संभव है। यदि एक चरितलेखक का कथनीय विषय ऐसा न हुआ तो उसकी रचना निर्जीव रह जायगी क्योंकि अपनी रचना को फलगर्भ बनाने के लिए उसे किसी प्रकार भी अपने कथनीय विषय से बाहर जाने का अधिकार नहीं है। एक उपन्यासकार को यह अधिकार है कि वह किसी सामान्य व्यक्ति को अपनी रचना का नायक बनाकर उसे रुचिकर बनाने के लिए अपनी इच्छा के अनुसार तदनुकूल सामग्री तथा वातावरण जुटा ले। किन्तु एक चरितलेखक साहित्य के क्षेत्र में उपलब्ध होने वाली इस स्वतंत्रता से तुतरां वंचित है। उसे तो अपने नायक की कथा कहनी है; उस कथा में अमूल तथा अनपेक्षित तत्त्वों को सम्मिलित करने का उसे अधिकार नहीं है। फलतः चरित की कथनीय वस्तु के लिए आवश्यक है कि वह सचमुच कथनीय हो, वह यथार्थ में समान्यवर्ग से अनूठी हो।

चरित की अर्थसामग्री के विषय में इतना कह चुकने पर आगे

बात रह जाती है उसके कहने के प्रकार की, उसकी शैली, और कला की दृष्टि से उसकी रमणीयता की। हेरल्ड निकल्सन के अनुसार जीवनी लिखने के लिए एक विशेष प्रकार के बुद्धिकौशल की अपेक्षा है, और ससार में कोई भी जीवनी नहीं है, जिसकी रचना किसी अनूठी प्रतिभा ने की हो। किसी अंश में यह कथन सत्य है, क्योंकि एक चरित लेखक को अपना नायक घड़ने की आवश्यकता नहीं है; उसका साँचा तो पहले ही से प्रस्तुत है; उसे तो अपने नायक के विषय में प्राप्त होने वाले लिखित तथा अलिखित तथ्यो को अपने साँचे में केवल ढाल देना है। इस काम के लिए उसे एक उपन्यासकार अथवा नाटककार की सफलता के मूलाधार तत्त्व, अर्थात् विधायनी प्रतिभा की विशेष अपेक्षा नहीं है। और सचमुच कोई भी व्यक्ति, जिसे जीवन से यथार्थ प्रेम है, जीवन की उस वृत्ति को पसंद नहीं करेगा, जो वर्तमान काल में उसने धारण कर रखी है, जिसमें नायक की घटनावलि के विषय में सत्य और असत्य का विवेक नहीं रहा और जिसमें हमारे लिए इस बात का निर्णय करना कठिन हो गया है कि नायक के चरित में आने वाली बातों में से कौन सी उसने स्वयं कही अथवा की हैं और कौन सी जीवनी के लेखक ने अपने मस्तिष्क से उस पर आरोपित की हैं। और यदि चरितलेखक का प्रमुख लक्ष्य अपने नायक के विषय में सत्य बातों का समाहार करना है तो उसके लिए संचित सामग्री में से अपेक्षणीय तथ्यों का संश्लेषण, विश्लेषण, निर्वाचन तथा संस्थापन करना ही प्रधान कर्तव्य रह जाता है। किंतु यह सब कुछ होने पर भी कार्लाइल के अनुसार एक सफल चरित का लिखना इतना ही कठिन है जितना एक सफल जीवनी का अपने जीवन में निबाह ले जाना। इतना ही नहीं, हमारी समझ में तो यह काम उससे भी कहीं अधिक कठिन है; क्योंकि जॉहंसन रचित लाइफ ऑफ सेवेज के पश्चात् दो सौ बरस के अंतर में हमें सफल जीवन तो

अनेक मिलते हैं, किंतु सफल जीवन के विषय मे लिखी गई सफल जीवनियाँ अंगुलियों पर गिनी जाने योग्य ही बन पाई हैं ।

अब प्रश्न यह होता है कि वे कौन से उपकरण हैं, जिनके समवेत होने पर जीवनी अपना प्रसन्न रूप धारण करती है । इसके उत्तर मे हम कहेगे कि **चरितलेखक के लिए सब से अधिक आवश्यक उपकरण है समुचित संक्षेप—अर्थात् किसी भी अनावश्यक बात को अपनी रचना मे न आने देना और किसी भी अपेक्षित तथ्य को आँख से न बचने देना । इसके साथ ही दूसरा उपकरण है समस्त रचना मे अपनी स्वतन्त्रता को बनाये रखना ।**

जीवनी मे किसी भी अनपेक्षित तथ्य को न आने देने और किसी भी अपेक्षित तथ्य को न छोड़ने का सार है **उसमे एकता की रक्षा करना**, अर्थात् नायक की जीवनी के अगों को उसकी जीवन समष्टि के साथ साथसमीचीन रूप से बैठाना । इसी बात को दूसरे शब्दों में हम यो व्यक्त कर सकते हैं कि जीवन चरित्र की प्रतिपक्ति में उसका नायक खड़ा हुआ चमकता रहना चाहिए, उसमे उसका व्यक्तित्व दीपक की भाँति सतत प्रकाशवान् बना रहना चाहिए । कहना न होगा कि इस काम के लिए कलाकार को अत्यन्त ही प्रवीण तथा प्रौढ बनना पड़ता है, उसे अपने विषय का पारदर्शी होना होता है । सभी जानते हैं कि हम में से तुच्छातितुच्छ व्यक्ति की सत्ता भी बहुमुखी सकुलता (complex t es) से संकीर्ण है, हममें से प्रत्येक व्यक्ति प्रतिक्षण जीवन की नानामुखी धाराओं में बहता रहता है । **एक सफल चरित के लिए आवश्यक है कि वह अपने विषय के यथार्थ तथा अशेष रूप को दृष्टि मे रखता हुआ उसकी सामान्यतम रेखाओं पर भी ऐसा प्रकाश डाले कि उनमें से हर एक रेखा, फड़कती हुई, चित्र की परिपूर्णता में सहायक बनकर, उनके अशेष रूप को एक तथा अखंड बनाकर पाठकों के सम्मुख प्रस्तुत करने में सहकारिणी बने ।**

उसकी रचना में नायक के जीवन की प्रत्येक घटना, उसके विषय का प्रत्येक प्रमाण, उसकी बौद्धिक, हार्दिक तथा व्यवहारिक सभी प्रकार की अनुभूतियाँ—जो उसने अपने जीवन में एकत्र की हैं—उसका प्रत्येक भाव तथा व्यापार, प्रत्येक विचार तथा ( मनुष्यों के साथ होने वाला प्रत्येक ) संसर्ग—जिसका कि लेखक को ज्ञान है—सभी का अपने अपने महत्त्व के अनुसार उसकी जीवनसमष्टि में जटित होना अपेक्षित है। समय तथा स्थान, अवस्था तथा वातावरण, इस रचना में सभी का उभरे रहना आवश्यक है, और जिस प्रकार ये, उसी प्रकार सभी प्रकार के बौद्धिक विचारो तथा सहकारी व्यक्तियो का सिर उठाये खड़े रहना वाञ्छनीय है। किसी न किसी प्रकार भाँति-भाँति की अनुभूतियों का उनके उपादानसहित सम्प्रदर्शन किया जाना अपेक्षित है। साथ ही इस बात को कौन नहीं जानता कि हम में से प्रत्येक व्यक्ति एक ही समय में नानामुख और नानाधी बना रहता है; एक व्यक्ति होता हुआ भी वह अनेक पात्रों मे परिवर्तित होता रहता है। एक में समवेत होने वाले इन सब नानामुख पात्रों का निदर्शन होना आवश्यक है; और यह सब कुछ औचित्य तथा समंजसता के साथ, अपने अपने महत्त्व के अनुसार। संक्षेप में एक चरित्र लेखक को बहुविधता के संकुल मे से एकता को जन्म देना होता है; व्यस्तता में से विन्यास का उद्घाटन करना होता है, स्वतन्त्र लयों और तालों के संकर मे से स्वरैक्य का उत्थापन करना होता है।

जीवनी मे किसी अनपेक्षित तथ्य के न आने देने और किसी भी अपेक्षित तथ्य के न छूटने देने मे संघटन की वह सारी ही प्रक्रिया आ जाती है, जिसके द्वारा विकीर्ण सामग्री के सब में से एक परिपूर्ण व्यक्ति की एकता तथा सजीवता का उद्भावन किया जाता है, इसे हस्तगत करना चरित्रलेखक का प्रथम कर्तव्य है। चरित्रलेखक

की दूसरी आवश्यकता है अपनी स्वतन्त्रता को बनाये रखना। स्ट्रेची के अनुसार इसका आशय है, उसे अपने नायक का अंधा पुजारी न बन कर उसके विषय में ज्ञात हुए सभी तथ्यों को पाठकों के सम्मुख रखना।

आज हम स्ट्रेची के उक्त कथन के महत्त्व को सहज ही भूल जाते हैं, क्योंकि इस विषय में चरितलेखकों की सामान्य मनोवृत्ति, १९१८ में, जब कि उसने अपने एमिनेंट विक्टोरियस के उपोद्घात मे उक्त शब्द लिखे थे, आज की मनोवृत्ति से भिन्न प्रकार की थी। उन दिनों के जीवनचरितों में सत्य का अंश बहुत कुछ लुप्त हो चुका था और लेखक अपने नायक की जीवनी को ऐसे रूप में लेखबद्ध करते थे, जैसा कि उन्हे और उनके पाठकों को भाता था।

किंतु जीवनचरित के विषय में स्ट्रेची द्वारा स्थापित किये गये सिद्धांत मे एक बात है, जिसे हमने अब तक बिना टिप्पणी के छोड़ रखा है और वह है अपनी स्वतंत्रता को बनाये रखना, जीवन-विषयक तथ्यों को प्रदर्शित करना, किंतु उन्हे इस प्रकार प्रदर्शित करना जैसा कि लेखक ने समझा है। सब जानते हैं कि साहित्य की इतर विधाओं की भाँति चरित में भी कथनीय विषय और कथन करने वाले रचयिता के मध्य एक प्रकार की सहकारिता होती है, जिस का परिणाम यह होता है कि कला, रचयिता के व्यक्तित्व मे रँगी जाती है। और इस दृष्टि से देखने पर हम जीवनियों के दो विभाग कर सकते हैं, एक वह जिसका आविष्कार मेसन ने किया था और जो आगे चलकर बोसवैल में पराकोटि को प्राप्त हुई। वर्तमानयुग में इस श्रेणी का निदर्शन आमी लोबेल रचित कीट्स की जीवनी और डी ए. विल्सन द्वारा रची गई कार्लाइल की जीवनी हैं। जीवनियों की दूसरी सरणि वह है, जिस का सूत्रपात स्वयं जॉह्नसन ने किया था और जिस का भव्य निदर्शन लिटन स्ट्रेची

की रचनाएँ हैं। ध्येय दोनों का समान रूप से नायक के व्यक्तित्व को सजीव बनाना है। दोनों ही उसके विषय में ज्ञात हुई सामग्री का समुचित उपयोग करती हैं; किंतु उस सामग्री का उपयोग करने के प्रकार दोनो के अपने भिन्न-भिन्न हैं। **पहले प्रकार की अपने विषय की ओर पहुँच अवैयक्तिक है, और दूसरे की वैयक्तिक।** बोसवैल ने बड़ी धीरता के साथ उस सभी सामग्री का संचय किया था जो उसे अपने नायक के विषय मे उपलब्ध हो सकी थी; उसके आधार पर उसने अपने नायक का ऐसा सर्वांगपूर्ण प्रतिमान खड़ा किया, जिसे वह प्रतिक्षण अपने मन और हृदय में धारण किये रहता था। बस यहीं पर उसने अपने व्यक्तित्व की इति कर दी है। उसने अपने प्रतिमान को पाठको के सम्मुख प्रस्तुत करते हुए उनके सामने वह दृष्टिकोण नही रखा, जिसके द्वारा वह उसे देखता था, उसने अपनी अर्थसामग्री में अपने व्यक्तित्व का पुट भी नही दिया। जीवनी को सूत्रबद्ध करते समय बोसवैल का ध्यान अपने व्यक्तित्व पर था ही नही, उसने जानबूझ कर अपने व्यक्तित्व को जॉह्सन की जीवनी मे नही सन्निहित होने दिया। उसके पास एक प्रच्छद पट था, जिसे खोल कर उसने जनता के सम्मुख रख दिया, यह जनता पर निर्भर है कि वह उस पट को किस दृष्टिकोण से देखती है। इसका यह आशय नही कि लाइफ आफ सैमुअल जॉह्सन मे बोसवैल का व्यक्तित्व है ही नहीं; वह है, किंतु है अनजाने मे, अपने आप, इतना, जितना कि एक कलाकार का उस की कला मे होना सर्वथा अनिवार्य है। उसने निष्पक्ष हो अपने नायक की भली बुरी सभी बातें पाठकों के सम्मुख रख दी हैं। बोसवैल ने अपनी रचना के उपोद्घात मे लिखा है कि वह अपनी रचना में अपने नायक को इतने परिपूर्ण तथा सर्वांगीण रूप में दिखाएगा, जितने में आज तक कोई भी व्यक्ति नहीं दीख पाया—और उसने अपने इस दावे

को शतशः करके दिखा भी दिया है। क्योंकि आज तक बोसवैल की रचना के काँटे पर ससार की दूसरी जीवनी नहीं उतर पाई। उसने अपनी प्रतिभा के द्वारा चरितरचना के उस प्रकार का आविष्कार किया, जो आगे चल कर इस कोटि की रचनाओं के लिए आदर्शरूप सम्पन्न हुआ। क्योंकि जॉहसन की सत्ता जनता के मन मे एक महान् लेखक अथवा तत्त्वज्ञ के रूप में नही थी, उसे लोग किसी जातीय कला के उत्थापक के रूप मे भी नहीं देखते थे, उनकी दृष्टि मे वह एक महान् पुरुष था, एक मूर्त सत्ता थी, जिसे वे लोग सुनते थे और देखते थे, जो उनकी दृष्टि को बलात् अपनी ओर आकृष्ट कर लेता था, और ठीक एक महान् पुरुष के रूप मे ही वह बोसवैल के पृष्ठों मे सन्नद्ध हुआ खड़ा है और सदा खडा रहेगा। बोसवैल ने उसकी यथार्थता को अपनी रचना मे सम्पुटित कर दिया है, अपनी प्रतिभा द्वारा उस व्यक्ति को निर्जीव मुद्रण मे कील दिया है, जो विल्कीस के साथ भोजन करता था, जो सोते बच्चों के हाथों मे पैसा पकडाता था, जो सन्तरे के छिलकों को एकत्र करता था, जो मृत्यु के नाम से कॉप जाता था, जो अपनी गोद मे बैठा कर उसे चूमने वाली महिला से कहता था, "एक बार मुझे फिर चूमो, चूमते चले जाओ, देखें तुम पहले थकती हो या मैं।"

किंतु जीवनचरित की बोसवैल द्वारा स्थापित की गई सरणि सब विषयों मे समानरूप से सफल नहीं हो सकती। हम कह सकते हैं कि इसकी सफलता का प्रमुख कारण यह है कि यह जीवनी जॉहंसन के विषय में लिखी गई है, जब कि जॉहसन रचित लाइफ आफ सेवेज की सफलता का प्रधान कारण यह है कि वह जॉहसन द्वारा लिखी गई है। पहली में उसका कथनीय विषय महान् है, जो, चाहे जिस प्रकार कहा जाय, फब जाता है, दूसरी मे विषय का

कहने वाला महान् है, जो, चाहे जिस प्रकार के विषय पर हाथ डाले उस पर अपने महत्त्व की मुद्रा अंकित कर देता है। बोसवैल के समान जॉह्सन ने भी अपनी कथनीय वस्तु के विषय में यथा-सभव सभी कुछ एकत्र किया था, किंतु उसने उसे पाठको के सम्मुख उस रूप में रखा, जिस रूप में वह उसे समझता था, उसने उसे अपने व्यक्तित्व के रग मे रँग कर जनता के सामने प्रस्तुत किया, उसके ऊपर मनचाहे मूल्य की तख्ती लगा कर दर्शकों को दिखाया। इसी का परिणाम है कि उसके रचे लाइफ ऑफ सेवेज मे प्रतिदिन जॉह्सन की अपनी जीवनी को पढ सकते हैं, उसके प्रति सदर्भ मे हमें सेवेज के पीछे स्वय जॉह्सन खड़े हुए दीख पड़ते हैं।

लिटन स्ट्रेची ने अपनी रचना में इसी सरणि को अपनाया है, जिसकी अनुकृति हमें आद्रे मोर्वा तथा हेरल्ड निकल्सन की रचनाओ मे दीख पड़ती है। अपनी रचना मे यथासभव अपने कथनीय विषय से विश्लिष्ट रहने का प्रयत्न करने पर भी स्ट्रेची अपने हृदय मे चरित्र का व्याख्याता है, और उसने अपने सभी पात्रो को उसी दृष्टिकोण से पाठको के सम्मुख रखा है। जब तक पाठक उसके साहचर्य मे रहता है उसके सम्मुख वही एक दृष्टिकोण तना खडा रहता है, उसे स्ट्रेची के पात्रों को उसी एक दृष्टिकोण से देखना पड़ता है।

इसमें सशय नहीं कि जीवनी की इस सरणि ने स्ट्रेची की सफलता को किसी सीमा तक सकुचित कर दिया है; किंतु जहाँ इसके द्वारा उसकी व्यापकता में प्रतिबंध आया है, वहाँ साथ ही उसकी सकुचित सफलता मे तीव्रता तथा गम्भीरता भी भर गई है। क्योंकि व्यक्ति के सभी विवेचनो मे तद्विषयक तथ्यों का एक एक एंगलविशेष होता है; प्रतिमूर्ति खिचाने के लिए बैठने वाले का एक आसनविशेष होता है, जिसमें उसकी अशेष वास्तविकता

केंद्रित होकर सपुटित हो जाती है। यदि चरित-लेखक ने किसी प्रकार अपने नायक के इस आसन को पकड़ लिया, यदि उसने उसकी इस परिच्छिन्न मुद्रा को हस्तगत कर लिया तो समझो उसके द्वारा उतारा गया नायक का चित्र अत्यन्त ही भव्य तथा मनोज्ञ सम्पन्न होगा; बस स्ट्रेची की रचना में हमें यही बात निष्पन्न हुई दीख पड़ती है।

कहना न होगा कि जीवनी की उक्त सरणि भी दोषों से **सर्वथा स्वतन्त्र** नहीं है और सभी जीवनियों पर समान रूप से सफलता के साथ इसका उपयोग भी नहीं किया जा सकता। हमने ऊपर कहा कि एक ही व्यक्ति के एक ही समय में अनेक रूप हुआ करते हैं, एक ही समय में उसके अनेक मत तथा दृष्टिकोण रहा करते हैं। उन सब मतो तथा दृष्टिकोणो को एक ही दृष्टि में देख लेना और उन में से उस एक दृष्टिकोण को छाँट लेना, जिसमें उस व्यक्ति का अशेष व्यक्तित्व प्रतिफलित तथा कीलित हुआ है, शेक्सपीअर जैसी विश्वमुखीन प्रतिभाओ हो काम का है; और सम्भव है जिन पात्रों को स्ट्रेची ने अपने द्वारा उद्भावित किये दृष्टिकोण विशेष में प्रतिबद्ध किया है, वह उनका सच्चा तथा स्थायी दृष्टिकोण न हो और इस प्रकार स्ट्रेची ने उनके यथार्थ आत्मा को किसी और ही रूप में हमारे सम्मुख रख दिया हो। उत्कृष्ट जीवन के लिखने में इस प्रकार की अनेक कठिनाइयाँ लेखक के सम्मुख आया करती हैं; इन सब से बचना और प्रभावशालिता के साथ यथार्थ रूप मे अपने नायक की जीवनी को पाठक के सम्मुख रखना, इसी बात में इस कला की इतिकर्तव्यता है।

कुछ भी हो, स्ट्रेची की सरणि ने साहित्य की इस श्रेणी में स्वतंत्रता का संचार करते हुए इसे प्रशंसा करने का साधन न रहने देकर नायक की यथार्थ आत्मा का उपासक बनाया। एमिनेंट

विक्टोरियंस के प्रकाशन से ११ वर्ष पहले फादर ऐंड सन नाम की रचना निकली, जिसके ऊपर उसके लेखक का नाम नहीं था, किन्तु जिसे लोग ऐडमड गोस्स की रचना बताते थे। जीवनचरित के सामान्य अर्थ में फादर ऐंड सन एक जीवनी नही थी। इसके द्वारा साहित्य की एक नवीन ही विधा का सूत्रपात हुआ था। अपने तथा अपने पिता के रूप में गोस्स को मरते हुए पवित्रतावाद और उदीयमान होने वाले तर्कवाद के मध्य होने वाला सघर्ष दीख पडा था किन्तु भिन्न भिन्न विचारों वाले दो युगों के मध्य होने वाले सघर्ष के साथ साथ इस रचना मे दो व्यक्तियो के मध्य होने वाला सघर्ष भी प्रतिफलित हुआ है। फादर ऐंड सन का नाम लेते ही ग्रेस अबाउडिग के साथ इसकी तुलना फुर जाती है, क्योंकि फादर ऐंड सन में भी हम एक व्यक्ति को उसी प्रकार के ज्वलत तथा मूर्त मत में विश्वास करता हुआ पाते हैं जैसा कि बनियन के मन में था। किन्तु जहाँ बनियन रचित ग्रेस अबाउडिग में एक आत्मा का सघर्ष वर्णित है, वहाँ फादर ऐंड सन में दो आत्माओं का सघर्ष चित्रित किया गया है, इसका केन्द्रीय विषय दो भावो का पारस्परिक व्याघात है। बनियन ने अपनी रचना मे आत्मा तथा परमात्मा का पारस्परिक सामजस्य ढूँढा है तो गोस्स ने अपनी कृति में दो आत्माओं को परस्पर मिलाया है। फादर ऐंड सन को हम एक प्रकार की आत्मकथा कह सकते हैं।

दूसरों द्वारा लिखे गये जीवनचरितों के साथ साथ कुछ लेखकों ने अपने जीवन अपने आप भी लिखे हैं। इनमें कला की दृष्टि से इनेगिने परिष्कृत बन पाये हैं। कारण इस कठिनाई का यह है कि आत्मवेदन कला का सब से प्रबल घातक है और आत्मकथा में आत्मवेदन ही की प्रधानता रहती है। जब कोई व्यक्ति अपनी कथा लिखने बैठता है; तब वह स्वभावतः बाह्य जगत् को भूल अपने

आपे में समाहित हो जाता है और अपने आत्मा को दूसरों के सम्मुख गुणान्वित दिखाने और अपनी रचना को लोकप्रिय बनाने की दृष्टि से बहुधा अपने आप को ऐसे रूप में वर्णित करता है जैसा वह वास्तव में होता नहीं है। इस प्रकार की कठिनाइयों के होते हुए भी रूसो ने अपने कनफेशंस में वर्णनीय सफलता प्राप्त की है। उसने अपनी जीवनी में मानवीय स्वभाव के सत्य का उद्घाटन किया है उसका विश्वास है कि इस रचना के पढ़ने के उपरांत कोई भी पाठक अपने आप को उसके लेखक की अपेक्षा श्रेयान् नहीं कह सकता, और सचमुच यह बड़े ही आश्चर्य की बात है कि रूसो द्वारा दिये गये इस आत्मचित्र को देखकर भी लोग उसके इतने भक्त तथा प्रेमी कैसे बने और बनते रहे हैं। साहित्य की इस श्रेणी में सेंट आगस्टिन के कनफेशंस, बनियन की ग्रेस अबाउडिंग, न्यूमैन की अपोलोजिया और बेंजामिन रौबर्ट हेडन की आत्मजीवनी ध्यान देने योग्य हैं। हाल ही में महात्मा गाँधी तथा पं० जवाहरलाल द्वारा लिखी गई आत्मकथाओं ने इस क्षेत्र में अच्छी ख्याति प्राप्त की है।

निबंध के समान जीवनचरित लिखने की प्रथा भी हिंदी में अंग्रेजी से आई है; इसीलिए हमने जीवनचरित के उपकरणों का विवरण करने के लिए ऊपर अंग्रेज़ी के चरितलेखकों का दिग्दर्शन कराया है। हिंदी में चरितलेखनकला अभी अपने शैशव में है। कहने को तो हिंदी में महान् पुरुषों के अनेक चरित्र प्रकाशित हुए हैं, किन्तु कला की दृष्टि से हम उन्हें उत्कृष्ट साहित्य में नहीं गिन सकते। कल्याण मार्ग का पथिक जैसी रचनाएँ हिन्दी में इनी गिनी हैं। महात्मा गाँधी तथा पण्डित जवाहरलाल की आत्मकथाओं के हिंदी में अनुवाद प्रकाशित हो चुके हैं।

# गद्यकाव्य—पत्र

पत्रों में लेखक का आत्मा प्रत्यक्षरूप में संपुटित होता है; इसी लिए उनकी अपील पाठक के मन में घर कर जाती है। पत्रलेखक का ध्यान कला की ओर नहीं जाता; वह लोकप्रियता के लिए भी अपने हृदय के उद्‌गारों को कागज़ पर नहीं रखता, अपनी रचना के लिए वह अनोखी भूमिका भी नहीं बाँधता। उसके हृदय में एक आवेग बाँध तोड़ कर बहने लगता है, तभी उसकी लेखनी कागज़ पर चलने लगती है। इस निर्व्याजता तथा स्वाभाविकता में ही पत्र की महत्ता सन्निहित है।

मनुष्य सामाजिक प्राणी है। वह एकांत से भागता और अपने साथियों की संगति में आनंदलाभ करता है। अपने साथियों के साथ स्थायी संसर्ग उत्पन्न करने के लिए उसने साहित्य की अनेक विधाओं का आविष्कार किया है। इन सभी विधाओं में उसे जीवन की समष्टि अथवा उसके किसी एक विस्तृत पटल पर ध्यानावस्थित होना पड़ता है। इसके विपरीत पत्र में उसका कोई एक पटल प्रकाशित होता है, उसके जीवन का कोई पक्षविशेष उद्दीपित होता है। जिस प्रकार बिजली बादल के एक देश को चमका कर उसमें घुस जाती है, इसी प्रकार पत्र भी लेखक की वृत्ति के एक अंश को प्रदीपित कर बहुधा नष्ट हो जाता है, और कभी कभी, भाग्य हुआ तो, सुरक्षित भी बच जाता है।

अंग्रेज़ी में डोरोथी ओस्बोर्न के द्वारा अपने पति सर विलियम टैंपल को लिखे गये पत्र प्रसिद्ध हैं; उनमें जहाँ डोरोथी का आत्मा अपने साररूप में प्रवाहित हुआ है, वहाँ साथ ही टैंपल के स्वभाव

का भी अत्यत ही भावुक चित्रण सपन्न हुआ है। ये पत्र १६५२ से १ ५४ तक लिखे गये थे।

चरित्र की दृष्टि से लोगों ने प्रेमपत्रो पर आक्षेप किये हैं। उन आक्षेपो के रहते हुए भी मनुष्य ने इस कोटि के पत्रो मे जो रसास्वादन किया है वह अन्य प्रकार के साहित्य मे दुष्प्राप्य है। इन पत्रों मे मनुष्य की प्रेमवृत्ति एक धारा मे समृद्ध होकर बहती है, उसका आत्मा प्रेमी से सश्लिष्ट हो उसके कान में प्रेमालाप करता है। इस समृद्ध तथा विविक्तता मे ही इन पत्रों की अमरता का स्रोत है।

स्विफ्ट द्वारा स्टेल्ला को, और कीट्स द्वारा फैनी ब्राउन को लिखे गये प्रेमपत्रो में हमे प्रेम का वह विविक्त तथा परिपूत प्रवाह दीख पडता है जो साहित्य की अन्य किसी भी रचना मे स्यात् ही मिल सके। जेन कार्लाइल के द्वारा अपने प्रेमी के प्रति लिखे गये पत्रो मे उद्भूत हुए प्रेम मे कही कही शारीरिकता का अश आवश्यकता से अधिक व्यक्त हो गया है। इस प्रकरण मे होरेस वेलपोल तथा जेन आस्टन के प्रेमपत्र स्मरणीय हैं।

और जहाँ हम पत्रसाहित्य मे उनके लेखको का प्रत्यक्ष दर्शन करते हैं, वहाँ साथ ही हम उन्हे प्रतिदिन की छोटी से छोटी, किन्तु प्रेमियो के लिए सब से अधिक महत्त्वशाली बातों मे सलग्न हुआ भी पाते हैं। यहाँ हम टैंपल को अपनी प्रेमिका डोरोथी के लिए पेयविशेष खरीदता हुआ देखते है, और स्विफ्ट को स्टेल्ला के लिए चोकोलेट भेजता हुआ पाते हैं। यहाँ हमे ये लोग एक दूसरे के लिए पैसा पैसा जोड़ते और खर्च करते दीख पड़ते हैं; हम यहाँ होरेस वेलपोल को स्ट्राबेरी हिल वाले मकान मे फर्निचर जुटाता हुआ देखते हैं। यहाँ हमे ये लोग ठीक उसी वेशभूषा मे दीख पड़ते हैं, जिस में ये रहते थे; उनकी सारी घरेलू बातें यहाँ हमारे

सामने आ जाती हैं, यहाँ तक कि उनका सारा आपा ही हमारे सामने विवृत हो जाता है।

इसके साथ ही पत्रो के द्वारा हमे किसी सीमा तक अतीत का ज्ञान भी होता है। जिस बात को हम इतिहास के पृष्ठो मे नीरसता के साथ पढते हैं वही पत्रो की परिधि मे आ सरस बन जाती है और हम अनायास ही इतिहास की कुक्षि मे सरक जाते है। जहाँ हमे इन पत्रों मे प्रेमी लोग हाथ में हाथ मिला खडे दीख पड़ते हैं वहाँ साथ ही हमे इनसे उनके समय की सामाजिक, राजनीतिक, आर्थिक तथा [illegible] परिस्थिति का भी किसी अश तक बोध हो जाता है। इन पत्रो के द्वारा हमे अनजाने ही पता चलता है कि किस प्रकार जॉहन एवलिन जैसे सुसभ्य तथा सुसस्कृत नागरिक भी यन्त्रणा मे फँसे हुए व्यक्तियो को देखने जाते थे, किस प्रकार गिस्कार्ड के शरीर को निर्जीव बना कर उसे, दो पैसे की फीस रख-कर, प्रेक्षको को दिखाया जाता था। लडन मे लगने वाली आग हमारी आँखो के सामने फिर से नाचने लगती है, जब हम पेपीस मे पढते हैं कि वहाँ कबूतरो ने अपने घोसले तब तक नही छोडे, जब तक कि उनके पख अधजले नही हो गये। अठारहवीं सदी के लडन का आयाम और व्यायाम एक दम हमारे सामने आ जाता है जब हम स्विफ्ट को स्टेल्ला के प्रति यह लिखता हुआ पाते हैं कि आज उसने लडन और चेल्सिया के बीच पड़ने वाले घास वाले खेतों की सैर की। इसी प्रकार उस समय के भोजन का परिमाण और उसकी व्यवस्था, उस समय के थियेटरों की दशा, उस समय के हाउस ऑफ कामंस तथा उसके सदस्यों की वृत्तियाँ, सभी बातें इन पत्रों को पढ़कर हमारी आँखों के आगे आ खडी होती हैं।

जिस प्रकार पत्र लिखने वालों का उसी प्रकार पत्रों का भी अन्त नहीं है। पत्र लिखने की कोई विशेष कला भी नहीं है; क्योंकि भिन्न

भिन्न व्यक्तियों ने भिन्न भिन्न प्रकार के पत्र लिखे हैं। किन्तु सब प्रकार के पत्रो के अन्तस्तल मे एक कला काम करती है, और वह है यह, कि पत्र की परिधि में उसको लिखने वाला सचमुच पत्रमय हो जाता है, पत्र लिखते समय सारे ससार को त्याग वह अपने विविक्त व्यक्तित्व को अपने प्रेमी के सम्मुख रखता है, बस उसकी कला का सार इसी बात मे है।

हिंदी मे पत्रो के महत्त्व को अभी तक नहीं पहचाना गया है, और न ही पत्रो को साहित्य की किसी विधा में ही प्रविष्ट किया गया है। हमारे यहाँ पत्रों को सुरक्षित रखने की प्रथा भी नही चली है। हाँ महात्मा गाधी द्वारा दक्षिण अफ्रिका से अपने कुटुम्बीय जनों को लिख गये पत्र प्रकाशित हो चुके हैं और साथ ही पडित जवाहर लाल द्वारा अपनी पुत्री इदिरा कुमारी को ऐतिहासिक परिज्ञान के लिए लिखे गये पत्र भी हिंदी मे आ गये हैं।

---

# वर्तमान जगत् और आलोचक

साहित्य की प्रत्येक रचना, इतिहास के युगविशेष में होने वाली परिस्थितिविशेष मे जीने वाले व्यक्तिविशेष के आत्मीय अनुभवों का वागात्मक प्रकाशन है, फलतः इसमें रचयिता के व्यक्तित्व का प्रतिफलन होना स्वाभाविक है। किंतु अब प्रश्न यह है कि साहित्यकार के व्यक्तित्व पर उस समाज का, जिसमे कि वह जीता है, कहाँ तक प्रभाव पड़ता है, दूसरे शब्दो में हम यह पूछ सकते हैं कि साहित्य का युगविशेष के आत्मा के साथ और एक कलाकार का अपने समसामयिक जगत् के साथ क्या सबध है।

*इतिहास के प्रत्येक युग का आत्मा भिन्न होता है*

इसमे सदेह नही कि इतिहास के प्रत्येक युग का आत्मा पृथक् ही होता है, जो उस युग में प्राणित होने वाली सामाजिक तथा बौद्धिक शक्तियों से उत्पन्न होता है । मान लीजिये, हम भारतीय इतिहास के वैदिक युग पर दृष्टिपात करते हैं, इस युग का नाम लेते ही नृम्ण भावो से विभूषित आर्य जाति इस देश को अभ्युदय की ओर अग्रसर करती हुई हमारी आँखों में बस जाती है और हमे वे दिन याद आ जाते है जब प्रातः और सध्या काल के समय नदियो के तट वैदिक मत्रो के गान से मुखरित हो उठते थे और दिन का शेष समय बीरता तथा साहस के कृत्यो में व्यतीत हुआ करता था। इसी प्रकार जब हम बौद्धयुग पर दृष्टिपात करते हैं तब धर्म कर्म में दीक्षित हुए बौद्ध भिक्षु, सघो मे विभक्त होकर देश विदेशो मे बुद्ध भगवान् का संदेश सुनाने के लिए कटिबद्ध हुए हमारे सामने आ जाते है और हमे भारत का वह स्वरूप स्मरण हो आता हे जब निःश्रेयस् तथा निर्वाण लाभ के लिए लालायित हो इसने ऐहिक अभ्युदय की ओर से आँख मीच ली थी। इसी प्रकार जब हम इगलेंड के विक्टोरियन युग को स्मरण करते हैं, तब हमारे मन में नाना प्रकार के नये प्रतिरूप और प्रत्यय भर जाते हैं, और बड़े बडे विशाल-काय, लबी दाढी और भारी सिरों वाले मानव हमारे सम्मुख आ खड़े होते हैं, जिनमे से कुछ स्वान्तःसुख को व्यक्त करने वाली कविता रचते दीख पड़ते हैं, और कुछ की लेखनी राजनीति-विषयक गद्य में व्यापृत होती दीख पडती है। कतिपय मनस्वी उदात्त ध्येय, प्रौढ शिक्षण, गृहनिर्माण, निर्वाचनाधिकार तथा इसी प्रकार के अन्य सामाजिक सुधारों मे रत हुए दीख पड़ते हैं और किन्हीं का मस्तिष्क विज्ञान के विश्लेषण में सलग्न हुआ दृष्टिगत होता है।

इसके विपरीत जब हम वर्तमान जगत् पर दृष्टि डालते हैं, तब हमे आधुनिक युग का एक भी चित्र परिपूर्ण नहीं दीख पड़ता। वैदिक युग के ऋषि को ज्ञात था कि उसका जीवन एक है और उसी के अनुरूप उसका साहित्य भी एक है। उसे उस बात का बोध था, जिसकी, कला के क्षेत्र मे उसे आवश्यकता थी। इसी प्रकार जब हम इंगलैंड के विक्टोरियन युग मे सम्पन्न हुए उपन्यास, कविता नाटक, तथा सामाजिक इतिहास को पढ़ते हैं तब भी हमारे सम्मुख उस समय के इंगलैंड की सभ्यता तथा संस्कृति का एक ठोस तथा परिपूर्ण चित्र आ विराजता है। किंतु आधुनिक जगत् की सभ्यता को मूर्त रूप मे पाठको के सम्मुख रखने के लिए हमारे पास एक भी परिपूर्ण चित्र नही है।

*अतीत युगों के चित्र परिपूर्ण थे जब कि वर्तमान युग के चित्र अपूर्ण है*

संसार के इतिहास मे ऐसा काल कभी नही आया, जब कि समालोचको ने अपनी समसामयिक सामाजिक व्यवस्था की कटु आलोचना न की हो और जब कवियों ने अपने युग की निंदा करके अतीत मे आनंद की उद्भावना न की हो। सन् १८०० मे हम वर्ड्सवर्थ को तात्कालिक समाज मे दीख पड़ने वाली बाह्यवृत्तिता की कटु आलोचना करता पाते हैं तो अपने यहाँ वैदिक काल मे भी हम ऋग्वेद के संकलयिता ऋषियों को अपने से पुरातन ऋषियों का यशोगान करता देखते हैं। मनुष्य का कुछ स्वभाव ही ऐसा है कि वह कभी भी वर्तमान से संतुष्ट नहीं होता और सदा अतीत को मंगलमय समझा करता है। उसकी सदा से यही परिवेदना रही है कि उसके काल में उन्नति बहुत धीमी है, यौवन बहुत अस्थायी है, प्रतिभा

*सदा से ही मनुष्य अपने वर्तमान से असंतुष्ट रहता आया है*

अत्यत संकुचित है और आचार मे बहुत उछृ खलता है ।

इस प्रकार की परपरागत परिवेदना पर आवश्यकता से अधिक ध्यान देना वृथा है, किंतु इसमे संदेह नहीं कि आज हमारा युग विघटन ( disintegation ) का युग है । इसमे हमे किसी भी जगह किसी प्रकार का विधान अथवा सघटन नहीं दीख पड़ता । आज मनुष्य के ऊपर किसी भी प्रकार के कर्तव्यों का अभि-निवेश नही रहा । विज्ञान ने इसकी धार्मिक श्रद्धा को डुला दिया है, उसने उसे बता दिया है कि विश्व के प्रपच मे किसी भी दैवीय शक्ति का हाथ नहीं है। उसके जीवन मे कोई संक्लृति अथवा अनुसंधान नहीं है । राजनीतिक दृष्ट्या वह एक गतसग व्यक्ति है; वह अपने आप को किसी भी ऐसी धार्मिक अथवा राजनीतिक श्रेणी का सदस्य नहीं समझता, जिस को कि उसके चहुँओर के व्यक्ति श्रद्धेय मानते हों । आज वह अपने आपको नीति तथा अर्थ की प्राचीन व्यवस्था के भग्नावशेषो पर खड़ा हुआ पाता है, और उन्नी-सवीं सदी मे सचेष्ट हुई सामाजिक सुधार की इच्छा से उसके मन मे किसी भी प्रकार की गतिमत्ता नही सचरित होती ।

*वर्तमानयुग के विशेष गुण*

सामाजिक क्षेत्र मे भी आज आचार-व्यवहार की चिरंतन नियमावलि टूट चुकी है । आज मनुष्य की दृष्टि मे पाप कोई वस्तु नही रह गया है । मनुष्यरचनाशास्त्र ने उसे जता दिया है कि आचारशास्त्र का एकमात्र आधार रीतिरिवाज हैं, जीवविद्या तथा मनोविज्ञान ने उसके ब्रह्मचर्यसबधी विचारों मे परिवर्तन ला दिया है और आज उसे समाज के संघटन के पीछे एक मात्र स्वार्थ तथा अर्थलिप्सा के भाव काम करते दीख पडते हैं ।

आज के आत्मिक जगत् में सब से अधिक खलने वाली वृत्ति यह है कि आगे या पीछे एक न एक दिन आत्मा को शरीर के सम्मुख

शु... आना है; जल्दी या देर मे सभी आत्माओं को रुग्ण तथा भग्न शरीर द्वारा पराभूत होना है, आज या कल ऐसा समय अवश्य आना है, जब विचार नहीं होंगे, एकमात्र उन्माद, अनुताप, उच्छ्वसन और अन्तिम निद्रा होगी। वर्तमान जगत् मे आत्मा का कोई मूल्य ही नहीं रह गया है। वह एकतामयी उदात्त भावना जिसके अनुसार प्रत्येक निर्माण में क्रम और एक प्रकार का सतुलन दीख पड़ता था, मनुष्य और विश्व एक दूसरे से संबद्ध और एक दूसरे के आश्रित दीख पडते थे, वह व्यापक ऋतु, जिसमे हर वस्तु के लिए एक निश्चित स्थान था और जिस के वशवद हो हर वस्तु अपने निश्चित ध्येय की ओर अग्रसर रहती थी, आज प्रभाववादियो द्वारा खींचा गया भग्नावशेषों की राशि का उखड़ा-पुखड़ा चित्र बन गया है, और मनुष्य अपनी रक्षा तथा वस्तुजात के चरम निर्माण मे अपना कोई निश्चित स्थान न देख सकने के कारण स्वर्गधाम से दूर जा पडा है। उसका चिरपरिचित जगत् उसके लिए अपरिचित सा बन गया है।

*विश्वप्रतिभाएँ देशकाल की परिधि से बाहर होती है*

ऐसी अवस्था मे इस प्रश्न का होना स्वाभाविक है कि इन सब बातो का साहित्य के साथ क्या सबध है, और निःसदेह साहित्य का प्रत्यक्ष रूप से इन बातो से कोई संबध है भी नही। कला की प्रत्येक रचना मे एक तत्त्व ऐसा होता है जिसका मनुष्य के चिर सहचर मनोवेगों के अतिरिक्त और किसी बात से संबध नहीं होता, और कविता तो विशेष रूप से देश काल की परिधि से बाहर रहती आई है। विश्व के महान् कलाकारों में एक ऐसी व्यापक शक्तिमत्ता होती है, जिस के द्वारा वे अपने चहुँओर के वातावरण मे रह कर भी उससे ऊपर उभरे रहते हैं, और अपनी रचनाओं में उन्हीं तत्त्वों का सकलन करते हैं, जिन की

प्रसूति उनकी निगूढ मनःस्थली से होती है। हमारे यहाँ वाल्मीकि, व्यास, कालिदास और तुलसीदास ऐसे ही कलाकार हुए हैं। इंगलैंड में शेक्सपीअर, मिल्टन और वर्ड्सवर्थ इसी कोटि के कलाकार थे।

*देश काल की परिधि से बाहर रहने पर भी विश्वप्रतिभाओं पर इनका प्रभाव पडता है*

किंतु ज्यों ही हम इस बात को अगीकार करते हैं कि विश्व-प्रतिभाएँ सामान्य वातावरण मे रह कर भी उससे ऊपर रहती हैं, त्यों ही हम इस बात को मान लेते हैं कि उन पर भी सामान्य वातावरण का प्रभाव पडा करता है और वे भी अपने समय की प्रभविष्णु वृत्ति से प्रभावित हुआ करती हैं। देश और काल के ये तत्त्व, अनजाने ही, उनके रचनातन्तुओ मे आ विराजते है और उनकी प्रतिभा को ऐसे राजपथो पर डाल देते हैं, जिन के दोनो ओर देश काल के नानाविध तत्त्वो की प्रदर्शिनी लगी रहती है। उनकी रचना मे जीवन की परिपूर्णता ही तब आती है, जब वे शाश्वत मे अपने समय के अशाश्वत को भी सम्मिलित कर दें। अपने यहाँ कालिदास की रचनाओ मे यही बात दीख पडती है, और शाश्वत तथा अशाश्वत के इस सन्निधान मे ही विश्वजनीन कवियो की इतिकर्तव्यता है।

*साहित्य का चरित्र से संबध है, उस चरित्र का वर्तमान काल में*

किन्तु वर्तमान जगत् की परिस्थिति कुछ विपरीत सी हो रही है। आजकल की प्रभविष्णु वृत्ति सुतरां निषेधात्मक है, और हमें आधुनिक साहित्य मे जो कुछ भी थोड़ा बहुत विधेयात्मक अश मिलता है, वह एकमात्र शा, वेल्स और प्रेमचन्द्र जैसे युग के पुजारियों की देन है। आधुनिक लेखकों की दीख पड़ने वाली प्रतिभा की न्यूनता का एक

**अभाव है** कारण यह भी है कि वे अपने चहुँओर दीख पड़ने वाले चारित्रिक नियमों का प्रत्याख्यान करते हैं; और स्मरण रहे, इन गठे हुए चारित्रिक नियमों में ही प्राचीन काल की बहुसंख्यक रचनाओं का मूल निहित है और कौन कह सकता है कि यदि चरित्र के विषय मे बनाये गये ये नियम न होते, तो आज हमारे साहित्य की क्या गति होती और उसका परिणाम कितना निर्बल रहा होता। ससार के साहित्य का आधे मे अधिक भाग चरित्र के नियमों मे ही आविर्भूत हुआ है।

किन्तु साथ ही हमे यह भी मानना पडेगा कि मनुष्य सदा से विश्व के साथ सम्बन्ध जोड कर शान्ति ढूँढता आया है। उसकी इच्छा यही रही है कि वह समष्टि का अग बन कर रहे। चिरतन काल से वह इस प्रकार के आयोजन मे आस्था रखता है, जिसमे हर व्यक्ति सघ का अवयव बन कर रहता हो। मनुष्य की इस अभिलाषा को पूरा करने के लिए ही आनुक्रमिक सभ्यताओं ने पौराणिक जगत् मे देवताओं की और दृश्यमान जगत् मे सामाजिक तथा राजनीतिक व्यवस्थाओं की आयोजना की है, और यह सच-मुच बड़े ही दुर्भाग्य की बात है कि वर्तमान काल के साहित्यिक पुरुषो का जीवन अपने चहुँ ओर दीख पड़ने वाले धर्म, समाज और नीति के खँडहरो मे बीत रहा है, और उन मे मनुष्यजाति को सघटित करने वाले किसी सघ को स्थापित करने की न तो इच्छा ही रह गई है, और न उत्साह ही है।

और ठीक इसी अवस्था पर पहुँच कर आधुनिक पाठक और लेखक दोनों ही ने, विश्वव्यापी एकतान को उपलब्ध करना असम्भव समझ, वैयक्तिक शरीर की वृत्ति को अपनी विवेचना का विषय बनाया है। अतीत के सभी कलाकारों ने मनुष्य का, उसके चहुँ-ओर फैली हुई प्राकृतिक शक्तियों के साथ सम्बन्ध स्थापित करके

उसे देखा है। क्या हिन्दू, क्या ग्रीक, क्या हीब्रू और क्या ईसाई, सभी धर्मों ने प्रकृति की इन मूक शक्तियों को सजीव बना कर देखा है, उन्हे हमारे समान शरीरधारी बनाकर उनके विषय मे कथाएँ घड़ी हैं, जिन को लेकर ही प्राचीन काल की साहित्यिक रचनाएँ सपन्न हो पाई हैं। किन्तु आधुनिक कवि के लिए जहाँ परपरागत देवी देवता चल बसे हैं, वहाँ उसकी दृष्टि मे उनकी कथाकहानियो का भी कोई मूल्य नही रह गया है। आज हम उन कथाओ को अपनी रचना का आधार भले ही बना लें, किन्तु हमें उनमे होने वाली घटनाओं का हार्दिक अनुभव नही होता। यदि वर्तमान काल का लेखक धर्म सम्बन्धी रचना करने बैठता है, तो उसे अपने मनोवेगो के लिए निजू प्रतीक घडने पड़ते है। आजकल के बहुसख्यक कलाकारो के लिए आत्मा अचेतन बन गया है, और पुराणकथित जगत् निरर्थक रह गया है।

*आधुनिक कलाकारों की पौराणिक तत्त्वों में आस्था नहीं है*

और यहाँ हम, वर्तमान साहित्य "अह" की अभिव्यक्ति के लिए कौन कौन से उपाय काम मे लाता है इस विषय मे कुछ न कह केवल यह बताएँगे कि साप्रतिक साहित्य और समाज वर्तमान काल के पाठको और समालोचको को किस प्रकार प्रभावित करता है।

सभी जानते हैं कि समालोचक भी, कलाकार के समान, एक व्यक्ति ही है, और प्रत्येक व्यक्ति की अपनी रुचि पृथक् ही हुआ करती है। प्रत्येक व्यक्ति का साहित्यरसास्वाद अपनी अपनी आवश्यकता तथा रुचि के अनुसार विशिष्ट प्रकार का होता है। साहित्यिक रचना के रसास्वादन में प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अवस्था, चित्तवृत्ति, तथा अनुभव साथ दिया करते हैं।

जिस प्रकार साहित्यरचना मे, उसी प्रकार समालोचना मे भी देश और काल का जागरूक रहना स्वभाविक है, क्योकि साहित्यकार के समान समालोचक भी इतिहास के किसी युगविशेष में जीता है और उसकी भी अपनी एक परिस्थिति और वातावरण हुआ करता है। और यह बात प्रत्यक्ष है कि प्रत्येक युग अपनी आवश्यकता और अपने दृष्टिकोण के अनुकूल ही कला के उपादानो पर विचार किया करता है।

किन्तु यह सब कुछ होने पर भी वर्तमान युग के प्रतिरूप विशेषो को घड़ने वाले फैशन तथा विचारो की अतस्तली मे जीवन का वही चिरतन तान छिपा हुआ है जो हमें पौराणिक रचनाओ मे सुनाई पडता है। हमारे अपने आशाव्याघातो के पीछे भी चिरतन काल के विश्वास और आशाव्याघात छिपे बैठे है। हमारे मनोविश्लेषण के मूल मे अतीत सदियो के अगणित मनोभाव तथा इच्छाभग सन्निहित है और हमारी अचेतन की खोज के पीछे आदि काल से चला आने वाला मानव हृदय का ज्ञान छिपा हुआ है।

इस प्रकार की परिस्थिति मे पूछा जा सकता है कि **सच्चा समालोचक कौन है और उसका क्या कर्तव्य है?** उन लोगो के प्रति उसका क्या उत्तर होना चाहिए, जो उससे पूछते हैं कि **उन्हें कौन सी पुस्तके पढ़नी चाहिएँ और वे** उन्हे किस प्रकार पढे?

प्रथम प्रश्न के अनेक उत्तर हो सकते हैं। महाशय टी. एस. ईलियट के मत मे **विचारवान आलोचक वह है, जो काल की वर्तमान समस्याओ मे रत रहता हो और अतीत की शक्तियो को उन समस्याओ के हल करने मे जोडता हो।** समालोचना की इस परिभाषा के मूल में निःसदेह समालोचक कलाकार बन कर बोल रहा है। एफ. आर. लेविस के अनुसार **सफल समालोचक वह है**

*समालोचक के लक्षण*

जो विधायी सन्निवेश ( situat on ) में सहायता देता हो। मैक्स ईस्टमान के मत मे समालोचना को भी वैज्ञानिक बनाया जा सकता है, और उनकी दृष्टि मे समालोचना के अनेक रहस्यो को सहज ही हल किया जा सकता है. यदि हम अपने मन को भली भाँति पहचान जाएँ। यह बात कहने मे सहज प्रतीत होती है, और इसमे सदेह नहीं कि जब विज्ञान यह बता चुकेगा कि जीवन क्या वस्तु है, समालोचना के भी बहुत से रहस्य प्रकट हो जाएँगे। किंतु इस बीच मे, जबतक कि वैज्ञानिक जीवन का निरूपण न कर उसका भूत और शक्ति इन शब्दो के द्वारा वर्णन करते रहेंगे, तब तक एक साहित्यिक समालोचना भी उत्पत्तिप्रक्रिया को मनोविज्ञान के द्वारा निरूपित न कर सकने के कारण, अपने अनुभवो के द्वारा ही इसके परिणाम का वर्णन करता रहेगा।

प्रोफेसर आई. ए रिचार्डस् —जिन्होने कलासबधी अनुभव का मनोविज्ञान द्वारा व्याख्यान करने का सूत्रपात किया था—अब भाषा-विज्ञान के द्वारा उसकी उपपत्ति मानने लगे हैं। अब उन्हे समालो-चना का भविष्य भाषाविज्ञान के गहन तथा अब तक उपेक्षा की दृष्टि से देखे गये क्षेत्र में दीख पड़ता है। क्योकि शब्दो के अर्थ और उनकी वृत्ति के विषय मे प्रश्न करना, दूसरे शब्दों मे, मनुष्य के आत्म-प्रकाशन के अशेष उपकरण समवाय पर विचार करना है। उनका विश्वास है कि जिस प्रकार भौतिक विज्ञान द्वारा हम ने बाह्य परि-स्थिति पर अधिकार प्राप्त किया है इसी प्रकार शब्दविद्या द्वारा हम अपनी मानसिक वृत्तियों पर अधिकार स्थापित कर सकेंगे।

कहना न होगा कि उक्त प्रकार का अनुशीलन गिने-चुने विशे-षज्ञों का काम है। इसके लिए इतने अधिक मानसिक विकास और मनोविज्ञान के इतने अधिक गहन परिज्ञान की आवश्यकता है कि जिसका प्राप्त करना सामान्य जनता के लिए असंभव है। इस कोटि

के समालोचकों द्वारा किये गये साहित्यविवेचन को सुन कर जनता के यह कह उठने का भय है कि इसमें समालोचक समालोचना नहीं कर रहा, अपितु वह अपनी व्युत्पत्ति और विदग्धता प्रदर्शित कर रहा है।

*समालोचना का प्रमुख ध्येय पाठकों की रुचि का परिष्कार है*

एक बात और। बहुधा हमें ऐसे समालोचक मिलते हैं, जिनका प्रत्यक्ष सबध साहित्यिक इतिहास से होता है, अथवा जो समाज, मनोविकास अथवा पुस्तक-सपादन से सबध रखते हैं। निश्चय ही ये बातें सदा साहित्य के अध्ययन तथा अनुशीलन के लिए अनिवार्य रहेंगी, क्योंकि ज्ञान के बिना रुचि मे दृढता नहीं आती, और पाठकों की रुचि का परिष्कार ही समालोचना का प्रमुख लक्ष्य है।

प्रतिभा वह शक्ति है, जो सौष्ठव को जन्म देती है, रुचि वह शक्ति है, जो प्रतिभा द्वारा उत्पन्न किये गये सौष्ठव को—अधिक से अधिक दृष्टिकोणों से, उसके गहन से गहन स्तर तक पहुँचकर, उसके अधिक से अधिक परिष्कार वैशिष्ट्य तथा सबंधों को ध्यान मे रखती हुई—देखती है। सक्षेप मे हम प्रतिभा के उत्पाद्यों से प्रभावित होने की शक्ति को रुचि कहते हैं।

हैज़लिट के अनुसार समालोचना का काम कलान्वित रचनाओं के विशेषगुणों को पहचानना और उनका लक्षण करना है। दूसरे शब्दो मे उनके अनुसार समालोचना साहित्य का विवरण ठहरती है। समालोचना के द्वारा रुचि पर नियत्रण नहीं किया जा सकता। पुस्तकों के साथ होने वाले घनिष्ठ परिचय से ही साहित्यचर्वण की शक्ति का उपलाभ होता है।

*समालोचना का*

समालोचना के निर्विकल्प नियम कोई नहीं हैं, और कोई भी सम्मति, चाहे वह कितने भी बल के साथ पद्य या गद्य मे घोषित की गई हो, सब के लिए सर्वदा

**ध्येय** मान्य नहीं होती। कला के समान समालोचना भी वैयक्तिक होती है। किंतु स्मरण रहे, वैयक्तिक सम्मतियों के पीछे एक मापदंड रहता है, जो एकांततः नित्य न होने पर भी इतना ही अविचल तथा अव्यय होता है, जितना कि किसी युग मे दीख पड़ने वाले बुद्धिचापल्य के पीछे सन्निहित हुआ अशेष युगो का पौनःपुनिक सार। महाकवि गोइटे ने कालिदास रचित शकुन्तला की समालोचना करते हुए कहा था कि यह रचना सामान्य तथा अविच्छिन्न रूप से मानव जाति का आदरपात्र रहती आई है। बस समालोचना का सबसे अधिक स्थायी मापदंड यह स्थिरता ही है। जो रचना सामान्यतया संस्कृति, सौष्ठव तथा रुचि की परिपोषक हो, समझिए वही रचना वास्तव मे अमर है, और वह सदा साहित्यिकों के मन मे रस संचार करती रहेगी। एकांत सौष्ठववाद की समस्याएँ, अमूर्त तत्त्वों का अनुशीलन करने वाले विचारकों को सदा अपनी ओर आकृष्ट करती रहेगी, किंतु साहित्यका आस्वाद तो मानवजाति का सामान्य दाय है। इसमे सन्देह नहीं कि साहित्यरसन पर भी, मानव स्वभाव मे अविभाज्य रूप से सन्निविष्ट हुई कठोरता तथा पक्षपातों का प्रभाव पड़ना अनिवार्य है, तथापि समालोचनकला की बहुत अंशों में जीवन-कला के साथ समानता है। जिस प्रकार हमारे जीवन मे निषेधात्मक तत्त्वो की अपेक्षा विधेयात्मक तत्त्वो का का अधिक महत्त्व है, इसी प्रकार समालोचना में भी सदा से विधेयात्मक दृष्टिकोण का ही महत्त्व स्थापित रहता आया है। कौन नहीं जानता कि कटु भावनाओ की अपेक्षा समवेदना और सहृदयता के भाव अधिक मंगलमय हैं, केवल बुद्धि की अपेक्षा मन तथा मनोवेग दोनों को संस्कृत करना श्रेयस्कर है, घृणा की अपेक्षा प्रेम करना कही अधिक कल्याणकारी है। प्रत्येक समालोचना में

ज्ञान का होना आवश्यक है, किंतु यही ज्ञान एक रुचिसंपन्न समालोचक की देन बन कर उसे मानसिक विदग्धता मे रँग देता है, इस पर विवेक और भद्रभावना की कूची फेर देता है, जीवन की व्यापक परिधि की नानामुखता तथा विस्तार को पहचानने की शक्ति से भूषित कर देता है, और इस प्रकार मन के अनुभवों का, उन्हे मनोवेग तथा इंद्रियतत्त्वों के साथ मिला कर व्याख्यान करता है। उसकी दृष्टि मे जीवन तथा साहित्य, स्मृति, तथा ऐशोन्मेष ( revelation ) साथ साथ चलते हैं । ज्यो ज्यो वह मनुष्य के ज्ञान और जीवन के अनुभवों को हृद्गत करता है, त्यों त्यो साहित्य के प्रति उसकी प्रतिक्रिया अधिकाधिक पूर्ण तथा बलवती होती चली जाती है, और ज्यों ज्यों उसका [illegible] बढ़ता जाता है, त्यो त्यो साहित्य के प्रति उसका अनुराग भी द्विगुणित होता चला जाता है ।

*समालोचक का महत्त्व*

और यद्यपि हम आज आशाभगों के वर्तमान नास्तिक युग में जी रहे हैं, तथापि रसिक पाठक के सम्मुख, चाहे वह अपने सिद्धान्तो तथा नियमों को किसी फलक पर उत्कीर्ण हुआ न भी देख सके, जीवन की गरिमा का एक मापदड विद्यमान है, जिसे वह अपनी हड्डियो मे अविचल तथा अपरिवर्तनीय रूप से सन्निहित हुआ अनुभव करता है । अपनी आँखो के सम्मुख भग्न होने वाले मंतव्यो के बीच मे, आर्थिक, सामाजिक तथा चारित्रिक आदर्शों के गिरने की तड़ातड़ मे, विज्ञान तथा व्यवसाय द्वारा द्विगुणित हुई मृगतृष्णा की ज्वाला मे, राजनीति के घातक दावपेचो में तानाशाही के निरंकुश प्रसर मे; विघटन विभंग तथा विच्छेद के संक्रामक संकुल मे, यह काम एक मनस्वी समालोचक ही का है कि वह व्याकुल समाज को जीवन का सरल, स्पष्ट तथा

कल्याणकारी मार्ग प्रदर्शित करे।

ऐसा समालोचक घोषित कर सकता है कि राम और सीता के पावन चरित की अव्ययता में उसका पूरा विश्वास है। शकुन्तला की प्रेमोच्छ्वसित सरल गरिमा मे उसकी अटल आस्था है। उसकी दृष्टि मे हैमलेट, प्रोमेथियस, एरमड सदा से अक्षय बने रहेगे। उसकी आस्था है रामायण, महाभारत और पैराडाइज लॉस्ट की गरिमा मे, शकुन्तला तथा गैदर यी रोजबड्स की मसृणता मे, सूरसागर, की मार्मिक मधुरिमा मे, भूषण और लाल के वीररस की लहरो मे, और रामचरितमानस की सर्वतो-मुखी एकतानता मे। वह कह सकता है कि उसका विश्वास है शेक्सपीअर तथा टाल्स्टाय की विश्वजनीनता मे, कविवर रवीन्द्र की घनता तथा तत्त्वज्ञता मे, शा की मानसिक निर्व्याजता मे और वेल्स की मानसिक उत्सुकता मे। वह घोषित कर सकता है कि उसकी श्रद्धा है चासर, फील्डिग, टॉल्स्टाय, वाल्मीक और प्रेमचद की व्यापिनी तथा वेदनाशील सुस्थता मे और शेक्सपीअर के कवित्व की गरिमा, प्रभुता और प्रभात मे।

यह विश्वास, यह आस्था और यह अभिनिवेश ऐसे हैं, जिनके समर्थन में रसिक समालोचक को कभी भी नतमस्तक नहीं होना पड़ता। चतुर समालोचक अतीत और वर्तमान दोनों ही पर व्यापक दृष्टि रखता हुआ इनको गतिमान तथा बलवान बना सकता है। उसका ध्येय होना चाहिए, समवेदना के साथ साहित्य का व्याख्यान करना। यहाँ उसे क्रोध, ईर्ष्या, असूया तथा मत्सर का परित्याग करना होगा; अपनी परिधि मे न उसे किसी का उपहास करना है और न किसी की अनुचित रूप से पीठ ठोंकनी हैं। उसका प्रमुख कर्तव्य है साहित्य को समझना और उसे समवेदना के साथ समझना।

आलोचना के मर्म का निदर्शन हो चुका; अब उसकी प्रक्रिया

पर कुछ विचार करना है। स्पिंगार्न के अनुसार सफल समालोचक को निम्नलिखित छः प्रश्नों का उत्तर देना चाहिए—

*आलोचना के उपकरण*

१. विवेच्य रचना के लेखक ने क्या करने का प्रयत्न किया है ?
२. उसने इसको किस प्रकार किया है ?
३. वह क्या व्यक्त करना चाहता है ?
४ उसने इसे किस प्रकार व्यक्त किया है ?
५. उसकी रचना का मुझ ( समालोचक ) पर क्या प्रभाव पड़ा है ?
६. मै ( समालोचक ) उस अंकन को किस प्रकार व्यक्त कर सकता हूँ ?

ध्यान रहे, ऊपर लिखी प्रश्नावलि में वैयक्तिक प्रतिक्रिया को पहला स्थान न देकर पाँचवें नम्बर पर रखा गया है। क्रोस के अनुसार आज समालोचना मे वैयक्तिक प्रतिवचन का यही स्थान है।

प्रोफेसर मिडल्टन मरे समालोचना की तुलनात्मक प्रक्रिया का वर्णन करते हुए लिखते है—

"सब से पहले एक समालोचक का अपनी समालोच्य रचना के अशेष प्रभाव को, अर्थात् उसकी विशिष्ट अपूर्वता को व्यक्त करने का प्रयत्न करना चाहिए। दूसरे, पीछे की ओर चल कर, उसे इस प्रकाशन को अनिवार्य बनाने वाली अनुभूति के अपूर्व गुण का निरूपण करना चाहिए। तीसरे, उस अनुभूति के निर्धारक कारणों को प्रतिष्ठित करना चाहिए। चौथे, उसे उन उपायो का विश्लेषण करना चाहिए, जिनके द्वारा इस अनुभूति का अभिव्यंजन किया गया है; ( इसी को हम दूसरे शब्दों में रचनाशैली आदि का परी-

क्षण करना कहते हैं ) पाँचवें; उसे उस रचना के किसी सदीपक उद्धरण का, अर्थात् ऐसे उद्धरण का, जिसमें लेखक की अनुभूति जगमगा उठी हो, ध्यान से परीक्षण करना चाहिए। समालोचना के पाँचवें अवस्थान में समालोचक फिर पहले अवस्थान पर जा पहुँचता है, भेद इतना होता है कि इस अवस्थान मे सगत सामग्री को क्रम देकर उसे पाठक के सम्मुख रख दिया जाता है।

किंतु समालोचक शब्द का एक दूसरा अर्थ इससे भी कहीं अधिक व्यापक है। इसके अनुसार समालोचक एक मात्र उसे ही नहीं कहते, जो किसी एक कविता अथवा कवितावलि पर अपनी सम्मति प्रकट करे। बहुधा हमें किसी एक लेखक की उसकी समष्टि के रूप में आलोचना करनी होती है। तब हमें यह पूछना होगा कि क्या समालोचक के पास तदपेक्षित दृष्टिकोण विद्यमान है। क्योंकि उत्कृष्ट आलोचना का महत्त्व समालोचक की सम्मतिविशेष मे नहीं, अपितु उसके दृष्टिकोण की उचितता मे होता है। इस उचित दृष्टिकोण को उन समालोचकों मे ढूँढना वृथा है, जो साहित्य को तुला के बट्टों से तोलते हैं। **सच्चा समालोचक वह है, जो साहित्य को एक संस्था न समझ उसे सजीव शक्ति समझता हो, उसे जीवित मानव के उपयोग की विकासमयी वस्तु मानता हो।**

*समालोचक के लिए अपेक्षित तत्त्व*

**समालोचक मे राग और ज्ञान दोनों ही का होना आवश्यक** है। उसे साहित्य की प्रचलित समस्याओं में पारंगत होना चाहिए और अतीत की शक्तियों को इन समस्याओं के विवृत करने मे व्याप्त करने वाला होना चाहिए। यद्यपि केवल ज्ञान अथवा तीव्र से तीव्र स्मृति भी यदि उनके साथ समालोचना के अन्य उपकरण न जुड़े हो तो निरर्थक हैं तथापि समालोचना के अन्य उपकरणों के साथ मिला हुआ ज्ञान समालोचक

को पारस्परिक विरोध तथा विसवादिता जैसे दोषों से बचा देता है। इतिहास के किसी एक युग मे प्रवीणता लाभ करके भी समालोचक इतिहास के अन्य युगों से सुतरा अपरिचित रह सकता है। **आदर्श समालोचक का कर्तव्य है कि वह सभी युगो से परिचय प्राप्त करे और साथ ही समालोच्य युग मे पूरी पूरी प्रवीणता उपलब्ध करे।** उस युगविशेष मे प्राप्त की गई प्रवीणता से उसे सब धार्मिक, सामाजिक, तथा राजनीतिक परिस्थितियों का परिज्ञान हो जायगा, जिनकी समष्टि मे से उसकी उस समालोच्य रचना का आविर्भाव हुआ है।

**समालोचक के वे दो प्रधान उपकरण, अर्थात् विश्लेषण और तुलना, रुचि ( taste ) के बिना निरर्थक से है,** रुचि प्रकाशन के लिए सत्यवृत्ति तथा साहस अपेक्षित हैं, क्योंकि एक न्यायप्रिय समालोचक को अपने समसामयिक रीतिरिवाजों तथा वेशभूषाओं पर ध्यान देते हुए अपने विचार प्रकट करने हैं। उसे, चाहे उसका समालोच्य लेखक कितना भी महान् क्यों न हो—उसके उन बिंदुओं को देखना और प्रकाशित करना है, जो किसी लेखक को **महान् से अच्छे मे** परिवर्तित कर देते हैं।

**सच्चे समालोचक मे जोश ( gusto ) होना अपेक्षित है।** उसमे अपनी प्रसन्नता तथा अनुराग को दूसरो पर संक्रमित करने की क्षमता होनी चाहिए। उसकी तीक्ष्णता संक्रामक होनी चाहिए। हम चाहते हैं कि वह हमें अपने उत्साह और विरक्ति दोनो मे सम्मिलित करे। समालोचना की शैली मधुमती होनी चाहिए और उसके पाठक को आनन्द मिलना चाहिए। समालोचक जितने ही अच्छे प्रकार से अपनी कला को प्रकाशित करता है, उतने ही अधिक चाव से हम उसकी रचना के पृष्ठों को उलटते हैं।

**हम अपेक्षा करते हैं एक समालोचक से—समालोचना**

के शरीर के रूप मे, गरिमान्वित समालोच्य सामग्री की; इस शरीर को प्रकाश तथा पुष्टि प्रदान करने के लिए स्फुटता और सुनिश्चितता की, उसे अनुप्राणित करने के लिए उत्साह की, और इन सब को उसमे एकतान्वित करने और उसके स्वाद को दूसरों तक पहुँचाने के लिए वर्चस्वी व्यक्तित्व की। इन उपकरणों का किसी एक समालोचक मे एक साथ मिलना दुर्लभ होता है। कतिपय आचार्य तो समालोचकों से इससे भी कहीं अधिक आशा करते हैं। इस प्रसग मे डे लेविस का कथन है कि समालोचना के महत्त्वशाली दो वर्ग हो सकते हैं, पहले वर्ग मे पाठक के मार्ग मे उसके मार्गप्रदर्शन के लिए निदर्शनचिह्न लगाये जाते है, कठिन घाटियों मे उसका हाथ पकड़ कर उसे सहारा दिया जाता है और उसे समझाया जाता है कि यह यात्रा करने योग्य है अथवा नहीं। समालोचना का दूसरा, अर्थात् विधायक प्रकार, अन्य विधायक रचनाओं की भाँति दुर्घट है। जब कोई समालोचक किसी लेखक का परिशीलन कर चुका होता है, पर्याप्त समय तक उसके साथ उसी की चित्तवृत्तियो मे लीन रह चुका होता है, उससे अतिसिक्त हो चुका होता है, तब उन दोनो में एक प्रकार की सजातीयता उत्पन्न हो जाती है, जिससे कि आचार्य की कुछ शक्ति शिष्य पर संक्रमित हो जाती है। एलिस मेलन ने समालोचक के गुणो की एक लंबी-चौड़ी सूची तैयार करके अंत में उसके लिए ये बातें वाञ्छनीय बताई हैं; सुनिश्चितता—और उसके असाधारण सहचर, स्वातंत्र्य, उत्प्लुति, उदात्तता, उत्साह, अवकाशबोध, सामीप्यबोध आत्मिक अनुभूति के लिए संनद्धता, और एकांतवासी पाठक की अशेष गंभीरता तथा व्यवसाय।

*समालोचना के दो प्रकार*

हाल ही मे हमारा ध्यान साहित्य के सामाजिक समन्वय (impli-

cation ) की ओर आकृष्ट हुआ है। प्रो० हर्बर्ट रीड ने कहा है कि सच्ची साहित्यिक समालोचना वह है जो कला के उत्पाद्य का प्रादुर्भाव, व्यक्ति के मनोविज्ञान और समाज के आर्थिक संस्थान मे ढूँढती हो। इस उक्ति का मूल हमे उस विश्वास मे निहित हुआ प्रतीत होता है, जिसके अनुसार साहित्य मनुष्यों के जीवन का एक यथार्थ अग है। समालोचना के इस नवीन सिद्धात के अनुसार हाल ही में अंग्रेजी साहित्य का एक इतिहास, वहाँ के समाज को ध्यान मे रख कर लिखा गया है। इस प्रणाली मे सब से बड़ा दोष यह है कि इसमे लेखकों को समाज के ऐतिहासिकों द्वारा गढे गये, ढाँचे मे बलात् कहीं ठोका जाता है और उनकी रचनाओं के वे भाग, जिनका अपने समसामयिक समाज के साथ कोई सम्बन्ध नहीं होता अनालोचित रह जाते है। इस प्रवृत्ति की पराकोटि से हम यही परिणाम निकाल सकते हैं कि साहित्य और उसके समालोचक दोनों को सदा इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि उनका समाज के साथ गहरा सम्बन्ध है।

*समालोचना के विषय में रीड का मत*

हो सकता है कि हमे आदर्श आलोचक के कभी दर्शन ही न हों; यह भी सम्भव है कि हम कभी, आदर्श आलोचक को भूषित करने वाले कौन से उपकरण है, इस पर भी एकमत न हो सकें। किंतु हमारे मध्य इस विषय में कभी मतिद्वैध नहीं होना चाहिए कि आलोचकों ने हमारे ऊपर उपकार किये हैं, और उनकी रचनाओं का भी अपना एक विशेष महत्त्व है। हमें उन्हे चेकोव के इस कटाक्ष से, कि समालोचक तो घोड़े की वह मक्खी है जो उसे हल चलाने से रोकती है और सिबेलियस के

*हमे समालोचक का आदर करना चाहिए*

इस आक्षेप से कि स्मरण रखो समालोचक के लिए कभी किसी ने कोई स्मारक नहीं खड़ा किया, बचाना चाहिए। वर्तमान युग के समालोचक को स्मारक की आवश्यकता नहीं है, और कौन जानता है कि भविष्य में मानवसमाज उसे कितने आदर की दृष्टि से देखेगा।

समालोचना पर लिखने वाले आचार्यों ने समालोच्य सामग्री और समालोचनाप्रणाली के अनुसार उसके अनेक वर्ग किये हैं, हम यहाँ उनमें न पड़कर संक्षेप में पाश्चात्य तथा भारतीय आलोचना का दिग्दर्शन करेंगे।

*पश्चिमी आलोचना*

पश्चिम का सर्वप्रथम साहित्याचार्य प्लेटो है। उसने साहित्य का साहित्यिक दृष्टि से अध्ययन करते हुए कला और सत्य का अटूट संबंध दर्शाया है। उसके मत में काव्य द्वारा जो कुछ प्रतिपादित अथवा अभिव्यक्त किया जाय वह सत्य होना चाहिए, अपने आधारभूत प्राकृतिक सत्य से मेल खाता हुआ होना चाहिए। इस प्रकार सत्य के निश्चित आदर्श को सामने रख कर कला और काव्य की परीक्षा करने वाले प्लेटो की यथार्थवाद पर जोर देने वाली समालोचनापद्धति को हम आदर्शवादी कह सकते हैं।

प्लेटो के शिष्य अरस्तू ने अपने गुरु के यथार्थवाद को स्वीकार किया; किंतु जहाँ प्लेटो ने काव्य को सत्य की प्रतिमूर्ति माना था, वहाँ अरस्तू ने उसे अनुकरण मानते हुए कला तथा विज्ञान का भेद बता कर काव्यसाहित्य और सामान्यसाहित्य में भेद निर्दर्शित किया।

ईसा की तीसरी शताब्दी में लांगीनस (Longinus) नाम का प्रख्यात विवेचक हुआ, जिसने दि सब्लाइम नाम के प्रसिद्ध प्रबंध में काव्य तथा कला पर अच्छा विवेचन किया।

अर्वाचीन काल में एडिसन ने आलोचना के क्षेत्र मे कल्पना का सूत्रपात करके, मनोविज्ञान के आधार पर कल्पना और कल्पनाजन्य सुख का वर्णन किया। "इस प्रकार इस काल मे सत्य सुषमा और कल्पना के आधार पर आलोचना के तीन तत्त्व स्थिर हुए, वस्तु, रीति, और सुखानुभव कराने की योग्यता।"

साहित्यिक इतिहास के कतिपय युग आदर्श समालोचना के लिए प्रोत्साहक सिद्ध होते है। एलिज़ाबेथ के समय में समालोचकों के सम्मुख समालोचना का परिच्छिन्न मापदड उपस्थित न था, और उन्हे अपने देशवासियो की रचनाओ का विवरण ग्रीक तथा लैटिन साहित्य के नियमों के अनुसार करना पड़ता था। सत्रहवी शताब्दी के इंगलैंड में यह आवाज़ उठी कि इगलैंड का अपना साहित्य फरांसीसी साहित्य से नीची श्रेणी का है। ड्रायडन ने इस आक्षेप का प्रत्याख्यान करते हुए अपने देशवासियो को अपनी मातृभाषा की सेवा मे दत्तचित्त किया। अठारहवीं सदी मे नियमानुसारिता—अर्थात् साहित्यशास्त्र के नियमों पर चलने की परिपाटी पर बल दिया गया। इस सदी के अंतिम भाग मे भी हम रेनल्ड्स ( Reynolds ) को नियमों की पूजा करते हुए देखते हैं। उसके अनुसार एक कलाकार का सब से बड़ा गुण महाकवियों के पदचिह्नों पर चलना है। उन्नीसवीं सदी के प्रथमार्ध मे राजनीतिक दृष्टिकोण ने समालोचना के विकास मे बाधा डाली। दि एडिनबरा रिव्यू, दि क्वार्टर्ली और ब्लेकवुड्स मे प्रकाशित होने वाली समालोचना का दृष्टिकोण लेखक के राजनीतिक दृष्टिकोण से सबद्ध रहता था, और बहुधा अच्छे से अच्छे लेखकों को उनके वैयक्तिक राजनीतिक दृष्टिकोण के कारण दुतकार दिया जाता था। इस युग मे जैफ्री ( Jeffrey ) ने समालोचना क्षेत्र में अच्छी ख्याति प्राप्त की। मैकाले ने बताया कि समालोचना के परिशीलन में भी रसानुभव हो

सकता है, इसके अनुशीलन में भी उत्तेजना तथा उद्दीपन हो सकते हैं। आर्नल्ड ने सामान्य कोटि की रचनाओं का पराभव करके लेखकों को उत्कृष्ट रचनाओं की ओर अग्रसर किया। कार्लाइल ने ग्राम्यता तथा परिसीमितता का प्रत्याख्यान करते हुए अपने युग के कवियों को जर्मन साहित्य का अनुशीलन करने की ओर प्रवृत्त किया।

बीसवीं सदी के साथ हमारे सम्मुख फिर वही प्राचीन समस्या आती है, और हम विधायी अंगीकार (Constructive acceptance)—जो कि निर्माण करने वाले कलाकारों का राजपथ है—और क्रांति, जिस पर साहसी-मार्गप्रदर्शक चलते आये हैं, इन दोनो सिद्धांतो मे से किसे ग्रहण करें और किसे छोड़ें इस दुविधा के फँस जाते हैं। प्रजातन्त्रवाद से प्रसूत हुई प्रचुर साक्षरता के युग ने, देश के नगर नगर, ग्राम ग्राम और कोने कोने में बसने वाले पतिपत्नियो के अवकाश के समय को अनायास गुजारने के उद्देश्य से पुस्तको को इतनी विपुल संख्या मे जन्म दिया है कि जिसका वर्णन करना कठिन है। इसके साथ ही इन पुस्तकों के ढेरों में से ग्राह्य पुस्तको को चुनने के प्रधान उपकरण समालोचना-साहित्य को, और समाचारपत्र तथा पत्रिकाओ मे प्रकाशित होने वाली समालोचनाओ को भी यथेष्ट प्रगति मिली, किंतु दुःख है कि अस्तव्यवस्तता के वर्तमान युग में, जब कि उत्कृष्ट कोटि के समालोचनासाहित्य की सब से अधिक आवश्यकता थी, उसका बहुत ही न्यून मात्रा में विकास हो पाया है।

अंग्रेजी समालोचनाक्षेत्र में चॉसर, सिडने, वेन, जॉनसन, ड्रायडन, पोप, एडीसन, जॉह्सन, हैज़लिट, लैंब, वर्ड्सवर्थ, कोलरिज, कीट्स, आर्नल्ड, हार्डी, गाल्जवर्दी, ईलियट, रीड और ऑडन के नाम स्मरणीय हैं।

*भारतीय समालोचनाशास्त्र*

जिस प्रकार हमने संक्षेप में पाश्चात्य समालोचना का सिंहावलोकन किया है, उसी प्रकार भारतीय समालोचना पर भी एक दृष्टि दौड़ानी है। भामह के काव्यालंकार, दंडी के काव्यादर्श, मम्मट के काव्यप्रकाश, आनंदवर्धन के ध्वन्यालोक, विश्वनाथ के साहित्य-दर्पण और राजेश्वर के [illegible] आदि ग्रन्थो को सभी जानते हैं, और यह कहने की आवश्यकता नही कि भारतीय आचार्यो ने शब्द, अर्थ और रस की जितने विस्तार और जितनी गहनता के साथ विवेचना की है, उतनी अन्य किसी भी देश के आचार्यो ने नहीं की। पाश्चात्य समालोचकों के सभी सिद्धांत किसी न किसी रूप में हमारे आचार्यों ने यूरोपीय समालोचकों से कही पहले बता दिये हैं, यहाँ तक कि उन्होने अपनी उत्कट विवेचना शक्ति के द्वारा समालोचना को काव्यक्षेत्र से ऊपर उभार विज्ञान और दर्शन की परिधि में पहुँचा दिया है।

कहना न होगा कि जिस प्रकार अन्य अंगो मे उसी प्रकार समालोचना मे भी, हिंदी साहित्य संस्कृत साहित्य का अनुगामी रहा है, और जिस प्रकार रस तथा अलंकार आदि काव्योपकरणों पर हमें संस्कृत मे अगणित ग्रंथ मिलते हैं, इसी प्रकार हिंदी साहित्य मे भी इन पर प्रचुर विचार किया गया है। हिंदी समालोचना के इस पटल को छोड़ हम उसे चार भागो में विभक्त कर सकते हैं। इतिहास, तुलना, भूमिका और परिचय। हिंदी साहित्य के कतिपय इतिहास लिखे जा चुके हैं। कतिपय कवियों का तुलनात्मक आलोचन भी हो चुका है। प्राचीन तथा नवीन कवियो की भूमिकाएँ लिखी गई हैं, और पत्रपत्रिकाओं में परिचय के रूप में छोटी मोटी आलोचनाएँ प्रकाशित होती रहती हैं। किंतु अभी दो आवश्यक अंग अछूते पड़े हैं; कवियों की सर्वांगीण समालोचना और आलो-

चना-शास्त्र का निर्धारित रूप। दोनों ही क्षेत्रों में यत्न हो रहा है; किंतु अभी उल्लेखयोग्य कार्य नहीं हो पाया है।

---

## पद्य+गद्य : दृश्यकाव्य—नाटक

साहित्य का निरूपण करते हुए हम ने उसे दो विधाओं में विभक्त किया था : एक श्रव्य और दूसरी दृश्य। श्रव्य काव्य का वर्णन हो चुका, प्रस्तुत प्रकरण में दृश्य काव्य, अर्थात नाटक का विवेचन किया जायगा।

उपन्यास के प्रकरण में हम उन सभी तत्त्वों पर विचार कर आये हैं जो उपन्यास के समान नाटक के निर्माण में भी उपकरण बनते हैं, जैसे—**कथावस्तु, चरित्रचित्रण, कथोपकथन, देशकाल और जीवन का व्याख्यान**। किंतु इन तत्त्वों के समान होने पर भी नाटकीय कलाकार की कार्य परिस्थिति उपन्यासकार की परिस्थिति से सुतरां भिन्न प्रकार की होती है, और इसी कारण दोनों अपनी अपनी अर्थ सामग्री को भिन्न भिन्न प्रकार से उपयोग में लाते हैं। फलतः कला की दृष्टि से उपन्यास तथा नाटक में मौलिक भेद है, यह मौलिक भेद ही हमारे वर्तमान विवेचन का मूलाधार है।

नाटक के विषय में यह बात स्मरण रखनी चाहिए कि वे बातें, जिन्हें हम नाटकीय विधान के सिद्धांत अथवा नाटकीय कला के नियमों के नाम से पुकारते हैं, नाटक की उन आवश्यकताओं तथा अपेक्षाओं से उत्पन्न होती हैं, जो एक नाटक के लिए, उसकी अपनी सत्ता के कारण, आवश्यक बन जाती हैं। हम जानते हैं कि प्राचीन महाकाव्य सुनाने के लिए रचा गया था, और आधुनिक उपन्यास का उद्देश्य पढ़ना है, जब कि एक नाटक का लक्ष्य

**कथानक की घटनाओं को विकसाने वाले व्यक्तियों के** प्रतिनिधि-**भूत पात्रों के** द्वारा अभिनय करना **है**। इसी कारण जब कि **महाकाव्य और उपन्यास की मौलिक** वृत्ति **वर्णन करना** है **नाटक का काम अभिनय और कथोपकथन** के द्वारा **अनुकरण करना है**, और अनुकरण की इस वृत्ति के लिए अनिवार्यरूपेण **आवश्यक होने** वाले तत्त्वों पर ध्यान देते हुए ही नाटक के तत्त्वों पर विचार करना लाभदायक होगा।

*नाटक रंगमंच का खेल है*

कहना न होगा कि उपन्यास तथा नाटक के मध्य दीखने वाले प्रमुख भेद को सिद्धांत की दृष्टि से कूत लेने पर भी उसका स्पष्ट रूप से पहचानना दुष्कर है, इसलिए इस विषय में यहाँ किंचित् विस्तार मे जाना आवश्यक प्रतीत होता है।

**उपन्यास अपने आपे मे परिपूर्ण होता है**, अर्थात् एक उपन्यासकार अपनी परिधि मे उन सब बातों का समावेश करता है, जिन्हे वह अपनी कथनीय वस्तु को विकसाने के लिए आवश्यक समझता है। दूसरी ओर **एक नाटक**—जैसा कि यह मुद्रित होकर हमारे सम्मुख आता है और जिस रूप मे हम इसे पढ़ते हैं—**उपन्यास के समान अपने आपे मे परिपूर्ण नहीं होता**। पद पद पर इसे उन बाह्य संकेतों की अपेक्षा रहती है, जो मुद्रित रचना में नहीं आने पाते। वस्तुतः जिस नाटक को हम पुस्तक के रूप में पढते हैं वह तो कथानक की रूपरेखामात्र है, अर्थात् यह उस वस्तु का कच्चा खाका है जिसे हमे पात्रों के क्रियाकलाप द्वारा अभी भरना है, यह तो रंगमच पर दिखाये जाने वाले अभिनय की—जिसके उचित विधान पर नाटकीय कलाकार की सफलता निर्भर है—एक साहित्यिक अथवा लेखात्मक संकेतधारा है। फलतः नाटक के पढने मे हमें बहुत सी अ[illegible]ओं तथा न्यूनताओं का सामना

करना पड़ता है, क्योंकि हम पर होने वाले नाटकीय प्रभाव का अधिकाश, हमारी कल्पना के प्रति की जाने वाली उन अपीलों के, उन व्याख्यानों तथा वैयक्तिक टीकाओं के अभाव मे—जिनके द्वारा हम पात्रों को समझते और उनके ध्येयों तथा उनके क्रियाकलाप के चारित्रिक महत्त्व को पहचानते हैं—नष्ट हो जाता है। इसी कारण साहित्य के रूप मे एक नाटक का समझना हमारे लिए उपन्यास को समझने की अपेक्षा कही अधिक दु:साध्य हो जाता है। नाटक को पढते समय हमें उन सब बाह्य परिस्थितियो की—जिनमें नाटक का आत्मा सपुटित रहता है—अपनी ओर से ऊहा करनी पड़ती है, वास्तविक अभिनय की कला को भी हम अपनी ओर मे पूरा करते हैं। सक्षेप में विस्तार की उन सभी बातों को, जिन्हे हम रगशाला में बैठ पात्रों को अपनी आँखों के आगे काम करता हुआ देख कर सहज ही हृद्गत कर लेते हैं, नाटक को पुस्तक के रूप मे पढते समय अपनी ओर से पूरा करते है। फलतः नाटकीय रचना को पढते समय हमारी कल्पना इतनी तीव्र होनी चाहिए कि ज्यो ज्यों हम नाटक को पढते जायँ त्यो त्यो उसके भिन्न भिन्न दृश्य हमारी आँखों के सामने इस प्रकार उघड़ते चले जायँ, मानों हम उन्हे नाटक में बैठे देख रहे हों। सामान्यतया, कालिदास और शेक्सपीअर के नाटकों को पढते समय—जिन्हे हम आज रगमच पर खेलने आदि के अभिप्राय से लिखे गये न समझ विशुद्ध साहित्य, अर्थात् कविता आदि के रूप में मानने लगे है—हम इस प्रकार की अत्यन्त आवश्यक नाटकीय बातों को भूल जाते हैं। फलतः इस बात पर बल देना अभीष्ट प्रतीत होता है कि किसी भी नाटक के अनुशीलन के समय हमें उसके लिए अनिवार्यरूपेण आवश्यक होने वाली नाटकीय परिस्थितियों को अपने सम्मुख लाने का प्रयत्न करना चाहिए, जिससे कि नाटकीय रचना को पढ़ते हुए भी हम उसमें

रंगमंचीय अभिनय का आनंद ले सकें। **क्योंकि नाटक को लिखने का प्रमुख लक्ष्य ही अभिनय के द्वारा प्रेक्षकों का चित्तरंजन करना है।**

कहना न होगा कि साहित्य की अन्य विधाओं के समान नाटक भी जीवन का व्याख्यान करता है, और इस काम के लिए वह भी उपन्यास के समान **कथावस्तु, चरित्रचित्रण, कथोपकथन** आदि तत्त्वो पर खड़ा होता है। किंतु अपनी कथावस्तु के उत्थान मे एक नाटककार को उपन्यासकार की अपेक्षा कहीं अधिक कठिनाइयो का सामना करना पडता है। उपन्यासकार अपनी रचना को जितना चाहे, विस्तृत बना सकता है और उसी के अनुरूप वह अपनी रचना मे, जितनी चाहे, सामग्री भी एकत्र कर सकता है। किंतु इन दोनो ही बातों मे नाटककार के ऊपर अनेक प्रतिरोध है। हम जानते हैं कि उपन्यास एक ही बेठक मे पढने के उद्देश्य से नहीं लिखा जाता, इसे पढना प्रारम्भ करके हम बीच मे उठा कर रख सकते हैं और अपनी रुचि और सुविधा के अनुसार जहाँ इसे छोडा था, वहाँ से फिर आरभ कर सकते है। इसका पढना कई दिनों और कई सप्ताहों तक चल सकता है। **उपन्यास की प्रमुख विशेषता ही यह है कि इसकी कथनीय वस्तु में हमारी रुचि ऐसी बनी रहे कि हम इसे जब चाहे पढ़ ले।** दूसरी ओर, अरस्तू के **अनुसार एक नाटक को एक ही बैठक मे समाप्त होना चाहिए,** और क्योंकि प्रेक्षकों की सहनशक्ति की एक सीमा है, और किसी निश्चित सीमा तक पहुँच जाने पर अच्छे से अच्छे दृश्यो को देखने से भी प्रेक्षकों का मन ऊब जाना स्वाभाविक है, इसलिए **नाटक मे उसकी दर्शनीय वस्तु का संक्षिप्त होना सबसे अधिक आवश्यक है।** और इसी कारण एक उपन्यासकार की अपेक्षा नाटककार को कहीं अधिक सकुचित परिधि में काम करना पड़ता

है, और इसी उद्देश्य से उसे अपनी सामग्री को काट-छाँट कर नपी-तुली बनाना होता है, उसमे से उन सब वस्तुओ को, जिनके बिना उसका काम चल सकता है निकाल देना पडता है, और अपनी रचना मे एकमात्र उन्ही महत्त्वशाली घटनाओं तथा परिस्थितियो को अपनाना होता है, जिनके समावेश के बिना उसकी कथा आगे सरक ही नहीं सकती। इन्ही बातों को ध्यान में रखते हुए अरस्तू ने कहा था कि **एक नाटककार को अपनी दुःखात कथा महाकाव्य के प्रसार मे नही कहनी चाहिए**, अर्थात् उसे अपनी रचना का विषय ऐसी कथा को नहीं बनाना चाहिए, जिसके गर्भ मे अनेक कथाओ का आना स्वाभाविक हो, जैसा कि रामायण, महाभारत, इलियड और ओडेसी की कथाएँ। और यही बात लागू होती है किसी बडे उपन्यास के वस्तुतत्त्व पर, क्योंकि एक महाकाव्य के समान विशाल उपन्यास की कथा को भी सफलता के साथ नाटक के रूप में नही बदला जा सकता। इसमें संदेह नही कि इस सत्तेप और संकोच की उपलब्धि मे एक नाटककार को रंगमंच से सम्बन्ध रखने वाली भाँति भाँति की परिभापाओ से पर्याप्त सहायता मिलती है, क्योकि वे बहुत सी बाते जिनका एक उपन्यासकार को वर्णन करना पड़ता है, नाटक में ऐतिहासिक परिज्ञान पर छोड़ दी जाती हैं, जब कि रगमच का अपना विशेष प्रकार का विधान नाट्यकार को वागात्मक वर्णन की आवश्यकता से किसी सीमा तक मुक्त कर देता है। किंतु इस सकुचित परिधि मे काम करते हुए भी अपनी कथनीय वस्तु को स्पष्टता के साथ व्यक्त करने की आवश्यकता एक नाटककार की निर्माणशक्ति पर भारी दबाव डालती है, और उसकी उपपाद्य वस्तु के इसी महत्त्वशाली पटल पर हमें सबसे पहले विचार करना है।

नाटकीय विश्लेषण से ज्ञात होता है कि जहाँ एक उपन्यासकार प्रसग प्रसग पर उठने वाली छोटी बड़ी सभी बातो को अपनी रचना में

स्थान देता हुआ विस्तार के साथ अपनी कहानी कहता है, वहाँ प्रवीण नाटककार गौण बातों को नाटक में आने वाले उन दृश्यों द्वारा दिखाया करता है, जो बहुधा कथा की कड़ियों को जोड़ने का काम करते हैं। किंतु इस विषय मे भी रंगमच की रूपरेखा मे परिवर्तन हो जाने के कारण प्राचीन नाटकों तथा नवीन नाटकों में भारी भेद आ गया है। और जब हम इस दृष्टि मे शेक्सपीअर तथा इब्सन के नाटकों का साम्मुख्य करते हैं तब हमें इब्सन की अपेक्षा शेक्सपीअर का कथनप्रकार बहुत कुछ महाकाव्यो के कथन प्रकार से मिलता दीख पड़ता है; क्योंकि महाकवियो के समान शेक्सपीअर भी बहुधा अपने कथावस्तु को गौण दृश्यो की परपरा के मध्य मे से आगे सरकाते है। कहना न होगा कि उनकी इस प्रक्रिया का मूल किसी सीमा तक उनके समसामयिक रगमच की खुली स्वतत्रता मे है।

*कथावस्तु को जन्म देने वाला तत्त्व*

नाटकीय अभिनय का सार उसकी गतिशीलता मे है। दूसरे शब्दों मे नाटक का प्रमुख ध्येय है प्रेक्षकों के मन मे प्रगति (progression) उत्पन्न करना। इसीलिए नाटक मे गतिशून्य तत्त्वो को आवश्यकता से अधिक स्थान नहीं दिया जाता। विद्वान् मानते आये हैं कि इस गतिशीलता के लिए—और यही है नाटक का आत्मा—आवश्यक है कि यह उस विरोध अथवा विग्रह मे परिणत हो, जो नाटकीय अनुभूति का सर्वस्व है। इस बात मे किसी अंश तक अत्युक्ति है, क्योंकि स्वयं चेखोव के नाटक ही इस बात को सिद्ध करने के लिए पर्याप्त हैं कि नाटक के लिए यह अनिवार्य नही है कि उसमें पराकोटि और परिणाम से अनुगत विरोध अथवा विग्रह अवश्य हो; जैसा कि ग्रीक नाटकों में पाया जाता है। किंतु, क्योंकि सभी प्रकार की आनन्दप्रद नाटकीय अनुभूति का आधार पात्रों

का व्यापार में प्रदर्शन करना है. इसलिए हमारी समझ मे नाटक की उत्पत्ति तब तक असंभव है जब तक कि पात्रों का संबंध किसी प्रकार के ऐसे संकरण ( complicat on ) से न हो जो अनिवार्यरूप से दो विरोधी व्यक्तियों, भावनाओं, परिस्थितियों अथवा विचारो मे दीख पड़ने वाले प्रातीप्य में परिणत हो जाया करता है, जैसा कि ओथेलो और इयागो का, कभी यह विरोध चरित्र और परिस्थिति के मध्य दीख पड़ने वाले वैमुख्य के रूप मे प्रकट होता है, कभी एक ही पात्र मे दीख पड़ने वाली दो विरोधी वृत्तियों के वैमुख्य के रूप मे हमारे सम्मुख आता है, जैसा मैकबेथ मे, और कभी एक ही पात्र मे एकत्र हुई अनेक प्रतीपी वृत्तियो के वैमुख्य मे जैसा कि हैमलट मे। यह वैमुख्य कभी इच्छा तथा ध्येय के मध्य दीख पड़ने वाले विरोध का रूप धारण कर सकता है, कभी एक प्रकार के जीवन की दूसरी प्रकार के जीवन से होने वाली टक्कर मे परिणत हो जाता है। कभी कुछ तथ्यो का दूसरे तथ्यो से, कभी तथ्यो का सिद्धान्ता से और कभी आत्मिक विभूति का यत्रकला से विरोध भी देखा गया है।

दो विरोधी शक्तियों के इस पारस्परिक विग्रह ही मे नाटकीय कथावस्तु की उत्पत्ति होती है, और इस कथावस्तु की वृत्ति—और यही है नाटक का सब से सारवान् स्वत्व—है परिस्थिति के ऐसे संस्थान की ऊहा में, जिस में पकडे जाने पर पात्रो की परीक्षा हो जाय, और उन परिस्थितियो के द्वारा, जिन मे वे फॅस गये हैं, उनका अपना आपा हमारे सामने फलक जाय। सफल नाटक के पात्र बहुधा बड़ी स्पष्टता तथा गहनता के साथ हमारे मन में घर कर लेते हैं, किंतु यह सब किस बात के आधार पर; एकमात्र उन घटनाओं तथा व्यापारो के आधार पर, जिन के बीच में नाटक ने उन्हें, उनके अपने आपे को विवृत करने के लिए, धॅसा दिया है।

घटनाओं की यह परंपरा ही पात्रों की उस आत्मवत्ता तथा वृत्ति को उद्घाटित करती है, जिसे हम **चरित्र** इस नाम से पुकारा करते हैं और जो प्रत्येक पात्र की उस यथार्थता को बनाये रखती है, जिसमे कि एक नाट्यकार उसे संपुटित करना चाहता है। फलत. प्रत्येक पात्र नाटक मे ठीक ऐसा ही उतरता है, जैसा कि नाट्यकार उसे अपनी रचना मे उद्भावित करना चाहता है, जैसा कि वह नाटक कहाने वाली रचना में व्यापार करता है, और नाटक मे दीख पड़ने वाले इसी तत्त्व के द्वारा हम उसके दूसरे तत्त्व, अर्थात् **चरित्र-चित्रण** पर आते हैं।

*चरित्रचित्रण*

जहाँ कथावस्तु के प्रबंध की दृष्टि से नाटक और उपन्यास में वैज्ञानिक भेद है, वहाँ चरित्र के प्रदर्शन की दृष्टि से इन दोनो मे और भी बड़ा अंतर है। कभी कभी लोग भ्रमवश यह मानने लगते है कि, क्योंकि रंगमंच का सम्बन्ध अनिवार्य रूप से बहुत कुछ व्यापार के साथ है, इसलिए चरित्रचित्रण का उसमे विशेष महत्त्व नहीं है। इसी विचार को मन मे रख कर बहुत से नाटक लिखे जा रहे हैं। किंतु स्मरण रहे, चरित्रचित्रण की जितनी विपुल महत्ता उपन्यास में है उतनी ही नाटक मे भी है। इसी बात को मन में रख कर हेनरी आर्थर जोंस ने लिखा है कि **मेरे विचार मे थियेटर मे जाने वाले जन-सामान्य की माँग एक नाटकलेखक से वही होगी, जो एक बच्चे की होती है, अर्थात् "मुझे कहानी सुनाओ।"** और यहाँ हम कथा का कथा के रूप में महत्त्व कम न बताते हुए यह कहेंगे कि नाटक मे कथा, घटना और परिस्थिति, जब तक कि इनका पात्र के साथ संबंध नहीं जुड़ता, किसी सीमा तक वृथा और निरर्थक रहती हैं। वस्तुतः नाटक के ये सब उपकरण चरित्रचित्रण के ही रूपविशेष हैं। **किसी भी नाटक के मौलिक महत्त्व का आधार**

उसमे निष्पन्न होने वाला चरित्रचित्रण है। इस सिद्धात को हृद्गत करने के लिए हमे कालिदास द्वारा किया गया शकुन्तला का चित्रण और शेक्सपीअर द्वारा किया गया उनके अनेक पात्रों का चित्रण देखना चाहिए। कोई भी वेदनाशील पाठक इस बात से सहमत नही होगा कि इन दोनो साहित्यिक महारथियो की नाटकीय जगत् मे दीख पडने वाली अमरता का आधार उनकी रचनाओ की कथावस्तु है। वह बात, जिसने उनकी रचनाओ को शाश्वत बनाया है, नर और नारियों का उनके द्वारा किया गया चरित्रचित्रण है। शकुन्तला की अमरता दुष्यत के द्वारा शकुन्तला के प्रत्याख्यान और उनके पुनर्मिलन मे नही, अपितु कालिदास द्वारा खीचे गये शकुन्तला और दुष्यन्त के सर्वागपूर्ण चरित्र मे है। शेक्सपीअर के मैकबेथ नाटक की गरिमा लेडी मैकबेथ द्वारा किये गये नृशस नरपात मे नही, अपितु शेक्सपीअर द्वारा उद्घाटित किये गये मैकबेथ के रोमहर्षण चरित्र मे है। इसी प्रकार उनके रचे मर्चेंट ऑफ वेनिस की रुचिता उस नाटक मे घटने वाली घटनाओ की परपरा मे नहीं, अपितु उन घटनाओ को जन्म देने वाले पात्रो की मनोज्ञता मे है। एकमात्र कथावस्तु की दृष्टि में विचार करने पर शेक्सपीअर का हैमलेट नाटक ऐसा खूनी दुखात अथवा 'प्रतिक्रिया नाटक" ठहरेगा, जो एलीझाबीथन युग के इगलैड की कठोरवृत्ति को भरपूर सहलाता था, किंतु शेक्सपीअर ने अपनी अलौकिक निर्माणकला द्वारा इसी रुधिराक्त सामग्री में से हैमलेट जैसे अभूतपूर्व नानामुखी नाटक की सृष्टि कर दी, और यह सब उसने सम्पन्न किया उस तत्त्व के आश्रय पर जिसे हम आजकल की भाषा में **मनोवैज्ञानिक** तत्त्व के नाम से पुकारा करते हैं। और मार्मिक विश्लेषण की दृष्टि से विचार करने पर **सभी नाटकों की स्थायी महत्ता का आधार यह मनोवैज्ञानिक तत्त्व ही दीख पड़ेगा।**

**जिस प्रकार कथावस्तु के क्षेत्र में उसी प्रकार चरित्रचित्रण के क्षेत्र मे भी चतुर नाट्यकार को सक्षेप और**

***चरित्रचित्रण में संक्षेप***

**सकोच से काम लेना पडता है।** आवश्यकता से अधिक विस्तार वाले उपन्यासों के प्रसार को न्यायसंगत बताने के लिए हम कहा करते हैं कि उनके ध्येय के उचित प्रदर्शन तथा उनके भीतर सम्मिलित हुए पात्रों के अभिलषित निदर्शन के लिए इतना अधिक विस्तार वाछनीय है। किंतु एक नाट्यकार को अपने ध्येयप्रदर्शन तथा चरित्रचित्रण के लिए इने गिने दृश्यों की परिधि मे ही रहकर काम करना पड़ता है, और साथ ही उसे इन्हीं दृश्यो मे अपनी कहानी को भी आगे सरकाना होता है। जब तक कि नाटक के अगीभूत इस तथ्य की ओर पाठको का ध्यान विशेष प्रकार से आकृष्ट नहीं किया जायगा वे इसकी सार वत्ता को भलीभाँति नहीं समझ सकेंगे। और इस उद्देश्य से यदि हम कालिदास अथवा शेक्सपीअर की रचनाओ मे से किसी एक का निदर्शन देकर इस तथ्य को स्पष्ट करें तो कुछ अप्रासंगिक न होगा। सयत क्रियानिदर्शन की दृष्टि से कालिदास का शकुन्तला नाटक अलौकिक सम्पन्न हुआ है। साथ ही उसमे चरित्रचित्रण भी अत्यत ही सक्षिप्त तथा गतिमान् बन पड़ा है। इसमें सदेह नहीं कि साहित्यिक दृष्टि से शकुन्तला और दुष्यन्त दोनो ही का सघटन अनुपम सिद्ध हुआ है, तथापि बाजीगरी की वे चोटें, जिन के द्वारा कालिदास ने उनको घड़ा है, अंगुलियों पर गिनी जाने वाली है, पर जितनी है, सचमुच बडे ही मारके की। नाटक के आरभ मे ही हम शकुन्तला को एक निष्कलक सौंदर्य के लोक मे अवतीर्ण होते देखते हैं। वहाँ यह सरल आनन्द के साथ अपनी सखियों तथा तरुलताओं से मिली-जुली है। उस स्वर्ग मे छिपे-छिपे पाप ने प्रवेश किया और वह सौंदर्य कीटदष्ट कुसुम की भाँति

विशीर्ण और ध्वस्त हो गया। इसके अनन्तर लज्जा, संशय, दुःख, विच्छेद और अनुताप आये और सब के अंत में स्फीततर, उन्नततर अमरावती में क्षमा, प्रीति और शांति का अवतरण हुआ, बस, शकुन्तला नाटक का सार यही है। कालिदास ने शकुन्तला के चरित्र का जो वर्णन किया है वह अत्यन्त ही संक्षिप्त, किंतु पराकोटि का मनोज्ञ तथा भावनासवलित है। अरण्य की आर्जवपूर्ण मृगी की भाँति, तपोवन के निर्झरों की जलधारा के समान एक के सम्पर्क मे रहने पर भी उन्होंने बिना प्रयास ही शकुन्तला को अपनी नैसर्गिक निर्व्याजता तथा स्वच्छन्दता से शोभायमान होते दिखा दिया है। अपने अनुपम रचनाकौशल से उन्होंने अपनी नायिका को लीला तथा संयम, स्वभाव तथा नियम और नदी तथा समुद्र के ठीक संगम पर खड़ा कर दिया है। उसके पिता ऋषि और माता अप्सरा हैं, व्रतभंग से उसका जन्म, और तपोवन मे उसका भरणपोषण हुआ है। तपोवन एक ऐसा स्थान है जहाँ स्वभाव और तपस्या, सौंदर्य और संयम का संयोग हुआ है, वहाँ समाज का कृत्रिम [illegible] नहीं, वहाँ धर्म के कठोर नियम विराजमान हैं। बंधन और अबंधन के संगम पर गतिशील होने ही से शकुन्तला नाटक मे एक अपूर्व विशेषता आ झलकती है। उसके सुख दुःख, संयोग और वियोग, सभी कुछ इन्हीं दोनों के घातप्रतिघात हैं। कालिदास ने शकुन्तला को तपोवन का एक अंग बना कर उसके मर्म को बड़ी ही अपूर्वता से विवृत किया है। लता के साथ फूल का जो सम्बन्ध है, वही सम्बन्ध तपोवन और शकुन्तला का बता कर उन्होंने शकुन्तला के सरल सौंदर्य को कहीं अधिक मनोरम बना कर प्रस्तुत किया है। तपोवन, मृग, तापस सखियाँ, ऋषि, आश्रम का ऋजु क्रियाकलाप, इन सब के मध्य में विराजमान हुई तापस बाला और उसके मनमंदिर में खिलने वाला प्रेमप्रसून, प्रणयी के द्वारा

उसका मर्दन, उस मर्दन में भी शकुन्तला का धैर्य, इन सब बातों ने शकुन्तला के चरित्र को इतना अधिक मनोज्ञ तथा मार्मिक बना कर हमारे सम्मुख प्रस्तुत किया है कि कालिदास को उसके चरित्र-चित्रण मे कोई बाह्य प्रयास करना ही नहीं पड़ा। उन्होंने व्यापार के कतिपय चमकते हुए बिंदुओं में ही शकुन्तला के अशेष चरित्र को खचित करके रख दिया है, इस काम के लिए उन्हे अपनी जिह्वा से कुछ भी नही कहना पड़ा। जिस प्रकार कालिदास ने शकुन्तला को उसी प्रकार शेक्सपीअर ने मैकबेथ और उसकी महिषी को अपनी लोकोत्तर प्रतिभा से सजीव बनाकर रंगमंच पर ला रखा है। लेडी मैकबेथ के जिस चरित्र को विशद करने के लिए एक उपन्यासकार को अपनी रचना के पृष्ठ के पृष्ठ रँगने पड़ते उसी को उस लोकोत्तर कलाकार ने इने-गिने घातों से घड़ कर हमारे सम्मुख ला खड़ा किया है। इस दृष्टि से यदि हम उस नाटक के प्रथम अंक का अनुशीलन करें तो हमे नायक नायिका की भलाई और बुराई की ओर होने वाली सबल प्रवृत्तियो का अत्यन्त ही परिपूर्ण निदर्शन दीख पडेगा। मैकबेथ का शारीरिक उत्साह, युद्धक्षेत्र मे उसका शौर्य, दूसरों का उसमें विश्वास, उसके अंतरात्मा मे नीचता व तांडव, उसका कल्पनाप्रवण किंतु अविश्वासी स्वभाव, लेडी मैकबेथ का सामर्थ्य, उसका चारित्रिक उत्साह, अपने ध्येय में उसकी एकनिष्ठता, अपने पति पर उसका निर्णायक प्रभाव, इन सभी बातों की रूपरेखा हमारे सम्मुख खिंच जाती है, और हमे अनुभव होने लगता है कि हम इन दो दारुण व्यक्तियो के साथ सर्वात्मना संसर्ग में आ चुके हैं। किंतु आकार की दृष्टि से अंक कठिनता से ही २५ मुद्रित पृष्ठों का होगा और इसमें लेडी मैकबेथ २५ बार के लगभग बोलती है और मैकबेथ कोई छब्बीस बार। जब हम किसी नाटक का इस प्रकार विस्तार के साथ विश्लेषण करते हैं तब हमें उसके मार्मिक

सौदर्य का ज्ञान होता है और तभी हम इस बात को अवगत करते हैं कि कालिदास और शेक्सपीअर की लोकोत्तर रचनाओं के बीज किन उपकरणों तथा उपायो मे सन्निहित है।

कहना न होगा कि नाटकीय चरित्रचित्रण के लिए अनिवार्य रूप से अपेक्षित संक्षेप रूप तत्व के विद्यमान होने पर नाट्यकार का ध्यान पात्रो की उन वृत्तियों पर खचित होना स्वाभाविक है, जिन्हे वह मुख्य रूप मे व्यक्त करना चाहता है। फलतः उपन्यास की अपेक्षा नाटक मे कथोपकथन के प्रत्येक शब्द को कही अधिक सजीव बनाना पड़ता है नाटक की समष्टि को ध्यान मे रखते हुए नाटकीय अगो का विवरण करना होता है और इन सब बातों के लिए अनपेक्षित वार्तालाप को त्याग देना होता है। इस नियम के अनुसार कि प्रत्येक पात्र का निदर्शन इतना परिपूर्ण होना चाहिए कि वह उन सभी बातो को पूरा करने मे क्षम हो, जिनकी नाटकीय कथावस्तु को उससे अपेक्षा है, यह बात स्वयमेव मान ली जाती है कि एक कलाकार को अपने नायक अथवा अन्य पात्रो की, केवल उन्ही बातो को उभारना चाहिए, जो नाटकीय व्यापार पर प्रत्यक्ष प्रभाव डालती हो, और इसी कारण, जिनका गुप्त रखना, अनुपयुक्त हो। और नाटकीय अभिनय के लिए सब से अधिक आवश्यक सक्षेप रूप तत्व पर ध्यान देते हुए यह बात दीखती भी है सर्वाशेन समुचित। किंतु कभी कभी हम चतुर नाट्यकार को कथावस्तु की आवश्यकता तथा अनावश्यकता पर ध्यान न देते हुए केवल चरित्रचित्रण के लिए चरित्रचित्रण करता हुआ पाते हैं। और जब हम इस दृष्टि से शेक्सपीअर के नाटकों का अनुशीलन करते हैं तब हमें उनके चरित्रचित्रण मे अनेक स्थलों पर यही वृत्ति काम करती दीख पड़ती है। उदाहरण के लिए हैमलेट के चित्रण मे ऐसी बहुत सी बातें आती हैं, जिनका कथावस्तु के साथ किसी

प्रकार का भी प्रत्यक्ष सम्बन्ध नहीं है।

चतुर नाट्यकार को अपने चरित्रचित्रण में सक्षेप की भी अपेक्षा इस बात पर अधिक ध्यान देना चाहिए कि उसकी रचना मे व्यक्तित्व का आवश्यकता से अधिक प्रतिफलन न होने पावे। हम जानते हैं कि उपन्यासकार स्वतत्रता के साथ अपने पात्रो के साथ मिल सकता है, वह उनका इच्छानुसार विश्लेषण कर सकता है, वह उनके विचारों, भावनाओ तथा इच्छाओं को हमारे सामने रख सकता है, और अत मे उन सब पर अपना मत प्रकाशन कर सकता है, किंतु ये सभी बाते एक नाट्यकार के लिए निषिद्ध हैं। अपनी कला को निष्कलक बनाये रखने के उद्देश्य से उसे अपनी रचना से पृथक् रहना पड़ता है, और इस बात मे भी नाट्यकार की अपेक्षा उपन्यासकार का ही हाथ ऊँचा रहता है, विशेपतया उन प्रसगों में, जहाँ कि चरित्र मे सकुलता हो और ध्येय तथा मनोवेगों के सूक्ष्म रूपों का निदर्शन करना हो। इस बात को ध्यान मे रखते हुए जब हम उसके इस अतिरेक के साथ, व्यापार तथा अवकाश के क्षेत्र में प्राप्त हुई उसकी उस अनिरुद्ध स्वतन्त्रता को मिला देते हैं, जिसे कभी कभी समालोचक उपन्यास के कलासम्बन्धी दोषों के नाम से पुकारा करते हैं—अर्थात् उसकी विस्तृत परिधि, उसके सस्थान की अनियंत्रिता, स्वभावतः इसमें प्रतिफलित होने वाली उपन्यासकार की व्यक्तिता—तब हमें ज्ञात होता है कि चरित्रचित्रण के क्षेत्र मे एक उपन्यासकार को नाट्यकार की अपेक्षा कितनी अधिक सुविधाएँ प्राप्त हैं।

*व्यक्तित्वमुद्रण का अभाव*

'नाटक में उसके रचयिता का व्यक्तित्व नहीं प्रतिफलित होना चाहिए' इस बात का यह आशय कदापि नहीं कि नाटक के मूल मे उसके रचयिता का व्यक्तित्व सुतरां रहता ही नहीं है। ऐसा होने

पर तो हम नाटक को साहित्य ही नहीं कह सकते, क्योंकि साहित्य का विवेचन करते समय हम कह आये हैं कि **साहित्य कहाने वाली प्रत्येक रचना मे उसके रचयिता का व्यक्तित्व अवश्य निहित रहना चाहिए**। व्यक्तित्वमुद्रण के अभाव का आशय तो केवल यही है कि जिस प्रकार एक निबधलेखक, विषयिप्रधान कवि अथवा उपन्यासकार का अपने पाठकों के साथ तादात्म्य सम्बन्ध रहता है वैसा सम्बन्ध एक नाट्यकार का अपने प्रेक्षकों के साथ नहीं रहता। वैसे तो साहित्य की दृष्टि से नाट्यकार की व्यक्तिता उसकी रचना के मूल मे अनिवार्यरूप से निहित रहती है, क्योंकि आखिरकार कहानी को ढूँढने और विकसाने वाला नाट्यकार स्वय है, कहानी के किस पक्ष पर कितना और कैसा बल देना चाहिए इस बात का निर्धारक भी वह अपने आप है, कहानी के पात्रो को किस प्रकार कौन से व्यापार में जोड़ना है, उनसे क्या क्या और कैसे कैसे करना है यह सब बाते उसकी अपनी वैयक्तिक रुचि पर पर निर्भर हैं। पात्रों का बनाना, उन्हे बुलवाना, उन्हे व्यापार में जोड़ना, उन्हे इष्ट या अनिष्ट रूप चरम परिणाम पर पहुँचाना भी उसका अपना काम है। इस प्रकार के व्यक्तित्वसन्निधान के क्या क्या और कैसे कैसे परिणाम हो सकते हैं, इस बात को देखना हो तो कालिदास, भवभूति, शेक्सपीअर, शॉ और गाल्जवर्दी के नाटक की तुलना कीजिए। व्यक्तित्वसन्निधान का परिणाम और भी व्यक्त रूप में देखना हो तो कालिदास की शकुन्तला का शेक्सपीअर के टेम्पेस्ट नाटक से साम्मुख्य कीजिए। जहाँ दोनों आचार्यों की कला में महदतर है वहाँ जीवन के प्रति होने वाले उन दोनों के दृष्टिकोण में भो मौलिक भेद है। शकुन्तला नाटक की नायिका शकुन्तला है और टेम्पेस्ट की मिरांडा। शक्ति और सबलता शकुन्तला में भी है और टेम्पेस्ट में भी। किन्तु टेम्पेस्ट मे बल के द्वारा विजय है और शकुन्तला में मंगल के द्वारा सिद्धि

की अवाप्ति। टेम्पेस्ट में असम्पूर्णता में ही समाप्ति है : शकुन्तला की समाप्ति सम्पूर्णता में है। टेम्पेस्ट की मिरांडा आर्जव तथा मधुरता की मूर्ति है, पर उस सरलता की प्रतिष्ठा अज्ञता और अनभिज्ञता के ऊपर निर्भर है। शकुन्तला की सरलता अपराध मे, दुःख में, अभिज्ञता में, धैर्य में और क्षमा में परिपक्व है, वह गंभीर है और स्थायी है।

साहित्य की अन्य विधाओं के समान नाटक पर भी उसके लेखक की मुद्रा छपी रहनी स्वाभाविक है। नाट्यकार के द्वारा रचे गये जगत् की वृत्ति और उसका आकार-प्रकार उसके रचयिता की वृत्ति और आकार प्रकार पर निर्भर है। नाट्यकार अपनी कला के उन्मेष के लिए छोटा सा, किंतु फड़कता हुआ वायुमडल प्रस्तुत कर सकता है जैसा कि चेखोव करता है, वह अपनी अर्थसामग्री पर एक प्रकार का दृष्टिकोण आरोपित करके अपने मूल्य को आँक सकता है, वह एकाततः शब्दसरणि द्वारा अपने संसार की रचना कर सकता है, जैसा कौंग्रेव मे दीख पडता है; वह एकमात्र मनोवैज्ञानिक तथ्यों के विश्लेषण मे व्यापृत रह सकता है जैसा कि इब्सन करते हैं, और अन्त में वह शेक्सपीअर के समान अपनी विश्वमुखी प्रतिभा को नानामुख जगत् के भावभरित निदर्शन में भी व्यापृत कर सकता है।

किंतु स्मरण रहे, **नाट्यकार अपनी रचना मे अपने व्यक्तित्व को उद्घोषित करने के लिए कदापि नहीं निकलता।** अन्य कलाकारों की भाँति उसका लक्ष्य भी अपने मन में निहित हुई विशेष प्रकार की सामग्री को मूर्त रूप में ढालना होता है, अपनी कल्पना को भाषा की रूपरेखा में बाँध प्रेक्षकों के सम्मुख रखना होता है; अपनी अनुभूति को पात्रों पर आरोपित करके उसे मुखरित करना होता है। उसकी सबसे बड़ी समस्या इस प्रसग में यह है कि **वह अपने मन की इस सामग्री को किस प्रकार रंगमंच द्वारा, जीती-जागती, प्रेक्षकों तक पहुँचावे।**

और ज्यों ही हम ऊपर सकेत की गई नाट्यकार की उक्त वृत्ति को भलीभाँति हृद्गत कर लेते हैं, त्यों ही हमें इस बात का रहस्य ज्ञात हो जाता है कि क्यों और किस लिए प्रतिदिन के व्यवहार मे अपने सम्मुख आने वाले व्यक्तियो और घटनाओं की अपेक्षा हमारा नाट्यकार के द्वारा खडे किये गये व्यक्तियों और घटनाओं के साथ अधिक गहरा परिचय हो जाता है। और सच समझो, हम अपने गाँव में रहने वाली शकुन्तला को—जिसे हम प्रतिदिन कई बार अपनी आँखों से देखते हैं—इतनी अच्छी तरह नही जानते जितना कि कालिदास द्वारा शकुन्तला नाटक मे उत्थापित की गई शकुन्तला को। उस नाटक को पढ कर और उसका अभिनय देख कर वह सरल, किन्तु सुबोध शकुन्तला हमारी आँखों के आगे चित्रपट पर शतधा मुखरित हो उठती है और हम कालिदास के द्वारा किये गये प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष उपायों द्वारा उसके मर्म मर्म को रङ्गमच पर विवृत हुआ पाते हैं, इसी प्रकार सभव है स्वय हैमलेट अपनी माता को इतना अच्छी तरह न जानते हों, जितना शेक्सपीअर के नाटक को पढ़ कर हम उन्हे जान लेते हैं। और यही बात मैकबेथ, ओथेलो, इयागो, सीज़र आदि के विषय में कही जा सकती है। हमारी चर्मचक्षु व्यक्तियों के स्थूल शरीर को देखती और हमारी बुद्धि उनके अंतरग को निहारती है, नाटकीय अभिनय में नाटक के पात्र कवि की कल्पना के मुलम्मे में से होकर रगमच पर नाचने आते हैं, उनकी अशेष वृत्तियों के अतर्मुखीन हो जाने के कारण उनका क्रियाकलाप और वार्तालाप सक्षिप्त तथा सजीव हो उठता है और इन बातों के साथ जब नाट्यकार की लोकातिशायिनी कला आ मिलती है तब सोने में सुगध बस जाती है, और मांस के वे पुतले, अर्थात् पात्र, कुछ अनूठे और अटपटे ही रूप में हमारे सामने विराजने लगते हैं।

अपने इन पात्रो के चित्रण मे एक नाट्यकार अनेक प्रकारो से काम लिया करता है। उन उपायों मे सब से पहला उपाय है **आकृति**। किसी पात्र का प्रथम दर्शन ही एक अनुभवशील प्रेक्षक को उसके विषय में बहुत सी बातें जता देता है। आकार, प्रकार,

*चरित्रचित्रण आकृति द्वारा*

संघटन, शरीर मुद्रा, आकृति की सुन्दरता अथवा विकृति, पात्र की विशालता अथवा दुर्बलता, इन सभी बातो से एक पात्र के विषय मे बहुत कुछ जानकारी प्राप्त हो जाती है, और उसके पहले ही दर्शन से हमारे मन में उसके प्रति आकर्षण अथवा घृणा बुद्धि उद्बुद्ध हो जाती है। उसकी नाक की बनावट, उसकी आँखों की स्फीतता, उसका केशवेश, उसकी दंतपंक्ति और मुखमुद्रा उसके हाथा का आकार-प्रकार उनका उत्थान और पतन, इन सभी बातों से उसके चरित्र का थोड़ा बहुत पता चल जाता है, और शरीर ही का एक भाग समझो उसकी वेषभूषा को। उसके वस्त्रों की शुभ्रता अथवा अस्वच्छता, वेषविषयक उसकी बहुव्ययिता अथवा मितव्ययिता, वस्त्रधारण के विषय मे उसकी सावधानी अथवा असावधानी, इन सब बातो का प्रेक्षक के मन पर बलात् एक प्रभाव पड़ता है, जो बहुत काल तक वैसा अटूट बना रहता है।

एक चतुर नाट्यकार, चरित्रचित्रण के इस सब से अधिक सरल और प्रत्यक्ष उपाय से बहुत काम निकाला करता है। और यद्यपि आकारप्रकार के द्वारा किये जाने वाले चरित्रचित्रण के रूप न केवल हर एक युग के अपने पृथक् रहे हैं, प्रत्युत हर नाट्यकार के भी वे अपने निर्धारित ही रहे हैं, तथापि वेषभूषा आदि के द्वारा चरित्रचित्रण करना एक ऐसी प्रथा है, जिसे न तो नाट्यकार ही को भूलना चाहिए और न प्रेक्षक वर्ग को ही।

आकार प्रकार से मिलता हुआ ही चरित्रचित्रण का दूसरा

प्रकार **वाणी है**, जिसमे उच्चारण के साधन शरीर के अवयव और उच्चरित हुआ शब्दसमुदाय दोनों सम्मिलित हैं। और यद्यपि हमारे प्रतिदिन के व्यवहार मे वाणी का महत्त्व श्रोता के श्रोत्रो की उत्कटता तथा सामान्यता पर निर्भर है, तथापि रगमंच पर खडे होकर बोलने वाले पात्र की वाणी, उसकी गहनता, गभीरता, विपुलता, आकार, पटल, पात्र नाक से उच्चारण करता है अथवा गले से, उसकी वाणी स्थूल है अथवा सूक्ष्म, ये सब बातें नाट्यकार तथा प्रेक्षकगण दोनों ही के लिए चरित्रचित्रण की दृष्टि से अत्यधिक महत्त्वशाली हैं।

*वाणी द्वारा चरित्रचित्रण*

वाणी की शारीरिक परिधि को छोड़ जब हम उस के उत्पाद्य शब्दजात पर ध्यान देते हैं तब हमारे सम्मुख चरित्रचित्रण के लिए उसकी महत्ता और भी अधिक विपुल बन कर आती है। और यह बात उपन्यास तथा नाटक दोनो के रचयिताओं पर समानरूप से लागू होती है। दोनो ही अपनी क्षमता के अनुसार अपने पात्रों को गरिमान्वित, जीवनमयी वाणी प्रदान कर सकते हैं; और हम चाहे तो, पात्र द्वारा उच्चरित हुई भाषा से, उसके वाक्यविन्यास की ऋजुता तथा वक्रता से, उसकी वाणी में प्रतिफलित होने वाले सस्कृति के माप से, उसकी भाषा की नागरिकता अथवा ग्राम्यता से, और उसकी वाक्यमाला में गुँथे हुए अलकारों के चमत्कार तथा उसके अभाव से उसके मन तथा संस्कारों की थाह ले सकते हैं।

*मति अथवा आशय के द्वारा चरित्रचित्रण*

पात्र के द्वारा अपने अथवा दूसरो के विषय में उच्चरित हुई वाणी से कुछ उतर कर **उसके चरित्रचित्रण के लिए उसके विषय में प्रकट की गई दूसरे पात्रों की सम्मति है।** बहुधा हम अपने प्रतिदिन के व्यवहार' में इसी प्रक्रिया से काम लिया करते

है। एक व्यक्ति से मिलने पर उसके विषय में जो हमारी धारणा होती है, उसे हम बहुधा उसके विषय मे दूसरों की सम्मति जान कर ठीक कर लिया करते हैं। यही बात एक नाट्यकार अपने पात्रो के विषय में किया करता है। हम कालिदास की शकुन्तला के विषय मे उसके आकार, उसकी वेषभूषा और उसकी वाणी से बहुत कुछ जान लेते हैं। इसके साथ ही हम उसके विषय में बहुत कुछ उसकी सखियों द्वारा उसके विषय में कही गई बातों से सीखते हैं। इसी प्रकार शेक्सपीअर ने अपने दुर्बोध पात्र हैमलेट को बहुत से प्रत्यक्ष तथा अप्रत्यक्ष उपायो द्वारा हमारे सामने विशद बना कर रखने का प्रयत्न किया है। उन सभी उपायों से हम हैमलेट के अगम चरित्र को पहचानने का प्रयत्न करते हैं, हम उसके विषय में बहुत कुछ होरेशियो, क्लाडियस, गर्ट्रूड और ओफेलिया द्वारा उसके ऊपर की जाने वाली टीकाटिप्पणियों से भी सीखते हैं।

*विचारों के द्वारा चरित्रचित्रण*

किसी पात्र के चरित्र को पहचानने के लिए हमें उसके विचारो और मानसिक प्रक्रियाओ से प्रचुर सहायता मिलती है। इस उद्देश्य की पूर्ति के लिए नाट्यकार बहुधा विदूषक का उपयोग किया करते हैं, जो छाया की भाँति नायक के पार्श्व में रहता और नर्मसचिव के रूप में उसका चित्तरंजन करता और सुखदुःख मे सदा उसका साथ देता है। नायकनायिका अपने गुप्ततम भावों को इस पर प्रकट कर देते हैं और इस प्रकार हम उनके निभृत मनोवेगों को जान कर उनके चरित्र के विषय में अपना मत निर्धारण कर लेते हैं।

*अपवार्य अथवा*

कभी कभी पात्र अपने मन की निभृत भावनाओं को किसी और को न सुना उन्हे अपने आपे पर प्रकट किया करते हैं। **स्वगत की यह प्रथा** करुणरसजनक

*स्वगत द्वारा चरित्रचित्रण*

नाटकों मे इतनी नहीं बरती जाती जितनी कि सुखांत नाटकों में, जहाँ नायक नायिका अपने चरित्र तथा अंतरात्मा में होने वाले विरोध अथवा विग्रह का, उत्साह तथा भीरुता के साम्मुख्य का और उद्घोषित आशय की निष्पापता तथा वास्तविक अभिप्राय की असूया का प्रातीप्य दिखाने के लिए इसका उपयोग करते हैं।

चरित्रचित्रण की दृष्टि से **आत्मभाषण** का बड़ा महत्त्व है।

*आत्मभाषण के द्वारा चरित्रचित्रण*

आत्मभाषण मे पात्र अपने विचारो तथा मनोवेगों को अपने ही शब्दो में मुखरित करता है, अपनी व्यक्तिगत मनोवैज्ञानिक सामग्री को विषय का रूप देकर उसकी विवेचना करता है। हम जानते हैं कि हमारे आंतरिक जीवन मे एक वह अनुभूति भी होती है, जिसकी चेतना के प्रवाह मे पर्यवेक्षण, निरीक्षण, अनुभव, मनोवेग और विचार सभी का संकलन रहता है। आत्मभाषण के द्वारा एक नाट्यकार पात्रों की इस अनुभूति को व्यापृत करता और अभिव्यक्त करता है।

जब नाट्यकारों का ध्यान चरित्रचित्रण के इस उपाय की ओर गया उनकी दृष्टि में उसका उपयोग और महत्त्व विशद हो गया। आत्मभाषण चरित्रचित्रण का एक ऐसा उपाय है, जिसके द्वारा हम प्रत्यक्ष रूप से पात्र के अपने तथा अन्य वर्ग के विषय मे निर्धारित किये विचारो को, उसके द्वारा किये गये अतीत व्यापार के महत्त्व को और भविष्य मे उसके द्वारा की जाने वाली व्यापारशृंखला को जान लेते हैं। इसके द्वारा हम पात्र की अंतस्तली मे इतना गहरा पैठ जाते हैं जितना कि एक नाटककार के लिए अभीष्ट तथा क्षम्य है। ग्रीक दुःखांत नाटकों मे तो इसका उपयोग प्रस्तावना के स्थान में भी होता था और इसके द्वारा प्रेक्षक वर्ग को यह बता कर कि आज कौन सा नाटक खेला जायगा; उसमें प्रधान व्यापार

कौन सा होगा, उनके साथ रससम्बन्ध स्थापित किया जाता था। शेक्सपीअर के नाटकों में आत्मभाषण का प्रचुर प्रयोग हुआ है और वह उपयोग या तो मनोवेग-सम्बन्धी चरम कोटि के प्रदर्शन के लिए, अथवा आने वाले महत्त्वशाली साहस कृत्य पर आरूढ होने से पहले उसको पूर्ण करने वाले साधन आदि के उतार-चढ़ाव पर सिंहावलोकन करने के उद्देश्य से किया गया है। हैमलेट ने अपने प्रख्यात आत्मभाषण **टु बी ऑर नॉट टु बी दैट इज़ द क्वेश्चन** मे आत्मघात के उतार-चढ़ाव को आँका है, तो राजा के प्रार्थना करते समय उच्चरित हुए आत्मभाषण मे उन्होंने यह देखा है कि क्या उनके उस समय राजहत्या करने से उनके उद्देश्य की सिद्धि होगी अथवा नहीं। कुछ आत्मभाषणों मे हैमलेट ने अपनी अन्तरात्मा की रहस्यमय नानामुख गति पर विचार किया है, और इन सभी आत्मभाषणों मे हमें उनके संकुल चरित्र को समझने मे प्रचुर सहायता प्राप्त होती है।

*व्यापार के द्वारा चरित्रचित्रण*

क्योंकि **नाटक का सार ही व्यापार का प्रतिनिधान करना है, इसलिए नाटक मे चरित्रचित्रण का एक साधन पात्रों का व्यापार भी है।** और जैसा कि वास्तविक जीवन मे, वैसा ही नाटक मे भी, यह बात, कि एक पुरुष किसी काम को करता है या नहीं करता, करता है तो कैसे करता है, आपत् मे उसकी चेष्टा किस प्रकार होती है, अपने ध्येय की अवाप्ति मे वह कहाँ तक व्यवसायात्मक बुद्धि से काम लेता है, उस पात्र के चरित्र को प्रकाशित करने मे बहुत अधिक सहायक होती है।

**पात्र को व्यापार** द्वारा प्रदर्शित करते हुए ( exhibiting character through action ) जो विशेष समस्या एक नाट्यकार के सम्मुख आती है, वह है पात्र और व्यापार में एक निर्धारित

सम्बन्ध-स्थापन। हो सकता है कि कोई पात्र विशेष रूप से रुचिर अथवा कुरूप हो, कोई व्यापार सौम्य, भयानक, अथवा हास्यजनक हो; किन्तु जब तक पात्र और व्यापार के मध्य सामजस्य का स्थापन करने वाला सबध नही उद्भावित किया जायगा तब तक रचना की सभाव्यता तथा विश्वासजनकता अधकचरी रहेगी और नाटक की सफलता और उसकी ऋजुता नष्ट होती जायगी। पात्र तथा व्यापार के मध्य सामजस्यस्थापन की समस्या मे हमे नाटकीय ध्येय को ध्यान में रख कर हाथ डालना चाहिए। सामजस्यस्थापना के मूल में काम करने वाली बात यह है कि **रगमच पर घटित होने वाली महान् अथवा सामान्य सभी प्रकार की घटनाओ के लिए पर्याप्त कारण और पर्याप्त ध्येय विद्यमान होना चाहिए**। कोई भी व्यापार ऐसा नहीं होना चाहिए, जिसकी, पात्रो की प्रकृति, उनके आशय और उनके उद्देश्य की दृष्टि से, पूरी व्याख्या न की जा सके। **सक्षेप में पात्रो का व्यापार उनकी मनोवृत्ति से-प्रसूत होना चाहिए।** इसका यह आशय नहीं है कि सभी व्यापारो की उत्पत्ति पात्रो की विवेचनात्मक बुद्धि से होनी चाहिए, ऐसा कहना मनोविज्ञान का निरादर करना होगा। पात्रों और उनके व्यापार के मध्य होने वाले सामजस्य का आशय यही है कि पात्रों द्वारा किये गये अशेष क्रियाकलाप का व्याख्यान उनकी मनोवृत्ति, उनके मनोवेग, भावना, सहजावबोध, अभिलाषा, विवेचनात्मक बुद्धि तथा विचारों को ध्यान मे रख कर संभव होना चाहिए।

*पात्र और व्यापार में सामंजस्य*

कहना न होगा कि चरित्र और व्यापार मे सामंजस्य स्थापित करने वाले कतिपय तत्त्वों में **प्र-योज-अन** प्रधान तत्त्व है। किसी नाटक का **प्रयोजन** उसके अपने स्वरूप पर निर्भर है। स्वभावतः करुणाजनक नाटको में, जिनमें जीवन के उत्कट मनोवेगों का

*उत्पन्न करने वाला तत्त्व प्र-योज् अन*

पारस्परिक संघर्ष प्रदर्शित किया जाता है, उन सामान्य कोटि के नाटकों की अपेक्षा, जिनमें जीवन के साधारण तत्त्वों का प्रतिनिधान किया जाता है, **प्रयोजन** कहीं अधिक गभीर तथा उदात्त कोटि का होना वांछनीय है। इस तत्त्व के अनुसार हमें ऐसे नाटको की अवधारणा करने का पूर्ण अधिकार है जिनमें किसी उदात्त **प्रयोजन** को दृष्टि में रखे बिना ही जीवनपरिवर्तन और जीवनहरण की घटनाओं को घटाया गया हो. जिनमें छोटे से उद्देश्य से जीवन के गभीर मर्मो को उत्ताडित किया गया हो। मनोविज्ञान की इस उपेक्षा के कारण ही बडे बड़े करुणाजनक नाटक थोथे रुधिराक्त नाटको में बदल जाते हैं। इसी प्रकार एक सुखात नाटक की गभीरता भी उसके **प्रयोजन** की गंभीरता तथा उदात्तता पर निर्भर है, और इसी लिए विश्व के प्रमुख सुखात नाटको में पात्रों तथा उनके व्यापार को एक दूसरे का तुल्यभार बनाने का प्रयत्न किया गया है। शेक्सपीअर के उन रोमाटिक नाटको मे, जो अपने ही एक अनूठे जगत् मे विघटित होते हैं, हम किसी प्रकार के निर्धारित **प्रयोजन** की जिज्ञासा नहीं करते। छोटे छोटे प्रहसनो मे तो एक सामान्य सी बात भी नाटकीय वस्तु का **प्रयोजन** बन सकती है।

प्रयोजन को सफल बनाने के लिए जिन बातो की आवश्यकता है वे हैं: **औचित्य, पर्याप्ति, सवादिता।**

कहना न होगा कि **नाटकीय व्यापार के लिए आवश्यक है कि वह, जिन पात्रों से उसकी प्रसूति हुई है, उनके अनुरूप प्रतीत होना चाहिए।** शकुन्तला से प्रसूत होने वाले अशेष व्यापार उसके अनुकूल होने चाहिएँ और मिराडा तथा क्लियोपेट्रा से प्रसूत होने वाली व्यापारधारा उनके अनुरूप होनी चाहिए। एक राजा को, चाहे वह कितना भी ओछा तथा दम्भी क्यों न हो, कभी न कभी

राजा के अनुरूप उत्साह वाला होना चाहिए, कभी न कभी उससे धीर तथा उदात्त कार्यधारा की प्रसूति होनी चाहिए। वस्तुतः पात्र और व्यापार एक दूसरे के साथ पारस्परिक क्रियाकारिता के द्वारा संबद्ध हैं। जिस प्रकार व्यापार के अतिरिक्त और किसी उपाय द्वारा किये गये चरित्रचित्रण से व्यापार के प्रयोजन पर प्रकाश पड़ता है उसी प्रकार स्वयं व्यापार भी पात्र के ऊपर संभवतः और सब उपायों की अपेक्षा अधिक प्रकाश डालने वाला है।

प्रयोजन की सफलता के लिए **औचित्य की अपेक्षा भी पर्याप्तता की अधिक आवश्यकता है**। एक नाट्यकार के लिए यह काम सहज है कि वह पात्रों के अनुरूप व्यापार की, और व्यापार के अनुरूप पात्रों की सद्भावना कर ले, किंतु उसके लिए प्रेक्षकवर्ग के मन में इस बात का विश्वास जमा देना इतना सहज नहीं है कि रंग मंच पर प्रदर्शित किये गये व्यापार का उसके द्वारा दिखाया गया प्रयोजन पर्याप्त है। और नाटक की वह कड़ी जिसमें कि प्रयोजन की पर्याप्तता परखी जाती है, करुणाजनक नाटक में नायक अथवा नायिका के द्वारा की जाने वाली आत्महत्या है। दुःखांत नाटक रचने वालों में से बहुतों ने अपने पल्लवग्राहि मनोविज्ञान के आधार पर सामान्य बातों के लिए अपने नायक नायिका को आत्मघात के अंधतमस् में धकेल दिया है। इस प्रकार का आत्मघात, जिसका प्रभाव नायक अथवा नायिका के स्वभाव का चिड़चिड़ापन है, रोमांटिक ट्रेजेडी अथवा भावों को गुदगुदाने वाले सामान्य नाटकों में तो किसी सीमा तक सह्य है भी, किंतु मार्मिक जीवन का निरूपण करने वाले उदात्त करुणाजनक नाटकों में इसके लिए स्थान नहीं है। प्रथम कोटि के करुणाजनक नाटकों को जाने दीजिए, उत्कृष्ट कोटि के सुखांत नाटकों में भी इस प्रकार के आत्मघात की उद्भावना नहीं की जाती। और यही कारण है कि कालिदास की सौम्य

शकुन्तला, दुष्यन्त के द्वारा भरी सभा में प्रत्याख्यात होने पर भी, आत्महत्या करना तो दूर रहा, फिर वन तक को न लौटती हुई, कर्मक्षेत्र में ही जीवन-यापन करना श्रेयस्कर समझती है, और इसके अनुसार वह उदात्त संयम तथा प्रशांत कर्मण्यता के पावन संगम पर ही शांतिलाभ करती है। इसके विपरीत हमें इब्सन के हेड्डा गेब्लर और सर आर्थर पिनेरो के दि सेकंड मिसेज टैक्वेरे में आत्मघात का एक निदर्शन मिलता है। दोनों ही नाटकों में आत्मघात के द्वारा नाटक का जवनिकापतन कराया गया है, किंतु जहाँ इब्सन के द्वारा कराया गया आत्मघात नाटकीय दृष्टि से न्याय्य कहा जा सकता है, वहाँ सर आर्थर द्वारा कराया गया आत्मघात एकमात्र थियेटर की दृष्टि से रोचक माना जा सकता है। पहला मनोविज्ञान के अनुकूल संपन्न हुआ है, दूसरे में वह बात नहीं आने पाई। इब्सन ने पात्र तथा परिस्थिति का अभूतपूर्व संकलन संपन्न करके हेड्डा के आत्मघात को हमारे लिए न्यायसंगत बना दिया है। हेड्डा एक भावदुष्ट प्रलयकर प्राणी है, उसे पता चलता है कि उसका जीवन उसकी रोगभरित कल्पना से उद्भावित की गई परिस्थिति में असंभव है; वह अपने हाथों बिछाये काँटों में स्वयं फँस गई है, भविष्य में उसे पाप ही पाप, पतन ही पतन, और विनाश ही विनाश मुँह बाये खड़े दीखते हैं; वह आत्मघात कर लेती है और उसका आत्मघात किसी सीमा तक न्याय्य कहा जा सकता है। इसके विपरीत पौला टैक्वेरे का, एलीन द्वारा अपने प्रेम का प्रत्याख्यान किये जाने पर, आत्मघात कर लेना निष्प्रयोजन तथा निराधार दीख पड़ता है।

इसी तत्त्व के आधार पर हम कहेंगे कि भवभूति ने अपने उत्तररामचरित नाटक में दुर्मुख के सीताविषयक लोकापवाद के घोषित करने पर, राम के हाथों गर्भिणी सीता को वन में भेजा कर अपने नाटक के प्रमुख नाटकीय आधार सीतावनवास को

निर्मूल बना डाला है। हम नहीं समझते कि किस प्रकार श्रीराम जैसे विचारशील राजा सामान्य पुरुष के सामान्य सी बात कहने पर उसकी जाँच पड़ताल किये बिना ही, अपनी गर्भिणी प्राणप्रिया को, बिना कुछ कहे सुने और बिना कुछ विचारे, वन में पठा सकते हैं। यदि भवभूति को सीतावनवास ही अपने नाटक का आधार बनाना था तो उन्हें उसके लिए किसी विशिष्टतर कारण की उद्भावना करनी चाहिए थी; और उस कारण को उद्भूत करके राम के मन में कर्तव्य तथा प्रेम का तुमुल संघर्ष दिखाना था। भवभूति ने दोनों कार्यों में से एक भी न करके अपनी नाटकीय कला को सदा के लिए पंगु बना डाला है।

*चरित्रचित्रण की गरिमा*

चरित्रचित्रण को गरिमान्वित बनाने के लिए उसमें संवादिता, परिपूर्णता, प्रकाशकता, सारवत्ता तथा दर्शनीयता का होना अपेक्षित है। चाहे कोई पात्र शकुन्तला के समान सामान्य हो अथवा हैमलेट के समान संकुल, चाहे वह साधारण हो अथवा असाधारण, उस के चित्रण में संवादिता तथा बुद्धिगम्यता होनी आवश्यक है। उस के गौण अंशों तथा व्यापारों का उसकी समष्टि तथा उसके प्रमुख व्यापार के साथ साथ सामजस्य होना चाहिए। चरित्रचित्रण की गरिमा उसकी परिपूर्णता पर भी निर्भर है। चरित्रचित्रण को नाटक में पढ़ कर अथवा उसे रंगमच पर उघड़ता हुआ देख कर हमें प्रतीत होना चाहिए कि हम उसे तीन परिमाणों में—अर्थात् विचार, वाणी और व्यापार इन के भीतर—उद्घटित होता देख रहे हैं। वे पात्र, जिनका विवरण ऊपर कहे तीन परिमाणों में से दो या एक परिमाण में किया जाता है, विशद तथा परिमेय भले ही सपन्न हो जाँय, उनमें सजीवता और गतिमत्ता नहीं आ पाती। उदात्त पात्रों में प्रकाशकता होना भी वांछनीय है,

जिसका आशय यह है कि वे चाहे थोड़ा ही बोलें, किंतु जो कुछ बोलें वह उन के हृदय से निकला होना चाहिए; और औचित्य, अभिव्यंजकता, प्रकाशकता आदि गुणों से अलंकृत होना चाहिए। वास्तव में एक प्रकाशकतासम्पन्न पात्र की वाणी में इस प्रकार की गूँज होनी चाहिए जो उसकी अपनी हो और जो और किसी भी पात्र के कंठ में न मिल सके। पात्र में, चाहे वह प्रधान हो अथवा गौण, दर्शनीयता भी अपेक्षित है। इसका यह आशय नहीं है कि हम उसकी ऊँचाई, मोटाई, तथा गोलाई आदि के द्वारा उसे भाँप सकें। इसका अभिप्राय केवल इतना है कि हमें उस पात्र के विषय में उसके आकारप्रकार, उसकी मुद्रा भावभंगी, ईहा और इंगित आदि का आभास होना चाहिए। किंतु संभवतः चरित्रचित्रण की गरिमा का इन से भी बड़ा निर्णायक तत्त्व पात्र की सारवत्ता है। कलाकार की किसी अनूठी ही कल्पना, पर्यवेक्षण, निर्माणशक्ति, तथा कलाकारिता के गर्भ में से ऐसे सजीव पात्रों की प्रसूति हुआ करती है। ऐसा पात्र, चाहे वह कलहकारी हो अथवा पोच, चाहे वह प्रतिभा का पुतला हो अथवा कोरा आततायी, वह जो कुछ भी हो, उसके लिए मनस्वी और ऊर्जस्वी होना आवश्यक है। नाटकीय कला का सबसे बड़ा रहस्य इसी बात मे है, क्योंकि इस मे नाट्यकार परमात्मा के समान विधाता बन जाता है, शब्दों की तरल सामग्री मे से वह ऐसे घन प्राणी उत्पन्न करता है जो उसकी अपेक्षा कहीं अधिक वास्तविक होते हैं, जो उसकी अपेक्षा कहीं अधिक ऊर्जस्वी होते हैं और जिनसे हम इतने अधिक परिचित हो जाते हैं, जितने स्वयं उनके रचने वाले नाट्यकार से नहीं।

## कथोपकथन

कथावस्तु, जिसके द्वारा हम पात्र को व्यापार में देखते हैं, पात्रों

की रूपरेखा को ही व्यक्त कर सकती है, और इस काम को भली-भाँति पूरा करने के लिए यह भी आवश्यक है कि इसकी रूप रेखाएँ उभरी हुई हों और यह स्वयं गतिमत्ता मे सजीव हो; इसकी गभीर परिस्थितियाँ ऐसी उभड़ी हुई हों कि उनके आशय को विपरीत समझना असंभव हो, और अंत में उसके पात्र अपेक्षाकृत विपुलता तथा ऋजुता से उपेत हों। किंतु चरित्रचित्रण के विस्तार के लिए और पात्रों के विचार प्रयोजन, तथा मनोवेगों की उत्पत्ति, वृद्धि, तथा परिणाम से सम्प्रदर्शन के लिए हमें व्यापार पर से आँख हटा कर, उसके साथ साथ चलने वाले पात्रों के **कथोपकथन** पर ध्यान देना होगा, जिसकी गरिमा उन नाटकों मे और भी अधिक विपुल हो जाती है, जिनका प्रत्यक्ष सम्बन्ध मनोविज्ञान से है और जिनकी कथावस्तु का सम्बन्ध व्यापार की अंतस्तलों में पैठी हुई आंतरिक शक्तियों से है, न कि उन बाह्य घटनाओं मे, जिनके रूप में वे अपने आप को प्रवाहित करती हैं। और इस दृष्टि से देखने पर **कथोपकथन** व्यापार का एक आवश्यक सहचर ही नहीं, अपितु उनका एक मार्मिक अंग बन जाता है और वार्तालाप के माध्यम में उभड़ने वाली कथा का, इसके द्वारा पद पद पर विवरण होता है।

कहना न होगा कि वार्तालाप के समान कथोपकथन की भी दो वृत्तियाँ हैं; एक **उपयोगिनी** और दूसरी **अनुपयोगिनी**। उपयोगी कथोपकथन वह है जो कथावस्तु को गतिमान् बनाता, पात्रों के विचार, मनोवेग तथा उनके मार्मिक स्तरों को विवृत करता और विधान का वर्णन करता है। दूसरी ओर **अनुपयोगी** कथोपकथन अपनी कवीय उदात्तता तथा काल्पनिक विशदता से अथवा अपनी उपहासकता आदि वृत्तियो से हमारी रुचि की प्ररोचित करता है।

सामान्य वार्तालाप और नाटकीय कथोपकथन में मौलिक भेद यह है कि जहाँ सामान्य वार्तालाप उखड़ा पुखड़ा, निरुद्देश्य, विषय

*सामान्य वार्तालाप तथा कथोपकथन में अतर*

से विषयातर पर भटकने वाला होता है, वहाँ नाटकीय कथोप-कथन पर नाटक के उस दृश्यविशेष का—जिसका कि कथोपकथन एक अश है—नियत्रण रहता है यह कथावस्तु को गतिमान् बना कर परिणाम की ओर अग्रसर करता है, कभी कभी यह प्रधान अथवा गौण पात्रों की विशिष्ट मनोवृत्तियों को उघाड़ कर प्रेक्षकों के सम्मुख रखता है और कलाकारिता की दृष्टि से चरम परिपाक को पहुँचा हुआ कथोपकथन तो इन सब कामों को एक साथ पूरा करता है। कथोपकथन के इन नपे-तुले उपयोगों को ध्यान में रखते हुए एक नाट्यकार को इस बात का अधिकार नहीं रह जाता कि वह चमत्कार, अनूठेपन अथवा सौष्ठव के आवेग में आ, नाटकीय वायुमडल की आवश्यताओं को भुला, अपने कथोपकथन के निरर्थक टीपने में बह जाय। उसे अपने कथोपकथन को काट-छाँट कर, माँज-पोंछ कर, सीधा खड़ा करना होगा, और परिष्कार की इस प्रक्रिया में से गुजरता हुआ उसका कथोपकथन स्वयमेव सोद्देश्य, सनिर्देश तथा सुयोग्य सपन्न हो जायगा।

*कथोपकथन का उपयोग*

**नाटकीय कथोपकथन के उपयोगों में सब से प्रमुख है कथावस्तु को गतिमान् बना कर अग्रसर करना।** कथोप-कथन अपने इस काम को अनेक प्रकार से पूरा कर सकता है। **इन सब प्रकारों मे दो प्रमुख हैं : पहला रंगमंच पर दिखाये जाने वाले व्यापार का सहकारी बन कर; दूसरा रगमंच से अलग होने वाले व्यापार का सूचक बन कर।**

रंगमंच पर उघड़ने वाले व्यापार में कथोपकथन द्वारा विश्वस-नीयता आ जाती है; और यदि कहीं नाटक को देखने वाले प्रेक्षक वर्ग कुछ तार्किक भी हुए तो स्वभावतः उनकी रुचि पात्रों के व्यापार

में केंद्रित न हो, उस व्यापार का उन पात्रों की दृष्टि में क्या आशय है, इस बात में, अर्थात् व्यापार की बाह्यता से हट कर उसकी आतरिकता पर केंद्रित होगी, और इस दृष्टि से देखने पर, यह बात, कि पात्रों के वर्गविशेष के आस्पद तथा उत्कर्ष में किंचित् भी परिवर्तन आ जाने पर उनके मन मे विचारों और मनोभावों का कैसा सकुल उमड़ पड़ता है, इतनी ही अधिक रुचिकर बन जाती है जितने कि बड़े बडे राजाओं के तुमुल सग्राम। प्रथम कोटि के मनोवैज्ञानिक नाटको के कथोपकथन का विश्लेषण करके देखने पर ज्ञात होगा कि उनके कथोपकथन की रुचिरता तथा गरिमा का सब से बड़ा उपकरण है उनके द्वारा उद्भावित होने वाला, रंगमच पर दिखाई गई अथवा न दिखाई गई घटनाओं के प्रत्युत्तर में उठने वाली मनोवैज्ञानिक दशाओं का अविच्छिन्न पारपर्य।

रंगमच पर न दिखाये जाने वाले व्यापार की प्रेक्षकों तक सूचना पहुँचाने में तो कथोपकथन की उपयोगिता व्यक्त ही है। यह व्यापार भी दो प्रकार का है: पहला वह, जिसकी वृत्ति दूसरी बातों का व्याख्यान करना है; दूसरा वह जो पहले से प्रवाहित की गई कथावस्तु के विकास के लिए आवश्यक तो है, किंतु जिसका किसी कारण रगमच पर प्रदर्शन नहीं किया जा सकता। नाटक के आरम्भ होने से पहले होने वाली घटनाओं को प्रेक्षकों तक पहुँचाने का प्रमुख साधन ही कथोपकथन है।

रगमंच पर न दिखाये जाने वाले व्यापार को प्रेक्षकों तक पहुँचाने की कला जितनी ग्रीक आचार्यों के हाथों परिष्कृत तथा उपयोगिनी सम्पन्न हुई है उतनी नाटकीय साहित्य के किसी भी दूसरे युग मे नहीं हो पाई। उग्र हिंसा के व्यापारों को रंगमच पर न दिखाने की ग्रीक आस्था के कारण चाहे जो भी हों, उनकी इस सरणि ने इस प्रकार की घटनाओं को प्रेक्षको तक पहुँचाने के उद्देश्य से

नाटक में दूतप्रवेश की वह प्रथा चलाई जो आगे चलकर बहुत ही उपयोगिनी तथा बलवान् सम्पन्न हुई। इस विषय में उनकी सफलता का एक उपकरण यह भी है कि उन्होंने नाटकीय कथोपकथन का प्रवेश उस प्रसग पर कराया होता है, जब कि पात्र और प्रेक्षक दोनों ही वर्णित किये जाने वाले व्यापार के प्रति उत्सुकमना होते हैं; क्योंकि हम जानते हैं कि प्रेक्षकवर्ग, जिस व्यापार अथवा व्यापारपरंपरा में उनकी उत्सुकता और रुचि उत्कट हो चुकी है, उसके विषय में किये जाने वाले वर्णन को, चाहे वह कितना भी विस्तृत क्यों न हो, सुनने के लिए धीर बने रहते हैं।

*अनुपयोगी कथोपकथन*

हमने अभी कहा था कि नाटकीय कथोपकथन की **उपयोगिनी अनुपयोगिनी** ये दो वृत्तियाँ होती हैं। जहाँ इसकी पहली विधा से कथावस्तु मे गतिमत्ता आती है, चरित्रचित्रण होता है, विधान का वर्णन होता है, वहाँ इसकी दूसरी विधा प्रत्यक्षतः इसमें से कोई काम न करती हुई भी अपने आपे में ही नितांत रुचिकर होती है। किंतु जहाँ कथोपकथन की पहली विधा है, कथा और व्यापार के साथ उसका प्रत्यक्ष संबंध होने के कारण नाटक को ऋजु मार्ग से इधर उधर भटकने का भय कम रहता है, वहाँ उसकी दूसरी विधा में, व्यापार आदि के साथ उसका प्रत्यक्ष सबंध न होने के कारण यह भय बराबर बना रहता है। किंतु इस प्रकार की आशकाएँ रहने पर भी गमीर तथा सामान्य दोनों ही प्रकार के नाटकों मे इस कोटि के कथोपकथन का स्वच्छद प्रयोग होता आया है। सामान्य कोटि के नाटकों में तो इसका प्रयोग पराकाष्ठा को पहुँच गया है, और इस दृष्टि से विचार करने पर भवभूति तक के नाटकों में इस कोटि के कथोपकथन का आवश्यकता से अधिक उपयोग हमें अखरने सा लगता है। इतना ही नहीं, शेक्सपीअर तक के नाटक हमें इस दोष से स्वतंत्र नहीं दीख पड़ते। और जब हम इस दृष्टि

से उनकी अमर रचना हैमलेट का अनुशीलन करते हैं, तब हमें उसके चतुर्थ दृश्य मे आने वाला वह सारे का सारा प्रकरण, जिसमें मद्यपान की जातीय प्रथा का अनावश्यक प्रसार किया गया है, नीरस तथा दोषावह प्रतीत होने लगता है। और यदि करुणाजनक जैसे गंभीर नाटकों में भी इस कोटि के कथोपकथन का इस सीमा तक अभिनंदन किया जा सकता है, तो सुखान्त नाटकों अथवा प्रहसनों के विषय मे—जिनका प्रमुख लक्ष्य ही प्रेक्षकों का मनोविनोद करना है—कहना ही क्या। यहाँ तो जिस किसी बात से भी प्रेक्षकों का चित्तरंजन संभव हो उसका प्रवेश कराया जा सकता है। वस्तुतः एक नाट्यकार के लिए यह वाञ्छनीय है कि वह, चाहे उसका कथोपकथन उपयोगी हो अथवा अनुपयोगी, उसे हर प्रकार से चित्तरजक बनावे, काट-छाँट कर मनोरजक तथ्यों द्वारा उसे ऐसा सुघड़ बनावे कि वह कथा को अग्रसर बनाने आदि, जो उसके प्रत्यक्ष लक्ष्य हैं, उन्हें पूरा करता हुआ स्वयं अपने आपे में भी एक रमणीय तथा चमत्कारी वाक्यवर्ग बन जाय।

**पद्यबद्ध कथोपकथन**

यहाँ पर इस समस्या के विस्तार मे जाने की आवश्यकता नहीं है कि ससार के उत्कृष्ट नाटक, चाहे वे करुणाजनक हो अथवा सुखांत—किसलिए सदियों तक पद्य मे लिखे जाते रहे हैं। चाहे यह काम नाटकीय अभिनय को, दृश्यमान जीवन की सामान्य परिधि से पृथक् करके उसे आदर्श के क्षेत्र में पहुँचाने के लिए किया गया हो, अथवा नाटकीय वस्तु को कल्पनाभरित आवृत्तिमयी भाषा के चित्रपट पर खचित करके उसमें रुचिरतासंपादन के लिए, इसमें संदेह नहीं है कि पद्यबंधन की प्रथा का आदि काल से ही नाटकीय कला के साथ संबंध रहता आया है। और यह बात तो बहुत पीछे जाकर, हाल ही मे, हुई है कि नाट्यकारों ने कम से कम करुणाजनक गभीर नाटकों मे पद्य का प्रत्याख्यान करके गद्य का आश्रय लिया है।

फलतः पद्यबद्ध नाटकीय कथोपकथन पर भी ऐतिहासिक विकास की वे सभी बातें घटनी स्वाभाविक हैं जिनका हम सामान्य कविता के विषय मे पहले अनुशीलन कर चुके है। और यह एक साहित्य के क्षेत्र में सचमुच बड़े ही आश्चर्य की बात है कि नाट्यकारों ने अपने कथोपकथन को पद्य मे खड़ा करते हुए भी उसे नाटकीय अभिनय के प्रतिफलन और अप्रसारण में इतने सूक्ष्म तथा व्यापक रूप से समर्थ बनाया है कि उसने कलाकार के सकेत के अनुसार पात्रों की सूक्ष्मतम मनोवृत्तियो, गुप्ततम ईहाओं तथा चपलतम भावभंगियो पर मनचाहा प्रकाश डाला है। वस्तुतः किसी भी साहित्य का सुवर्णयुग वही माना गया है; जब कि उस साहित्य के सबसे उत्कृष्ट नाट्यकार, साथ ही, उत्कृष्टतम कवि भी हुए हैं।

नाटकीय कविता में उन सब आकर्षणों के साथ साथ, जो एक कविता मे स्वभावतः होते हैं, वे सब अतिरिक्त विशेषताएँ भी होती हैं, जो नाटकीय तत्त्व के सन्निधान द्वारा हमारे कथन में निसर्गतः आ जाया करती है। फलतः किसी साहित्य के सुवर्णयुगीन नाटकीय कवि की रचनाओं का विस्तृत विवेचन नाटकीय कविता के मार्मिक निदर्शन के लिए आवश्यक हुआ करता है; और उसमें हमे नाटकीय तत्त्वों के साथ साथ कविता के रीति, छद, तथा चमत्कार आदि सब उपकरणों को एक साथ मिलाकर नाटकीय कविता का सौष्ठव परखना होता है।

*गद्य बद्ध कथोपकथन*

यहाँ पर इस विषय की विवेचना करना अप्रासगिक होगा कि नाटकीय क्षेत्र में कब और किन कारणो से पद्य का प्रत्याख्यान करके गद्य का सूत्रपात किया गया। इस बात के कारणो पर हम ने गद्य के प्रकरण में प्रकाश डाला है, पाठकों को उसे वही देखना चाहिए। **आरंभ में, नाटको के वे प्रकरण—जिनमे नाट्यकार ने अंतर्मुखीन हो जीवन की तलैटी में पैठ, वहाँ के भावरूप**

रत्नो को भाषा के प्रच्छदपट पर जड़ा है, अनायास ही पद्यों में मुखरित हुए हैं; इसके विपरीत वे प्रकरण जिनमें उसने जीवन की सतह के सामान्य भावों को टटोला है, अपेक्षाकृत न्यून रस वाले होने के कारण गद्य की सरणि में खड़े हुए हैं। शनैः शनैः प्राचीन जीवन के आधुनिक जीवन में परिवर्तित होने पर, और उसके साथ ही विगत साहित्य के प्रचलित साहित्य के रूप मे बदल जाने पर, नाटकोय कविता का स्थान भी नाटकीय गद्य ने ले लिया, आगे चल कर जिसका परिपाक आधुनिक नाट्यकारो के उन नाटको में हुआ जिनमें कविता का नाम नहीं है और अशेष नाटक की परिनिष्ठा गद्य ही मे सम्पन्न हुई है। कहना न होगा कि इस परिवर्तन के द्वारा जहाॅ नाटक के कविता की कल्पनाभरित कुक्षि से दूर हो जाने के कारण उसके आकर्षण मे न्यूनता हुई, वहाॅ वह गद्य मे परिनिष्ठित होने के कारण पहले की अपेक्षा जीवन के कही अधिक समीप आ गया; और हम पहले ही देख चुके हैं कि जीवन का प्रतिनिधान ही नटक का प्रमुख लक्षण है। किंतु जहाॅ कविता के उत्तुंग मच से उतर गद्य की निम्नस्थली में आ जाने के कारण नाटक के जीवनप्रदर्शन मे यथार्थता आई, वहाॅ साथ ही नाटकीय कथोपकथन को प्रतिदिन के जीवन मे व्यवहृत होने वाले वार्तालाप जैसा बनाने की प्रवृत्ति के द्वारा उसमें नीरसता आ जाने का भय भी उत्पन्न हो गया, जिसका परिणाम यह हुआ कि आधुनिक युग के नाटकों में यदि उत्कृष्ट कोटि की जीवन का अनुकरण करने की शक्ति है, तो उनमें सामान्यतया उत्कृष्ट कोटि की साहित्यिकता नहीं मिलती, उनके द्वारा व्यवहृत किये गये कथोपकथन को सुनते पढ़ते प्रेक्षको और पाठकों का मन ऊब जाता है; और स्मरण रहे, मन का ऊब जाना एक नाटक की नाटकीयता के लिए सबसे बड़ा घातक है। कथोपकथन को जीवन

मे व्यवहृत होने वाले वार्तालाप के अनुकूल बनाते हुए भी उसे साहित्य की दृष्टि से उत्कृष्ट बनाना आधुनिक नाट्यकार की दक्षता का श्रेष्ठ परिचायक है।

कहना न होगा कि एक कलाकार की कलावत्ता इस बात से परखी जाती है कि वह किस प्रकार जीवन को कला मे परिवर्तित करता है; और एक चतुर नाट्यकार अपनी नाटकीय कला का आधार अपने उस कथोपकथन को बनाया करता है, जिसे वह अपने पात्रो के मुँह से उच्चरित कराता है। यदि कथा का घटन नाटक का ढाँचा है तो कथोपकथन को हम उस ढाँचे को अनुप्राणित करने वाला रुधिर तथा प्राण कह सकते हैं। समालोचकों ने अब तक नाटक के रीतितत्त्व की विवेचना पर समुचित ध्यान नहीं दिया है। एक समालोचक नाटक के विधान, उसके विषय, उसकी देशकालपरिस्थिति उसके पात्र, और इन सब तत्त्वों का परस्परिक संबध, इन सब बातों की विवेचना करता हुआ भी उसके मार्मिक अग, अर्थात् नाटकीय रीति को अछूता छोड़ सकता है। किंतु वह कौन सा तत्त्व है, जो थिएटर में आतरिक चित्तोद्वेग तथा आनंद उत्पन्न करता है जिसकी, किसी भव्य नाटक में पात्रों के शब्दोच्चारण करते ही उत्पत्ति हो जाती है और जो नाटकीय प्रतिभा के उत्थान और पतन के साथ साथ स्वयं भी किसी नाटक में चमका और छिप जाया करता है। नाटक का चरम सार यही तत्त्व है; इसको प्रयत्न द्वारा उत्पन्न नहीं किया जा सकता किंतु अपने विद्यमान होने पर यह छिपाये नहीं छिप सकता। इसे हम केवल शाब्दिक चमत्कार नहीं कह सकते। कुछ नाटकों का तो जीवन ही इसके आधार पर है, उदाहरण के लिए, ओस्कार वाइल्ड तथा कौंग्रेव के नाटको की थिएटर से बाहर की सत्ता एकमात्र उनके चोजभरे कथनों में है। इनका जगत् मँजे हुए चामत्कारिक शब्दविन्यास में है। रह रह कर उनकी वाक्यावलि हमारे मन में उठती है। भवभूति आदि

कविसामतो की रचनाएँ अपने तालमय शब्दविन्यास के आधार पर अब तक खड़ी हुई है। रसो की नानाविध लहरियो में प्रवाहित होने वाली गीति में उनके नाटकों के दोष छिप जाते हैं और नाटकीय तत्त्वों की दृष्टि से कृपण होने पर भी इनके नाटक अब तक जनता द्वारा अपनाये जाते रहे हैं। किंतु मार्मिक नाटकीय सार तो आवृत्तिमय भाषा के उन ऊपरी प्रभावो की अपेक्षा कहीं अधिक गहन तथा सान्द्र होता है। इसे हम कहते हैं **कथोपकथन मे लोकातिशायिनी शक्ति का सचार**, इसके द्वारा शब्द एक अजीब ही, अनूठी ही अभिव्यजकता धारण कर लेते हैं। जब हम कालिदास रचित शकुन्तला में शकुन्तला को अपनी सखियों तथा आश्रमवासियो के साथ वार्तालाप करता देखते है, तब हमे अपनी आँखों के आगे जिस प्रकार पेट्रोल पप मे तैल ऊपर चढता और उतरता दीख पड़ता है, इसी प्रकार शकुन्तला की स्वर्णाभ गात्रयष्टि में मनोवेगों की वीचियाँ उल्लोलित होती दीख पड़ती हैं। इसी प्रकार जब हम शेक्सपीअर के जूलियस सीज़र मे ब्रूटस और कैशियस का कथोपकथन पढते हैं, तब प्रतिपंक्ति, प्रतिपद और प्रतिवर्ण हमारा आत्मा पारस्परिक विद्वेष, असहनशीलता तथा घृणा की उन्हीं लपटों मे झुलस उठता है जो उन दोनों के हृदयों में दहाड़ती दीख पड़ती है। पता नहीं शेक्सपीअर की किस अलौकिक कला ने उनके कथोपकथन मे वह विद्युद्गति पैदा की है जो बिजली के बटन को छूने की नाईं कथोपकथन पर आँख या कान देते ही हमारे हृदय को नानाविध रसों की उत्ताल तरगों से आप्लावित कर देती है। चतुर नाट्यकारो ने अपने कथोपकथन को उद्दाम भावनाओं के क्षेत्र मे ही सबल नहीं बनाया, जीवन के साधारण क्षेत्र में रख कर भी चेखोव आदि कलाकारों ने उसे उतना ही गतिमान् तथा बलवान् बनाया है।

## देशकालविधान

क्योंकि सभी घटनाएँ, न केवल एक समयविशेष में, अपितु एक स्थानविशेष पर घटा करती हैं, इसलिए एक नाट्यकार का कर्तव्य होता है कि वह थोड़े बहुत विस्तार के साथ देश और काल के उस विधान का निदर्शन भी करा दे, जिसमे कि उसके द्वारा वर्णित की गई घटनाएँ घटित हुई हैं। परतु क्योंकि इने गिने विश्वजनीन नाट्यकारो को छोड़, शेष सभी नाट्यकारो को अपने अपने युग के थिएटर पर ध्यान रखते हुए ही नाटकरचना करनी पड़ी है, इसलिए हमें भी उस उस युग के थिएटर पर ध्यान देते हुए ही देशकालविधान का निदर्शन कराना होगा।

यूरोप के नाट्यकारों के सम्मुख क्रम से चार प्रकार का थिएटर रहता आया है। पहला प्राचीन काल का **स्थायिविधान रंगमंच** ( permanent set stage ), दूसरा **चलनशील** अथवा **निश्चल प्लेटफार्म रंगमंच** ( moving or stable plateform-stage ) जो इंगलैंड के मध्ययुग अथवा नवजननयुग ( Renaissance ) मे बरता जाता था; तीसरा परावर्तन युग ( Restoration ) के अत से लेकर १९वीं शताब्दी के अंत तक बरता जाने वाला **चित्रसंस्थान रंगमंच** ( picture-frame stage ) और चौथा बीसवीं शताब्दी का **यांत्रिक रंगमंच** ( mechanized stage )।

***क्लासिकल नाटक का विधान***

विधान की दृष्टि से प्राचीन युग के स्थायिविधान रंगमच वाले थिएटर में नाट्यकार को देशविधान का अपेक्षाकृत न्यून अवसर मिलता था। करुणाजनक नाटकों का विधान या तो किसी मंदिर में होता था, अथवा राजप्रासाद में, जिसका वर्णन करने की विशेष आवश्यकता नहीं होती थी, और नाट्यकार इन स्थानो की

शांति अथवा गरिमा आदि की ओर संकेत करके अपनी रचना में उपयोगी वायुमंडल का विधान कर देते थे। सुखांत नाटक का विधान बहुधा राजपथों पर होता था, जहाँ कि उनमें भाग लेने वाले पात्र साधारणतया रहा करते थे। इस प्रकार के नाटकों मे कभी कभी रंगमंच का संघटन करने वाले सूत्रधार आदि को कठिनाई का सामना करना पड़ता था। अरिस्टोफेनीस-रचित दि बर्ड्स तथा दि क्लाउड्स आदि के विधाननिर्माण के लिए कभी कभी व्यवस्थापक को बड़ी कठिनाई होती थी, और जिन देशों अथवा स्थानों का रंगमंच पर विधान नहीं किया जा सकता था, उनको उन दिनों की जनता, कल्पना के द्वारा कृत लेती थी। राजपथों के आधार पर खड़े होने वाले सुखांत नाटकों को खेलने मे भी बहुधा कठिनाई होती थी। इन नाटकों में घर के भीतर होने वाली घटनाओं तथा कथोपकथनों को राजपथों पर ला कर दिखाना पड़ता था, और क्योंकि प्राचीन ग्रीस में सम्मानित घरों की महिलाएँ बहुधा असूर्यपश्या होती थीं और उनका राजपथों पर लाना अस्वाभाविक प्रतीत होता था इस लिए हमें उस काल के नाटकों में बहुधा ऐसी स्त्रियाँ भाग लेती दीख पड़ती हैं, जिनका समाज में अपेक्षाकृत नीचा स्थान होता था।

*मध्ययुगीन नाटक का विधान*

इंगलैंड के मध्ययुगीन नाटक मे, जिसका रंगमंच एक **निश्चल अथवा चलनशील प्लेटफार्म** होता था, एक नाट्यकार को विधानविषयक अनेक नवीन समस्याओं का सामना करना पड़ता था। मध्ययुगीन धार्मिक नाटक में **प्रदर्शन गाड़ी**(pageant-wagon) की स्टेज के प्रेक्षकों के लिए चहुँ ओर से खुला होने के कारण विधान की आवश्यकता बहुत कुछ न्यून हो जाती थी। निश्चल प्लेटफार्म वाले नाटकों में विधान को दर्शाने का विशेष

प्रयत्न न करके उसकी ओर संकेतमात्र कर दिया जाता था। विधान-प्रदर्शन में किसी सीमा तक पात्रों की विशेष प्रकार की वेषभूषा से भी स्थान और काल का संकेत कराया जाता था।

*इलीज़ाबीथन नाटक का विधान*

मध्ययुग के आरंभिक **प्लेटफार्म-रंगमंच** की अपेक्षा नवजनन-युगीन इंगलैंड का **प्लेटफार्म-रंगमंच** बहुत सी बातों में बढ़ा हुआ था। पब्लिक थिएटरों में रंगमंच इतना आगे की ओर सरका होता था कि उसके तीन ओर निम्नस्थ प्रेक्षक खड़े हो सकते थे। साथ ही प्रधान रंगमंच के साथ एक आंतरिक रंगमंच भी होता था, जिसको, बीच में परदा डालकर, प्रधान रंगमंच से पृथक् किया जा सकता था। किंतु जहाँ प्राचीन नाटक में परिवर्तन न होने के कारण एक प्रकार की सादगी थी, वहाँ इस युग के नाटक में विधान-संबंधी यथेष्ट परिवर्तन करने की प्रथा ने नाट्यकारों पर, समय समय पर बदलने वाले विधानविशेषों को जनता के लिए स्पष्ट करने की आवश्यकता का सूत्रपात भी कर दिया। किंतु यह सब कुछ होने पर भी इस काल के नाटक में भी देशविधान को पूरी पूरी सफलता न मिल सकी और उसका कुछ अंश तो सुतरां अनिर्धारित ही रह जाता था और कुछ का नाटयकार को अपनी रचना में वर्णन करके निदर्शन कराना पड़ता था।

*रिस्टोरेशन के पश्चात् का विधान*

**चित्रसंस्थान-रंगमंच**—जिसका इंगलैंड तथा यूरोप के शेष देशों मे रिस्टोरेशन से लेकर १६वीं सदी के अन्त तक प्रचार रहा है—विधान की दृष्टि से प्राचीन रंगमंच—जिसके दृश्य में विधानसंबंधी परिवर्तन न होता था, और इलीज़ाबीथन युग के रंगमंच, जिसमें विधानसंबंधी परिवर्तन बहुधा और शीघ्रता के साथ हुआ करते थे—बीच में आता था। पहले की अपेक्षा इसमें विधान का

परिवर्तन अधिक होता था और दूसरे की अपेक्षा न्यून।

रंगमंच के इस रूप ने नाट्यकार का विधानसंबंधी भार बहुत न्यून कर दिया। वह अपने नाटक के लिए आवश्यक वायुमंडल की ओर संकेत करता हुआ अभीष्ट रंगमंचीय सामग्री का निर्देश कर देता था, जिसकी पूर्ति करना चित्रलेखक तथा वेषभूषा को बनाने वाले कलाकारों का काम होता था। शनैः शनैः इन नाटकों के विविध दृश्यों मे बदल बदल कर आने वाले सभी विधानों को कलाकारों ने चित्रों मे खींच दिया, जिससे नाटक खेलने वालों को बहुत कुछ सुविधा हो गई।

साहित्य मे यथार्थवाद का सूत्रपात होने पर नाट्यकार तथा चित्रकार, विधान की दृष्टि से दोनों ही की उत्तरदायिता बढ़ गई, क्योंकि यथार्थवाद का एक परिणाम हुआ उपन्यास तथा नाटक दोनों ही में विधान और वातावरण की अतिशय देशीयता ( localization )। इसी कारण वर्तमान युग में लिखे जाने वाले नाटकों में बहुधा छात्रों को विधानसंबंधी विस्तृत निर्देश मिला करते हैं। और यद्यपि अमेरिका और यूरोप दोनों ही के थियेटरों में अभी तक **चित्रसंस्थान-रंगमंच** पर ही अभिनय किया जाता है, तथापि यह स्मरण रखना चाहिए, कि वर्तमान युग के आविष्कारों ने—जिनमें विद्युत् प्रधान है—रंगमंच तथा उसके साथ सम्बन्ध रखने वाली सभी बातों मे क्रांतिकारी परिवर्तन उपस्थित कर दिया है। विधान में भी अब चित्रकार का हाथ प्रासाद, राजपथ, उद्यान, सरोवर तक ही परिसीमित न रह पर्वत, वन, समुद्र तथा भयंकर और दूरातिदूर देशों और स्थानों पर चलने लगा है और रंगमंच पर होने वाले जो परिवर्तन अब तक हाथ द्वारा किये जाते थे, अब बिजली से किये जाने लगे हैं; और दृश्यों की जिस विविध रंगरूपता को संपन्न करने के लिए अब तक

मोमबत्ती आदि से काम लिया जाता था, अब बिजली के रंगबिरंगे बल्बों द्वारा पहले की अपेक्षा कहीं अधिक अच्छी तरह से संपन्न किया जाता है।

## संकलनत्रय

नाटकीय विधान का संक्षेप में वर्णन हो चुका; अब हमें नाटकीय वस्तु, काल तथा स्थल के संकलन पर ध्यान देना है। प्राचीन यूनानी आचार्यों ने यह सिद्धांत स्थिर किया था कि **आदि से अंत तक अशेष अभिनय किसी एक ही कृत्य के संबंध मे होना चाहिए, किसी एक ही स्थान का होना चाहिए और एक ही दिन का होना चाहिए,** अर्थात् एक दिन में एक स्थान पर जो कुछ कृत्य हुए हों, उन्हीं का अभिनय एक बार में होना चाहिए, नाटकरचना का यह नियम ग्रीस से इटली और इटली से फ्रांस में पहुँचा था, जहाँ इसका बहुत दिन तक पालन होता रहा। किंतु सूक्ष्म दृष्टि से देखने पर ज्ञात हो जायगा कि संकलनसंबंधी यह नियम, उठती हुई ग्रीक कला की दृष्टि से कितना भी महत्त्वपूर्ण क्यों न रहा हो, इसका उत्कृष्ट कोटि के कलाकारों ने पालन नहीं किया और शेक्सपीअर जैसी प्रतिभाओं ने तो इस पर किंचित् भी ध्यान नहीं दिया। उनके नाटकों में से प्रायः सभी मे अनेक स्थानों और अनेक वर्षों की घटनाएँ आ जाती हैं। प्राचीन काल के ग्रीक नाटक अपेक्षाकृत सादे होते थे और उनमें बहुधा तीन या पाँच पात्र हुआ करते थे। फलतः उन नाटकों में संकलन के उक्त नियमों का पालन सहजसाध्य था। किंतु वर्तमान काल के नाटकों और रंगशालाओं की अवस्था उस समय के नाटकों और रंगशालाओं से सुतरां भिन्न प्रकार की है; इसीलिए इन नियमों के पालन की अब न तो आवश्यकता ही रह गई है और न इनका पालन आजकल संभव ही है। हाँ, हम मानते हैं कि नाटककार को

अपनी रचना मे इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिए कि कथा का निर्वाह आदि से अंत तक सुतरां समंजस हो, आदि से अत तक उसकी एक ही मुख्य कथावस्तु और एक ही मुख्य सिद्धांत हो। कुछ गौण कथावस्तुएँ और सिद्धात भी उसमे स्थान पा सकते हैं, पर उनका समावेश इस प्रकार सपन्न होना अभीष्ट है कि मूल कथावस्तु के साथ उनका अटूट सबंध स्थापित हो जाय और वे उससे उखड़े-पुखडे न दीख पडें।

*कालसकलन*

कालसंकलन का मौलिक आशय यह था कि जो कृत्य जितने समय में हुआ हो उसका अभिनय भी उतने ही समय मे होना चाहिए। प्राचीन ग्रीक नाटक दिन-दिन और रात-रात भर होते रहते थे; फलतः ग्रीस के प्रख्यात तत्त्ववेत्ता अरस्तू ने यह नियम निर्धारित किया था कि एक दिन और एक रात; अर्थात् चौबीस घंटों में जो जो कृत्य हुए अथवा हो सकते हों, उन्हीं का समावेश एक अभिनय में होना चाहिए। पीछे से फ्रांस के प्रख्यात दुःखांत नाटककार कौर्नेय्य ने काल की इस अवधि का चौबीस घटे से बढ़ा कर तीस घंटे कर दिया पर साधारणत. नाटक तीन चार घंटे में पूरे हो जाते हैं; फलतः यदि चौबीस अथवा तीस घटों का काम तीन चार घंटों में पूरा हो सकता है तो फिर छः मास या वर्ष भर का अथवा उससे भी कहीं अधिक काल का काम उतने ही समय में क्यों नहीं समाप्त किया जा सकता। यदि कालसंकलन का यूनानी अथवा फ्रांसीसी आशय लिया जाय तो फिर आज-कल की दृष्टि से किसी अच्छे नाटक की सृष्टि हो ही नहीं सकती। हाँ, इस बात का ध्यान अवश्य रखना चाहिये कि घटनाओं का उल्लेख इस प्रकार से किया जाय कि उसके मध्य का अवकाश, चाहे वह थोड़ा हो या बहुत, चाहे वह कतिपय मास का हो अथवा कई वर्षों का, प्रतीत न होवे, और प्रेक्षक गण एक दृश्य

से दूसरे दृश्य मे ऐसे सरकते जाँय, जैसे हम अनजाने दिन से रात मे और रात से दिन मे खिसक जाते हैं।

शकुन्तला नाटक के पहले अक मे राजा दुष्यत की शकुन्तला के साथ भेंट होती है। तीसरे अक मे पहले उनका मिलाप होता है और पश्चात् दोनो का विछोह हो जाता है। इसके उपरात बीच मे जो समय बीतता है उस पर हमारा ध्यान नही जाता और सातवें अक में दुष्यत अपने कुमार सर्वदमन को सिंह के शावको के साथ खेलता हुआ पाते हैं। कालसंकलन की ग्रीक अथवा फ्रासीसी रीति से देखने पर शकुन्तला नाटक हास्यास्पद प्रतीत होगा; किन्तु कालसकलन की भारतीय दृष्टि से वह अत्यन्त ही रमणीय सपन्न हुआ है। प्रेक्षकवर्ग जिस समय नाटक देखने बैठते हैं उस समय वे रस मग्न हो जाते हैं, और अभिनय से उत्पन्न होने वाले रस मे निमग्न हो जाने पर उन्हे घटनाओं के बीच का समय प्रतीत ही नही होता, और कालिदास की अनूठी जादूगरी के द्वारा वे एक अक से दूसरे अक मे और एक घटना से दूसरी घटना पर ऐसे आ विराजते हैं जैसे नदी मे प्रवाहित होने वा। काष्ठफलक पर बैठा हुआ पक्षी नदी की लहरियों को देखता हुआ, अनजाने, उसके एक प्रदेश से दूसरे प्रदेश पर जा पहुँचता है।

*स्थलसकलन*

स्थलसकलन का प्राचीन आशय यह है नाटक की रचना ऐसी होनी चाहिए जो एक ही स्थान मे, एक ही दृश्य में दिखलाई जा सके। अभिनय के बीच में रंगभूमि के दृश्य मे इस नियम के अनुसार किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं हो सकता। यह व्यवस्था कला की दृष्टि से दूषित और साथ ही नाटक के तत्त्वों का ध्यान रखते हुए बहुत कुछ अस्वाभाविक भी थी। फलतः शेक्सपीयर जैसे प्रतिभाशाली नाट्यकारों ने जहाँ पहले संकलन का प्रत्याख्यान किया वहाँ इस पर भी उन्होने ध्यान नही दिया। कहना न होगा कि भारतीय नाट्याचार्यों ने भी इस

सकलन को नहीं अपनाया है।

## उद्देश्य

उपन्यास की भाँति नाटक के उद्देश्य से भी हमारा तात्पर्य जीवन की व्याख्या अथवा आलोचना से है। किन्तु जीवन की यह आलोचना उपन्यासों तथा नाटको में भिन्न प्रकार से होती है। उपन्यासलेखक अप्रत्यक्ष अथवा प्रत्यक्ष दोनो प्रकार से जीवन की व्याख्या करता है, पर नाटककार केवल प्रत्यक्ष रूप से ही यह काम कर सकता है। विद्वानों का कथन है कि, उपन्यास जीवन की सब से अधिक विस्तृत व्याख्या है। इसके विपरीत नाटक का क्षेत्र संकुचित है, क्योकि इस में नाटककार को अपनी ओर से कुछ भी कहने का अधिकार नहीं है। हेनरी जेम्स के अनुसार उपन्यास जीवन का वैयक्तिक अकन है, इसके विपरीत नाटक को हम सैद्धांतिक रूप से जीवन का अवैयक्तिक संप्रदर्शन कह सकते हैं। फलतः जहाँ हम उपन्यास के क्षेत्र में आसानी के साथ उसके लेखक के आत्मीय विचारों को पहचान जाते हैं, वहाँ नाट्य क्षेत्र मे उसके रचयिता के जीवनसबंधी सिद्धातों को खोज निकालना हमारे लिए दुष्कर हो जाता है।

किंतु स्मरण रहे; नाटक की अवैयक्तिकता से हमारा आशय यह नहीं कि उसमें उसके लेखक के व्यक्तित्व का संसर्ग रहता ही नहीं; ऐसा होने पर तो हम नाटक को साहित्य ही नहीं कह सकते। उपन्यास के विपरीत नाटक के सुतरां विषय प्रधान होने पर भी उसका रचयिता नाटकीय बंधनों को तोड़ जहाँ तहाँ अपने पात्रों के मुँह से जीवन के विषय में अपने सिद्धान्त प्रेक्षकों को सुना ही देता है।

ध्यान से देखने पर ज्ञात होगा कि ग्रीक ट्रेगाजन* नाटकों में गायकगणों के मुँह से कही जाने वाली बातें

*नाटक में उद्देश्य* बहुधा नाट्यरचयिता की अपनी होती थीं। उनमें

*को प्रकट करने के भिन्न भिन्न उपाय*

उसके जीवनविषयक तत्त्वज्ञान का निष्कर्ष होता था। किन्तु आधुनिक नाटको में गायकगणो के न रह जाने से नाटककार के हाथ मे से अपने तत्त्वज्ञान को उद्घोषित करने का उक्त साधन छिन गया है, और उसे इस काम के लिए अपने पात्रों में से ऐसा पात्र छॉट लेना पड़ता है, जिसका कथावस्तु के साथ उतना अटूट सम्बन्ध नही होता, जितना अन्य पात्रों का होता है और जिसकी बातें बहुधा नाटक रचने वाले की अपनी बातें होती हैं। आधुनिक नाटको में—जिनका प्रमुख लक्ष्य प्रेक्षको के सम्मुख जीवन की सामाजिक तथा राजनीतिक समस्याएँ उपस्थित करना है—बहुधा एक पात्र ऐसा होता है, जो आदि से अत तक सारे कथावस्तु में एक वैज्ञानिक दर्शक की भाँति उपस्थित रह कर, नाटककार की ओर से प्रेक्षकों को जीवन के सिद्धान्तों का सकेत कराता है। हाल के यूरोपियन नाटकों में तो यह पात्र इतना अधिक व्यक्त तथा सबल बन गया है कि फरासीसियों की नाटकीय परिभाषा में उसका नाम ही तार्किक ( raisonneur ) पड़ गया है। किन्तु नाटकीय पात्रों में से इस तार्किक अथवा व्याख्याता को ठीक ठीक ढूँढ निकालना चतुरता का काम है, और बहुधा समालोचक किसी पात्र के मुँह से विशेष प्रकार की तात्त्विक बातें सुन कर उसे तार्किक समझने की भूल कर जाते हैं।

कहना न होगा कि चतुर नाटककार का कर्तव्य है कि वह अपने इस पात्र को कथावस्तु के साथ ऐसा सघटित कर दे कि वह नाटक में असंबद्ध व्यक्ति न प्रतीत होकर उसका एक अविभाज्य अग बन जाय। ऐसा न होने पर नाटकीय दृष्टि से उस पर आक्षेप किया जा सकता है; और क्योंकि बहुधा नाटककारो को ऐसा करने में कठिनाई होती है इस लिए सिद्धान्त संकेतन के लिए इस उपाय का त्याग

करके सामान्य पात्रों के मुँह से ही अपने सिद्धान्तो को सकेतित कराना नाट्यकार के लिए श्रेयस्कर होगा। किन्तु क्योंकि एक नाटक मे अनेक पात्र होते हैं, उन सब के मुँह से निकली बातों को हम नाटककार की अपनी बातें नही कह सकते, इस लिए नाटककार के निजू सिद्धान्तो को खोजने के लिए सभी पात्रों के वार्तालाप की तुलनात्मक विवेचना करनी होगी और उसके उपरान्त नाटक की समष्टि के तत्त्व को ध्यान में रखते हुए उसके किसी विशेष पात्र के अथवा पात्रों के वार्तालाप में नाटककार के निजू सिद्धान्तो की उद्भावना करनी होगी। एक बात और, रगमच पर जो सृष्टि दिखाई देती है, उसका स्रष्टा नाटककार ही है, फलतः उसकी रचना मे उसके भावों, विचारो तथा सिद्धान्त आदि का समा जाना अनिवार्य तथा स्वाभाविक है। उसकी रची हुई साहित्यिक सृष्टि से हमें इस बात का भान हो जाना चाहिए कि वह इस ससार को किस दृष्टि से देखता है वह उसका क्या आशय समझता है, वह उसके किन नैतिक आदर्शों को महत्त्वशाली समझता है। जीवन का जो सार उसे दीखता है, उसे ही वह प्रेक्षकों के सम्मुख उपस्थित करता है। फलतः किसी नाटक की अशेष घटना को देख कर हम सहज ही इस बात का निर्धारण कर सकते हैं कि जीवन के विषय मे उसके रचयिता के क्या सिद्धान्त हैं। इस प्रसग मे बाबू श्यामसुन्दरदास ने अंग्रेजी के प्रख्यात कवि शैले का निम्नलिखित उद्धरण दिया है—

"काव्य का समाज के कल्याण के साथ जो सबध है, वह नाटक मे सब से अधिक स्पष्ट रूप में दिखाई देता है। इस बात में किसी को आपत्ति नहीं हो सकती कि जो समाज जितना ही उन्नत होता है, उसकी रगशाला भी उतनी ही उन्नत होती है। यदि किसी देश मे किसी समय बहुत ही उच्च कोटि के नाटक रहे हों और पीछे से उन नाटकों का अन्त हो गया हो, अथवा उनमें कुछ दोष

आ गये हों, तो समझना चाहिए कि इसका कारण उस देश का उस समय का नैतिक पतन है।"

***कालिदास का नाटकीय आदर्श***

कहना न होगा कि जिस प्रकार भद्र नाटक किसी देश की भव्य भावनाओं के द्योतक हैं उसी प्रकार कुत्सित नाटक उस देश के नैतिक पतन के व्यापक हैं। इस दृष्टि से जब हम कालिदास रचित शकुन्तला नाटक पर विचार करते हैं तब हमें उस नाटक में वे सभी ऋजु भाव मूक मुद्रा में पंक्तिबद्ध हुए खड़े दीखते हैं, जो इस देश की अनादि काल से विभूति रहते आये हैं। कविवर रवींद्र के शब्दो में इस नाटक में एक गम्भीर परिणति का भाव परिपक्व होता है। वह परिणति फूल से फल में, मर्त्य से स्वर्ग मे, और स्वभाव से धर्म में संपन्न हुई है। मेघदूत में जैसे पूर्वमेघ और उत्तरमेघ हैं, अर्थात् पूर्वमेघ मे पृथ्वी के विचित्र सौन्दर्य का पर्यटन करके उत्तरमेघ में अलकापुरी के नित्य सौंदर्य में उत्तीर्ण होना होता है, वैसे ही शकुन्तला में एक पूर्वमिलन और दूसरा उत्तरमिलन है। प्रथम अंक के उस मर्त्यलोक-सम्बन्धी चचल सौंदर्यमय तथा अनूठे पूर्वमिलन से स्वर्ग के तपोवन में शाश्वत तथा आनन्दमय उत्तरमिलन की यात्रा ही शकुन्तला नाटक का सार है। यह केवल विशेषतः किसी भाव की अवतारणा नहीं है, और न विशेषतः किसी चरित्र का विकास ही है; यह तो सारे काव्य को एक लोक से अन्य लोक में ले जाना और प्रेम को स्वभावसौंदर्य के देश से मगलसौंदर्य के अक्षय स्वर्गधाम में उत्तीर्ण कर देना है।

स्वर्ग और मर्त्य का यह जो मिलन है, इसे ही कालिदास ने अपने नाटक मे प्रदर्शित किया है। उन्होंने फूल को इस सहज भाव से फल मे परिणत कर दिया है, मर्त्य की सीमा को उन्होंने इस प्रकार स्वर्ग के साथ मिला दिया है कि बीच का व्यवहार किसी को दृष्टि-

गोचर ही नहीं होता ।

कालिदास ने अपनी आश्रमपालिता नवयौवनशालिनी शकुन्तला को सरलता तथा भव्यता का निदर्शन बनाते हुए उसे संशयशून्य स्वभाव से भूषित किया है । अत तक उसके इस स्वभाव मे बाधा नहीं पहुँचाई । फिर इसी शकुन्तला को अन्यत्र शांत प्रकृति दुःख-सहनशील, नियमचारिणी, और सतीधर्म की आदर्शरूपिणी बना कर चित्रित किया है । एक ओर तो वह तरुलताफलपुष्प की भाँति आत्मविस्मारक स्वभावधर्म के अनुगत दिखलाई पड़ती है और दूसरी ओर एकान्त तपःपरायण और कल्याण धर्म के शासन में एकांत भाव से नियत्रित चित्रित की गई है । कालिदास ने अपने विचित्र रचनाकौशल से अपनी नायिका को लीला और धैर्य, स्वभाव और नियम तथा नदी और समुद्र के ठीक संगम पर खड़ा कर दिया है ।

नाटक के आरंभ में ही हम शकुन्तला को एक निष्कलंक सौदर्य-लोक मे विहरती देखते हैं । वहाँ का अशेष वातावरण उसकी भव्य भावनाओं से आप्लावित हुआ दीख पड़ता है । उस तपोवन में वह आनन्द के साथ अपनी सखियों तथा तरुलताओं से हिली-जुली दीख पड़ती है । उस स्वर्ग में छिपे छिपे पाप ने प्रवेश किया और वह स्वर्ग-सौदर्य कीटदष्ट कुसुम की भाँति विशीर्ण और स्रस्त हो गया । इसके अनतर लज्जा, संशय, दुःख, विच्छेद और अनुताप हुए; और सब के अवसान में विशुद्धतर, उन्नततर स्वर्गलोक में क्षमा, प्रीति और शान्ति दिखलाई पड़ने लगी । कविवर रवीन्द्र के शब्दों में शकुन्तला का सार यही है और यही है भारतीय जीवन का चरम आदर्श । इस आदर्श की उत्थानिका जितनी रुचिकर कालिदास के शकुन्तला नाटक मे परिनिष्ठित हुई उतनी अन्यत्र कहीं नहीं ।

दूसरी ओर यूरोप के सर्वोत्तम नाटककार शेक्सपीअर ने अपने

टेम्पेस्ट नाटक में मनुष्य का प्रकृति के साथ, और मनुष्य का मनुष्य के साथ विरोध प्रदर्शित किया है। इस नाटक मे उनके अन्य नाटको की नाई आद्यन्त विक्षोभ ही विक्षोभ लहर मार रहा है। मनुष्य की दुर्दम प्रवृत्तियाँ उसके जीवन में ऐसा ही विरोध खड़ा कर दिया करती हैं। शासन, दमन और पीड़न से इन प्रवृत्तियो को हिंस्र पशुओं की नाई सयत करके रखना पड़ता है। किंतु स्मरण रहे, इस प्रकार बल से इन प्रवृत्तियों को दबा देने पर, किंचित् काल के लिए उनका उत्पीडन हो जाता है, समय पाकर वे फिर उठ खड़ी होती हैं और फिर से मनुष्य के जीवन मे विक्षोभ का ताडव उत्पन्न कर देती हैं। भारतीय आध्यात्मिक जगत् ने इस प्रकार के उत्पीडन को परिणाम नही समझा है। सौंदर्य से प्रेम से, मगल से पाप को एक दम समूल नष्ट कर देना ही भारतीयो की दृष्टि में सच्ची परिणति समझी जाती रही है। इस परिणति का व्याख्यान करने वाला साहित्य ही श्रेष्ठ साहित्य है और उसी व्याख्यान में कविता के समान नाटक की भी परिनिष्ठा होनी वांछनीय है। इस प्रकार का साहित्य श्रेय को प्रिय और पुण्य को हृदय की सपत्ति बना कर जनता के सम्मुख उपस्थित करता है। वह अतरात्मा के मगलमय आन्तरिक पथ का अवलंबन करके उसके मल को उसी के आँसुओ मे धोया करता है, और इसी तत्त्व का चितन करते हुए कालिदास ने शेक्सपीअर की भाँति बल को बल से, आग को आग से न शांत कर अपने नाटक में दुरंत प्रवृत्ति के दावानल को अनुतप्त हृदय के अश्रुवर्षण से शांत किया है।

*शेक्सपीअर का नाटकीय आदर्श*

जीवनव्याख्या के इसी आदर्श को ध्यान में रख कर हमारे आचार्यों ने कहा है कि धर्म, अर्थ और काम की सिद्धि ही नाटकीय कथावस्तु के फल अथवा कार्य हैं, अर्थात् नाटकों से इन तीनों अथवा

इनमें से किसी एक की निष्पत्ति होना आवश्यक है। जिस नाटक में इनमें से किसी एक तत्त्व की भी प्राप्ति न होती हो वह नाटक सचमुच निरर्थक है।

## कमेडी और ट्रैजेडी

होरेस वेलपोल के अनुसार जीवन सुखांत है उन लोगों के लिए जो विचारशील हैं, करुणरसजनक है उनके लिए जो अनुभवशील हैं इस कथन के अनुसार हम कह सकते हैं कि करुणरसजनक नाटक हमारे मनोवेगों को अपील करते हैं और सुखात नाटक हमारे मस्तिष्क को।

*सुखांत नाटक*

इसी तत्त्व को मैरेडिथ ने अपने प्रख्यात निबंध कमेडी का आधार बनाया और इसी के आधार पर उन्होने सुखांत नाटक का लक्षण **विचार-पूर्ण हास्य** करते हुए इसे जीवन के अनुभवो के लिए सामान्य ज्ञान ( commonsence) का मापदंड बताया।

किंतु ध्यान से देखने पर ज्ञात होगा कि सुखांत नाटक का उक्त लक्षण दोषयुक्त है। प्रकार अथवा आचारविषयक अनेक सुखात नाटको मे—जैसा कि दि स्कूल फॉर स्कैंडल—केवल मस्तिष्क का व्यापार न रह कर बौद्धिक तथा मनोवेगीय तत्त्वो का सकलन दृष्टिगत होता है, और जब हम सुखांत नाटक के उक्त लक्षण को शेक्सपीअर के सुखात नाटकों पर घटाते हैं तब तो वह उन पर किसी प्रकार घटता ही नहीं है।

शेक्सपीअर को किसी के भी अपावरण (exposure) मे प्रसन्नता नहीं होती थी। उन्होंने अपने समय के किसी भी एक विचार चारित्रिक मापदड अथवा रीतिरिवाज की समालोचना नही की। शठो तथा मूर्खों के प्रति हृदय की वह कठोरता, जो कि प्रकार अथवा आचार-संबंधी सुखात नाटकों का मेरुदंड है, शेक्सपीअर में ढूँढे नहीं मिलती।

हैज़लिट के शब्दों मे शेक्सपीअर के उपहास में दुष्ट स्वभाव के डंक का अभाव है। उसकी सुखात प्रतिभा इस काम से बहुत ऊपर है, उसने अपनी प्रतिभा के द्वारा मूर्खता, आत्मवचना, शठता और गृध्नुता आदि भावों की क्लेशावहता न दिखा उस के द्वारा दुर्भाग्य और अन्याय के वशीभूत हुए प्राणियो का सुख में अवसान दिखाया है।

ध्यान से देखने पर ज्ञात होगा कि सुखात नाटकों का अपना जगत् पृथक् ही होता है, और उस जगत् के अपने अलग ही नियम होते हैं। वहाँ के व्यवहार को हम वास्तविक जीवन के मापदड से नही नाप सकते और जब हम इस दृष्टि से शेक्सपीअर के सुखात नाटकों का अनुशीलन करते हैं तब हमें ज्ञात होता है कि उनके सौंदर्य का सार वातावरण तथा चित्तवृत्ति में है, जिसमें कि कवि ने उनका निर्माण किया है। अनुपपन्न परिस्थितियों से वे भरे पडे हैं, किसी न किसी प्रकार उन्हे सभी के लिए सुखात बनाया गया है; कथोपकथन उनका बहुधा नीरस तथा फीका है, यथार्थवाद के सभी मापदंडो का उनमें कवि ने '. । '. कर दिया है; इनके मिडसमर नाइट्स ड्रीम मे सामान्य ज्ञान को जगह जगह धता बताई गई है, लड़के के वेष मे फिरने वाली रोज़ालिंड का ओर्लैंडो तथा उसके पिता के द्वारा न पहचाना जाना इस बात का पर्याप्त निदर्शन है। किंतु ज्यों ही हम अपनी अविश्वासवृत्ति को त्याग, कवीय श्रद्धा से अनुप्राणित हो, इनके रचे मायारूप जगत् में पैठते हैं, त्यों ही हमें इनका रचा जगत् वास्तविक जीवन का अनुकरण करने वाले सुखात नाटकों की अपेक्षा कही अधिक मगलमय तथा वैभवसपन्न दृष्टिगोचर होने लगता है। यहाँ पहुँच हमारे मन मे एक प्रकार की श्रद्धा अंकुरित हो जाती है और हम समझने लगते हैं कि वह सभी भद्र है जहाँ हमें यौवन ले जाता है, जिधर हमे मूर्खता अग्रसर करती है।

मनोज्ञता और आध्यात्मिकता से समुपेत उदीयमान प्रेम और अनुरपन्नताओं की मर्मज्ञता से संपन्न, मानवीयता तथा प्रकृति के भीतर सनिहित सभी प्रसन्न, मधुर, तथा मंजुल तत्त्वों के प्रति एक प्रकार के प्रेम से समुल्लसित, सभी प्रकार के गिरे-पड़े, उखड़े-पुखड़े आचार की विचित्रताओं से चर्चित, उपहास की उत्कृष्ट भावना से आप्लावित और सभी प्रकार की मूर्खता के वैचित्र्य से अर्चित ये सुखांत नाटक कुछ अनूठे ही, किसी और ही जगत् के, किसी अन्य ही प्रकार के मनुष्यों से बसे हुए दीख पड़ते हैं। और अंत में शेक्सपीअर ने अपने अंतिम दुखांत नाटकों में इस जगत् मे वास्तविक मानवीय अभद्रता तथा क्लिष्टता का प्रवेश किया है।

फलतः यह कहना कि सुखांत नाटक की अपील मस्तिष्क के प्रति और करुणरसजनक नाटक की अपील मनोवेगों के प्रति होती है, दोषयुक्त ठहरता है। इसके विपरीत यदि हम यह कहे कि **करुणरसजनक नाटक वे हैं, जिनमे नायक का निधन दर्शाया गया हो और सुखांत नाटक वे हैं, जिनमे ऐसा न होता हो** तब हमें ऐसा मानना पड़ेगा कि दि थ्री सिस्टर्स, जस्टिस, दि सिल्वर बॉक्स सुखांत नाटक हैं, जब कि वास्तव मे ऐसी बात नही है। इसके विपरीत यदि हम कहें कि **मानवीय प्रसन्नता की कहानियाँ सुखांत नाटक हैं, और उसके क्लेश की कहानियाँ करुणरसजनक** है तब हमें रोमियो ऐंड जूलियट तथा उत्तररामचरित्र को करुणरसजनक नाटक और वोल्पोन को सुखांत नाटक मानना पडेगा, जब कि बात वास्तव मे इसके सुतरां विपरीत है।

किंतु यह सब कह चुकने पर भी यह सभी को मानना पड़ेगा कि जिस प्रकार सामान्य दृष्टि से देखने पर; एक दूसरे से भिन्न प्रकार के होने पर भी ओथेलो, दि थ्री सिस्टर्स, घोस्ट्स, तथा जस्टिस नाम के नाटकों मे एक प्रकार की आंतरिक समानता है, उसी प्रकार से सामान्य

दृष्टि से देखने पर एक दूसरे से भिन्न प्रकार के होने पर भी शकुन्तला, उत्तररामचरित, ऐज़ यू लाइक इट, वोल्पोन, दि कंट्री वाइफ, तथा मैन ऐंड सुपरमैन नाम के नाटकों मे एक प्रकार की आंगिक समीपता है।

इस समानता का आश्रय इन नाटकों की कथनीय वस्तु नहीं है। एक ईर्ष्यालु पति, जो ओथेलो में करुणरसजनक नाटक का आधार बनता है, वही दि कंट्री वाइफ में सुखांत नाटक की कथा वस्तु बन जाता है। शेक्सपीअर के एक नाटक में क्लियोपेट्रा करुण-रसजनक सपन्न हुई है तो शॉ ने उसी को अपनी सुखात रचना का विषय बनाया है। यह समानता इन नाटको के पीछे काम करने वाले व्यक्तियो की समानता भी नही है और नहीं है वह उनके माध्यम के परिभाषिक उपयोग की। और इस प्रकार अंत में यह समानता एकमात्र इन नाटको के द्वारा प्रेक्षक अथवा पाठकवर्ग पर पड़ने वाले प्रभाव की ही ठहरती है, आइये, अब देखें कि वह प्रभाव कौनसा और किस प्रकार का है।

और इस अवस्थान पर आकर हमें करुणारसजनक तथा सुखात नाटकों के प्रभाव मे एक प्रकार का मौलिक प्रातीप्य दीख पडेगा। सुखांत नाटक का सार एक विशेष प्रकार की मनोवेगीय प्रतिक्रिया में है, तो करुण-रसजनक का सार उससे दूसरे प्रकार की मनोवेगीय प्रतिक्रिया में। ये प्रतीपी प्रभाव अथवा परिणाम मनोविज्ञान से संबंध रखते हैं। मानवीय चेतना के विषय में हमारा इतना ज्ञान नहीं है कि हम इस बात की गवेषणा कर सकें कि वह कौन सी मनोवैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसके द्वारा इन परिणामों की उपपत्ति होती है; संभवतः साहित्यिक रचना के लिए इन बातों की खोज में जाना उचित भी नहीं है। ऐसी दशा में हमारा कर्तव्य नाटकों के उक्त दो प्रकार के प्रभावों के मूल में न जाकर एकमात्र

उन प्रभावों की विवेचना करना और यह देखना रह जाता है कि साहित्यिक कला से उनकी उत्पत्ति कैसे होती है।

***सुखांत नाटक में मुक्ति की अनुभूति***

और यहाँ हम इस समस्या के अनपेक्षित विस्तार मे न फँस इतना ही कहेगे कि नाटकीय समस्याओ के मनोवेगीय विशदीकरण की विभिन्नता—जो ट्रैजेडी और कमेडी से उद्भूत होने वाली अनुभूति की प्रमुख अवच्छेदक है—एकमात्र सुख या दुःख का अथवा रात्रि के समय होने वाले भय और प्रातःकाल के साथ आने वाले आनन्द का ही विभेद नहीं है, किंतु यह इनसे एक पग और आगे बढ नाटक के अन्त मे उद्भूत होने वाले मनोवेगीय मूल्यों (emotional values) से भी सबध रखती है, और हम कह सकते हैं कि **सुखांत नाटक का संबंध सामयिक मूल्यों से है, तो करुणरसजनका नाटक का संबंध शाश्वत मूल्यो से है।** सुखांत नाटक मे व्यक्ति का समाज के साथ और समाज का व्यक्ति के साथ जो सम्बन्ध है, उसका प्रदर्शन होता है। और उसका चरम मापदड सदा से सामाजिक रहता आया है। सुखात नाटक के अवसान का सबध अनिवार्यरूपेण उस मर्यादा, व्यवहार अथवा वृत्ति से है, जिसमे कि सामान्य जीवन को जीवित रहना है। इसका सम्बन्ध भावरूप, अमूर्त न्याय से नहीं, अपितु इस जगत् के स्थूल मनोवेगीय तथा चारित्रिक निर्णयों से है। और जिस प्रकार चरित्र के क्षेत्र मे, उसी प्रकार मनोवेगों की परिधि में सुखात नाटक के प्रति होने वाली प्रतिक्रिया में द्रष्टा को जीवन में दीख पड़ने वाले खिचाव तथा तनाव से मुक्ति प्राप्त होती है, उसके मनोवेगों का भार ढीला पड़ता है और वह खोटे भाग्य की चपेटों से बच कर शांति की ओर अग्रसर होता है। **और यही कारण है कि सुखांत नाटक मे अनिवार्यरूप से उपहास का अंश विद्यमान रहता है।** सभी जानते हैं कि उपहास

एक सामाजिक वस्तु है और मनोवैज्ञानिकों के अनुसार इसके पीछे मुक्ति अथवा सुस्थता की भावना बनी रहती है। सुखात रचना में उपहास के इस तत्त्व को मुखरित होने का वह अवसर मिल जाता है, जो वास्तविक जीवन मे दुष्प्राप्य है; क्योंकि कला के क्षेत्र मे हमारे क्रियाकलाप और हमारी वृत्तियाँ, वास्तविक जीवन मे अनिवार्यरूपेण उनसे उद्भूत होने वाले गभीर परिणामो से पृथक् हो जाने के कारण, उपहासास्पद बन जाती हैं, और इसी लिए वे उस नाटकीय आनन्द का विषय बन सकती हैं जिससे वे यथार्थ जीवन में वचित रहा करती हैं। फाल्स्टाफ का भद्दा मोटापन, उसकी शराब पीने और बात बात मे झूठ बोलने की टेव, उसकी पद पद पर धोखा देने की आदत, और उसकी अन्य बहुत सी बेतुकी बातो का यथार्थ जीवन मे प्रेक्षको तथा श्रोताओ पर ऐसा कुरुचिजनक प्रभाव पडेगा कि उन्हे सुनकर वे उस पर थू-थू करने लगेंगे, किंतु फाल्स्टाफ की उन्हीं बातों के सुखात नाटक की परिधि में प्रविष्ट हो जाने पर हम वास्तविक जीवन मे नाटकीय जीवन में सरक जाते हैं, और फाल्स्टाफ के साथ तदात्म्य हो हम उसी स्वतन्त्रता तथा मुक्ति का अनुभव करने लगते हैं, जो अपने शरीर और चरित्र को बेतुकी बातो के द्वारा इनके नियमित सस्थान की कठोरता से दूर। भाग कर फाल्स्टाफ ने अनुभव की थी।

किन्तु इन सब बातों का यह आशय कदापि नही है कि **एक सुखान्त नाटक में उपहास के अंश का होना अनिवार्य है**। उपहास के अभाव में भी इस कोटि के नाटक को देख कर हमारे मन में एक प्रकार का सन्तोष तथा आनन्द उत्पन्न हो सकता है और सच पूछो तो, उच्च कोटि के सुखांत नाटकों में हम सम्भवतः कदाचित् ही हँसते होंगे। इसके द्वारा हमारे मन में विविध प्रकार की वृत्तियाँ उत्पन्न हो सकती हैं, क्योंकि साहित्य की अन्य विधाओं के

समान सुखान्त नाटक भी अपने रचयिता की प्रतिमूर्ति हैं, और स्वभावतः सुखान्त नाटकों में उत्पन्न होने वाले स्वाद भी इतने ही होंगे, जितने कि इन नाटको के रचने वाले कलाकार। किन्तु इस कोटि के नाटक से उत्पन्न होने वाला प्रभाव, चाहे ऐसा सरल हो जैसे कि यू नैवर कैन टैल का, अथवा इतना सकुल जैसा कि शकुन्तला अथवा टैंपेस्ट का, **दोनो ही प्रकार के प्रभावो मे, उनसे उत्पन्न होने वाली मनोवेगीय तथा बौद्धिक प्रतिक्रिया में एक प्रकार की मुक्ति तथा सन्तोष का अंश विद्यमान रहता है।** यदि एक सुखान्त नाटक को देख हमारे मन मे मुक्ति की यह भावना न जगी, यदि उसने हमारे मन मे मनोवेगों का तो तहलका मचा दिया किन्तु उनको एक लय का रूप दे मनस्तुष्टि की चरम तान मे सकलित न किया तो समझो सुखान्त नाटक की दृष्टि से वह नाटक कोरा गया। और परिणाम मे होने वाली इस एकतानता की दृष्टि से देखने पर शेक्सपीअर का सुखान्त नाटक मर्चेंट ऑफ वेनिस दोषपूर्ण ठहरता है, क्योंकि आधुनिक प्रेक्षकों के हृदय में इस नाटक का अवसान होने पर भी शायलाक का चरित्र तीर की भाँति गड़ा रहता है, और यही बात शेक्सपीअर के मच एडो अबाउट नथिग के विषय मे दुहराई जा सकती है, क्योंकि वहाँ भी नायक की कठोर यातनाएँ, नाटक का अवसान हो चुकने पर भी, प्रेक्षकों को गाँस की नाईं सालती रहती हैं। सुखान्त नाटक की चरम परिनिष्ठा कालिदास के शकुन्तला नाटक में सपन्न हुई है, जहाँ आदर्शभरित जीवनसरिता के तलपृष्ठ पर उतराने वाले अशेष बुद्बुदों का, अन्त में, उसी सरिता में, अवसान हो गया है और शकुन्तला अपने पथ के सब कंटकों का अपसारण कर अन्त में अपने इष्ट देव के साथ एक हो गई है।

**और वह तत्त्व, जिसके कारण कि मर्चेंट ऑफ वेनिस तथा**

मच एडो अबाउट नथिंग नामक नाटकों मे क्लेश सुख मे पर्यवसित न हो अन्त तक प्रेक्षकों के मन को सालता रहता है, करुणरसजनक नाटकों का मौलिक आधार है। ट्रैजेडी और कमेडी मे प्रमुख भेद यही है कि ट्रैजेडी में हमे अपनी उस मनोवृत्ति का, जिसके द्वारा कि हम इस जीवन को बुद्धिगम्य समझते है, परित्याग कर देना पडता है। हमें इसे, जैसा यह हमारे सम्मुख प्रपंचित रहता है, उसी रूप मे मान लेना पडता है, और एकतालता—यदि ट्रैजेडी की परिधि मे इसकी सम्भावना है भी तो—दृश्यमान जगत् के मूल्यों मे उद्भूत न हो उस पार के जगत् के मूल्यों मे दीख पड़ती है।

ट्रैजेडी

अरिस्टोटल के कथनानुसार ट्रैजेडी के रस करुण तथा भय होते हैं। करुणरसजनक नाटक का विषय निसर्गतः भद्र पुरुष को अभ्युदय से गिरा कर अवनति के गर्त में धकेलना नहीं होना चाहिए, क्योंकि इससे प्रेक्षकों का, उद्वेग के मारे हक्के-बक्के रह जाने का भय है। ट्रैजेडी का नायक ऐसे मनुष्य को बनाना उचित है जो सर्वांशेन भद्र न हो, और जो पतन के गर्त मे अपनी नैसर्गिक नीचता से नहीं, अपितु अपने किसी प्रमाद अथवा निर्बलता के कारण गिर पड़ा हो।

किन्तु जब हम ध्यानपूर्वक उक्त कथन की परीक्षा करते हैं तब हमें ज्ञात होता है कि ट्रैजेडी के देखने पर हमारे मन मे एक मात्र करुणा तथा सन्त्रास के भाव न उत्पन्न हो कभी कभी साध्वस, विषाद, अमर्ष तथा क्रान्ति के भाव भी भर जाते हैं। क्या हम कह सकते हैं कि बड़ी से बड़ी ट्रैजेडी को देख कर भी हमारे मन में इन भावनाओं का उदय नहीं होता? क्या ओथेलो को देख कर हमारे मन में अमर्ष, दि ट्रोजान वोमैन को देख कर क्रान्ति, और घोस्ट्स को देख कर उग्र विषाद नहीं उत्पन्न होता?

*ट्रैजेडी में मानवीय वेदना*

अब यदि सिद्धान्तवाद के झमेले को छोड़ हम ट्रैजेडी में किसी ऐसे तत्त्व की खोज करें जो समान रूप से सभी करुणरसजनक नाटको मे संनिहित रहता हो तो वह हमे मानवीय सन्ताप अथवा वेदना मे मिल जाता है। कहना न होगा कि करुणरसजनक नाटक का रचयिता मानवसमाज को रहस्यमय अदृष्ट की चपेटों मे परिक्लिष्ट हुआ पाता है, वह उसे दुर्दम दैव से दलित, दैवी घटनाओं से परिहसित, परिस्थितियों का दास, और कठोरता, अन्याय तथा उत्पीडन का उपहास बना हुआ देखता है। नियतियक्षी के इस निरुद्देश्य नृत्य को वह कभी उन परंपरागत दैवोपाख्यानों मे प्रतिफलित हुआ देखता है, जिनका जगत् देवताओं तथा धीरोदात्त नायकों में बसा हुआ है, जिसमें बसने वाले आगामेम्नन ने इफिजेनिया को अंधविश्वास की बलिवेदी पर चढ़ा दिया था, इफिजेनिया की माता ने उसके पति की हत्या करके उसका बदला लिया था, उसके पुत्र ओइडिपुस ने अपने पिता की मृत्यु का बदला अपनी माता तथा उसके प्रेमी को मार कर लिया, और अन्त में देवताओ ने अपना बदला उससे लिया। नियतियक्षी के इसी निरुद्देश्य तांडव को वह उस जराजीर्ण राजा की जीवनवनी में घोषित होता देख सकता है, जो अपने राज्य को अपनी पुत्रियों में—उनके अपने प्रति होने वाले प्रेम की मात्रा के अनुसार—बाँट देता है; अथवा उस पुरुष और उसकी पत्नी की कहानी में देख सकता है, जो अपनी उच्चपदाभिलाषा से प्रेरित हो परघात करने को उद्यत होते हैं, किन्तु अपनी भीरुता के कारण उस पाप से दूर रह जाते है। इस नृत्य को वह ऐंटनी और क्लियोपेट्रा तथा जॉन आफ आर्क आदि ऐतिहासिक नायक-नायिकाओ के जीवन में घटता देख सकता है; वह इसी अनिरुद्ध पादप्रहार को बड़े से बड़े और छोटे से छोटे

मनुष्य के जीवन में ध्वनित होता देख सकता है।

मानवयन्त्रणा के इस दृश्य से, चाहे यह किसी भी रूप मे और समाज की किसी भी श्रेणी मे क्यो न हो—मनावजीवन के प्रति वह दैवदुर्नियोग लक्षित होता है, जो नाटकीय कला का सार है।

कहना न होगा कि नाटक मे अभिनीत की जाने वाली मानवीय यत्रणा मे किसी सीमा तक स्वयं नायक और नायिका का अपना हाथ होता है, और उस दैवदुर्नियोग को जिसमे कि वे फँसते हैं, वे स्वय अपने हाथों अप्रत्यक्ष रूप से आमन्त्रित करते हैं, और उनके इस प्रकार अनजाने अपनी मौत अपने आप बुलाने मे ही ट्रैजेडी का चरम सार है।

*ट्रैजेडी की मानववेदना में भाग्य का हाथ*

करुणरसजनक नाटक में जहाँ उसके नायक-नायिका अनजाने अपनी मौत आप बुलाते हैं, वहाँ साथ ही उनके क्रियाकलाप की प्रसूति मे भाग्य के प्रतिनिवेश का भी बड़ा हाथ रहता है; और सभी जानते हैं कि भाग्यचक्र मनुष्य के हाथ से बाहर की वस्तु है, स्वय विधाता भी इसमे फँसा हुआ सृष्टि के अविराम यातायात को चला रहा है। और जब कि हम सुखान्त नाटक मे होने वाले परिणाम की नीतिमत्ता अथवा औचित्य को इसी जीवन में प्रत्यक्ष हुआ पाते है, करुणरसजनक नाटक के परिणाम की नीतिमत्ता अथवा औचित्य को हम इस जगत् के मापदंड से नहीं नाप सकते; क्योंकि हम देखते है कि ओथेलो एक वदान्य तथा भव्य व्यक्ति था, और इयागो आमूलचूल पैशाचिकता में पगा हुआ नरपिशाच; अन्त दोनों का फिर भी एक समान था, मरे दोनो थे, और दोनों ही क्लेश और यातना के प्रचंड क्वाथ में। डेस्डिमोना, कोर्डेलिया और ओफेलिया, जो

फूलों पर पली थी और फूलो से फलो मे परिणत हुई थी, भी अन्त मे उसी प्रकार मृत्यु का ग्रास बनती है, जिस प्रकार कि नारकीय मन्थरा और उसी कोटि की अन्य नरशुनियाँ। इन परिणामो को हम भौतिक जीवन के सामयिक मूल्यों से नहीं आँक सकते, यहाँ तो हमे "बस भाग्य मे यही बदा था" यह कह कर मौन हो जाना पड़ता है।

कहना न होगा कि करुणरसजनक नाटको की बहुसख्या मे किसी प्रकार की मनोवेगीय एकलयता नही सपन्न होती। इसमे संदेह नही कि करुणरसजनक नाटकों के अभिनय से एक प्रकार का आतरिक आनद उत्पन्न होता है, किंतु वह आनन्द मानवीय यातना की कथा से नही, अपितु उस कथा को कहने के चामत्कारिक ढग से, उस कथा के रचयिता की अनूठी कलावत्ता से प्राप्त होता है, यह आनन्द है परिणाम उस रसमयी साहित्यिक सयोजना का जिसके द्वारा कि एक परिनिष्ठित कलाकार ऐक्य की भावना का, और नाटकीय सघर्ष की तुमुलता तथा गहनता का परिपाक किया करता है। प्रत्येक नाटक के अवसान मे हमारे मन में एक परिपूर्ण, सतोषजनक, समृद्ध अनुभूति का उदय होता है। हम अनुभव करते हैं कि ट्रैजेडी का चक्र जितना चाहिए था उतना घूम चुका है, उसके परिणाम का उसके आरभ के साथ सामजस्य पूरा उतरा है, और नाटकीय संस्थान अथवा प्रकार की वह इतिमत्ता हो चुकी है जिसे हम नाटक के अवसान में रगभूमि को छोड़ते समय यह कह कर व्यक्त किया करते हैं कि "ओह! क्या ही अच्छा नाटक था? उस कवि ने तो बस जीवन के चित्रण में लेखनी ही तोड़ दी!!" किंतु ध्यान रहे, यह आनन्द, जिसका प्रकाशन हम उक्त शब्दों में किया करते हैं, बहुधा नाटक के रूप से, ट्रैजेडी की नाटकीयता से, सम्बन्ध रखता है; इसकी प्रसूति नाटक में दीखने वाली मानवीय यंत्रणा के दर्शन से

रही हुई है। इसे देख कर तो बहुधा हमारा मन मुरझाया ही रहता है; और यह बात ध्यान देने योग्य है कि जो व्यक्ति नाटकीय कला के अवबोध से वंचित हैं, वे इस कोटि के नाटकों को देख अंत में खिन्न ही हुआ करते हैं और कहा करते हैं कि क्या ही अच्छा होता यदि हम इस नाटक को देखने ही न जाते। वास्तविक जीवन के चित्रण के रूप मे देखने पर ये नाटक हमारे मन में एक प्रकार की क्रान्ति उत्पन्न कर देते हैं, हम इनके भीतर नायक और नायिका के चरित्र की दृष्टि से उनके निष्पाप होने पर भी, अकिंचनता को मुरझाये मन स्वीकार किया करते हैं। शेक्सपीअर रचित ओथेलो मे हम अन्य बहुत से व्यक्तियों के पतन के साथ साथ उस नाटक के धीरोदात्त नायक ओथेलो को भी निहत होता देखते हैं। हैमलेट नाटक में जहाँ अन्य बहुत से नरनारी यमलोक की यात्रा करते हैं, वहाँ प्रति-क्षण विचारो में झूलने वाला उस नाटक का भावुक नायक भी नाटक के अंत मे यही कहता सुनाई पड़ता है कि बस तैयार रहने मे ही बहादुरी है। नाटकीय कला की दृष्टि से निधन का कितना भी महत्त्व क्यों न हो, इन नाटकों को देख कर प्रेक्षक वर्ग के लिए ओथेलो और हैमलेट जैसे भद्र पुरुषों को मृत्यु के मुख मे जाता हुआ देखना कठिन हो जाता है और वे अकस्मात् चीख पड़ते हैं—क्या ऐसे वदान्य व्यक्तियों का भी जीवन मे यही अवसान होना बदा था?

किंतु दैवदुर्नियोग के इतना कठोर होने पर भी, आर्त समाज की इस दबी चीख के सुनाई देने पर भी कि "हे राम! क्या इसी को मनुष्य कहते हैं, क्या मनुष्य का यही अवसान है?" हमारे मन पर ट्रैजेडी का चरम अंकन एक विचित्र ही प्रकार का होता है, जिसका आँकना इहलोक के सामयिक मापदंड से न होकर परलोक के शाश्वत मापदंड से हुआ करता है। इन नरपुंगवों को भाग्य के साथ जूझता हुआ देखकर हमारे मन में

क्षुद्र भावनाओं के स्थान पर उदात्त और उत्तुंग भावनाएँ जागृत होती है और संग्राम से उत्पन्न होने वाले उत्साह के साथ साथ हमारे मन में मनुष्य की मौलिक विशालता और उसके स्वाभाविक उत्कर्ष की गरिमा भी जागृत हो जाती है। और इसी लिए जहाँ हम अपने विषाद को गहरा बता कर उसकी उत्कटता प्रकट करते हैं, वहाँ ट्रैजेडी के समक्षेत्र को सदा उन्नत तथा ऊँचा बता कर उसकी उदात्तता को व्यक्त किया करते हैं। और यद्यपि ओथेलो तथा हेमलेट की कथा को पढ कर हमारे मन मे विषाद की तमिस्रा छा जाती है, तथापि अततोगत्वा हमे इस बात की पूरी अनुभूति हो जाती है कि जीवन मे शाश्वत मूल्य भद्रता, वदान्यता, शुचिता निष्पापता और उत्साह का ही है, और इन्हीं के प्रदर्शन में मनुष्य की—चाहे उस पर कितने भी कष्ट क्यो न आवें, और हम जानते हैं कि कष्टो की अग्नि में पिघल कर ही आत्मा कुन्दन बनता है—इतिकर्तव्यता है।

कहना न होगा कि भारतीय आचार्यों ने सदा से सुखात नाटक को ग्रहण करते हुए दुखात नाटक का प्रत्याख्यान किया है उनकी दृष्टि मे किसी भी मंगलमय जीवन का अवसान अवसाद मे नहीं होता, मगल का अवसान अनिवार्यरूप से शिव तथा शाति मे होता है, और शाति है मन का धर्म, और एक मगलमय जीवन का वहन करने वाला त्यागी जब अपनी पीठ पर लदे भार को फेंकता है, तब स्वभावतः उसके हृदयाकाश मे शाति की ज्योत्स्ना खिली रहती है और उसके शरीर के वेदनाओं से परिक्लिष्ट रहने पर उसका अन्तःकरण सुसमान सरोवर की नाई निस्तब्ध तथा नीरव रहा करता है। यदि किसी व्यक्ति की वृत्ति अवसान के समय इससे विपरीत प्रकार की रही तो समझो वह सच्चा महात्मा नही है।

हमारे यहाँ इस जीवन की प्रसूति आनदमय भगवान से मानी गई है और उसी मे उसका अवसान भी निर्धारित किया गया है।

और क्योंकि हमारा आत्मा आनंदमय भगवान का ही एक व्यक्ति कण है इसलिए उसी के समान यह भी शाश्वत तथा आनदमय है; इसे अवश्य अपने आदि स्रोत अथवा अपने जैसे अगणित ज्योति-कणों की समष्टि में मिल कर एक हो जाना है। किंतु यह अनुष्ठान सदा तपस्या के द्वारा हुआ करता है। फलतः हमारे यहाँ जीवन शाश्वत होने के कारण उसका अंत सदा ही अनन्दमय रहता आया है और आत्मा को इस पद तक पहुँचाने के साधन तपस्या अथवा क्लेश का पहले ही अवसान हो चुका होता है। यह बात कालिदास के शकुन्तला नाटक को देखने से भली भाँति व्यक्त हो जाती है। इस नाटक में भारत के अमर कवि ने पाप को हृदय के भीतर अपनी ही आग से आप ही दग्ध कर दिया है—बाहर से उसे राख में छिपा कर नहीं छोड़ा। उन्होंने दुष्यंत और शकुन्तला के चरम मिलन के मध्य आने वाले सभी अमंगलों को भस्म करके यह नाटक समाप्त किया है, जिसका परिणाम यह होता है कि प्रेक्षकों के मन में एक संशयहीन मंगलमय परिणाम की शाति छा जाती है। बाहर से अचानक पापबीज पड़ जाने से हृदय मे जो विषवृक्ष खड़ा हो जाता है, वह भीतर से जब तक समूल नष्ट नहीं होता, तब तक उसका उच्छेद नहीं होता, कालिदास ने शकुन्तला और दुष्यंत के मिलनरूप क्षेत्र में पड़े हुए दुर्वासा के शापरूप वृक्ष को समूल ध्वस्त करके ही—और स्मरण रहे आदम और ईव का अशेष क्रियाकलाप ही उस शाप का परिणाम है—उनका चरम मंगलमय मिलन संपादित किया है। जीवन की जो मनोज्ञ प्रक्रिया नाटकीय क्षेत्र में कालिदास ने खड़ी की, भारत के विभिन्न नाटककारो ने अपनी अपनी रचनाओं में उसी को अंगीकार किया है।

## नाटकरचना के सिद्धान्त

नाटकीय तत्त्व की विवेचना करते हुए हमने कहा था कि नाट-

कीय तत्त्वों मे संघर्ष अथवा द्वंद्व का होना आवश्यक है। यह संघर्ष नाटकीय पात्रो का बाह्य तथा आन्तर दोनो ही प्रकार के जगत् के साथ हो सकता है। बाह्यघटनाओ के साथ युद्ध दिखाने के निदर्शन ओथेलो तथा मैकबेथ हैं और आन्तरिक प्रवृत्तियों का द्वन्द्व दिखाने के हैमलेट तथा किंग लियर निदर्शन हैं। नाटक के मूल आधार इस विरोध रूप तत्त्व के उदय, उत्थान और परिणाम के अनुसार ही नाटक के ढाँचे का पाश्चात्य आचार्यों ने विवेचन किया है।

*नाटकीय विकास की पाश्चात्य और भारतीय परिभाषा*

नाटक में जहाँ से यह विरोध या द्वन्द्व आरम्भ होता है वही से मुख्य कथावस्तु का आरम्भ होता है और जहाँ इस विरोध या संघर्ष का कोई परिणाम निकलता है, वही कथावस्तु का भी अवसान हो जाता है। कथावस्तु के आरम्भ मे जो विरोध उत्पन्न होता है, वह पहले एक निश्चित सीमा तक बढ़ता जाता है, और उस परिधि के उपरान्त दो विरोधी पक्षों में से एक की विजय आरम्भ होने लगती है और अन्त में भले को बुरे पर अथवा भाग्य को व्यक्ति पर विजय प्राप्त होती है। नाटकीय कथावस्तु, अर्थात् संघर्ष के विकास के आधार पर पाश्चात्य आचार्यों ने नाटक को पाँच भागो मे विभक्त किया है; पहला **आरम्भ**, जिसमे विरोध अथवा संघर्ष उत्पन्न करने वाली कुछ घटनाएँ होती हैं, दूसरा **विकास**, जिसमे संघर्ष बढ़ता है, तीसरा **चरम सीमा**, अथवा **परा कोटि**, जहाँ से किसी एक पक्ष की विजय का आरम्भ होता है; **चौथा उतार या निगति**, जिसमें विजयी की विजय निश्चित हो जाती है, और पाँचवाँ **अन्त या समाप्ति** जिसमें उस विरोध या द्वन्द्व पर पटाक्षेप हो जाता है। विकास की इन्हीं अवस्थाओं को कुछ परिवर्तन के साथ भारतीय आचार्यों ने **आरम्भ, प्रयत्न, प्राप्त्याशा, नियताप्ति और फलागम** इन पाँच

विधानों मे व्यक्त किया है। भारतीय आचार्यों के अनुसार नायक अथवा नायिका के मन मे किसी प्रकार का फल प्राप्त करने की अभिलाषा होती है और उसी अभिलाषा से नाटक का **आरम्भ** होता है। उस फल की प्राप्ति के लिए जो व्यापार होता है, वह **प्रयत्न** कहाता है। आगे चल कर विघ्नों पर विजय लाभ करते हुए उस फल के प्राप्त होने की आशा होने लगती है, इसी को **प्राप्त्याशा** कहते हैं। इसके अनन्तर विघ्नो का नाश हो जाता है और फल की प्राप्ति निश्चित हो जाती है, इसे **नियताप्ति** कहते हैं, और सब के अन्त मे फल प्राप्ति होती है, जो **फलागम** कहाती है।

ऊपर लिखी पाँचों अवस्थाएँ व्यापार शृंखला की हैं। इसके साथ ही भारतीय आचार्यो ने दो और बातो पर और विवेचन किया है : एक **अर्थप्रकृति** और दूसरी **संधि**। अर्थप्रकृति से अभिप्रेत हैं कथावस्तु को प्रधानफल प्राप्ति की ओर अग्रसर करने वाले चमत्कारयुक्त अंश, जिनके भेद हैं : **बीज**, **बिन्दु**, **पताका**, **प्रकरी** और **कार्य**। वस्तु के प्रारंभिक कथाभाग को, जो कि क्रमशः विस्तृत होता जाता है, **बीज** कहते हैं। जो बात समाप्त भी होने वाली अवान्तर कथा को अग्रसर करती और मुख्य कथा का विच्छेद नहीं होने देती, उसे **बिन्दु** कहते हैं। प्रासंगिक कथावस्तु जब अधिकारिक कथावस्तु के साथ साथ चलती है तब उसे **पताका** कहते हैं, जैसे रामायण मे सुग्रीव की, वेणीसंहार मे भीमसेन की और शकुन्तला नाटक में विदूषक की कथा। **प्रकरी** वह प्रासंगिक कथावस्तु है, जो अधिकारिक कथावस्तु के साथ साथ न चल, थोड़ी दूर चल कर समाप्त हो जाती है, जैसे रामायण मे जटायु-रावण संवाद और शकुन्तला में छठे अंक में दो दासियों का वार्तालाप। **कार्य** से तात्पर्य उस घटना से है, जिसके लिए उपायजात का आरंभ किया जाय और जिसकी

*अर्थप्रकृति*

सिद्धि के लिए नाटकीय सामग्री जुटाई जाय । कहना न होगा कि ये पाँचों बातें वस्तुविन्यास से सम्बन्ध रखती हैं।

उपरिवर्णित अर्थ प्रकृतियों और अवस्थाओं के परस्पर सयोग से नाटक के जो पाँच अश या विभाग बनते हैं,

*संधि*

उन्हे पॉच **संधियों** की सज्ञा दी गई है। उनके नाम हैं, **मुखसंधि, प्रतिमुखसधि, गर्भसन्धि, अवमर्श-सन्धि और निर्वहणसन्धि**। जहाँ प्रारम्भ नामक अवस्था और बीज नामक अर्थप्रकृति के संयोग से अर्थ और रस की अभिव्यक्ति हो, वहाँ **मुखसन्धि** होती है। **प्रतिमुखसन्धि** मे मुखसधि में दिखलाए हुए बीज का कुछ लक्ष्य और कुछ अलक्ष्य रीति से विकास होता है जैसे रत्नावली में वत्सराज और सागरिका का प्रेम विदूषक को स्पष्ट-रूप से ज्ञात हो जाता है, पर वासवदत्ता चित्रावली की घटना से केवल उसका अनुमान ही कर पाती है। इस प्रकार राजा का प्रेम कुछ लक्ष्य और कुछ अलक्ष्य रहता है। **प्रतिमुखसन्धि** प्रयत्ननामक अवस्था और बिंदुनामक अर्थ प्रकृति के समान कार्यशृंखला को अग्रसर करती है। **गर्भसन्धि** में प्राप्त्याशा अवस्था और पताका अर्थप्रकृति होती है और **प्रतिमुखसधि** मे स्फुरित हुए बीज का बार-बार आविर्भाव, तिरोभाव तथा अन्वेषण होता है। रत्नावली में गर्भसन्धि तीसरे अंक मे है। **अवमर्शसन्धि** में गर्भसन्धि की अपेक्षा बीज का अधिक विकास होकर उसके फलोन्मुख होने के समय जब शाप, आपत्ति, विलोमन आदि से विघ्न उप-स्थित हो तब यह सधि होती है। इसमें नियताप्ति अवस्था और प्रकरी अर्थप्रकृति रहती है। प्राप्त्याशा अवस्था में सफलता की संभावना के साथ साथ विफलता की आशका भी बनी रहती है और पताका अर्थप्रकृति में प्रधान फल का सिद्ध करने वाला प्रासगिक वृत्तांत रहता है। रत्नावली के चौथे अंक में जहाँ आग के कारण गड़बड़

मचती है वहाँ **अवमर्शसन्धि** है। **निर्वहणसंधि** में पूर्वोक्त चारों सधियों मे प्रदर्शित हुए अर्थों का समाहार प्रधान प्रयोजन की सिद्धि के लिए होता है और मुख्य फल की प्राप्ति हो जाती है। इसमें **फलागम** अवस्था और **कार्य** अर्थप्रकृति होती है। रत्नावली में विमर्श-सधि के अत से लेकर चौथे अक की समाप्ति तक निर्वहणसधि है। अर्थप्रकृतियो, अवस्थाओ और सधियों का पारस्परिक संबध नीचे लिखी तालिका से स्पष्ट हो जायगा:—

| **अर्थप्रकृति** | **अवस्था** | **सन्धि** |
|---|---|---|
| बीज | आरभ | मुख |
| बिंदु | प्रयत्न | प्रतिमुख |
| पताका | प्राप्त्याशा | गर्भ |
| प्रकरी | नियताप्ति | विमर्श |
| कार्य | फलागम | निर्वहण |

इसके अतिरिक्त हमारे आचार्यों ने नाट्य अथवा अभिनय की दृष्टि से वस्तु के दो मुख्य भेद किये हैं: एक दृश्य दूसरा सूच्य। दृश्य वस्तु वह है, जिसका रगमच पर अभिनय किया जा सके, जिससे निरंतर रस का उद्रेक होता रहे और जिसके देखने के लिए प्रेक्षकवर्ग उत्सुक रहे। **सूच्यवस्तु** वह है, जिसका कारणविशेष से रगमच पर प्रदर्शन न किया जा सके, जैसे, लबी यात्रा, वध, मृत्यु, युद्ध, स्नान, चुम्बन आदि। **सूच्य वस्तु** को दर्शकों के ध्यान मे लाने के लिए अनेक उपाय किये जाते हैं, जिन्हे **अर्थोपक्षेपक** के नाम से पुकारा जाता है। नाटकीय वस्तु के उक्त भेदों से ही न सतुष्ट हो भारतीय आचार्यों ने उसके **श्राव्य, अश्राव्य और नियतश्राव्य आदि** अनेक उपभेद किये हैं, इसी प्रकार उन्होंने अभिनय को भी **आंगिक, वाचिक, आहार्य** तथा **सात्त्विक** इन भेदों में विभक्त किया है। जिस प्रकार वस्तु और अभिनय के, उसी प्रकार उन्होंने नाटकीय

वृत्ति के भी **भारती, कैशकी, सात्त्विकी** और **आरभटी** ये चार भेद बताये हैं। कहना न होगा कि सूक्ष्मेक्षिका की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण होने पर भी नाटकीय तत्त्वो के ये विभाग अत्यंत ही नीरस तथा निरर्थक सिद्ध हुए हैं। इनके आधार पर न तो कोई नाटक आज तक खड़ा ही हुआ है और न इन विभागों की शृंखला मे कसे जाकर किसी कलाकार की प्रतिभा काम ही कर सकती है। फलतः हमने इनका यहाँ पर दिग्दर्शन करा देना ही पर्याप्त समझा है।

## भारतीय प्रेक्षागृह

भारतीय आचार्यो की दृष्टि से नाटकीय तत्त्वों का दिग्दर्शन करा चुकने पर भारतीय **रंगशाला अथवा प्रेक्षागृह** के विषय में कुछ कह देना अप्रासंगिक न होगा। भरत के अनुसार प्राचीन काल मे तीन प्रकार के प्रेक्षागृह होते थे: **विकृष्ट, चतुरस्र, और त्र्यस्र।** विकृष्ट प्रेक्षागृह—जिसकी लम्बाई १०८ हाथ होती थी—सर्वोत्तम होता था और कहा जाता है वह देवताओ के लिए होता था। **चतुरस्र** प्रेक्षागृह की लबाई ६४ हाथ और चौड़ाई ३२ हाथ होती थी और वह राजाओं, धनिको तथा साधारण जनता के लिए होता था और त्र्यस्र प्रेक्षागृह त्रिभुजाकार होता था और इसमें एक कुटुम्ब के अथवा कतिपय मित्र अथवा परिचित व्यक्ति मिल कर नाटकीय अभिनय देखा करते थे।

सभी प्रकार के प्रेक्षागृहों में आधा स्थान दर्शकों के लिए और शेष आधा भाग अभिनय के लिए रहता था, जिसे रंगमंच कहा जाता था। रंगमच का सबसे पिछला भाग रंगशीर्ष कहाता था और उसमें छः खंभे रहते थे। रंगमच के खंभों और दीवारो पर नक्काशी और चित्रकारी हुआ करती थी। वायु और प्रकाश के आने का अच्छा प्रबन्ध होता था। रंगमंच का आकार ऐसा होता

था कि उसमे स्वर भलीभाँति प्रतिध्वनित हो सके । बहुधा रंगमंच दो खंडों का भी बनाया जाता था : एक खंड ऊपर और दूसरा नीचे होता था। ऊपर वाले खंड मे स्वर्ग के दृश्य दिखाये जाते थे। खंभों में चित्रकारी होने के अतिरिक्त रंगमंच की दीवारों पर भी पहाड़ों, नदिया, जंगलों आदि के चित्र खिंचे होते थे। रंगमंच के पीछे एक परदा होता था, जिसे यवनिका कहते थे । संभवतः इस परदे का कपड़ा यूनान से आता था, इसी कारण इसका नाम यह पड़ गया हो। यवनिका का रंग नाटकीय रस के अनुसार बदल दिया जाता था, रौद्र रस के लिए लाल, भयानक के लिए काला शृंगार के लिए श्याम (साँवला), करुण के लिए खाकी, अद्भुत के लिए पीला, बीभत्स के लिए नीला और वीर के लिए सुनहरा परदा बरता जाता था।

प्रेक्षकों के बैठने का प्रबन्ध संतोषजनक होता था । प्रेक्षकों की पंक्तियाँ यहाँ वर्णों के ही अनुसार लगती थी, और जैसे और जगह, वैसे यहाँ भी, सबसे आगे ब्राह्मण बैठते थे, उनके पीछे क्षत्रिय, उनके पीछे उत्तर पश्चिम की ओर वैश्य और सब से पीछे उत्तरपूर्व मे शूद्र बैठते थे। यदि पृथ्वी पर आसनों की कमी हुई तो आजकल के सिनेमाओं की भाँति दूसरा खंड खड़ा कर लिया जाता था।

नाटक और उसके तत्त्वों के विषय मे पाश्चात्य तथा भारतीय दृष्टिकोणों से विवेचना कर चुकने पर उसकी उत्पत्ति और इतिहास के विषय मे कुछ कह देना अप्रासंगिक न होगा।

## नाटक की उत्पत्ति

किसी न किसी रूप में नाटक संसार की सभ्य और असभ्य सभी जातियों मे पाया जाता है, और सभी जातियों में इसकी उत्पत्ति का संबंध किसी न किसी प्रकार की नृत्य और गीतिभरित धार्मिक पूजा से दीख पड़ता है। यह पूजा एक तो उस रहस्यमय शक्ति की होती थी,

जिसे हम परमात्मा कहते हैं और जिसका परिचय आरम्भ से ही मनुष्य को प्रकृति की भिन्न भिन्न शक्तियो में मिलता आया है, और दूसरे यह पूजा मृतक वीरों की होती थी। ऋतुपरिर्तन के समय और फसल बोने तथा काटने के अवसर पर किसी देवविशेष की आराधना के उद्देश्य से नृत्य और गीत आदि का आयोजन भारतवर्ष, चीन और यूनान जैसे देशों मे ऐतिहासिक काल से बहुत पहले आरम्भ हुआ प्रतीत होता है। यूनान में नाटक का आरंभ डायोनिसस देवता की सार्वजनिक पूजा से हुआ बताया जाता है। और सभी देशों में देवताओं की पूजा के पश्चात् मृतक वीरों की पूजा का सूत्रपात हुआ, जिसका योजक सूत्र हमें भारत में आज भी कृष्णलीला के रूप में संतत हुआ दीख पड़ता है। निष्कर्ष इन बातों के कहने का यह है कि नाटक की उत्पत्ति देवता तथा मृतक वीरों की पूजा में सम्मिलित हुए नृत्य और गीत से हुई। भरत मुनि ने नाट्यशास्त्र के आरम्भ में कहा है कि नाट्यशास्त्र की रचना के लिए ब्रह्मा ने ऋग्वेद से सवाद, सामवेद से गान, यजर्वेद से नाट्य और अथर्ववेद से रस लिये। इस कथन से नाटक के विकास का सकेत मिलता है। नृत्य और गान के साथ जब कथोपकथन मिल जाय, तब साहित्यिक अर्थ में नाटक का जन्म हो जाता है।

**नाटक की सृष्टि**

यदि भरत मुनि के उक्त सकेत को सत्य न भी माना जाय तो भी इतना तो निश्चित है कि नाटक सृष्टि के आवश्यक उपकरण वेदों में बीजरूप से विद्यमान थे। ऋग्वेद में इद्र, अग्नि, सूर्य, उषस्, मरुत् आदि देवताओं की स्तुति के गीत, और सरमापणि, यमयमी, तथा पुरुरवा-उर्वशी के कथोपकथन मिलते हैं, और हो सकता है कि इनके अथवा इन्ही के समान अन्य आख्यानों के आधार पर भारत के प्राचीनतम नाटक लिखे गये हों। इस बात का पूरा पूरा निश्चय करना कि

भारत में नाटक ने परिपक्व रूप किस युग में धारण किया, बहुत कठिन है। किन्तु इस बात के मानने मे संकोच नही होना चाहिए कि पाणिनि और पतजलि के समय तक नाटको का पर्याप्त विकास हो चुका था। पाणिनि ने अपनी अष्टाध्यायी मे नाट्य-शास्त्र के दो आचार्यों, अर्थात् शिलालिन् और कृशाश्व का नाम लिया है। पाणिनि के पश्चात् उसके सूत्रों की व्याख्या करने वाले पतजलि मुनि अपने महाभाष्य मे लिखते हैं कि **रंगशालाओ मे नाटको का अभिनय होता था**। हमारे यहाँ प्राचीन काल से ही नाटकों का अभिनय होने के सकेत पर्याप्त मात्रा में मिलते हैं। हरिवश पुराण मे लिखा है कि वज्रनाभ के नगर मे कौबेररभाभिसार नामक नाटक का अभिनय हुआ, जिसमें कैलाश पर्वत का दृश्य दिखाया गया। कठपुतलियों का वर्णन—जिन का सम्बन्ध नाटक की उत्पत्ति और विकास के साथ अविभाज्य सा प्रतीत होता है—महाभारत और कथासरित्सागर में पाया जाता है।

***भरतमुनि और नाटक का विकास***

यों तो भारत मे नाटक का विकास वैज्ञानिक काल में हो चुका था, किंतु उसके विकास का क्रमबद्ध इतिहास भरतमुनि के समय से ही आरम्भ होता है। भरत का समय ईसा से कम से कम तीन चार सौ वर्ष पहले बताया जाता है; और स्मरण रहे भरत मुनि द्वारा प्रारम्भ किया गया नाट्यशास्त्र एक लक्षण ग्रन्थ है, जिस से यह बात माननी अनिवार्य हो जाती है कि उससे भी कहीं पहले हमारे देश मे नाट्यकला और नाटकों का भरपूर प्रचार हो चुका होगा; क्योंकि बहुसंख्यक तथा बहुविध नाटकों को रंगमच पर देखे अथवा पढ़े बिना उनके गुणदोषो का विवेचन करना और उनके सम्बन्ध में लक्षणग्रन्थों की रचना करना असंगत सा है।

यद्यपि भरत मुनि के पश्चात् नाटककारो में कालिदास का नाम

ही विशेषतया स्मरणीय है, तथापि स्वय कालिदास के ।भ॰।नु॰। उनसे पहले भास आदि अनेक प्रसिद्ध नाटककार हो चुके थे। इस सम्बन्ध मे यह कह देना भी अप्रासगिक न होगा कि मध्यएशिया में बौद्धकालिक नाटकों मे से कतिपय के हस्तलेख प्राप्त हुए हैं, जिनमें से एक रचना कनिष्क के राजकवि अश्वघोष की बताई जाती है। अश्वघोष का समय ईसा सवत् के आरभ के निकट का है।

*भारतीय नाटक-साहित्यः संस्कृत नाटक*

भारतीय नाटक का स्पष्ट इतिहास कालिदास के समय से आरंभ होता है। तब से लेकर लगभग ईसा की दसवीं शताब्दी तक भारत मे नाटकों का खासा प्रचार रहा और इसके उपरान्त उनका ह्रासहोने लगा। कालिदास का समय सस्कृतनाटक के लिए ही नही, अपितु सस्कृत साहित्य के सर्वांगीण विकास के लिए स्वर्णयुग बताया जाता है। ससार के नाट्यकारों मे कालिदास का नाम स्वर्णाक्षरों में लिखने योग्य है। उन्होंने अपने प्रथम नाटक मालविकाग्निमित्र के पश्चात् शकुन्तला नाटक की रचना की, जिस की गणना, क्या देशी और क्या परदेशी, सभी एक स्वर से विश्वसाहित्य की विलक्षण विभूतियों में करते हैं। योरुप की प्रायः सभी भाषाओं में इसका अनुवाद हो चुका है। इसके अतिरिक्त उनका विक्रमोर्वशीय नाटक भी उल्लेख योग्य है, जिसके अनुकरण में आगे चलकर सस्कृत मे अनेक नाटकों की रचना हुई। कालिदास के अनन्तर स्मरणीय नाटककार श्रीहर्ष हैं। ये ईसा की सातवी शताब्दी के प्रारंभ में हुए और इनकी नागानन्द और रत्नावली नाम की रचनाएँ नाटकीय दृष्टि से अच्छी सपन्न हुईं। इनके पश्चात् शूद्रक ने मृच्छकटिक की रचना की। सातवीं शताब्दी के अंतिम भाग में भवभूति हुए, जिनकी तीन रचनाएँ—महावीरचरित उत्तररामचरित और मालतीमाधव—प्रसिद्ध हैं। नवीं शताब्दी के मध्य के लगभग भट्टनारायण ने वेणी-

संहार और विशाखदत्त ने मुद्राराक्षस नामक नाटक लिखे। नवीं शताब्दी के अंत में राजशेखर ने कर्पूरमंजरी, बालरामायण और बालभारत की रचना की और ग्यारहवीं शताब्दी में कृष्णमिश्र ने प्रबोधचंद्रोदय नाम का नाटक लिखा।

ईसा की दसवीं शताब्दी के पश्चात् संस्कृत नाटक एवं भारतीय नाट्यकला का ह्रास होना आरम्भ हो गया।

***संस्कृत नाटक का ह्रास***

यद्यपि दसवीं और बारहवीं शताब्दी के अंत में भी हनुमन्नाटक, प्रबोधचन्द्रोदय और मुद्राराक्षस जैसे नाटक लिखे जाते रहे, तथापि इसमें संशय नहीं कि शनैः शनैः नाटक का प्रचार हमारे देश में कम होता गया; यहाँ तक कि चौदहवीं सदी में, जब कि मुसलमानों के आक्रमणों ने उग्र रूप धारण कर लिया था, यह कला इस देश से किसी सीमा तक कूच ही कर गई। अपने हिन्दी साहित्य के विवेचनात्मक इतिहास की भूमिका में हमने इस बात के कारणों पर विस्तृत विचार किया है। इन कारणों में प्रमुख कारण तो इस देश की राजनीतिक दुरवस्था थी, और दूसरा कारण यह था कि मुसलमान स्वयं संगीत और नाट्यकला के विरोधी थे। जहाँ-जहाँ उनकी विजयवैजयन्ती फहराई वहाँ-वहाँ वह नाट्यकला को ग्रसती चली गई। इसके साथ ही देश में जहाँ कहीं भी हिन्दुओं का राज्य रहा, वहाँ कभी कभी इस कला का चमत्कार दीखता रहा; किन्तु इस व्यवधान में बने नाटकों में कोई भी विशेषरूप से ध्यान देने योग्य नहीं है।

***हिन्दी नाटक***

पिछले साठ-सत्तर वर्षों में बँगला, मराठी और गुजराती मे नाटकों को खासी प्रगति मिली और आधुनिक ढंग की रंगशालाओं में उनका अभिनय भी स्वागत के साथ हुआ। किन्तु खेद है कि हिन्दी मे अभी तक इस कला ने उत्कर्षलाभ नहीं कर पाया है।

हिन्दी नाटक के प्रथम उत्थान ( संवत् १८१ -५७ ) में भारतेंदु हरिश्चन्द्र के पिता बाबू गिरधरदास के रचे नहुष नाटक के पश्चात् राजा लक्ष्मणसिंह द्वारा अनूदित शकुन्तला नाटक, श्रीनिवासदास कृत रणधीरप्रेममोहिनी, तथा तोताराम रचित केटोकृतान्त से होते हुए हम भारतेंदु द्वारा रचे तथा अनुवाद किये अनेक नाटको पर आते हैं, जो नाटकीय तत्त्वों की दृष्टि से खासे सपन्न हुए और जिनके द्वारा हिन्दी साहित्य मे वास्तविक नाटको का सूत्रपात हुआ। नाटको के द्वितीय उत्थान ( संवत् १८५७-१८७७ ) में हम गोपालराम गहमरी, बाबू सीताराम, पंडित सत्यनारायण कविरत्न, राय देवीप्रसाद पूर्ण और पडित रूप नारायण पांडेय को सस्कृत तथा बंगला आदि के नाटको का हिन्दी मे अनुवाद करने के साथ साथ साथ कतिपय नव नाटकों की रचना करता हुआ पाते हैं। पिछले बीस-तीस वर्षों में हिंदी मे मौलिक नाटकों की रचना भी आरम्भ हो गई है, और इस सम्बन्ध मे पडित राधेश्याम कथावाचक, नारायण प्रसाद बेताब, और बाबू हरिकृष्ण जौहर के नाम स्मरणीय हैं; इनकी रचनाओं के द्वारा पारसी रंगमंच की कायापलट हुई, और उर्दू का स्थान हिन्दी को प्राप्त हुआ। पंडित राधेश्याम के वीर अभिमन्यु, परमभक्त प्रह्लाद, श्रीकृष्णअवतार और रुक्मणीमगल; पडित नारायण प्रसाद बेताब के महाभारत तथा रामायण नाटक, और बाबू हरिकृष्ण जौहर के पतिभक्ति आदि नाटक खासे प्रसिद्ध रहे। हाल ही में बाबू जयशकर प्रसाद के अजातशत्रु, जनमेजय का नागयज्ञ, स्कंदगुप्त, चन्द्रगुप्त आदि ऐतिहासिक नाटक साहित्यिक दृष्टि से मनोज्ञ संपन्न हुए; किन्तु इनका सफलता के साथ रंगमंच पर अभिनय नहीं किया जा सकता। प्रसाद जी के साथ ही मुंशी प्रेमचन्द्र, पांडेय बेचन शर्मा उग्र, माखनलाल चतुर्वेदी, बद्रीनाथ भट्ट, जगन्नाथप्रसाद मिलिन्द, सुदर्शन, नगेन्द्र, उदयशंकर भट्ट, हरिकृष्ण प्रेमी, सेठ गोविन्ददास तथा लक्ष्मी नारायण मिश्र आदि ने भी

इस क्षेत्र में प्रशंसनीय कार्य किया है किन्तु इनमें किसी के नाटकों में भी इस कला को वह बहार न मिली, जो इसने संस्कृत बँगला मराठी और गुजराती में प्राप्त की है।